Perception - Perception deals with recognizing, selecting, organizing, and interpreting stimuli to make sense of the world around us. People receive stimuli from their environment through the five senses, which they then must interpret. People are selective and interpret stimuli that reinforce and enhance their existing beliefs. Consumers tend to interpret what they perceive so that it does not conflict with their basic attitudes, personality, motives, or aspirations. They pay attention to stimuli deemed relevant to existing needs, wants, beliefs, and attitudes and disregard the rest.

Knowledge and learning - Information processing describes the series of steps by which information is encountered through some exposure to a person's senses, attended to, interpreted, understood and accepted, and stored in memory for future use in making decisions. Elaboration via mental processing transforms this information into beliefs, attitudes and intentions that determine product choice and related aspects of purchase.

Attitudes - An attitude is an overall evaluation about something combining cognitive beliefs, emotional affects, and behavioral intentions. Attitudes may vary along the dimensions of strength, direction (positive or negative), and stability. Also, not all attitudes are held with the same degree of confidence. Attitudes based on direct experience with a product are usually held with more confidence than those derived from indirect experience. Confidently held attitudes will usually be relied on more heavily to guide behavior. If a consumer does not feel confident in an attitude, he or she is more likely to search for additional information before making a decision. Attitudes held with less confidence are also more susceptible to change.

The multi attribute attitude model provides insights into the reasons behind consumers' choices. Different consumers may place varying levels of importance on product attributes and, therefore, evaluate the same product differently. Thus, one consumer may value more highly a yard, garden, and swimming pool. Another consumer may prefer a fireplace, bookshelves, and built-in stereo speakers.

The level of social pressure present in the purchasing situation also affects whether consumer behavior will be consistent with personal attitudes.

Self-concept - Self-concept is an organized set of perceptions of the self, comprised of such elements as the perceptions of one's characteristics and abilities; the perception of oneself in relation to others; and objectives, goals and ideals which are perceived as either positive or negative. Self-concept is now generally viewed in several dimensions: ideal self (what one aspires to be), real self (the way one thinks one actually is), self in context (how one sees oneself in different social settings), and extended self (possessions and artifacts help define who one is).
Consumers will choose to purchase real estate that either fits with their current self-image or is associated with the ideal image they want to achieve. This may be reflected in both choice of housing style and neighborhood.

Personality - Personality accounts for consistent patterns of behavior based on enduring psychological characteristics. It is the pattern of traits and behaviors that makes one individual unique and different from all others. Personality may be described using the psychoanalytic, socio-psychological, or trait-factor theories.

In general, personality appears to be related to how consumers make decisions about innovative products. They are likely to list success and competence as their goals in life in contrast to risk avoiders, who list happiness as their

first choice. Some consumers are more self-monitoring, that is, they are less influenced by external forces than others. Thus, a consumer's personality may affect his real estate investment choices. A risk taker is more likely to consider purchasing a run-down property in a marginal neighborhood, planning to improve the property and take advantage of neighborhood improvements. A risk taker would also be more likely to choose an adjustable rate mortgage than a risk avoider, no matter what the financial comparison shows.

Lifestyle - Lifestyle refers to the distinctive ways in which consumers live, how they spend their time and money, and what they consider important - activities, interests and opinions.

Consumers will purchase real estate services that are compatible with their lifestyle. Thus, an outgoing, athletic young single who values social interaction will likely place greater value on an apartment that has access to a swimming pool, tennis court, and activity center. Meanwhile, an inner-directed, sedentary young single who values privacy and solitude might value an apartment with a private balcony more.

External Determinants of Consumer Behavior -

Reference groups - Each real estate consumer is influenced by her unique set of reference groups. A consumer who is a member of an investment club might be influenced to make different real estate investments than a consumer who relies on family members for guidance on investment philosophy. A consumer who is a member of a particular church may be influenced to move to a community where other church members live. A couple wanting to belong to a social group that regularly holds large parties may purchase a spacious home with good entertainment option in mind.

Culture - Culture consists of society's beliefs, values, ethics, customs, shared meanings, rules, rituals, norms, and traditions. Culture provides people with a sense of identity and an understanding of acceptable behavior.

Cultural norms that affect real estate demand include beliefs about whether each child should have a private bedroom, but a shared bath. Cultural rituals such as formal holiday dining influence the preference for a formal dining room. In our society, families with aging parents may prefer an attached in-law apartment that allows relatively independent living rather than incorporate the elderly relative into the primary household. The value placed on individualism is reflected in the demand for customized homes. Builders would be wise to watch changing cultural values, producing properties that are more environment friendly and housing layouts that are more suitable for family activities and interaction.

Subculture - Subcultures are racial, ethnic, religious, or other groups whose members are distinguishable from the general population and who are held together by common culture and/or genetic ties. To the degree that people in an ethnic group share common customs, values, rituals, and traditions that are different from those of other ethnic groups or the larger society. They constitute a distinct ethnic group.

Social Class - Social stratification represents the hierarchical division of members of a society into relative levels of prestige, status and power. Social class refers to divisions based on economic and demographic characteristics. Those in same stratum have roughly similar consumption, lifestyle, and income, and socialize with each other.

Possessions are symbols of class membership, with wealth reflected in the items purchased. The most important possession decision reflecting a family's social class is the choice of where to live, both the type of home and the neighborhood. Thus, social class will affect what neighborhoods and architectural design consumers will consider for housing.

Family - The most influential reference group is the consumer's family. The family teaches the consumer cultural values that have a substantial impact upon shopping behavior. It continues to be a point of reference even when the consumer has formed his own household.

Many products are purchased by the family unit rather than individuals. Family members may play instrumental roles, such as determining the financing and functional attributes of purchases, or they may play expressive roles, supporting other family members in their decision and expressing the family's aesthetic or emotional needs. Family members may be involved in real estate decision making as gatekeepers, influencers, deciders, buyers, users, and maintainers.

Conclusion - A significant portion of the study of real estate deals with the consequences of consumer decisions regarding real estate assets and services. Appraisal attempts to estimate the value of property to consumers. Market analysis attempts to predict consumer demand for real estate services. Investment analysis examines the required and expected rate of return to an investor, and finance analyzes consumers' mortgage choices and likelihood of repayment. The study of consumer behavior involves trying to understand complex human beings and the reasons they act the way they do in the marketplace. It recognizes that consumer decisions take place inside a person who is distinctive in his personality and attitudes, yet similar to other consumers who have been exposed to the same external influences of culture and society. Rather than ignoring these complexities, real estate researchers should embrace the study of consumer behavior to better understand the reasons behind market choices.

The incorporation of consumer behavior concepts into traditional real estate study in these and other areas will improve understanding of individual decision-making in the context of real estate. This understanding will lead to better explanations and predictions in real estate markets and, as a result, greater success in the marketplace.

References :-

1. personal survey

नरसिंहपुर जिले में सिंचाई विकास एवं भूमिगत जल स्तर

मिताली पॉल *

प्रस्तावना – अनिश्चित एवं अनियमित वर्षा के कारण भारतीय कृषि को मानसून का जुआ कहा जाता है। इसलिए अधिकांश कृषि विशेषज्ञ एवं अर्थशास्त्री भारतीय कृषि में सिंचाई विकास को सर्वाधिक महत्वपूर्ण मानते हैं। प्रो. जथ्यार और बेरी ने सिंचाई के लाभों की गणना करते हुए लिखा है, कि इससे फसलों की उपज बढ़ेगी शुष्क और कम वर्षा वाले क्षेत्रों में स्थानीय खेती का प्रादुर्भाव होगा, अकाल और न्यूनोत्पादन के विरूद्ध बीमा होगा। कृषि क्षेत्र आय में बढ़ेगी तथा राज्य सरकारों की आय में प्रत्यक्ष रूप से वृद्धि होगी।

सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था न होने की स्थिति में उन्नत बीज, रासायनिक उर्वरकों तथा अन्य आधुनिक कृषि उपकरण महत्वहीन हो जाते हैं। इसी कारणवश कृषि विकास के साथ ही गैर परम्परागत सिंचाई के साधनों का भी तीव्र गति से विकास हुआ। वर्तमान समय में सिंचाई के अन्य साधनों की अपेक्षा कुओं एवं ट्यूबवेल का सिंचाई हेतु अधिक प्रयोग किया जा रहा है। जिसका प्रत्यक्ष प्रभाव भूमिगत जल स्तर पर पड़ रहा है। विगत कुछ वर्षों में गिरता हुआ भूमिगत जल स्तर एक गंभीर समस्या का रूप धारण करता जा रहा है।

अध्ययन क्षेत्र – नरसिंहपुर जिला मध्यप्रदेश के मध्य भाग में स्थित है जिले की उत्तरी सीमा पर विंध्याचल पर्वत का कगार व दक्षिण में सतपुड़ा पर्वत स्थित है। जिले का भौगोलिक विस्तार 28^0 45' उत्तरी अक्षांश से $23^0$15' उत्तरी अक्षांश के मध्य तथा देशांतरी विस्तार $78^0$38' पूर्वी देशांतर से 79^0 38' पूर्वी देशांतर के मध्य है, जिले का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 5133 वर्ग कि.मी. है। जिले में अधिकांशत: दोमट मिट्टी पायी जाती है। जिले का 95 प्रतिशत भू-भाग नर्मदा नदी के अपवाह तंत्र में आता है।

अध्ययन का उद्देश्य –

1. नरसिंहपुर जिले में सिंचाई के विकास का अध्ययन करना।
2. नरसिंहपुर जिले में भूमिगत जल स्तर में आई कमी का अध्ययन करना।

शोध प्रविधि – प्रस्तुत शोध प्रपत्र द्वितीयक आंकड़ों पर आधारित है। आंकड़ों का संकलन पत्रिकाओं विभिन्न शासकीय कार्यालयों, जिला सांख्यिकीय पुस्तिका तथा भूमिगत जल वार्षिक पुस्तिका मध्यप्रदेश (2014-15) से किया गया है।

वर्षा का वार्षिक वितरण –

ग्राफ - 01 **(देखे आगे पृष्ठ पर)**

अध्ययन क्षेत्र के विगत 25 वर्षों के वर्षा के आंकड़ों के माध्यम से जिले में असमान एवं अनिश्चित वर्षा स्पष्ट देखी जा सकती है। जिले में सर्वाधिक वार्षिक वर्षा वर्ष 1999-2000 में 1771 मि.मी. तथा न्यूनतम वर्षा 2007-08 में 771 मि.मी. अंकित की गई। वर्ष 2004 से 2013 के मध्य की औसत वार्षिक वर्षा की तुलना 2014 की औसत वार्षिक वर्षा से करने पर 0.10 मी. (106 मि.मी.) की कमी पायी गई।

जिले में सिंचाई विकास 1991- 2014

ग्राफ-02 **(देखे आगे पृष्ठ पर)**

नरसिंहपुर जिले में 1990-91 से 2013-14 के मध्य सिंचित क्षेत्र में निरंतर वृद्धि देखी गई है, परन्तु वर्ष 2011-12 के बाद वृद्धि अत्याधिक तीव्र गति से हुई। 1990-91 में जिले में कुल सिंचित क्षेत्र 76672 हे. था जो कुल कृषि भूमि का 22.6 प्रतिशत था जो कि वर्ष 2013-14 में बढ़कर 426000 हे. हो गया जो कि कुल कृषि भूमि का 72 प्रतिशत क्षेत्र है। सिंचाई के माध्यमों में हुआ तीव्रगामी परिवर्तन भी स्पष्ट देखा जा सकता है। वर्ष 1990-91 में 67.9 प्रतिशत क्षेत्र कुआँ तथा 22.6 प्रतिशत ट्यूबेल द्वारा सिंचित था वर्ष 2013-14 में कुल सिंचित क्षेत्र को 75.07 प्रतिशत नलकूप तथा 20.09 प्रतिशत कुओं द्वारा सिंचित है।

वर्ष 2014 में जिले में भूमिगत जल स्तर – **(देखे आगे पृष्ठ पर)**

भूमिगत जल वार्षिक पुस्तिका मध्यप्रदेश (2014-15) के आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि मई माह में 5.8 प्रतिशत क्षेत्र में जल स्तर 20-40 तक पहुंच गया। अगस्त माह में जल स्तर में वृद्धि हुई तथा नवम्बर माह में पुन: 5.8 प्रतिशत क्षेत्रों में जल स्तर 20-40 तक गिर गया।

दशकीय भूमिगत जल स्तर का परिवर्तन (2004-2013) की 2014 से तुलना –**(देखे आगे पृष्ठ पर)**

वर्ष 2004 से 2013 के मध्य के दशकीय औसत भूमिगत जल स्तर के आंकड़ों की वर्ष 2014 के जल स्तर के आंकड़ों से तुलना करने पर स्पष्ट है कि मानसून पश्चात् अगस्त माह में 85.71 प्रतिशत क्षेत्र में जल स्तर में वृद्धि हुई अर्थात् जिले में पर्याप्त वर्षा प्राप्त हुई है। परन्तु नवम्बर एवं जनवरी माह में विगत वर्षों की तुलना में क्रमश: 42.86 तथा 71.43 प्रतिशत क्षेत्रों में भूमिगत जल स्तर में कमी देखी गई है। जनवरी माह में 14.29 प्रतिशत क्षेत्रों में लगभग 4 मीटर तक जल स्तर में गिरावट देखी गई है।

निष्कर्ष – वर्ष 1990-91 से 2014 के मध्य जिले में कुल सिंचित क्षेत्र में 555 प्रतिशत से भी अधिक वृद्धि पायी गई। कुल सिंचित भूमि का 95 प्रतिशत क्षेत्र भूमिगत जल माध्यमों ट्यूब्बेल (75.07 प्रतिशत) तथा कुआं (20.5 प्रतिशत) से सिंचित है। भूमिगत जल वार्षिक रिपोर्ट (2014-15) के अनुसार जिले में (0.25 मीटर) की वार्षिक दर से जल स्तर में गिरावट आ रही है। वर्ष 2005 में जिले का औसत भू-जल स्तर 6.98 मी. था जो 2015 में नीचे गिरकर 8.38 मी. पहुँच गया अर्थात् 1.4 मी. की गिरावट अंकित की गई। परन्तु विगत 10 वर्षों में वर्षा की मात्रा में औसतन 0.10 मी. की ही गिरावट अंकित की गई जो कि भूमिगत जल स्तर की कमी की

* शोधार्थी, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत

तुलना में बहुत ही कम है। अर्थात् जिले में भूमिगत जल स्तर के गिरावट का मुख्य कारण सिंचाई साधनों के विकास को ही माना जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1 जिला सांख्यिकीय पुस्तिका वर्ष 1991-2015
2 राय, डॉ. वी.पी. (2006), 'संसाधन और पर्यावरण', वसुन्धरा प्रकाशन, गोरखपुर।
3 तिवारी, आर.सी. एवं सिंह बी.एन (2015), 'कृषि भूगोल', प्रवालिका पब्लिकेशन, इलाहाबाद।
4 सिंह, जगदीश सिंह (2015), 'आर्थिक भूगोल के मूल तत्व', ज्ञानोदय प्रकाशन, गोरखपुर।
5 भूमिगत जल वार्षिक पुस्तिका मध्यप्रदेश (2014-15)

वर्षा का वार्षिक वितरण - ग्राफ - 01



जिले में सिंचाई विकास 1991 - 2014



वर्ष 2014 में जिले में भूमिगत जल स्तर –

Month	Depth to water level mbgl		Percent (%)				
	Minimum	Maximum	0-2	2-5	5-10	10-20	20-40
May	3.15	22.23	2	11.7	58.8	23.53	5.8
August	0.10	5.80	51.43	47.06	17.65	0	0
November	2.53	26.40	0	47.6	35.29	11.76	5.88

स्रोत :- भूमिगत जल वार्षिक पुस्तिका मध्यप्रदेश (2014-15)

दशकीय भूमिगत जल स्तर का परिवर्तन (2004-2013) की 2014 से तुलना

Month	Rang in Metar				Rise			Fall			Percent (%)	
	Rise		Fall									
	Min	Max	Min	Max	0-2	2-4	>4	0-2	2-4	>4	Rise	Fall
May	0.36	1.93	1	2.89	71.43	0	0	21.43	7.14	0	71.43	28.5
August	0.26	15.32	0.05	1.06	28.25	14.29	42.8	14.29	0	0	85.71	14.29
Nov	0.29	3.36	0.13	3.28	42.86	14.29	0	21.43	21.43	0	57.14	42.86
Jan	0.05	3.23	0.21	6.6	21.43	7.14	0	28.57	28.57	14.29	28.27	71.43

परिशिष्ट

जिले में सिंचाई विकास 1991- 2014

वर्ष	नहर द्वारा सिंचित क्षेत्र (हे.)	नलकूप द्वारा सिंचित क्षेत्र (हे.)	कुआ द्वारा सिंचित क्षेत्र (हे.)	अन्य स्त्रोतों से सिंचित क्षेत्र (हे.)	स्कल सिंचित क्षेत्र (हे.)
1990.91	2128	17367	52069	5108	76672
1991.92	987	19966	62044	5371	88368
1992.93	1021	22441	70525	11019	105006
1993.94	2186	25707	72962	14051	114906
1994.95	2124	36101	83286	11564	133075
1995.96	2404	42309	86474	10718	141905
1996.97	2046	53234	76059	13861	145200
1997.98	2230	60736	74930	15299	153195
1998.99	1190	48896	100618	7138	157842
1999.00	1141	56432	99262	7986	164821
2000.01	1335	62125	98053	7902	169415
2001.02	1335	62598	97491	9867	171291
2002.03	1080	65666	94476	9109	170331
2003.04	1061	72335	91069	8631	173096
2004.05	1010	72836	93028	5728	172602
2005.06	1095	75366	92164	6902	175527
2006.07	1095	77210	92766	7418	178489
2007.08	1095	77413	92975	7020	178503
2008.09	1095	87413	92975	3627	185110
2009.10	1095	87507	92981	3587	185170
2010.11	1095	92507	92981	3587	190170
2011.12	1880	301588	8691	0 11840	402218
2012.13	7414	319804	8561	4 13168	426000
2013.14	7414	319804	8561	4 13168	426000

स्रोत- जिला सांख्यिकीय पुस्तिका।

****

संगठित खुदरा बाजार (मॉल) का उपभोक्ताओं पर प्रभाव का अध्ययन (इन्दौर शहर के विशेष सन्दर्भ में)

अलका शर्मा *

प्रस्तावना – खुदरा क्षेत्र किसी भी अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है जो कि इसके विकास की गति को बड़े पैमाने पर निर्धारित करता है। भारत चीन और जापान के बाद एशिया का सबसे बड़ा खुदरा बाजार है और खुदरा भारत में सबसे बड़े नियोक्ताओं में से एक है। उक्त क्षेत्र पारम्परिक गांव मेलों, सड़क किनारे फुटपाथ से चमकदार मॉल और शानदार दुकानों से नाटकीय रूप से विकसित हुआ है, तथा पूर्ण प्रतियोगिता के साथ वृद्धि कर रहा है। भारत में खुदरा क्षेत्र में खाद्य खुदरा विक्रेताओं, स्वास्थ्य, सौन्दर्य उत्पादों, कपड़े, जूते, घर के फर्नीचर, घरेलू सामान, अवकाशकालीन मनोरंजन सामग्री और व्यक्तिगत सामान जैसे विभिन्न उत्पाद श्रंखला शामिल है। खुदरा बाजार में खाद्य, पेय और कपड़ों के क्षेत्र में सबसे बड़ा हिस्सा है और तेजी से बढ़ रहा है।[1] खुदरा बाजार भारत के सकल घरेलु उत्पाद का लगभग 15 प्रतिशत और रोजगार का 8 प्रतिशत का योगदान देता है। भारत के खुदरा क्षेत्र का आकार लगभग 450 अरब डॉलर का है और कुल बाजार का 5 प्रतिशत खुदरा बाजार द्वारा उत्पादित है। खुदरा क्षेत्र कृषि के बाद रोजगार का सबसे बड़ा स्रोत है और ग्रामीण भारत में गहरा प्रभाव है तथा ग्रामीण क्षेत्र से सकल घरेलु उत्पाद का 10 प्रतिशत उत्पादन करता है। भारत के निवेश आयोग के अनुसार खुदरा क्षेत्र 2015 में 660 अरब डॉलर तक हो गया।

खुदरा क्षेत्र में एफडीआई की अनुमति देने का मुख्य कारण यही है कि यह घरेलु निवेश को पूरक करता है घरेलू कम्पनियों को पूरक और कला प्रौद्योगिकियों के राज्य में उन्नत पहुँचन के माध्यम से एफडीआई के माध्यम से लाभ हुआ है, वैश्विक प्रबंधकीय प्रथाओं और वैश्विक बाजारों में एकीकरण के अवसरों के सम्पर्क में जीवनशैली, शिक्षा, यात्रा और प्रयोज्य आय में परिवर्तन ने भारतीय उपभोक्ता के उपभोग तरीकों को बदल दिया है।[2] भारत में संगठित खुदरा व्यापार को विस्तारित करने की बहस में महत्वपूर्ण मुद्दा यह है कि इस प्रक्रिया का अर्थव्यवस्था पर समग्र रूप से सकारात्मक प्रभाव होगा या नहीं, संगठित खुदरा व्यापार के पक्ष में लोगों का मत है कि इसी से रोजगार के अवसर बढ़ेगें साथ-साथ रोजगार के स्तर अर्थात् उच्च वेतन वाले रोजगार की संख्या में बढ़ोतरी होगी। साथ ही संगठित क्षेत्र में व्यापार के बहुत सारे अवसर निवेशकों को मिलेंगे, भारत जैसे देश जिसकी अर्थव्यवस्था लगातार बढ़ रही है, में ग्राहकों की माँग की पूर्ती भी संगठित क्षेत्र द्वारा समुचित रूप में हो पाएगी, संगठित क्षेत्र का दूसरा लाभ किसानों को भी होगा।[3]

शोध विषय पर साहित्य समीक्षा – लाथेर एस. ए. एवं कौर टी. (2006)[4] "It's All At the Mall - Exploring Present Shopping Experiences" में भारत में मॉल पर अपने अध्ययन में खरीदारी करने के लिए दुकान व्यवस्था पर चयनित विशेषताओं के प्रभाव का विश्लेषण किया। खुदरा प्रारूप पर क्रेता का क्रय निर्णय तथा दुकान की विशेषता पर निर्भर करता है। गोयल अनिता तथा सिंह एन. पी. (2007)[5] – ने "Consumer Perception about Fast Food in India : An Exploratory Study," में भारतीय युवा उपभोक्ताओं द्वारा फास्ट फूड की मांग व पसंद को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों के महत्व का अध्ययन किया। सेनगुप्ता (2008)[6] – ने " Emergence of modern Indian retails : an historical perspective" में भारत में संगठित खुदरा विक्रेताओं, असंगठित खुदरा विक्रेताओं, उपभोक्ताओं, उपभोक्ता वस्तु निर्माताओं, संगठन के सदस्यों, और राजनेताओं से उत्पादकों तथा असंगठित खुदरा विक्रेताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। झांब, दिपिका एवं रवि किरन (2010)[8] ने भारत में संगठित क्षेत्र का अध्ययन किया जिसमें अधोसंरचना का अर्थव्यवस्था विकास और उपभोक्ता की परिवर्तित होती पसंद भारत में संगठित क्षेत्र के बढ़ने के मुख्य कारण है।गुप्ता, अमिषा (2010)[9] ने भारतीय खुदरा क्षेत्र में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (FDI) पर शोध में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश भारतीय उद्योगों को विश्व अर्थव्यवस्था से जुडेगा। अत: भारतीय खुदरा क्षेत्र में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश को बगैर रोक-टोक के प्रवेश देना चाहिए।जयवर्धन (2011)[10] – ने मध्यभारत में किए गए अध्ययन "Effects of retail employees' behaviours on customers' service avaluation" मे खुदरा कर्मचारियों के ग्राहक और सेवा अभिविन्यास के प्रभाव तथा सेवा गुणवत्ता, ग्राहक की धारणाओं, सेवा गुणवत्ता तथा मूल्य, ग्राहक सन्तुष्टि और व्यवहारवादी मनोवृत्ती के मध्य सम्बन्ध देखा गया। अध्ययन ग्राहक सन्तुष्टि मूल्य से सम्बन्धित है तथा ग्राहक सन्तुष्टि खुदरा व्यापारी के व्यवहार से सम्बन्धित है।केसरी, राजेश एवं श्रीवास्तव, अभिषेक कुमार (2011)[11] के अनुसार भारत में संगठित खुदरा व्यापार की पहुँच बहुत कम क्षेत्रों व शहरों तक सीमित होने के कारण संगठित क्षेत्र का असंगठित क्षेत्र पर प्रभाव की जांच करना कठिन है। जयचन्द्रन, हेमलता एवं हेदर यास्मीन (2011)[12] ने संगठित क्षेत्र का परम्परागत बाजार पर प्रभाव का अध्ययन करते हुए बताया कि संगठित क्षेत्र को परम्परागत बाजार पर प्रभाव बहुत कम है अपितु, परम्परागत व्यापारी संगठित क्षेत्र से व्यापार के नए तरीके सीख सकते है। पाण्डे, शिशिर एवं कुमार सुनील (2012)[13] – ने अपने अध्ययन में भारतीय खुदरा क्षेत्र का गहन अध्ययन करते हुए बताया कि संगठित क्षेत्र अभी विकास के दौर से गुजर रहा है। भविष्य में संगठित खुदरा क्षेत्र की भारतीय बाजार में अधिक मजबुती से स्थापित होने की संभावना है।हाण्डा, विदुषी एवं नवनीत ग्रोवर (2012)[14] – ने अपने शोध कार्य में भारत में खुदरा क्षेत्र के लिए चुनौतियों का अध्ययन करते हुए बताया कि भारत में खुदरा क्षेत्र विकसित हो रहा है। खुदरा के अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगी भी भारतीय खुदरा क्षेत्र में प्रवेश

***शोधार्थी (अर्थशास्त्र अध्ययनशाला) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत**

करने से भारतीय खुदरा क्षेत्र पर सकारात्मक प्रभाव का अनुमान है।

अध्ययन के उद्देश्य –

- संगठित खुदरा व्यापार क्षेत्र का उपभोक्ताओं पर पड़ने वाले प्रभावों का मूल्यांकन करना।

परिकल्पना – H_a - खुदरा व्यापार क्षेत्र ने उपभोक्ताओं पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

शोध प्रविधि – प्राथमिक समंको के संकलन के लिए इन्दौर शहर के प्रमुख क्षेत्र में स्थित मॉल के अन्तर्गत प्रमुख मॉल से दैव निदर्शन विधि द्वारा 20 पुरूष एवं 20 महिला उत्तरदाताओं को साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से सर्वेक्षण का आधार बनाया गया है। इन्दौर शहर के प्रमुख संगठित खुदरा बाजार (मॉल) से चयनित मॉल में दैव निदर्शन विधि द्वारा 100 उत्तरदाता महिलाएँ एवं 100 पुरूष उत्तरदाता के अनुसार कुल 200 उत्तरदाताओं का सर्वेक्षण साक्षात्कार अनुसूचित के आधार पर किया गया है।

परिकल्पना – 2

H_a :खुदरा व्यापार क्षेत्र का उपभोक्ताओं पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

H_0: खुदरा व्यापार क्षेत्र का उपभोक्ताओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

उक्त शुन्य परिकल्पना का परीक्षण में उपभोक्ताओं को कम मूल्य की वस्तु, उच्च गुणवत्ताा एवं उपभोक्ताओं की सन्तुष्टि की जांच के परिणाम काई–वर्ग तालिका से स्पष्ट है–

Chi-Square Tests

	Value	df	Asymp. Sig. (2-side)
Pearson Chi-Square	190.424a	5	.000
N of Valid Cases	200		

Pearson'sR=0.729(Sig.0.000)

उपर्युक्त परिकल्पना के सम्बन्ध में 5 प्रतिशत सार्थकता स्तर पर 5 स्वातन्त्र संख्या के लिए x^2 का सारणी मुल्य x^2_1 = 11.000 है तथा x^2 का परिमाणित मूल्य x^2_c = 190.42 प्राप्त होता है।

अर्थात 11.000<190.424 या $x^2_t < x^2_c$ स्पष्ट है कि काई–वर्ग तालिका मूल्य से परिगणित मूल्य अधिक है।दोनों गुण स्वतन्त्र नहीं है बल्कि दोनों गुणों में घनिष्ट सम्बन्ध है। सह–सम्बन्ध विश्लेषण से स्पष्ट है कि दोनों गुणों में 0.72 प्रतिशत (0.00 प्रतिशत सार्थकता स्तर) अर्थात उच्च स्तरीय धनात्मक सह–सम्बन्ध है। काई वर्ग एवं सह–सम्बन्ध विश्लेषण के अनुसार शुन्य परिकल्पना (H_0 =) अस्वीकृत की जाती है एवं वैकल्पिक परिकल्पना H_a :खुदरा व्यापार क्षेत्र का उपभोक्ताओं पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। स्वीकृत होती है।

अत: कहा जा सकता है कि संगठित खुदरा बाजार (मॉल) की स्थापना से उपभोक्ताओं के व्यय में कमी, वस्तुओं की साधारण दुकानों से कम किमत, उपहारों का अतिरिक्त लाभ, वस्तुओं एवं सेवाओं की उच्च गुणवत्ताा, क्रय–विक्रय में सुविधा, क्रय एवं मनोंरजन एक साथ होने के अतिरिक्त, क्रय तकनीकी, भुगतान सुविधा, क्रय पश्चात् सेवाओं के विकास एवं क्रय व्यवहार को यादगार बनाने से उपभोक्ताओं की विश्वसनीयता में वृद्धि के आधार पर कहा जा सकता है कि संगठित खुदरा बाजार का उपभोक्ताओं पर प्रभाव सकारात्मक रूप से पड़ा है।

निष्कर्ष – खुदरा व्यापार में संगठित खुदरा व्यापार क्षेत्र का प्रभाव बहुत अच्छा पड़ा है, जिससे खाने–पिने, रहन–सहन, बाजार परिस्थितियों के प्रति जागरूकता, निर्णय लेने की क्षमता, शोषण से मुक्ति जैसी महत्वपूर्ण परिवर्तन आये है। एक स्थान पर सभी प्रकार की वस्तुओं की उपलब्धता, वस्तुओं (देशी–विदेशी) की विशाल श्रृंखला, ब्रांन्डेड वस्तुओं की उपलब्धता, भुगतान के विभिन्न तरीके, पार्किंग सुविधा, ताजे फल व सब्जियाँ, सामान्य बाजार की तुलना में कम मूल्य, विक्रेताओं एवं मॉल कर्मचारियों का सभ्य व्यवहार, वस्तुओं एवं सेवाओं का आकर्षक प्रदर्शन आदि सुविधाओं के विकास से उपभोक्ताओं के क्रय व्यवहार को यादगार एवं सम्मानजनक बनाने से संगठित खुदरा बाजार (मॉल) का प्रभाव उपभोक्ताओं पर बहुत अच्छा व सकारात्मक पड़ा है।

खुदरा व्यापार क्षेत्र ने मध्यस्थों को दूर कर उपभोक्ताओं पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। संगठित खुदरा बाजार (मॉल) की स्थापना से उपभोक्ताओं के व्यय में कमी से अतिरिक्त वस्तुओं के क्रय निर्णय में वृद्धि, वस्तुओं की साधारण दुकानों से कम किमत, उपहारों का अतिरिक्त लाभ, वस्तुओं एवं सेवाओं की उच्च गुणवत्ता, क्रय–विक्रय में सुविधा, क्रय एवं मनोरंजन एक साथ होने के अतिरिक्त, क्रय तकनीकी, भुगतान सुविधा, क्रय पश्चात् सेवाओं के विकास एवं क्रय व्यवहार को यादगार बनाने से उपभोक्ताओं की विश्वसनियता में वृद्धि के आधार पर कहा जा सकता है कि संगठित खुदरा बाजार का उपभोक्ताओं पर प्रभाव सकारात्मक रूप से पड़ा है।संगठित खुदरा व्यापार क्षेत्र से कृषकों को भी उनके उत्पाद का उचित मूल्य प्राप्त हो रहा है।संगठित खुदरा बाजार के विकास से कृषकों को उनके द्वारा उत्पादित उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो रहा है। वर्तमान में कृषि उपज मण्डियों में कृषि उपज के लिए सर्मथन मूल्य निर्धारित किए जाते है। जिससे सभी वर्ग के कृषक अपनी उपज को स्थानीय बाजार, साहुकार, मध्यस्थ के स्थान पर सिधे कृषि उपज मण्डियों में विक्रय करने लगे हैं। अत: संगठित क्षेत्र के विकास से कृषकों को उनकी उपज का उचित मूल्य प्राप्त होने से कृषकों की आय में वृद्धि होने से आर्थिक स्तर में परिवर्तन आया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Zeithaml, V. (1985). The new demographics and market fragmentation. *Journal of Marketing,* 49, 64-75.
2. Rajib Bhattacharyya (2012). The Opportunities and Challenges of FDI in retail in India. Journal of Humanities and social science(JHSS), 5(5), p- 104
3. Ramachandran, A., Kavitha, N., Veni, N.K. (2008). **"Foreign direct investment and the economic scenario"**. The Economic Challenger, 39 (10), page-44.
4. Lather, S. A., and Kaur, T. (2006). "It's All At the Mall: Exploring Present Shopping Experiences", *Indian Journal of Marketing,* August issue, 36(8).
5. Anita Goyal and N.P. Singh (2007), "Consumer Perception about Fast Food in India: An Exploratory Study," British Food Journal, 109.2, pp.182 - 195.
6. Sengupta, A. (2008). Emergence of modern Indian retail: an historical perspective. *International Journal of Retail and Distribution Management*, 36(9), 689-700.
7. Jhamb, Deepika and Ravi Kiran (2010): "Organized retail in india – Drivers facilitator and SWOT analysis" Asian Jornal of Management Research, Volume 2 issue 1 ISSN No.2292-3795. Pp-264
8. Gupta, Amisha (2112): " Foregn Direct Investment in Indian Sector: Research and Educational consortiwn" IJMMR, Vol 1, issu 1 ISSN – 2229-6803. P-6
9. Jayawardhena, C. (2011). Effects of retail employees'

behaviours on customers' service evaluation. *International Journal of Retail & Distribution Management*, 39 (3), 203-217.

10. Kesari, Rajesh and Shrivastava Abhishek Kumar (2011) : "Foreign Direct Investment (FDI) in Retail Sector, Concern for Ama Aadmi", International Journal of Multidisciplinary Research, Vol 1, issue-6.ISSN no. 2231-5780, p-200
11. Jeyachandran, Hemalatha and haider Yasmeen (2011): "Impact of organized Retailers on Traditional Markets: Implication for India": the international journal of economics and business studies, vol 1 no. 1 ISSN 2251-1555, p-21
12. Pandey, shishir and kumar sunil (2012) : " A critical analysis of indian retail sector: is it boom or boom?: International journal of business economics and management research', vol 2 issue 4 ISSN – 2249-8826. P-235
13. Handa, vidushi and grover navneet (2012) "Retail sector in india: Issue and challenges": international journal of multidisciplinary research, vol-2 issue-6 ISSN no- 2231-5780, p-244.

****

राजस्थान में निर्धनता उन्मुख कार्यक्रमों का मूल्यांकन

नीलू मारू *

शोध सारांश – निर्धनता एक सर्वव्यापी समस्या है, यह न केवल भारत वरन् राजस्थान कि भी प्रमुख समस्या है। स्वतन्त्रता के पश्चात् सरकार ने निर्धनता उन्मूलन के लिए कई प्रयास किए है। इन योजनाओं ने प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रुप से निर्धनता निवारण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वर्तमान में निर्धनता निवारण के लिए इंदिरा आवास योजना, अन्त्योदय अन्न योजना, मुख्यमंत्री बी.पी.एल आवास योजना, इंदिरा गांधी वृद्धावस्था पेंशन योजना आदि योजनाए चल रही है। इस शोध पत्र में राजस्थान के दो जिलों मे निर्धनता निवारण कार्यक्रमो के प्रभाव को देखा गया है। इस अध्ययन के लिए प्राथमिक आंकड़ों का संकलन अनुसूची विधि विधी के द्वारा किया गया है तथा कार्यक्रमों का मूल्यांकन करने के लिए योजना के लाभार्थी व गैर लाभार्थी के बीच तुलना की गई।

शब्द कुंजी – निर्धनता, लाभार्थी व गैरलाभार्थी, राजस्थान।

प्रस्तावना – निर्धनता एक सार्वभौमिक तथा सर्वकालिक सामाजिक आर्थिक समस्या है। गरीबी एक अभिशाप ही नहीं वरन् विश्व शान्ति और आर्थिक समृद्धि के लिए सबसे बड़ा खतरा है। स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् से ही कई निर्धनता निवारण कार्यक्रम चालू किए गए परन्तु इन कार्यक्रमों से गरीब एवं कमजोर वर्ग के लोगों को फायदा नहीं मिल पाया। फलत: पाँचवी पंचवर्षीय योजना से निर्धनता पर प्रत्यक्ष प्रहार करने वाले कार्यक्रम शुरू किए गए। निर्धनता रेखा से नीचे जीवन–यापन करने वालो को प्रत्यक्ष लाभ की योजनाएँ दी गई। वर्तमान में निर्धन परिवारों को आवास, खाद्यान्न तथा रोजगार देने हेतु कई योजनाएँ चलाई जा रही है जैसे आवास प्रदान करने हेतु इन्दिरा आवास योजना, मुख्यमंत्री बीपीएल आवास योजना, खाद्यान्न हेतु अन्त्योदय अन्न सुरक्षा योजना, रोजगार प्रदान करने हेतु मनरेगा आदि कई योजनाएँ चलाई जा रही है। इनके अलावा मुख्यमंत्री बी.पी.एल जीवन रक्षा कोष, मुख्यमंत्री अन्न सुरक्षा योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, इन्दिरा गांधी वृद्धावस्था पेंशन योजना, इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांगता पेंशन योजना आदि कई योजनाएँ निर्धनता निवारण के उद्देश्य से चलाई जा रही है।

उद्देश्य –

1. निर्धनता निवारण योजनाओं की सार्थकता अध्ययन।
2. लाभार्थी व गैर लाभार्थी की आर्थिक स्थिति का अध्ययन।
3 चितौड़गढ़ एवं उदयपुर जिले में निर्धनता निवारण कार्यक्रमों के निर्धनता पर प्रभाव की तुलना।

परिकल्पना –

1. लाभार्थी व गैर लाभार्थियों की आर्थिक स्थिति में कोई सार्थक अन्तर नहीं।
2. लाभार्थियों व गैर लाभार्थियों का आर्थिक स्तर दोनों जिलों में एक समान है।

शोध पद्धति – इन विभिन्न निर्धनता निवारण कार्यक्रमों का लाभ चयनित परिवारों को कितना मिला, ये योजनाएँ गरीबी उन्मूलन में सार्थक हुई या नहीं, इसके आंकलन के लिए दो जिलों चितौड़ व उदयपुर का चयन किया गया, प्रत्येक जिले से दो–दो पंचायत समिति लेकर बीस गांवों से चार सौ प्रतिदर्श लिए गए, जिसमें 200 प्रतिदर्श लाभार्थी तथा 200 प्रतिदर्श गैर–लाभार्थी थे। प्रत्येक गांव से 20 प्रतिदर्श लिए जिनमें से 10 योजना के लाभार्थी व 10 गैर लाभार्थी थे इस प्रकार कुल 400 प्रतिदर्श लिए गए जिनमें से 200 लाभार्थी व 200 योजना के गैर लाभार्थी थे। लाभार्थियों पर निर्धनता निवारण कार्यक्रमों के प्रभाव के आंकलन हेतु एनोवा टेस्ट का उपयोग किया गया। आंकड़ों का संकलन अनुसूची विधि से किया गया एक परिवार से एक अनुसूची भरवाई गई। प्रत्येक परिवार को यादृच्छ प्रतिदर्श प्रणाली द्वारा चुन कर उनसे अनुसूचीया भरवाई गई।

हमारी परिकल्पना के अनुसार लाभार्थियों व गैर लाभार्थियों में सार्थक अन्तर का आंकलन करने के लिए एनोवा का उपयोग किया गया। लाभार्थियों और गैर– लाभार्थियों के बीच अन्तर को जांचने के लिए 15 मापकों को दर्शाया गया तथा बाद में सारणियों में परिवर्तित किया गया। सूचकांकों के निर्माण के लिए लाभार्थी व गैर लाभार्थी परिवारों द्वारा दी गई प्रतिक्रियाओं को आधार बनाया गया।

सम्पत्ति स्वामित्व सूचकांक – धन में वृद्धि प्रत्यक्ष रूप से सम्पत्ति स्वामित्व में वृद्धि से सम्बन्धित है। लोगों के पास भूमि तथा पशुधन के अलावा ओर भी कई सम्पत्ति के साधन होते हैं इसीलिए सम्पत्ति स्वामित्व सूचकांक के लिए कुछ पर पम्पसेट, बिजली का कनेक्शन, टीवी, मोबाईल, बाईक/स्कूटर, पंखा, शौचालय, जुगाड़, कार, जीप, साईकिल, कूलर, अलमारी, कम्प्यूटर, चूल्हा, गैस, स्टोव आदि से बनाया गया। लाभार्थी व गैर–लाभार्थी परिवारों के जीवन स्तर तथा बचतों में वृद्धि उन्हें इन टिकाऊ वस्तुओं की तरफ आकर्षित करते हैं।

चरों को सूचकांकों में बदलने के लिए चयनित परिवारों द्वारा दिए गए सभी सकारात्मक प्रतिक्रियाओं को एक समान भार दिया गया। सूचकांक बनाने के लिए कुल सकारात्मक उत्तरों को कुल प्रतिदर्श व कुल चरों की

*शोधार्थी (अर्थशास्त्र) मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

संख्या से भाग दिया गया। प्राप्त हुई संख्या को 100 से गुणा किया गया ताकि परिणामित सूचकांक का अधिकतम मूल्य 100 तथा न्यूनतम मूल्य 0 के बीच रहे।

सम्पत्ति स्वामित्व सूचकांक – लाभार्थी

क्र.सं.	चर	सकारात्मक उत्तर देने वाले परिवार	
		भूपालसागर	डूंगला
1	कुए पर पम्पसेट	4	1
2	बिजली का कनेक्शन	47	26
3	टीवी	11	10
4	मोबाईल	28	26
5	बाईक/स्कूटर	2	1
6	पंखा	30	24
7	शौचालय	19	13
8	कार/जीप/जुगाड़	0	0
9	साईकिल	18	24
10	कुलर	10	0
11	अलमारी	22	16
12	कम्प्यूटर	0	0
13	चूल्हा	47	44
14	गैस	2	2
15	स्टोव	1	4
		30.93	25.47
चितौड़ जिले के लाभार्थियों का सूचकांक			28.2

सम्पत्ति स्वामित्व सूचकांक – गैर लाभार्थी

क्र.सं.	चर	सकारात्मक उत्तर देने वाले परिवार	
		भूपालसागर	डूंगला
1	कुए पर पम्पसेट	1	2
2	बिजली का कनेक्शन	31	17
3	टीवी	4	4
4	मोबाईल	17	18
5	बाईक/स्कूटर	1	0
6	पंखा	15	16
7	शौचालय	3	4
8	कार/जीप/जुगाड़	0	0
9	साईकिल	6	12
10	कुलर	0	0
11	अलमारी	8	6
12	कम्प्यूटर	0	0
13	चूल्हा	50	50
14	गैस	0	0
15	स्टोव	0	0
		18.12	17.20
चितौड़ जिले के गैर–लाभार्थियों का सूचकांक			17.67

सम्पत्ति स्वामित्व सूचकांक – लाभार्थी

क्र.सं.	चर	सकारात्मक उत्तर देने वाले परिवार	
		मावली	झाड़ोल
1	कुए पर पम्पसेट	3	6
2	बिजली का कनेक्शन	34	29
3	टीवी	10	2
4	मोबाईल	25	26
5	बाईक/स्कूटर	2	0
6	पंखा	34	11
7	शौचालय	9	2
8	कार/जीप/जुगाड़	0	0
9	साईकिल	20	16
10	कुलर	1	0
11	अलमारी	16	2
12	कम्प्यूटर	0	0
13	चूल्हा	45	50
14	गैस	3	0
15	स्टोव	1	0
		27.07	19.20
उदयपुर जिले के लाभार्थियों का सूचकांक			23.125

सम्पत्ति स्वामित्व सूचकांक – गैर लाभार्थी

क्र.सं.	चर	सकारात्मक उत्तर देने वाले परिवार	
		मावली	झाड़ोल
1	कुए पर पम्पसेट	0	2
2	बिजली का कनेक्शन	12	18
3	टीवी	1	0
4	मोबाईल	12	23
5	बाईक/स्कूटर	0	0
6	पंखा	10	7
7	शौचालय	0	0
8	कार/जीप/जुगाड़	0	0
9	साईकिल	8	1
10	कुलर	0	0
11	अलमारी	4	1
12	कम्प्यूटर	0	0
13	चूल्हा	49	50
14	गैस	0	0
15	स्टोव	0	0
		12.80	13.60
उदयपुर जिले के गैर–लाभार्थियों का सूचकांक			13.20

हमने चितौड़ जिले के भूपालसागर पंचायत समिति में लाभार्थी परिवारों का सम्पत्ति स्वामित्व सूचकांक का मूल्य 30.93 आया, जबकि गैर लाभार्थी परिवारों का सम्पत्ति सूचकांक का मूल्य 18.12 था। डूंगला पंचायत समिति में भी लाभार्थियों के सम्पत्ति सूचकांक का मूल्य 25.47 था जो गैर लाभार्थियों के सम्पत्ति स्वामित्व सूचकांक के मूल्य 17.20 से काफी अधिक है लाभार्थियों के सम्पत्ति स्वामित्व सूचकांक का मूल्य गैर लाभार्थियों के सम्पत्ति स्वामित्व

सूचकांक के मूल्य से अधिक है जो निर्धनता निवारण कार्यक्रमों की सार्थकता को स्पष्ट करते हैं। लाभार्थियों के पास गैर–लाभार्थियों की तुलना में जीवन–स्तर को ऊपर उठाने के साधन अधिक पाए गए। उदयपुर जिले की मावली पंचायत समिति में लाभार्थी परिवारों का सम्पत्ति स्वामित्व सूचकांक का मूल्य 27.07 प्राप्त हुआ जो गैर–लाभार्थी परिवारों का सम्पत्ति स्वामित्व सूचकांक के मूल्य 12.80 से अधिक है। झाड़ोल पंचायत समिति में भी लाभार्थी परिवारों का सम्पत्ति स्वामित्व सूचकांक का मूल्य 19.20 गैर लाभार्थी परिवारों के सम्पत्ति सूचकांक के मूल्य 13.60 से अधिक पाया। इससे स्पष्ट है कि लाभार्थी परिवारों के पास जीवन स्तर को ऊपर उठाने के साधन गैर लाभार्थी परिवारों से अधिक है जो निर्धनता निवारण कार्यक्रमों कि सार्थकता को स्पष्ट करते हैं।

दोनों जिलों के लाभार्थी व गैर लाभार्थी परिवारों की संयुक्त तालिका

सम्पत्ति स्वामित्व सूचकांक

क्र.सं.	जिला	लाभार्थी	गैर लाभार्थी
1	चितौड़	28.20	17.67
2	उदयपुर	23.13	13.20

सारणी से स्पष्ट है कि दोनों जिलों के लाभार्थियों व गैर लाभार्थियों के सम्पत्ति स्वामित्व सूचकांक में काफी अन्तर है जो निर्धनता निवारण कार्यक्रमों कि सार्थकता को स्पष्ट करते हैं।

दो परिकल्पनाओं के माध्यम से एनोवा को दो तरह से वर्गीकृत किया गया दोनों परिकल्पनाओं की सामान्य गणना के बाद दोनों को एक साथ सारणी में प्रदर्शित किया गया है।

सारणी – सम्पत्ति स्वामित्व सूचकांक **(देखे)**

यह परिकल्पना की लाभार्थियों व गैर लाभार्थियों के आर्थिक स्तर में कोई अन्तर नहीं है का **F** मूल्य 35.576 है तथा दूसरी परिकल्पना कि लाभार्थियों व गैर लाभार्थियों का आर्थिक स्तर दोनों जिलों में समान है कि **F** मूल्य 7.719 है यह दोनों मूल्य **F** बंटन के 5 प्रतिशत क्रांतिक क्षेत्र के अनुसार गलत साबित हुए हैं। अन्य शब्दों में अध्ययन के सांख्यिकीय विश्लेषण के अनुसार लाभार्थियों व गैर लाभार्थियों का आर्थिक स्तर एक समान नहीं है। योजनाओं का लाभ मिलने से लाभार्थियों का आर्थिक स्तर बढ़ा है। दोनों जिलों में भी लाभार्थियों व गैर लाभार्थियों का आर्थिक स्तर एक समान नहीं है अर्थात् दोनों जिलों में योजनाओं का समान लाभ नहीं मिला है। चितौड़ में निर्धनता निवारण कार्यक्रमों का अधिक लाभ हुआ है।

सुझाव– जनता को जागरूक किया जाए तथा सभी तक योजना का लाभ पहुंचे इसकी सुनिश्चितता हो।

सारणी – सम्पत्ति स्वामित्व सूचकांक

	स्त्रोत	Type III sum of square	Degree of freedom	Mean square	F Value
1	लाभार्थी और गैर लाभार्थी के मध्य	2356.225	1	2356.225	35.576
2	दोनों जिलों के मध्य	511.225	1	511.225	7.71

R Square = 0.546s

****

बालाघाट जिले की बैगा जनजाति की शैक्षणिक स्थिति का अध्ययन

डॉ. महेश कुमार धुर्वे * डॉ. सुधन्वा सिंह नेताम **

प्रस्तावना – प्रकृति की सबसे सुन्दर कृति है – मानव। प्रकृति प्रदत्त उपहारों का उपयोग करता हुआ मानव आज विकास की नई–नई सीढ़ियाँ चढ़ रहा है, और मानव के समग्र विकास का मूल आधार है शिक्षा। शिक्षा, समाज और संस्कृति की गतिशीलता, विकास व शोधन की वह अनिवार्य कड़ी है जिसके माध्यम से ही मानव में नैतिक मूल्यों का विकास होता है। यह समाज में चलने वाली उद्देश्यपूर्ण सामाजिक प्रक्रिया है, जिसके द्वारा मनुष्य की जन्मजात शक्तियों का विकास उसके ज्ञान व कौशल में वृद्धि तथा व्यवहार में परिवर्तन किया जाता है। शिक्षा जहाँ एक ओर मानव प्रगति का मूल आधार है तो वही आर्थिक एवं भौतिक विकास की कुंजी है। जिस प्रकार शरीर में हृदय सब अंगो को स्वस्थ रक्त पहुँचाने का कार्य करता है ठीक उसी प्रकार शिक्षा, समाज में नई प्रतिभाएँ सृजित करता है और यहीं प्रतिभाएं राष्ट्र के नव निर्माण की कड़ी होती है।

21 वीं सदी में विश्व के साथ ही भारतीय शिक्षा प्रणाली में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं, वैश्विक साक्षरता दर में वृद्धि हो रही है। 2011 के जनगणना आकड़ों के अनुसार भारत में साक्षरता दर 75.06 प्रतिशत है जोकि 1947 में मात्र 18 प्रतिशत थी। भारत की साक्षरता दर हाँलाकि वैश्विक साक्षरता दर 84 प्रतिशत से कम है। भारत में पुरूष साक्षरता दर 82.14 प्रतिशत है, वही महिला साक्षरता केवल 65.46 प्रतिशत है। उसी प्रकार म.प्र. में साक्षरता 2011 के अनुसार 70.63 प्रतिशत है, जहाँ पुरूष साक्षरता 80.5 प्रतिशत एवं महिला साक्षरता दर 60.0 प्रतिशत है।

भारत में जनजातीय साक्षरता दर 59.00 प्रतिशत एवं म.प्र. में 50.6 प्रतिशत है जो कि राष्ट्रीय एवं राज्य की साक्षरता दर से बहुत कम है। शोध क्षेत्र बालाघाट जिले में साक्षरता दर 70.09 प्रतिशत के मुकाबले जनजातीय साक्षरता दर 66.7 प्रतिशत है। यद्यपि 'बालाघाट जिला जनजातीय साक्षरता में म.प्र. में प्रथम स्थान पर है।' किन्तु यह आकड़े समग्र जनजातीय समुदाय के आधार पर है। शोध क्षेत्र में अनेक जनजातियाँ निवास करती है, जिनमें शासन द्वारा घोषित 'विशेष पिछड़ी जनजाति' 'बैगा' भी है। बैगा समुदाय में आज भी साक्षरता का प्रतिशत अत्यन्त कम है। शासन द्वारा इनके समग्र विकास की योजनाओं के अंतर्गत शिक्षा को भी प्राथमिकता दी गई है एवं बैगा जनजाति क्षेत्रों में शैक्षणिक संस्थाओं के माध्यम से शिक्षा के स्तर को उठाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसके लिए अनेक योजनाएं संचालित है जैसे – एकलव्य विद्यालय की स्थापना छात्रावास/आश्रम योजना, जिला स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षा केन्द्र छात्रावास, छात्रगृह योजना, राज्य छात्रवृत्ति, मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति, विद्यार्थी कल्याण योजना, मेधावी छात्रवृत्ति प्रोत्साहन योजना, नि:शुल्क गणवेश प्रदाय योजना, नि:शुल्क सायकिल प्रदाय योजना, सिविल सेवा प्रोत्साहन राशि योजना, कोचिंग योजना, बैगा युवा–युवतियों को सीधे शासकीय सेवा में नियुक्ति आदि अनेक योजनायें संचालित है किन्तु अध्ययन क्षेत्र में इन योजनाओं का कोई खास प्रभाव दिखाई नहीं पड़ता है।

अध्ययन क्षेत्र में बैगा जनजाति – अध्ययन क्षेत्र बालाघाट जिले की कुल 10 तहसील में बैगा जनजाति मुख्य रूप से बैहर, बिरसा एवं परसवाड़ा तहसील में पायी जाती है। तीनों तहसील म.प्र. के 'एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना' के अन्तर्गत 'बैगा विकास प्राधिकरण' के अन्तर्गत आते हैं। बैहर परियोजना के अंतर्गत 481 ग्राम हैं, जिसमें 2001 में जिलाध्यक्ष के निर्देशानुसार कराए गए सर्वेक्षण के आधार पर 190 बैगा ग्राम है, जो कि तहसीलवार निम्नानुसार है –

बैगा विकास अभिकरण में बैगा ग्राम एवं जनसंख्या (2001) **(सारिणी देखे आगे पृष्ठ पर)**

इस प्रकार स्पष्ट है कि अभिकरण के अंतर्गत कुल 190 ग्राम में 3941 परिवारों की कुल जनसंख्या 17146 है।

पूर्व साहित्य का अनुशासन –

1. 'पटेल'(1984) ने अपने अध्ययन शीर्षक 'प्लानिंग स्ट्रेटजी फॉर ट्राईल डवलपमेंन्ट' में बैंगा जनजाति का अध्ययन कर पाया कि यह जनजाति विकास से बहुत दूर है। शिक्षा एवं स्वास्थ का स्तर कमजोर है। इसके विकास हेतु अधिक प्रयास की आवश्यकता है।
2. 'सोनवानी (1997) में लघु शोध प्रबंध 'मण्डला जिलें के चाण्डा क्षेत्र के बैगा जनजाति की शैक्षणिक स्थिति का मूल्यांकन कर पाया, कि शैक्षणिक स्थिति कमजोर होने के कारण इसका विकास नहीं हो पा रहा है।

शोध प्रविधि – प्रस्तुत अध्ययन में साक्षात्कार, प्रश्नावली एवं अनुसूची पध्दति को अपनाया गया है। जिले के तीन विकासखण्ड बैहर, बिरसा व परसवाडा में से उद्देश्य के अनुरूप प्रत्येक विकासखण्ड से 10–10 प्रतिशत परिवारों का चयन दैव निदर्शन विधि द्वारा किया गया है।

उद्देश्य –

1. बैगा जनजाति समुदाय में शिक्षा के स्तर का अध्ययन करना।

परिकल्पना –

1. बैगा जनजाति समाज शैक्षणिक दृष्टि सें अत्यंत पिछड़ा हुआ है।
2. उच्च शिक्षा से यह समाज कोसों दूर है।

अध्ययन क्षेत्र – प्रस्तुत अध्ययन का क्षेत्र बालाघाट जिले की बैहर, बिरसा एवं परसवाड़ा तहसील है जहाँ मुख्यत: बैगा जनजाति निवास करती है।

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय मलाजखण्ड, जिला–बालाघाट (म.प्र.) भारत
** शासकीय महाविद्यालय मलाजखण्ड, जिला–बालाघाट (म.प्र.) भारत

शोध सामग्री – प्रस्तुत अध्ययन में उद्देश्य के अनुरूप प्रश्नावली, अनुसूची एवं साक्षात्कार के माध्यम से संकलित प्राथमिक संमकों का उपयोग किया गया।

अध्ययन की आवश्कता – बैगा जनजाति को केन्द्र एवं राज्य सरकार ने 'विशेष पिछड़ी जनजाति' की श्रेणी में रखा है। आजादी के बाद से इसके विकास की अनेक योजनाएं आयीं, यहां तक विशेष योजनाओं का संचालन भी हुआ, फिर भी इस जनजाति का अपेक्षित विकास नहीं हो पा पाया। शिक्षा का स्तर क्यों नहीं उठ पाया। इन सवालों का उत्तर ढूढना आवश्यक एवं महत्वपूर्ण है।

सर्वेक्षित परिवारों की संख्या – अध्ययन हेतु बैहर तहसील के 8 गांव से 154 परिवार, तहसील के 5 ग्रामों से 164 परिवार एवं परसवाड़ा तहसील के 7 ग्रामों से 74 परिवार कुल, 20 ग्रामों के 392 परिवारों का चयन किया गया है।

सर्वेक्षित परिवारों की संख्या

क्र.	विकासखण्ड	कुल ग्राम	परिवार संख्या
1	बैहर	8	154
2	बिरसा	5	164
3	परसवाड़ा	7	74
	योग	20	392

सूचनादाताओं का आयु वर्ग– सर्वेक्षण के दौरान विभिन्न आयु के सूंचनादाताओं से जानकारी ली गई है। अधिकांश सूचनादाताओं की आयु 20 से 40 के बीच है। नीचे निम्न तालिका से दर्शाया गया है :–

सूचनादाताओं का आयु वर्ग का प्रतिशत (सारिणी देखे आगे पृष्ठ पर)

सर्वेक्षित परिवारों में शिक्षा का स्तर – शासन द्वारा बैगा जनजाति क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर उठाने की दृष्टि से आदिम जाति कल्याण विभाग (जनजाति कार्य विभाग) के माध्यम से अनेक योजनाएँ संचालित किये जा रहें हैं। किन्तु सर्वेक्षण से प्राप्त आकड़े चौकाने वाले हैं। सर्वेक्षित 392 परिवारों में शिक्षा की स्थिति को निम्न तालिका से दर्शाया गया है।

सर्वेक्षित परिवारों में शिक्षा का स्तर **(सारिणी देखे आगे पृष्ठ पर)**

तालिका सें स्पष्ट है कि सर्वेक्षित परिवारो में प्राथमिक शिक्षा का प्रतिशत 27.55 माध्यमिक शिक्षा का प्रतिशत 3.32 हाईस्कूल शिक्षा का प्रतिशत 0.26 हायर सेकेण्ड्री 0.76 एवं स्नातक स्तर की शिक्षा प्राप्त करने वालों का प्रतिशत 0.26 है। स्नातकोत्तर शिक्षा का प्रतिशत शून्य है। अशिक्षित परिवारों का प्रतिशत 67.85 है। इस प्रकार बैगा जनजाति समुदाय में मात्र 32.15 प्रतिशत साक्षरता है।

निष्कर्ष – इस प्रकार अध्ययन के आधार पर निष्कर्षरूप में कहा जा सकता है कि शासन की तमाम योजनाओं के बाद भी बैगा जनजाति में शिक्षा का स्तर अत्यंत कमजोर है। 67.85 निरक्षरता इस बात को स्पष्ट करता है। उच्च शिक्षा शून्य के बराबर है। निश्चित ही अशिक्षा ही इनके पिछड़ेपन का मुख्य कारण प्रतीत होता है।

सुझाव – बैगा जनजाति के समग्र विकास हेतु प्रारम्भिक शिक्षा की अनिवार्यता होनी चाहिए ताकि इनमें सामान्य बुद्धि के विकास के साथ–साथ समाज का विकास एवं स्वंय को समझने एवं स्वविकास हेतु निर्णय लेने की क्षमता विकसित हो सके। शैक्षणिक क्षेत्र की योजनाओं के साथ शिक्षा का स्तर उठाने और अधिक प्रयास की आवश्यकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. पटेल एम.एल (1984) प्लानिंग स्ट्रेटजी फॉर ट्रायबल डवलपमेंट , इण्डिया पब्लिकेशन नई दिल्ली।
2. सोनवानी, अर्जुनकुमार (1997) मण्डला जिलें के चाडां क्षेत्र के बैगा जनजाति की शैक्षणिक उन्नति का समीक्षात्मक अध्ययन लघुशोध प्रबंध , शिक्षा महावि. डॉ0.हरिसिंह वि.वि.सागर।
3. भारत की जनगणना 2011 इंटरनेट से प्राप्त आकड़ें।
4. बैगा विकास अभिकरण बैहर जिला –बालाघाट।

बैगा विकास अभिकरण में बैगा ग्राम एवं जनसंख्या (2001)

क्र.	तहसील का नाम	ग्रामों की संख्या	बैगा परिवारों की संख्या	कुल जनसंख्या
1	बैहर	72	1549	6602
2	बिरसा	52	1644	7547
3	परसवाड़ा	66	748	2997
	योग	190	3941	17146

स्त्रोत – बैगा विकास अभिकरण बैहर, बालाघाट।

सूचनादाताओं का आयु वर्ग का प्रतिशत

क्र.	आयु वर्ग	विकासखण्ड			योग	प्रतिशत
		बैहर	बिरसा	परसवाड़ा		
1	10–20	0	0	0	0	0
2	20–40	68	97	38	203	51.8
3	40–60	73	54	33	160	40.8
4	60 अधिक	13	13	3	29	7.4
	योग	154	164	74	392	100.00

सर्वेक्षित परिवारों में शिक्षा का स्तर

क्र.	विकासखण्ड	परिवार संख्या	अशिक्षित	प्राथमिक शिक्षा	माध्यमिक शिक्षा	हाई स्कूल शिक्षा	हायर सेक . शिक्षा	स्नातक	स्नातकोत्तर	अन्य
1	बैहर	154	102	41	8	0	3	0	0	0
2	बिरसा	164	101	60	2	1	0	0	0	0
3	परसवाड़ा	74	63	7	3	0	0	1	0	0
	योग	392	266	108	13	1	3	1	0	0
	प्रतिशत	100.00	67.85	27.55	3.32	0.26	0.76	0.26	0	0

स्त्रोत –सर्वेक्षण से प्राप्त आकड़े ।

****

मध्यशोध शासन की विभिन्न योजनाएँ

डॉ. शशि किरण नायक * डॉ. रोहिणी त्रिपाठी**

प्रस्तावना – मध्यशोध की बेटियों के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, बेटी बचाओ अभियान जैसी महती योजनाएं शुरू की तो वहीं बुजुर्गो के लिए तीर्थदर्शन जैसी योजना चलाकर बुजुर्गो के उस सपने को भी साकार किया है, जिसे वो सिर्फ कल्पना मात्र ही समझते थे।

मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना – मध्य शोध के युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना लाई गई, तो वहीं छात्र–छात्राओं की बेहतर पढ़ाई के लिए मुख्यमंत्री मेधावी योजना की शुरूआत की गई । इस योजना के तहत माध्यमिक शिक्षा मंडल के 12वी क्लास के विद्यार्थियों को 70 प्रतिशत एवं इससे ज्यादा अंक एवं सीबीएसई – आईसीएसई के 12वीं के विद्यार्थियों के 85 प्रतिशत या इससे अधिक अंक लाने पर उनकी पढाई का खर्च सरकार उठाएगी। इस योजना में वे विद्यार्थी ही शामिल हो सकेगें, जिनके पालक या पिताजी की वार्षिक आय 6 लाख या इससे कम होगी। इसके अलावा 12 वीं कक्षा में 70 प्रतिशत अंक लाने वाले विद्यार्थियों को 25 हजार रूपये की राशि लेपटॉप के लिए भी मिलेगी।

22 हजार 35 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लेपटॉप खरीदने के लिए ऑनलाइन राशि दी गई है। इसके अलावा अन्य 66 हजार बच्चों के खातों में राशि जल्दी ही पहुँचाई जा रही है।

वर्ष 2009 से विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देने के लिए मुख्यमंत्री मेधावी योजना शुरू की गई। वर्ष 2009–10 में प्रतिभाशाली छात्र–छात्राओं की संख्या 473 थी , लेकिन वर्ष 2017 –18 में यह संख्या लगभग 47 गुना बढ़कर 22 हजार पैंतीस हो गई है। इस वर्ष हायर सेकण्डरी स्कूल परीक्षा में कुल 5 लाख 95 हजार छात्र – छात्राएं शामिल हुए थे, जिनमें से 22035 विद्यार्थियों को समारोह में प्रोत्साहन स्वरूप लेपटॉप के लिए ऑनलाइन राशि गई है।

मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना के तहत अब तक विभिन्न कोर्सो के लिए 27 हजार 515 विद्यार्थियों की 54 करोड़ 62 लाख 67 हजार 73 रूपये की फीस का भुगतान तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा किया गया है। इस दौरान कुल 27 हजार 575 आवेदन आए थे । योजना के तहत आईआईएम के 2 विद्यार्थियों की फीस 8 लाख रूपए, तकनीकी शिक्षा के 288 विद्यार्थियों की एक करोड़ 57 लाख 27 हजार 188, मध्यशोध स्थित आईआईटी, एनआईटी, आईआईएसईआर, एनआईएफटी, एसपीए के 32 विद्यार्थियों की संख्या 40 लाख 73 हजार 200, मध्यशोध के बाहर के इन्हीं संस्थाओं के 178 विद्यार्थियों की एक करोड 20 लाख 80 हजार 557, क्लेट के 28 विद्यार्थियों की 40 लाख 73 हजार 200, जेईई रैंक के आधार पर शोध के बाहर निजी कॉलेजों के 28 विद्यार्थियों की 38 लाख 51 हजार 802, नीट द्वारा चयनित मेडिकल के 631 विद्यार्थियों की 38 करोड 63 लाख 2 हजार, उच्च शिक्षा के 26005 विद्यार्थियों की 10 करोड़ 5 लाख 8 हजार 501 रूपए और अन्य विषयों के 322 विद्यार्थियों की करोड़ 85 लाख 75 हजार 414 रूपए की फीस सरकार द्वारा जमा कराई गई है।

वर्षवार मेधावी विद्यार्थियों की संख्या इस प्रकार है।

वर्ष	छात्र संख्या
2009	473
2010	473
2011	1072
2012	2086
2013	4815
2014	7782
2015	10,061
2016	17,896
2017	18,578
2018	22,036

शोध के किसानों को मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना, समर्थन मूल्य पर प्रोत्साहन राशि, सूखा राहत, फसल बीमा योजना सहित विभिन्न योजनाओं में गत एक वर्ष में तीस हजार करोड़ रूपये की सहायता दी गई है। खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित है। इसके लिए अनेक उपाय किए गए है। मुख्यमंत्री जन कल्याण योजना गरीब की जिंदगी बदलने वाली योजना है। इस योजना के माध्यम से शोषित, वंचित और पीड़ित वर्ग को न्याय देने का काम किया जा रहा है। इसमें गरीबों की सभी बुनियादी जरूरतों को पूरा किया जायेगा। इसमें गरीबों को आवास का पट्टा, पढ़ाई, चिकित्सा सहायता, प्रसूति सहायता, मृत्यु होने पर सहायता और कौशल विकास के मदद दी जायेगी।

राज्य सरकार ने विद्युत के बिलों का सरलीकरण करने का निर्णय लिया है। आगामी माहों में ग्रामों के समूहों के विशेष कैम्प लगाए जाएगे, जिनमें मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना में पंजीकृत श्रमिकों के बिल जमा कर उन्हें शून्य बिल का प्रमाण –पत्र दिया जाएगा। इस तरह उनके बिजली बिलों का पिछला बकाया राज्य सरकार भरेगी। इसके बाद उन्हें फ्लेट रेट पर दो सौ रूपये प्रति माह का बिल दिया जायेगा। राज्य सरकार ने लाडली लक्ष्मी योजना का कानून बनाने का निर्णय लिया है। शोध मे अब तक 27 लाख 80 हजार लक्ष्मियॉ हैं । योजना का कानून बनाने से इसका बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा।

* प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) सरोजनी नायडू शासकीय कन्या महाविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) सरोजनी नायडू शासकीय कन्या महाविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

म.प्र. में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग आवश्यक है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने स्वच्छता को जन आंदोलन का रूप दिया है। शोध के सभी शहरों को स्वच्छ बनाने के लिए काम किया जाएगा। शोध में आगामी 15 जुलाई से 15 अगस्त तक व्यावक वृक्षारोपण का अभियान चलाया जाएगा। गत जून माह में शोध में नदियों के गहरीकरण का कार्य किया गया है। इसमें शमिल होने वाले सभी नागरिको को बधाई। नर्मदा सेवा मिशन के तहत नदी संरक्षण का काम किया गया है।

मध्यशोध की आम जनता को शिक्षा से जोड़ने की जो अभिनव पहल की जा रही है वह है - स्कूल चलें हम अभियान, जिसके माध्यम से एक निश्चित अवधि में पढ़ने की उम्र वाले सभी बच्चों का नामांकन सुनिश्चित किया जा रहा है। अभियान की सफलता और सुफलता के बारे में अपनी राय प्रकट करते हुए नवोदिय मनोशास्त्री स्मिती कुमारी का कहना है कि अगर देश की समस्याओं को खत्म करना है तो हर व्यक्ति को शिक्षित करना जरूरी है। शिक्षा ही एक मात्र सभी समस्याओं का बेहतर समाधान है। स्कूल चलें हम अभियान की गतिविधियों को बच्चों के प्रति उत्तरदायी बनाने की हर संभव पहल करते हुए मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान अब सरकार, समाज और शिक्षकों को एक राह पर चलने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित कर रहे हैं। अभियान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए 15 जून, 2018 को मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने शोध की जनता से आह्वन किया कि 'हर बच्चे' को अनिवार्य स्कूली शिक्षा देना समाज और सरकार की मिली जुली जिम्मेदारी है, बच्चों को स्कूलों में नामांकित करते हुए यह जरूरी है कि बच्चों का पढ़ाई आनंददायी लगे न कि बोझ। हर बच्चे में अंतर्निहित प्रतिभा,उर्जा और क्षमता को उजागर करने की दृष्टि से यह जरूरी है कि बच्चों की झिझक और हिचक टूटना चाहिए क्योंकि इससे प्रतिभा दब जाती है, बच्चों में भारत निर्माण की क्षमता है और उनकी क्षमती को निखारने और उन्हें आगे लाने की जिम्मेदारी शिक्षक और समाज की है।

वर्ष 2018 में शिक्षा सत्र की शुरूआत 2 अप्रैल से हुई थी। इस कारण स्कूल चले हम अभियान की प्रक्रियाएँ भी 2 अप्रैल 2018 से शुरू हुई। मध्यशोध शासन स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से स्कूल चले हम अभियान 2018-19 के माध्यम से जारी किए गए। प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा के लोकव्यापीकरण का मुख्य उद्देश्य कक्षा पहली से बारहवीं तक शत-प्रतिशत विद्यार्थियों का विद्यालय में प्रवेश एवं गुणवत्ता शिक्षा सुनिश्चित करना है। सत्र 2018-19 मे भी स्कूल चलें हम अभियान तीन चरणों में संचालित किया जाएगा, जिसके प्रथम चरण 2 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच वार्षिक मूल्यांकन परिणाम की घोषणा एवं प्रगति पत्रक वितरण के साथ-साथ विशेष रूप से 2 अप्रैल को सत्र प्रारंभ होने की जानकारी दिए जाने हेतु प्रत्येक विद्यालय में शाला प्रबंधन समितियों की विशेष बैठके और विशेष बाल सभाओं का आयोजन कर उनमें उपस्थित सदस्यो को छात्रों के नामांकन, उपस्थित, छात्रों के उपलब्धि स्तर, इंट्रेस्ट टेस्ट, एप्टीट्यूड टेस्ट एवं अध्ययन अध्यापन की प्रस्तावित कार्ययोजना के बारे में चर्चा करना शामिल किया गया। यह भी कहा गया कि अप्रेल के प्रथम सप्ताह में स्थानीय परिस्थिति अनुसार पालक सम्मेलन आयोजित किए जाएं। जिनमें विद्यार्थी के माता पिता (दोनों) को आमंत्रित कर प्रत्येक पालक से बच्चें की शैक्षणिक स्थिति के साथ-साथ विद्यालय की शिक्षा की स्थिति, हितग्राही मूलक योजनाएं एवं नवीन शैक्षणिक सत्र के प्रथम माह में आयोजित होने वाली गतिविधियों से अवगत कराते हुए आवश्यक सहयोग की अपील की जाए। 2 अप्रैल को प्रवेश उत्सव मनाया जाए और विशेष मध्यान्ह भोजन का आयोजन किया जाए। अप्रेल माह में कक्षा 1 से 8 तक दक्षता उन्नयन जॉयफुल लर्निंग के माध्यम से रूचिकर एवं आनंददायी वातावरण में सम्पादित किया जाए एवं कक्षा 9 से 12 में दक्षता उन्नयन ब्रिज माडयूल के माध्यम से कराया जाए। 23 से 30 अप्रैल के मध्य घर-घर जाकर सर्वे का कार्य किया जाए और विभिन्न योजनाओं के पात्र विद्यार्थियों की पात्रता का निर्धारण समग्र शिक्षा पोर्टल पर प्रविष्टि के माध्यम से समय सीमा में किया जाए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मध्यशोध संदेश मध्यशोध शासन भोपाल।
2. विभिन्न समाचार पत्र एवं पत्रिकाएँ।

****

स्वायत्त शासन के अन्तर्गत कांग्रेसी प्रान्तीय सरकारों का कार्यकरण

हितेश *

प्रस्तावना – भारत शासन अधिनियम, 1935 द्वारा प्रान्तीय स्वायत्त शासन का प्रावधान किया गया। इसके अन्तर्गत चुनाव 1937 के आरम्भ में हुए। 1937 के चुनावों में कांग्रेस को 1585 असेम्बली सीटों में से 711 पर विजय प्राप्त हुई। जुलाई 1937 के दौरान कांग्रेस ने छह प्रान्तों में अपने मंत्रिमंडल गठित किए। ये प्रान्त थे– मद्रास, बम्बई, मध्य प्रान्त, उड़ीसा , बिहार और संयुक्त प्रान्त। बाद में चलकर पश्चिमोत्तर प्रान्त व असम में भी कांग्रेस ने मंत्रिमंडल बनाए। बंगाल और पंजाब में गैर कांग्रेसी सरकारे थी।

प्रान्त	प्रधानमंत्री
बंगाल	ए.के. फजलुल हक (कृषक प्रजा पार्टी)
आसाम	सैयद मुहम्मद सादुल्ला (मुस्लिम लीग अप्रैल 1937– सितम्बर 1937) गोपीनाथ बारदोलोइ (कांग्रेस 21 सितम्बर 1937– नवम्बर 1939)
पंजाब	सर सिकन्दर हयात खान (यूनियनिस्ट पार्टी)
मद्रास	सी. राजगोपालाचारी (कांग्रेस)
सिन्ध	गुलाम हुसैन हिदायतुल्लाह
बॉम्बे	बालासाहेब गंगाधर खेर (बी. जी. खेर (कांग्रेस))
बिहार	श्रीकृष्ण सिन्हा (कांग्रेस)
संयुक्त प्रान्त	गोविन्द बल्लभ पंत (कांग्रेस)
मध्य प्रान्त	रविशंकर शुक्ल (कांग्रेस)
पश्चिमोत्तर प्रान्त	सहिबजादा अब्दुल कय्युम (अप्रैल 1937– सितम्बर 1937) खान अब्दुल गफ्फार खान (कांग्रेस)
उड़ीसा	बिश्वनाथ दास (कांग्रेस)

प्रत्येक सरकार के दो कार्य थे–

1 प्राथमिक कार्य जैसे कानून और व्यवस्था बनाए रखना।
2 सहायक कार्य जैसे कृषि सुधार ,उद्योग विकास ,शिक्षा, जन स्वास्थ्य और समाज कल्याण।

कठिनाईयाँ – भारत सचिव, गवर्नर जनरल व गवर्नरों के पास ऐसी सुरक्षित शक्तियां थी जिनसे प्रान्तीय स्वायत्त सरकारों के अधिकार सीमित हो गए थे। अनेक प्रशासनिक कठिनाइयां थी। मंत्रियों को अनुभव नहीं था परन्तु सुधारों के लिए उनमें बडी उमंग थी। मंत्रियों के सचिव भारतीय सिविल सेवा के सदस्य थे। वे योग्य व अनुभवी थे परन्तु उन्हे जनतान्त्रिक तरीकों की आदत नहीं थी। भारतीय सिविल सेवा के अधिकांश अधिकारी अभी यूरोपियन थे। उनके लिए भारतीय मालिकों के नीचे काम करना आसान नहीं था । मंत्रियों का भी उन पर पूरा नियन्त्रण नहीं था क्योंकि इन अधिकारियों की नियुक्ति,पदोन्नति व बर्खास्तगी भारत सचिव के हाथ में थी। असली कठिनाई वित्त की थी। भारत की आय का 40 प्रतिशत से भी कम ग्यारह प्रान्तों में विभक्त किया जाता था। लोक कल्याण कार्यों के लिए धन उपलब्ध नहीं हो पाता था। मंत्रियों की सारी सुधार योजनाएं वित्तभाव की दीवार से टकराकर चूर हो गई। शिक्षा, और स्वास्थ्य को उन्नत करने की आवश्यकता थी। साक्षरता बहुत कम थी व मृत्यु दर अधिक थी। गाँवों में न स्कूल थे तथा न अस्पताल। काम विशाल था तथा साधन बहुत कम थे, इसलिए कोई असरदार काम करना आसान काम नहीं था। साम्प्रादायिक समस्या विकराल थी। जब भी होली और मोहर्रम या ईद या दीपावली के त्यौहार एक दिन होते , वही दंगे व शान्ति भंग होना आम बात हो गई थी। कुछ कठिनाईयाँ तो स्वयं कांग्रेस ने उत्पन्न कर रखी थी।कांग्रेस का आलाकमान अर्थात कार्यसमिति और पार्लियामेंटी बोर्ड प्रान्तीय सरकारों के काम में हस्तक्षेप करते थे । उन्हें विभिन्न मामलो पर सलाह व मार्गदर्शन देते थे। कांग्रेस के आलाकमान के इस सर्वाधिकारवाद की आलोचना कूपलैण्ड ने भी की है।

समाज कल्याण के कार्य– उपर्युक्त कठिनाईयों के होते हुए भी मंत्रियों ने कठिन परिश्रम व जोश से कार्य किया। कृषि सुधार व किसान कल्याण की तरफ विशेष ध्यान दिया गया। कृषि का तरीका परम्परागत था। 3/4 जनता इस पर आश्रित थी। लगान की दर अधिक थी । बिहार में पट्टेदारी का कानून बना जिसके अनुसार लगान व लगान की बकाया काफी कम कर दी गई। लगान न देने पर बेदखली भी बन्द कर दी गई। 1939 के सीमान्त प्रान्त अधिनियम 17 के अनुसार काश्तकारों को वंशानुगत अधिकार मिल गए। 10 वर्ष के लिए लगान निश्चित कर दिया गया। बहुत से प्रान्तों में किसानों को ऋण से राहत देने के लिए कानून बनाए गए।मजदूरों की शोचनीय दशा को सुधारने के भी प्रयास किए गए। मार्च 1938 में मद्रास में किसान ऋण राहत अधिनियम बनाया गया जिसके द्वारा किसानों के ऋणों में कमी की गई। संयुक्त प्रान्त में भी पंत सरकार काश्तकारी अधिनियम पारित करवाने में सफल हुई। जमींदारों द्वारा नजराना और बेगार लेने की प्रथा समाप्त कर दी गई।

उद्योग के क्षेत्र में भी प्रशंसनीय काम करने का प्रयास किया। बडे उद्योग उनकी शक्ति एवं क्षमता से बाहर थे। मध्यम और छोटे उद्यागों के विकास के लिए 1938 में योजना समिति बनाई गई। परन्तु इससे पहले वे कुछ कर पाते , मंत्रिमण्डलों ने त्यागपत्र दे दिया।

मंत्रियों ने प्राथमिक शिक्षा और प्रौढ शिक्षा पर ध्यान दिया। परन्तु कोष का अभाव मुख्य बाधा थी। गांधी जी की बुनियादी शिक्षा कई प्रान्तों में जारी की गई जो हाथ से उत्पादन कार्य करने के प्रशिक्षण से जुडी थी। परन्तु

*मौहल्ला गस्तीवाडा, पुल बाजार नारनौल, जिला – महेन्द्रगढ (हरियाणा) भारत

अक्टूबर 1939 में कांग्रेसी मंत्रिमंडलों के त्यागपत्र के बाद उसकी प्रगति भी रूक गई। अछूतों या हरिजनों के लिए प्रान्तीय सरकारों ने बडा काम किया। तीन बातों की और विशेष ध्यान दिया गया– मंदिर में प्रवेश , शिक्षा और नागरिक असुविधाओं का निवारण। कानूनी व प्रशासकीय उपाय किए गए। परन्तु वे भारतीय समाज में जड़ जमा चुकी छूआछूत की समस्या का उन्मूलन करने में सफल न हो सके।

प्रेस और समाचार प्त्रों से जमानत के तौर पर जो पैसा लिया गया था उसे वापिस कर दिया गया। उन पर चलाए गए मुकदमें उठा लिए गए।पुलिस के अधिकारों में कटौती कर दी गई। हजारों की संख्या में बंदियों व नजरबन्द लोगों की रिहाई कर दी गई।कांग्रेसी शासन वाले अधिकांश प्रान्तों में ब्याज की दरें तय की गयी ताकि कर्ज के बोझ को कम किया जा सके। इसके विपरीत गैर कांग्रेस शासित राज्यों में नागरिक स्वतन्त्रता में कटौती जारी रही तथा क्रांतिकारी व नजरबंद कैदियों को बिना मुकदमा चलाए जेलों में रखा जाता रहा।इनको छोड़ने के लिए बार बार भूख हड़ताल हुई व जन आन्दोलन किए गए परन्तु इनकी रिहाई नहीं हुई।

कांग्रेस मंत्रियों ने सरल जीवन का आदर्श प्रस्तुत किया। वेतन में भारी कटौती की। यह 2000 रूपये से घटाकर 500 रूपये प्रतिमाह की दिया गया। साधारण आदमी भी आसानी से उनके पास पहुँच सकता था। अधिकांश मन्त्री रेलों में दूसरे या तीसरे दर्जे में यात्रा करते थे।

प्रान्तीय सरकारो ने जितने भी अधिकार जन सुरक्षा अधिनियम के जरिये प्राप्त किए थे, उनको रद्द कर दिया गया। हिन्दुस्तान सेवा दल, हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन व यूथ लीग जैसे संगठन जिन्हें गैर कानूनी घोषित कर दिया गया था, उन पर से प्रतिबन्ध हटा दिया गया। कम्युनिस्ट पार्टी पर प्रतिबन्ध बरकरार रहा क्योंकि यह प्रतिबन्ध केन्द्र सरकार ही हटा सकती थी। । राजनीतिक सभाओं की गुप्तचर रिर्पोट लेने की प्रथा को समाप्त कर दिया गया। परन्तु जल्दी ही यह महसूस किया गया कि लोगों में इस नई आजादी का दुरूपयोग करने की प्रवृति है। किसानों और मजदूरों ने हद से ज्यादा अपेक्षाएं पाल रखी थी । उन्होंने जल्दी ही धैर्य खो दिया। कांग्रेस शासित प्रान्तों में कानून और व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने लगी।कांग्रेसी व अन्य लोग अहिंसा के सिद्धान्त की खुले आम अवहेलना करने लगे। कृषकों और श्रमिकों का विरोध हिंसक रूप धारण करने लगा। पंत सरकार को कानपुर के हडताली श्रमिकों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही करनी पड़ी। इसी प्रकार बिहार सरकार को भी किसान सभा की उग्र गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए दमनात्मक कदम उठाने पडे।कांग्रेस और किसान सभा के सम्बन्ध बिगड़ने लगे।

कांग्रेसी सरकारों ने चुने हुए क्षेत्रों में नशाबन्दी लागू की। प्राथमिक , उच्च और तकनीकी शिक्षा पर पहले से अधिक ध्यान दिया गया।

साम्प्रदायिक दंगों से सख्ती व निष्पक्षता से निपटना कांग्रेसी मंत्रिमंडलों की प्रमुख उपलब्धी थी। अक्टूबर 1937 से सितम्बर 1939 के बीच 8 कांग्रेसी प्रान्तों में 60 दंगे हुए, जबकि इसी अवधि में गैर कांग्रेसी सरकार वाले प्रान्तों में 25 दंगे हुए। कांग्रेसी सरकारों ने इन्हें रोकने के ईमानदारी से प्रयत्न किए थे। साम्प्रादायिक दंगों के विरूद्ध दमनकारी उपायों का भी प्रयोग किया जा रहा था। सितम्बर 1938 में भारतीय कांग्रेस कमेटी ने उन उपायों को खुलकर समर्थन दिया, जो कांग्रेस सरकार द्वारा जनधन की सुरक्षा के लिए प्रयुक्त किए जाए और कांग्रेसियों सहित उन लोगों की निन्दा की जो नागरिक स्वाधीनता के नाम पर हत्या, आगजनी, लूटपाट और हिंसक तरीकों से वर्ग संघर्ष की हिमायत करते है। कांग्रेसी आलाकमान का प्रान्तीय सरकारों के काम में हस्तक्षेप करना कुछ हद तक सही भी था। कांग्रेस नहीं चाहती थी कि कांग्रेस के सदस्य प्रान्तीय मामलों में फंस जाएं व अपने पूर्णस्वराज्य प्राप्ति के उद्देश्य को भूल बैठे।

कूपलैण्ड जो कांग्रेस का कटु आलोचक था उसने भी अपनी पुस्तक 'कांस्टीट्यूशनल प्राब्लम इन इंडिया में कांग्रेसी सरकारों के कार्यो का पर्यवेक्षण करते हुए लिखा है कि सरकारों में स्थिरता थी। मंत्री योग्य व जनता के प्रति कर्तव्यपरायण थे। हडसन 1941–42 में वायसराय का परामर्शदाता था , ने भी प्रान्तीय सरकारों के कार्यकरण की प्रशंसा की थी। सेमुअल होर ने भी कहा था –' भारत में प्रान्तीय स्वायत्त शासन को बडी संवैधानिक सफलता प्राप्त हुई है।'

लिनलिथगो ने भी गत ढाई वर्ष के बहुत अच्छे जनहित कार्य का उल्लेख किया था।संयुक्त प्रान्त के गवर्नर हैरी हेग तथा मद्रास के गवर्नर एस्कीन ने भी मंत्रियों के काम की प्रशंसा की थी।यह बात निराधार साबित हो गई कि बडे प्रशिक्षण के बाद ही भारत स्वशासन के योग्य बनेगा और उसको अंग्रेजों से ही काम सीखना पडेगा।

कुछ नकारात्मक पहलू– कांग्रेसी मंत्रियों के कारनामों में कुछ काले धब्बे भी है। अक्टूम्बर 1937 में एक समाजवादी कांग्रेसी नेता एस.एस. बाटलीवाला पर राजद्रोह के लिए भडकाने वाला भाषण देने का आरोप लगाकर मद्रास सरकार ने उन पर मुकदमा चलाया तथा उन्हें छह माह की जेल की सजा हुई।नेहरू के नेतृत्व में कांग्रेस के एक धड़े ने इसका पुरजोर विरोध किया क्योंकि यह कांग्रेस के इन विचारों के खिलाफ थी कि किसी पर भी महज भाषण देने के लिए मुकदमा नहीं चलाया जा सकता और उपनिवेशवादी शासन के खिलाफ भाषण देने के लिए तो बिल्कुल भी नहीं।आखिर में बाटलीवाला रिहा कर दिए गए।दक्षिणपंथी कांग्रेसी मंत्रियों में कुछ की मनोवृत्ति तो इससे भी ज्यादा खराब थी। मुम्बई के तत्कालीन गृहमंत्री के.एम. मुंशी ने वामपंथियों तथा वामपंथी विचारधारा वाले कांग्रेसियों पर नजर रखने के लिए खुफिया विभाग का उपयोग किया।इसके लिए उन्हें जवाहरलाल नेहरू की झिडकी भी सुननी पडी कि 'तुम तो अभी से पुलिस अधिकारी बन गए हो'।मद्रास सरकार ने भी क्रांतिक्रारी कांग्रेसियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए खुफिया पुलिस का उपयोग किया था। परन्तु ये केवल अपवादस्वरूप थे।

कांग्रेस में नकली सदस्य बनाने की प्रथा का चलन आरम्भ हो गया। व्यक्तिगत लाभ के पदों के लिए और नौकरियों के लिए आपस में छीना झपटी होने लगी। सत्ता के लोभ में जातिवाद को प्रश्रय दिया जाने लगा।कांग्रेस में भ्रष्टाचार बढ़ने लगा ।इसके खिलाफ गांधी जी अपने पत्र 'हरिजन' में लिखा कि 'मै समूची कांग्रेस पार्टी का दाह संस्कार करना अच्छा समझता हूँ बजाए इसके कि इसमे व्याप्त भ्रष्टाचार को बर्दाश्त करना पडे।'

सितम्बर 1939 में दूसरा विश्वयुद्ध शुरू हो गया। ब्रिटिश सरकार ने भारतीयों की सहमति के बिना भारत को युद्ध में धकेल दिया। इससे उत्पन्न राजनीतिक संकट के चलते अक्तूबर 1939 में कांग्रेस मंत्रिमंडलों ने त्यागपत्र दे दिया। गांधी जी ने इस त्यागपत्र का स्वागत इन शब्दों में किया 'इससे कांग्रेस में व्याप्त भ्रष्टाचार की सफाई करने में मदद मिलेगी।

निष्कर्ष– कुल मिलाकर कांग्रेस मंत्रिमंडलों का प्रशासनिक तथा विधायी लेखा जोखा सकारात्मक था।इसके कई अच्छे परिणाम सामने आए।राष्ट्रीय जागरूकता और राष्ट्रीय प्रभावक्षेत्र बढाने के लिए सरकारी पदों का सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया गया। 1935 का अधिनियम बनाने वालों ने यह सोचा था कि इससे भारत में प्रान्तों में फूट पड जाएगी। परन्तु भारत की

एकता की भावना में किसी प्रकार की कमी नहीं आई तथा न ही किसी प्रान्तीयता की भावना को बढावा मिला। कांग्रेस में गुटबाजी होने के बावजूद भी कांग्रेस संगठन अनुशासित बना रहा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. आधुनिक भारत का इतिहास– रामलखन शुक्ल।
2. भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन का इतिहास–ताराचन्द।
3. आधुनिक भारत का इतिहास– विपिन चन्द्र।
4. आधुनिक भारत – सुमित सरकार।

****

गुप्तकालीन स्त्रियों के केशविन्यास एवं सौंदर्य प्रसाधन का अध्ययन

डॉ. ममता खोईया *

प्रस्तावना – गुप्तकालीन नारियां वस्त्राभूषणों से अलंकृत होने के अतिरिक्त अपने शरीर का विविध प्रकार के सौन्दर्य प्रसाधनों से श्रृंगार करती थी। निश्चित ही सौंदर्य प्रसाधनों का प्रचार राजकुल अथवा सम्पन्न वर्ग में अधिक होगा, किन्तु सामान्य वर्ग में भी इसका थोड़ा प्रचलन होगा।

सौंदर्य प्रसाधनों में केश प्रसाधन या केश रचना का प्रमुख स्थान है। स्त्रियां अपने बालो के श्रृंगार की ओर विशेष ध्यान देती थी। गुप्तकाल में स्त्रियों के केश लम्बे होते थे। लम्बे, घने, घुंघराले एवं काले बाल सौंदर्य की दृष्टि से सर्वोत्तम माने जाते थे।[1] स्त्रियों के केशों के विषय में हमें कालिदास के साहित्य, मूर्तिकला एवं चित्रकला में पर्याप्त प्रमाण मिलते है। स्त्रियां केशों में सुगंधित तेल डालकर वेणी बनाती थी। अपनी इच्छानुसार जूड़ा भी बनाती थी।[2] प्राय:एक ही वेणी बनाने का अधिक उल्लेख मिलता है किन्तु एक से अधिक वेणियां भी की जाती होगी।[3]

श्री वासुदेवशरण अग्रवाल ने इन घुंघराले बालों के बनाने के कई प्रकार वर्णित किए है–

1. इसमें सीमान्त या मांग के दोनों ओर केवल वलीभृत अलकों की समानान्तर पंक्तियां सजी रहती है। भारत कला भवन में इस केश विन्यास के कई नमूने है।
2. सीमान्त या केशवीथी को एक आभूषण से सज्जित किया जाता है। इसका वर्तमान रूप सिरबोर कहा जा सकता है। इस आभूषण के लिए सीमान्त स्थान कुछ विस्तृत दिखाया जाता है और थोड़ा हटा कर घूंघट प्रारंभ किया जाता है। बाणभट्ट ने सिरबोर के लिए हर्षचरित्र में चटुलातिलक शब्द का प्रयोग किया है।
3. घूंघट की पहली पंक्ति ललाट के ऊपर अर्द्धवृत्त की तरह घूमती हुई सिर के प्रात भाग तक जाती है, यह देखने में खुली छतरी सी लगती है।
4. वासुदेव जो इस प्रकार को पटियादार घूंघट कहते है, मांग के दोनों ओर पहले पटिया मिलती है तत्पत्तत घूंघट शुरू होकर दोनों ओर फैल जाते है।[4] केशो को घुंघराले करने के अतिरिक्त केश रचना के भी अन्य प्रकार होते थे। स्त्रियां एक या एक से अधिक वेणियां बनाती थी इसके अतिरिक्त अलक, लम्बालक, बहर्भर, चूड़ापाष, क्षौद्रपटल, मधुपटल, मौलि[5] आदि अनेक प्रकार के केश विन्यास का उल्लेख साहित्य एवं मृणमूर्तियों में देखने को मिलता है।

इसका विस्तृत वर्णन निम्न प्रकार है–

1. **बर्हभार –** मांग के दोनों ओर कनपटी तक लहराई हुई शुद्ध पटिया मिलती है वही छोर पर ऊपर को मुड़कर घूम जाती है। देखने में यह मोर की फहराती पूंछ सी मालूम होती है। कालिदास ने स्त्रीकेश को मोरों बर्हभार कहा है, वहाँ उनका आशय इसी प्रकार के केशविन्यास से है
2. **क्षौद्रपटल –** इसमें मांगों के दोनों ओर बाल शहद के छत्ते की तरह झंझरीदार से जान पड़ते है। संस्कृत में इस रचना को क्षौद्रपटल या मधुपटल विन्यास कहा जा सकता है।
3. **मौलि –** इसमें बालों को जूड़ा शब्द इसी चूड़ा शब्द का रूपान्तर है। इसमें मांग के दोनों ओर बालों की पटिया बनी रहती है। वे ही सिर के पीछे जूड़े के रूप में बांध दी जाती है।

इसके अतिरिक्त वेणी बंधन, केश बन्धन[6], अलक संयमन[7],केशपाल[8] आदि के संकेत मिलते है कि स्त्रियां जूड़ा बनाती थी। साहित्य में वर्णित इन केश विन्यास के प्रकारों को हम गुप्तकालीन मूर्तियों एवं चित्रों में देख सकते है।

स्त्रियां मांग निकालती थी तथा उसे फूलों से सजाती थी। अरूणचूर्ण का प्रयोग मांग भरने के लिए करती थी अधिकांषत: जूड़े का अलंकरण पुष्पों से करती थी अथवा कभी–कभी वैसे ही केशों को नाना प्रकार के पुष्पों सें सुंदर बनाती थी। कभी–कभी मुक्ताजाल से भी अलकों की सुंदरता बढ़ाया करती थी।

केवल पुष्प रत्न एवं मुक्ताओं से ही केश सौंदर्य नहीं बढ़ाती थी अपितु विभिन्न प्रकार के सुगंधित चूर्णो से भी केशों को सुरक्षित करती थी। नहाने के बाद केशों को कालागुरू, लोध्र एवं धूप के धुए से सुगंधित करती थी। कदाचित कस्तूरी चूर्ण का भी प्रयोग बालों को सुंगक्षित करने के लिए किया जाता था। अलकचूर्ण का भी उल्लेख कुमारसंभवम् में आया है अत: स्पष्ट है कि केश रचना का अत्यधिक महत्व था जिसके लिए वे विभिन्न प्रकार के उपकरणों का प्रयोग करती थी।

सौंदर्य के लिए विभिन्न प्रसाधनों का भी प्रयोग करती थी –

पत्र रचना – मुख सौंदर्य में पत्र रचना का महत्वपूर्ण स्थान है। स्त्रियां मुंह पर अथवा शरीर के अन्य भागों पर पत्र रचना करती थी। कुमारसंभवम्, ऋतुसंहार, मालविकाग्निमित्र आदि में स्थान–स्थान पर पत्र रचना का वर्णन मिलता है। पत्र रचना मुख्यत: गोरोचन तथा कुंकुम से की जाती थी। कभी–कभी अन्जन से भी पत्र रचना की जाती थी। अर्थात काला सफेद ओर लाल रंग पत्र रचना के लिए प्रयुक्त किए जाते थे।

तिलक – मस्तक पर तिलक भी मुख सौंदर्य के लिए विशेष महत्व रखता है। स्त्रियां माथे पर हरिताल मन:शील और चंदन से बने पिष्ट का तिलक लगाती थी कभी–कभी काजल और कुंकुम से भी तिलक लगाती थी।

अंजन – सौंदर्य वृद्धि के लिए आंखों में अंजन का प्रयोग किया जाता था। अंजन काले रंग का होता था जिसे श्लाका से लगाया जाता था। विरहावस्था तथा तप करते समय आंखों में अंजन लगाना वर्जित होता था।

ओष्ठराग – स्त्रियां अपने ओठों को आलत्तक या ओष्ठराग से रंगती थी

* सहायक प्राध्यापक, शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, सारंगपुर, जिला – राजगढ़ (म.प्र.) भारत

तथा उस पर लोध्रधूलि छिड़क कर कुछ पीलेपन का आभास दिया जाता था। तपस्या या विरहावस्था में ओष्ठराग श्रृंगार के अन्य प्रसाधनों की तरह त्याग दिया जाता था। ओष्ठराग आजकल की तरह विभिन्न रंगो का न होकर सिर्फ लाल रंग का ही होता था।

आलत्तलक – स्त्रियां जिस प्रकार ओष्ठराग से अपने ओठ रंगती थी उस प्रकार अपने चरणों को आलता या आलत्तलक से रंगती थी। कालिदास ने आलत्तलक को रागलेखा, पादराग, लाक्षारस, विन्याचरण राग, द्रवराग तथा निर्मितराग इत्यादि नामों का प्रयोग किया है।

पत्ररचना, तिलक, अंजन, ओष्ठराग तथा आलता के अतिरिक्त श्रृंगार के लिए विभिन्न प्रकार के अवलेप उषरि, चन्दन, अंगराग, पुष्प, सुगंधित द्रव्य, इत्र तथा सुगंधित चूर्णो का प्रयोग किया जाता था। इसके अतिरिक्त श्रृंगार के लिए फूलों का प्रयोग होता था।

इस प्रकार स्पष्ट है कि स्त्रियां सौंदर्य प्रसाधनों का अधिकता से प्रयोग करती थी। विश्ववर्मन के गंगधार प्रस्तर लेख से स्पष्ट होता है कि सौंदर्य प्रसाधनों का इतना अधिक महत्व था कि श्रृंगार प्रसाधन बंद हो जाने से स्त्रियों की शोभा नष्ट हो जाती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. ऋतुसंहार 2/18, 4/16
2. रघुवंश 14/12
3. अभिज्ञानशकुंतलम अंक 7
4. अग्रवाल, वासुदेवशरण कला और संस्कृति साहित्य भवन इलाहाबाद पृ.246 1952
5. मेघदूत 2/24, 2/46, 4/63, 7/23, 10/47
6. अभिज्ञान शकुंतलम् अंक 6 पृ.115
7. विक्रमोवर्षी 3/6
8. ऋतुसंहार 4/1, 5/12

****

सन् 1857 ई. की क्रान्ति में खाज्या नायक का योगदान

धीरेन्द्र *

प्रस्तावना – सन् 1857 ई. की क्रान्ति भारतीय इतिहास अभूतपूर्व घटना है। इस क्रान्ति के द्वारा भारत के सभी क्षेत्रों के लोगों ने देश की आजादी के लिए एक जुट होकर एक महान संघर्ष का आरम्भ किया था। इस क्रान्ति में न केवल बड़े–बड़े नगरों से लेकर छोटे से छोटे गाँवों तक के व्यापारियों, किसानों, दस्तकारों, जमीदारों, मजदुरों आदि ने भाग लिया बल्कि सुदूर जंगलों पहाड़ी घटियों में रहने वाले आदिवासियों ने भी अपना योगदान दिया।

सम्पूर्ण भारत के साथ–साथ मध्यप्रदेश का मालवा क्षेत्र भी क्रान्ति से अछुता नहीं रहा। इस क्षेत्र में न केवल घने जंगल थे बल्कि नर्मदा और उनकी सहायक नदियों की घटियां भी है। इन घने जंगलों और घाटियों में अनेक आदिवासी जनजातियां निवास करती थी। अंग्रेजों की विभिन्न गतिविधियों के कारण आदिवासी भी अंग्रेजों से नाराज थे, अत: आदिवासियों ने सन् 1857 ई. की क्रान्ति में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निर्वाह की। मालवा क्षेत्र के प्रमुख आदिवसी क्रान्तिकारियों में से खाज्या नायक का विवरण इस प्रकार है।

खाज्या नायक सांगवी निवासी गुमान नायक का पुत्र था, जो सेंधवा घाट का वार्ड़न था। काजरसिंह सन् 1851 ई. से अंग्रे जों की सेवा में था और उसका रिकार्ड अच्छा था। वह सेंधवा से सिरपुर तक की चालीस मील की सड़क की रक्षा करने वाली पुलिस टुकड़ी का प्रभार था। उसकी चौकसी इतनी मजबूत थी कि इन बीस सालों में एक भी हत्या सड़क पर नही हुई थी। उसने उस इलाके के कुछ कुख्यात भीलों को झुकान और ढूंढ़ने में मेजर ग्राहम, मेजर मूरिस केंटेन रोज और मेजर कीर की निष्ठा से सेवा की थी।1 लेकिन सन् 1851 ई. में उसने एक अपराधी भील को रात में इतना पीटा की वह भील अपराधी मर गया। काजरसिंह को इस हत्या के लिए दस साल की सजा सुनायी गई। जब वह सन् 1855 ई. में छुटा तो केप्टन रोज और अन्य अधिकारियों की भारी सिफारिश के बावजूद उसे कोई नौकरी नहीं मिली। मई सन् 1857 ई. में अंग्रेज अधिकारियों को यह लगा कि उत्तर की विद्रोहात्मक घटनाओं का असर में भीलों पर भी होगा और तब मूक दर्शक नहीं रहेगे। तो काजरसिंह को जून सन् 1857 ई. में घाटी का प्रभारी बना दिया गया। सन् 1857 ई. के महान विद्रोह के समय एकाएक काजरसिंह(खाज्या नायक) और भीमा नायक नामक भील सरदारों के आक्रमण तेज हो गए। ये दोनों भील नायक निमाड़ में भी सक्रिय थे और खानदेश में भी। खाज्या नायक के साथ कई लोग हो गए और होल्कर की जो सेना भंग कर दी गयी थी उसके सिपाही भी उसके साथ हो गए।[2] खाज्या के दल में 8 सो लोग हो गए जिनमें 150 बंदूकची, 80 मकरानी और अरबी भी थे। खानदेश के कलेक्टर ने 7 अक्टूबर सन् 1857 ई. को केप्टन बर्च को आदेश दिया कि वह खाज्या और उसके सहयोगी नायकों से मिले और उन्हें आगाह करे कि खानदेश की सीमा के पास बड़वानी रियासत में लोग ज्यादा तादाद में एकत्र न हों।[3] इसकी खबर पाते ही कैप्टेन बर्च सांगवी आया और इन लोग एकत्र होना ठीक नहीं है और सभी को चाहिए कि वे अपने घाटों पर नौकरियों पर चले गए हैं। फिर खाज्या ने केप्टेन बर्च को आश्वासन दिया लेकिन ये सभी लोग घाट छोड़कर दूर चले गए हैं। फिर खाज्या से आत्मसमर्पण के लिए कहा गया लेकिन खाज्या नहीं आया। इस पर बर्च चिंतित हुआ और उसने खानदेश के कलेक्टर को तार से इस घटना की खबर भेजी। खानदेश के कलेक्टर ने बाम्बे सरकार को तार भेजकर सुरक्षा के लिए सैनिक टुकड़ी भेजने का निवेदन किया।[4] 2 अप्रैल सन् 1858 ई. को मेजर इवान्स 50 सिपाहियों और पूना फोर्स के 12 सवारों के साथ निवाली पहुंचा। वहां लेमिंग्टन पहले से ही पड़ाव डाले था।[3] तारीख को खबर आयी कि काजा नायक और उसके साथी गोई नदी के तट पर परसूल से 3 मील दूर ठहरे हुए हैं। जब ये लोग परसूल पहंचे तो पता चला कि विद्रोही वहां से चले गए हैं। यह भी पता चला कि काजा अम्बापावनी में है जो भीमा और मोवासिया नायक के ठहरने का स्थान है। पर उसका कोई पता नही चला। भीमा नायक और खाज्या नायक और उनके सहयोगियों को खत्म करने के इरादे से इवान्स ने 10 अप्रैल सन् 1858 ई. को सुबह ढाबा बाली रवना हो गया।

खाज्या का भीलों पर बहुत प्रभाव था और भीलों को भी खाज्या पर पूरा भरोसा था। सिरपुर से पांच मील दूर तक के सभी भील खाज्या के दल में शामिल हो गए। इसे देखकर दो अन्य गावों के करीब एक सौ भील भी खाज्या के पास आए और गिरोह में शामिल हो गए। ये गांव हैं– बोलरक, करेरा और रूपखेड़ा। इसके अलावा भीमा नायक भी अपने दल के साथ 9 अक्टूबर सन् 1858 ई. को खाज्या के साथ हो खाज्या के साथ हो लिया। इसलिए चोपड़ा गांव के लिए इनसे खतरा बढ़ गया। भीमा और खाज्या नायक तीन हजार साथियों के साथ पहाड़ के ऊपर विचरण कर रहे थे। इवान्स अब अम्बापावनी की तरफ बढ़ा। इस अभियान की विशालता का अन्दाज इससे लगाया जा सकता है कि इसमें दो तोपखाने, घुड़सवार सेना, 19 वीं देसी पलटन और भील कोर के सिपाही और अन्य 3 हजार लोग भी थे। दो अन्य सैनिक टुकड़ियां पहले ही अम्बापावनी पहुंच चुकी थीं। वहां दोनों दलों में जमकर मुठभेड़ हुई और तोपों के कारण विद्रोही बिखरने लगे और शाम तक वे भाग गए। इस मुठभेड़ में और तोपों के कारण विद्रोही मारे गए और 62 को बन्दी बना दिया गया। विद्रोहियों के स्त्रियों और बच्चों को भी पकड़ लिया गया जो संख्या में 200 थे। इसके बाद ब्रिटिश फौज ढाबा बावली लौट आई।[5] सन् 1860 ई. की शुरूआत में खाज्या नायक पर जब ज्यादा दबाव पड़ा तो वह

*शोधार्थी, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

बड़वानी चला गया और वह भी विद्रोह का वातावरण बनने लगा। बर्च, होसिलवुड तथा एटकिन्स को खाज्या नायक को पकड़ने के लिये भेजा गया। खाज्या नायक ने अपने दल के दो हिस्से किए और एक को अम्बापावनी और दूसरे को ढाबाबावली में रखा गया। 1 जुलाई को दोनों पक्षों का सामना हुआ। विद्रोही भागने लगे और एक बिहड़ में जाकर छुप गए। अंधेरा होने बारिश होने के कारण ब्रिटिश ने पीछा करना बन्द किया और अगले दिन भूरागढ़ रवाना हो गयी और वहां से 25 मील दूर पलसनेर लौट आयी। इसके बाद हसिलवुड और 150 लोग पकडे ़गए जिन्हें पेड़ पर बांधकर गोली से उड़ा दिया गया। सेना के हाथ बहुत सा सामान लगा जिसमें चांदी की 70 सिल्लियां भी थी। खाज्या के सभी साथी भाग गए या बन्दी बना लिये गए।6 उसके बाद ले एटकिन्स की कमान में एक टुकड़ी खाज्या नायक के विरूध भेजी गयी। खाज्या नायक के साथ भील, मकरानी और अरब लड़के भी थे। गोलाबारी में एटकिन्स गंभीर रूप से घायल हो गया ओर जब जमादार मोतीलाल कमाण्ड करने लगा। इसके बावजूद खाज्या नायक पकड़ा नही जा सका। इस पराजय के बाद सभी मकरानियों ने खाज्या नायक का साथ छोड़ दिया और उसके साथ कुछ ही भील रह गए। उसे साथियों की तलाश थी। पूलिस अधिकारी को जब इसके बारे में पता चला तो उसने सादा भेष में रोहिदीन नामके एक मकरानी जमादार को खाज्या के पास नौकरी की तलाष में भेजा। रोहिदादीन वहां गया जहां खाज्या नायक अपना पड़ाव डाले हुए था। उसे खाज्या के आदिमियों ने पकड़कर खाज्या के पास पेश किया। खाज्या ने उसे कुरान की शपथ दिलाई कि वह कभी विश्वासघात नही करेगा। भीमा नायक भी इन दिनों खाज्या के पास था। भीमा ने खाज्या को चेतावनी दी कि यह मकरानी बड़ा शातिर है और वह धोखा देगा, उस पर विश्वास मत करो। इस पर रोहिदादीन ने कसमें खाई और खाज्या ने उसे अपने पास रख लिया। भीमा नायक जब तक खाज्या के पास था तब तक रोहिदादीन खाज्या को पूरी तरह विश्वास में नहीं ले सका। कुछ दिन बाद भीमा चला गया तब रोहिद्दीन को मौका मिला। खाज्या नायक एक धार्मिक व्यक्ति था और पूजा करने के लिए नदी किनारे जाया करता था। एक दिन जब खाज्या स्नान करके सूर्य की और मुंह करके खड़ा था तभी रोहिदादीन ने गोली चला दी और खाज्या गिर पड़ा। मरते समय खाज्या ने कहा 'मेरे बेटे पोलादसिंह की फिकर रखना'। यह देखकर खाज्या की बहिन आयी तो रोहिदादीन ने उसे भी मार डाला। यह घटना 3-4 अक्टूबर सन् 1860 ई. की है। रोहिदादीन ने खाज्या के 14 साल के बेटे को पकड लिया और खाज्या का सिर काटकर मिसरी खां तथा नन्नू के साथ सिरपुर ले आया। उस समय कलेक्टर तथा कुछ और भी अधिकारी मौजूद थे। खाज्या नायक के शव का अन्तिम संस्कार कर दिया गया। रोहिदादीन को जमादार बना दिया गया। तीन माह बाद ही रोहिदादीन की भी मृत्यु हो गयी।[7]

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. खोबरेकर, इंग्राजी सत्तेविरूद्ध महाराष्ट्रातील सशस्त्र उठाव(मराठा) 1818-1860 पृ. 61
2. महाराष्ट्र स्टेट गैजेटियर्स, धुलिया डिस्ट्रिक्ट, रिवाइज्ड 1974, पृ. 158।
3. सिमेक, खानदेश भील कोर, पृ.211-18
4. वही, पृ. 218 और ए.के. प्रसाद, द भील्स आफ खानदेश, पृ. 252।
5. सुरेश मिश्र और भगवानदास श्रीवास्तव, पूर्वोल्लिखित कृति, पृ. 144-45
6. सिमेक, पूर्वोल्लिखित कृति, पृ. 238-244
7. वही ।

****

प्राचीन भारतीय शिक्षा केन्द्र के रूप में तक्षशिला का मूल्यांकन

सुरेन्द्र प्रताप सिंह खरे *

प्रस्तावना – अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा आयोग ने अपने प्रतिवेदन में कहा है कि 'प्रत्येक देश की शिक्षा व्यवस्था वहाँ की राष्ट्रीय चेतना, संस्कृति एवं परम्पराओं की सर्वोच्च अभिव्यक्ति होती है। जिससे उस राष्ट्र की आत्मा को समझा जा सकता है। ऐसे परिदृश्य में प्राचीन भारतीय शिक्षण संस्थानों का अध्ययन एवं शोध औचित्यपूर्ण प्रतीत होता है। शिक्षा मूल्यों तथा दायित्वों का बोध कराते हुए सामाजिक समन्वय में सहयोगी होती है। प्राचीन भारत में तक्षशिला उच्च शिक्षा का ख्यातिलब्ध केन्द्र था। उच्चतर शिक्षा का मुख्य उद्देश्य नये ज्ञान का अर्जन व विस्तार है, जिससे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उपर्युक्त नेतृत्व उपलब्ध हो। तक्षशिक्षा की उर्वर धरा से राजनीति के सैधान्तिक पक्ष का कौटिल्य ने तथा मौर्य नरेश चन्द्रगुप्त (भारत में पहली बार राजनैतिक एकता स्थापित करने का प्रयास करने वाले) ने व्यावहारिक पक्ष का नेतृत्व किया। चिकित्सा के क्षेत्र में जीवक तथा आयुर्वेद के जन्मदाता पतंजलि ने अखिल विश्व में इस भूमि का मान बढ़ाया।

शोध-पत्र में विवरणात्मक एवं विश्लेषणात्मक पद्धति से एक शिक्षा केन्द्र के रूप में तक्षशिला की ऐतिहासिकता का परीक्षण किया जाएगा।

शिक्षा परंपरा, परिवार, समाज, धर्म, विश्वास आदि के माध्यम से मन संस्कारबद्ध होता है। प्राचीन भारत में उच्च शिक्षा का विकास गुरूकुल प्रणाली के विस्तार के रूप में हुआ। तक्षशिला प्राचीन भारत का प्रधान शिक्षा केन्द्र था। अनेक विश्वविख्यात आचार्य यहाँ निवास करते थे। उनके ज्ञान से आकृष्ट होकर विभिन्न क्षेत्रों से विद्यार्थी यहाँ आते थे। ऐसा प्रतीत होता है, कि सुदूर अतीत में स्थापित तक्षशिला विश्वविद्यालय महाकाव्य काल में उच्च शिक्षा का केन्द्र बन गया था। ई.पू. लगभग तीन हजार वर्ष से लेकर चौथी शती ई. तक इस विश्वविद्यालय ने शिक्षा की ध्वजा फहराए रखी, जिसमें अनेक भारतीय एवं विदेशी विद्धान आकर शिक्षा ग्रहण करते थे।

आधुनिक पाकिस्तान के शहर रावलपिंडी के उत्तर-पश्चिम दिशा में वर्तमान-तक्षशिला की भौगोलिक अवस्थिति है। प्राचीन काल में यह कुछ समय के लिए गांधार प्रदेश की राजधानी भी थी। वाल्मीकि कृत रामायण के आधार पर यह सूचना प्राप्त होती है, कि तक्षशिला नगर की स्थापना भरत ने किया था। कालान्तर में उसने यहाँ का शासन अपने पुत्र तक्ष को सौंप दिया। राजा तक्ष के गौरवशाली शासन के प्रभावस्वरूप संभवत: इस नगर का नामकरण तक्षशिला के रूप में इतिहास प्रसिद्ध हुआ। गांधार राज्य की प्राचीनतम् राजधानी पुष्कारवती की मान्यता प्रचलित थी। जिसकी स्थापना भरत के पुत्र और राम के भतीजे पुष्कर ने की थी। जनमेजय ने अपना नागयज्ञ इसी ऐतिहासिक स्थल पर सम्पन्न किया था। उपर्युक्त साहित्यिक साक्ष्यों से यह तथ्य अवश्य पुष्ट होता है, कि उत्तरवैदिक काल तक तक्षशिला एक नगर के रूप में विकसित हो चुका था। नगरीय जीवन में ज्ञान एवं चिंतन-दर्शन की प्रधानता होती है। वैदिक युगीन जनपदों का विस्तार कालान्तर में महाजनपदों के रूप में हुआ।

पाणिनी के एक सूक्त में तक्षशिक्षा का वर्णन प्रप्त होता है- सिन्धु तक्षशिला दिम्यो डराओं। पूर्वी गांधार की राजधानी तक्षशिक्षा को चीनी भाषा में शी-शी चेंग से संज्ञापित करते है। पुरातात्विक स्त्रोतों के रूप में प्रथम अभिलेखीय वर्णन कलिंग शिलालेख में प्राप्त होता है। मौर्य नरेश अशोक कुछ समय तक इस प्रान्त का प्रान्तपति भी रहा था। तत्कालीन भारत के अन्य नगरों के साथ तक्षशिला के व्यापारिक सम्बन्ध थे। आर्थिक दृष्टि से तक्षशिला एक सम्पन्न नगर के रूप प्रतीत होता है। अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण वैभव के सुदीर्घ इतिहास में तक्षशिला को स्वाभाविक ही कई बार विदेशी आक्रमणकारियों के प्रहार सहने पड़े और उसने अनेक उत्थान, पतन भी देखे। इन आक्रमणों के फलस्वरूप राजनीतिक परिस्थितियों में जो परिवर्तन आया, उसका प्रभाव शिक्षा क्षेत्र पर भी पड़ा और शिक्षा के स्वरूप में भी स्वाभविक परिवर्तन होता रहा। तक्षशिला को भद्रशिला भी कहा जाता है। कालान्तर में इसका नाम तक्षशिला पड़ा क्योंकि यहीं एक ब्राहम्ण भिक्षु ने राजा चन्द्रप्रभ का शिरोच्छेदन किया था।

प्रवाहमान नदियों के कारण यहाँ समुचित उत्पादन होता था तथा यह क्षेत्र प्रचुर वनस्पतियों से आवृत्त रहता था। यहाँ की जलवायु जीवन के लिए अनुकूलतम् थी। उत्खनन के पश्चात् तक्षशिला के खण्डहर मीलों तक विस्तृत पाये गये है। मीर टोला, सिरकप मोरा, पिपला, साण्डियाल और ऋचस्तूप आदि सन्निकट ही दो मील की दूरी पर स्थित थे। जातकों के विवरण से विदित होता है कि तक्षशिला विश्वविद्यालय में भारत के विभिन्न भागों से ही नहीं वरन् मध्य एशिया, अफगानिस्तान अरब और ईरान से अध्ययन करने वाले छात्र आते थे। विश्व में तक्षशिला का स्नातक होना गौरव और सम्मान का सूचक था।

एक शिक्षा केन्द्र के रूप में शताब्दियों तक तक्षशिला भारतीय मानचित्र पर विराजमान रहा। प्राचीन भारत में यह असंदिग्ध रूप से सबसे महत्वपूर्ण और प्राचीन विद्या का केन्द्र था। तक्षशिला को सुसंगठित विश्वविद्यालय की बजाय प्रमुख शिक्षा केन्द्र के रूप में निरूपित करना अधिक तार्किक प्रतीत होता है। अपने इस मत की पुष्टि हेतु हम यह कह सकते है, कि इस स्थल के उत्खनन से कोई ऐसा विशाल कक्ष नहीं प्राप्त हो सका है। जिसे हम व्याख्यान कक्ष के रूप में स्वीकार्य करें। यहाँ का आचार्य या विद्धान स्वयं संस्था के रूप में कार्य करता था। वह अपनी इच्छानुसार विद्यार्थियों को स्वीकार करता था। और उन्हें ज्ञानवान बनाता था। विद्यार्थी अपनी आवश्यकता एवं सुविधानुसार अध्ययन को समाप्त कर सकते थे। यहाँ किसी प्रकार की प्रवेश अथवा वार्षिक परीक्षा का वर्णन नहीं प्राप्त होता है। इसीलिए कोई उपाधि या प्रमाण पत्र भी

* शोधार्थी (इतिहास) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

नहीं वितरित किया जाता था। शिक्षा प्रारम्भ हेतु 16 वर्ष की उम्र को आदर्श माना जाता था। सामान्य तौर पर विद्यार्थी आचार्य कुल में ही निवास करते थे। सम्पन्न विद्यार्थी अपना शुल्क जमा करते थे, तथा निर्धन विद्यार्थी दिन में आचार्य कुल में ही निवास करते थे। सम्पन्न विद्यार्थी अपना शुल्क जमा करते थे, तथा निर्धन विद्यार्थी दिन में आचार्य की गृहस्थी का कार्य करते थे। इनके पाठ के लिये रात्रि में विशेषव्यवस्था की जाती थी। जातकों के एक वर्णन में 500 छात्र संख्या का उल्लेख प्राप्त होता है।

तक्षशिला की शिक्षा प्रणाली लोकतांत्रिक और सामाजिक न्याय के मूल्यों पर आधारित थी। धनी एवं निर्धन दोनों प्रकार के छात्रों को एक समान जीवन व्यतीत करना पड़ता था। इस प्रकार राजकुमारों के पास कोई निजी कोष नहीं रहता था, जिसके द्वारा वे भोग-विलास की सामग्री का उपभोग कर सकें। विषयों के चयन में वर्ण किसी भी प्रकार व्यवधान नहीं उत्पन्न करता था। क्षत्रिय बालक को वेदाध्ययन तथा ब्राह्मण कुमार को धनुर्विद्या का प्रशिक्षण दिया जाता था। तात्पर्य यह है, कि शिक्षा में बंधन नहीं थे। तुन किसी बालक को शिक्षा देने में उसी तरह असमर्थ हो, जिस तरह किसी पौधे को बढ़ाने में, पौधा अपनी प्रकृति का विकास स्वयं ही कर लेता है। अर्थात तक्षशिला की शिक्षा पद्धति स्वतंत्र वैचारिकी पर आधारित थी। योग्य और मेधावी छात्रों को राजकीय सहायता पर शिक्षा प्राप्त करने के लिये भेजा जाता था।

पाठ्यक्रम के माध्यम से ही विद्यालय के सभी कार्यकलाप नियंत्रित होते हैं, क्योंकि यही वह केन्द्र बिन्दु है, जिसके लिए विद्यालय विभिन्न प्रवृत्तियाँ आयोजित करता है। तक्षशिला के प्रधान विषय के रूप में वेद थे। इसके अतिरिक्त वेदत्रयी, अष्टादश, शिक्षा, व्याकरण, दर्शन आदि से संदर्भित विषयों की भी शिक्षा प्रदान की जाती थी। वैज्ञानिक विषयों में आयुर्वेद, शल्य- चिकित्सा, धनुर्विद्या, युद्ध कला, ज्योतिष, कृषि, भविष्य कथन, रथ चालन एवं व्यापार सम्बन्धी विषयों पर विमर्श एवं अध्यापन होता था। कला, व्यापार, संगीत, नृत्य कला, तक्षण कला, अष्टादश शिल्प, इन्द्रजाल नाग, वंशीकरण, गुप्त निधि, अन्वेषण विद्या आदि 18 कलाओं पर परिगणित थी। जातकों से ज्ञात होता है, कि ब्राहम्ण राज्य पुरोहित भी धनुर्वेद की शिक्षा तक्षशिला जाकर प्राप्त करते थे। विभिन्न विषयों के अध्ययन-अध्यापन के माध्यम से शिक्षण के साथ ज्ञान के तंत्र में नवाचार तथा विज्ञान में अनुसंधान भी प्रतिपादित होता था। आयुर्वेद और शल्य चिकित्सा का ज्ञान इतनी उन्नत अवस्था में था, कि हजारों वर्ष बाद भी आज तक उपादेयी बना हुआ है। वैज्ञानिक एवं औद्योगिक शिक्षा में व्यावहारिक प्रयोग भी होते थे। यहाँ छात्रों को अपनी व्यावहारिक निपणता का परिचय देना पड़ता था। जातक ग्रन्थों में तक्षशिला के ऐसे छात्रों का विवरण प्राप्त होता है, जो अपनी कला का प्रदर्शन सार्वजनिक रूप से करते थे।

शताब्दियों तक तक्षशिला ने अपनी ज्ञान ज्योति से भारत वर्ष को आलोकित किया। प्रख्यात वैयाकरण पाणिनी, ख्यातिलब्ध वैद्या जीवक, सुप्रसिद्ध चाणक्य, मौर्य सम्राट चन्द्रगुप्त, कोसल नरेश प्रसेनजित एवं इतिहास प्रसिद्ध पतंजलि आदि युग प्रवर्तकों ने इस पावन-पवित्र धरा से अपना ज्ञानार्जन किया था। विद्या केन्द्र के रूप में तक्षशिला की कीर्ति अतुलनीय थी। अपने दौर में यहां से शिक्षा सम्बन्धी क्रियाकलाप संचालित होते थे। कुषाणों के समय इसकी महत्ता में वृद्धि हुई। यू-चियों का शासनकाल शिक्षा की दृष्टि से अवनति का रहा। 5 वीं शताब्दी ई0 के प्रारम्भिक चरण में फाह्यान ने तक्षशिला की यात्रा सम्पन्न की। इस में हूणों के बर्बर आक्रमणों एवं यू-चियों के विध्वंस ने इस स्थल को पूर्णतय: विनष्ट कर दिया। इस समय तक शिक्षा की प्राचीन धारा सूख चुकी थी। आधुनिक संदर्भ में तक्षशिला के ऐतिहासिक एवं शैक्षिक मूल्य हमारी वर्तमान शिक्षा व्यवस्था के जीवन्त पथ प्रदर्शक परिलक्षित होते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कौल, लोकेश, शैक्षिक अनुसंधान की कार्य प्रणाली, 1998, विकास पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, पृ. 51
2. कृष्णमूर्ति, जे.- शिक्षा क्या है? 2016, राजपाल एण्ड सन्स, दिल्ली, पृ. 196
3. पाण्डेय, रामशकल, प्राचीन भारत के शिक्षा मनीषी, 2001, शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद,पृ. 95
4. विष्णु पुराण, विल्सन संस्करण, भाग- 4, अध्याय- 4
5. अष्टाध्यायी- 4.3.93
6. गुप्ता, नत्थूलाल, प्राचीन भारतीय शिक्षा और शिक्षा शास्त्री, 2005, राधा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, पृ. 138
7. दिव्यावदान माला, नार्दन बुद्धिस्ट लिटरेचर, पृ. 310
8. पावर प्राइस, जे.सी., ए हिस्ट्री ऑफ इण्डिया, 1995, लन्दन, पृ. 26
9. अल्तेकर, ए.एस., प्राचीन भारतीय शिक्षण- पद्धति, 2014, अनुराग प्रकाशन, वाराणसी, पृ. 79
10. दीक्षित, राजेश, शिक्षा, संस्कृति और समाज (विवेकानंद ग्रंथमाला), 1959, हरिहर प्रेस मथुरा, पृ0 20
11. ओड, एल.के., शैक्षिक, प्रशासन, 2012, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थावली, जयपुर, पृ. 276

****

आदिवासी क्षेत्रों में बस्ती का विकास योजना का एक समाज शास्त्रीय अध्ययन

शीला मांडेकर * डॉ. अर्चना गौर **

प्रस्तावना – भारतीय जनसंख्या विवधतायुक्त हैं, धर्म जाति, प्रजाति आदि से संबंधित अनेक प्रकार के लोग यहां निवास करते हैं। आदिवासी लोग भी इसी विवधता का प्रतिनिधित्व करते हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार सम्पूर्ण जनसंख्या का लगभग 8 प्रतिशत हिस्सा आदिवासियों का हैं।

भारत के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में ऐसे अनेक मानव समूह रहते हैं। जो आज भी आदिम स्तर पर जीवनयापन करते हैं।ये प्राय: सभ्य समाज से दूर जंगलों में या पहाड़ी क्षेत्रों में निवास करते हैं। ये लोग सामाजिक शैक्षणिक, राजनीतिक, आर्थिक आदि सभी दृष्टिकोण से पिछडे हुए हैं।इन्हें अनेक नामों से संबोधित किया जाता हैं।जैसे–वन्य जाति, जनजाति, आदिवासी आदि भारतीय संविधान में ऐसे लोगों को अनुसूचित जनजाति कहा जाता है।

वर्तमान समय में देश के आर्थिक और सामाजिक विकास तथा सरकारी योजनाओं के कारण आदिवासी पुरूषों और महिलाओं में काफी बदलाव आया हैं। अब आदिवासियों में आधुनिक शिक्षा का प्रयास हुआ है। स्वास्थ्य सेवाएं यहां उपलब्ध हो रही है। तथा इस अध्ययन क्षेत्र भीमपूर विकासखण्ड; में संचार एवं आवागमन के साधनों में बदलाव आ रहा है। अत: सरकार द्वारा आदिवासियों के लिए बनाई योजनाओं में से एक योजना हैं–आदिवासी क्षेत्रों के बस्ती का विकास योजना जिस पर मेरे द्वारा अध्ययन भीमपूर विकास खण्ड के विशेष संदर्भ में किया गया है।

इस अध्ययन के प्रमुख उद्देश्य निम्नानुसार हैं–

उद्देश्य–

1. मध्य शोध शासन द्वारा आदिवासी क्षेत्रों में बस्ती विकास योजना के नियम
2. बस्ती विकास योजना के अतंर्गत कौन–कौन से कार्य किए जाते हैं।
3. बस्ती विकास योजना को संचालन किसके माध्यम से किया जाता है।

उद्देश्य –

1. मध्य प्रदेश शासन द्वारा आदिवासी क्षेत्रों में बस्ती को विकास योजना के नियम– 1.योजना का स्वरूप– 1. उपरोक्त मूलभूत सुविधाए सर्वप्रथम उन आदिवासी बाहुल्य बस्तियों मजरे, टालों, पर तथा नगरीय बस्तियों में ऐसे वार्डो, मोहल्ले, कालोनी में ली जाएगी जिनमें इन सुविधाओं को पूर्ण रूप से अभाव हो।

1. आदिवासी क्षेत्रों में बस्तियों के विकास में कम्पोजिट (समेकित कार्य योजना) हेतू प्राथमिकता दी जाएगी। अर्थात ऐसे कार्यक्रम कार्य योजना पहले ली जाएगी। जिससे किसी आदिवासी बस्तियां /ग्राम के सम्पूर्ण विकास की योजना तैयार की गई हैं।
2. विशेष परिस्थितियों में सक्षम तकनीकी अधिकारी की सलाह पर नियम 5.1 में अंकित अधिकतम इकाई लागत सीमा से अधिक धनराशी व्यय करने की अनुमति विभागीय यंत्री द्वारा की जा सकेगी।
3. योजना में प्राथमिकता ऐसे ग्रामों/बस्तियों में आदिवासियों की जनसंख्या अधिक हैं
4. निर्धारित प्राथमिकता के अनुरूप कार्य योजना बनाने तथा ऐसी अदिवासी बाहुल्य बस्तियों/क्षेत्रों की पहचान की जाऐ जिनमें मूलभूत सुविधाओं का या तो अभाव हैं या कमी हैं। तथा क्षेत्रों की पहचान करने की जिम्मेदारी संबंधित क्षेत्र के जिला कलेक्टर की होगी।

2. प्रशासकीय स्वीकृति के अधिकार – नियम 5.1 में उल्लेखित अधिकतम सीमा तक जिले के कलेक्टर द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति दी जाएगी यदि किसी विशेष परिस्थिति के कारण अधिकतम सीमा से अधिक राशि स्वीकृति करने की आवश्यकता हो तो नियम 5.3 के अनुसार आयुक्त आदिवासी विकास द्वारा जिले के कलेक्टर के औचित्यपूर्ण प्रस्ताव के आधार पर स्वीकृति दी जा सकेगी।

3. तकनीकी स्वीकृति के अधिकार – इस योजना के तहत् स्वीकृत कार्यों के तकनीकी स्वीकृति के अधिकार डेलीगेशन आंफ फायनेशियल पांवर वाल्युम–2 के अनुसार होगें।

4. निर्माण कार्यों का निष्पादन–

1. आदिवासी बाहुल्य बस्तियों में इस योजना के तहत स्वीकृत निर्माण कार्यों का निष्पादन ठीक उसी प्रकार किया जाएगा जिस प्रकार ग्रामीण विकास एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अन्तर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों का निष्पादन किया जाता हैं।
2. स्थानीय परिस्थिति अनुसार विभागीय निर्माण एजेंसी के माध्यम से निर्धारित सीमा में कार्य कराए जा सकेंगे।

5. आबंटन या प्रदाय –

1. आदिवासी बाहुल्य बस्तियों के विकास कार्य कराने हेतु धनराशि का आंबटन आयुक्त आदिवासी विकास द्वारा जिला कलेक्टर को उपलब्ध कराया जाएगा।
2. अनुसूचित जनजाति ग्रामों/बस्तियों हेतु निर्माण एजेंसी का निर्धारण जिला कलेक्टर द्वारा किया जावेगा।
3. निर्माण एजेन्सियों/ग्राम पंचायतों एवं स्थानीय निकाय ने उसे पूर्व में स्वीकृति राशि का उपयोग अनुबंध की शर्तो के अनुसार नहीं किया हैं तो उसे आगामी वर्ष में नये कार्य हेतु धनराशि उपलब्ध नहीं कराई जायेगी।

6. कार्यपूर्णता एवं धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र–

* शोधार्थी (समाजशास्त्र) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत
** शोध निर्देशिका, नारेला महाविद्यालय, खारोंद, भोपाल (म.प्र.) भारत

1. इस योजना के तहत् आदिवासी बस्तियों के तहत स्वीकृति कार्यो को पूर्णता तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र संबंधित निर्माण एजेंसी के जिला स्परीय अधिकारी निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत होने पर सरपंच एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तथा निर्माण एजेंसी स्थानीय निकाय होने पर नगर पालिका आयुक्त/मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगर परिषद/ नगर पंचायत द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा
2. निर्माण कार्य उसी वित वर्ष में पूर्ण कराने आवश्यक होंगे जिस वर्ष में वह स्वीकृत किए गए हैं। विशेष परिस्थिति में कलेक्टर कार्यपूर्ण होने की अवधि में वृद्धि कर सकेंगे किंतु कार्य अवधि में वृद्धि करते समय निर्माण लागत बढने के कारण अतिरिक्त धनराशि कदाति स्वीकृत नहीं की जावेगी।

7. योजना के तहत् स्वीकृत कार्यों का लेखा – योजना के अंतर्गत वर्ष में स्वीकृत कार्यो का लेखा जोखा रखने हेतु संलग्न 'परिशिष्ट–3'' के अनुसार पंजी का संधारण सहायक आयुक्त/जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग कार्यालय को अतिरिक्त संबंधित निर्माण एजेंसी स्थानीय निकाय के कार्यालय में अनिवार्य रूप से संधारित की जाएगी।

8. योजना के अंतर्गत निर्मित कार्यों का हस्तांतरण एवं रखरखाव – इस योजना में निर्मित कराए जाने वाले निर्माण कार्यो का हस्तांतरण संबंधित ग्रात पंचायत/स्थानीय निकाय/विभाग को करने को अधिकार जिला कलेक्टर का होगा तथा संबंधित निकाय विभाग योजनान्तर्गत निर्मित किए जाने वाले कार्यो का रख–रखाव नियमानुसार संबंधित ग्रात पंचायत/ स्थानीय निकाय विभाग को करना होगां

9. कार्यों का निरीक्षण – इस योजना के तहत स्वीकृत किए जाने वाले कार्यो का निरीक्षण विभाग के राज्य स्तरीय संभाग स्तरीय एवं जिला स्तरीय अधिकारी तथा संभागीय आयुक्त तथा कलेक्टर द्वारा अधिकृत किसी भी अधिकारी द्वारा किया जा सकेगा।

10. अनुभव एवं मूल्यांकन–

1. इस योजना के तहत् स्वीकृत कार्यों के अनुभव एवं मूल्यांकन हेतु आयुक्त आदिवासी विकास द्वारा नामांकित अधिकारी आदित जाति अनुसंधान विकास संस्था की संभागीय स्तरीय इकाईयां एवं जिला स्तर पर कलेक्टर द्वारा नांमांकित किसी भी अधिकारी को यह अधिकार होगा की वह कार्य की गुणवत्त भौति प्रगति एवं मूल्यांकन संबंधित जानकारी एकत्र करें। कार्य कराने वाली एजेंसी इन अधिकारी की टीप पर समुचित ध्यान देकर निर्माण कार्य पूर्ण कराएगी।
2. मध्यशोध आदिवासी क्षेत्रों में बस्ती का विकास योजना नियम 2005 प्रभावशील होने के उपरान्त योजनान्तर्गत वर्षवार किए जाने वाले कार्यो का विवरण एवं संबंधित पंजी का संधारण संलग्न परिषिष्ट 4 अनुसान जिला कार्यालय में अनिवार्य रूप से किया जाएगा ताकि उससे यह ज्ञात हो सके कि संबंधित ग्राम/बस्ती में विभाग के द्वारा क्या–क्या कराए गए हैं ? तथा उनकी वर्तमान में स्थिति क्या हैं ?।
3. विभागीय मद से योजनान्तर्गत कराये गये कार्यो के रख रखाव हेतु राषि इन नियमों के अंतर्गत नियमानुसार स्वीकृत की जावेगी। तथा रखरखाव का लेखा–जोखा पृथक–पृथक ग्रातवास/विकास खण्डवार एवं वर्षवार संधारित किया जावे।।

उद्देश्य 1 – बस्ती विकास योजना के अंतर्गत कौन–कौन से कार्य किए जाते हैं। भीमपूर विकास खण्ड में इस योजना द्वारा किए गए कार्यो का विवरण निम्नानुसार हैं।

1. **नवीन पेयजल योजना–** इस योजना के अंतर्गत सभी ग्रामों के उपलब्ध जल स्त्रोत पर विद्युत पम्प स्थापित करके जल वितरण के माध्यम से सार्वजनिक नाली द्वारा वितरण किया जाता हैं । जिससे ग्रामीणों को गुणात्मक विकास संभव होगा साथ ही शारीरिक विकास भी होगा।
2. **आदिवासी क्षेत्रों में पक्की सड़क/सी.सी रोड का निर्माण कराना–** इस योजना के अंतर्गत अध्ययन क्षेज के आदिवासी क्षेत्रों की बस्तियों की आंकरिक सड़कों को सीमेंटेड पक्की सड़के बनाई गई।
3. **विद्युत लाईन को विस्तार –** इस योजना से आदिवासियों की बस्तियों, मजरे टोलों आदि जहां मुख्य ग्राम से विद्युत लाईन नहीं पहुंची हो ऐसे ग्रामों में प्रकाश व्यवस्था के लिए विद्युत लाईन का विस्तार किया जाता है।

   योजनान्तर्गत आदिवासियों के लिए कुओं तथा सिचांई पम्पों के उर्जीकरण के लिए निशुल्क विद्युत की सर्विस लाईन पहुँचाई जाती हैं जिससे गरीब लघु एवं सीमांत आदिवासी कृषक अपना आर्थिक लाभ उठाते है।
4. **जलमल निवासी हेतू पक्की नालियों का निर्माण –** इस योजना के अंतर्गत बस्ती की उच्ची नालियों को पक्की नालियां बनाई गई हैं जिससे जल–मल निकासी आसानी से होती हैं।
5. **आदिवासी सामुदायिक मंगल भवन का निर्माण –** आदिवासी क्षेत्र भीमपूर विकार खण्ड में बस्ति का विकास योजना के अंतर्गत सामुदायिक मंगल भवन को निर्माण किया गया है।
6. **मुख्य सड़क पर पुलिया/रपटों का निर्माण–** विभागीय आवासीय संस्थाओं के जोड़ने वाली सड़क पर पुलिया/रपटों को निर्माण हुआ हैं आदिवासी क्षेत्रों में बस्ती का विकास योजना के अंतर्गत मुख्य सडक से अनुसूचित जनजाति विभागीय आवासीय संस्थाओं को जोड़ने वाली सडको पर पुलिया/रपटों का निर्माण कार्य इस योजना द्वारा किया जाता है।
7. **अनुसूचित जनजाति बच्चों के छात्रावासों एवं आश्रमों में बाउण्ड्रीवाल का निर्माण –** इस योजनांतर्गत शोध में 2.50 लाख की धनराशि अनुदान में दी गई है। जिसमें जनजातिय क्षेत्रों में छात्र/ छात्राओं के आवासीय भवनों के बाउण्ड्रीवाल बनए गए हैं ।
8. **सार्वजनिक शौचालय निर्माण–** इस योजना के अंतर्गत गरीबी रेखा से नीचे के हित ग्राहियों एवं आदिवासी बस्तियों के लोगों के लिए सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण किया गया हैं । इस हेतु मध्यशोध शासन द्वारा 0.50 लाख अंशदान भी दिया गया हैं

उद्देश्य 2 – बस्ती विकास योजना को संचालन किसके माध्यम से किया जाता हैं–

स्वंतत्र भारत को कल्याणकारी राज्य को दर्जा प्रदान किया गया हैं । अत: समाज के अनेक वग्र समस्याओं के शिकार हैं । ऐसी स्थिति में देश में कल्याणकारों योजनाओं की सहायता से इन कार्यो के कल्याण में वृद्धि की जा रही है।

इस प्रकार पिछडें एवं गरीब इलाके के लोग जहां पर आवागमनों के साधनों का अभाव हैं । और सामाजिक कुरूतियां व अनेक सामाजिक समस्याओं के होते हुए भी मध्यशोध राज्य शासन की योजना (आदिवासी क्षेत्रों में बस्तियों को विकास योजना संचालित की गई हैं)

ग्रामिण विकास खण्ड के क्षेत्रों में योजनाओं का विशेष योगदान हैं।

इसलिए आज भी श्रेष्ठ गुणवत्त के कारण आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा जनजाति विकास हेतु बाहुल्य क्षेत्रों में बस्ती का विकास हेतु मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। मध्य शोध की अनुसूचित जनजाति बाहुल्य बस्तियों में विशेष घटक योजना के अधीन यह योजना संचालिए है।

1. **योजना क्रियांवयन की प्रक्रिया –** भीमपुर विकास खण्ड में इस योजना के विकास के लिए सर्वप्रथम पंचायत के सरपंच एवं उपसचिव द्वारा ग्रामों की समस्या को जनपद पंचायत भीमपूर को बताते हुए सरपंच सचिव के माध्यम से उक्त योजना के क्रियान्वयन के लिए आवेदन जिलाध्यक्ष, सहायक आयुक्त, पिछडा वर्ग, अनुसूचित जनजाति वर्ग के कल्याण विभाग को दिया गया।
2. **हितग्राही चयन प्रक्रिया–** जिलाध्यक्ष/जिला पंचायल बैतुत/जनपद पंचायत भीमपुर द्वारा चयनित बस्तियां। चयन संख्या के आधार पर किया गया है।
3. **पंचायत/स्थानीय निकायों की भूमिका –** ग्रामीण क्षेत्र से संबंधित सभी कार्य जिला पंचायत के निर्देश से क्रियार्वित है। जिला पंचायत हो बस्तियों/स्थलों का चयन भी करेगी।
4. जनजाति ग्रामों/बस्तियों हेतु निर्माण एजेंसी का निर्धारण जिला कलेक्टर द्वारा किया जाएगा

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. समाजशास्त्र का परिचय विवेक प्रकाशन देहली महाजन व महाजन।
2. ग्रामीण समाजशास्त्र विवेक प्रकाशन देहली वी. एन. सिंह।
3. भारत में ग्रामीण समाज विवेक प्रकाशन देहली अमित अग्रवाल।
4. जनजाति समाज का समाजशास्त्र विवेक प्रकाशन देहली महाजन व महाजन।
5. म. प्र. शासन की योजनाएं आयुक्त जनसंपर्क भोपाल मनोज अग्रवाल।

****

एचआईवी/एड्स के प्रति महिलाओं की जनजागरूकता (वर्तमान संदर्भ में एक समाजशास्त्रीय विश्लेषणात्मक शोध अध्ययन)

डॉ. सुधा सुरेश सिलावट * डॉ. त्रिपत कौर चावला ** सुमन सिंह ***

प्रस्तावना – वर्तमान समय वर्ष–2018 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का युग है। आर्थिक विकास के वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भौतिकवाद एवं व्यक्तिवाद स्वतंत्रता को काफी बढ़ावा मिला है। फलस्वरूप नवीन सामाजिक परिवेश में वेश्यावृत्ति एक फलने फूलने वाला व्यवसाय बन गया है। पर्यटन एवं विदेशी मुद्रा की चकाचौंध ने वेश्यावृत्ति को वैधानिक स्वरूप प्रदान किए जाने की मांग पैदा कर दी है। किन्तु पिछले कुछ वर्षो में वेश्यावृत्ति से उपजी एक भयानक संक्रामक रोग एड्स (AIDS) ने ऐसी माँग पर एक बड़ा प्रश्नचिह लगा दिया है। यद्यपि एड्स की बीमारी के अन्य स्रोत भी हैं लेकिन वेश्यावृत्ति इसका प्रधान एवं सबसे बड़ा स्त्रोत है। यह बीमारी एक विश्वव्यापी सामाजिक समस्या का रूप ग्रहण करती जा रही है। एचआईवी का पूरा नाम Human Immuno Deficiency Virus है। इसके द्वारा जो रोग पैदा होता है उसका नाम एड्स (Acquired Immuno Deficiency Sundrome) होता है। एचआईवी वायरस है जबकि एड्स रोगग्रस्त अवस्था है। एड्स रोग में व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता पूर्ण समाप्त हो जाती है तथा पीड़ित व्यक्ति अनेकानेक रोगों का शिकार होता हुआ। अंततः रोगग्रस्त अवस्था में मृत्यु का शिकार हो जाता है। यह रोग फैलने का प्रमुख कारण एक से अधिक महिला/पुरूषों के साथ असुरक्षित यौन संबंध स्थापित करना है।

प्रस्तुत शोध पत्र में एचआईवी/एड्स विषय पर महिलाओं/बालिकाओं का समाजशास्त्रीय ढंग से वर्तमान समय वर्ष–2018 के संदर्भ में विश्लेषणात्मक अध्ययन – विश्लेषण किया गया है। भारतीय समाज अधिक स्वतंत्र व खुले विचारों की नहीं है। लिंग/यौन क्रियायें/यौन संबंधों पर खुलकर बात करने में झिझकती हैं। सही तरह से जवाब नहीं दे पाती हैं। भय, संकोच के कारण इस विषय पर अनेक बालिकाओं में ज्ञान का अभाव भी पाया गया है।

प्रस्तुत शोध पत्र में इन्दौर महानगर के विभिन्न शासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत् बालिकाओं एवं महिला कर्मचारी स्टॉफ से बात की गई है। प्राथमिक तथ्य संकलन – साक्षात्कार अनुसूची द्वारा किया गया है। एचआईवी/एड्स के प्रति महिलाओं की जनजागरूकता का समाज शास्त्रीय दृष्टिकोण से अध्ययन किया गया है। देश का युवा वर्ग एड्स से अधिक संक्रमित हो रहा है। आज अधिकांश आयु वर्ग (21–45) वर्ग के लोग एड्स की चपेट में बड़ी तेजी से आ रहे हैं। प्रस्तुत शोध अध्ययन में प्राप्त महत्वपूर्ण निष्कर्षो में पाया गया है कि –

1. 70% महिला उत्तरदाता एचआईवी/एड्स में अंतर नहीं जानती है।
2. 92% महिला उत्तरदाता एचआईवी/एड्स का पूरा नाम नहीं जानती है।
3. 98% महिला उत्तरदाता इसके संक्रमण के चारों कारणों को नहीं जानती है।
4. 90% महिला उत्तरदाता इसे छूत तथा संक्रमणशील बीमारी मानती है।
5. 65% महिला उत्तरदाता इस विषय में ज्यादा कुछ नहीं जानती है।
6. 79% महिला उत्तरदाता पहली बार इस विषय पर किसी से चर्चा कर रही हैं।
7. 95% महिला उत्तरदाता, उत्तर देते समय झिझक, शर्म, संकोच महसूस कर रही थी।
8. 70% महिला उत्तरदाता को इस संबंध में किए जा रहे शासकीय प्रयासों की जानकारी नहीं है।
9. 85% महिला उत्तरदाता ART सेन्टर के बारे में नहीं जानती है।
10. एड्स से बचाव, सुरक्षा एक से अधिक व्यक्तियों से लैंगिक संबंध न रखना, संबंधित आवश्यक जानकारियों का अभाव उत्तरदाताओं में पाया गया है।

प्रस्तुत शोध कार्य में प्राथमिक तथ्य संग्रहण में साक्षात्कार अनुसूची के अलावा समूह चर्चा तथा अवलोकन सहभागी पद्धतियों का भी प्रयोग किया गया है। द्वितीयक शोध तथ्य, विभिन्न पत्र–पत्रिकाओं, शोध प्रबंधों, रिसर्च जर्नल्सों, शासकीय रिपोर्टस से प्राप्त किए गए हैं।

एड्स के प्रति महिलाओं की जागरूकता – द्वितीयक शोध तथ्य – ह्यूमन इम्यूनोडिफीसिएसी वायरस (एच.आई.वी.) शरीर के अंदर प्रवेश करने के पश्चात 6 से 10 सप्ताह में रक्त में आ जाता है। इस अन्तराल को विन्डो पीरियड कहते हैं। यह वायरस सफेद रक्त कणिकाओं में प्रवेश कर उसकी स्वाभाविक रोग प्रतिरोधक क्षमता को क्षीण कर देता है। इसके परिणामस्वरूप शरीर जर्जर अवस्था में पहुँच जाता है तथा भांति–भांति के जीवाणु तथा विषाणु शरीर पर हमला करके जानलेवा बना देते हैं। इस तरह एच.आई.वी. वायरस Subseratype है, जो कि शरीर में अपना आवरण बदलते हैं। अतएव इस रोग के ईलाज हेतु यदि एक तरह का टीका बनाया जाये तो एच.आई.वी. के आवरण बदलने की प्रकृति के कारण वायरस पर कोई असर नहीं पड़ता। भारत में प्रत्येक 25 व्यक्तियों में एक यौन जनित बीमारी (एस.टी.डी.) से ग्रसित हैं। ऐसे व्यक्तियों को एड्स विषाणु के संक्रमण की संभावना आठ से दस गुना अधिक होती है।

भारत सरकार वर्ल्ड बैंक तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन के सम्मिलित प्रयासों से एड्स के सम्बन्ध में जानकारी प्रसार तथा प्रचार माध्यमों से जनसमूहों को दी जा रही है। भारत शासन स्कूलों में एड्स की जानकारी यौन

* प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय, राऊ, जिला – इन्दौर (म.प्र.) भारत
** व्याख्याता, माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, मोती तबेला, इन्दौर (म.प्र.) भारत
*** शोधार्थी (समाजशास्त्र) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

शिक्षा के साथ देने के लिए प्रयासरत् है। 1992 में नेशनल एड्स कन्ट्रोल आर्गनाइजेशन (एन.ए.सी.ओ.) की स्थापना करके इस दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। राष्ट्रीय स्तर पर एड्स रोकथाम हेतु नेशनल इंस्टीटयूट आफ वायरोलाजी, पूना, क्रिश्चियन मेडीकल कालेज बेलोर, एन.आई.सी.डी.एस. नई दिल्ली केन्द्र कार्यरत है। म.प्र. में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। तमिलनाडु राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी ने मद्रास में एच.आई.वी. तथा एड्स से सम्बन्धित तमाम सवालों का जवाब देने के लिए एक कम्प्यूटरीकृत मशीन लगाई है। कोई भी व्यक्ति फोन करके इस मशीन से अपने तमाम सवालों तथा जिज्ञासाओं का जवाब पा सकता है। एड्स बीमारी की कोई औषधी अभी तक निर्मित नहीं हुई है। श्री ए.एस. मजीद, एर्नाकुलम ने दावा किया है कि उन्होंने 20 जड़ी बूटियों से औषधि बनाई है जो कि एड्स के विरूद्ध कारगर साबित हुई है। (दैनिक भास्कर, 2015, सितंबर 20)।

वेश्यावृत्ति एवं एड्स – एच.आई.वी. संक्रमण हाथ मिलाने, गले लगने, चूमने, खाँसी, छींक से, सार्वजनिक शौचालय और टेलीफोन के उपयोग से एक ही बर्तन में खाने से, स्वीमिंग पूल में नहाने से, मच्छरों मक्खियों तथा एक दूसरें के कपड़ों के उपयोग से नहीं फैलता। इस संक्रमण के फैलने की सम्भावना तभी रहती है जब यह वायरस यौन स्थानान्तरित बीमारियों के कारण या अन्य कारणों से उत्पन्न घाव, रिसाव, छिलाव, इत्यादि के माध्यम से शरीर के रक्त में पहुँच जाता है। इसी तरह एच. आई. वी. संक्रमित इंजेक्शन की सुई या नशे की सुई, गुदना तथा नाक, कान, छेदने के नुकीले उपकरण, संक्रमित ब्लेड, चाकू या अन्य धारदार औजार जिससे घाव हो सकने या त्वचा भेदने की क्षमता हो, उसके माध्यम से ये विषाणु रक्त में पहुँच जाते है। संक्रमित रक्त को रोगी को देने पर भी एड्स हो जाता है इसी तरह संक्रमित महिलाओं द्वारा उनके गर्भस्थ शिशुओं को एड्स हो सकता है। यह विषाणु संक्रमित व्यक्ति के रक्त, वीर्य योनिमार्ग के द्रव्य तथा माता के दूध में पाया जाता है।

चूँकि एड्स का कोई कारगर इलाज नहीं है अतएव इससे बचाव ही एक मात्र सुरक्षा मार्ग है। इससे बचने के लिए वेश्यागमन, पर पुरूष तथा समलिंगी कामुकता को निषेध करके, रक्त ग्राही एच. आई. वी. परीक्षित रक्त गृहण करके, शरीर पर उपयोग की जाने वाली सुई तथा धारदार उपकरण (इंजेक्शन सुई, नशे की सुई, ब्लेड, शरीर भेदना, गुदना तथा इक्यूपंचर इ. के उपकरण) आधे घंटे उबालकर जीवाणु रहित करने के पश्चात् उपयोग करके, तथा संसर्ग के दौरान कंडोम का उपयोग करके संक्रमित होने से बचाव किया जा सकता है। (राज्य एड्स सेल, संचालनालय चिकित्सा, शिक्षा सतपुड़ा भवन, भोपाल)

एड्स के प्रति विश्वविद्यालय की छात्राओं की जागरूकता के सन्दर्भ में जयश्री भटट् ने म.प्र. समाजशास्त्रीय परिषद् के ग्वालियर में आयोजित वार्षिक अधिवेशन में अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया था। (आचरण–दैनिक समाचार पत्र, ग्वालियर 2017, अक्टूबर 17, पृ. 6) । शोध पत्र प्रस्तुत करते समय उपस्थित प्रबुद्ध जनों ने एड्स के प्रति अपनी जिज्ञासा प्रकट की थी। वर्तमान अध्ययन शिक्षित युवतियों की एड्स के फैलाव बचाव तथा उसकी गम्भीरता के सन्दर्भ में उनका ज्ञान परिलक्षित करेगा साथ ही साथ सामान्य जन की एड्स विषयक उत्कंठा को शान्त करने में अहम् भूमिका निभा सकेगा।

शोधार्थियों द्वारा उद्देश्यपूर्ति हेतु डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर की स्नातकोत्तर की 50 छात्राओं का निदर्श के रूप में चयन किया गया। लेखिका ने पाया कि स्नातक स्तर की बहुसंख्यक छात्राए सामाजिक मर्यादाओं तथा यौन शिक्षा के अल्प ज्ञान के कारण इस विषय पर खुल कर चर्चा करने में पूर्ण सहयोग नहीं कर रहीं, वहीं स्नातकोत्तर की छात्राओं का सहयोगी रूख था। चयनित 50 छात्राओं में से विज्ञान तथा कला संकाय के बराबर निदर्श थे। छात्राओं से साक्षात्कार अनुसूची भरवाकर उसके परिणामों का विश्लेषण किया गया।

उच्च शिक्षित युवतियों से प्राप्त तथ्यों के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि किसी भी युवती को एड्स का पूरा ज्ञान नहीं था। एड्स का सही कारण वायरस मात्र 26.66 प्रतिशत युवतियों को ज्ञात था तथा 40 प्रतिशत ने बैक्टीरिया तथा 33.33 प्रतिशत ने कोई कारण व्यक्त नहीं किया। किसी भी युवती को यह ज्ञात नहीं था कि संक्रमण के शरीर में प्रवेश करने के 6 से 10 वर्ष में यह एड्स का रूप ले लेता है।

इस संक्रमित वायरस के शरीर में सर्वाधिक उपस्थिति के स्थान के सन्दर्भ में 66 प्रतिशत वीर्य में, 53.33 प्रतिशत ने रक्त में , 46.67 प्रतिशत ने योनिमार्ग के स्त्राव में इसकी उपस्थिति बताई, वहीं पर इसकी उपस्थिति माँ के दूध में तथा स्पायनल द्रव्य में किसी युवती ने व्यक्त नहीं की। इसी तरह 6.67 प्रतिशत ने इसकी उपस्थिति साँस की छोड़ी हुई वायु में 6.67 ने कफ–थूक में, 20 प्रतिशत ने दूषित भोज्य पदार्थ में इस संक्रमण की उपस्थिति व्यक्त की। यद्यपि सभी शिक्षित युवतियों को यह तो ज्ञात था कि संक्रमित व्यक्ति से संसर्ग करने पर यह बीमारी लग जाती है किन्तु किसी भी युवती को यह ज्ञात नहीं था कि कि जननांगों में घाव, रिसाव, खरोंच इत्यादि के माध्यम से यह संक्रमण शरीर के रक्त में पहुँच जाता है।

एड्स के संक्रमण से बचाव के सन्दर्भ में 80 प्रतिशत युवतियों ने कंडोम के उपयोग करने की बात स्वीकार की वहीं पर 20 प्रतिशत ने कंडोम को केवल गर्भ निरोधक के रूप मे इसकी उपयोगिता बताई। 53.33 प्रतिशत युवतियों ने रक्त परीक्षण के पश्चात् इसे ग्रहण करने, 40 प्रतिशत ने दवा तथा नशे का इंजेक्शन उबालकर उपयोग करने, तथा केवल 10 प्रतिशत ने शरीर पर उपयोग करने वाले धारदार उपकरणों (कान–नाक गुंदना, एक्यूपंचर, ब्लेड इत्यादि) को उबालकर उपयोग करने की बात की। एड्स के इलाज के सन्दर्भ में 73.33 प्रतिशत युवतियों ने स्वीकार किया कि इसका कोई इलाज नहीं है। वहीं पर 26.67 प्रतिशत ने इसके इलाज हेतु टीके की बात की। पुरूष तथा महिलाओं में से किसे संक्रमित होने की अधिक सम्भावना रहती है कि प्रति उत्तर में केवल 13.33 प्रतिशत युवतियों ने पुरूषों की तुलना को अधिक संक्रमित होने की सम्भावना व्यक्त की इसी तरह 80 प्रतिशत युवतियों ने स्त्रियों की तुलना में पुरूषों को अधिक संक्रमित होने की सम्भावना व्यक्त की। 6.67 प्रतिशत युवतियों ने इस सन्दर्भ मे अनभिज्ञता जाहिर की। 53.33 प्रतिशत युवतियों ने एड्स पीड़ित के सामाजिक बहिष्कार किये जाने का विवाद प्रस्तुत किया सभी युवतियों ने संक्रमित गर्भवती महिलाओं के शिशुओं को एड्स की बीमारी होने का विचार प्रस्तुत किया। युवतियों ने एड्स विषयक ज्ञान की जानकारी के स्त्रोत के सन्दर्भ में 90 प्रतिशत युवतियों ने दूरदर्शन तथा 10 प्रतिशत ने समाचार पत्र/पत्रिकाओं को सूचना का माध्यम बताया। किसी भी युवती ने आपसी विचार/विमर्श से ज्ञान प्राप्ति का माध्यम स्वीकार नहीं किया।

एड्स विश्व में भयावह रूप से बढ़ रहा है तथा भारत मे इसकी स्थिति सर्वाधिक भयावह है। उपरोक्त विश्लेषण से यह निर्विवाद सिद्ध होता है कि उच्च शिक्षित युवतियों को एड्स विषयक ज्ञान की अत्यन्त कमी है। उन्हें यह तो ज्ञात है कि संसर्ग से यह संक्रमण फैलता है। किन्तु जननांगों में घाव,

खरोंच तथा रिसाव इत्यादि से यह वायरस शरीर के रक्त में पहुँचता है किसी को ज्ञात नहीं होता उनके अपूर्ण ज्ञान को परिलक्षित करता है। इसी तरह कंडोम का उपयोग उन्होंने सुना किन्तु इसकी एड्स के रोकने में किस तरह की भूमिका है इसका ज्ञान उन्हें नहीं है। समलैंगिक कामुकता तथा एड्स के फैलाने की प्रक्रिया के ज्ञान का भी उनमें अभाव है। युवतियों के मन मस्तिष्क में यह बात बैठ गई है कि यह अनियोजित यौन सम्बन्धों की देन है, इसलिये रक्त के ट्रांसफ्यूजन तथा संक्रमित सुई, से इसके फैलाव के सन्दर्भ में लगभग आधी युवतियों को जानकारी नहीं है। इसी तरह धारदार उपकरणों के शरीर पर उपयोग के पहले उनको उबालकर संक्रमण दूर करने के सन्दर्भ में उनकी अज्ञानता यह सिद्ध करती है कि उनके ज्ञान का केन्द्रियकरण पूर्णत: यौन जनित रोक की अवधारणा पर हो गया है। इस अवधारणा के समरूप ही प्राय: युवतियों ने स्त्रियों की तुलना में पुरूषों को संक्रमित होने की सम्भावना को अधिक जोर दिया है। उनका सोच पुरूषों की स्वतन्त्र प्रवृति के अनुरूप उनके अनियोजित यौन सम्बन्धों की अधिकता की सम्भावना के परिप्रेक्ष्य में महसूस किया जा सकता है। अधिसंख्य युवतियों द्धारा एड्स पीड़ित से सामाजिक बहिष्कार किए जाने का विचार भी उनकी पुरूषों के अनियोजित तथा अनियन्त्रित यौनाचार के सन्दर्भ में परिपक्व हो गई विचारधारा का प्रतिफल हैं।

उच्च शिक्षित युवतियों के जानकारी के स्त्रोत से स्पष्ट है कि बहुसंख्यक को टेलीफोन से थोड़ा बहुत ज्ञान प्राप्त हुआ। पत्र-पत्रिकाओं को शिक्षित वर्ग पढ़ता है। किन्तु उसके माध्यम से 10 प्रतिशत युवतियाँ कुछ लाभान्वित हो सकी है। इस सन्दर्भ में आपसी जानकारी का आदान-प्रदान भी युवतियों द्धारा नहीं किया गया। इन तथ्यों से स्पष्ट है कि वे अनियोजित यौनाचार की अवधारणा को पूर्ण आत्मसात किये हुये है तथा बाकी पक्षों को या जो महत्व नहीं देती या फिर उस और उनका ध्यान आकृष्ट नहीं किया जा सका। यद्यपि वे सभी पक्ष (सिरिंज, धारदार उपकरण, रक्त ट्रांसफ्यूजन इत्यादि) की महत्ता अनियन्त्रित यौनाचार से कम नहीं है बल्कि दैनिक जीवन मे उपयोगिता के कारण उससे भी ज्यादा महत्तवपूर्ण है।

पाश्चात्य देशों में स्वच्छन्द तथा अनियोजित यौनाचार बड़ी संख्या में पाया जाता है तथा भारतीय संस्कृति की देन स्वरूप हमारे देश में यौन सम्बन्ध अत्यन्त मर्यादित रूप में है तथा अनियोजित यौनाचार बहुत ही कम संख्या में पाया जाता है। फिर भी शासन तथा प्रसार माध्यमों में एड्स के प्रचार प्रसार हेतु यौनाचार को विशेष महत्व दिया गया है। इसे यौन जनित बीमारी का स्वरूप दिया जाने से जन सामान्य अपने आपको इस संक्रमण से सुरक्षित महसूस करता है तथा युवतियाँ भी इस अवधारणा को आत्मसात किए हुए है। कहना न होगा कि यदि शासन यौन जनित बीमारी के साथ-साथ सिंरिज के उपयोग, रक्त ट्रांसफ्यूजन तथा घाव कटाव, छिलाव के इसके रक्त में पहुँचने की महत्ता को प्रचार प्रसार माध्यमों से नियोजित तरीके से प्रसारित करे तो सार्थक परिणाम सामने आ सकेंगे। शासन जो संदेश आम नागरिकों को देना चाहती है, वह उन तक नहीं पहुँच पा रहा है। कोई भी संदेश (मेसेज) जब अपने उद्गम स्थल से लक्ष्य तक पहुँचता है तभी संदेश कहलाता है। इसमें तीन प्रमुख तथ्य शामिल रहते हैं। संदेश, वक्ता तथा श्रोता। कोई भी संदेश वक्ता के माध्यम से श्रोता तक पहुँचता है। यदि वक्ता श्रोता तक अपने संदेश को ठीक तरह से नहीं पहुँचा सका तब संदेश निरर्थक हो जाता है। यही परिप्रेक्ष्य एड्स के संदर्भ में देखने को मिलता है। दूसरे शब्दों में शासन के पास प्रभावी वक्ता की कमी है। आम नागरिकों तक यह संदेश पहुँचाना है तो हमें उनके एचआईवी/एड्स से संबंधित ज्ञान के स्तर में वृद्धि करनी ही होगी। हमें इसके प्रारंभिक स्तर पर सेक्स को मूल केन्द्र मानकर दूसरे वायरस के संक्रमण के मुख्य कारणों को भी प्राथमिकता देनी होगी। महिलाओं की शारीरिक रचना के परिपेक्ष्य में सर्वाधिक संक्रमण उन्हीं को होने की संभावना है तथा यह चिन्ता का विषय है कि उच्च शिक्षित युवतियाँ जिन्हें अभी तक एड्स विषयक जानकारी से युक्त होना जाना था वे अभी तक इस संदर्भ में भ्रमित है जो कि निश्चित ही भविष्य के लिए हानिकारक परिणामों का वायरस बनेगी। जब अन्य शिक्षित युवतियों की यह स्थिति है तो अल्पशिक्षित एवं अशिक्षित युवतियों की हमारे देश में बहुतायत में है। इसकी इस विषय में जानकारी का क्या हाल होगा, चिंतनीय है। इस असाध्य रोग जिसके सर्वाधिक पीड़ित व्यक्ति हमारे देश में होने की पूर्ण संभावना के कारण से इसके लिए शासन से उपरोक्त वर्णित प्रथाओं की अपेक्षा ही की जा सकती है ताकि एड्स को सिर्फ यौन जनित बीमारी समझकर पीड़ित व्यक्ति से नफरत करने के बजाय तथा अन्य कारणों से इसके फैलने की संभावनाओं से समाज से जानकारी युक्त किया जा सके तथा पीड़ितों के साथ सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार रखकर उनका उचित बचाव किया जा सके। अब समय आ गया है कि एचआईवी/एड्स से संबंधित विभिन्न विचार धाराओं से भारतीय महिलाओं को परिचित कराना ही होगा। एड्स पीड़ित महिलाओं को दुत्कारना नहीं, स्वीकारना होगा। तभी हम अपने महान भारत राष्ट्र को 'अज्ञानता से ज्ञान की ओर, बंधन से आत्मनिर्भरता की ओर, दर्द से राहत की ओर ले जाने में सक्षम हो सकेंगे। आईये हम सभी मिलकर इस दिशा में श्रेष्ठ, समन्वित, सार्थक, सफल प्रयास करें।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. मुखर्जी, रविन्द्रनाथ- सामाजिक शोध एवं सांख्यिकी (2016) विवके प्रकशान, जवाहर नगर, दिल्ली-7
2. सोनबेर, डॉ.बसंत कुमार- भारत में सामाजिक समस्याऐं- 2012, प्रकाशक- मानव नवनिर्माण संस्थान राजनांदगाँव (छतीसगढ़)
3. आहूजा. डॉ. राम- सामाजिक समस्याऐं- एड्स, संसकरण-2012, रावत पब्लिकेशन, जयपुर, राजस्थान पृठ क्रमांक 459
4. Nag. Moni- Sexual behaviours and aids in India Delhi 1996
5. आप्टे, प्रदीप कुमार (2017) काया और एड्स:-एक अंतयुध्द, इन्दौर फाउन्डेशन फॉर एड्स रिसर्च।
6. सिंह एम.एम. (2004) एड्स तथा आधुनिक समाज, विवेक प्रकाशन, दिल्ली 04
7. Renee, Sabatien (ed) blaming others: prejudic, Race and worldwide Aids, panas Institute, London 2008
8. नई दुनिया, जनसता, हिन्दुस्तान,टाईमस ऑफ इण्डिया, द हिन्दू, दैनिक समाचार पत्र, प्रतियोगिता दर्पण, कुरूक्षेत्र, योजना, इण्डिया टूडे,क्रानिकल मासिक मेगजीन से प्राप्त शोध संबंधित अध्ययन आँकड़े एवं जानकारियाँ आदि।

****

21 शताब्दी का बौद्धिक समाज (सूचना प्रौद्योगिकी एवं वैश्वीकरण के विशेष संदर्भ में)

डॉ. नीलिमा खरे *

प्रस्तावना – आज इस क्षेत्र में प्रगति के कारण कम्प्यूटर के सामने बैठे-बैठे ही विश्व के किसी भी कोने से खरीददारी करना, बिलों का भुगतान करना या वसूली विज्ञापन तथा धन का स्थानान्तरण आदि महत्वपूर्ण व्यावसायिक कार्य इन्टरनेट पर हो रहे हैं। अब तो व्यक्ति अपनी घरेलू वस्तुओं एवं आवश्यकताओं की खरीददारी घर बैठे ही कर सकता है। खाने की वस्तुऐं, सब्जी, कपड़े, आदि से लेकर इलेक्ट्रानिक उपकरण आदि घर बैठे अपनी पसंद के अनुसार कोई भी मंगवा सकता है। इसके लिए कई प्रकार की शब्दावली जैसे-ई-मेल, ई-बिजनेस, ई-बैंकिंग, ई-गवर्नेस, ई-चैट, ई-कैश, ई-कामर्स, ई-कन्सल्टेंट, ई-फैक्स, ई-प्रोक्योरमेंट, टेलीमेडिसिन, आदि शब्द विभिन्न कार्यों के लिए प्रयुक्त किए जाते हैं।

सूचना प्रौद्योगिकी एक ऐसा क्षेत्र है जहॉ। प्रतिदिन नए अविष्कार होते रहते हैं और हम नित नई सुविधाओं से सम्पन्न होते जा रहे हैं।

ई-कामर्स- वस्तुओं या सेवाओं का इन्टरनेट पर खरीदना, बेचना या उत्पादकों की सूचनाए ग्राहकों तक पहुँचाना ही ई-कामर्स है। इससे व्यापारियों, कम्पनियों, विक्रेताओं एवं ग्राहकों को भी लाभ आसानी से मिल जाता है।

इलेक्ट्रानिक डाटा इंटरचेंज- यह ई-कामर्स का ही एक सब सेट है। इसके माध्यम से बिना पेपर के ही सूचनाओं का आदान प्रदान किया जा सकता है। ई-कामर्स का संचालन करने के लिए फैक्स ई-मेल इलेक्ट्रानिक बुलेटिन बोर्ड ई-कैश इलेक्ट्रानिक फंड ट्रासंफर वीडियो टेस्ट आंनलाइन डाटाबेस आदि का उपयोग किया जाता है। आज भारतीय बैंकिंग प्रणली मे ई-कामर्स व ई-डी-आई को समुचित स्थान प्राप्त हो गया है!

ई-कैश व ईलेक्ट्रानिक प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से खरीदे गए सामान का भुगतान वास्तविक मुद्रा को दिए बिना घर बैठे ही कर सकते है।

सूचना प्रौद्योगिकी को एक ऐसी प्रौद्योगिकी के रूप मे परिभाषित किया गया है, जो दुनिया में किसी भी व्यक्ति के साथ कही भी होने वाली घटना या प्रसंग के बारे मे जानकारी उपलब्ध कराती है। सूचना को समाज के विकास का मूल स्त्रोत कहा जा सकता है। सभ्यता के मूल आरंभिक दिनों में जब गुफा में रहने वाला मनुष्य जीवन जीने के लिए संघर्ष कर रहा था, तब उसने महसूस किया कि समुदाय के रूप मे जीवन अपेक्षाकृत सरल होता है। समुदाय के रूप मे रहने पर उसके सदस्य सूचना का लेन-देन आसानी से कर सकते है। पानी की उपलब्धता, किसी खास इलाके में जंगली पशु की मौजूदगी आदि की जानकारी आसानी से एक दूसरे को पहुँचाई जा सकती है, इस प्रकार सूचना ने मनुष्य में सामाजिक चेतना का विकास किया।

मनुष्य शरीर का रहस्यपूर्ण एवं परोक्ष भाग उसका मस्तिष्क है। अपने मस्तिष्क और बुद्धि की सहायता से मनुष्य पृथ्वी पर रहने वाले अन्य प्राणियों की तुलना में उच्चतर जीवन जीने में सक्षम है। क्योंकि वह विभिन्न सूचनाओं को संयोजित करने के बाद तर्क शक्ति द्वारा उसे ज्ञान में बदल लेता है और अपने समुदाय के लिए जीवन मूल्यों का निर्धारण करता है, एक आचार संहिता तैयार करता है और समाज के प्रत्येक सदस्य के लाभ के लिए एक बौद्धिक समुदाय के गठन का मार्ग प्रशस्त करता है। सूचना प्रौद्योगिकी ने समाज की इस विकास प्रक्रिया की गति तेज को कर दिया है।

प्राचीन समय में सभा चौक, सामुदायिक भवन अथवा पंचायते हुआ करती थीं जिसमें समाज के लोग आपस मे मिलते थे एवं जानकारियो का आदान-प्रदान करते थे। सामूहिक विवेक के आधार पर फैसले लेते थे। सदस्यों को अनुशासित करते थे। उन्हें शिक्षित बनाकर जीवन की कठिनाइयों को दूर करने मे लोगों की सहायता करते थे। तब यह सार्वजनिक स्थल एवं पंचायतें सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक और व्यापारिक गतिविधियों का केन्द्र थे। इसके लाभ को देखते हुए नागरिक इनमें स्वयं उपस्थित होते थे। इस सामाजिक विकास प्रक्रिया की सफलता का आधार सूचना की संचारी शक्ति ही थी। यहाँ विभिन्न स्त्रोतों से सूचना उपलब्ध होती थी किन्तु इस प्रणाली में एक अधूरापन था इसकी पहुँच, छोटे से गांव मे रहने वाले समुदाय तक सीमित थी।

सूचना प्रौद्योगिकी के जरिए कुछ ऐसे अभूतपूर्व व्यापक तकनीक का विकास हुआ है जिसने दुनिया मे रह रहे तमाम लोगों को एक ही नेटवर्क से जोड़ दिया है। समाज का हर नागरिक विश्व सूचना तक पहुँच गया है। वह असंख्य स्त्रोंतो मे से किसी से भी ज्ञान हासिल कर सकता है। एक आम व्यक्ति इंटरनेट और ई-मेल के जरिए किसी भी क्षेत्र के विशेषज्ञ से संपर्क कर सकता है तथा परामर्श प्राप्त कर सकता है। मरीजों के वीडियों चित्र, ई.सी.जी. एवं अन्य चिकित्सीय रिपोर्ट जांच के लिए डॉक्टर को इसी माध्यम से भेजी जा सकती है। इस प्रकार आज दुनिया के किसी भी कोने मे रह रहें लोगों को बुद्धिमान व्यक्तियों का परामर्श उपलब्ध है। सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से आज समाज का सर्वांगीण विकास हो रहा है और वसुधैव कुटुम्बकम का आदर्श साकार हो रहा है। तथा एक प्रसन्न, स्वस्थ, समृद्ध रचनात्मक बौद्धिक समाज इस सूचना युग का परिणाम होगा।

पहले का समाज जीवन और अस्तित्व के लिए संघर्ष करने वाला था। धन ऐसी शक्ति था, जो समाज को भूख, असुरक्षा, बीमारी और देवी, आपदा पर विजय पाने की शक्ति प्रदान करता था। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास ने मानवीय प्रगति को तेज कर दिया है। सूचना प्रौद्योगिकी ऐसा कारक है जो व्यक्ति को आवश्यक सूचना प्राप्त करने और ज्ञान तथा बुद्धि के स्त्रोंतो से जुड़ने मे सहायता करता है। सूचना प्रौद्योगिकी ने एक नई व्यापक औद्योगिक गतिविधि को जन्म दिया है। सूचना प्रौद्योगिकी एक ऐसे सशक्त औजार के

***सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय स्वा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शहडोल (म.प्र.) भारत**

रूप में काम कर रही है, जो तमाम औद्योगिक प्रक्रियाओं की उत्पादकता, क्षमता और विश्वसनीयता को बढ़ा देती है। भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी आधारित व्यापार सेवाए आई.टी.ईएस. में उत्कृष्टता, दीर्घकालीन लागत फायदे तथा मूल रूप से समर्थित मूल्य प्रस्ताव का प्रदर्शन किया है। भारतीय कंपनियाँ अपनी सेवाओं का विस्तार बढ़ा रही है। कॉलेज के युवा स्नातकों में सूचना प्रौद्योगिकी आधारित सेवा क्षेत्र में रोजगार के निवेश की दृष्टि से भारत का आकर्षण बढ़ा है तथा सूचना प्रौद्योगिकी से प्रतिभा पलायन का दौर उल्टा हुआ है। अपने कैरियर के लिये विदेशों में जाने वाले भारतीय मूल के लोगों में अब भारत में ही काम करने के प्रति आकर्षण पैदा हुआ है।

सामाजिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों को सूचना प्रौद्योगिकी ने अनेक नई अवधारणाओं से जोड़ा है। घर बैठे टेलीविजन, और कम्प्यूटर पर इंटरनेट के जरिए मनोरंजन और आमोद-प्रमोद संभव हो गया है। मल्टीमीडिया, वर्चुअल रीयलटी वीडियो, 3 डी, ग्राफिक्स तथा अन्य प्रौद्योगिक चमत्कार शिक्षा एवं मनोरंजन प्रदान कर रहे है। खरीददारी के लिए मीलों लंबी यात्रा और विशाल बाजारों और डिपार्टमेंटल स्टोरों की थका देने वाली परेशानियां अब धीरे-धीरे समाप्त हो रही है। घर बैठकर ही खरीददारी, टेलीबैंकिंग और वीडियों कान्फ्रेसिंग से कर सकते है। कार्यालयों का काम अब घर बैठे किया जाना भी संभव हो गया है। कार्यालय धीरे-धीरे कागज मुक्त होते जा रहें है। बैठकों में भाग लेने के लिए यात्रा करने की आवश्यकता नहीं रह गई है। वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से शामिल हो सकते है। ई-कामर्स और ई-करेंसी के जरिए समस्त व्यवसायिक गतिविधियाँ घर बैठे संपन्न की जा सकती है। इंटरनेट पर ई-मेल, इंटरनेट चर्चा, और वीडियो फोन के जरिए मुलाकातों तथा सामाजिक संपर्को मे वृद्धि हुई है। शहरी समाज के साथ-साथ ग्रामीण वातावरण मे भी परिवर्तन आ रहा है। अब ग्रामवासी भी नेटवर्क से जुड़े समाज का हिस्सा बन गए है, और शहरी समाज की नई अवधारणाओं को ग्रहण कर रहें है। पहले ग्रामीण क्षेत्र के नागरिक को सरकार को कर या बिल चुकाने अथवा राजस्व दस्तावेज या जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये तथा ऐसे ही अन्य कार्यो के लिये जिला मुख्यालय तक की यात्रा करनी पड़ती थी। नये सूचना समाज मे सूचना दावों को जन्म दिया है जो कोने-कोने मे कार्यरत है, ग्रामीण जनता अब इन दावों की सहायता से करों का भुगतान या सरकारी दस्तावेज आसानी से प्राप्त कर सकते है। एक छोटा सा किसान अपने आस-पास के शहरों के विभिन्न बाजारों मे माल की कीमतों एवं आवक की जानकारी पलक झपकते हासिल कर सकता है। अब किसान सही निर्णय लेकर माल की अच्छी कीमत प्राप्त कर रहा है। इस प्रकार हम कह सकते है सूचना प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से ग्रामीण भारत की तस्वीर बदल रही है। इसका एक उदाहरण अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपनी भारत यात्रा के दौरान राजस्थान के अजमेर जिले के एक गांव कानपुरा के लोगों के साथ वीडियों कान्फ्रेसिंग 7 नवम्बर 2010 को की इसके लिये विशाल एल.सी.डी. स्क्रीन्स व वेब कैमरों की स्थापना कानपुरा के पंचायत कार्यालय मे की गई थी। अपनी भारत यात्रा के समय अपने मुम्बई प्रवास के दौरान ओबामा ने सेंट जेवियर कॉलेज से वीडियो कान्फ्रेसिंग इस गांव के निवासियों के साथ की भारत मे ग्रामीण क्षेत्रों मे सूचना प्रौद्योगिकी की पहुँच ने राष्ट्रपति ओबामा को काफी प्रभावित किया।

सूचना प्रौद्योगिकी से संस्कृति भी अछूती नहीं रही है। संस्कृति के विभिन्न क्षेत्रों मे सूचना प्रौद्योगिकी का व्यापक प्रभाव देखने को मिल रहा है। हमारे परम्परागत सांस्कृतिक मूल्यों और मान्यताओं में तेजी से बदलाव आ रहा है। आधुनिक समय में जनसंचार के द्वारा जो महत्वपूर्ण सांस्कृतिक परिवर्तन हुए है और हो रहे है। विकास तथा परिवर्तन में सूचना एक महत्वपूर्ण घटक है, जो नये विचारों के प्रसारण एवं परिवर्तन के लिए उपयुक्त वातावरण तैयार करता है।

सूचना प्रौद्योगिकी ने लोगों के मानसिक ज्ञान की सीमा का विस्तार किया है एवं उन्हें उंचा उठाने के लिए प्रोत्साहित किया है। सूचना प्रौद्योगिकी ने विभिन्न सांस्कृतिक समूहों मे संस्कृति के आदान प्रदान की प्रक्रिया को गति प्रदान की है और दुनिया के विभिन्न देशों मे संस्कृति के प्रतिमानों को आसानी से परस्पर ग्रहण किया जा रहा है।

स्वास्थ रक्षा संबंधी गतिविधियों के विकास को सक्षम बनाने की दृष्टि से सूचना प्रौद्योगिकी एक सशक्त साधन है। यह प्रौद्योगिकी अस्पताल प्रबंधन और रोगी परिचर्या तथा प्रबंधन के लिये विभिन्न प्रणालियाँ उपलब्ध कराती है। सूचना प्रौद्योगिकी किसी क्षेत्र के समस्त अस्पतालों के औषधियों की केन्द्रीय नियंत्रण प्रणाली की सुविधा प्रदान करती है। इंटरनेट और अन्य आई.टी. साधनों की उपयोग करते हुए उपयुक्त दवाओं का वितरण और निर्गम जहाँ उपलब्ध है, वहाँ से, जहाँ जरूरत है वहाँ तेज गति और सहूलियत के साथ किया जा सकता है। बहुत दूर बैठे विशेषज्ञ से तत्काल सलाह ली जा सकती है। इस प्रकार दूर-दराज के अस्पतालों से सामान्य सलाह मशवरे की सुविधा हासिल की जा सकती है।

संप्रेषण और संचार के लिए प्रौद्योगिकी की मौजूदगी की अलावा साक्षरता की भी महत्ता होती है, भारत में आजादी के बाद शिक्षा एवं साक्षरता मे काफी सुधार हुआ है किन्तु देश की बढ़ती आबादी की वजह से विकास कम लगता है, सूचना प्रौद्योगिकी के बदौलत शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। कक्षाओं के लिए श्रेष्ठ शैक्षणिक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। प्रौढ़ शिक्षा के क्षेत्र मे भी सुधार आया है। इसके लिए आवश्यक सामग्री को दुनिया में कही भी मौजूद विशेषज्ञ तैयार कर सकते है। और इंटरनेट के जरिए किसी भी स्कूल या छात्र तक पहुँचायी जा सकती है। कोई भी छात्र श्रेष्ठतम शिक्षा का लाभ उठा सकता है और कोई भी व्यक्ति भविष्य के बौद्धिक समाज का श्रेष्ठतम नागरिक बन सकता है। सूचना प्रौद्योगिकी इतनी सर्वांगीण और समृद्ध है कि सामाजिक जीवन के किसी भी क्षेत्र की जरूरत को वह पूरा कर सकती है और समूचे समाज को ऐसा रूप प्रदान कर सकती है जो उसके लिए अपेक्षित है।

सूचना प्रौद्योगिकी और इंटरनेट ने विश्व के नागरिकों का बहुत ही सुदृढ़ और घनिष्ठ समुदाय का विकास किया है। व्यक्तियों के मध्य संचार तात्कालिक हो गया है। इधर- उधर फैली तमाम सूचनाए प्रसंस्करण के बाद ज्ञान मे परिवर्तित हो रही है। लोग अब अधिक बुद्धिमान और स्वस्थ रूप मे विकसित हो रहे है। सूचना प्रौद्योगिकी की दृष्टि से भारतीय मस्तिष्क को पूरी दुनिया में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। यही कारण है कि भारतीय इंजीनियर दुनिया में बेजोड़ है। भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग पूरी दुनिया में लगातार आगे बढ़ रहा है। निश्चित रूप से सूचना और प्रौद्योगिकी क्रांति ने भारत को एकाएक लाभदायक मौके प्रदान किए है। पूंजी और संसाधनों की कमी के बावजूद भारत के पास ज्ञान आधारित अर्थवयवस्था को विकसित करने का सर्वोत्तम समय है। आज भी दुनिया की निगाहें भारतीय प्रतिभाओं पर है।

उदारीकरण के वर्तमान दौर में हमारी अर्थवयवस्था की कठिनाई बढ़ी है और हमें विश्व की विकसित अर्थव्यवस्थाओं में स्थान पाना है। आज सूचना प्रौद्योगिकी को भारतीय अर्थव्यवस्था का केन्द्र बिन्दु बनाने के साथ-साथ यह भी जरूरी है कि सूचना प्रौद्योगिकी पेशेवर मांग के अनुरूप कार्य करें। हमारे देश में 10,000 आई.टी. की कमी पाई गयी है। इसके लिये देश

के इंजीनियरिंग कॉलेजों को नई सुविधाओं से लैस करना होगा तथा नये इन्फोंमशन टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट खोलने की भी तीव्र आवश्यकता है। पूरी दुनिया में भारत की सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति को आगे बढ़ाने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी मार्केटिंग की जाना चाहिए। जिससे हमे इस क्षेत्र मे नये बाजार मिलेंगे। निश्चित रूप से नये प्रयासो से इस क्षेत्र मे गति आएगी साथ ही यह भी महत्वपूर्ण है कि यदि हम अमेरिका जाने वाले भारतीय आई.टी. पेशेवरों का देश में ही उचित उपयोग लेने लगें तो हम प्रतिवर्ष दो अरब डालर के नुकसान से बच जाएगें और हमारे विशेषज्ञ देश का कायाकल्प कर देगें।

साईबर कानून – 18 अक्टूबर 2000 से सूचना प्रौद्योगिकी कानून प्रभावी हो गया है। इसके प्रभावी होने से इलेक्ट्रानिक व्यापारिक दस्तावेजों को कानूनी मान्यता प्राप्त हो गई है तथा अब वे साक्ष्य के रूप में किसी भी भारतीय न्यायालय में मान्य होगें। इसके अतिरिक्त इलेक्ट्रानिक अभिलेखों इलेक्ट्रानिक पत्राचार व डिजिटल हस्ताक्षर एवं डिजिटल प्रमाण पत्रों को कानूनी आधार मिल गया है। अब कोई भी व्यक्ति कम्प्यूटर नेटवर्क के द्वारा डाटाबेसों के साथ छेड़छाड़ एवं इलेक्ट्रानिक धोखाधड़ी के लिए जिम्मेदार पाए जाने पर दण्ड का भागीदार हो सकता है।

सूचना प्रौद्योगिकी के विकास से सामाजिक जीवन में काफी बदलाव आ गया है किन्तु इस विकास की अपनी सीमाए है। साइबर स्पेस ने साइबर अपराध, सुरक्षा निजता और नागरिक की हिफाजत को दांव पर लगा दिया है । साफ्टवेयर चोरी, हैकिंग, ई–करेंसी धोखाधड़ी, पेटेन्ट अधिकारों का उल्लंघन तथा अन्य बुराइयों से निपटने के लिए नई चुनौतियां पैदा हुई है। जिससे निपटने के लिए कुछ नये कानून जिन्हें साइबर कानून कहा गया है, बनाए गए है। इस प्रकार सूचना समाज के समक्ष चुनौती दस्तक दे रही है जिसके लिए आवश्यक है कि हमारा समाज एक बौद्धिक समाज में तब्दील हो, तब सूचना प्रौद्योगिकी समाज के निर्माण के मूलाधार का काम करेगी, और दूरगामी सामाजिक बदलाव के लिए मार्ग भी प्रशस्त करेगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. मनोरमा इयर बुक –2002
2. परिवर्तन एवं विकास का समाजशास्त्र – 2010 ISBN - 81–7004–252–6 डी.जी.आर.मदन
3. भारत 2008 ISBN - 81–230–1489–9
4. प्रतियोगिता दर्पण अर्द्धवार्षिक जनवरी 2011
5. साइन्स इंडिया राष्ट्रीय विज्ञान पत्रिका ISSN -2319–9423 Dec. 2014

****

सामाजिक समस्या एचआईवी/एड्स का समाजशास्त्रीय अध्ययन (वर्तमान समय वर्ष–2018 में एड्स पीड़ित महिलाओं के विशेष संदर्भ में)

डॉ. सुधा सुरेश सिलावट * डॉ. त्रिपत कौर चावला ** सुमन सिंह ***

प्रस्तावना – समाज, सामाजिक संबंधों का जाल है। 'जो मनुष्य समाज में नहीं रहता है वह या तो पशु है या देवता।' अरस्तु महोदय के इस कथन से समाज की गरिमा, श्रेष्ठता परिलक्षित होती है। भारतीय समाज एक बहुभाषी, बहुवर्गीय समन्वित, संगठित समाज है। भारतीय समाज में अनेक सामाजिक समस्याऐं भी विद्यमान हैं। 'सामाजिक समस्याए सामाजिक आदर्शों का विचलन है, जो सामूहिक प्रयासों से ही ठीक हो सकता है।' वाल्श तथा फरके महोदय ने वर्ष–1960 में सामाजिक समस्याओं को उनकी उत्पत्ति, प्रभावशीलता के आधार पर वर्गीकृत, विश्लेषित भी किया है। भारतीय समाज में सामाजिक–सांस्कृतिक दृष्टिकोण से प्रमुख समस्याऐं निम्नवत हैं – बेरोजगारी, गरीबी, वेश्यावृत्ति, कन्या भ्रूण हत्या, दहेज, एचआईवी/एड्स, अशिक्षा, जनसंख्या वृद्धि आदि। भारतीय समाज में एचआईवी/एड्स की समस्या एक साधारण समस्या नहीं है क्योंकि यह एक सामाजिक समस्या के रूप में सामने आई है। भारत देश में सर्वप्रथम फरवरी–1986 में चेन्नई की एक महिला यौनकर्मी में इस रोग से संक्रमित होने की पहचान की गई थी और आजकल इस बीमारी का अधिकतर संक्रमण इस सामाजिक समस्या के उत्पन्न 4 प्रमुख कारणों में से सबसे प्रमुख कारण 'यौन संबंध'' ही है जो कि मानव जीवन की एक आवश्यक प्रक्रिया है। इसी से संतान की उत्पत्ति होती है। समाज की गतिशीलता आगे बढ़ती है। जब यह जनन क्रिया असुरक्षित (एक से अधिक साथियों के साथ अनैतिक रूप से किया जाए) संबंध होता है तो उसे भारतीय समाज मान्य नहीं करता है। एचआईवी/एड्स रूपी सामाजिक समस्या का गरीबी/बेरोजगारी/वेश्यावृत्ति से घनिष्ठ संबंध है। सामाजिक समस्याऐं आज विश्व के सभी सभ्य समाज के लिये एक कड़ी चुनौती के रूप में सामने आ रही है। समाजशास्त्रीय विद्वान स्वर्णकार, प्रेमचंद के अनुसार लम्बे समय से सामाजिक समस्याओं के अध्ययन में शोधार्थियों की रूचि के बने रहने का कारण यही है कि यह सामाजिक समस्याऐं मानव के सामाजिक–सांस्कृतिक जीवन का एक अभिन्न अंग है।

एड्स एक सामाजिक समस्या – गुप्ता एवं शर्मा : समाजशास्त्र (2016) के अनुसार किसी भी सामाजिक समस्या के 3 तत्व होना आवश्यक है –

I. सामाजिक समस्या एक ऐसी दशा है जिसमें सापेक्ष रूप से काफी लोग उलझे होते हैं।

A) इस दशा को अधिकांश लोगों की मूल्य व्यवस्था की दृष्टि से समाज के लिए खतरा समझा जाता है।

B) इसमें वह मान कर चला जाता है कि सामूहिक प्रयत्न के द्वारा इस दशा को नियंत्रित किया जा सकता है।

अत: यह कहा जा सकता है कि सामाजिक समस्या का अस्तित्व उसके प्रति जनता की जागरूकता पर भी निर्भर करता है।

एड्स रोग की उत्पत्ति का प्रमुख कारण एवं स्त्रोत वेश्यावृत्ति को भी माना जाता है। चूंकि एड्स की बीमारी अब तक एक लाईलाज बीमारी है अत: यह एक विश्वव्यापी समस्या का रूप ग्रहण कर चुकी है।

एड्स – एक्वायर्ड इम्यूनो डिफिसिएन्सी सिन्ड्रोम का संक्षिप्त नाम है जिसका तात्पर्य ऐसी दशाओं से है। जिसमें शरीर के अंदर की बनी हुई सुरक्षा प्रणाली (इम्यून सिस्टम) पूरी तरह नष्ट हो जाती है। अमेरिका की सेन्टर फॉर डिसीज कन्ट्रोल एण्ड प्रिवेन्सन (C.D.S.) के अनुसार –Aids is a disability of Life. Threatening illness caused by human immuno-deficiencies virus (HIV) charaterised by HIV encephalopathy, HIV wasting syndrome of certian diseases due to immunodeficiency in a person with laboratory evidence of HIV infection of without certain other known causes of immuno-deficiency.

इस प्रकार एड्स नामक रोग का सबसे महत्वपूर्ण लक्षण शरीर के अंदर बनी हुई सुरक्षा प्रणाली को नष्ट होना होता है। इसमें शरीर की सुरक्षा प्रणाली धीरे–धीरे नष्ट होती है, परन्तु इसमें प्रभावित व्यक्ति निमोनिया, डायरिया, तपेदिक यहां तक की साधारण सर्दी खांसी आदि के संक्रमण से भी अपने आपको नहीं बचा पाता है और अंत में मृत्यु को प्राप्त करता है। इस रोग की प्रकृति इतनी विविध एवं विकराल है कि इस एड्स से संबंधित नहीं बल्कि सिन्ड्रोम के रूप में की गई है, जिसमें एक समय में रोग के अनेक लक्षणों एवं चिन्हों का समावेश रहता है।

'एड्स' नामक रोग की पहचान सर्वप्रथम संयुक्त राष्ट्र अमेरिका में सन् 1981 ई. में की गयी थी। जिसके प्रमाण Retrovirus समूह के थे और जिन्हें HIV (Human immuno deficiency virus) कहा गया। ये रोगाणु विज्ञान के लिए नए थे और जिस पर वैज्ञानिकों द्वारा आज तक नियंत्रण में नहीं लाया जा सकता है। फलस्वरूप (HIV) के संक्रमण से पूरी विश्व में 'एड्स' नामक रोग फैलने का खतरा बढ़ता जा रहा है। HIVसंक्रमण की जांच हेतु अमेरिका एवं फ्रांस में बढ़े पैमाने पर संयत्र एवं उपकरण बनाए जाने लगे हैं, जिनकी बिक्री से प्राप्त रॉयल्टी (Royality) से सन् 1988 ई. में 'World AIDs Foundation' की स्थापना की गयी।

इस प्रकार 'एड्स' के रोगाणु/जीवाणु संक्रमण योग्य (Infections) होते हैं परन्तु इन जीवाणुओं का कोई जीवन चक्र (Life Cycle) नहीं होता है और न ही यह मच्छरों में पलते या बढ़ते हैं। यही कारण है कि HIV संक्रमण

* प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय, राऊ, जिला - इन्दौर (म.प्र.) भारत
** व्याख्याता, माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, मोती तबेला, इन्दौर (म.प्र.) भारत
*** शोधार्थी (समाजशास्त्र) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

वातावरण (हवा, जल, भोजन) द्वारा मच्छरों या मक्खियों द्वारा अथवा हैजा, चेचक, पोलियो, साधारण सर्दी–खांसी या अन्य रोगों के जीवाणुओं की तरह वहनीय रोग के रूप में नहीं होते हैं। फलस्वरूप HIV का संक्रमण आंलिगन, चुम्बन या एक ही बिस्तर एवं भोजन का एक साथ प्रयोग द्वारा नहीं होता है, बल्कि इसके जीवाणु निम्न तीन दशाओं में शरीर में प्रवेश करता है।

1) Sexually - HIVसंक्रमण का दूसरा मुख्य स्त्रोत होता है, HIV संक्रमित व्यक्ति के साथ संभोग अथवा यौन सम्बन्ध।

2) Parenterally - HIV संक्रमण का दूसरा स्रोत होता है – संक्रमित खून का आदान–प्रदान (Blood Transfusion) चाहे वह सुई, इंजेक्शन या अन्य किसी यंत्र से सम्भव किया जाये।

3) Perinatally - HIV संक्रमण का तीसरा स्रोत होता है – HIV संक्रमित माता, अर्थात् HIV संक्रमित माता द्वारा अपने नवजात शिशुओं का संक्रमित करना।

HIV से संक्रमित व्यक्ति के चार अवस्था होते हैं – प्रथम संक्रमित अवस्था में से 4 से 6 सप्ताह के अन्दर साधारण फ्लू व बदन दर्द के पश्चात् 9 से 10 वर्षो तक 'एड्स रोग' के कोई लक्षण नहीं उभरते हैं। प्राय: इसे Incubation Period कहा जाता है। बच्चों में यह अवस्था 18 से 24 माह तक होती है। इस अवस्था में रोगी स्वस्थ तो दिखता है परन्तु वे एड्स के जीवाणु वाहक के रूप में होते हैं और दूसरे व्यक्ति को HIV से संक्रमित करने की क्षमता रखते हैं। दूसरी अवस्था एड्स रोग के लक्षणों के विकास का है। तीसरी अवस्था एड्स रोग की विकसित अवस्था तथा चौथी अवस्था मृत्यु हो जाती है। Incubation Period के बाद की अवस्था दर्दनाक एवं करूणामय होती है, जिसमें व्यक्ति विश्व के तमाम भौतिक साधनों के विरूद्ध बिल्कुल असहाय एवं निरूपाय रोगों से लड़ते हुए प्राण त्याग देता है।

इस प्रकार HIV से संक्रमित व्यक्ति एक लम्बी अवधि तक एड्स का रोगी नहीं होता है बल्कि केवल एड्स के जीवाणु (HIV) से संक्रमित होता है। एड्स के ये जीवाणु शरीर के विभिन्न तरल पदार्थो में यथा मुख्य रूप से खून, वीर्य एवं स्त्री जननेन्द्रियों से बहने वाले पदार्थो में पहचान की गयी है। इसके अतिरिक्त लार (Saliva) आँसू एवं संक्रमित माता के दूध में भी ऐसे जीवाणु कुछ मात्रा में पाए जाते हैं। बाद में यह HIV संक्रमित एड्स रोग के रूप में विकसित हो जाता है, तब पीड़ित व्यक्ति को एड्स से ग्रसित बीमार व्यक्ति कहा जाता है।

एड्स को भारत में एक विदेशी रोग समझा जाता था, परन्तु मई 1986 में अमेरिका से ह्रदय का बाई–पास सर्जरी कराकर लौटे एक भारतीय व्यक्ति को HIV संक्रमित रक्त प्रदान (Blood Transfusion) करने का मामला प्रकाश में आया तथा अप्रैल 1986 में ही तमिलनाडु की स्थानीय महिला वेश्याओं में HIV संक्रमण दर्ज की गई। पुन: 1990 के प्रारंभ में भारत के उत्तर–पूर्वी राज्यों में HIV संक्रमित एक महामारी के इस रूप में सामने आया है।

प्रमुख शोध संस्थान – नैको – National Aids Control Organisation तथा राज्य स्तरीय बोर्ड का गठन (मध्यप्रदेश मे 'मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति, भोपाल) किया गया तथा ICMR - Indian Council of Medical Research द्वारा पूना में National Aids Research Institute (NARI) की स्थापना की गई है।

वर्तमान समय वर्ष–2018 में विश्लेषणात्मक शोध अध्ययन का महत्व – प्रस्तुत विषय एचआईवी/एड्स के शोध अध्ययन की वर्तमान में बहुत अधिक शोध अध्ययन अनुसंधान प्रासंगिकता एवं महत्व है। यह सही है कि एड्स रोग की पहचान सर्वप्रथम अमेरिका तथा अफ्रीका में की गई तदुपरांत फ्रांस, ब्रिटेन जैसे विकसित एवं अन्य विकासशील देशों में की गई है। कोई भी विश्व का देश इस रोग से अछूता नहीं रहने के कारण इसे विश्व महामारी प्रकृति का रोग कहा जाता है। अफ्रीका में एड्स के रोगियों एवं HIV संक्रमित लोगों के व्यापक सर्वेक्षण में यह पाया गया है कि 'असंक्रमित शक्तियों में HIV संक्रमण केवल संभोग सहयोगियों के द्वारा ही हुआ है।

इससे यह बिल्कुल स्पष्ट हो जाता है कि एड्स नामक रोग मुख्य रूप से एक पुरूष द्वारा कई स्त्रियों के संभोग या एक स्त्री द्वारा कई पुरूष के साथ संभोग से उत्पन्न होता है। यही कारण है कि वेश्यावृत्ति को एड्स का प्रधान केन्द्रीय स्त्रोत, कारण समझा जाता है जो विभिन्न जनन इन्द्रियों रोग जैसे उपदंश (सिफलिस), सुजाक (गोनेरिया) रतिज व्रणाभ (केनक्रायड) आदि की तुलना में अधिक अयानक, गंभीर एवं तीव्र संक्रमण का प्रभाव रखने के कारण, विश्व महामारी का रूप लेने में सक्षम मानी जाती है। बम्बई के लालबत्ती (Red Light) क्षेत्र में प्रति 1000 वेश्याओं में से लगभग 300 वेश्याओं का HIV से संक्रमित होने का अनुमान प्राप्त किया गया है।

इस प्रकार बम्बई महानगर के लालबत्ती (Red Light) क्षेत्र में ही प्रति सात से आठ मिनट में एक व्यक्ति HIV से संक्रमित होता है, जो भारत में एड्स के बढ़ते खतरों के प्रति विशेष ध्यान आकर्षित करता है कि किस प्रकार एवं कितनी तेजी से HIV से संक्रमित से व्यक्ति देश में HIV का संक्रमण फैला रहे हैं परन्तु HIV संक्रमण की इस श्रृंखला को तोड़ने के लिए अभी तक टीकाकरण इजाद नहीं किया जा सका है। इस टीकाकरण की खोज में लगे वैज्ञानिक को नित्य नई–नई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वर्तमान समय में एड्स के विरूद्ध केवल एक ही टीकाकरण मालूम पड़ा है उसे IEC का नाम दिया गया है अर्थात् Information (सूचना), Education (शिक्षा) तथा Communication or Counselling (संचार या परामर्श)। तात्पर्य यह है कि पर्याप्त सूचना, शिक्षा, संचार एवं परामर्श माध्यमों से एड्स नामक रोग के विरूद्ध तब तक के लिए जेहाद छेड़ा जा सकता है, जब तक कि कोई सक्षम टीकाकरण उपलब्ध नहीं हो जाता है। वास्तव में ड्रग एडिक्ट्स एवं व्यावसायिक रक्तदान पर युक्तियुक्त नियंत्रण के साथ–साथ वेश्याओं में HIV जांच एवं नियंत्रण तथा वेश्यावृत्ति से जुड़े पुरूषों की वास्तविक स्थिति अथवा संक्रमण का ज्ञान देना अति आवश्यक है। परन्तु एड्स जैसे भयानक रोग के बारे में केवल ज्ञान एवं जानकारी फैलाना ही काफी नहीं है। बल्कि इसके लिए आगे भौतिक सहायता की भी आवश्यकता है। भारतीय महिलाओं को विविध प्रकार के निर्णय लेने की शक्ति से युक्त करना भी आवश्यक है। साथ ही जीवन चर्या (Life & Style) एवं व्यवहार की ज्ञान एवं दिशा निर्देश (Counselling) के माध्यम से तथा दीर्घकालीन उपायों द्वारा परिवर्तित किए जाने की आवश्यकता है। अन्य उपायों में निरोध (Condom) के सही प्रयोग का ज्ञान, नई सुई (Disposable Syringe) की उपलब्धता आदि को शामिल किया जा सकता है। यद्यपि, अधिक लागत वाले उपाय केवल अल्पकालीन प्रभाव ही पैदा कर सकते हैं। अत: दीर्घकालीन योजना के अभाव में मितव्ययी उपायों की कामना नहीं की जा सकती है। फिर भी उपशमनात्मक तरीकों में एक से अधिक स्त्रियों या पुरूषों में शारीरिक सम्बन्ध नहीं रखने पर बल प्रदान किया जा सकता है ताकि एड्स के खतरों में कमी आ सके। साथ ही निरोध (Condom) का प्रयोग, केवल असंक्रमित, विश्वसनीय ब्लड बैंक की उपलब्धता, उतावलेपन एवं खतरनाक व्यवहार पर नियंत्रण हेतु ड्रग एवं

अल्कोहल के प्रयोग की उपेक्षा आदि उपायों को अपनाया जा सकता है। चूंकि भ्प्ट शरीर के बाहर सूखे की दशा में शीघ्र नष्ट हो जाते हैं अथवा 15 मिनट तक उबालने पर ये जीवाणु मृत हो जाते हैं। अत: साफ-सफाई, उबालने, दबाव-युक्त ताप (Pressure - cookers) आदि जैसी जैव-सुरक्षा उपायों (Bio-Safety-Measures) को सावधानी हेतु अपनाया जा सकता है। चूंकि HIV संक्रमित माता के अजन्मे बच्चे को HIV संक्रमण के अधिक खतरे होते हैं। अत: उसके जन्म लेने अथवा जन्म नहीं लेने का निर्णय उन माताओं पर ही छोड़ दिया जाना श्रेष्ठकर उपाय है।

इसके विपरीत इन उपायों एवं सावधानियों के अभाव में यह विश्व महामारी (Pandemic) का रूप ले सकता है। वर्तमान समय वर्ष-2018 में एड्स केवल चिकित्सा जगत के लिए एक चैलेंज ही नहीं है बल्कि इसके सामाजिक, आर्थिक, मनोवैज्ञानिक, परावैज्ञानिक (Spiritual) वैधानिक एवं नैतिक प्रभाव भी सामने आ रहे हैं। छूत की बीमारी की भांति एड्स के जीवाणु समस्त समाज में व्याप्त हो रहे हैं, जिससे अनेकानेक सामाजिक समस्याएं भी उत्पन्न हो रही हैं। इसके रोगी पागलपन ही हद में या तो आत्महत्या के लिए अथवा असामाजिक हरकतों या अपराध करने के लिए मजबूर हो रहे हैं। इसके आर्थिक प्रभावों के अन्तर्गत समाज को होने वाली आर्थिक क्षति को शामिल किया जा सकता है। एड्स से पीड़ित एवं प्रभावित व्यक्ति सामान्य व्यक्ति की भांति काम नहीं कर सकेंगे और आय का एक बड़ा हिस्सा भी इस रोग की चिकित्सा में व्यय हो जायेगी, चाहे ऐसा व्यय उस व्यक्ति द्वारा किया जाए अथवा राज्य सरकारों द्वारा।

इस प्रकार एड्स नामक यह रोग विश्व के सामने पर्यावरण की समस्या की भांति एक ऐसी चुनौती है, जो वैश्विक स्तर पर सोच-विचार करने के लिए बाध्य तो करता है। परन्तु इसके लिए कार्य-योजना स्थानीय स्तर पर ही बनाए जा सकते हैं, जिसमें न केवल HIV संक्रमित व्यक्तियों के लिए बल्कि असंक्रमित व्यक्तियों के बचाव के लिए भी आवश्यक उपाय किए जाने की आवश्यकता है। यही कारण है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने सन् 1988 से प्रत्येक वर्ष 1 दिसम्बर को 'विश्व एड्स दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की है, जो एड्स जैसे खतरनाक बीमारी के विरूद्ध सामूहिक रूप से कार्य करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जाता है। वास्तव में एड्स रोग से पीड़ित व्यक्तियों की मृत्यु सभी लोगों को सावधान रहने का संदेश देती है जो अवश्य ही बेकार नहीं जानी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ नगरीय क्षेत्रों में भी भारतीय महिलाओं को जागरूक करना ही होगा तभी हम अपने महान भारत राष्ट्र को प्रगति पथ पर अग्रसर करते हुए, महिलाओं को पुरूषों की बराबरी में खड़ा करते हुए - 'सबका साथ सबका विकास' की पावन संकल्पना को साकार स्वरूप प्रदान करने में सक्षम हो सकेंगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. स्वर्णकार, प्रेमचंद (2016) - महारोग एड्स, प्रभात प्रकाशन, 4/19, आसफ अली रोड, नई दिल्ली।
2. Thomas, Gracious, Aids in India, Rawat Publication, Jaipur,1999
3. आहूजा, राम (2015) - सामाजिक समस्याऐं, रावत पब्लिकेशन, जयपुर (राजस्थान)।
4. Panvi, Khoroshed, M. Challenges of Aids, National Book Trust, New Delhi, 2010
5. सिंह, एम.एन. (1015) - एड्स तथा आधुनिक समाज, विवेक प्रकाशन, दिल्ली-04।
6. सिंह, नरेन्द्र पाल (2017) - जानलेवा एड्स और भारत की स्थिति, कुरूक्षेत्र मासिक पत्रिका, मंत्रालय, भारत सरकार।
7. मध्यप्रदेश सरकार (2017) - एचआईवी संक्रमण की विभिन्न मासिक रिपोर्ट्स, मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति, भोपाल (मध्यप्रदेश)।
8. World Health Organisation, Guideline for Counseling above HIV Infection and Disease, WHO Aids Sepies, 8, Geneva, WHO, 2017.
9. विभिन्न समाचार पत्र-पत्रिकाओं से प्राप्त शोध अध्ययन सामग्री।

****

जनजातीय समाज - समस्या एवं समाधान

डॉ. नीलिमा खरे *

प्रस्तावना – परम्परागत रूप से जनजातियाँ सुदूर एवं दुर्गम क्षेत्रों में निवास करती थी, जहाँ आवागमन के साधन बहुत सीमित थे। इसलिए यह जातियाँ बाह्य जगत से कटी हुई थी। इनकी अपनी संस्कृति और जीवनयापन की पद्धति थी। वे बाह्य जगत में होने वाले उतार चढ़ाव से अछूती रहती थी। अंग्रेजी शासन काल में अंग्रेज प्रशासकों की नीतियों के परिणामस्वरूप जनजातियाँ बाह्य जगत के सम्पर्क में आई और उनमें परिवर्तन की श्रृंखला प्रारंभ हो गई।

बाह्य जगत के सम्पर्क में आने पर उनमें नवीन चेतना विकसित हुई तथा जनजातीय लोग भी शहरों एवं औद्योगिक केन्द्रों में अपनी सामाजिक, आर्थिक स्थिति को ऊँचा करने के अवसर ढूंढने लगे। इस प्रयास में उन्होंने संस्कृतिकरण एवं परसंस्कृतिगृहण की प्रक्रियाओं को अपनाकर अपना रहन-सहन उच्च जातियों जैसा करने का प्रयास किया। किन्तु उनका यह प्रयास अधिक सफल नहीं रहा। स्वच्छन्द जीवन के ह्रास एवं सामाजिक संगठन में परिवर्तन के कारण अब वह अपनी पहले वाली स्थिति में भी नहीं जा सकते थे और न ही अपनी सामाजिक, आर्थिक स्थिति में कोई विशेष सुधार ही कर पा रहे थे। सरकारी कार्यक्रम एवं योजनाए उनकी आकांक्षाओं को पूरा नहीं कर पा रही थी। अशिक्षित एवं सीधे सादे होने के कारण वह बाह्य लोगों के शोषण का शिकार होने लगे। परिणामस्वरूप कई जनजातियों में पुन: जनजातीयकरण की प्रक्रिया प्रारंभ हुई जिसका उद्देश्य पुन: जनजातीय संस्कृति की ओर लौटना था।

समस्याए –

1. **स्वतंत्रता पूर्व अंग्रेजी शासन काल –** जब देश में राजतंत्र की व्यवस्था थी। राजा महाराजा जनजातीय क्षेत्रों में इन्हीं कबीलों के सरदार लोगों के द्वारा व्यवस्था का संचालन करते थे। जनजातीय अपने सामाजिक आर्थिक कार्यो के लिए एक स्वतंत्र इकाई के रूप में कार्य करती थी।

अंग्रेजी शासनकाल में जनजातीय समस्या का प्रारंभ अठारवीं सदी के उत्तरार्द्ध में उस समय हुआ जब इनका महत्व शासकों को ज्ञात हुआ।

सन् 1772 में राजमहल जिले के पहाड़िया जनजाति के लोगों का हिन्दू जमींदारों के खिलाफ उठे विद्रोह, 1831 में बिहार के सिंहभूमि जिले के 'होय जनजाति का हिन्दू राजा के विरूद्ध विद्रोह, 1855 का संथाल विद्रोह आदि तत्कालीन सरकार का ध्यान जनजातीय समस्याओं की ओर आकृष्ट हुआ। सन् 1861 में संसद ने भारतीय परिषद एक्ट पास कर आदिवासी क्षेत्रों के लिए बनाए गए नियमों और अधिनियमों को वैधानिकता प्रदान की, इस अधिनियम के द्वारा आदिवासियों को सुरक्षा प्रदान करना, बाहरी लोगों के शोषण से उनको बचाना तथा आर्थिक एवं सामाजिक संरक्षण प्रदान करना रहा। बैरियर एल्विन ने 1940 में इनके सुरक्षित क्षेत्र की वकालत की किन्तु अन्य मानव शास्त्रियों का समर्थन नहीं मिल सका। किन्तु कुछ समय बाद विद्वानों ने विचारधारा में तथा सोच में बदलाव लाकर जनजातियों को राष्ट्रीय धारा से जोड़ने की बात को स्वीकार किया।

2. **स्वतंत्र भारत में जनजातीय समस्याए–** स्वतंत्रता के पश्चात जनजातियों के चहुमुखी विकास के लिए तथा राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रान्त में विभिन्न समितियों का गठन किया गया, समितियों की रिपोर्ट के आधार पर संविधान ने इनको सुरक्षा आर्थिक विकास तथा शोषण से बचाने के लिए संविधान में संशोधन करते हुए संरक्षण प्रदान किया गया, जनजातियों की संस्कृति नष्ट न होने पाए इसके प्रयास सुनिश्चित किए गए। संविधान की धारा 23, 46, 330 एवं 342 द्वारा अनुसूचित जनजातियों के संरक्षण पर भी जोर दिया गया। आदिवासियों के विकास हेतु शिक्षा, कृषि, सिंचाई योजनायें, भूमि सुधार एवं संरक्षण तथा आवास व पुनर्वास, पशुधन विकास, संचार व्यवस्था, गृह एवं कुटीर उद्योग, सहकारिता, पेयजल एवं स्वास्थ्य चिकित्सा, गृह निर्माण, स्वयं सेवी एजेन्सी की सहायता शासन एवं अनुसंधान जैसे क्षेत्रों के सफल क्रियान्वयन हेतु विकासखण्ड खोले गए। विकास के इन तमाम उपादानों ने जनजातियों को एक संक्रमण की अवस्था में लाकर खड़ा कर दिया जो आदिवासी भोलेभाले थे, समूह में रहकर निष्ठा से एक दूसरे की मदद करते थे, वही आदिवासी लोग अब छलकपट द्वारा अपने ही लोगों के शोषण में लिप्त होते दिखने लगे, परसंस्कृति के प्रभाव के कारण इनकी आवश्यकताओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है। जिसके परिणामस्वरूप समस्याओं में वृद्धि हुई।

शासन व्यवस्था द्वारा स्थापित नियमों व कानूनों से भी जनजातियों के लिए समस्याए उत्पन्न हुई जैसे जंगल के कड़े कानूनों के कारण उनके सामने आजीविका का संकट पैदा होना। सभ्य समाज के प्रशासक ठेकेदारों, व्यापारियों, महाजनों ने जनजातियों की सरलता और सच्चाई का फायदा उठाकर इनके श्रम का उचित मूल्य न देना, वनोपज सस्ते दामों में खरीदने आदि में सतत् शोषण हुआ। जिसमें इनकी अर्थव्यवस्था निम्न होती चली गई, इस तरह सभ्य समाज से सम्पर्क, दुर्गम निवास स्थान, शोषण, नेतृत्व का अभाव, शासन द्वारा बनाये गये जंगल के कड़े कानून, जनजातियों के लिए विविध प्रकार की समस्याओं से जूझने के लिए मजबूर कर दिया जैसे खाद्य समस्या, आवास समस्या, ऋण ग्रस्तता की समस्या, भूमि कृषि समस्या, स्वास्थ्य संबंधी समस्या, शिक्षा संबंधी समस्या, लोक संस्कृति के टूटने की समस्या, कन्या मूल्य की समस्या, स्त्रियों की कृषि एवं वनोपज संग्रहण की जिम्मेदारियाँ, जिससे बाह्य व्यक्तियों द्वारा यौन शोषण किया जाना भी एक जटिल समस्या थी।

3. **वर्तमान में जनजातीय समस्याए –** वर्तमान में जनजातीय समस्यायें

*सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय स्वा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शहडोल (म.प्र.) भारत

प्रमुख रूप से परिलक्षित हो रही है–

क. भूमि अलगाव या भूमि पृथक्करण अर्थात् वह दशा जिसमें जनजातीय लोगों को लिए गए ऋण या अपने उपभोग हेतु आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए स्वयं ही अपनी कृषि योग्य भूमि को अन्य व्यक्ति को हस्तान्तरित करने के लिए विवश होना पड़ता है। भूमि पृथक्करण की विवेचना करते हुये डॉ.. जी.के. अग्रवाल ने बताया कि सन् 1951 के रिकार्ड के अनुसार उत्तरप्रदेश के थारू और बुक्सा जनजाती के पास 2.5 लाख हे. से भी अधिक भूमि थी जो अब घटकर केवल 30 हजार हेक्टेयर रह गई है। अत: यही स्थिति सभी राज्यों की जनजातियों के जीवन में है, जिससे इनकी आर्थिक स्थिति निरंतर बिगड़ती जा रही है, भूमि पृथक्करण के कई कारण है जैसे धन का अभाव, प्राकृतिक कारक, बाह्य समूह के स्वार्थ, नक्सली एवं आतंकवादी गतिविधियों के कारण, मध्यप्रदेश, बालाघाट, मंडला, डिण्डौरी इसी तरह काश्मीर, पंजाब, असम, एवं पूर्वोत्तर राज्यों में जनजातियों को भूमि से पृथक किया जा रहा है तथा शासन द्वारा भू अधिग्रहण विकास योजनाओं बांध, सड़क, रेल, फैक्ट्री की स्थापना के लिए भूमि की आवश्यकता होती है, उदाहरण के लिए जबलपुर में बरगी बांध स्थापना के कारण बरगी और समीपस्थ गांवों से गोड़ जनजाती को पृथक होना पड़ा। इसी तरह मध्यप्रदेश में सरदार सरोवर परियोजना के निर्माण के कारण हरसूद गांव खाली कराया गया है। इससे लगभग दो लाख भील आदिवासी विस्थापित हुये हैं।

ख. कृषक शोषण– ग्रामीण कृषक से अधिक शोषण जनजातीय कृषकों का हो रहा है। जंगल के सख्त कानूनों, भूमि खेती के प्रतिबंधित होने के कारण जनजातीय समाज के सामने जीवन यापन का संकट खड़ा हो गया है। वनोपज के अभाव में इनके लिए भरणपोषण की समस्या बनी रहती है तथा शासकीय योजनाओं का लाभ भी बिचौलियों द्वारा ले लिया जाता है। बीज, खाद भी मिलावटी होने के कारण इनकी कृषि प्रभावित होती है, वहीं व्यापारियों द्वारा सस्ती दर पर उत्पादित वस्तुओं को खरीदने से आर्थिक शोषण का शिकार होते हैं जिससे जनजातीय कृषकों की स्थिति निरंतर खराब होती जा रही है। स्वतंत्र भारत के वर्तमान में सर्वाधिक आत्महत्याए भी कृषकों द्वारा की गई है। महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश आदि राज्यों में मौसम की गड़बड़ी, सूदखोरी के दबाव, उत्पादित फसल के वाजिब दाम न मिलने के कारण प्रतिवर्ष शोषित कृषक अन्तत: इस ओर अग्रसर हो रहे हैं।

ग. अशिक्षा और ऋण ग्रस्तता – साक्षरता का प्रतिशत निम्न है तो ऋण ग्रस्तता का प्रतिशत काफी उच्च है, जनजातीय शिक्षा के प्रति जागरूक नहीं है तथा बच्चे यदि स्कूल जाते हैं तो उन्हें इनकी मातृभाषा या बोली में शिक्षा देने का कोई प्रयास नहीं किया गया हैं तथा शिक्षक भी गैर जनजातीय है। जो जनजातियों की आर्थिक एवं सामाजिक आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पाती जिससे आज भी यहाँ अशिक्षा व्याप्त है।

घ. बेरोजगारी – बुनियादी सुविधाओं का अभाव जैसे बिजली, संचार साधन, आवास, सड़क, परिवहन, स्वास्थ्य, शिक्षा की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में नहीं है। सिंचाई के साधनों की कमी, उत्पादित वस्तुओं का बाजार सीमित है। उद्योगों के विकसित न होने के कारण भी बेरोजगारी बढ़ रही है। भारत में शिक्षित बेरोजगारी का मुख्य कारण वर्तमान शिक्षा प्रणाली में मानशक्ति के समुचित उपयोग एवं आर्थिक विकास के अनुरूप जनशक्ति के निर्माण पर ध्यान नहीं दिया गया एवं दोषपूर्ण दृष्टिकोण अर्थात एकमात्र लक्ष्य नौकरी पाना है। इनमें स्वरोजगार की भावना बहुत कम है। इससे भी बेरोजगारी बढ़ रही है।

स्वतंत्रता के पश्चात भारत राज्यों के एक संघ के रूप में विकसित हुआ। भारतीय संविधान में समानता और विचारों की अभिव्यक्ति को मौलिक अधिकारों में सम्मिलित किया गया। साथ ही शोषण से रक्षा के अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार तथा अल्पसंख्यकों को अपनी संस्कृति, भाषा व लिपि के संरक्षण को मौलिक अधिकारों में सम्मिलित किया गया।

भारत में जनजातियों की संख्या को देखते हुए किसी अर्थपूर्ण विकास के लिए इनकी समस्याओं का समाधान जरूरी था। इनका सामाजिक स्तर अत्यंत निम्न था। इनके सामाजिक, आर्थिक उत्थान से ही समानता का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता था। इनके शोषण को समाप्त करने पर ही मौलिक अधिकार सार्थक हो सकते थे। इसलिये केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकारों ने जनजातियों को राष्ट्र की मुख्य धारा में लाने के लिए अनेक प्रयास प्रारम्भ किये।

जनजातियों के हितों की सुरक्षा और उनके विकास के लिए विशेष सुविधाए प्रदान करने का उत्तरदायित्व सरकार ने वहन किया। जिसके लिए सरकार द्वारा अनेक रचनात्मक उपाय अपनाए गए। संसद एवं विधानसभाओं में उनके प्रतिनिधित्व के लिए स्थान सुरक्षित किए गए। सरकारी सेवाओं में उनके लिए निश्चित प्रतिशत, स्थान सुरक्षित किए गए। शिक्षा केन्द्रों में सभी स्तरों पर प्रवेश के लिए सुरक्षित स्थानों का प्रावधान किया गया। जनजातियों के बच्चों को पढ़ाने हेतु छात्रवृत्तियाँ दिए जाने का प्रावधान किया गया। मकान, कुँआ एवं स्वरोजगार हेतु आर्थिक सहायता के प्रावधान किए गए हैं।

उपरोक्त समस्याओं के मद्देनजर समस्याओं के समाधान भी विभिन्न योजनाओं को बनाकर किए गए। जिनका संक्षिप्त विश्लेषण किया गया है। विभिन्न पंचवर्षीय योजनाओं में राज्य सरकार द्वारा जनजातियों के सर्वांगीण विकास के लिए सतत् प्रयास किए गए, विकास कार्यक्रमों में आर्थिक उन्नयन के कार्यक्रम में स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्त्योदय योजनाए प्रमुख थी।

अन्त्योदय योजनाओं के द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े लोगों के उत्थान के लिए म.प्र. सरकार ने 1990 में अन्त्योदय योजनाए प्रारंभ की गई।

1. नवजीवन आवास योजना – आवास हेतु विकसित आवासीय भूखण्ड आवंटित करने की योजना
2. अन्त्योदय स्वरोजगार योजना
3. वसुन्धरा कृषि भूमि क्रय योजना एवं बंजर भूमि पुनरूद्धार योजना
4. जलीय योजना, सिंचाई की सुविधा
5. स्वाबलम्बन योजना
6. पवन पुत्र योजना
7. मधुवन योजना – अनुसूचित जनजाति के भूमिहीन मालिकाना हक प्राप्त कर सकें।
8. रफ्तार योजना
9. धनवन्तरि योजना

इनके अतिरिक्त जनजातियों को संवैधानिक संरक्षण प्रदान किया गया ताकि वे अपना सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक स्तर ऊँचा कर सके तथा जनजातियों का अधिक से अधिक विकास किया जा सके इसके लिए विभिन्न

प्रकार की सुविधाए उपलब्ध कराई गई जैसे–

1. विधान मण्डलों में प्रतिनिधित्व – म.प्र. में 320 सीटों में से 75 अनुसूचित जनजातियों तथा 44 अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित है।
2. पंचायतों तथा स्थानीय निकायों में प्रतिनिधित्व।
3. कल्याण एवं सलाहकार एजेन्सियों का गठन।
4. राज्य में कल्याण विभागों की स्थापना।
5. शिक्षण तथा कोचिंग सम्बन्धित योजना।
6. मैट्रिक के बाद शिक्षा के लिए छात्रवृत्तियाँ।
7. लड़कियों के लिए छात्रावास।
8. अनुसंधान प्रशिक्षण केन्द्र, राजीव गांधी राष्ट्रीय फैलोशिप योजना
9. मैट्रिक पूर्व छात्रवृत्तियाँ।
10. सेवाओं में आरक्षण – विभिन्न श्रेणियों की केन्द्रीय सेवाओं में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व इस प्रकार है– **तालिका 1 – (देखे)**

आंकड़ों से स्पष्ट है कि अनुसूचित जनजातियों के लिए विभिन्न सेवाओं में 7.5 प्रतिशत स्थान आरक्षित है लेकिन प्रथम, द्वितीय और तृतीय श्रेणी की सेवाओं में उन्हें मिलने वाले वास्तविक स्थान आरक्षित स्थानों की तुलना में बहुत कम है। अब सरकार ने यह प्रावधान किया है कि यदि किसी वर्ष निर्धारित आरक्षण का प्रतिशत पूरा नहीं हो सका तो उसे समाप्त न मानकर अगले वर्ष की नियुक्तियों में जोड़ दिया जाएगा।

यह सही है कि अभी भी जनजातियाँ अपने समस्याओं से जूझ रही है। और राष्ट्रीय जीवन से कटी है। किन्तु जैसे–जैसे उनकी समस्याओं का समाधान होता जा रहा है, राष्ट्रीय जीवन में उनकी सहभागिता बढ़ती जा रही है। नवीन योजनाओं के लाभ से उनमें आत्मविश्वास आया है। शिक्षा और गतिशीलता में वृद्धि हुई है तथा नवीन राजनीतिक चेतना का विकास हुआ है। राजनीतिकरण एवं निर्वाचित संस्थाओं में उनके निश्चित प्रतिनिधित्व से उनका सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान हुआ है। आज देश के विकास में जनजातियाँ महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। परन्तु अभी भी राष्ट्रीय जीवन में इनकी सक्रियता आशानुकूल नहीं है। इस दिशा में विशेष प्रयासों की अभी भी आवश्यकता है।

11. अत्याचारों में रोकथाम।
12. जनजातियों में सहकारी विपणन का विकास।
13. पुनर्वास की सुविधाए।
14. अन्य कल्याणकारी प्रयत्न जैसे स्वयंसेवी संगठन, वित्त और विकास निगम, जनजातीय मामलों का मंत्रालय, जनजातीय ग्रामीण अनाज बैंक योजना।
15. पढ़ों और कमाओं योजना।
16. विदेश में उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्तियाँ तथा यात्रा अनुदान।
17. अनुसूचित जनजातियों व अन्य परम्परागत वनवासियों हेतु वनाधिकार अधिनियम 2007

अभी हाल में दिनांक 11 मार्च 2016 के दैनिक भास्कर समाचार पत्र में जनजातियों के हित में 'जनजातीय न्याय प्रणाली को मिलेगी मान्यता' इस विषय पर विधि एवं न्याय मंत्रालय से जुड़ी संसदीय स्थायी समिति ने जनजातीय न्याय प्रणाली को देश की न्याय प्रणाली से जोड़ने तथा आदिवासी बहुल पूर्वोत्तर राज्यों में और उच्च न्यायालय खोलने की सिफारिश की है।

समिति की अध्यक्षता डॉ. नप्पिन ने पत्रकारों को बताया कि समिति जनजातीय न्याय प्रणाली में किसी तरह का परिवर्तन नहीं लाना चाहती किन्तु उसे राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए देश की न्याय प्रणाली से भी जोड़ना चाहती है। इस संबंध में जनजातीय न्याय प्रणाली कानून तथा जनजातीय अदालत का भी गठन करना चाहती है। देश में कुल आबादी का 8.61 प्रतिशत आदिवासी है और वे 15 प्रतिशत भूभाग पर फैले है। इस समय देश में 698 मान्यता प्राप्त जनजातियाँ है। जिनमें 31 जनजातियों की आबादी 5 लाख से अधिक है। उन्होंने बताया कि जनजातीय न्याय प्रणाली से जुडे आदिवासियों को प्रथम श्रेणी के मजिस्ट्रेट के समान वेतनमान तथा सुविधा दी जानी चाहिए एवं उन्हें प्रशिक्षित करने के लिए राज्य न्यायिक अकादमी का गठन किया जाना चाहिये। लोक अदालतों की तरह जनजातीय अदालतों को कानूनी मान्यता दी जानी चाहिए।

समिति ने सभी पूर्वोत्तर राज्यों में पृथक उच्च न्यायालय तथा स्वतंत्र न्यायिक अकादमी को भी गठित करने की शिफारिश की है ताकि जनजातीय न्याय प्रणाली को राष्ट्रीय न्याय प्रणाली से जोड़ा जाए। अत: जनजातियों के विकास एवं समस्याओं के समाधान की यह सोच एवं सिफारिश सकारात्मक है और भविष्य में भी जनजातीयों का भविष्य उज्जवल होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. जनजातीय पर्यावरण लेखक श्री सी.पी. तिवारी।
2. जनजातीय समाज का समाज शास्त्र।
   डॉ0. धर्मवीर महाजन।
   डॉ0. कमलेश महाजन।
3. जनजातीय भारत – नदीम हसनैन।
4. भारत 2008
5. समाज शास्त्र – जी.के. अग्रवाल।
6. समाज शास्त्र – ध्रुव दीक्षित।
7. जनजातीय समाज का समाज शास्त्र – डॉ0. एम.एल. गुप्ता। डॉ0. डी.डी. शर्मा।
8. 11 मार्च 2016 का दैनिक भास्कर म.प्र.।

तालिका 1

क्र.	श्रेणी (वर्ग)	कुल कर्मचारियों की संख्या	अनुसूचित जनजातियों की नियुक्तियाँ	प्रतिशत
1	प्रथम श्रेणी	99099	3928	3.97
2	द्वितीय श्रेणी	187033	7811	4.18
3	तृतीय श्रेणी	2141879	127064	5.93
4	चतुर्थ श्रेणी	953300	67949	7.13

ग्रामीण महिलाएँ एवं भारतीय सामाजिक विधान - एक सर्वेक्षणात्मक अध्ययन

डॉ. बन्दना वर्मा *

प्रस्तावना - भारतीय सभ्यता और संस्कृति में महिलाओं का स्थान और प्रस्थिति का एक संश्लिष्ट चित्र प्रस्तुत करने में अनेक कठिनाइयाँ हैं। भारतीय सामाजिक संरचना, जाति प्रथा और संलग्न संस्थाओं एवं विचारों, जो विलक्षण रूप से भारतीय हैं, से स्पष्ट है और देशकाल के अनुसार इनमें इतनी विभिन्नताएँ हैं कि उनका एक सामान्य चित्र प्रस्तुत करना अत्यन्त कठिन कार्य है। भारतीय इतिहास का काल विस्तार ईसा के जन्म से लगभग तीन हजार पाँच सौ वर्ष पूर्व प्रारम्भ होता है और ईसा के बाद लगभग दो हजार वर्ष तक। इस प्रकार साढ़े पाँच हजार वर्षों में नारी का उद्भव और विकास होता रहा है। नारी की स्थिति पर पुरुष जाति की सम्मति और आलोचनाएँ भी प्राय: अन्तर्विरोधी रही हैं। स्वयं नारी मनीषियाँ भी इस द्वन्द से ग्रसित रहीं और अपनी सामाजिक स्थिति के बारे में अनिश्चित। उपलब्ध तथ्यों और अभिलेखों से नारी को देवी अथवा शक्तिस्वरूपा दासी और सेविका और अबला कुछ भी प्रमाणित किया जा सकता है, परन्तु सब कुछ होते हुए भी व्यवहारिक रूप में भारत में स्त्रियों की स्थिति विभिन्न कालों में उठती गिरती रही है। महिलाओं का अस्तित्व उनके सामाजिक क्रियाकलापों में सहभागिता तथा उत्तरदायित्वों से जुड़ा हुआ है।

हमारे देश की जनसंख्या में लगभग आधा भाग महिलाए हैं। लेकिन उनकी प्रस्थिति आज भी पुरुषों के बराबर नहीं है। विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं की प्रस्थिति आज भी अत्यन्त दयनीय है। ग्रामीण महिलाओं की निम्न प्रस्थिति का कारण उनमें जागरूकता का अभाव है। आधुनिक भारतीय समाज में ग्रामीण महिलाओं की क्या प्रस्थिति है, यही जानने के लिए प्रस्तुत शोध सम्पन्न किया गया है, साथ ही भारतीय सामाजिक विधानों का ग्रामीण महिलाओं की प्रस्थिति पर क्या प्रभाव पड़ता है, इसका मूल्यांकन करना भी शोधार्थी द्वय का मुख्य उद्देश्य है।

अध्ययन के उद्देश्य - सामान्यत: प्रत्येक शोध अध्ययन के कुछ न कुछ उद्देश्य अवश्य हुआ करते हैं। अध्ययन के उद्देश्य प्राय: दो प्रकार के होते हैं- मौलिक एवं गौण। मेरे अध्ययन का मौलिक उद्देश्य 'ग्रामीण महिलाए एवं भारतीय सामाजिक विधान : एक सर्वेक्षणात्मक अध्ययन' को समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से अध्ययन करना है तथा प्रस्तुत शोध प्रपत्र के निम्नलिखित गौण उद्देश्य हैं-

1. सूचनादाताओं की सामाजिक आर्थिक पृष्ठभूमि ज्ञात करना।
2. भारतीय सामाजिक विधानों का ग्रामीण महिलाओं की प्रस्थिति पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन।
3. समस्या समाधान हेतु सुझाव प्रस्तुत करना।

परिकल्पनाएँ- प्रस्तुत शोध प्रपत्र में परीक्षण हेतु निम्नलिखित परिकल्पनाएँ निर्मित की गयी हैं-

1. विभिन्न सामाजिक विधानों द्वारा महिलाओं की प्रस्थिति बेहतर हुई है।
2. ग्रामीण महिलाए अपने अधिकारों के प्रति सजग हुई हैं।
3. ग्रामीण महिलाओं में अपने अधिकारों की प्राप्ति के लिए न्यायालय में जाने की प्रवृत्ति बढ़ी है।
4. सामाजिक विधानों ने ग्रामीण महिलाओं की सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि की की है।
5. ग्रामीण महिलाओं में अपने मूलभूत अधिकारों के प्रति जागरूकता आयी है।
6. सामाजिक विधानों के फलस्वरूप परिवार में होने वाले निर्णयों में महिलाओं की सहभागिता अपेक्षाकृत बढ़ी है।
7. महिलाओं को उनका हक दिलाने में स्वयंसेवी संगठनों एवं महिला आयोग की भूमिका सकारात्मक पायी गयी है।

विधि तन्त्र -प्रस्तुत अध्ययन को सम्पादित करने के लिए उत्तर प्रदेश के जनपद-इटावा के विकास खण्ड-जसवन्तनगर के ग्राम-जुगौरा की 100 महिलाओं पर आधारित है। न्यादर्शों का चुनाव सौद्देश्य निदर्शन पद्धति द्वारा किया गया है ताकि तार्किक निष्कर्षों की स्थापनाएँ की जा सकें।

प्राथमिक आंकड़ों के संकलन हेतु साक्षात्कार अनुसूची पद्धति का प्रयोग करते हुए प्रत्यक्ष अवलोकन प्रविधि को अपनाया गया है तथा वर्णात्मक शोध प्ररचना को अपनाया गया है।

तथ्य संकलन एवं विश्लेषण-

तालिका नम्बर-1 **(देखे आगे पृष्ठ पर)**

प्रसंगाधीन तालिका नम्बर-1 के प्राथमिक आंकड़ों के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि जातिगत आधार पर 29 (29.00) सवर्ण, 54 (54.00) अन्य पिछड़ी जाति एवं 17 (17.00) अनुसूचित जाति से सम्बन्धित हैं। आयु के आधार पर 15 (15.00) 20 वर्ष से कम, 72 (72.00) 20 वर्ष से 40, 40 के मध्य एवं 13 (13.00) सूचनादात्रियाँ 40 वर्ष से ऊपर आयु की हैं। शैक्षिक स्तर में 11 (11.00) निरक्षर, 09 (09.00) साक्षर एवं 80 (80.00) शिक्षित हैं। वैवाहिक स्तर पर 04 (04.00) अविवाहित, 94 (94.00) विवाहित एवं 02 (02.00) अन्य हैं। इस प्रकार उपरोक्त तालिका सूचनादात्रियों की सामाजिक पृष्ठभूमि को स्पष्ट करते हैं।

तालिका नम्बर-2 **(देखे आगे पृष्ठ पर)**

तालिका नम्बर-2 की प्राथमिक तथ्यों के विश्लेषण के आधार पर भारतीय सामाजिक विधानों का ग्रामीण महिलाओं की प्रस्थिति पर पड़ने वाले प्रभाव का आंकलन किया गया है। सामाजिक विधानों के कारण ग्रामीण महिलाओं की प्रस्थिति बेहतर हुई है। इस सम्बन्ध में 78 (78.00) सूचनादात्रियों ने हाँ, 11 (11.00) ने नहीं, 05 (5.00) ने उदासीनता

* सहायक प्राध्यापक, एस.एस.मेमोरियल महाविद्यालय, सुतियानी मोड़, ताखा, इटावा (उ.प्र.) भारत

दिखाई एवं 06 (6.00) ने कोई उत्तर नहीं दिया। ग्रामीण महिलाओं की सजगता में वृद्धि हुई है। इस सम्बन्ध में 73 (73.00) ने हाँ, 17 (17.00) ने नहीं, 06 (6.00) ने उदासीनता दिखाई एवं 04 (4.00) ने कोई प्रति उत्तर नहीं दिया है। विधानों के प्रभाव से ग्रामीण महिलाओं की अपने ऊपर हुये अत्याचारों के विरूद्ध न्यायालय जाने की प्रवृत्ति में वृद्धि हुई है- इस सम्बन्ध में 79 (79.00) ने हाँ, 13 (13.00) ने नहीं, 07 (7.00) ने उदासीनता दिखाई, एवं 01 (01.00) ने कोई प्रति उत्तर नहीं दिया। विधानों के प्रभाव से ग्रामीण महिलाओं की सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि हुई है। इसके सम्बन्ध में 67 (67.00) ने हाँ, 23 (23.00) ने नहीं तथा 03 (03.00) ने उदासीनता व्यक्त की एवं 07 (7.00) ने कोई प्रतिउत्तर नहीं दिया है। विधानों के प्रभाव से ग्रामीण महिलाओं की अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता में वृद्धि हुई है। इस सम्बन्ध में 73 (73.00) ने हाँ, 15 (15.00) ने नहीं व 07 (7.00) ने उदासीनता व्यक्त की तथा 05 (05.00) ने कोई प्रति उत्तर नहीं दिया है। सामाजिक विधानों के प्रभाव से ग्रामीण महिलाओं की पारिवारिक निर्णयों में सहभागिता में वृद्धि हुई है। इस सम्बन्ध में 69 (69.00) ने हाँ, 19 (19.00) ने नहीं, 07 (07.00) ने उदासीनता दिखाई तथा 05 (5.00) ने कोई प्रति उत्तर नहीं दिया है। महिलाओं को उनका हक दिलाने में स्वयं सेवी संगठनों एवं महिला आयोग की भूमिका सकारात्मक पायी गयी है। इस सम्बन्ध में 77 (77.00) ने हाँ, 21 (21.00) ने नहीं , 02 (02.00) ने उदासीनता व्यक्त की। इस प्रकार स्पष्ट होता है कि अधिकतर सूचनादात्रियों में ग्रामीण महिलाओं पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में सकारात्मक अभिमत प्रदान किये हैं। उपरोक्त तालिका नम्बर-2 से परिकल्पना नम्बर-1, 3, 4, 5, 6 तथा 7 सत्य एवं सार्थक सिद्ध हुई है।

निष्कर्ष एवं सुझाव – नवीन सामाजिक विधानों तथा संशोधित अधिनियमों द्वारा ग्रामीण महिलाओं की प्रस्थिति में काफी सुधार परिलक्षित हुये हैं। महिलाओं को पुरुषों के समान सम्पत्ति के अधिकार मिलने से परिवार में उनकी प्रस्थिति अधिक सम्मानजनक हुई है। स्त्रियों का सामाजिक, आर्थिक शोषण तथा उत्पीड़न कम हुआ है। ग्रामीण महिलाए अपने अधिकारों के प्रति सजग हुई हैं। उनमें अपने अधिकारों की प्राप्ति के लिए न्यायालय में जाने की प्रवृत्ति बढ़ी है। ग्रामीण महिलाओं में अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता आई है। अब परिवार में होने वाले निर्णयों में महिलाओं की सहभागिता आई है। अब परिवार में होने वाले निर्णयों में महिलाओं की सहभागिता अपेक्षाकृत बढ़ी है। ग्रामीण महिलाओं को उनका हक दिलाने में स्वयंसेवी संगठनों एवं महिला आयोग की भूमिका सकारात्मक हुयी है। नवीन सामाजिक विधानों में समाज में व्याप्त रूढ़ियाँ समाप्त कर महिलाओं को एक स्वस्थ पारिवारिक जीवन प्रदान किया है। जाति संस्तरण में परिवर्तनों से नारी दशाओं में सुधार हुआ है। महिलाओं में जकड़ी हीन भावनायें कम हुई हैं। वे आज अबला नहीं सबला हैं, नारी सशक्तिकरण को बल मिला है।

भारतीय सामाजिक विधानों का ग्रामीण महिलाओं पर अपेक्षित प्रभाव हेतु निम्नलिखित सुझाव सार्थक एवं उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं।

1. ग्रामीण महिलाओं को शिक्षित करने के लिए अधिकाधिक एवं त्वरित प्रयास किये जायें।
2. ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतन्त्र एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए रोजगारपरक शिक्षा एवं प्रशिक्षण नि:शुल्क प्रदान किया जाए।
3. सामाजिक विधानों का उल्लंघन करने वाले दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाए।
4. जन संचार साधन, समाचार पत्र, पत्रिकायें, गोष्ठियाँ आदि के द्वारा सामाजिक विधानों के प्रति मन में विश्वास पैदा करना समय की मांग है।
5. ग्रामीण महिलाओं की स्थिति सुधारने के लिए उनमें जागरूकता पैदा की जाए क्योंकि सामाजिक विधानों का उद्देश्य समाज में एक नई जागरूकता लाना है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सक्सेना, आर.एन. समाजशास्त्र की रूपरेखा भारत में सामाजिक विधान, वाणी प्रकाशन, दिल्ली, 2004, पृष्ठ संख्या 302
2. झा, लक्ष्मीकान्त इण्डियन सोशल लैजिसलेशन्स, लीगल पब्लिकेशन प्रा.लि., सिविल लाइन, कचहरी रोड, इलाहाबाद (उ.प्र.), 1970, पृष्ठ-3
3. सर्राफ सरला बदलती दुनिया में नारी की स्थिति एवं भूमिका, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली, 1985, पृष्ठ-18
4. शास्त्री, बी.वी. सोशल लैजिस्लेशन्स इन सोशल वैलफेयर, विवेक प्रकाशन, जवाहर नगर, दिल्ली, 1956, पृष्ठ-34

तालिका नम्बर-1
न्यादर्शों की सामाजिक पृष्ठभूमि

क्र सं.	चर	न्यादर्शों की आवृत्तियाँ/प्रतिशत			योग/प्रतिशत
1.	जाति	सवर्ण	पिछड़ी	अनुसूचित	100(100.00)
2.	आयु	29(29.00) 20 वर्ष से कम	54(54.00) 20 से 40 वर्ष	17(17.00) 40 से ऊपर	100(100.00)
3.	शिक्षा	15(15.00) निरक्षर	72(72.00) साक्षर	13(13.00) शिक्षित	100(100.00)
4.	वैवाहिक स्थिति	11(11.00) अविवाहिता 04(04.00)	09(09.00) विवाहिता 94(94.00)	80(80.00) अन्य 02(02.00)	100(100.00)

तालिका नम्बर–2

भारतीय सामाजिक विधानों का ग्रामीण महिलाओं की प्रस्थिति पर प्रभाव के प्रति अभिमत/दृष्टिकोण

क्र. सं.	कारक	अभिमत/प्रतिशत				योग/ प्रतिशत
		हाँ	नहीं	उदासीन	अनुत्तरित	
1	बेहतर प्रस्थिति	78 (78.00)	11 (11.00)	05 (05.00)	06 (06.00)	100 (100.00)
2.	सजगता में वृद्धि	73 (73.00)	17 (17.00)	06 (06.00)	04 (04.00)	100 (100.00)
3.	न्यायालय जाने की प्रवृत्ति में वृद्धि	79 (79.00)	15 (15.00)	07 (07.00)	01 (01.00)	100 (100.00)
4.	सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि	67 (67.00)	23 (23.00)	03 (03.00)	07 (07.00)	100 (100.00)
5.	अधिकारों के प्रति जागरूकत	।73 (73.00)	15 (15.00)	07 (07.00)	05 (05.00)	100 (100.00)
6.	सहभागिता में वृद्धि	69 (69.00)	19 (19.00)	07 (07.00)	05 (05.00)	100 (100.00)
7.	स्वयंसेवी संगठन व महिला आयोग की भूमिका सकारात्मक	77 (77.00)	21 (21.00)	02 (02.00)	00 (00.00)	100 (100.00)

****

आनर किलिंग- खाप पंचायतों पर प्रतिबंध और कानून

ज्योति मेहता *

प्रस्तावना – विश्वभर में मानवाधिकारों की मांग पुरजारे ढंग से उठ रही है तब भारत में तथा कथित सम्मान की खातिर अपने बच्चों को मौत के घाट उतारने की घटनाए आये दिन हमारे देश को अपमानित करती है। भारत में अनुमानित तौर पर गत वर्ष 1000 से ऊपर युवक युवतियों को परिवार की मर्जी के खिलाफ अंतर जातीय विवाह करने पर खाप पंचायतों द्वारा प्रताडित करने के कई मामले सामने आए है। कुछ मामलों में तो हत्या जैसी घटनाएं भी हो चुकी है।

खाप पंचायत को इस प्रकार परिभाषित किया जा सकता है कि एक गोत्र या बिरादरी के सभी गौत्र मिलकर खाप पंचायत बनाते है। ये फिर पाँच गाँवों की हो सकती है या 20-25 गाँवों की हो सकती है। जो गौत्र जिस इलाके में ज्यादा प्रभावशाली होता है, उसी का उस खाप पंचायत में ज्यादा दबदबा होता है। कम जनसंख्या वाले गौत्र भी पंचायत में शामिल होते है लेकिन प्रभावशाली गौत्र की ही खाप पंचायत में चलती है।सभी गाँव निवासियों को बैठक में बुलाया जाता है। जो भी फैसला लिया जाता है उसे सर्वसम्मति से लिया फैसला बताया जाता है और ये सभी पर बाध्य होता है। भारत में नागरिक अधिकार कितने मायने रखते है इसकी दुदर्शा आए दिनों होने वाले आनर किलिंग में खाप पंचायतो द्वारा सुनाए गए फरमान जैसे प्रेमी युवक-युवती को अलग करने, शादी को रद्द करने किसी परिवार का सामाजिक बहिष्कार करने या गॉव से निकाल देने और कुछ मामलों में तो युवक युवती की हत्या तक का फैसला करती है।

हमारा समाज रूढ़िवादी मानसिकता पर ही चल रहा है आर्थिक तौर पर हम विकसित हो रहे है पर समाज को देखकर नहीं लगता कि हम आधुनिकता की ओर जा रहे है। इसका जिम्मेदार हमारा राजनितिक तंत्र भी है। उसमें अधिकांश नेता रूढ़िवादी व पुरातन सोच के साथ चलने वाले है।

हमारे पड़ोसी देश नेपाल में प्यार व खुबी समाहित है पुरातन पंथी सोच हाबी नहीं है। मैक्सिको जैसे मुक्त देश से हमारे देश की तो तुलना ही नहीं कर सकते है। हम विकासशील देशों में सबसे पिछडे है। सारी दुनिया में मानवाधिकारों की पैरवी पुरजोर ढंग से हो रही है, तब हमारे देश में प्यार करने वाले लोगों को खाप पंचायतों के फरमान पर मौत के घट उतारा जा रहा है। हकीकत यह है कि हम रहन-सहन, परिवेश में जितने आधुनिक हुये है, सोच में इतने ही पिछड़ गए है।

वास्तव में आनर किलिंग को आत्मसम्मान बचाने के लिए की गई हत्या न कहकर परिवार की हिरासत में हत्या कहा जाना चाहिए कोई युगल जब अंतर जातिय, अंतर सम्प्रदाय या सगोत्री विवाह के लिए परिवार, समाज के खिलाफ कदम उठाते है तो कोई उनके साथ खडा नहीं होता वे लोगों की नजरों से छिपते फिरते है फिर वे सहायता के लिए मददगार संगठनों के पास आते है। लेकिन जरूरत इस बात की है कि सरकार ऐसा कानून बनाये जिसमें दो प्रेम करने वालो को विवाह करने की आजादी दी जाए। विभिन्न जातियों और धर्मो में विवाह को बढ़ावा देने के लिए विशेष विवाह अधिनियम और और एक के बाद एक इज्जत हत्या (आनर किलिंग) के मामले रोकने के लिए गृहमंत्रालय ने आईपीसी धारा 300 के साथ ही भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 और विशेष विवाह अधिनियम 1954 में संशोधन प्रस्तावित हैं। जिससे कानून लागू करने वालो को खाप पंचायतों के खिलाफ कार्यवाही करने के अधिकार मिल जाएगे। केन्द्र सरकार प्रोहिबिशन ऑफ इन्टर पेरेंस विद फ्रीडम ऑफ मेट्रीनिमयल अलायंस बिल पर राज्यों के साथ चर्चारत है। उसका ड्राफ्ट केन्द्रीय विधि आयोग ने 2012 में तैयार किया था। इस ड्राफ्ट में विवाह पर आपत्ति को लेकर होने वाली पंचायत में शामिल होने पर एक वर्ष तक की जेल और दस हजार जुर्माने की सजा का प्रावधन है। साथ ही ऐसे जोडे या उसके परिवार को परेशान करने पर सात वर्ष की जेल और तीस हजार रूपये जुर्माने की सजा का प्रावधान है। केन्द्र सरकार ने राज्यों से सुझाव मांगे थे ताकि और आवश्यक संशोधन किया जा सकें। 2013 में तत्कालीन न्यायाधीश पी- सदाशिवम ने ऑनर किलिंग पर सख्त कानून बनाने की वकालत की थी।

अंतर जातिय विवाह की मान्यता पर सगोत्रीम पर प्रतिबंध/निषेध: पिछले कुछ वक्त से जिस प्रकार जनसांख्यिकी में बदलाव आए है। उनको दृष्टिगत रखते हुए1950 से ही अंतरजातिय विवाह को सहज ही स्वीकार करने को मान्यता दी गई है।

चूँकि सगोत्रीय विवाहों के बारे में कहा जाता है कि ये रक्त संबंधी मामला है। ऐसे विवाह से उत्पन्न संतान में विकार पैदा होने लगते है, इसे विज्ञान के आधार पर सिद्ध किया जा चुका है।

पूर्व में यह गॉवो के संदर्भ में इसे माना जाता या परन्तु अब इसे मानते रहने का कोई औचित्य नहीं है। हरियाणा के संदर्भ में कुछ अनुसंधान हुए है उनमें यह बात सामने आई है कि कई माता-पिता ने अखबारों में चिट्टियां या पत्र लिखकर गौत्र के बंधन को खोलने की मांग की है कारण यह है कि गौत्र बंधनों से अपने बच्चों के लिए सही रिश्ता नहीं तलाश पा रहे है। हमारे देश में विविध प्रकार की प्रथाए प्रचलित है।

दक्षिण भारत में मामा को भांजी के लिये वर के रूप में चुना जाता है, ऐसे विवाह को स्वीकार्यता व वैधानिकता प्राप्त है। इस तरह के रिश्तों में रक्त संबंधों के कारण विकार समस्याए भी विज्ञान के आधार पर सुनने को नहीं मिली है।

हरियाणा व पश्चिमी उत्तरप्रदेश के साथ ही अन्य जगहों पर भी खाप पंचायतों द्वारा अंतर जातिय विवाह करने वाले युवाओं को प्रताडित करने

* प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

तथा कुछ मामलों में तो हत्या जैसी घटनाएँ भी हो चुकी है। सरकार चाहे किसी भी राजनैतिक दल की हो विशेषतौर पर पंजाब, हरियाणा में इन खाप पंचायतों का प्रशासन व राजनीति में खास प्रभाव है। चुनाव आते ही ये नेताओं के लिये वोट जुटाने का जरिया मान ली जाती है। और खाप पंचायतों पर अंकुश लगाने की राजनीतिक इच्छा शक्ति अभी तक जन्म नहीं ले पाई।

सन् 2009 में तत्कालीन सरकार ने आईपीसी में आनर किलिंग को परिभाषित करना चाहा पर केबिनेट में सहमति नहीं बनी। सुप्रीम कोर्ट ने भी इसे गंभीरतम अपराध में शामिल करने की बात कही।

वर्तमान में हम रहन सहन में आधुनिक हो गए है, लेकिन मानसिकता अब भी अति संकीर्ण है। आज भी हमारे अंदर इतना साहस नहीं आ पाया है कि हम प्रेम को स्वीकार कर खाप पंचायतो के अमानवीय निर्णय जो कि खौफ पंचायतें बन चुकी है के खिलाफ जाए जबकि यह खाप पंचायतें आधिकारिक मान्यता प्राप्त भी नहीं है। सन् 2016 अप्रैल में सुप्रीमकोर्ट में गैर कानूनी काम करने वाली खाप पंचायतों की जबावदेही कलेक्टर और एसपी को सौपी थी। पर किसी ने भी खाप के खिलाफ कोई बड़ी कार्यवाही नहीं की।

समाज में विघटन की स्थिति पैदा कर रही खाप पंचायतों और ऐसे तमाम दुसरे संगठनों को सुप्रीम कोर्ट ने अवैध करार दिया। प्रेम विवाह करने वाले युवाओं को प्रताडित करने वाली खाप पंचायतों पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रवैया अख्तियार किया है कोर्ट ने अपने फैसले में अपनी मर्जी से विवाह करने वाले वयस्क लड़के लड़की पर किसी खास पंचायत अभिभावक समाज में किसी और को इस पर आपत्ति उठानें का हक नही है। कोर्ट ने आदेशित किया कि खाप पंचायत न किसी कपल को समन भेज सकती है और नही दंड दे सकती है और अगर खाप पंचायत इस आदेश के विरूद्ध कार्य जारी रखती है तो केन्द्र सरकार को इनके उपर सख्त कार्यवाही के आदेश दिये है। वर्तमान में यह मामला जी.ओ.एम. के अधीन है।

ज्यों ज्यों समाज में बदलाव आ रहा है, लोगों की सोच भी बदल रही है। वर्तमान में हमारी सरकारों को खाप पंचायतों पर कड़ी कार्यवाही करने के लिए बाध्य होना जरूरी है। इसके अभाव में अदालतों को इस संबंध में दखल देने के लिए आगे आना जरूरी हो जाएगा। ऑनर किलिंग के खिलाफ आगे आए सभी राज्य भारी लैंगिक असमानता और खराब सैक्स अनुपात से जूझ रहे है और इन सभी राज्यों में पिछले समय में ऑनर किलिंग की बडी घटनायें सामने आ चुकी है। कोर्ट ने ऐसे मामलों में संज्ञान लिया है जिनमें ऑनर किलिंग की बडी घटनायें सामने आ चुकी है।

निष्कर्ष – ऑनर किलिंग के मामलों में कहा जा सकता है कि हमारा मध्यम वर्ग रूढियों में धंसा हुआ है, वह न तो बाहर निकलना चाहता है और नहीं हमारी राजनीति ने ऐसी कोशिश की है चूंकि खाप जैसी पंचायतों का अभी तक समाज में बने रहने देने के पीछे हमारे राजनेता ही आधिकारिक तौर पर जिम्मेदार है। इसलिए इस वक्त एक बड़ी सामाजिक क्रांति की जरूरत है जिसके जरिये नई पीढी की सोच द्वारा इन दमघोटती परम्पराओं की बेड़ियां टूटे। युवाओ को अपने अधिकार हासिल करने होगें। उन्हें राजनीति में भी सक्रिय होना होगा ताकि वे एक नये भारत का निर्माण करने में भागीदारी हो सके। इस संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट द्वारा जनवरी 18 में प्रेम विवाह करने वाले युवाओं को प्रताडित करने वाली खाप पंचायतो पर प्रतिबंध लगाना एक प्रशंसनीय पहलु है। अगर सरकार अपनी मर्जी से शादी करने वालो को सुरक्षा देने के लिए कानून नहीं लाती तो कोर्ट द्वारा गाईड लाईन शीघ्र जारी किया जाना जरूरी है, जिससे समाज में विघटन की स्थिति को बचाया जा सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. इण्डिया टुडे–जुलाई–2010
2. पत्रिका – दिसम्बर –2014
3. राज एक्सप्रेस–जनवरी–2018

****

अभिजात महिलाओं की स्थिति में परिवर्तन का समाज पर प्रभाव

डॉ. रोमा श्रीवास्तव *

प्रस्तावना – परिवर्तन सदैव उच्चक्रम की ओर ही होता है। एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में परिवर्तन का क्रम श्रेष्ठ ही होगा। यह समाज नारियों के जीवन को अनेक प्रकार के गैर मर्यादित सिद्धान्तों से परिपूर्ण किए हुए था। नारी घर की परिसीमा में सिमट कर रह गयी थी। स्वतन्त्रता संग्राम के दौर में गांधी जी के आहवान पर भारतीय महिला ने घर से बाहर निकलकर आन्दोलनों में व्यापक भागीदारी की। सन् 1975 के बाद 1986 से 1995 तक महिला दशक जागृति का दूसरा सोपान ले आया। इस समय तक दुनिया के सम्पूर्ण देशों में महिला प्रगति के रास्ते प्रत्येक क्षेत्र में तलाश लिए गयेथे। उनकी शिक्षण–प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर जुटाएं जाने लगे। राष्ट्रीय महिला सम्मेलनों से शोषण के विरूद्ध आवाज मुखरित होने लगी और महिलाए परिवर्तन के दौर से गुजरने लगी और अपनी तीक्ष्ण बुद्धि के कारण बहुत कम समय में समाज के प्रत्येक क्षेत्रों में अपनी योग्यता को प्रतिष्टित किया और बहुसंख्य पुरूष समाज के महिस्तष्क में नारियों के प्रति सहानुभति के साथ–साथ समरसता का भाव प्रकट होने लगा। भारतीय नारी अपने गौरवशाली अतीत को पुन: सृजित करने के लिए संकल्पित हो गयी। देश की स्वतंत्रता में पुरूष के साथ प्रति चरण मिलाकर अग्रसर होने वाली नारी स्वतंत्रता के बाद भी अपने गौरव को स्थापित किए हुए है।

प्रस्तुत शोध–पत्र में 300 सूचनादाताओं का चयन दैव निदर्शन पद्धति के आधार पर कानपुर नगर के विभिन्न क्षेत्रों से लाटरी विधि द्धारा चयन किया गया है। साक्षात्कार–अनुसूची तैयार कर सूचनादाताओं से महत्वपूर्ण तथ्य एकत्रित किए गए है जिससे शोध–पत्र का निष्कर्ष सही दिशा प्रदान करें।

अमृता शेरगिल ने आधुनिक पेंटिग की शुरूआज की और देश की गौरव प्रथम भारतीय महिला काउंसलर आभा पटेल का लंदन की महिला डिप्टी मेयर चुने जाने से समाज में घटित होने वाला परिवर्तन स्वत: ही परिलक्षित हो रहा है। आज नारी के ऊपर प्रतिबंध का मिथक प्रत्येक क्षेत्र में टूटता दिखाई दे रहा है। किरण बेदी, रेमन मैगसंसे पुरस्कार, जो एशिया में सर्वाधिक प्रतिष्ठित सम्मान है, उसे प्राप्त करके किरण बेदी जी ने नारी के मान को बढ़ाया। विज्ञान के क्षेत्र में इन्दिरा हिन्दुजा ने देश के गौरव को बढ़ाया। कल्पना चावला ने अन्तरिक्ष यात्री के रूप में देश के गौरव को चार–चाँद लगाया। फिल्म जगत में देविका रानी, नर्गिस, स्मिता पाटिल, मधुबाला आदि ने अपने अभिनय और कार्यो से भारत में ही नहीं अपितु विश्व के देशों में अपनी दिग् कीर्ति दिगान्तर तक अक्षुण्य बना दी है। समाज की संरचना को सृजित करने वाली नारी का सम्मान बदलते परिदृश्य में बढ़ता ही जा रहा है। नारी खेल के मैदान में भी अपनी प्रतिभाओं को बिखेरे रहती है।

नारी ने नृत्य, कला, संगीत आदि के क्षेत्र में भी अपनी परिस्थितियों को बदला है। राजनीति के क्षेत्र में अनेक श्रेष्ठ प्रतिभा सम्पन्न परमविदुशी महिलाओं की उपस्थिति को इसके प्रमाण रूप में देखा जा सकता है। आज नारी विश्व की बड़ी समाजवादी ताकतों के समक्ष उपस्थित कर रही है।

श्रीमती इन्दिरा गाँधी के चले जाने से स्त्रियों की संख्या राजनीति में घटी परन्तु अतिशीध्र सरकारी उपक्रमों, स्वयंसेवी संस्थाओं से प्रेरणा पाकर नारी उत्थान की ओर अग्रसर होने लगी। आज राजनीति क्षेत्र में महिला अपना वर्चस्व पुन: स्थापित करने में जुटी हुई है। दक्षिण राजनीति में तो 30 प्रतिशत का आरक्षण महिलाओं को प्राप्त है। ममता बनर्जी, मायावती, जयललिता, सुषमा स्वराज्य, साध्वी ऋतम्बरा, सोनिया गाँधी आदि महिलाए राजनीति के क्षेत्र में प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ है। अब समाज की सोच पहले जैसी पुरानी या दकियानूसी नहीं रही। आज नारी की प्रभावशीलता बढ़ी है। वस्तुत: हम कह सकते है कि नारियों के प्रति समाज की मनोभवना परिवर्तित ही नहीं हुई बल्कि स्वस्थ परम्परा की ओर अग्रसर हुई है। सत्ता और शक्ति के रूप में महिला समाज में शौर्य जग रहा है।

भारत देश पुरूष में पुरूषत्व और नारी में उदारता त्याग के समन्वय के लिए प्रसिद्ध था परन्तु मानवी संकुचन व स्वार्थ परता ने स्त्री पुरूष में भावात्मक रूप से दरार डालने का सतत प्रयत्न हुआ। जिसके परिणाम स्वरूप लैंगिक विषमता देखने को मिली।

जब पुरूष प्रधान समाज में नारी की उपादेयता को आत्मसात् किया तो वर्षो से खड़ी अन्धकार रूपी दीवार छिन्न होकर ढह गई और वह समानपूर्वक वह सभी क्षेत्रों अपनी श्रेष्ठता व कर्मठता से रास्ता बनाती हुई मंजिल की बुलन्दियों को लांघती चली जा रही है। आज वह पुरूषों से कंधे से कंधा मिलाकर सभी क्षेत्रों में प्रगति के पथ पर चल रही है।

तालिका संख्या– 1 : महिला अपनी प्रस्थिति को उच्च करने हेतु समाज में स्थापित मान्यताओं को तोड़ती है :–

क्र.	मान्यताएं तोड़ना	आकृति	प्रतिशत
1	हाँ	144	156
2	नहीं	48	52
	योग	300	100

उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट होता है कि अभिजात महिला सुचनादाताएं अपनी प्रस्थिति को उच्च करने हेतु समाज में स्थापित मान्यताओं को तोड़ना उचित मानती है। ऐसा मानने वाली सूचनादाताओं का प्रतिशत 48 है। जबकि वहीं कुछ अभिजात महिला सूचनादाता अपनी प्रस्थिति को उच्च करने के लिए समाज में स्थापित मान्यताओं को तोड़ना उचित नहीं समझती जिनका प्रतिशत 52 है।

इसमें स्पष्ट होता है कि सभी अभिजात महिलाओं के विचारों व

***भागवन्ती एजुकेशन सेन्टर डिग्री कॉलेज, मन्धना, जिला– कानपुर (उ.प्र.) भारत**

भावनाओं में अन्तर होता है।

तालिका संख्या – 2 अभिजात महिलाओं के परम्परागत मूल्यों में बदलाव आया है:–

क्र.	परम्परागत मूल्यों में परिवर्तन	आकृति	प्रतिशत
1	परिवर्तन आया है	210	70
2	नहीं आया है (आंशिक)	70	23.4
3	वैसा ही है	30	6.6
	योग	300	100

उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट होता हैं कि ज्यादातर सूचनादाताओं ने परम्परागत मूल्यों में बदलाव अर्थात परिवर्तन को स्वीकार किया है। जिनका प्रतिशत 70 प्रतिशत है 210 है। परम्परागत मूल्यों में परिवर्तन को 23.4 प्रतिशत 70 प्रतिशत अभिजात महिलाओं ने नकारा है। उनका मानना है कि आंशिक परिवर्तन को पूर्ण परिवर्तन नहीं कह सकते अत: उतना परिवर्तन नहीं होता। जबकि लगभग 6.6 प्रतिशत 30 महिलाओं ने परम्परागत मूल्यों को वैसा ही बतलाया है जैसा वह कई वर्षों से निरन्तर चला आ रहा है उनकी नजरों में परम्परा कभी नहीं बदलती है।

निष्कर्ष एवं सुझाव – उपरोक्त अध्ययन से यह निष्कर्ष निकलता है कि अभिजात महिलाऐं अपने शानों–शौकत के लिए नियमों की अनदेखी करती है किन्तु अपने छवि को धूमिल नहीं होने देती। समाज को स्थापित मान्यताओं कोअपनी प्रस्थिति को स्थापित करने के लिए तोड़ती तो है किन्तु दिखावा उनको पसंद है। एक अन्य अध्ययन में अभिजात महिलाऐं परम्परागत मूल्यों में बदलाव लाना चाहती है किन्तु उन्हें पुरानी परम्परा ढकियानूसी लगती है। उनका मानना है कि समय के साथ परम्पराओं में बदलाव आनी चाहिए। परिवर्तन प्रकृति का नियम है। अत: परम्पराओं का आधुनिकीकरण होना चाहिए इसमें कुछ गलत नहीं है, यदि हम आधुनिकता को नहीं अपनाएगें तो हम पिछड़ेपन से कभी उभर नहीं पाए44गें। इसलिए परम्पराओं को तोड़ने का मतलब उसे खत्म नहीं करना है बल्कि उसमें कुछ नवीन परिवर्तन कर उसे जीवित रखता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. सिंह, विनीता, वूमैन डोमैस्टिक: वर्कस् विद इन हाउसहोल्ड (2006)
2. झा, के0एन0, मॉर्डनीजिंग वूमैन: सर्चिंग देयर आईडिन्टिज (2005)
3. मोजम्मिल हसन, आरजू भारतीय महिला एवं आधुनिकीकरण (2002)
4. ग्रीफीन, डुईंग वूमेन स्टटीज (2004)
5. आर0एन0मुखर्जी, भारतीय समाज एवं संस्कृति, (1992) विवके प्रकाशन, नई दिल्ली।
6. सहाय एस0, वूमेन एण्ड इमर्पोवरमेन्ट (1998) डिस्कवरी पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली।
7. हिवर्ड, सी0, जेन्डर, एजुकेशन एण्ड डिवैलपमेंट रावत पब्लिकेशन, नई दिल्ली।

****

वैवाहिक जीवन में हिंसा के कारण एवं समाधान

डॉ. सुशीला गोयल *

प्रस्तावना – वैवाहिक जीवन में हिंसा का संबंध मुख्यत: महिलाओं के प्रति हिंसा से संबंधित है। इसका कारण यह है कि महिलाएं ही अन्य परिवारों से पत्नी के रूप में पति के घर आती हैं। कभी-कभी नवीन पारिवारिक परिस्थितियों में उनका सामंजस्य कठिन हो जाता है। कभी-कभी दहेज भी उनके प्रति हिंसा का एक प्रमुख कारण बन जाता है। दहेज को लेकर नारी को जला देने या हत्या कर देना आज के युग की सबसे बड़ी त्रासदी हैं, भारत में पत्नी के रूप में नारी की प्रतिष्ठा रही है और उसे यहॉ गृह लक्ष्मी की संज्ञा से संबोधित किया गया है। पत्नी को पुरूष की अर्द्धांगिनी, धर्मपत्नि कहा जाता है, यहॉ पत्नी के अभाव में पति द्वारा किए गए धार्मिक कार्यो को निष्फल माना गया है, किन्तु यह तस्वीर का एक पहलू है। पत्नी के साथ दुर्व्यवहार करने एवं उसे मारने पीटने की घटनाएं भी कई बार सुनने में आती हैं। विवाह के बाद पति से यह अपेक्षा की जाती है कि वह पत्नी का भरण-पोषण करेगा, उसे प्रेम करेगा और संरक्षण प्रदान करेगा। भारत में पति के लिए भर्ता शब्द का प्रयोग किया गया है, जिसका अर्थ है भरण-पोषण करने वाला। सामान्यत: यह माना जाता है कि घर नारी के लिए सुरक्षा एवं प्रसन्नता की दृष्टि से स्वर्ग है, किन्तु अनेक स्त्रियों के प्रति घर में हिंसा का व्यवहार किया जाता है। उन्हें लातों, घुसों-चांटों व लकडियों से मारा जाता है, हड्डियां तक तोड़ दी जाती हैं।

नारी की यह मजबूरी है कि उसके साथ हिंसा का व्यवहार होने पर भी वह आर्थिक व सामाजिक कारणों, बच्चों के प्रति अपने दायित्वों एवं सामाजिक निंदा से बचने आदि कारणों से सब कुछ शान्त भाव से सहन करती रहती हैं। वह इसे अपना भाग्य मानती हैं, पूर्व जन्म के कर्मो का फल मानती हैं। समाज के लोग भी उसे सहिष्णु होने का उपदेश देते रहते हैं। उसे कहा जाता है, पति के घर में डोली में बैठकर आयी थी, अब तो यहॉ से तुम्हारी अर्थी ही उठेगा और वह बेचारी जहर के घूंट पीकर जिंदा लाश की तरह घर में बनी रहती है।

कारण-

1. **पुरूष प्रधानता –** भारतीय समाज पुरूष प्रधान समाज है। पुरूष अपनी श्रेष्ठता, शक्ति एवं पुरूषत्व को स्थापित एवं साबित करने के लिए नारी पर अत्याचार करता है।
2. **स्त्रियों की पुरूष पर आर्थिक निरभता –** स्त्रियॉ आर्थिक रूप से पुरूषों पर निर्भर रहती हैं, परिणामस्वरूप पुरूषों के अत्याचार सहन करते रहती हैं। यदि उसे पति घर से निकाल कर देता है तो वह बेसहारा हो जाएगी और जीवन यापन की कठिनाई भी सामने आएगी।
3. **अशिक्षा –** शिक्षा के अभाव के कारण महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं हो पाती और उन्हें न ही कानूनों की जानकारी हो पाती है। अशिक्षा उन्हें घर की चहारदीवारी में कैद करके रख देती है और वह हिंसा सहने के लिए मजबूर हो जाती है।
4. **सामाजिक कुप्रथाएं –** भारत में अनेक कुप्रथाएं प्रचलित है। जिनमें बाल-विवाह, परदा प्रथा, दहेज प्रथा, विधवा पुनर्विवाह का अभाव आदि प्रमुख है। इन कुप्रथाओं का शिकार महिलाओं को ही होना पड़ता है और उनसे संबंधित अत्याचार भी महिलाओं को ही झेलने पड़ते हैं।
5. **पारिवारिक तनाव –** पारिवारिक तनाव भी महिलाओं के प्रति अत्याचार के लिए उत्तरदायी है जब पति-पत्नी के स्वभाव में सामंजस्य नहीं होता है तथा विचारों में अंतर होता है तब भी पुरूष अपने को पत्नी पर थोपने का प्रयत्न करता है, उसे अपने अनुकुल बनाने के लिए बाध्य करता है और अनुकूल न बनने एवं विरोध करने की स्थिति में पति द्वारा पति पर जुल्म ढाये जाते हैं।
6. **नशा –** वे पुरूष जो शराब पीते हैं या अन्य प्रकार का नशा करते हैं, नशे के दौरान हिंसा एवं अत्याचार करते हैं।
7. **समाधान के उपाय –**

1. **आश्रय की व्यवस्था –** सरकार और स्वयंसेवी संगठनों को ऐसी महिलाओं के लिए आवास की व्यवस्था करना चाहिए जो पति के अत्यावार से तंग आकर घर छोडनी चाहती हैं। ऐसी महिलओं के लिए सुरक्षित आश्रय की व्यवस्था की जानी चाहिए।
2. रोजगार व्यवस्था महिलाओं के लिए रोजगार एवं नौकरी की व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्हें छोटे-मोटे व्यवसाय के लिए ऋण की सुविधा उपलब्ध कराना चाहिए, ताकि वे पति की हिंसा का शिकार होने से बच सकें।
3. **शिक्षा सुविधा प्रदान की जाए –** महिला शिक्षा का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए एवं उन्हें नि:शुल्क शिक्षा प्रदान की जानी चाहिए।
4. **दण्ड की व्यवस्था –** जो लोग अपनी पत्नियों को परेशान करते हैं, उनकी सामाजिक निंदा की जाए और उन्हें सार्वजनिक रूप से दण्डित किया जाना चाहिए।
5. **महिला न्यायालयों की स्थापना –** महिलाओं के प्रति की गई हिंसा की सुनवाई के लिए पृथक से महिला न्यायालयों की स्थापना की जाए, जिसमें अनुभवी महिला न्यायाधीशें हों।
6. **कानूनी सहायक एवं परामर्श –** पीड़ित महिलाओं को कानूनी सहायक प्रदान करने एवं उनके विवादों को निपटाने के लिए स्वयंसेवी संगठनों को आगे आना होगा और वे मुफ्त में ऐसी पीड़ित महिलाओं की मदद करें एवं उन्हें उचित सलाह देकर उनका मार्गदर्षन करें ताकि वे पुन: सुखी जीवन व्यतीत कर सकें।
7. **महिला संगठनों का निमार्ण –** पीड़ित महिलाओं को अत्याचारों से

* सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, खरसिया, जिला - रायगढ़ (छ.ग.) भारत

मुक्ति दिलाने, उन्हें कानूनी एवं आर्थिक मदद देने, उन्हें नैतिक सम्बल देने एवं उनमें आत्मविश्वास जगाने के लिए अधिकाधिक महिला संगठनों की स्थापना की जाए।

वर्तमान में महिलाओं पर वैवाहिक हिंसा केवल अखबार एवं मीडिया की सुर्खियॉ बनकर रह गयी है। महिला के द्वारा शोषणके विरूद्ध आवाज न उठाना या शोषण सहना इस बात का प्रमाण है कि एक ओर तो महिलाओं को परिवार या समाज का डर होता है तो दूसरी ओर उनके ही पुरूष साथी द्वारा बहुत अधिक डराया या धमकाया जाता है।

घरेलू हिंसा को रोकने की दिशा में भारत सरकार ने महिला संरक्षण विधेयक 2005 पारित किया है जिसका उद्देश्य महिलाओं को किसी भी प्रकार की हिंसा से सुरक्षा प्रदान करना है। महिलाओं के विरूद्ध हिंसा से निपटने में कानून उतने कारगर साबित नहीं जो पाए हैं जितने होने चाहिए। इसका मुख्य कारण है हमारे देश में बहुसंख्यक लोगों को कानून की जानकारी न के बराबर है। यदि प्रत्येक महिला अपने विरूद्ध होने वाले अत्याचार व शोषण के लिए आगे कदम बढ़ाएं तो वह दिन दूर नहीं जब महिला स्वतंत्र रूप से कहीं भी आ जा सकती हैं। ताकि पीड़ित महिला को किसी भी प्रकार की अड़चनों का सामना न करना पड़े और उन्हें उचित न्याय मिल सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. डॉ. एम.एन. सिंह - आधुनिक समाजशास्त्रीय सिद्धांत।
2. एम.एल. गुप्ता एवं डी.डी. शर्मा - समाजशास्त्र।
3. दैनिक भास्कर समाचार पत्र- 08 मार्च 2008
4. नई दुनिया समाचार पत्र- 08 मार्च 2009

****

Exploration Of Affective Responses To The Significance Of English Language Learning

Arpana Shrivastava*

Abstract - English Language Teaching have undergone vast shift in this era of modernization. Methodologies equipped with current technologies have produced new perspectives on English Language Learning. This paper reviews the status, teaching strategies in the current research capacity of ELT. Current technologies used in ELT will be discussed, Highlighting their contents and methods.

The role and significance of English Language in Modern India cannot be denied. India has been moving towards progress in the age of science. Many of the books on higher study on science technology, engineering, medicine e.t.c. are either written in or translated into English. The charms of Shakespeare and Milton can alone be appreciated in their original works written in English. The copiousness of English vocabulary stands unrivaled in the world. Thus with the knowledge of English one can make sojourn in the different literatures of the world. This is the age of specialization; and one is to visit foreign lands, often for this purpose without the knowledge of English such opportunities can never be reaped.

The principal objective of this paper is to find out and discuss about the experience of undergraduate students have, regarding out of class activities. This paper will focus on some important issues like, do they have motivation to involve in activities, what language skills they are expected to use inside and outside the class and what is their present level of four skills of English language. How they overcome those barriers, which they face during out of class activities.

Considering the present scenario in India, we have to ensure maximum student participation at on stages of learning. English language plays a vital role in their life. My research perspective will represent the circumstances of language learning activities done by undergraduate students. The paper will reflect a clear view of those activities which benefits the students and make them aware of getting involved in those activities in conscious way.

Introduction - Now a days, technology, information and knowledge explosion have led to the increase of teaching and learning English as an international language. Language English occupies place of prestige in our country. People belonging not only to a different language groups but also to the same speech community make use of English in their inter-personal communication. English as stated by Timothy J.Scrase " is not only important in getting a better job, it is everywhere in social interaction. This view makes it clear that English occupies a place of prestige in our country. Its importance is not just in how many people speak it, but in what it is used for. It is the major language of trade and commerce, news and information in this world of globalization.

It is quite interesting to note that India, a multi lingual nation, is the third largest English speaking country after the US and UK. In big metropolis of India, it is really difficult to come across any educated person who can speak any Indian language well without avoiding the use of English words. It is the language of higher education and research. Thus it has attained the status of a global language in the ever changing economic context.

Commenting on the increasing popularity which English language enjoys now a days Timothy J. Scrase remarks :

" English is an international language
you feel humiliated if you can't speak
English. People think you are dumb"

The view expressed above makes it clear that English language enjoys a respectable position in the Indian context."

English Language Learning - Its main purpose is to enable the learner to achieve proficiency in the language in different domains. It should reflect -

i. Ideas on how learning is to be evaluated.
ii. Appropriate themes the texts embody.
iii. Ideas on how learning materials will be constructed.
iv. Assumptions about language learning.

Objectives of English Language Teaching -

i. To read aloud fluently within the vocabulary.
ii. To understand very simple English spoken at normal speed within the vocabulary.
iii. To build simple sentences and paragraphs within the range of the syllabus.
iv. To enable students to write in simple and reasonably

***Guest Faculty Lecturer (English) Govt. Narmada P.G College, Hoshangabad (M.P.) INDIA**

correct English.

v. To cultivate a broad, human and cultural outlook.
vi. To speak with confidence using appropriate vocabulary, grammatical forms and acceptable pronunciation.
vii. Learn to use English appropriately.

Goals For Language Curriculum - It needs to bring in aspects of Language, culture, practices of people in the learning process in accordance with the concerns, so that learners are able to connect with real life situations. Curriculum should aim for-

"……a cohesive curriculum policy based on guiding principles for language teaching and acquisition which allows for a variety of implementations to local needs."

Syllabus - A medium to realize the aims of Language Education.

The syllabus envisages the following skill-wise specific objectives of teaching and learning English.

a. Listening Skill - To enable student to understand meanings of words enjoy various types of poems by reading aloud, stories short plays and listen with speeches such other programmes on Radio, TV, CD's etc.

b. Speaking Skill - To enable the student to produce simple statements, questions, express his/her ideas coherently and narrate events, stories and experiences.

c. Reading Skill - To enable the student to read aloud effectively with correct pronunciation to understand themes ideas, emotions, expressed in the text and for pleasure extensively.

d. Writing Skill - To enable the student to write correctly neatly and legibly with reasonable speed, frame statements, questions for their appropriate use, write formal and informal letters with the help of given points and guidelines.

Still, there was a bitter controversy among Indian educationists with regard to the place of English in system of education and there has been due to this a constant change of decisions as to what position English should hold in the present set up. With this backdrop a brief historical preview of the status of English language in India is given below –

Table No.2.1 (See in the last page)

English in India - Since the days of the British Raj English remained the language of domination, status and privilege in India. English was the language of the rulers in India, and as a colonical subject we had no other choice but to learn English. In this way the language started gaining roots in India. Britishers did not want the spread of European type of education in India. And when they turned to promote the education of Indians, it was a political necessity that made them do so people belonging to the middle class advocated and aspired their education in English, they saw that the capacity to speak and write English enables them for lucrative posts, which provided a decent income and an important status in the society.

Most of the Indians aspired their education through English medium and therefore, they opposed to vernaculars or Indian languages. Lord Macaulay was appointed as the president of the committee in 1834. He argued that :-

" Since indigenous languages were inadequate and chaotic and indigenous arts and literature were petty futile things. Only Western education with English as the sole medium would deliver the good."

He, by spreading English in India, aimed at just creating a class of persons, Indian in blood and colour but English in taste, in opinions, morals and intellect. Teaching of English in systematic way starts from the promulgation of wood's dispatch of 1854, which has been called the Magna Carta of Indian education.

In Wood's Dispatch it was declared :

"The English language is to be the medium of instruction in the higher branches."

By the end of 19th century two more universities, one at Punjab and the other at Allahabad were set up, The foundation of these universities marked a new epoch in the history of Indian education. This resulted in the increase of more number of Indians who achieved mastery in this language. The English educated Indians, now, were demanding their mother-tongue as the medium of instruction. Their emphasis was on the use of mother-tongue as the medium of instruction and on education closely related to Indian culture. All ventures of life, all avenues of success could be opened only with the keys of English. Thus the "Status of English" in Indian educational system throughout the British rule, as A.K. Sharma observes, was enviable.

English is the language of Industrialization and modernization, and now it is the language of globalization.

The Post Independence Period - The foreign language status of English in India thus appears to have remained for a shorter period initially, and it gradually seems to have acquired the status of a second language.

Since independence, English language continued to be taught in Indian schools, though in limited schools and colleges initially .In view of the strong opposition to Hindi in the southern states, Hindi in 'Deonagari' script was declared as the official language. Owing to the increasing importance of English, in the changing times ; various states in India gave the language a respectable place by making it compulsory language in their educational set up.

Preparatory and Kindergarten classes are doing well today without any financial support from the government. The revolution in the field of information technology has also contributed mostly in the wider use of English at the earlier stage of schooling. Language thus became the primary requirement for interconnectedness of people a 'Ligua Franca' for communication. The wide publication of

newspapers, periodicals, and magazines in English clearly indicates its increasing use in India. Verma highlights the theoretical considerations under the concept of effective teaching and learing of English in India as a second language in the following words.

"There is, therefore no feel that English in India is or will be less effective or less efficient as a system of communication, but there is every reason to say that it has and will continue to have a marked Indian flavour."

Giving the details of the widen uses of English all over the world, **C. Paul Verghese observes - " Of all languages in the world today English deserves to be regarded as a world language. It is the world's most widely spoken language."**

In India, English continues to be the medium of instruction in schools, colleges and universities, and is also the languages of administration . It further recommended that :"English to be studied in high schools and in the universities in order that we may keep in touch with the living -stream of ever growing knowledge." The Secondary Education Commission appointed by the government of India in1952 found that the teaching of English should continue vigorously.

The commission recorded the evidence to the effect that :

" It was through the study of English Language and Literature that India become united and that she attained freedom."

Many eminent educationists and scientists have, therefore expressed the opinion that under no circumstances should we sacrifice the many advantages that we have gained by the study of English. In the attainment of this objective the study of English was bound to play an important part, because our youth acquire knowledge from all sources and contribute their share to its expansion and development.

One of India's education Commission has emphatically asserted-

"For the successful completion of the first degree course, a student should possess an adequate command of English, be able to express himself with reasonable ease and felicity, understand lectures in it, and avail himself of its literature."

Therefore adequate emphasis will have to be paid on its study as a language right from the school stage. Many other commissions and agencies including-also have received the place of English from time to time. All the reports reflect the strong hold of English on Indian minds.

Language Policy in Education - CABE also deliberated in detail on the study of English as a compulsory subject as recommended by the education ministers conference held in 1957-

English should be taught as a compulsory language both at the secondary and the university stages, students acquire adequate knowledge of English so as to be able to receive education through this language at the university level.

The Commissions observation on the status and role of English is of importance from the point of view of language planning and the way the language was perceived by policy planners.

Thus " English will continue to enjoy a high status so long as it remains the principal medium of education at the university stage. A working of English will be a valuable asset for all students and a reasonable proficiency in the language will be necessary for those who proceed to the university". This brief historical scan of the evolution of the language policy in India tell us how the apprehension about the dominance of English has been naturally alleviated by the role which the language has attained. This, in spite of the efforts to contain its spread, today every child and parent wants the English Language.

Medium of Instruction -

Table No.2.2 - Table summarizing the proportion of primary and upper primary Schools teaching through the mother-tongue in India(Percentage)

Policies	Primary		Upper Primary	
	1993	2202	1993	2002
Rural School	91.70	92.39	89.49	92.711
Urban School	91.32	90.39	86.07	87.037
All School	91.65	92.07	88.64	91.34

From the table above, it is found that in 2002 just over 92 percent of primary schools were teaching through the mother tongue, while urban schools showed a decline of less than one percent over the ten-year period overall, then more than 90% of schools at the primary and upper primary stages teach through the children's mother tongue.

Table No.2.3 - (See in the last page)

It is interesting to note that the no of states offering education at primary and upper primary levels through the medium of languages other than the majority language increased.The demand for English emerges from many factors, as recognized by the position, paper on the teaching of English produced by NCERT in connection with the National Curriculum Framework 2005 as -

English in India today is a symbol of peoples aspirations for quality in education and fuller participation in national and international life. The level of introduction of English has now of introduction of English has now become a matter of political response to peoples and aspirations. A working knowledge of English, as it is believed, will be a valuable asset for all students and reasonable proficiency in the language will be necessary for those who proceed to the university. That's why most of the states are seen interested in the early introduction of this language in the school curriculum .

Conclusion - In summing up, we can say that English Language in India might have been a foreign Language, but in recent years it has acquired distinct identity. As the world is getting globalized, there has also been a sense of English Language as politically imposed on the Indian

minds. After Independence however, it was realized that English had much deeper roots in India, than in the British Raj. Today the anti-English spirit or English hatred is seen diminished as the language is perceived as language of hope and better life. These changes have brought a change in the status of English Language as compulsory in school and college education. The syllabus of English at each level in the school education aims at building students confidence and proficiency to survive in an age of globalization and information technology.

Thus, the teaching and learning English Language aims at the all around development of the student by means of joyful and graded activities. It also enables them to use English creatively.

References :-

1. Paul Breedls and Bob Burkill 'Reflections on Teaching Today and Tomorrow' Cambridge CUP, P.86.
2. Basu Amarnath "Education in Modern India" Calcutta 'Problems and Solution of Teaching English'Commonwealth Publishers India : New Delhi, 1989.
3. Sharma A.K. 'Aspects of English Language Teaching in India' Bhagalper : Bharat Book Depot, 1985.
4. Yardi, V.V. reprint' Teaching English in India Today' Saket Prakashan 2009.
5. Agrawal, S.P. 'Development of Education in India : A Historical Survey of Education before and after independence' New Delhi Concept Publication, 1985.
6. Mackey, W.J. ' Language Teaching Analysis' London : Longmans Green Company Ltd.,1966.
7. Prabhu, N.S. 'Second Language Pedagogy' Oxford; New York : Oxford University Press, 1987.
8. NCERT 2007 Cited in Hywel Coleman(2011).
9. Saraswathi, V.English Language Teaching : Principal and Practice ; Orient Longman Pvt. Ltd., Chennai,India (2004).

नजरों से छू– छू लेने का मृदु स्वभाव क्या भूल सकूँगा ?
कूक– कूक कर रिझा लिया तुमने मेरे गीतों के वनों को।'

(मन में ऐसी चाह नहीं हैं पृष्ठ– 20)

'अंग अंग से बेहिसाब कविताएँ झरती हैं।
होड़ किस तरह करे चाँदनी तुमसे डरती हैं।'

(चुगली करती है,पृष्ठ– 63)

प्रेम के विषय में इतना व्यापक एवं सुलझा हुआ आदेशपूर्ण दृष्टिकोण उपस्थित करके कवि ने जहाँ अपनी विशाल हृदयता का परिचय दिया हैं, वहाँ वह जीवन का नया दृष्टिकोण भी उपस्थित करता हैं। कवि ने जगत में सुख– दु:ख बहुत देखा हैं, अनुभव भी किया हैं। मानव जीवन के सम्यक विकास के लिए कवि सुख– दु:ख दोनों को साथ– साथ उपयोगी देखता हैं और अभिव्यक्त करता हैं कि पाँव यदि विश्वास की उँगली पकडकर चलते रहेंगे तो जिन्दगी का कठिन सफर कट ही जाएगा तथा मुस्कुराहट की कली खिलती रहे तो शर्म से कुहासा दर्द गलकर छँट ही जाएगा। इसलिए जीवन के सुख– दु:ख बाँटने का संकल्प लेकर वह उससे बोल ही देता है–

'कभी कभी जीवन में होता मूल्य बहुत हैं बँट जाने का,
बादल बनकर सुख बरसना फिर धीरे से छँट जाने का,
आँसू भरी तुम्हारी आँखे. सना हुआ हाथों में आटा
बिना किसी समझौते के ही मैंने दर्द तुम्हारा बाँटा।'

(उस दिन से ही, पृष्ठ– 99)

प्रिया का साथ पाकर मरू से मंदिर हो जाने का अनुभव सहेजता हुआ प्रेमी इस विश्वास को जीने लगता है कि जीवन की नैया डूबेगा नहीं। प्रिय उसके लिए सर्वस्व है। जहाँ वह स्वयं को सम्पन्न पाता है। प्रिया और प्रेमी को सिर्फ एकात्मक चाह है, इसके अतिरिक्त उनके मन में न और कुछ चाह है. न किसी की परवाह है। इसलिए परमार के गीत सम्पन्नता तथा सार्थकता के साथ अभिव्यक्त होते हैं–

'यदि बना सकेगा, तुमको मेरा गीत बावरा,
समझूँगा मैं उस दिन जो कुछ गाता हूँ वह व्यर्थ नहीं हैं।'

(गाता हूँ वह व्यर्थ नहीं हैं)

प्यार एक ऐसी धारा हैं, जिसमें कहीं विराम नहीं हैं और अतल– अगम है। इसलिए कवि के मन में नया यगीत गोविंद' लिखने की चाह जागृत हो गई है। मेघफूल सी प्रिया का सौन्दर्य देखकर आँखे धन्य हो गई हैं। प्रणय निश्छल वृंदावन उत्साह और उत्सव के वातावरण में रम गया हैं और उन्मादों के हर बाग में बसंत उत्सव की महक उठ रही है, जहाँ शर्म की कलियाँ चटक कर टूटती जा रही हैं। सर्वत्र ही अद्धितीय सा अनुभव करते हुए जीवन में समुपस्थित मोहक– मादक परिवर्तन को लक्ष्य कर कवि कह उठता है–

'धूप पराई सी लगती है, सहसा अपने घर आँगन में,
सबको एक समान नशा हैं, एक गीत सबकी धड़कन में;

पकड़ नहीं पाती है पागल, ढीठ हुई जाती पुरवईया
महक झूमती गाकर गरबा, मिट्टी के मोहक कण कण में;
अबुझ कामनाओं ने मिलकर जीत लिया जादू से रण है।'

(मन का दर्पण पृष्ठ- 43)

मन के दर्पण का इस तरह दमकना अद्भूत सुखद स्थितियों की रचना का ही प्रतिबिम्बन है। इस प्रतिबिंबन में प्रकृति के अनेक भावनापूर्ण चित्र भी अनायास गुंफित हो गए हैं। प्रणय भावनाओं का अंकन दृश्य प्रकृति के मनोहरी उपादानों के माध्यम से अभिव्यक्त किया गया है। प्रकृति का मानवीय जीवन के सरोकारों से गहरी सबंद्धता है। नारायण लाल परमार के नवगीतों की प्रमुख विशेषता- उनका प्रकृति और जीवन से तादातम्य है। उन्होंने प्रकृति के प्रतीकात्मक उपयोग भी किए हैं और उसके माध्यम से जीवन का यथार्थ उपस्थित किया है। इसलिए इस चित्रण के अन्तर्गत एक से एक अनूठी कल्पनाएँ, अनुपम उपमाएँ और जीवंत बिम्ब प्रस्तुत हुए हैं। कहीं गंध से लदकर होकर किलकती हुई बच्चों सी हर खामोशी को ऐसे तोड़ती है, मानों कही कुछ खो जाने से उन्मत हो गई हो। कहीं पूनम की रात में दूधिया चाँदनी हिरनी की तरह कुलाँचे भर रही हैं और खिड़की से झाँककर सबको चिढ़ाने में मगन है। तो कहीं उथली सी तलैया गहरी नजर आने लगी है और गाँव की साँझ सर्वत्र स्नेह बिखेर कर अद्भूत सौन्दर्य सृष्टि कर रही हैं। कहीं आँगन भर बूँद बूँद बावरी हो नाच रही है तो डबरों में धूम धाम से मस्ताए दादुर दल इतराकर- इतराकर अधरों पर वर्षा गीत गा रहें हैं। कभी धरती से अम्बर तक सुध बुध खोकर पके हुए महुए सी हर ओर महकने लगती है। डॉ0. परम लाल गुप्त ने लिखा है- परमार का यह प्रकृति चित्रण छायावाद और प्रगतिवाद दोनों काव्य दृष्टियों से भिन्न उनकी ईमानदार अभिव्यक्ति का ऐसा विशिष्ट उदाहरण है, जो हमें हूबहू युग जीवन के सोच के निकट खड़ा कर देता है। कवि ने जीवन और प्रकृति के बीच तादातम्य स्थापित करते हुए लिखा है-

'गंध भरी दूधिया पूनम की रात है,
डालों पर हरे पात रह रह कर डोलते,
कानों में आहिस्ता मधुरस सा घोलते,
कंगन सी खनक रही पूनम की रात है'

(पूनम की रात, पृष्ठ-55)

'हेम कलश की ज्योति चुराकर फैली धूप कछार में
चलती बसंती हवा, उगमती मुक्त प्रणय संभार में।'

(वसन्तागमन पृष्ठ- 77)

यह हवा किसी निकट रिश्तेदार सी सबसे सुख संदर्भो का ध्यान रखती हुई प्रत्येक के जीवन को त्यौहारों से संपन्न कर रही है। कवि आग्रह करता है कि प्रेम के मदमाते मौसम में इसे भी अपने मन की करने दो, क्योंकि इस आंदोत्सव में पेड़, नदी, द्वीप, आकाश सभी मगन हैं-

'तुम्हें चूमकर, मुझ तक पहुँची रिश्तेदार हवा लगती है।
कहती थी तुम लिखो गीत कोई मत गाए मैं गाऊँगी,
हर मन के आँगन से लेकर दूर क्षितिज तक मैं जाऊँगी,
कह दो कैसे करूँ अनादर जब त्यौहार हवा लगती हैं।'

(रिश्तेदार हवा लगती है पृष्ठ- 80)

कस्तूरी यादें में परमार ने वर्षा ऋतु के अनके चित्रों को प्रकृति के कैनवास पर व्यापक रूप से उतारा है। जहाँ तक वर्षा का संबंध है, वह धरती को सौभाग्य प्रदान करने वाली है। जीवन यदु ने वर्षा ऋतु के संदर्भ में लिखा है- 'परमार के इस संग्रह में वर्षा ऋतु के अनेक चित्र हैं। इन चित्रों में कहीं मिलन का उत्साह है तो कहीं बिछोह की पीड़ा। वह श्रृंगार का उद्दीपन भी प्रस्तुत करती है और स्मृतियों का लंबा सिलसिला भी।' प्रेमीजन पर तो वर्षा का और भी गहरा प्रभाव पड़ता है। इसलिए ऐसी वर्षा का स्वागत करते हुए कवि कह देता है कि सावन का यह महिना बहुत लाड़ला है। सावन के आगमन को रेखांकित करते हुए कवि कहता है कि नाच- नाच कर आंगन छंद बनी है, खेत हरियाली की चादर ओढ़कर मुस्कुरा रही है, कजली के सौंधी गान से सावन महक उठा है। बूंद- बूंद बावरी हो गई है। हरियाली नैहर लौट आई है। मयूरों की पाँते बूंदों की बारात में शामिल होकर नाच रही है। बिजलियाँ बादलों से श्रृंगार सामग्री लाने का अनुरोध कर रही हैं। नेह नदी में डूब- डूबकर प्रफुल्लित बहनें अपने भाइयों को रेशम की डोरी बांध रही हैं। सावन के इस सुहावने पर्व से प्रफुल्लित होकर प्रकृति वैसे ही महक रही है जैसे कोई नन्हा शिशु माँ की आँचल में किलकारी भरते हुए चहकता है। लगता है मानों घर में खुशियों का मनभावन मौसम आया हुआ है। हर ओर मधुर स्वरों के गुंजार के बीच दिन फूलों की तरह और रात कलियों सी दिखाई देती है। यहाँ तक कि अपने श्रम का परिहार करने सूरज भी लुप्त होकर कहीं सुस्ता रहा है।

'सूरज है छुट्टी पर आज एक अरसे से
मंदिर का पीतल हत बिजली के फरसे से।
लहरों की चढ़ती से नदिया गरूआनी है
बादल की बेटी यह बरखा बौरानी है।'

(बरखा गीत-पृ. 52)

अक्षर अक्षर रस बन जाए, कोयल की धड़कन का
ऐसा ही सुघड़ सलोना, पर्व सुहावन आया।

(परदेशी सावन आया, पृ.105)

इन मादक क्षणों में कवि अपनी प्रिया से अनुरोध करता हैं कि चलो आमने- सामने बैठ जाएँ और बातों- बातों में हम बरसात को जिएँ, दिन की पहली फुहार में हम बहुत भीगे हैं, इसलिए सलोनी सुखद रात में रूप- रस का पान करते हुए कहीं खो जाए। वह प्रकृति के मौन संकेतो को समझने का आग्रह करते हुए कहता हैं कि फूलों की पंखुड़ियों पर लिखे हुए गीत जो कुछ संदेशा दे, वह उन्हें सुनकर समझे भी। कवि ने लिखा भी है-

'कितना मीठा है एकांत यह आज का
इन क्षणों में सदा जगाता प्यार हैं।
नैन थकते नहीं रूप- रस पान से
मौन गीतों की थमती न बौछार है।
किसलिए मन की बात अब मन रहें
क्यों न मिलकर इसी बात को हम जिएँ।'

(बरसात को जिएँ, पृष्ठ- 58)

प्रकृति और प्रणय भाव में एकात्म स्थापित करते हुए डॉ0. भागीरथ बड़ोले ने लिखा है- 'इस प्रकार प्रेमोदय और प्रेम- पल्लवन के सन्दर्भ के प्रकृति का स्वरूप मानव- मन से एकसार होकर अपनी सार्थकता को उजागर करने में उपयोगी सिद्ध हुआ है। अनेक स्थलों पर स्वतंत्र सत्ता होने के पश्चात् भी मानवीय भावनाओं के साथ प्रकृति की प्रगाढ़ संगति कवि की रूचि की द्योतक है।'

जीवन एक ऐसी यात्रा है। जिसके लक्ष्य की अंतिम परिणति क्या होगी, यह कोई नहीं जानता। जीवन में प्रणय और वेदना दोनों मिलते हैं। सुख की मधुर स्मृतियाँ क्षण में निर्मम होने लगे, सुन्दर स्वप्न नष्ट होने लगे, पीड़ा का समुन्दर लहराने लगें, राते उदासी से घिर गई और किसी गहरे अंधेरे के बीच उल्लास पूर्ण जीवन की गंध गुम होने लगी हैं इसलिए रोशनी में अंधेरे से कम वजन है और प्रिया ने अब अपनी नयन में अमावस आँज ली है। अपनी

वियोग जनित स्थिति को परमार ने इस प्रकार चित्रित किया हैं–

'ठंड़ी साँसों के घेरे में कल सपने बेबस कैद रहे,
मैं तुम्हें संदेशा भेजूँ ऐसी हवा एक क्षण नहीं चली।
खत ही लिख देता जिस पर मैं, वह खुशबू जनम न ले पाई,
था देखा रहा मैं अपनी ही आँखों लुटती निज मनस्थली।

(बरसार हुई होगी, पृष्ठ– 14)

परमार के इन नवगीतों में अनुभूति और संवेदना की भूमि उर्वर है यद्यपि 'कस्तुरी यादें प्रेम अभिव्यंजना का ही मूल प्रतिपाद्य है। किन्तु कवि ने काल सत्यों का गांभीर्य विवेचन किया है। इस संदर्भ में जीवन यदु ने भावाभिव्यक्त करते हुए लिखा हैं– 'पूरे संग्रह में कुछ गीतों को छोड़कर, प्रणय राग की ही अनुगूंज हैं, किन्तु उस अनुगुंजन के बीच श्री नारायण लाल परमार अपनी मूल रचना प्रकृति के साथ उपस्थित दिखाई देते हैं। वहाँ आशा और विश्वास, एकता और श्रम जैसे प्रौढ़– भाव शब्दों के लिबास में दिखाई देते हैं। तात्पर्य यह हैं कि जिन स्थानों पर अनुराग– राग के बाद भी परमार जी अपनी वैयक्तिकता के खोल से बाहर आकर सामाजिक की विस्तृत जमीन पर कदम रखते हैं, वहाँ उनका परमारत्व स्पष्ट हो जाता हैं और वही उनका वास्तविक रंग है। परमार जी ने काल सत्यों का परीक्षण बड़े खूबसूरत अंदाज में किया है। उनके लिए एक काल सत्य वह हैं, जिसमे वे अनुराग धार के प्रति गहरी संपृक्तता व्यक्त करते है।' परमार ने इन पंक्तियों में अंकित करते हुए लिखा हैं–

'जिसने मेरे नन्हें सपनों की आँखों में काजल आँजा,
डूबा ही रहने दो मुझको, उस सौरभ के अतल गहन में।'

(कस्तूरी यादों के वन में, पृष्ठ– 19)

आँखें प्रिया की एक झलक पाने को तरस रही हैं। वियोग के कारण जीवन की स्थिति पतझड़ सी हो गई हैं, छांह ने मुख मोड़ लिया, आँसुओं में सूरज डूबता जा रहा हैं, आँधियाँ नाच रही हैं और काँटे हर आशा और दिलासा को लहूलुहान कर रहे हैं। चाँदनी के गीतों का स्थान अमावस ने ले लिया है, जिन उम्मीदों से प्यारा– नाता जोड़ा वह अब टूट गई हैं। स्थिति तेल– बाती विहीन दीपक जैसे हो गया है। अग्नि परीक्षा के इस काल सत्य में जीवन की गहरी निराशा को कवि ने व्यक्त किया हैं–

'सपन की ओ तितलियों, जाओं न छोड़ो,
जो बनी सेवा तुम्हारी हो चुकी हैं।
अब सितारों से कभी क्या बात होगी?
नींद यह बेवा हमारी हो चुकी हैं।'

(क्यों लगाऊँ तिलक, पृष्ठ– 93)

यह काल– सत्य नितांत वैयक्तिक हैं किन्तु दूसरी ओर कवि जग के उस काल सत्य को दार्शनिक भूमि पर भी देखते हैं, जो परिवर्तन का कर्ता है–

'यह समय शिल्पी सहज मन नित्य नूतन गढ़ रहा हैं
हर विवशता की शिला का मन, मुखर हो पढ़ रहा हैं
बाँधकर अपनी भुजाओं में सघन, निर्जन, गहन को,
अनदिखी पगडंडियों पर सर्वदा जो बढ़ रहा हैं।'

परमार ने रचना धर्मिता का दायित्व निर्वहन सफलता पूर्वक किया हैं। वे जीवन में चुनौतियाँ स्वीकारते हैं। 'कस्तूरी यादें' जीवन पथ की पाथेय हैं। इन यादों के बूते वह अपनी प्रिया को पाने के लिए मन में आशा की ज्योति जलाये रखते हैं कवि हर परिस्थितियों को बदलने के लिए प्रयासरत् रहते हैं। वे कहते हैं कि यदि रूठी चाँदनी मान जाये तो अच्छा हो। यदि कोई पीड़ाओं के प्याले पीकर जीवन जीता हैं तो उस युगद्रष्टा की जय सुनिश्चत होती हैं अत: वह स्मृतियों के सहारे विश्वास के तिनकों को सहेजने का प्रयत्न करते हुए आशा करता है कि गई लहर के लौट आने से साधों की गोद भर जायेगी और विश्वासों का कदम्ब निश्चित ही विकसने लगेगा। कवि को धीरे– धीरे यह अहसास होने लगा कि चंदन सी ये यादें ही प्यार के मधुवन को हरा भरा बनाये हुए हैं, जिसकी अनोखी महक हवा में झूमने लगी है। साँस– साँस चंदन सी महक रही हैं और खेतों में हरियाली खिलखिलाने लगी हैं। हर बिछड़ते अश्रु को प्यार करना जरूरी है। जब आँसू मुस्कान बनकर महकेगी तब प्रणय गीत गाने लगेगी। अस्तु, मिलन क्षणों की गंध गमक फैलाने वाली इन यादों से ताकत पाकर ही कवि निर्भीकता से विपरीत स्थितियों को चुनौती देते हुए कहने लगा–

'दुपहर चाहे बड़े बाप की बेटी होगी, तो होने दो,
ठौर न उसके लिए किसी कस्तूरी यादों के वन में।

'(कस्तूरी यादों के वन में, पृष्ठ– 19)

परमार हर विपरीत परिस्थितियों का सामना आस्था, विश्वास और प्रेम के साथ करने में सक्षम हैं। मंजिल तक जाना हैं तो पाँवों मे बिजली भरनी होगी। वहाँ काँटे नहीं, विश्वास का साम्राज्य है। मंजिल की दूरी का प्रश्न अर्थहीन हैं यदि मनुष्य के मन में मंजिल को पा लेने का विश्वास हो तो, कठिन रास्ते भी पार किये जा सकते है। वहाँ न तो धूप से घबराना है, न छाँह में भरमाना है। मंदिर तभी पूर्ण कहलाता है जब उस पर कलश चढ़ता है। उसी प्रकार यह जीवन तभी कुन्दन बनता जब वह संघर्ष की अग्नि में तपता हैं। आँसू बहाना छोड़कर अपने प्रयत्नों को आकार देना आवश्यक हैं क्योंकि अपरिचित कंठ– गान से, पराये फूल पान से कभी भी स्वतंत्रता की देवी का नूतन श्रृंगार नहीं होता हैं, प्रत्युत प्रयत्नों से ही सफलता संभव हैं। इस नये परिवर्तन के कारण चाहे जीवन के पत्थर को ठोस रूपाकार न मिल सका हो, पर कवि 'कस्तूरी यादों' के सहारे ही धुँए की जंगल में खाई को पाटा हैं और इसलिए जहर प्याला पीकर सुकरात हुए हैं, टूटन के क्षण में टूटा नहीं है। वे तमाम विपरीत स्थितियों के बीच अनुकूलता की सृष्टि करने में सफल हो ही गया। विश्वास का यही स्वर परमार जी का मूल स्वर है। वे कहते हैं–

'बहुतों ने चाहा– मुझसे ही मेरे गीतों की अन बन हो,
आज देखता हूँ वे योद्धा, मुँह की खाकर, मात हुए हैं।'

(जिसने जलकर रात बिताई, पृष्ठ– 12)

'पाँव यदि विश्वास की ऊँगली पकड़ चलते रहेंगे,
जिन्दगी का यह सफर चाहे कठिन, कट जायेगा ही।'

(पाँव यदि ..... पृष्ठ– 44)

आस्था और विश्वास की चेतना से विश्व में परिवर्तन लाने वाली समय की शक्तियाँ टकराती हैं और निरंतरता ही उनके कर्मो का सत्य बन जाती हैं। वे कहते हैं कि यदि काँटो को सौपे फूलों की गरिमा आन– बान– शान से; तो ऐसा बेटा पाकर प्रमुदित मानवता निश्चित ही खिल उठेगी। यथा–

'मंजिल पास नहीं आएगी, छाया में चिंतन करने से,
बढ़ते रहे निरंतर पग यदि, राह कठिनतर तय होती है।'

(राह कठिनतर तय होती है, पृष्ठ– 15)

आत्मबल के सहारे सृजन करने की क्षमता कवि के अन्तर्मन में विद्यमान हैं वे प्रेम के एक फूल के बूते जीवन में कस्तूरी गंध बिखेरने मे सफल हैं। यहीं प्रबोध औरों को भी देता हैं, इसलिए उसने रास्ते के पत्थरों को पूजा और ज्योति को सब कुछ अर्पित कर दिया जिस प्रकार छत के जल में गहराई कभी नहीं होती हैं। उसी प्रकार शंकाआं के कोहरा में सूरज कभी नहीं छिपता

है। वह नित चमकता रहता हैं। निश्छल प्रेम की भाँति। कवि को ज्ञात है कि अंधेरे को तोड़ने के लिए अनेक दीपक चाहिए और विपदाओं के समुद्र को पाटने के लिए अनेक हाथ जरूरी है अत: एक- दूसरे से जुड़ना ही प्रत्येक का जीवन धर्म हो। यथा-

'चाँद- सितारे फिजूल, मुझको बस चाहिए,
जीवन के गमले में, एक फूल प्यार का,
मेरा संकल्प सिर्फ सुख- दुख में समरसता
भेदभाव मिट जाए जीत और हार का।'

(एक फूल प्यार का, पृष्ठ- 108)

परमार को विश्वास है यदि व्यक्ति संकल्पित हो तो हर विषमताओं पर विजय प्राप्त किया जा सकता हैं। परमार ने एकता और श्रम जैसे जीवन मूल्यों के प्रति आस्था व्यक्त किया है। यदि हम श्रम की साधना नहीं करेंगे तो हर स्थिति बिना विवाह के क्वाँरी कन्या की तरह रहेगी। इसलिए जिन्दगी का आनंद जुड़कर जीने में हैं। यद्यपि इस तरह के भावों पर आधारित गीत; संग्रह से अलग लगते हैं किन्तु अलग- अलग प्रकार के फूल गुलदस्ते की सुन्दरता को बढ़ा देते है। 'कस्तूरी यादें' में ऐसे ही गीतों के कारण गीतकार की अलग पहचान दर्ज हुई है-

'एक हाथ से चाहें भी तो, मिट्टी को गुदगुदी न होगी,
कोटि- कोटि जब हाथ उठेंगे बंधु तभी तो हरियाली है।'

(तभी तो हरियाली है, पृष्ठ- 47)

परमार के गीतों की सबसे अधिक सुन्दरता उन गीतों में हैं, जहाँ वे आत्मीय धरातल पर लोक संस्पर्शिता, नादात्मक ध्वनियों की प्रकृतिय प्रतीतियाँ, नव्य उपमान योजना का आकर्षक रूपांकन करते हैं। ऐसे मे वे गीत- बिम्बों को लोक जीवन से लेते हैं-

'दीख नही पड़ती अब, छत पर बड़िया डाली
हँसने पर चैती को, बरज रही हैं माई
कम्मों को बार- बार, आती है उबकाई
बिरझू से छुटी हैं, आमों की रखवाली।'

(नैहर अब लौटी है, पृष्ठ- 53)

'आम हुए परदेशी, जामुन की पहुनाई
बेले बरबट्टी की, छज्जे तक चढ़ आई।
कुम्हड़े के फूलों पर, सोने का पानी है।'

(बरखा गीत- पृष्ठ- 52)

परमार की भाषा मौलिक हैं। बनावटी और नकल की प्रवृत्ति नहीं है इसलिए उनकी कविता भाषा के अनुकरण का वह भ्रम जाल उगाने से बच जाती हैं, जो संप्रेषण की समस्या उत्पन्न करे। उनकी भाषा में सहजता, स्वाभाविकता हैं। जीवंत जीवनानुभूति सौन्दर्यानुभूति के प्रकटीकरण में सफल हैं, सिद्ध है। भाषा के रचनात्मक वैशिष्ट्य के कारण शैल्पिक रचाव में कसाव है, यथास्थान मुहावरों और लोकोक्तियों के प्रयोग से परमार की भाषा जीवंत हो उठी हैं-

'दीपित मन भावनी, साँझ सुघर जामुनी
पाहुन बन आई हैं, आशा के गाँव में।'

(गाँव की साँझ, पृष्ठ- 95)

'अनोखी खुशबू लिए यह
खिल उठा हैं
फूल जैसा मन।'

(फूल जैसा मन, पृष्ठ- 107)

यद्यपि इस संग्रह के गीत नए नहीं हैं किन्तु शिल्प की विशिष्टता से इन्कार नहीं किया जा सकता। शब्द विन्यास में प्रौढ़ता है। परमार ने शब्दों के माध्यम से ऐसे बिम्बों की सर्जना की है, जिसके भावों की गहराई को बिना कुशलता के बाँध पाना असंभव नहीं तो कठिन अवश्य हैं। यथा-

'आत्म मुग्ध सी लिए आरसी बैठी रहती हो।
जो भी कुछ कहना होता है खुद से कहती हो।'

(चुगली करती है, पृष्ठ-63)

'कस्तूरी यादें' भावों की संपदा है, जिसमें अनुभूति की गहराई विद्यमान हैं। 'एक ही विषय पर अनेक गीत होने के कारण भावों का पुनरावर्तन अवश्य हुआ है किन्तु परमार जी ने अपनी शब्द पकड़ और अपने शिल्प कौशल से प्रत्येक गीत को स्वतंत्र व्यक्तित्व प्रदान करने की कोशिश की है।'

'कस्तूरी यादें' भाव भूमि में सृजित कृति हैं। इस कृति में कवि ने जिन भावों का सृजन किया हैं, उसे ही वे जग को बाँट रहें हैं। जीवन का यह नूतन प्रगतिशील चरण उसकी टूटती हुई जीवनस्थितियों का संबल है। जीवन में सुख- दु:ख दोनों है। इसलिए विपरीत परिस्थितियों में सामान्यीकृत होकर अनवरत् संघर्षरत रहने का महती संदेश 'कस्तूरी यादें' में दिया हैं। वस्तुत: परिपूर्णण प्रेम को प्रतिपादित करता हुआ कस्तूरी यादें' गीत संकलन भले ही दर्द की बुनियाद पर तैयार किया गया हो, किन्तु वह प्रेम से सराबोर शक्ति और प्रेरणा की जिस ऊर्जा को बिखेरता है, वह मोड़ वरेण्य हैं। इस संग्रह का मूल भाव ही प्रेम अभिव्यंजना हैं। परमार ने प्रणय भाव को जिस क्षमता से अकारित किया हैं, उस प्रयत्नशील दृष्टिकोण से नवगीत विधा में 'कस्तूरी यादें' अभिनंदनीय ग्रंथ प्रमाणित होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

गोंड़ जनजाति के प्रचलित राजनैतिक अभिव्यक्ति के लोकगीतों का अध्ययन

डॉ. सरोज बाला श्याम *

प्रस्तावना – यह कहना असंगत नहीं होगा कि गोंड़ जनजाति राजनीति में अन्य जनजातियों की अपेक्षा अधिक सक्रिय रही हैं और आज के परिप्रेक्ष्य में भी राजनीति में उसी जोश से सक्रिय हैं। गोंड़ राजाओं और उनकी सेना ने स्वन्तत्रता प्राप्ति के कार्य में जी जान लगा दी। गोंड़ जनता ने भी कार्य में परोक्ष रूप से अपना सहयोग प्रदान किया। उनके द्धारा ऐसे लोकगीत रचे गए जो स्वतन्त्रता की चेतना और राजनीतिक चेतना की मार्मिक अभिव्यक्ति कहे जा सकते हैं। आज ये लोकगीत लोक कंठ में निवास करने वाली वाचिक परम्परा की अमूल्य धरोहर हैं। यहाँ कुछ लोकगीतों को हम देखेंगे जिनमें राजनैतिक अभिव्यक्ति की विचारधारा दृष्टिगोचर होती है।

निम्नांकित गीत में भारत देश की कीर्ति का बखान किया गया है। लोकगीत की मूल भावना यह है कि अपने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की बाजी लगा दो। देश में अमूल्य क्या – क्या है और देश किस ढंग से निरन्तर प्रगति कर रहा है। उसकी अभिव्यक्ति इस लोकगीत में की गई है। गीत के बोल हैं–

'मोर भारत देश महान तोर दिन–दिन होही बखान,
मोर भारत देश महान तोर दिन–दिन होही बखान,
मोर भारत देश महान तोर दिन–दिन होही बखान,
संगवारी सेवा मा दे दो जान मया बाँधी लेना,
चलो रे भैया चलो रे संगी सेवा में दे दो जान,
भारत माँ के पावन भुँईया, मा बहे रे गंगा, जमुना,
काया ला तारै बर तेंहॉ डुबकी लगा ले दोना जिंहा,
करथन गा इसनान, येही भूमि मा सोना–चाँदी
ऐही मा हवै हीरा, येही भुईयां मा नरमदा मैया देथे निर्मल नीरा,
बड़े–बड़े कारखाना खुले बने कचहरी थाना,
जनसंख्या निवारण खातिर होथै आना जाना, सेवा मा बने विधान,
मोर भारत देश महान ऐखर दिन–दिन होही बखान।।'

इसी प्रकार के एक और लोक गीत में भारत देश आप धन्य है। यह धन्यवाद यह दर्शाता है कि किसी प्रकार भारत के लोग खासतौर पर हमारी सेना की वीरता का बखान किया गया है जो सीमा पर खड़ी होकर दुशमन से हमारी रक्षा कर रही है। स्वतन्त्रता प्राप्त कर लेना जितना जरूरी था उतना ही जरूरी है उसकी निरन्तर रक्षा करना। इसी राजनीतिक चेतना की अभिव्यक्ति इस लोकगीत में है।

'धन्य–धन्य मोर भारत माता,
भुईयाँ धन्य ईहाँ के नर–नारी
अइसन बेटा ला जनम दये तैं
भारत मोर महतारी,
तोर दूध पिये हम दाई बने हैं जबर छाती,
सीना तान के खड़े हवन दाई तोर सेवा खातिर
लहर–लहर लहरावत रहथे, तोर मया के फुलवारी,
बैरी दुश्मन आए के खातिर, कोशिश करथैं भारी,
सीमा पार में बैठे हवंय बड़े–बड़े जोधारी,
जुगुर–जुगुर बरते रहथे, आजादी के चिनगारी।।'

अंग्रेजों के खिलाफ आदिवासियों की लड़ाई सहस्त्र संघर्ष की गाथा है। संघर्ष की लड़ाई में गोंड़ लोगों ने भी भरपूर साथ दिया। सन् 1857 के अमर शहीद शंकरशाह और रघुनाथ शाह को कौन नहीं जानता? इन वीर सपूतों का एक कविता पर तोप के मुंह में बांधकर उड़ाया गया। यह कविता थी –

'मूंद मुख डंडिन को चुगलन को चबाई खाई,
खुंद दौंड दुष्टन को शत्रुन संहारिका।
मार अंगरेज, रेज कर देई मात चंड़ी
बचै नहिं बैरी एरी प्रलयंकारिका।
सकर की इच्छा कर दास प्रतिपाल कर
दीन की सुन टेर आकैं मात प्रनपालिका
खाय लेई म्लेच्छन को झेल नही करौं अब
मच्छन कर ततच्छन घोर मात कालिका।।'

देश की स्वतन्त्रता के लिए हमारे नेताओं ने जो सहयोग किया उन नेताओं का नाम युगों–युगों तक अमर रहेगा। पराधीन के समय हमारे देश ने बहुत कष्ट सहा है। पंड़ित जवाहर लाल नेहरू एवं महात्मा गांधी का नाम देश को आजाद कराने में प्रथम रहेगा। इसके अलावा सुभाषचन्द्र बोस, वीर बहादुर, महाराणा प्रताप, रानी दुर्गावती, रानी लक्ष्मीबाई, तत्या टोपे जैसे सरदारों का नाम देश के सुनहरे पन्नों में अंकित हो युगो–युगों तक अमर रहेगा।

'मोर भारत देश के नेताओं भईया
युग–युग ले अमर होगे नाम
पहले रहीन पराधीन तब भारी मुश्किल झेलिन
कतहो रहय वीर जुवान तभु कोनोला नंई सूझिस
नेहरू गांधी बापू जी के परथम हवय नाम
सुभाषचन्द्र वीर बहादुर महराना परताप गा
दुर्गा, लक्ष्मी, तात्या टोपे बड़े–बड़े सरदार गा
हवय बड़े सुरखी पननों पै गीत कहानी नाम गा
राष्ट्रसेवा देश भक्ति अर कतका सुघर बानी
बीर–बीर कह गीत पुकारे फिल्म कविता कहानी
जगै–जगै पै छा गै प्रतिमा अर नाम गा

* अशोक भवन सरस्वती स्कूल के पास, पाण्डवनगर, शहडोल (म.प्र.) भारत

मोर भारत देश के नेताओं भईया
युग–युग ले अमर होगे नाम
अक अनेक सुविधा अर कई संस्था नाम गा
कोना–कोना मा दीप जलगै होगे नाम महान गा
जय भारत जय जिन्दाबाद धीर–वीर बलवान गा
मोर भारत देश के नेताओं भईया
युग–युग ले अमर होगे नाम।।'

इसी प्रकार के भाव निम्नांकित लोकगीत में देखे जा सकते हैं कि लोग इस बात के लिए अपने वीर स्वाधीनता सेनानी एवं नेताओं का आभार मान रहे हैं, जिनके त्याग और बलिदान से उन्हें स्वराज प्राप्त हुआ है। लोकगीत इस प्रकार है –

'देश के नेताओं वीर बहादुर अपन सत्त लेके आगे रे
हमला राज सौंप के हमार भाग जगागे रे
देश के खातिर बैरी बनके करिन कठिन लड़ाई
अपन सत्ता ला लाये खातिर जेल के रोटी खाईन
वीर बहादुर नाम धरा के अपना नाम उजागर करगे रे
हमला राज सौंप के हमार भाग जगागे रे
दिन–दिन दूना रात चौगना देश खुशहाल होही
चिनता रहीस दूर भगगै सुख के बिहान होही
धन्य–धन्य हो बीर बहादुर देश ला गौरव बना गे रे
हमला राज सौंप के हमार भाग जगागे रे
अपने देश अर जन के सेवा हमला ओमन सिखागे रे।।'

निम्नांकित गोंड लोकगीत में भारत देश को सुन्दर एवं विकास के रास्ते पर चलने का भाव व्यक्त करते है। आपस में प्रेम, भाई–चारा सुख शंति होगी।

'हम भारत ला सुंदर बनाबोगा।
बनाबो बनाबो बनाबोगा।
खोर गलिन ला चाकर करके, सुंदर सड़क बनाबो।
गांव गांव बिजली पहुंचा के सुंदर शहर बनाबोगा,
हम भारत ला सुंदर बनाबोगा।। हम भारत।।
आस पास के भेद मिटाकें, आपस में प्रेम बढ़ाबो।
ऊंच नीच के भेद मिटा के, पूरा में लौके बहाबो।।
सुख शांति की रचना करिके रामराज ला लाबोगा।
हम भारत ला सुंदर बनाबोगा।। हम भारत।।
गांव गांव में खुले मदरसा बच्चो ला खूब पढ़ाबों।।
हम भारत ला सुंदर बनाबोगा।।'

कुल मिलाकर देखा जाए तो गोंड़ लोगों की राजनैतिक जागरूकता अन्य आदिवासियों से अधिक हैं। इसके मूल में गोंड़ राजाओं का शासन भी है। आज के परिपेक्ष्य में भी गोंड़ जनजाति उसी रूप में राजनीति में अभिरूचि रखती है जैसा की पहले रखती थी। इस कार्य में लोकगीतों का बहुत बड़ा हाथ है। दूसरे रूप में कहे तो गोंड़ जनजाति के राजनीतिक लोकगीत सदा अमर रहेंगे जो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तान्तरित होते रहेंगें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. जनजातीय लोक गीतों में स्वातंत्रय चेतना – डॉ. विजय चौरसिया।
2. आदिवासी लोकगीत – प्रकाशक – गोंडी पब्लिक ट्रस्ट, मण्डला।
3. सामयिक संदर्भो में गोंड़ी संस्कृति का इतिहास – सं. डॉ.लीला भलावी
4. शोधार्थी के निजी संग्रह से।
5. श्री राधेश्याम मार्को, ग्राम मुड़की जिला डिण्डौरी से प्राप्त लोकगीत।
6. सम्पदा (पत्रिका)।

****

हिन्दी उपन्यासों के क्षेत्र में प्रेमचन्द का योगदान

डॉ. साधना जैन* विनीता प्रजापति**

प्रस्तावना – गाँधीजी ने भारतीय समाज को सुधारने के लिए जो कुछ कहा उसे सत्यम्–शिवम्–सुन्दरम् के रूप में हिन्दी गद्य साहित्य में साकार रूप प्रदान करने वाला गाँधीजी को जैसी भाषा प्रिय थी, उसी भाषा को लिखने वाला यदि कोई साहित्यकार हुआ है तो वे प्रेमचन्द ही है। निसंदेह वे गाँधीवादी विचारधारा के अनन्य उपासक थे। गाँधीजी की भांति प्रेमचन्द ने भी भारत की जनता को हृदय के नेत्रों से देखा था। गाँधीजी ने भी राजनीति और समाज सुधारों का गठबन्धन कर दलित जातियों के उद्धार मादक द्रव्यों के निषेध, अस्पृश्यता निवारण, स्त्रियों की उन्नति, प्रौढ़ शिक्षा आदि पर बल देते हुए अपना अठारह सूत्रीय रचनात्मक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्रेमचन्द पर उनका भी प्रभाव पड़ा। भारतीय नारी को घर की कारा से निकालने को श्रेय गाँधीजी के आन्दोलनों को ही है। प्रेमचन्द के नारी पात्र भी इसी जागृति के प्रतीक हैं। प्रेमचन्द का उपन्यास साहित्य अपने युग की राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक प्रवृतियों का पूर्ण प्रतिनिधित्व करता है, वह युग का दर्पण है। इसीलिए कहा गया है कि यदि प्रेमचन्द युग के भारत का इतिहास नष्ट भी हो जाए तो भी प्रेमचन्द साहित्य द्वारा उसका पुनर्निर्माण हो सकता है।

प्रस्तुत शोध कार्य विषय–हिन्दी उपन्यास के क्षेत्र में प्रेमचन्द का योगदान पर केन्द्रित रहेगा। प्रेमचन्द पर काफी कुछ विद्यानों, मान्य समीक्षकों, साहित्यकारों द्वारा लिखा गया है। इस शोध में यही कोशिश रहेगी कि जहां तक संभव हो मूल रचनाओं की प्रतिक्रियाएं जो मुझ पर हुई उनको अपने ज्ञान व श्रम से इस शोध के रूप में प्रस्तुत कर सकूं। प्रेमचन्द के हिन्दी उपन्यास साहित्य के क्षेत्र में व्यक्तित्व की परिपूर्णता की ओर ले जाने वाली उनकी विचारधारा को इस शोध का केन्द्रीय भाव बनाया गया है। प्रेमचन्द के साहित्य पर आधारित यह अध्ययन उनकी विचारधारा के विविध आयाम अपने संदर्भ में देखने को एक श्रेष्ठ प्रयास सिद्ध होगा ऐसा शोधार्थी का विश्वास है। प्रेमचन्द के उपन्यास के संबंध में मेरा दृष्टिकोण यह रहा है कि यह रचनाएं कहीं न कहीं हमारा ह्रदय स्पर्श करती है। यह विभिन्न विचारों के मध्य हमारे मन और ह्रदय को आंदोलित भी करती रही है।

इस शोध कार्य में हिन्दी – उपन्यासों के क्षेत्र में प्रेमचन्द का योगदान शोध को निम्न छः अध्यायों में बांटकर पूर्ण किया जाएगा।

1. **प्रथम अध्याय –** इस हिन्दी भाषा में उपन्यासों की पृष्ठभूमि परिभाषा स्वरूप, उद्भव एवं विकास में प्रेमचन्द के उद्देश्यों सम भावनाओं का वर्णन है।

2. द्वितीय अध्याय में समकालीन साहित्यक विचारधारा शीर्षक के अंतर्गत प्रेमचन्द के उपन्यासों में अभिव्यक्त समकालीन विचारधाराओं का परिचय दिया जाएगा।

3. तृतीय अध्याय में हिन्दी उपन्यास के विकास क्रम (क) प्रेमचन्द के पूर्ववर्ती उपन्यासों (ख) प्रेमचन्द युगीन उपन्यास (ग) प्रेमचन्दोत्तर उपन्यास का अध्ययन किया जाएगा।

4. अध्याय चतुर्थ में प्रेमचन्द के उपन्यासों में वैचारिक आयाम शीर्षक के अंतर्गत विभिन्न विचारधाराएं, व्यक्तिवाद, अस्तितवाद्, मनोविश्लेषणवाद और दर्शन का समीक्षात्मक विश्लेषण किया जावेगा।

5. प्रचम् अध्याय में प्रेमचन्द के उपन्यासों में तत्कालीन समय, काल, परिस्थिति में वर्णित समाज, संस्कृति स्त्री चिंतन संक्षिप्त विश्लेषण किया जाएगा।

6. **षष्ठम अध्याय –** में उपसंहार हिन्दी – उपन्यासों के क्षेत्र में प्रेमचन्द का योगदान शीर्षक के अंतर्गत प्रेमचन्द के समग्र रचित उपन्यास साहित्य पर चिंतन करते हुए निष्कर्षात्मक दृष्टि डाली जावेगी।

पूर्व अध्यायों की समीक्षा – प्रेमचन्द को केन्द्र मानकर हिन्दी उपन्यास के विकास को निम्न युगों में विभाजित किया जा सकता है– 1. प्रेमचन्द के पूर्ववर्ती उपन्यास 2. प्रेमचन्द के युगीन उपन्यास 3, प्रेमचन्दोत्तर उपन्यास प्रेमचन्द के पूर्ववर्ती उपन्यास–जासूसी, तिलिस्मी ऐय्यासी उपन्यास–

प्रेमचन्द के पूर्व का उपन्यास साहित्य जासूसी, तिलिस्मी, ऐय्यासी और काल्पनिक रोमांस से युक्त होने के कारण मानव के यथार्थ ने बहुत दूर था। ये उपन्यास कौतहूल की सृष्टि कर केवल मनोरंजन के साधन थे। प्रेमचन्द ने अपने उपन्यासों के द्वारा युगांतर उपस्थित किया यदि उपन्यास को मानव जीवन का महाकाव्य और मानव चरित्र का चित्रण माना जाए तो प्रेमचन्द के पूर्व का हिन्दी का मौलिक उपन्यासकार माना जा सकता है। प्रेमचन्द ने पूर्व हिन्दी का उपन्यास इससे दूर था। इस दृष्टि से प्रेमचन्द को ही हिन्दी साहित्य अपनी शैशवास्था में था और वह विकास की दिशा खोज रहा था। प्रेमचन्द उपन्यास साहित्य में युगान्तर लेकर अवतरित हुए। प्रेमचन्द के परवर्ती उपन्यासकारों ने किसी न किसी रूप में प्रेमचन्द का अनुकरण किया है।

अज हिन्दी उपन्यास साहित्य विकसित होकर पुष्ट हो चुका है। उसमें शैली–शिल्प और विषय वस्तु की दृष्टि से नये–नये प्रयोग हुए हैं और असंख्य उपन्यास लिखे गए हैं। परन्तु हिन्दी उपन्यास क्षेत्र में प्रेमचन्द जैसा युग द्रष्टा उपन्यासकार नहीं हुआ है। प्रारंभ से लेकर अब तक हिन्दी उपन्यास जगत में प्रेमचन्द उपन्यास सम्राट का पद पाने के अधिकारी है।

प्रेमचन्द युगीन उपन्यास एवं प्रेमचन्द का उपन्यास क्षेत्र में स्थान महत्व और योगदान – प्रेमचन्द के उपन्यास भारत के राजनीतिक और

* सहायक प्राध्यापिका (हिन्दी) वीरांगना झलकारी बाई शासकीय कन्या महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (हिन्दी साहित्य) जिवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत

सामाजिक जीवन का यथार्थ चित्र प्रस्तुत करते है। उनके उपन्यासों आदर्शोन्मुख यथार्थ के चित्रण द्वारा जीवन संघर्ष और चेतन जगत का सुन्दर चित्रण हुआ है। उनका 'योगदान' भारत के समाज का यथार्थ और पूर्ण चित्र उपस्थित करने वाला महाकाव्यात्मक उपन्यास है। प्रेमचन्द का महत्व स्पष्ट करते हुए कहा गया है–

'गोदान' के रचियता प्रेमचन्दजी हिन्दी के वर्तमान और भविष्य के निर्देशक हैं।

'प्रेमचन्द उस शिखर के समान है जिसके दोनों और पर्वत के दोनों भागों के उतार–चढ़ाव है।'

प्रेमचन्द और उनके समकालीन अन्य उपन्यासकारों का मुख्य लक्ष्य मानव जीवन का चित्रण करना था। प्रेमचन्द के 'सेवा सदन' प्रेमाश्रम, रंगभूमि, कर्मभूमि, गबन, गोदान आदि मौलिक उपन्यासों में जीवन और समाज की अभव्यक्ति बड़ी सफलता के साथ हुई है। इन उपन्यासों में वस्तुचित्रण कथोपकथन आदि के प्रौढ़तम रूप में दर्शन होते हैं। इनके माध्यम से निम्न और मध्यम वर्ग के सुन्दर चित्र सामने आए और साथ ही राष्ट्रीय भावना को भी बल मिला। आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी ने प्रेमचन्द के महत्व को व्यक्त करते हुए लिखा है।

प्रेमचन्द शताब्दियों से पददलित, अपमानित, उपेक्षित कृषकों की आवाज थे। वे पर्दे में कैद पग–पग पर लांछित और असहाय नारी जाति की महिमा के जबर्दस्त वकील थे। गरीबों और बेबसों के प्रचारक थे। अगर आप समस्त उत्तर भारत को करीब से देखना चाहते हैं तो प्रेमचन्द से उत्तम परिचायक आपको नहीं मिल सकता। झोपड़ियों से लेकर महलों तक आपको इतने ही कौशलपूर्ण और प्रामाणित भाव से कोई नहीं ले जा सकता।

प्रेमचन्दोत्तर उपन्यास – प्रेमचन्द ने जिस क्षेत्र में कार्य किया था उसमें उनके उत्तराधिकारी क्रम का आरम्भ हुआ। प्रकाशचन्द गुप्ता ने प्रेमचन्द के उत्तराधिकारी उपन्यासकारों की स्थिति को स्पष्ट करते हुए लिखा है– प्रेमचन्द की किसान परम्परा को तजकर हिन्दी उपन्यास अनेक नई दिशाओं की और बढ़ा तत्व और रूप दोनों की दृष्टि से एकधारा निम्नवर्ग के जीवन उसकी निराशाओं और असफलताओं को अपनाती है। इसके प्रमुख परिचायक जैनेन्द्र, भगवती प्रसाद वाजपेयी, 'अश्क' आदि हैं। एक धारा मनोविश्लेषणा शास्त्र के प्रभाव से कुण्ठित अतृप्त वासनाओं की अभिव्यक्ति करती है। इसके प्रमुख प्रतिनिधि पण्डित इलाचन्द्र जोशी हैं। एक अन्य धारा भारतीय श्रमजीवी वर्ग की छिपी शक्तियों से संबंध जोड़ती है और भविष्य की धरती को संजोती है। इसके प्रमुख प्रतिनिधि यशपाल, रागेय राघव, पहाड़ी भगवतशरण उपाध्याय नागार्जुन आदि हैं।

शोध के उद्देश्य – सम्पूर्ण राष्ट्र के कोने–कोने में जागरण, नव स्फूर्ति और नवनिर्माण के मंत्र को फूंकना ही शोध का पावन उद्देश्य है। इससे समाज में परिवर्तनों की संभव प्रशस्त होता है। प्रेमचन्द के साहित्य पर आधारित यह अध्ययन उनकी विभिन्न उपन्यासों में वर्णित उनके मनोभावों, विचारधारा के विविध आयामों का समग्र दृष्टि से अध्ययन करना है। समकालीन साहित्यक विचारधारा के अंतर्गत उपन्यासों में अभिव्यक्त समकालीन विचारधारा का भी अध्ययन मनन करना प्रमुख उद्देश्य है।

शोध अध्ययन का क्षेत्र एवं सीमाऐं – शोध के लिए शोधार्थी को आवश्यक एवं अनावश्यक सीमा रेखा को जानना, पहचानना अत्यंत आवश्यक होता है। शोध क्षेत्र की व्यापकता या क्षेत्र की सीमाओं का निर्धारण करने से शोधार्थी अपने लक्ष्य तक बिना किसी भटकाव के पहुँचाता है। प्रत्येक विषय में विस्तार की असीम संभावनाऐं होती है। इसके परिणाम स्वरूप शोधार्थी अव्याप्ति और अतिव्याप्ति दोनों दोषों से बच जाता है। प्रस्तुत शोध का विषय हिन्दी उपन्यास के क्षेत्र में प्रेमचन्द का योगदान है। इस विषय की क्षेत्र सीमा प्रेमचन्द द्वारा लिखित विभिन्न उपन्यासों के समग्र दृष्टिकोण से विस्तृत अध्ययन विश्लेषण मनन तक रहेगा। इसके साथ ही प्रेमचन्द के पूर्ववर्ती उपन्यास तथा प्रेमचन्दोत्तर उपन्यास का भी संक्षिप्त अध्ययन विवेचन हिन्दी उपन्यास से विकास क्रम को विभिन्न युगों में विभक्त करने हेतु किया जायेगा।

शोध प्रविधि – एक सुव्यवस्थित तथा क्रमबद्ध शोध के लिए जितना महत्व विषय चयन व परिकल्पना का होता है उतना ही महत्व शोध प्रविधि का भी होता है। शोध प्रविधि वह साधन या उपकरण हे जिसके माध्यम से अनुसंधान प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण की जा सकती है। शोध की प्रवृत्ति एवं विषय की आवश्यकता के अनुरूप विधि का चयन करने से उपेक्षित प्ररिणामों को प्राप्त करने में त्रुटियों की संभावनाओं को कम किया जा सकता है।

प्रस्तुत शोध विषय– 'हिन्दी उपन्यास के क्षेत्र में प्रेमचन्द का योगदान' में समीक्षात्मक अध्ययन विश्लेषण पद्धति का प्रयोग किया जाएगा। हिन्दी साहित्य विषय से संबंधित सामग्री का संचयन प्रस्तुत शोध कार्य हेतु विभिन्न पत्र–पत्रिकाओं से भी यथास्थान उद्धरण में प्रस्तुत किए जाएगे।

सामग्री संकलन के दो प्रमुख स्त्रोत होंगे–

अ) प्राथमिक स्त्रोत–

1. प्रेमचन्द रचित विभिन्न उपन्यासों के अध्ययन, विश्लेषण, मूल्यांकन, समीक्षात्मक, विवेचन द्वारा निष्कर्ष पर पहुंचना।
2. तार्किक पद्धति का प्रयोग करना।
3. विषय के संबंधित में किसी अन्य व्यक्ति द्वारा किए गए इससे संबंधित शोध कार्य का अध्ययन करना।

ब) द्वितीयक स्त्रोत–

1. ग्रंथालय– प्रकाशित–अप्रकाशित शोध प्रबंध।
2. साहित्यक पत्रिकाऐं विभिन्न समाचार पत्र।
3. इंटरनेट पर उपलब्ध शोध विषय से संबंधित अध्ययन सामग्री तथा आंकड़े।

प्रेमचन्द की हिन्दी उपन्यास जगत की देन– प्रस्तुत शोध अध्ययन का वर्तमान महत्व – प्रेमचन्द का उपन्यास सृजन सन् 1902 में प्रारम्भ हो जाता है। इस समय आपकी आयु केवल 20 वर्ष की थी। आपके टैगोर की कहानियों के अनुवाद उर्दू पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए। आपकी सबसे पहली कहानी 'संसार का सबसे अनमोल रतन' सन् 1900 में जमाना पत्रिका में प्रकाशित हो चुकी थी। इसी वर्ष आपने कृष्ण नामक उपन्यास की भी रचना की। सन् 1902 में 'वरदान' तथा सन् 1902 में ही 'प्रेमा' और 1906 में प्रतिज्ञा उपन्यास की रचना की। सन् 1908 में जमाना प्रेम में सोजे वतन के नाम से पांच कहानियों का एक संग्रह प्रकाशित हुआ जो सरकार द्वारा जप्त कर लिया गया। सन् 1954 तक आप नवाचराय के नाम से कथा साहित्य की रचना करते रहे। सोजे वतन की जप्ती के पश्चात वे प्रेमचन्द के नाम से लिखने लगे और उर्दू से हिन्दी की ओर आ गये। सेवा सदन प्रेमचन्द का प्रथम उपन्यास है। यह सन् 1916 में प्रकाशित हुआ, इससे पूर्व आप वरदान प्रतिज्ञा या प्रेमा और रूठी रानी उपन्यास लिख चुके थे।

रूठी रानी एक छोटा–सा एतिहासिक उपन्यास है। इसमें राजपूती सभ्यता के साथ परस्पर फूट का चित्रण किया गया, जिसके कारण देश अधीन हुआ। सन् 1901 में आपने प्रतापचन्द नामक उपन्यास लिखा जिसे सन् 1902 में वरदान नाम से प्रकाशित किया। सन् 1903 में प्रकाशित 'हमनाम' उपन्यास पहले उर्दू में हमखुमी और हम कबाब के नाम से प्रकाशित

हो चुका हथा। बाद में प्रेमचन्द ने प्रेमा में बहुत अधिक परिवर्तन कर दिया और वह हिन्दी में प्रतिज्ञा और उर्दू में बेवफा नाम से प्रकाशित हुआ। प्रेमचन्द के इन उपन्यासों का कला की दृष्टि से कोई महत्व नहीं है। 'सेवा सदन' ही आपका महत्वपूर्ण उपन्यास है। इसके पश्चात प्रेमचन्द के निम्नलिखित उपन्यास प्रकाशित हुए- प्रेमाश्रम (सन् 1922) निर्मला (सन् 1923) रंगभूमि (सन् 1924-25) कायाकल्प (सन् 1928) गबन (सन् 1931), कर्मभूमि (सन् 1932) गोदान (सन् 1936)। प्रेमचन्दजी ने अपने जीवन के प्रत्येक पहलू को सच्चाई के साथ वर्णन करके उपन्यास साहित्य को जीवन को पूर्णकृति बनाने का अनुपम प्रयास किया है। तत्कालीन सच्ची परिस्थितियों का चित्रण आपके उपन्यासों में मिलता है।

प्रेमचन्द- कर्मभूमि - कर्मभूमि की कथावस्तु भारत के स्वाधीनता आन्दोलन की कहानी का एक अंश है। यही कारण है कि वह केवल युगीन घटनाओं का विवरण मात्र नहीं है। उसमें रोचकता भी पूर्णत: विद्यमान है। प्रस्तुत उपन्यास की कथावस्तु जहां राजनीति, समाज, धर्म एवं शिक्षा के विशाल क्षेत्र का चित्र प्रस्तुत करती है। वहीं यथार्थ की भूमि पर चित्रित हुई ये घटनाऐं उनको सूत्रबद्ध करने की क्षमता भी रखती है। जिससे कि वे असंगठित न दिखाई पड़े।

कर्मभूमि उपन्यास का कलेवर दो आंचल की कथाओं का मिश्रण है। एक काशी नगरी की ओर दूसरी हरिद्धार के सभीपस्थ गांव की दोनों कथाओं के सूत्र अमर के माध्यम से जुड़ते हैं। नगर की कथा अछूतोद्धार एवं श्रमिकों तथा मजदूरों की आवासीय व्यवस्था से संबंधित है। अछूतों के मन्दिर में प्रवेश के लिए प्रो. शान्तिकुमार एवं सुखदा द्धारा सत्याग्रह किया जाता है, पहली चलती है और अंत में उन्हें मन्दिर प्रवेश का अधिकार मिल जाता है। मजदूरों की आवास की व्यवस्था के लिये बोर्ड में प्रस्ताव रखा जाता है अमीर की पत्नी सुखदा हड़ताल कराती है, सरकारी दमनचक्र चलता है और सुखदा प्रो. शान्ति कुमार अमरकान्त सकीना आदि सभी जेल जाते हैं।

ग्राम की कथा अछूत किसानों की दुरावस्था से संबंधित है। अमर की धारणा पाकर किसान लगानबंदी आंदोलन करते हैं। सरकार निमर्मतापूर्वक उसे कुचलने की चेष्टा करती है। अमर किसानों को भड़काने के अपराध में पकड़ा जाता है और जेल भेज दिया जाता है। गोदान उपन्यास की तरह इस उपन्यास की नगर और गांव की कथा अलग-अलग प्रतीक नहीं होती। गोदान की भाँति प्रेमचन्द के इस उपन्यास में भी गाँव और नगर की कथा वर्णित है। इतने विशाल कथा चित्र फलक को लेकर सुसंगठित रूप में प्रस्तुत करने की प्रेमचन्द की प्रतिमा अनुपम है।

निष्कर्ष - हिन्दी उपन्यास जगत में प्रेम चन्द का स्थान स्वोंच्च है। मानवता का व्यापक संदेश युग का सजीव चित्रण कथा शिल्प की कलात्मकता चरित्र चित्रण की कला भाषा में लोकभाषा और साहित्य सौष्ठव का समनव्य इन सभी के कारण उपन्यास साहित्य में उनकी कृतियों का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने हिन्दी उपन्यास को नई प्राणधारा प्रदान की है। वे उपन्यास क्षेत्र में मील के पत्थर हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ.आर.एन.गौड़ - राजहंस प्रकाशन मन्दिर, मेरठ।
2. शान्ति स्वरूप गुप्ता रीडर - हिन्दी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली।
3. डॉ.महाराज सिंह परिहार - अभय प्रकाशन मन्दिर 15/256 चारसू दरवाजा आगरा-3
4. हिन्दी उपन्यास एक नई दृष्टि, इन्द्रनाथ मदान।
5. गोदान, बारहवां संस्करण, पृष्ठ 364

****

संत प्रवर भगवानदास निरंजनी की अध्यात्म साधना में योग की भूमिका

ऋतु व्यास *

प्रस्तावना – मध्यकाल में संत हरिदास ने सत्रहवीं शताब्दी में राजस्थान के नागौर जिले के डीडवाना नामक स्थान में निरंजनी सम्प्रदाय की स्थापना की, जो कि कालान्तर में डीडवाना में गाढ़ा धाम के नाम से प्रसिद्ध हुआ। वर्तमान में निरंजनी संप्रदाय के मुख्य साधना स्थलों में से एक गाढ़ा धाम अवशेष मात्र के रूप में दृष्टिगोचर होता है । इस संप्रदाय के संत मूलत: निर्गुण ब्रह्म के उपासक रहे, किन्तु इस संप्रदाय में सगुण भक्ति का वैसा विरोध नहीं मिलता जैसा कबीर तथा उनकी परम्परा के कुछ अन्य संप्रदायों में मिलता है। निरंजनी संप्रदाय में बड़ी संख्या में पढ़े–लिखे ज्ञानवान संत हुए एवं इनमें से कई संतो का संस्कृत भाषा पर भी अच्छा अधिकार था एवं कई संत उत्कृष्ट काव्य प्रतिभा सम्पन्न थे जैसे – संत हरिदास, तुलसीदास, मनोहरदास, भगवानदास, आदि।

संत कवि भगवानदास के वैयक्तिक जीवन का प्रामाणित वृतान्त अज्ञात है। उनका मूल स्थान भी निश्चित् रूप से ज्ञात नहीं हो पाया है। इनके द्वारा रचित ग्रन्थों में रचनाकाल उल्लिखित होने से इनके समय का निर्धारण किया जा सकता है। इनकी उपलब्ध प्रथम रचना का रचनाकाल वि.स. 1728 है तथा अन्तिम उपलब्ध कृति का रचनाकाल वि. स. 1761 है। ऐसी स्थिति में भगवानदास का जन्म वि.स. 1700 के आसपास अनुमानित किया जा सकता है इसी प्रकार वि. सं. 1770 तक वे जीवित रहे होंगे, यह कहा जा सकता है ।

अपनी रचनाओं अथवा कृतियों में ज्ञान मार्ग को समझाने के दौरान भगवानदास निरंजनी ने योग साधना का वर्णन किया है। योग दर्शन के प्रणेता महर्षि पतंजलि माने जाते है। योग दर्शन में 'आत्मा का परमात्मा में मिलना' इस विशिष्ट अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। पतंजलि ने योग–सूत्र में योग को स्पष्ट करते हुए कहा है –

योगश्चित्तवृति निरोध – सैद्धान्तिक चिन्तन के साथ–साथ स्वानुभव से प्राप्त व्यावहारिक ज्ञान का समावेश भी योग में हुआ। एक और साधना के विभिन्न अंगों का विवेचन सूक्ष्म से सूक्ष्मतर होता गया और दूसरी तरफ योग शब्द का अर्थ व्यापक हो गया। जिसे हम योग बीजकार द्वारा दी गई योग की व्याख्या से समझ सकते है –

योऽपान प्राणयोर्योग: स्व – रजोरेतसोस्तथा।
सूर्यचन्द्रमसोर्योगो जीवात्मपरमात्मनो:।।
एवं तद् द्वन्द्वजालस्य संयोगो योग उच्यते।।

अर्थात् प्राण और उपान का, अपने रजस् और वीर्य का, सूर्य नाड़ी और चन्द्र नाड़ी से प्रवाहित होने वाले प्राणवायु का, जीवात्मा और परमात्मा का और इसी प्रकार विविध द्वन्द्वों का योग मिलन करा देना योग कहलाता है।

तात्पर्य यह है कि योग अर्थात् द्वैत का नाश करके अद्वैत स्थिति पर पहुंचना, इस क्रम में प्रथम स्थूल द्वैत प्राण और अपान के द्वैत को समाप्त करके जीवात्मा और परमात्मा में अद्वैत की स्थापना की जाती है अर्थात् इन विविध दो–दो पदार्थों का योग स्थापित किया जाता है। अत: इस अद्वैत की सिद्धि को योग कहते है।

योग एक व्यावहारिक दर्शन है। इसके लिए मनुष्य का चित्त विकारों से रहित होना आवश्यक है। पतंजलि ने योग मार्ग के आठ अंग माने है –

अष्टांग योग – यमनियमासन प्राणायाम प्रत्याहार धारणा ध्यान समाध्योऽष्टावंगानि

अर्थात्

1. यम
2. नियम
3. आसन
4. प्राणायाम
5. प्रत्याहार
6. धारणा
7. ध्यान
8. समाधि

इन्हें अष्टांग योग कहा जाता है।

भगवानदास निरंजनी ने भी योग पर अपने विचार अपनी कृति 'अमृतधारा' में व्यक्त किए है। उन्होंने योग एवं योग क्रिया में प्रयुक्त होने वाली क्रियाओं को अपनी रचना 'अमृतधारा' में विस्तार से समझाया है।

योग प्रणेता महर्षि पतंजलि द्वारा बताए गए योग के आठ अंगों की तरह भगवानदास निरंजनी ने भी योग के आठ अंगों का उनके द्वारा रचित ग्रंथ 'अमृतधारा' में निम्न दोहे में निरूपण किया है –

यम अरू नेम भेद द्वै कहीए
आसन प्राणायामहिं लहिए
प्रत्याहार धारनां जानों
ध्यान सहित समाधि बखानौं।।

योग के उपरोक्त आठ भेदों के बारे में संत कवि भगवान दास निरंजनी का दृष्टिकोण निम्नानुसार है –

1. **यम –** बाह्य अभ्यन्तर की क्रिया यम है। पतंजलि ने यम पांच माने है –

अहिंसासांसत्यास्तेय ब्रह्मचर्यापरिग्रहा यमा: ।।

अर्थात् महर्षि पतंजलि के अनुसार यम के निम्न पांच भेद है – (1) अहिंसा, (2) सत्य, (3) अस्तेय (4) ब्रह्मचर्य और (5) अपरिग्रह

इसी प्रकार संत कवि भगवानदास निरंजनी ने यम के भेदों को अपनी कृति 'अमृतधारा' में निम्न दोहे से समझाया है –

* शोधार्थी (हिन्दी) जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर (राज.) भारत

अहिंसा सति अस्तेयं ब्रह्मचर्य परिगृहहीन
इहिं विधि यम परमानीये तजि जंजाल सुदीन ।।8।।

2. नियम – सदाचार का प्रश्रय देना नियम है। भगवानदास निरंजनी ने 'अमृतधारा' में नियम को इस दोहे द्वारा पुन: विभक्त किया है –

शुचि स्वरूप संतोष जुत तप ईश्वर प्राणिधांन
श्वाध्याय पुनि पाठ करि नेम पंच विधि जांन ।।9।।

अत: नियम को (1) शौच, (2) संतोष, (3) तप (4) स्वाध्याय एवं (5) ईश्वर प्राणिधांन में विभक्त किया गया है।

3. आसन – साधना में शरीर को विशेष स्थिति में रखना जिससे तन और मन दोनों को अचल किया जा सके, आसन कहलाता है। पतंजलि ने 'स्थिरसुखमासनम्' अर्थात् स्थिर भाव से सुख पूर्वक बैठने को आसन कहा है।

भगवानदास निरंजनी के अनुसार –

तीजै आसन साधि कै तिनि के बहु विधि नांम
सिध सुखासन पदिमिका चौरासी परमांन।।

4. प्राणायाम – महर्षि पतंजलि के अनुसार श्वास – प्रश्वास की गति अर्थात् प्राणवायु के शरीर में आगमन और निर्गमन को रोक देना अथवा इच्छानुसार नियंत्रित करना ही प्राणायाम है।

भगवानदास निरंजनी के अनुसार –

चौथे प्राणायाम कहि, तीनि भांति परकाष
उत्तिम मधिम देइ कहि पुनि कनिष्ट अवभाष।।

5. प्रत्याहार – महर्षि पतंजलि ने प्रत्याहार को निम्न प्रकार समझाया है–

स्वविषयासम्प्रयोगे चित्तस्वरूपानुकार इवेन्द्रियाणां प्रत्याहार: ।

अर्थात् इन्द्रियों का अपने–अपने विषयों के साथ सम्पर्क न रहने पर उनका चित्त के स्वरूप का सा हो जाना ही प्रत्याहार है। वस्तुत: प्रत्याहार का शाब्दिक अर्थ है पीछे खीचँना, हटाना। साधना में मनुष्य स्वभावत:, बहिर्मुख इन्द्रियों को अपने विषयों से हटाकर अन्तर्मुखी बना लेता है जिससे वह तन्मय हो सके। इसीलिए गोरक्ष संहिताकार ने कहा है कि जैसे कछुआ अपने अंगों को समेट कर अपने ही अंग में छिपा लेता है, वैसे ही योगी भी प्रत्याहार द्वारा इन्द्रियों को उनके विषयों से हटाकर आत्मा में लीन कर लेता है –

अंगमध्ये यंथागान् कूर्म: संकोचयेद ध्रुवम
योगी प्रत्याहारे देव मिन्द्रियाणि तथात्मनि।।

संत कवि भगवानदास निरंजनी ने इसे अपने शब्दों में निम्न प्रकार से समझाया है –

पंचम प्रत्याहार कहि मन की वृति निवारि
जित कित तै मन रोकिए ब्रह्म भाव उरधारि ।।

6. धारणा – भगवानदास निरंजनी ने धारणा को 'अमृतधारा' में निम्नानुसार समझाया है –

सोहे शब्द पुकारीए अंतर वृत्ति लगाइ
है अडोल डौले नहीं शुद्ध धारना पाइ।।

7. ध्यान – संत कवि के अनुसार –

सोहं हंसो होतु तौं सो कहनौं मिटि जाइ
एक एक ही एक हौ ध्यान मान शुद्ध भाइ ।।

8. समाधि – ध्यान की वह अवस्था जिसमें ध्येय मात्र की ही प्रतीति होती है, अर्थात् परमात्मा का सर्वात्मना ध्यान समाधि है। जिसमें ध्यान मान और अभिमान का कोई स्थान नहीं है। वही आराध्य की समाधि है –

ध्यांन मान अभिमांन नहिं सो समांधि आराधि
च्यारि विघन समाधि मैं सो गुरू गनितै साधि ।।

इसके आगे संत कवि भगवानदास निरंजनी ने इसे और अधिक स्पष्ट करने का प्रयास किया है। वे कहते है –

लय विक्षेप कषाइ तजि रसाष्वाद नहिं स्वाद
च्यारयौं विघन निवारीए सो समाधि अनुवाद।।

भगवानदास निरंजनी के निम्न दोहे के अनुसार समाधि के समय यदि विघ्न सताए या इन विघ्नों के कारण समाधि में मन नहीं लगे तो पहले इन सभी का निवारण आवश्यक है–

च्यारयौई विघन जैसे कहौ लहौ भेद तैसे
लय केश रूप औसे निद्रा मन आंनीये
ब्रह्म वृति मनु लागै आंन वृत्ति रस पागै
विषै भ्रम भ्रम जागै सो विक्षेप मांनीएं
सुर्गुन की सुधि आवै रसाष्वाद श्वाद भावै
भोग बास बसि जावै सो कषाइ मांनीएं
भगवान भाग जागै च्यारयौ हीं विघन त्यागै
छेह के खडग खागै देह भाव हांनीयै।

वासना – उपरोक्त दोहे में इंगित विघ्नों के साथ ही वासना को संत कवि ने प्रमुख विघ्न माना हैं। घर – परिवार को त्याग देने वाला सांसारिकता से **विरक्त साधक –** योगी, जंगम, सेवड़ा, बैरागी आदि तब तक अपने लक्ष्य की प्राप्ति में सफल नहीं हो सकता, जब तक वह वासना एवं अहंभाव से ग्रस्त है। योग साधना के द्वारा शरीर पर नियंत्रण के साथ–साथ, मन पर नियंत्रण भी अत्यन्त आवश्यक है। भगवानदास निरंजनी ने मन पर विजय प्राप्त करने हेतु वासना का क्षय अतिआवश्यक बताया है एवं योगी के लिए वासना से मुक्त होना अत्यावश्यक माना है।

वासना का मिटना अत्यन्त कठिन है। साधना पथ में ऊँचाई पर पहुँचे साधक भी वासना से ग्रस्त मिलते है, वासना विविधरूपा होती है – वासनाओं के मुख्यत: दो भेद किए है– शुद्धा एवं अशुद्धा –

निर्वासी कौ मुक्ति पद वासी वसै सुदेह
द्वै प्रकार की वासना शुद्धा मलिनाएह ।।
अषुद्धा वासना के चार भेद निम्नानुसार है –
लोक वासना एक हैं देह दूसरी जांन
अभि अंतर सो तीसरी चौथी शास्त्र मांन ।।

1. लोक वासना – लोक वासना अर्थात लोक या अपने चारो ओर के पर्यावरण में व्याप्त अन्य लोगों से भौतिक अथवा अभौतिक वस्तुएं या प्रशंसा प्राप्त करने की अभिलाषा ही लोक वासना है। लोक– वासना के संबंध में संत कवि भगवानदास निरंजनी ने निम्न दोहों में प्रकाश डाला है –

राजा प्रजा दरषन आवै सो कीजै जो जग मन भावै
गिरा मौनवस्तर नहीं लीजै तजि वसती वनवास जु कीजै।।

अर्थात वासना से ग्रस्त योगी भी यह चाहता है कि राजा या प्रजा अथवा दोनो ही उसके दर्शन करें एवं उसके कथनानुसार आचरण करें, इस प्रकार वनवासी योगी भी लोक वासना से ग्रसित हो सकता है।

2. देह वासना – देह वासना के संबंध में भगवानदास निरंजनी ने निम्न दोहे में प्रकाश डाला है –

अहं देह बुद्धि देह मैं मानैं झूठौ भोग साच करि जानै
कुबिज लुंज बहु रूप करूपा देह वासना पूरन कूपा।।

अर्थात् देह को ही सब कुछ मान कर उसके भोग विलास एवं सुख

पहुचाने का प्रयत्न करना ही देह वासना है।

3. अभ्यन्तर वासना – काम, क्रोध, लोभ, मोह आदि विकारों से ग्रस्त मन की इच्छाएं ही अभ्यन्तर वासना कहलाती हैं। भगवानदास कहते हैं –

मन मैं भोग वासना चाहै मिलै नहीं तो मन में दाहै
बाहिरे त्याग मन ही मन गहिए, भिंतर वासना देह सू दहीए।।

इस प्रकार योगी बन जाने के फलस्वरूप बाहरी रूप से वासना का त्याग किए जाने एवं मन में भोग वासना होने के कारण अन्त:करण में दाह अर्थात् जलन विद्यमान रहती है एवं योगी समाधि को प्राप्त नहीं कर पाता अत: वासना का संपूर्ण त्याग आवश्यक है।

4. शास्त्र वासना – योगी द्वारा शास्त्रों का पुस्तकीय ज्ञान प्राप्त कर लेने के पश्चात् शास्त्रार्थ के गूढ़ एवं अमूर्त रहस्यों को जाने बिना केवल शाब्दिक **अर्थ के आधार पर तर्क –** वितर्क करना संत कवि के शब्दों में शास्त्र वासना का परिचायक है। शास्त्र वासना के तीन भेद किए गए है, जिन्हें भगवान दास ने निम्न दोहे से समझाया है –

शास्त्र वासना जानि यह तीनि भेद अव भाष।
एक पाठ बहु पाठ पुनि अनुष्ठान प्रकाश।।

उपरोक्त दोहे से भगवानदास निरंजनी ने वासना के भेद एक पाठ, बहु पाठ एवं अनुष्ठान प्रकाश बताए है। इसी क्रम में भगवान दास कहते है कि –

भागवत आदि श्वादि पुनि भारत
हरिवसं प्रसंसु लहौ कछु स्वारथ
श्रुति स्मृति के अर्थ कहीजे
यहै वासनां जनन लहीजे।।

इसी प्रकार भगवानदास निरंजनी ने शुद्धा वासना के भी निम्न भेद निम्नानुसार बताए हैं – (1) मित्रता, (2) करूणा, (3) मुदिता और (4) उपेक्षि

शुद्धा वासना अब कहौ लहौ मोक्षि निज धांम
छेह भाव अभाव करि च्यारि भेद आरांम ।।

उपरोक्त दोहे में शुद्धा वासना के भेद को स्पष्ट करते हुए संत कवि कहते है –

प्रथम मैत्री एक है करूणा दूजी जांन
मुदिता नाम सु तीसरी पुनि उपेक्षि परमांन।।

अत: भगवानदास निरंजनी के योग–साधना संबंधी विवेचन–विश्लेषण से वे एक अध्यवसायी संत के रूप में हमारे सामने आते है। उनकी लेखनी से स्पष्ट होता है कि उन्होंने दर्शन एवं साधना, योग संबंधी अनेक महत्वपूर्ण शास्त्रीय ग्रन्थों का विस्तृत अध्ययन किया होगा और उनमें अत्यधिक रूचि ली होगी। उनकी रचनाओं का अध्ययन करने पर ऐसा अनुमान लगाया जा सकता है कि वे वेदांत – दर्शन से पूरी तरह प्रभावित थे एवं उनकी रचना से उन पर पूर्ववर्ती संतों–महीशियों का प्रभाव साफ–साफ दृष्टिगोचर होता है। उनकी कृतियों से स्पष्ट है कि वे निर्गुण ब्रह्म के उपासक थे।

उनकी कृति 'अमृतधारा' में सरल भाषा में योग एवं साधना संबंधी निरूपण साधारण जनमानस के लिए सुलभ एवं उपयोगी प्रतीत होता है, जिसका अनुसरण कर साधारण व्यक्ति भी योग – साधना के पथ पर अग्रसर हो सकता है। निरंजनी संप्रदाय के ऐसे अन्य संतकवियों जिनकी हस्तलिखित एवं अनूदित रचनाएं आज तक विभिन्न संग्रहालयों में उपलब्ध है उन पर भी भविष्य में शोध कर वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सर्वसाधारण के उपयोग हेतु प्रकाश में लाने की आवश्यकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

उषा देवी मित्रा के कथा-साहित्य में चित्रित सामाजिक जीवन

डी.पी.चन्द्रवंशी * डॉ. रेखा दुबे **

शोध सारांश – भारतीय काव्य शास्त्रियों ने कवि एवं साहित्यकार के लिए एक विशेष प्रकार के व्यक्तित्व का होना आवश्यक बताया है। कवि मम्मट ने काव्य प्रकाश में कहा है –

शक्तिनिपुणता लोकशास्त्र काव्याद्यवेक्षणात।
काव्यज्ञ शिक्षाया्भ्यास इति हेतुस्तदुभ्दभवे।।

मम्मटाचार्य ने अपनी समन्वयकारी बुद्धि के द्वारा एक ओर जहाँ शक्ति रचना-प्रतिभा को काव्य रचना के लिए अनिवार्य गुण बताया है। वहाँ निपुणता, व्युत्पत्ति जो लोकानुभव पर आधारित है, कवि के लिए अपेक्षित माना है। इस प्रकार जहॉ एक ओर जन्मगत प्रभाव तथा वातावरण प्रेरण से साहित्यकार का निर्माण होता है, वहाँ दूसरी ओर समाजगत प्रेरणा उनके व्यक्तितत्व को पूर्णता प्रदान करती है।

जीवन के संघर्ष के बीच कलाकार की कला का उदात्त रूप निखरता है, वहाँ समाज के चित्रण द्वारा वह असत् और सत् का द्वंद्व दिखलाकर सत का पक्ष भी लेता है। साहित्यकार एवं कलाकार जीवन के द्वंद्व एवं विषमताओं का अनुभव करता है, उसकी चेतना विकृतियों एवं विषमताओं को देखकर एक तटस्थ दर्शक मात्र नहीं रहता। वरन् उनकी अपनी संवेदनशीलता और अनुभूतियों को गहराई के समावेश से स्वस्थ और उदात्त रूप प्रदान कर समाज की प्रगति की ओर उन्मुंख करता है। इस संबंध में उषा देवी मित्रा का दृष्टिकोण है – 'साहित्य केवल देश-विदेश या जाति-विशेष की उन्नति या अवनति का प्रतिबिंब नहीं है, वरन मानव जीवन की ज्वाला की चिरन्तन हृदय का आवेग और जीवन की मार्मिक घटनायें, बाते, स्वत: स्फूर्त -ध्वनित हो उठती है। मेरे दृष्टिकोण में साहित्य वह है, जो कि अपने ढ़ंग से सत्य को मूर्त करता है।'[1]

प्रस्तावना – उषा देवी मित्रा की समाजगता प्रेरणाओं का अवलोकन इस प्रकार कर सकते है जो उनके कथा-साहित्य की पृष्ठभूमि बनी है।

1 सामाजिक प्रवृत्तियाँ (नारी जीवन की समस्याएँ) :- किसी देश के सामाजिक उत्थान में उस देश की नारी का महान योगदान होता है, लेकिन भारतीय नारी को शताब्दियों से पुरूष समाज ने अपनी ऐन्द्रिकता की तृप्ति का साधन मात्र समझ लिया था। उनको घर की चहार दीवारी तक एक सीमित क्षेत्र में बंद कर दिया तथा पर्दा-प्रथा में और लज्जाशीलता की आदर्श से इतना दबा दिया कि उसका व्यक्तित्व ही समाप्त हो गया। वह माँ, प्रेयसी, पत्नी किसी भी रूप में स्वाभाविक विकास न कर सकी। यौवनावस्था में पति के संकेतों पर व वृद्धावस्था में सन्तान की दया पर निर्भर थी।

मित्रा जी के समकालीन साहित्यकों ने जन-जीवन की समस्याओं को चित्रित करना प्रांरभ किया और उसमें नारी समस्याओं को भी समान स्थान प्राप्त हुआ। तात्कालीन समाज की नारी संबंधी विभिन्न समस्याओं के संबंध में उषा देवी मित्रा के दृष्टिकोण का अध्ययन सुविधा की दृष्टि से उसे पाँच वर्गो में विभाजित किया जा सकता है –

1-1 पाश्चात्य सभ्यता का प्रभाव और नारी समस्या।
1-2 वैश्या समस्या।
1-3 विधवा समस्या।
1-4 बाल-विवाह तथा अनमोल विवाह जनित समस्याएँ
1-5 विवाह समस्या और स्त्रीत्व गरिमा।

1.1 **पाश्चात्य सभ्यता का प्रभाव और नारी समस्या :-** उषा जी ने जहाँ भारतीय रूढ़ियों का डटकर खंडन और पाश्चात्य जागरूकता का स्वागत किया वहाँ पाश्चात्य प्रणाली की अंधानुकरण की, बुराइयों को तार-तार कर देने में अपनी सारी शक्ति लगा दी। उषा देवी जी ने पाश्चात्य सभ्यता में रंगे व्यक्ति को स्वीकारने पर चुटकियाँ ली है, 'तुम्हारे हाथ की सब चीजें अच्छी बनती है, इंगलिश डिशें खाते-खाते ऊब गया।' [2]

पाश्चात्य सभ्यता का दुष्प्रभाव नारी पर भी पड़ा रहा है जिसका विवरण इस प्रकार है 'शिक्षित समाज में पुरूष ही नहीं नारियाँ भी मद्य-पान करती है, सिगरेटों का व्यवहार भी होता है, टेनिस ग्रांउड में नारियाँ पुरूषों की बराबरी करती है।'[3]

1.2 **वैश्या समस्या :-** कथा सम्राट प्रेमचन्द्र से लेकर साधारण कोटि के उपन्यासकारों ने इसे अपनी रचना का वर्ण्य-विषय बनाया है, परन्तु समाज के सम्मुख कोई सर्वग्राह्या समाधान अब तक प्रस्तुत नहीं हो सका है। त्रिभुवन सिंह की ये पंक्तियाँ समाज के लिए आज प्रश्न चिन्ह है, 'वास्तव में वैश्यायें जन्म से वैश्या नहीं होती बल्कि वे परिस्थितियों द्वारा बनाई जाती है।'[4]

उषा देवी जी ने 'जीवन की मुस्कान' उपन्यास में पूरबी के माध्यम से वैश्या का अंतरंग चित्रण किया है। उन्होंने वैश्या को तिरस्कार और घृणा की दृष्टि से न देखकर उसे एक नारी के रूप में चित्रित कर सहानुभूति प्रदर्शित की है। ये समाज पर कलंक ही है लेकिन समाज का वर्ग अपनी स्वार्थी प्रवृत्ति के लिए इसे अपनाये हुए है। 'बाई जी का गाना एक ऐसी चीज है, मुरदे तक को जिन्दा कर देती है।'[5]

उषा देवी जी का दृष्टिकोण क्रांतिकारी भले ही न हो, विचारणीय और व्यावहारिक अवश्य है। समस्या के एकाँगी निराकरण पर ध्यान केन्द्रित न कर आर्थिक समाजिक सभी दृष्टियों से सुधार करने पर ही समस्या का स्थायी निदान संभव हो सकता है।

1.3 **विधवा समस्या :-** हिन्दू समाज में वैधव्य जीवन की करूण कहानी

*पी.एचडी. शोधकर्ता, सहा. प्राध्यापक (हिन्दी) शास.जे.एम.पी.महाविद्यालय, तखतपुर, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
** शोध निर्देशक (हिन्दी) डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

अत्यंत प्राचीन काल से चली हा रही है। विधवा समस्या उषा देवी जी के कथा–साहित्य का प्रमुख वर्ण्य विषय रहा है। सर्वप्रथम उन्होंने बंग–भाषा में 'सम्मोहिता' उपन्यास में जिसका हिन्दी में प्रकाशन 1963 में हुआ, जमींदार वर्ग की कुन्तला नाम की विधवा का चित्रण किया है। 'पिया–उपन्यास में उन्होने विधवा समस्या के प्रत्येक पहलू को बड़ी गहराई से लिया। इसमें एक ओर शहर में रहने वाली बाल–विधवा 'पिया' का चित्रण है, और दूसरी ओर समानान्तर गाँव के निर्धन किन्तु ब्राम्हण परिवार की नीलिमा नामक बाल–विधवा की करूणा कहानी है। 'पथचारी – उपन्यास में विधवाओं को अपने सतीत्व की रक्षा के लिए शारीरिक रूप से पुष्ट होने और कामकाज करके आर्थिक रूप से व्यायामशाला स्थापित करने का वर्णन है। 'नष्ट नीड़' उपन्यास में शहर के चमक–दमक, सभा पार्टियों में भाग लेने वाली पाश्चात्य सभ्यता से उत्तेजित वातावरण में रमी 'नलिनी' नामक विधवा का चरित्र दिग्दर्शित किया गया है।

1.4 **बाल–विवाह तथा अनमेल विवाह जनित समस्याएँ :–** बाल–विवाह की प्रथा वह विष–मूल है जिससे नारी पतन की शाखाएँ प्रस्फटित होती है। उषा देवी जी ने बाल–विवाह के प्रति सदैव स्वस्थ दृष्टिकोण अपनाया है। उनके कथा–साहित्य में बाल–विवाह समस्या उद्दीपन रूप में हुआ। कही बाल–विवाह आर्थिक विवशता अथवा वृद्ध वर्ग की मानसिक सन्तुष्टि के लिए दिखाये गए है। नीलिमा अभाव व दारिद्रय के भीतर एक ऐसे परिवार में जन्म लेती है, जहाँ गृहस्थी की गाड़ी अर्थाभाव के कारण नहीं चल पा रही है। नीलिमा का पिता अपनी माता की इच्छापूर्ति हेतु आठ वर्ष की आयु में नीलिमा का गौरीदान कर बैठते है। नीलिमा विवाह के कुछ दिन बाल विधवा हो जाती है। 'पिया' उपन्यास में नायिका पिया का विवाह सात वर्ष की अल्पायु में ही हो जाता है। उसका पति, विवाह के दिन ही हैजे से मर जाता है।

'काल की देन' कहानी में अनमेल विवाह पर उषादेवी मित्रा ने तीखा व्यंग्य किया हैं बुढ़ापे के कुछ दिन पहले ही विपिनचन्द्र दूसरा विवाह नव युवती वल्लरी से कर लेते हैं। वहीं उषा देवी जी की 'सूखी रोटी' कहानी में अनमेल विवाह का कारण आर्थिक विषमता है।

'अनमेल विवाह धोखा संयोग आदि से भी हो सकता है। एक साधन सम्पन्न घर की लड़की बाढ़–पीढ़िता बन जाने पर एक अति निर्धन ताँगे वाले के घर पत्नी बनकर पहुँच जाती है।'[6]

उषा देवी मित्रा इस अनमेल विवाह को भी सहज बना देती है। पत्नी के इस वाक्य से 'आप असत के उपासक हैं, तभी सत्य के रूप को देखकर इस प्रकार विचलित हो उठे हैं।'[7]

1–6विवाह समस्या और स्त्रीत्व गरिमा :– उषा देवी जी नारी – मनोविज्ञान को सहज और सूक्ष्म रूप में अभिव्यक्त करने में बड़ी गहराई में उतर जाती हैं। 'नष्टनीड़' उपन्यास की नन्दा एक ऐसे आदमी से प्रेम नहीं करती, जो उससे घृणा करता है। 'वह अपने मन की स्वाभिमानी है वह भी आदमी है और अपना मान–सम्मान रखती हैं।'[8]

'पिया' उपन्यास की नवयुवती कविता चालीस–पैंतालिस वर्षीय सुकान्त से विवाह बंधन में बंधती है। कविता समाजिक दृष्टि से सुकान्त की पत्नी बन जाती है, लेकिन इस विचारहीन प्रेम को वह कभी स्वीकार नहीं कर पाती है। वह पति से हँसकर बात नहीं करती उसके पास जाना तो दूर रहा। उषा देवी जी की कहानी 'गहरी नदियाँ नाव पुरानी' में भी नारी के अनमेल विवाह के प्रति विद्रोह की कहानी है।

'वचन का मोल' उपन्यास में कजरी विनय से प्यार करती है, लेकिन विनय यह नहीं समझ पाता कि वह उससे विवाह नहीं करती है।

2 राजनैतिक प्रवृत्तियाँ :– उषा देवी जी का हिन्दी कथा साहित्य में योगदान द्वितीय विश्व युद्ध काल के कुछ पहले प्रांरभ हुआ। राष्ट्र प्रेम की एक ऐसी भावना जन–जन में उमड़ रही थी, सभी को पूर्ण स्वाधीनता की मांग थी। अंतर यह है कि एक वर्ग शीघ्रताशीघ्र राष्ट्र को स्वतंत्र देखना चाहता था और इसके लिए सब कुछ बलिदान करने को तत्पर था। 'सोहिनी' उपन्यास में नायिका को ऐसे ही स्वाधीनता संग्राम के निर्देशक का परचिय, असित इस प्रकार देता है – 'वह सारे हिन्दुस्तान भर के गुरू है, मालिक है। .....उनके पीछे पुलिस दिन–रात भटकती रहती है। किन्तु उनकी छाया तक वह नहीं देख पाती है। उनके नाम से दुनियाँ काँपती है। ..... कितना कहूँ।'[9]

'पिया' उपन्यास की नायिका पिया सार्वजनिक मंच पर खड़ी होकर देश–प्रेम से ओत–प्रोत , ओजस्वी भाषण देती है, जिसे पुलिस आपत्तिजनक मानकर बीच में ही रूकवा देना अपना कर्तव्य समझती है। पुलिस उसे गिरफ्तार भी करती है।

'वचन का मोल– उपन्यास में शिक्षित सभ्य समाज में भी चरखा, खादी ने पर्यापत ख्याति प्राप्त कर ली थी। नीरजा जैसी नारी को विस्मय होता है – 'इतने दिनों से तो नीच जाति यानी मजदूर जुलाहे ही तांत, चरखा, काता बुना करते थे। अब देखती हूँ भले घर की स्त्रियाँ भी उसमें शामिल हो गई।'[10]

उषा देवी जी सहृदय, सजग लेखिका है, यद्यपि मित्रा जी ने राजनैतिक स्थिति को मुख्य बिंदु बनाकर रचना नहीं की है, लेकिन स्वाधीनता आंदोलन और महात्मा गॉधी की असीम व्यक्तित्व और व्यावहारिक आदर्शो का अत्यंत व्यापक प्रभाव उनकी रचनाओं पर पड़ा है।

3 धार्मिक प्रवृत्तियाँ :– उषा देवी जी के काल में धर्म को स्थिर रूप में नहीं देखा गया, वरन समाजिक परिस्थितियों के अनुकूल उसकी परिवर्तन शीलता पर अधिक बल दिया गया। धर्म की आलोचना को देखते हुए सापेक्ष धर्म की आवश्यकता अनुभव की गयी। इस समय समाज को, धर्म के मूलभूत सिद्धांतों के प्रतिपादन संबंधी शास्त्रीय पचड़ों के वाग्जाल में पडे धर्म से कोई लगाव नहीं रहा था। इस समय तो युगानुरूप नवीन धार्मिक दृष्टिकोण के प्रतिपादन और प्रसारण की चुनौती युगीन साहित्यकार के सामने थी। उषा देवी ने धर्म के युगानुरूप परिवर्तित व्यावहारिक स्वरूप का विवेचन किया है। 'धर्म के नाम पर आत्महत्या शास्त्र सम्मत नहीं कही जा सकती। शास्त्र में कहीं भी मरने की व्यवस्था नहीं है। 'जौहर–व्रत' के संबंध में मतभेद हैं कोई कहता हैं – पत्नी, पति की अनुगामिनी होकर स्वर्ग में उसकी सेवा करेगी, लेकिन यह केवल कल्पना ही है कल्पित स्वर्ग में स्त्री संतान लेकर घर–गृहस्थी कोई कल्पना है। संभवत: मुसलमानी राजत्व के समय उनके अत्याचार से नारी धर्म को बचाने के लिए यह व्यवस्था हुई थी।'[11]

'पिया' उपन्यास की नायिका पिया मूर्ति पूजा का खण्डन करती है। 'नष्टनीड़' उपन्यास में चौधरानी हिन्दुओं की अज्ञानी रूढ़िवादी रूचि की आलोचना करती है

उषा देवी के धार्मिक विवेचना में थोपने वाली प्रवृत्ति नहीं है, वे उसके प्रति स्वस्थ और विवेचनात्मक दृष्टिकोण रखती है।

उपसंहार – उषा देवी जी ने जिन समस्याओं पर लेखनी चलाई है, उनका बड़ा ही यथार्थ मौलिक और आदर्श स्वरूप को भारतीय परम्पराओं के अनुकूल चित्रण प्रस्तुत किया है। उन्होंने समाज के सभी वर्ग को अपवहना वर्ण्य–विषय बनाया। समाज की विभिन्न समस्याएँ उनके कथा–साहित्य में समाहित है चाहे विवाह की समस्या हो, वैधव्य जीवन, बेमेल विवाह, आर्थिक तंगी, स्वतंत्रता संग्राम, देश विभाजन की पीड़ा धार्मिक दशा या राजनैतिक

परिस्थितियाँ, इन सभी बिन्दुओं को उषा देवी जी ने अपने कथा-साहित्य में पिरोने का अद्धितीय प्रयास किया है।

संदर्भ सूची :-

1. 'ब-कलम खुद' उषा देवी मित्रा साहित्य साधिकाएँ पृ. क्र. 136.
2. 'नष्ट-नीड़' उषा देवी मित्रा पृष्ठ 11.
3. 'वचन का मोल' उषा देवी मित्रा पृष्ठ 9-10.
4. 'हिन्दी उपन्यास और यथार्थवाद' त्रिभुवन सिंह पृष्ठ 109,
5. 'जीवन की मुस्कान' उषा देवी मित्रा पृष्ठ 27,
6. 'बहता फूल' (कहानी संग्रह-रागिनी) उषा देवी मित्रा पृष्ठ 72-73.
7. 'कल्पना की देवी' (कहानी-संग्रह-रागिनी) पृष्ठ 99-100,
8. 'नष्ट-नीड़' उषा देवी मित्रा पृष्ठ 170,
9. 'सोहिनी' उषा देवी मित्रा पृष्ठ 16,
10. 'वचन का मोल' उषा देवी मित्रा पृष्ठ 57,
11. वहीं, पृष्ठ - 61-62

****

अपने-अपने अजनबी उपन्यास में स्वाधीनता के मूल्यों के विविध आयाम

डॉ. अनुकूल सोलंकी *

प्रस्तावना – कवि, चिंतक, सृजनात्मक, कहानीकार, उपन्यासकार, निबंधकार न जाने कितने विधाओं में पारंगत मूर्धन्य सृजनशील लेखक साच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय', सदैव भारतीय सार्वभौमिक मूल्यों के हिमायती रहें। भारत की प्राचीन परंपरा, धर्म, संस्कृति में निहित मानव मूल्यों के सृजनात्मक परिणाम उभरते विकसित राष्ट्र में मिलते है। धर्म और नैतिकता से पहचाना जाने वाला राष्ट्र, भारत अपनी संस्कृती को आज भी जड से पकडा हुआ है। विश्व की अनेक प्राचीन एवं महान संस्कृति विकृत होकर काल के गाल में समा गई परंतु भारतीय संस्कृति आज भी जीवित है। पौर्वात्य और पाश्चात्य संस्कृति की तुलना में भारत आज भी विश्व में प्रथम है।

उत्तर आधुनिकता और घोर अतिवादिता ने विदेशी संस्कृति, सभ्यता को च्युत कर दिया। भोग विलास, अय्याश जीवन शैली की अत्यंत अतिवादिता ने मानव को दानव व विक्षिप्त बना कर रखा है। धर्म के प्रमुख नैतिक आयाम विश्व में भारत के इतर कहीं नहीं मिल पायेंगे, परिपक्व और प्रौढ़ भारतीय दर्शन और जीवन शैली अटकती हुई नजर आ रही है सबसे प्रौढ़ और परिपक्व दृष्टि से सन् 1961 में अमेरिका से प्रकाशित उपन्यास 'अपने अपने अजनबी' कालजयी साहित्यिक कृति है-उपन्यास के दो प्रमुख पात्र सेल्मा और योके इसी दर्शन का प्रतिनिधित्व करते है। संस्कृति, धर्म और चरित्र प्रधान देश कैसे विश्व को अपना स्वभाविक (भारतीय जीवन मूल्य) दर्शन देता है यह सम्पूर्ण उपन्यास के मनन और विश्लेषण से पता चलता है।

अज्ञेय ने अपने जीवन साहित्य में अनेक प्रयोग किए गद्य में भी पद्य जैसी स्थिति मिली। उनके लिखें गए गद्य को कठिन गद्य का भूत कहा जाता है। उन्होनें प्रमुख रूप से तीन उपन्यास लिखे। तीनों उपन्यास में सर्वाधिक प्रौढ़ एवं परिपक्व लेखन 'अपने-अपने अजनबी' में मिलता है। देशी-विदेशी जीवन शैली, संस्कृति पुरजोर तरीके से भारतीयता (भारतीय जीवन मूल्य) की पहचान और बोध कराती है।

'अपने-अपने अजनबी' उपन्यास में अज्ञेय का चिंतन गहन मूल्यांकन मानता है। संपूर्ण उपन्यास में सेल्मा और योके केन्द्र बिंदु है। केन्द्र बिंदु के माध्यम से अज्ञेय अपनी बात रखना चाहते हैं।

योके आधुनिक यूरोपीय स्वाधीनता प्राप्त युवती है। सम्पूर्ण उपन्यास में प्रारंभ से अंत तक अज्ञेय अपनी लेखनी उसी पर रखते है।

बर्फ के आच्छादन में दोनों सेल्मा और योके मृत्यु के साक्षात्कार को अलग-अलग यथार्थ पर अलग-अलग ढंग से झेलते है। सेल्मा यथार्थ में एक से अधिक बार मृत्यु से साक्षात्कार कर चुकी है। सेल्मा में सारा चातुर्य आ जाने पर भी एक सहज और सरल नारी का चरित्र ढाल लेती है। वह भारतीय जीवन शैली जैसी परिपक्वता आस्था और अनासक्तता से अपनी दिनचर्या निकालती है। जबकि युवती योके अपरिपक्व और सेल्मा से इतर है। कुल मिलाकर सेल्मा के माध्यम से अज्ञेय अपने को पुष्ट करते नजर आते हैं। सेल्मा का स्वभाव, जीवन, व्यक्तित्व अज्ञेय के सर्वथा अनुकूल लगता है। जिसमें सृजनशील उपन्यासकार पाश्चात्य मानसिकता का गहराई से अध्ययन कर, पौर्वात्य संस्कृति के माध्यम से अपने दर्शन को स्पष्ट कर रहा है।

सेल्मा के माध्यम से अज्ञेय एक नई जीवन दृष्टि उपन्यास में दे रहे है। सेल्मा की अनासक्तता सर्वप्रमुख है। मृत्यु से साक्षात्कार करने के पश्चात् सेल्मा अब पुरानी स्वार्थी चालक महिला नहीं रही। सेल्मा की गहरी आस्था और अनासक्तता ने उसे संतुलित जीवन, परिपक्वता और गहरा जीवन चिंतन दे दिया सेल्मा के माध्यम से जिससे पाठक अज्ञेय की सर्जनात्मक कृति समझ सके।

- सेल्मा – संवेदना, तटस्थता, आस्था, उदार, अनासक्तता।
- योके- पाश्चात्य मानसिकता वाली, मृत्यु को खंडन मानने वाली, चिढ़चिढ़ी।

मनुष्य स्वयं अपनी नैतिकता अपनी नियति, अपनी स्वतंत्रता के क्षण का चुनाव करता है, यह दर्शन और भी स्पष्ट रूप से अज्ञेय के उपन्यास 'अपने अपने अजनबी' में आया है, जिसमें पाश्चात्य और पौर्वात्य दर्शन में मृत्यु के प्रति जीवनशैली का द्वंद्व पुष्टतर तर्को से दीखता है। पश्चात्य मानसिकता की गहराई से पहचान एवं समझ मूर्धन्य साहित्यकार अज्ञेय में थी। रचनात्मक दृष्टि से 'अपने-अपने अजनबी' उपन्यास की मुख्य पात्र सेल्मा मृत्यु से साक्षात्कार कर लेने के पश्चात् पहले से अधिक संतुलित, गंभीर, संवेदनशील, तटस्थ सम्पूर्ण उपन्यास को पढने के पश्चात कहा जा सकता है कि सेल्मा का पौर्वात्य दर्शन अज्ञेय के व्यक्तित्व से मेल खाता हैं। 'अपने अपने अजनबी' अज्ञेय की संवेदना उन्हें तटस्थ भाव तक ले जाती हैं। इतने से छोटे से उपन्यास में अज्ञेय सीमित संयम और कलात्मक अनुभूति को सहृदय पाठक के समक्ष रखते हैं। अज्ञेय 'अपने अपने अजनबी' भी कथा की पृष्ठभूमि विदेश की दिखाई- और कम शब्द और कम पात्रों के माध्यम से उपन्यास को परिपूर्ण बना दिया। उपन्यास के सीमित पन्नों पर अज्ञेय पौर्वात्य और पाश्चात्य दर्शन को गहराई से बता सके। सेल्मा की मृत्यु से साक्षात्कार होने के पश्चात् एक नये चिंतन दर्शन और जीवनदृष्टि से जीवन जीने लगती है। हा योके में भगवान को ओढ़ लेना ही चाहती हूं। पूरा ओढ़ लेना कि कहीं कुछ भी उघड़ा रह न जाए। तुम नहीं जानती कि जिसे माला की मणि तक नहीं पहुंचना है, उसके लिए एक-एक मनके का रूप कितना दिव्य होता है।' [1]

'और स्वतंत्रता- कौन स्वतंत्र है? कौन चुन सकता है कि वह कैसे रहेगा।

* शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

कैसे रहुंगा या नहीं रहेगा? मैं क्या स्वतंत्र हूं कि बीमार न रहूं- या कि अब बीमार हूं तो इतनी भी न स्वतंत्र हूं-कि मर जाउं? मैंने चाहा था कि अन्तिम दिनों में कोई मेरे पास न हो। लेकिन वह भी क्या मैं चुन सकी? तुम क्या समझती हो कि इससे मुझे तकलीफ नहीं होती कि जो मैं अपनों को भी नहीं दिखाना चाहती थी उसे देखने के लिए- भगवान ने एक-एक अजनबी भेज दिया।'[2]

सेल्मा संवेदना से भरी दूसरी दृष्टि योके को दिखाती है। योके अपनी अनास्था छोड़कर बाहर आती है और जर्मन सैनिकों द्वारा शीलभंग होने पर अपने मृत्यु के उपयुक्त पल की तलाश में मारी-मारी भटकती हैं और अब वह केवल मरना चाहती है किसी भले आदमी के सामने। जगन्नाथ जो आस्था का पूर्व का और अच्छाई का प्रतीक बन कर आता है, उसकी मृत्यु का अंतिम साक्षी है। उसकी गोद में मृत्यु का वरण कर लेती है। उसे केवल इतनी समझ कि वह अच्छे आदमी के संस्पर्श अंतिम सांस ली।

'अपने अपने अजनबी' की कथावस्तु पाश्चात्य है और पात्र भी पाश्चात्य लिए है। पाश्चात्य कथा वस्तु की दृष्टि से यह लघु उपन्यास ही कहलाएगा। लगभग एक सौ सत्ताईस पृष्ठों के उपन्यास में तीन परिच्छेद है (1) योके और सेल्मा (2) सेल्मा तथा (3) योके।

'मूल समस्या तो वही है। अंतर केवल यह है कि शेखर के सामने प्रश्न यह था कि मेरी मृत्यु की सिद्धि क्या है, यानी में मर जाता हूं तो कुल मिलाकर जीने का क्या अर्थ हुआ? पर यहां यह है कि जीवन मात्र नक्शे में मृत्यु मात्र का स्थान है और यहां मैंने दो दृष्टियों को सामने लाने की कोशिश की है। एक को मोटे तौर पर पूर्व की कह सकते है और दूसरे को पश्चिम की।'[3]

'कुछ भी किसी के बस में नहीं है, योके। एक ही बात हमारे बस की है- इस बात को पहचान लेना। इससे आगे हम कुछ नहीं जानते। 'सेल्मा 'और स्वतंत्रता- कौन स्वतंत्र है? कौन चुन सकता है कि वह कैसा रहेगा? 'योके तुम जो अपने को स्वतंत्र मानती हो वही सब कठिनाईयों की जड़ है। न तो हम अकेले है न हम स्वतंत्र है। बल्कि अकेले नहीं है और नहीं हो सकते है इसलिए स्वतंत्र नहीं है, और इसलिए चुनने या फैसला करने का अधिकार हमारा नहीं है। 'सेल्मा सम्पूर्ण उपन्यास दार्शनिक (अस्तित्ववादी) चिंतन, भाषा, तर्क, और मृत्यु की समझ दे रहा है। परंतु लघु उपन्यास अस्तित्ववादी दर्शन होते हुए भी हम इसे अस्तित्ववादी नहीं मान सकते क्यों कि मूर्धन्य साहित्यकार अज्ञेय सेल्मा के माध्यम से परिष्कृत, परिपक्व भारतीय जीवन मूल्यों को प्रसारित-प्रचारित करना चाह रहे थे। इसमें अज्ञेय को कुछ हद तक सफलता भी मिली।

'इसमें अस्तित्ववाद भी सभी प्रवृत्तियों का साहित्यिक रूपांतर हो गया है और उसकी मूल भीति ही व्यक्ति का अस्तित्व एवं उसकी स्वतंत्रता तथा अस्तित्ववादी दर्शन है, जिससे एक जीवन बोध को प्राप्त करने में सहायता प्राप्त होती है।'[4]

सामान्य तथा बौद्धिक वर्ग डॉ0. सुरेश सिन्हा के मत से स्वीकृत भी होते है और नहीं भी। यदि दर्शन की दृष्टि से देखा जाए तो इसमें दो विरोधी विचारधारा स्पष्ट दिखाई देती है। पर है दोनों ही अस्तित्ववादी। इस अस्तित्ववादी विचारधारा में एक विचारधारा कट्टर निरीश्वरवादी या नास्तिक है तथा दूसरी विचारधारा आस्तिक है जो मानव में मूल्य प्रदान करने के वर्ग में है। आलोच्य उपन्यास में सेल्मा आस्तिक अस्तित्ववादी विचारधारा तथा योके नास्तिक विचारधारा का प्रतिनिधित्व करती है।

प्रौढ़ सेल्मा मृत्यु को ईश्वर मानती है जबकि युवती योके उसे जीवन का खंडन समझती है।

अज्ञेय को अपने प्रथम उपन्यास में जो अपरिपक्वता, कठिनाई मिली उसे ही 'अपने-अपने अजनबी' तक के साहित्यक कर्म मे निरंतर परिष्कृत होती चली गई। धीरे-धीरे समझ के साथ-साथ जीवन मूल्यों को नये ढंग से समझते गए और लिखते रहे।

निष्कर्ष रूप में यह कह सकते है कि अज्ञेय अपने-अपने अजनबी लघु उपन्यास के माध्यम से दो विचारधाराओं का द्वंद्व दिखा रहे थे। प्रौढ़ सेल्मा पूर्व कि विचारधारा का प्रतीक है तो युवती योके पाश्चात्य विचार धारा का। दोनों विचारधारा को दिखाकर अज्ञेय पाश्चात्य मानसिकता का विकृत रूप, भयावह पक्ष, नकारात्मकता, पूर्व की संस्कृति से तुलना कर सम्पूर्ण घटना-क्रम के माध्यम से सुलझा रहे थे।

इस कलात्मक अनुभूति को सहृदय पाठक के समक्ष रचनात्मक, सृजनात्मक जीवन दृष्टि दे गए। तभी सम्पूर्ण उपन्यास हिंदी साहित्य में महत्वपूर्ण सृजनात्मक कृति बन सके। सेल्मा और योके जैसे पात्र उपन्यास में प्रारंभ से लेकर अंत तक पाठक के मन में रचनात्मक छाप (प्रभाव) में है कि मृत्यु से साक्षात्कार कैसा होता है। वस्तुत: यह उपन्यास कम शब्दों में कम तर्कों से भारतीय जीवन मूल्यों में निरंतर परिष्कार, गतिशीलता, सृजनात्मकता और संवेदना को परिपक्व करते हुए नये चिंतन के द्वार खोलता है।

'वस्तुत: मृत्यु की सापेक्षता में जीवन की प्रतिष्ठा, उसकी उत्कट अनुभूति अज्ञेय का प्रतिपाद्य है।'[5]

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अज्ञेय 'अपने अपने अजनबी' पृष्ठ 31
2. अज्ञेय 'अपने अपने अजनबी' पृष्ठ 34-35
3. अज्ञेय 'ज्ञानोदय' मासिक जूलाई 1963 अंक।
4. डॉ0. सुरेश सिन्हा 'अपने अपने अजनबी' के संदर्भ में
5. डॉ0. रामकमल रा0य अज्ञेय: सृजन की समग्रता

****

हिन्दी भाषा साहित्य में पत्रकारिता के विभिन्न स्वरूपों का अध्ययन

डॉ. साधना जैन* विनीता प्रजापति**

प्रस्तावना – वर्तमान युग विज्ञान और प्रौद्योगिकी का है। लोकतंत्र के चतुर्थ स्तम्भ के रूप में पत्रकारिता का माना जा रहा है। वर्तमान वर्ष 2016 में हिन्दी पत्रकारिता का स्वरूप लगातार बदल गया है। अनेक पत्रिकाएँ यद्यपि बंद हुई हैं परन्तु अनेक नई पत्रिकाएँ नए रूपाकार में शुरू भी हुई हैं। आज हिन्दी पत्रकारिता के क्षेत्र में हिन्दी और हिन्दीत्तर राज्यों का अन्तर मिटता जा रहा है। हिन्दी पत्रकाओं का पाठक वर्ग तो सम्पूर्ण देश मे है ही उनका प्रकाशन भी देशभर में हो रहा है। डिजिटल तकनीक और बहुरंगे चित्रों के प्रकाशन की सुविधा ने हिन्दी पत्रकारिता जगत को अमूर्त परिवर्तित कर दिया है। इसी के साथ यह भी स्मरणीय है कि प्रकाशन जगत में भी वैश्वीकरण के साथ जुड़ी नई तकनीक के कारण मूलभूत क्रांति संभव हो सकी है। विभिन्न आयु वर्ग ओर रूचियों के पाठकों के लिए हिन्दी में विविध प्रकार का साहित्य प्रचुर मात्रा में प्रकाशित हो रहा है तथा मनोरंजन, ज्ञान, शिक्षा और परस्पर व्यवहार के विभिन्न क्षेत्रों में उसका विस्तार हो रहा है।

रेडियो तो हिन्दी और भारतीय भाषाओं का प्रयोग करने वाला व्यापक माध्यम रहा है। टेलीविजन बहुत थोड़े समय के भीतर ही हिन्दी माध्यम बन गया है। प्रतिदिन होने वाले सर्वेक्षण इस बात का प्रमाण है कि हिन्दी कार्यक्रम चाहे किसी भी विषय से संबंधित हो देश में सर्वाधिक देखे व सुने जाते हैं अर्थात व्यवसायिकता की दृष्टि से हिन्दी संचार माध्यमों के लिए बहुत बड़ा क्षेत्र उपलब्ध कराती हैं यही कारण है कि अंग्रेजी के तमाम जानकारीपूर्ण और मनोरंजनात्मक दोनों प्रकार के कार्यक्रम हिन्दी में डब करके प्रसारित करने की बाढ़ सी आ गई है। इससे अन्य भारतीय भाषाओं मं भी उनके अनुवाद में सुविधा होती है। पत्रकारिता ने हिन्दी भाषा वैविध्य और सम्प्रेषण क्षमता को सर्वथा नई दिशाएँ एवं दशाएँ प्रदान की हैं।

प्रस्तुत शोध को सात अध्यायों में बाँटा गया है जिसके अंतर्गत प्रथम अध्याय मे हिन्दी पत्रकारिता की पृष्ठिभूमि–परिभाषा व स्वरूप, उद्‌भव एवं विकास, पत्रकारिता का उद्देश्य व दायित्व का वर्णन है।

द्धितीय अध्याय के अंतर्गत प्रमुख पत्र पत्रिकाएँ एवं विज्ञापन की भाषा प्रमुख पत्र– पत्रिकाएँ दैनिक साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक विज्ञापन की भाषा का स्वरूप, भाषा के विविध प्रयोग मुहावरे, शब्द शक्तियों, प्रतीकात्मक भाषा, सामाजिक बोध का वर्णन है।

तृतीय अध्याय के अंतर्गत हिन्दी के चर्चित पत्रकार एवं उनकी सृजनात्मकता प्रारभिक युग भारतेन्दु युग, द्धिवेदी युग, गांधी युग, स्वतंत्रयोत्तर बोध का वर्णन है।

चतुर्थ अध्याय के अंतर्गत साहित्यक पत्रकारिता में हिन्दी भाषा का स्वरूप– साहित्य एवं पत्रकारिता का अंर्तसंबंध, साहित्यक विधाओं में भाषा के स्वरूप का वर्णन है।

पंचम् अध्याय के अंतर्गत सामाजिक पत्रकारिता में हिन्दी भाषा का स्वरूप– ग्रामीण पत्रकारिता में हिन्दी भाषा का रूप, राजनीति विषयक पत्रकारिता में हिन्दी का स्वरूप विधि संबंधी पत्रकारिता में हिन्दी स्वरूप का वर्णन है।

षष्ठम अध्याय के अंतर्गत पत्रकारिता की भाषा में नैतिकता में नैतिकता एवं भारतीय मूल्यों का स्वरूप पत्रिकाओं की भाषा, अखबारों की भाषा, सामाजिक समस्याओ से संबंधित समाचारों की भाषा का वर्णन है।
सप्तम् अध्याय के अंतर्गत उपसंहार एवं निष्कर्षात्मक दृष्टि सम्पूर्ण शोध कार्य पर डाली गई है।

पूर्व अध्ययन की समीक्षा – अलका श्रीवास्तव ने 'मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय चेतना के उदभव एवं विकास में संचार माध्यमों की भूमिका का विश्लेषणात्मक अध्ययन 1857 से 1947 तक' 2005 विषय पर शोध कार्य पूर्ण किया। इनके शोध कार्य का उद्देश्य उन सामाजिक सांस्कृतिक तत्वों की पहचान करना है जो संचार माध्यमों की महत्त को प्रतिपादित करते हैं। इन्होंने अपने शोध कार्य में ऐतिहासिक पद्धित का प्रयोग किया है तथा इस शोध कार्य के उपरांत शोधार्थी ने निष्कर्ष स्वरूप यह कहने में जरा भी अतिश्योक्ति नहीं की है कि मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय चेतना के उदभव एवं विकास में संचार माध्यमों की भूमिका सर्वोपरि है तथा इन्होंने अन्त में यह सुझाव भी दिया है कि संचार माध्यम आज भी भारत को एक राष्ट्र के रूप में विकसित करने में अपना योगदान दे सकते हैं। अत: देश में पुन: राष्ट्रीय चेतना विकसित करने की आवश्यकता है और इस संदर्भ में संचार माध्यम अपनी पहले जैसी भूमिका का निर्वाह कर सकते हैं।

सोनाली नरगुन्दे ने 'प्रिंट मीडिया में विकास संचार अवधारणाएँ' 2008 इस विषय पर अपना शोध प्रबंध पूर्ण किया इनके शोध कार्य का उद्देश्य विकास के लिए प्रयासरत देश में जनमाध्यम किस प्रकार सहयोग कर रहे हैं ? तथा समाचार पत्र जो विकास समाचारों को देने का सर्वोत्तम माध्यम है ये किस प्रकार विकास समाचारों को प्रसारित करने में सहयोग कर रहे हैं ? इन्होंने अपने शोध कार्य आगनात्मक पद्धति के अंतर्गत सर्वेक्षाणत्मक, ऐतिहासिक, तुलनात्मक तथा मनोवैज्ञानिक पद्धति का प्रयोग किया गया है, शोधार्थी ने अपने शोध कार्य का यह निष्कर्ष बताया है कि प्रिंट मीडिया में विकास मात्र निरक्षरों और कमजोरों की पत्रकारिता नहीं बल्कि समाज में यह सभी वर्गों की जरूरत है तथा अंत में इन्होंने यह सुझाव भी दिया कि, मीडिया में जब तक अनिवार्यता लागू नहीं की जाएगी तब तक विकास समाचारों का कुछ नहीं हो सकता विकास के पैमाने स्वयं को बनाने होंगे,

* सहायक प्राध्यापिका (हिन्दी) वीरांगना झलकारी बाई शासकीय कन्या महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (हिन्दी साहित्य) जिवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत

किसी से शिकायत करना सही नहीं है। भाषा भ्रम पैदा करने वाला मीडिया अपना बुनियादी स्वरूप बदले और विकास की बात करे।

उद्देश्य – राष्ट्र के कोने-कोने में जागरण नवस्फूर्ति और नवनिर्माण के मंत्र को फूंकना ही शोध का पावन उद्देश्य है, जिससे समाज का अमूल्य परिवर्तन संभव हो सका है। पत्रों की भाषा से ही आजादी में मदद मिली है, इसका इतिहास साक्षी है। इसमें माखनलाल चतुर्वेदी, प्रेमचंद, गणेश शंकर विद्यार्थी आदि का सराहनीय योगदान रहा है। समाज में मानव मूल्यों की स्थापना के साथ जन-जीवन को विकास की ओर ले जाने का काम अखबारों की भाषा ही करती है। इसका उद्देश्य ज्ञान विज्ञान की सीमा का विस्तार करना है वर्तमान में पत्र-पत्रकाओं समाचार पत्रों में गलत भाषा के प्रयोग से नैतिकता खत्म हो रही है जिस पर रोक लगाना है इसके साथ ही लोक शिक्षण एवं लोक रूचि को बढ़ावा देना व राष्ट्रीय एकता व अखण्डता का सम्मान करना भी है।

अध्ययन का महत्व, वर्तमान समसामयिक प्रासंगिकता – शोध की सहायता से विषय में विश्लेषण का मौका मिलता है। साथ ही हमारे ज्ञान का विस्तार होता है जिनकी जिज्ञासाओं को जानने की हमारी इच्छा रहती है उन्हें पूर्ण कर पाते हैं। पत्रकारिता सर्वेजन हिताय-सर्वजन सुखाय के मूल मंत्र का संदेश देती है। अत: यह अध्ययन हिन्दी भाषा साहित्या में पत्रकारिता के विभिन्न स्वरूपों का अध्ययन से जुडे तथ्यों की खोज करता है। इसकी वर्तमान में प्रासंगिकता को भी सिद्ध करता है। इसलिए इसको चौथा स्तंभ माना गया है।

शोध अध्ययन क्षेत्र तथा सीमाएँ – शोध के लिए शोधार्थी को आवश्यक व अनावश्यक सीमा रेखा को जानना, पहचानना अत्यंत आवश्यक है। शोध क्षेत्र की व्यापकता या क्षेत्र की सीमाओं का निर्धारण करने में शोधार्थी अपने लक्ष्य तक बिना भटकाव के पहुँचाता है। प्रत्येक विषय में विस्तार की असीम संभावनाएँ होती हैं। शोधार्थी अव्याप्ति एवं अतिव्याप्ति दोनों दोषों से बच जाता है। शोध का विषय हिन्दी भाषा साहित्य में पत्रकारिता के विभिन्न स्वरूपों का अध्ययन है। इस विषय की क्षेत्र सीमा पत्र-पत्रिकाओं व विज्ञापनों ने हिन्दी भाषा का स्वरूप तक है।

शोध प्रविधि – शोध के लिए जितना महत्व विषय चयन व परिकल्पना का होता है, उतना ही महत्व शोध प्रविधि का भी होता है। शोध प्रविधि वह साधन या उपकरण है जिसके माध्यम से अनुसंधान प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की जा सकती है। शोध की प्रवृत्ति एवं विषय की आवश्यकता के अनुरूप विधि का चयन करने से अपेक्षित परिणामों को प्राप्त करने में त्रुटियों की संभावनाओं को कम किया जाता है। प्रस्तुत शोध में प्रश्नावली, साक्षात्कार एवं प्रारंभिक से वर्तमान तक के पत्रकार एवं उनकी रचना धर्मिता व पत्रकारिता में हिन्दी भाषा के स्वरूप को बताया जाएगा। विषय से संबंधित सामग्री का संचयन प्रस्तुत शोध कार्य के लिए पत्र-पत्रिकाओं से भी यथास्थान उदाहरण प्रस्तुत किए जाएगे।

सामग्री संकलन के प्रमुख दो स्त्रोत होते है।

अ) प्राथमिक स्त्रोत –

1. अध्ययन विश्लेषण, मूल्यांकन तार्किक पद्धति द्वारा निष्कर्ष पर पहुँचना।
2. पत्रकारों का साक्षात्कार लेना एवं उनके को मतों को जानना।
3. किसी अन्य व्यक्ति द्वारा किए गए इससे संबंधित शोध कार्य का अध्ययन करना।

ब) द्वितीयक स्त्रोत –

ग्रंथालय
समाचार पत्र-पत्रिकाएँ
इंटरनेट

'हिन्दी भाषा साहित्य में पत्रकारिता के विभिन्न स्वरूपों का अध्ययन'

प्रथम अध्याय– हिन्दी पत्राकारिता की पृष्ठभूमि

अ) पृष्ठभूमि
ब) परिभाषा व स्वरूप
स) उद्भव एवं विकास
द) पत्रकारिता का उद्देश्य व दायित्व

द्वितीय अध्याय– प्रमुख पत्र-पत्रिकाओं एवं विज्ञापन की भाषा

अ) प्रमुख पत्र-पत्रिकाएँ
1. दैनिक
2. साप्ताहिक
3. पाक्षिक
4. मासिक

ब) विज्ञापन की भाषा का स्वरूप
1. भाषा के विविध प्रयोग
2. मुहावरे
3. शब्द शक्तियां
4. प्रतीकात्मक भाषा
5. सामाजिक बोध

तृतीय अध्याय–हिन्दी के चर्चित पत्रकार एवं उनकी सृजनात्मकता

अ) प्रारंभिक युग
ब) भारतेन्दु युग
स) द्विवेदी युग
द) गांधी युग
इ) स्वातत्रयोतर युग
ई) वर्तमान युग

चतुर्थ अध्याय – साहित्यिक पत्रकारिता में हिन्दी भाषा का स्वरूप

अ) साहित्य और पत्रकारिता का अर्न्तसंबंध
ब) साहित्यक विधाओं में भाषा का स्वरूप

पंचम अध्याय – सामाजिक पत्रकारिता में हिन्दी भाषा का स्वरूप

अ) ग्रामीण पत्रकारिता में हिन्दी भाषा का रूप
ब) राजनीति विषयक पत्रकारिता में हिन्दी का स्वरूप
स) विधि संबंधी पत्रकारिता में हिन्दी का स्वरूप

षष्ठम् अध्याय – पत्रकारिता की भाषा में नैतिकता एवं भारतीय मूल्यों का स्वरूप

अ) पत्रिकाओं की भाषा
ब) अखबारों की भाषा
स) सामाजिक समस्याओं से संबंधित समाचारों की भाषा

सप्तम् अध्याय– उपसंहार निष्कर्ष

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. आर. के. गुप्ता हिन्दी पत्रकारिता इतिहास एवं विकासओमेगा प्रकाशन, अंसारी रोड दरयागंज नई दिल्ली2008
2. कृष्ण बिहारी मिश्र हिन्दी पत्रकारिता भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन शादरा दिल्ली2008
3. डॉ.गुलाब कोठारी पत्रकारिता जनसंचार विज्ञापन यूनिवर्सिटी बुक हाउस

प्रा.लि.जयपुर1995
4. डॉ. चन्द्रकान्त मेहता हिन्दी साहित्यिक पत्रकारिता दीदी पंडित महामात्र हिन्दी साहित्य अकादमी गुजरात गांधी नगर2003
5. डॉ. चन्द्रकुमार जनसंचार माध्यमों में हिन्दी क्लासिकल पब्लिशिंग, नई दिल्ली2000
6. डॉ. जितेन्द्र वत्स हिन्दी पत्रकारिता की जनसंचार माध्यमनिर्मल प्रकाशन, नई दिल्ली2008
7. देवी सिंह राठौर/ हेमलता हिन्दी पत्रकारिता की सैद्धांतिक पृष्ठ भूमितक्षशिला प्रकाशन, दरियागंज, नई दिल्ली2003
8. बेलारानी शर्माआधुनिक पत्रकारिता एक नजर राधा पब्किेशन्स, नई दिल्ली2006
9. डॉ.राजेन्द्र श्रीवास्तव पत्रकारिता के विविध आयाम सुमित इंटरप्राजेस, नई दिल्ली 2006
10. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल हिन्दी साहित्य का इतिहासनमन प्रकाशन2009
11. रामस्वरूप चतुर्वेदी हिन्दी साहित्य और संवेदना का विकास लोक भारती प्रकाशन2011
12. डॉ. वैद्य प्रताप वैदिक हिन्दी पत्रकारिता विविध आयाम–2हिन्दी बुक सेंटर, दिल्ली2002
13. डॉ. विनोद गोदरे पत्रकारिता के विविध रूपवाशि प्रकाशन, शाहदरा, दिल्ली2000
14. शैलेन्द्र सेंगर पत्रकारिता और पत्रकार आविष्कार प्रकाशन, शिवाजी मार्ग, करतार नगर, दिल्ली।2008

समाचार पत्र–पत्रिकाऐं –

- सामाजिक चिंतन शोध पत्रिका, संस्कृति अर्द्धवार्षिक पत्रिका, ग्राम्यश्री, आदिवासी स्वास्थ्य पत्रिका, नवभारत, दैनिक भास्कर, नई दुनिया, पत्रिका, प्रभातकिरण, जागरण आदि।

शब्द कोश –

- सामविक मीडिया शब्दकोश, हर्षदेव, पत्रकारिता कोश, गोपीकृष्ण सहाय, हिन्दी शब्दकोश, हरदेव बाहरी, साहित्य कोश भाग–1, साहित्य कोश भाग–2

****

कबीर की भक्ति साधना

डॉ. शिप्रा वर्मा *

प्रस्तावना – कबीरदास मूलरूप से भक्त कवि ही थे। उन्होंने भक्ति साधना का केन्द्र प्रेमलीला को माना और इसका बहुत ही व्यापक स्वरूप उन्होंने प्रस्तुत किया। इस स्वरूप को वह ही समझ सकता है जिसके हृदय में भक्ति की सच्ची रसधारा बरसती है। कबीर की यही भगवत प्रेम साधना सच्चे अर्थो में उन्हें भक्ति के उच्च शिखर पर बिठाती है। भक्ति के द्वारा शून्य और सहज से समाधि की व्याख्या करते हैं।

कबीर का प्रादुर्भाव उस काल में हुआ जब सामाजिक कुरीतियां चरम पर थी। भक्ति मार्ग पर चलते हुए सामाजिक विषमताओं को भी दूर करने का प्रयास किया। उन्होने भक्ति को अपने अन्तर्मन में समाहित कर लिया था। सम्पूर्ण चेतन अथवा अचेतन जगत में उसी परमसत्त की अनुभूति उन्होंने की। कबीर के समय में मुगल सत्त के कारण सूफी मत का प्रभाव भी भक्ति के लिए खुला। स्वयं के भीतर हठयोग साधना के माध्यम से सभी नाड़ियों को जाग्रत करके उन्होंने उस परम निर्गुण ब्रहम के दर्शन किए। कबीरदास की व्यापक भक्ति ने उन्हें फक्कड़ और मस्तमौला बना दिया। भक्ति रूपी प्रिया के लिए भगवान रूपी प्रेमिका ने जो चुनरी संवार दी है। यह चुनरी प्रिय स्वयं ही अपनी प्रेमिका को प्रदान करता है और कोई अन्य इसे नहीं ले सकता–

चुनरिया हमरी प्रिय ने संवारी
कोई परिहै पिय की प्यारी !
आठ हाथ की बनी चुनरिया
पंच रंग पटिया पारी।' 1

भगवान ने जिस उपहार को दिया है, उसे अमूल्य समझना चाहिए। प्रेम जितना ही महान होगा उसकी कीमत उतनी ही अधिक होगी। भगवद् प्रेम का यह मार्ग आसान नहीं होता जीवात्मा को यह अनुभूति आवश्यक है। ईश्वर रूपी प्रियतम जिसे प्रेम करता है वह उसे फूलों की सेज नहीं अपितु कांटों का मार्ग दिखा देता है–

'ताइ तो आमी भाबी बसै,
ए कि तोमार दान ?
कोथाय एरे लुकिये राखि
नाइ ये हेन स्थान।' 2

प्रियतम के प्रेम का दान चुकाना भी कठिन काम है। दिन रात का जूझना दु:ख और विपत्ति में आगे बढते जाना किसी बिरले का ही काम है। सती का संग्राम तो एकाध पल का होता है परन्तु भक्त का संग्राम दिन–रात का होता है–

'साध का खेल तो बिकट बेढामती,
सती और सुर की चाल आगे।
सूर घमासान है पलक दो चार का,
सती घमासान पल एक लागे।'3

कबीरदास ने प्रेम की लीला को साधना के रूप में देखा। प्रेम के लिए तड़प बहुत ही आवश्यक है। बिना व्याकुलता के अपने प्रियतम को प्राप्त कर पाना कठिन है। विरही आत्मा पूछती है कि उसके प्रियतम कब आएगे–

'चकवी बिछुरी रैनि की, आइ मिलि परभाति।
जे जन बिछुरे राम ते, दिन मिलै न राति।।
बिरहिन उभि पंथसिरि, पंथ बुझै धाइ।
एक सबद कहि पीव का, कब रै मिलैगें आइ।।'4

कबीरदास का प्रियतम दु:ख का राजा है। उसका रास्ता देखते–देखते आंखों में झाई पड़ गई, नाम पुकारते–पुकारते जीभ में छाले पड़ गए हैं। यह पीड़ा अभावजन्य नहीं है, भाव स्वरूप है इस कष्ट में भी भक्त एक प्रकार का उल्लास अनुभव करता है क्योंकि इसी पीड़ा से प्रियतम मिलन का मार्ग मिलता है–

'अंखड़िया झाई पड़ी, पंथ निहारि –निहारि
जिभड़िया छाला पड़या, राम पुकारि पुकरि।'5

कबीरदास की प्रेम भक्ति साधना के आदर्श सती और शूर है, जो माया–मोह में आसक्त है। वह कबीर जैसी विरही आत्मा का आदर्श नही हो सकता। भक्त का संग्राम शूर के संग्राम से भी बढकर है, सती के आत्म बलिदान से भी श्रेष्ठ है–

'साधु सती और सूरमां, इन पटतर कोउ नाहिं।
अगथ पंथ के पद धरै, डिगै तो कहाँ समाहिं।।
तीनौ निकसि जो बाहुरै, ताको मुंह मति दीठ।।'6

यह जो एक रस प्रेम है, उसका निबाहना सचमुच कठिन व्यवहार है। क्षणिक आवेश में ज्ञान और कर्म की मर्यादा भंग हो सकती है। इसका मार्ग अगम अगोचर है। कबीर के प्रेम का मार्ग सरल फक्कड़ाना और मस्त है। भक्ति का यह मार्ग खाला का घर नहीं है, जहाँ मनचले और रोने से ही फरमाइश पूरी हो जाती है–

'कबीर यहु घर प्रेम का, खाला का घर नाहिं।
सीस उतारै हाथि करि, सो पैसे घर माहिं।।'

कबीर की भक्ति पर सूफियों का भी प्रभाव पड़ा है। जायसी की ही भांति उन्होंने भी सूफियाना तरीके से भी अपनी साधना की है और सूफियों के हठयोग को अपनाया है।चाँद और सूर्य, पवन और पानी भी जहाँ जाने में असमर्थ हैं। उस अगम अगोचर स्थान तक विरह की मारी प्रियतमा अपने प्रिय तक किस प्रकार पहुँच सकती है ? उस स्थान तक पहुँचने वाला केवल एक सदगुरू ही है नहीं तो आत्मा इस संसार की आसक्तियों में जकड़ी रह जायेगी–

* सहायक प्राध्यापक (हिंदी) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय, अनाउगी, कन्नौज (उ.प्र.) भारत

'नैहरवा हमका नाहि भावे।
साई की नगरी परम अति सुन्दर, जहां कोई जाइ न आवै।
चाँद-सूरज जहं पवन न पानी, को संदेश वै।
दरद यह साई को कौन सुनावै।'[8]

इस नश्वर संसार मे केवल राम ही अविनाशी है और यदि मुक्ति का मार्ग खोजना है तो इसी अविनश्वर की शरण में जाना होगा इसी कारण भक्त को मृत्यु का भय नहीं होता। सांससरिक व्यक्ति तो मृत्यु के बाद मरता है किन्तु भक्त तो निरन्तर विरह की अग्नि में जलते हुए जीते हुए मरता है-

'हौं तोहि पूछौं हे सखी जीवत क्यों न मराइ।
मूवा पीछै सत करै जीवत क्यों न मराइ।।'[9]

हिन्दी साहित्य के हजार वर्षों में कोई कबीर जैसा व्यक्तित्व लेकर अवतीर्ण नहीं हुआ। वे बहुत कुछ को अस्वीकार करने का अदम्य साहस लेकर आए। कबीर ने भक्ति के द्वारा ही समाज सुधार का मार्ग प्रशस्त किया। सभी धर्मो के आचार-विचारों को परखने के उपरान्त ही कबीर ने अपनी बात कही इसी कारण वे भक्त के साथ-साथ एक समाज सुधारक के रूप में भी जाने जाते हैं। प्रेम भक्ति ही कबीर की वाणी का आधार है। कबीर की भक्ति साधना सच्चे अर्थो में सांसारिक सत्यता का वोध कराती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कबीर - हजारी प्रसाद द्विवेदी, पृ0 49
2. वही, पृ0 150
3. शब्दावली कबीर साहब की, बेलवेडियर प्रेस; इलाहाबाद, पृ0 108
4. कबीर ग्रंथावली - श्री श्यामसुन्दर दास, पृ0 7-8
5. वही, पृ0 69
6. वही, पृ0 71
7. शब्दावली ग्रंथसाहब की, बेलवेडियर प्रेस; इलाहाबाद, पृ0 72
8. कबीर ग्रंथावली - श्री श्यामसुन्दर दास, पृ0 67
9. वही, पृ0 71

****

बोधगया स्तूप में मूर्ति कला अंकन

डॉ. सुदीप शर्मा *

प्रस्तावना – बोधगया का अशोक कालीन मूलबोधिग्रह अब सुरक्षित नहीं रहा परन्तु उसकी आकृति भरहुत के वेदिका स्तम्भ पर मिली है। जिसके अनुसार यह स्तम्भों पर खड़ा हुआ मण्डप था तथा उसकी छत खुली हुई थी। जिसमें से बोधिवृक्ष की शाखाएँ आकाश की ओर उठ रहीं थी।

बोधिघर के चारों ओर अशोक ने एक वेदिका या वेष्टिनी बनवाई थी, मूल में यह वेदिका ईंटों की थी, जो अब भी नींव में लगे है, परन्तु कालान्तर में इसके स्तम्भ, सूची एवं उष्णीस सब पत्थर के कर दिए गए।

यह वेदिका विन्यास में भरहुत या सांची जैसी है परन्तु इसका समय (काल) उनके बीच में है और यह भरहुत के समान सर्वथा अलंकृत है। इस पर उत्कीर्ण लेखों से ज्ञात होता है कि यह इन्द्राग्निमित्र की रानी कुरगी और बृह्ममित्र की रानी नागदेवा का धार्मिक दान था।

ऐसा ज्ञात होता है कि यह वेदिका भी पद्यवर वेदिका के नमूने पर थी तथा इसके उष्णीषों पर पद्यवल्लरी एवं खम्भों पर पदुमक है,0020जिन्हें सूरजमुखी का फूल भी कहा जा सकता है। इस पर उत्तरकुरू प्रदेश के कल्पवृक्ष एवं कल्पलताएँ, जातक कथाएँ तथा बुद्ध के जीवन के ऐतिहासिक दृश्य हैं। उदाहरण के लिए अष्टांसिक स्तम्भों के कोरे हुए संकरे कोनों पर कल्पवृक्ष के साथ मिथुन और आभूषण उत्कीर्ण किए गए हैं तथा स्तम्भों के अग्रभाग एवं पृष्ठ भाग में कल्पवृक्ष मिथुन और पुष्पाभरणों की प्रसवसम्पदा को अलग-अलग भी दिखाया गया है। (चित्र संख्या-1)

यहां अंकित दृश्यों में आसन पर बैठी हुई मिथुन मूर्ति, एक प्रासाद में वेदिका तोरण के अग्रभाग में पुरूष और पीछे दो स्त्रियां, प्राचीन श्री देवी की परंपरा में गजलक्ष्मी (चित्र संख्या-2), सच्छत्र बोधिमण्ड युक्त बोधमण्ड की पूजा करते हुए मिथुन (बोधगया में सबसे उपयुक्त अंकन), बोधिमंड या स्तम्भ पर प्रतिष्ठित धर्म चक्र की पूजा (चित्र संख्या-3, 4), बोधिमण्ड पर त्रिरत्न (चित्र संख्या-5) स्तूपमह, शंकुकर्ण यक्ष (ऊर्ध्वकर्ण गुह्यक या किंकर राक्षस), नीचे बैठे हुए यक्ष की सहायता से वृक्ष पर आरोहण करती हुई वृक्षका देवी (चित्र संख्या-6), चौकी पर बकरी के साथ माता और पुत्र, पूर्ण घट पर कमलवन में खड़ी हुई स्त्री की भव्य मूर्ति जैसी मथुरा से प्राप्त श्री लक्ष्मी की मूर्ति अपने नये स्वरूप में है।, वृक्ष देवता यक्ष द्वारा निधि प्रदान (चित्र संख्या-7)। और बुद्ध के जीवन दृश्यों में बीणा लिए हुए पंचशिख गन्धर्व के साथ इन्द्र द्वारा इन्द्रशैल गुफा में बुद्ध का दर्शन (चित्र संख्या-8), एक गुफा के बाहर बैठा ऋषि और भीतर बज्रासन (चित्र संख्या-9), गुफा के बाहर अंजलि मुद्रा में खड़ी हुई मिथुन मूर्ति (चित्र संख्या-1), आठ कोठों की आठ पंक्तियां अर्थात् 64 चौसठ घरों के फलक पर चौपड़ खेलते हुए दम्पत्ति, ये दम्पति दृश्य यह सूचित करते हैं किस प्रकार उत्तरकुरू सम्बन्धी अभिप्राय बौद्ध धर्म सम्बन्धी अभिप्रायों के साथ घुल-मिल गए थे। जेतवन का दान, (चित्र संख्या-10) बोधिवृक्ष की पूजा करते हुए हस्ति समूह जैसा भरहुत और सांची में अति विशद है। बोधगया में जातकों के अंकन की संख्या सीमित है, यथा – छद्दन्त जातक, पदकुसलमाणव जातक जिसमें अश्वमुखी यक्षी और ब्राह्मण युवक है। वेस्संतर जातक एवं किन्नर जातक के अतिरिक्त यहां और भी जातक है, जिनकी पहचान अभी नहीं हो पाई है ये बड़ी जातकें है भरहुत के जातकों जैसे चुटकुले नहीं।

पशुओं का अंकन बोधगया की विशेषता है यथा – सपक्ष सिंह, सपक्ष अश्व सपक्ष हस्ती, नरमच्छ, वृषभ, मेढ़े, बकरे, मगरमच्छ एवं अन्य बहुत से ईहामृग या कल्पना जन्य पशु। (चित्र संख्या-11-14)

एक अन्य स्तम्भ पर गजमच्छ या जलेभ पर आरोहक पुरूष मूर्ति है तथा उसी स्तम्भ पर दूसरी मूर्ति सिंह मुखी मगरमच्छ की है और अन्य जलचर, थलचर पशुओं की ईहामृग मूर्तियां ऊष्णीष पर अंकित हैं। जो सांची और मथुरा कला में उत्कीर्ण पशु मूर्तियों की व्याख्या के लिए सुन्दर भूमिका प्रस्तुत करती है।

यहां अंकित मूर्तियों से यही विदित होता है कि बोधगया के शिल्पियों ने जो थाती भरहुत से प्राप्त की, उसे और पल्लवित रूप में सांची और मथुरा के कला शिल्पियों को प्रदान किया और उन्होंने कई प्रकार से अपनी मौलिकता भी दिखाई एक तो ईहामृगों के रूपों में वृद्धि की और विशेष रूप से सपक्ष पशुओं के प्रदर्शन में, दूसरे उन कलाकारों की शैली सीधी, सरल और एक सूत्र में ग्रथिंत है, जिसमें सांची के समान क्रमिक दृश्य नहीं है। यहां के शिल्पियों ने पृष्ठभूमि के सम्बन्ध में भी अपनी दृष्टि का विकास किया, जैसे एक स्तम्भ पर एक पेंचीदा दृश्य है, जिसके अंतर्गत बड़ी कोणांकित वेदिका में वेष्टिनी युक्त एक वृक्ष और पुन: वेष्टिनी में कई भवनों का अंकन है।
यहां एक चौकी पर पूर्णघट के मुख पर खड़ी हुई भव्य मूर्ति या देवी श्री लक्ष्मी की मूर्ति भी प्राप्त हुई है।

यहां पर यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि बोधगया की मूर्ति कला भरहुत की मूर्ति कला से कहीं अधिक विकसित कोटि की प्रतीत होती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मित्र, राजेन्द्र लाल, बुद्धगया, कलकत्ता, 1878
2. मुकर्जी, आर0 के0, प्राचीन भारतीय कला एवं संस्कृति।
3. उपाध्याय, भगवत शरण, भारतीय कला का इतिहास।
4. राय, कृष्णदास, भारतीय मूर्तिकला, तृतीय संस्करण, काशी।
5. अग्रवाल, वासुदेव शरण, भारतीय कला, वाराणसी, 1970

* सहायक प्राध्यापक, चौधरी चन्दन सिंह महाविद्यालय, कन्नौज (उ.प्र.) भारत



चित्र सं.1 – अंजलि मुद्रा में वंदना करते हुये युगल



चित्र सं.2 – श्री गजलक्ष्मी



चित्र सं.3 – धर्मचक्र पूजा, बोधगया



चित्र सं.4 – धर्मचक्र पूजा, बोधगया



चित्र सं.5 – बोधिमण्ड पर त्रिरत्न



चित्र सं.6 – नीचे बैठे यक्ष की सहायता से वृक्ष पर आरोहक वृक्षका

चित्र सं.7 – वृक्ष देवता द्वारा निधि प्रदान का दृश्य



चित्र सं.8 – इन्द्र द्वारा इन्द्र शैल गुफा में बुद्ध का दर्शन

चित्र सं.9 – गुफा के बाहर बैठा ऋषि



चित्र सं.10 – जेतवन के दान का दृश्य



चित्र सं.11 चित्र सं.12



चित्र सं.13 चित्र सं.14

राजस्थानी लोककला में मांडवा

बबीता यादव *

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध पत्र के माध्यम से राजस्थानी लोक कला का परिचय कराना है। जिसमें मांडवा लोक कला के अन्तर्गत अध्ययन किया गया है। आज ये विविध मांडणे स्त्री जाति की लोक कला का परिचय देते हैं , जिनको सीखने के लिए न स्कूल है न कॉलेज केवल अपने छोटे से घर रूपी कला मंदिर में रहकर ही ये अशिक्षित नारियाँ अपने कलात्मक दृष्टिकोण का परिचय देती हैं, जो 'मांडणों' के रूप में हमारे सामने है। उनकी इस कला को देखकर चकित हो जाना स्वाभाविक है।

प्रस्तावना – सचमुच मांडणे क्या है? मानो सफेद फूलों की रौस बिछी है। किसी आँगन से लहकर गूँजी–

'उलढ गयी म्हारी पायलड़ी
ढोला आये संवारोजी म्हारी लट उलझी
म्हे तो मांड रही जी रंग मोरनी .....'

इस 'धोरां री धरती' के राजस्थानी मांडणो की तो बात ही न्यारी है। रंगीला राजस्थान, श्रृंगार और वीरता से सज्जित कथाओं में डूबा हुआ। इस इन्द्रधनुषी बालू पर अगर हर कदम पर हल्दीघाटी है, तो स्थान–स्थान पर दैलवाडा और रणकपुर जैसी कलात्मक झांकिया भी है। असंख्य औरव मण्डित दीप है। अनेक जौहर की प्रज्वलित बातियाँ है। जो यहाँ की संस्कृति और तैलयुक्त शक्ति से आलोकित होती हुई युगों से मीरा के गीतों को चन्दरबरदाई के रोंसा को और बिहारी की सतसई को कंठ–कंठ में उतारती आ रही है। ..... जहाँ तन–मन का श्रृंगार तलवारों और रणवासों में होता रहा हो, वहाँ के पर्वो के चटकीलेपन का अपना अलग ही महत्व है।

लोक–कला सभ्यता के विकास के साथ–साथ ही कलारूपों ने विविध रूप धारण कर लिए। लोक कला भी इन्हीं कलारूपों में से एक है जो प्रारम्भिक सभ्यताओं की परम्पराओं का निर्वहन करते हुए वर्तमान में फल–फूल रही है। इस कला का जन्म मनुष्य के सृजनात्मक प्रयास से विकसित अलंकरणों से हुआ जिसमें इन अलंकरणों से घर–आंगन एवं उसकी दीवारों को सजाया जाने लगा और धीरे–धीरे यह एक सामाजिक एवं धार्मिक अनुष्ठान बन गया और इसने लोक कला का रूप ले लिया। इससे यह प्रतीत होता है कि लोक कला का जन्म जनमानस की सृजनात्मक कला प्रवृत्ति के विकास के साथ ही हुआ है।

लोक कला, लोक या सामान्य जन की कला है। जो संस्कृति की रीढ़ होती है। इस कला को मुख्यत: ग्रामीण जनता से जोड़ा जाता है। लोक कला जन साधारण की अभिव्यक्ति है। जन साधारण की सांस्कृतिक आंकाक्षाए जब सुलभ उपलब्ध वस्तुओं की सहायता से अपने कलात्मक रूप में अभिव्यक्त होती है, तो वह लोक कला कहलाती है।

हम लोक संस्कृति का यदि निकटता से अध्ययन करें तो पाएंगे कि हमारी लगभग सभी लोक कलाएँ महिलाओं द्वारा पोषित और सुरक्षित रही है। ये लोक कलाएँ उनके सौन्दर्य–बोध, सुरूचिसम्पन्नता एवं कलात्मक अभिरूचि एवं परम्पराओं रीति–रिवाजों, में निष्ठा की प्रतीक है। इसी निष्ठा से ये लोक कलाएँ पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होती रही। इनमें से एक है 'मांडणा'।

राजस्थान लोक कला की खान है। राजस्थानी लोक अलंकरण का सबसे अधिक विकसित और प्रचलित रूप है मांडना। मांडना शब्द का संज्ञा और क्रिया दोनों ही रूपों में प्रयोग किया जाता है। मांडना संज्ञा डिजाइन या परिकल्पना को व्यक्त करती है और मांडना क्रिया का अर्थ है, चित्रित करना या बनाना।

मांडणा हमारी प्राचीन सभ्यता का ऐसा अंग है, जो समय की धारा के साथ–साथ निरन्तर विस्तार पाता चला गया और सत्यं शिवं सुन्दरम् की भावना हर घर आंगन में अलंकरण या मांडणे के रूप में प्रतिस्थापित होती चली गयी। राजस्थान में ग्रामीण अंचलों की महिलाएं तो इसलिए कह उठती है कि

'आंगरियां जद डूबसी जदं आसी तेवार'

हे अंगुलियाँ तुम रंग में डूबोगी तभी नया पर्व या त्यौहार आने का संकेत मिलेगा।

वात्सायन कृत कामसूत्र नामक ग्रन्थ में (प्रथम अधिकरण अध्याय–3) में स्त्रियों के लिए जिन 64 कलाओं का वर्णन है। उनमें चौथी कला आलेख्यम् (चित्रकला), छठी कला तण्डुलकुसुमा–वलिविकारा (देव पूजन के समय विभिन्न प्रकार के जौ, चावल तथा पुष्पों को सजाना) सातवीं कला पुष्पास्तरणम् (कक्षों तथा भवनो के उपस्थानों को पुष्पों से सजाना) और नवीं कला मणिभूमिकाकर्म (घर पर फर्श को मणि मोतियो से जड़ित करना या नाना रंग के पत्थर खण्डों से सजाना) है।

कलानाम् प्रवरं चित्रम्, धर्म, कामार्थ मोक्षदम्।
मांगल्यम् प्रथम हेतद्, गृहेयत्र प्रतिष्ठितम्।

विष्णु पुराण में चित्रकला को धर्म, अर्थ काम, मोक्ष प्रदाता कहा गया है और चित्र की उपस्थिति को घर में मंगल का प्रतीक माना है। वैदिक काल में पवित्र यज्ञकुण्डों को चित्रित करने का भी उल्लेख मिलता है।

नीम, पीपल ओर बरगद की ललछँडी छाया भी पुकार रहती है।

'गोबर लीपी देहरी चन्दन सी महके माटी नीलम दिवड़ जड़ी हँसे पुखराजी बाती'

*शोधार्थी (चित्रकला) जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत

ग्रामीण महिलाए खूजर की डंडी या मूंज की कूंची बनाकर या डंडी में रूई या कपड़ा लपेट कर भी आवश्यकतानुसार अंकन करती है।

मांडणे माड़ने की एक मुख्य बात यह है कि इसे केन्द्र से शुरू करके बाहर की तरफ बढ़ाते हैं। बंधी हुई इकाईयों के अनुसार मांडणो को कम या ज्यादा बढ़ाकर बनाया जा सकता है। पहले मूल इकाईयों को गेरू (लाल) रंग से खींच लिया जाता है फिर मांडणो को गोलों, त्रिभुजों, चौखानों में बांटकर वृत्ताकार, आयताकार कोई भी आकार के अनुसार सहज रूप से विकसित किया जा सकता है। मांडणों में फूल, हरेड, चौक, डमरू, हीड़, पान, लड्डू आदि की बेलें, जुआ, झंवरा व चीरव, भीरती में भकर मूल आकारों को वृहद् व अलंकृत रूप दे दिया जाता है। मूल इकाईयाँ एक जैसी होने पर भी उनको भरने में विधिवता की संभावना होती है। जिसके फलस्वरूप मांडणे का रूप बदलता रहता है।

राजस्थान में यह परम्परा है कि आंगन धोने या लीपने के बाद उसे खाली या सूना नहीं रखते। मांडणे स्त्रियों की कलात्मक अभिरूचि को व्यक्त ही नहीं करते अपितु उनमें छिपी मान्यताओं एवं संस्कारों को भी परिलक्षित करते हैं। विश्वास किया जाता है कि इस कला का जन्म सुख-समृद्धि, धन-प्रदात्री धरती-माता को प्रसन्न करने के लिए हुआ होगा यहाँ तक कि मरने पर भी श्मशान घाट की जगह पर पण्डित द्वारा सातिया बना दिया जाता है। ऊँ या राम लिख दिया जाता है।

इसके अलावा वर्ष भर अलग-अलग व्रत अनुष्ठानों पर तरह-तरह के मांडणे माडे ज़ाते है। तभी तो आपस में बतलाती गांव की औरतें कह उठती है।

'अजी पूछोई मतआ तिवारो को, खेता में काम अलग

लीपणो-पोतणो अलग, मांडणो ऊपर सूं। घणाई काम रहे छै। घर-द्वार आच्छा लागै छैं घर-द्वार आचदां लागे दे मांडणा सूं।

निष्कर्ष – लोक कला के प्रति शहरी क्षेत्र के लोगों की रूचि बढ़ी है। जो इसकी समृद्धि का प्रतीक है, लेकिन विभिन्न कला शैलियों के प्रभाव औधोगिकीकरण, तकनीकी विकास एवं आधुनिकीकरण ने लोककला को भी प्रभावित किया है। जिससे इसके परम्परागत स्वरूप में बदलाव आया है। और यह अपना परम्परागत स्वरूप खो रही है। साथ ही आज के समाज के परिवर्तित रूप, बदलती मान्यताओं एवं प्राथमिकताओं ने भी लोक कला के मूल स्वरूप को नष्ट किया है। परन्तु किसी भी कला का अन्त नहीं होता विशेषकर जिसका जीवन के साथ संबंध होता है। अत: कालान्त में लोकला में विविध रूपों का समावेश होगा व कला की यह जीवन से सीधी जुड़ी धारा अनवरत बहती रहेगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. सावित्री परमार, लोक संस्कृति के शिखर, जयपुर 1997, पृ.स. 166 से 168
2. नरेन्द्र सिंह यादव, ग्राफिक्स डिजाइन जयपुर 2006 प्र.स. 18 से 20
3. डॉ0. चन्द्रमणि सिंह, राजस्थान की सांस्कृतिक परम्परा, जयपुर 2000 प्र.स. 75 से 76
4. डॉ0. रेखा भटनागर, आकृति, जयपुर 1996 प्र.स. 26, 29 से 30

****

कलाकार की मनोवृत्ति और सामाजिक परिवेश

बबीता यादव *

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध पत्र के माध्यम से कलाकार की मनोवृत्ति (विचार) का परिचय कराया गया है। सामाजिक विचारों के अन्तर्गत उद्देश्य, महत्व आदि का वर्णन किया गया है। कलाकार की मनोवृत्ति और समाज पर इसका क्या असर है। यह शोध पत्र अत्यन्त सार्थक होगा, समाज व कलारसिकों के लिए यह उपयोगी होगा ऐसी कामना करती हूँ।

प्रस्तावना – कला साधना है, रसानुभूति है, जिसके बिना कलाकार अपूर्ण है। कला सौन्दर्य से मानव मस्तिष्क परिष्कृत होता है। इसके समावेश से परमात्मा की उपलब्धि होती है। मुख्यत: कला साधना में ध्यान मग्न कलाकार ही सच्चा कलाकार कहलाता है और अनुभूति, संवेदना, अभिव्यक्ति आदि कला में सम्पूर्ण तत्वों के समावेष से ही उसे पूर्ण आनन्द का अनुभव होता है। दूसरे दृष्टिकोण से कलाकार स्वयं के व्यक्तित्व में ही सीमाबद्ध नहीं होता, वह समाज की मनोवृत्ति से भी प्रभावित होता है। कलाकार की मनस्थिति का संबंध समाज से होता है। वह कला का साधक होता है। इसलिये समाज में कला के विभिन्न स्वरूप जैसे–विज्ञापन, पोस्टर, कवर डिजाइन, आलंकारिक बेलबूटें आदि को बदलती हुई सामाजिक परिस्थितियों के अनुसार अपने कला कौशल के माध्यम से चित्रित करता है।

प्राचीन काल में कलाकार को 'शिल्पी' शब्द से सम्बोधित किया जाता था, किन्तु आज आधुनिक युग में 'शिल्पी, शब्द के स्थान पर कलाकार को 'चित्रकार' या 'मूर्तिकार' के नाम से जाना जाता है। कला के इस विकसित स्वरूप को देखकर यह आभास होता है कि कलाकार सृजन में अपनी मनोवृत्ति को अधिक बढ़ाकर उस स्थिति तक पहुँचना चाहता है जो कि अपने आप में एक अभूतपूर्व स्थान रखती है। आज कलाकार में काल्पनिक प्रवृत्ति अत्यधिक दर्शित होती है। इस प्रवृत्ति के कारण कलाकार प्रकृति के विभिन्न स्वरूपों को चित्रांकित करने में कल्पना के नये–नये रूपों को एक नवीन वातावरण के साथ अंकित करना चाहता है किन्तु यह प्रवृत्ति इतनी सरल नहीं है कि सभी कलाकार इसे अपना ले अर्थात् रचनात्मक कल्पना करने में समर्थ होना एक साधारण कलाकार के लिये सहज नहीं है।

आधुनिकता के प्रभाव में आज कलाकार कि मनोवृत्ति सूक्ष्म होती जा रही है। जिसका प्रभाव वर्तमान के कलाकार की कृतियों पर स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। आधुनिक चित्रकार सूक्ष्म चित्र बनाकर वैसा ही आनन्द प्राप्त करता है, जैसा बालक अपने जीवन में। कलाकार की मनोवृत्ति और कलाकार की अतंरात्मा की भूख को शांत करने के लिए चित्रण में सौन्दर्य तत्वों का होना आवश्यक होता है। फलत: वह आत्मा की उच्चता को अपने संकेतों, आकारों के विकास के माध्यम से अंकित करता है। अत: एक कलाकार का चित्रण उसकी आंतरिक संवेदनाओं के अनुरूप अंकित होता है जिसका सम्बंध उसकी स्वतंत्र भावना पर निर्भर है। अत: आज का कलाकार इसी संदर्भ में नये सृजनात्मक चित्रण में संघर्षरत है। किन्तु ऐसी स्थिति में कला का कोई निश्चित प्रतिमान स्थित नहीं हो पाता, इसलिए आज के कलाकार द्वारा चित्रांकित चित्र पूर्ण रूप से परम्परा से जुड़ा नहीं रह पता है। इतना होने के बाद भी आज की चित्रकला प्राचीन परम्परा में अपना विशिष्ट स्थान रखती है। कलाकार अपनी खुली आँख व मस्तिष्क एवं सामाजिक परिवेश, जीवन में घटित होने वाले कार्यों, भावनाओं, विचारों आदर्शों आदि में अपने आप को मिलाकर नवीन चेतना व मान्यताओं से प्रभावित होकर नवीन चित्रण करने के लिए अग्रसर है।

स्पष्टत: कलाकार की मनोवृत्ति सदैव सामाजिक स्थिति को चित्रण के माध्यम से अभिव्यक्ति करने की रहती है। कलाकार के लिए कला जीवन का माध्यम होता है। कलाकार समाज के रहन–सहन, आचार–विचार, सौन्दर्य भावना एवं जीवन की अन्य पद्धतियों से भी अनुभव प्राप्त करते हैं और पुन: उसे परिष्कृत कर चित्रांकित करने में प्रयासरत रहते है। समाज की मनोवृत्ति परिवर्तनशील होने के कारण कलाकार की मनोवृत्ति भी स्थिर नहीं हो पा रही है। फलस्वरूप उसके द्वारा जो चित्राकंन किया जाता है। वह साधारण जन की समझ से बाहर होता है। अत: कलाकार की मनोवृत्ति एवं सामाजिक मनोवृत्ति का मेल होना आवश्यक है।

भारतवर्ष में कला सदैव धर्म से प्रेरित होने के कारण कलाकार के चित्रण का उद्देश्य साधारण जन, धर्म, देश की सेवा होना स्वाभाविक था उदाहरण स्वरूप अजन्ता के कलाकारों ने सदियों तक बौद्ध धर्म की सेवा में अपना पूर्ण जीवन अर्पित कर दिया और कहीं भी ऐसे कोई चिन्ह अंकित नहीं किए जिनसे उनका परिचय मिल सके, किन्तु आज के कलाकार की आस्था साधारण जन के प्रति सद्भावना, धर्म की सेवा आदि पर न रहकर अपनी स्वयं की कल्पनाओं पर आधारित हो गई है तथा कलाकार व्यक्तिपरक एवं समष्टिगत भाव से चित्रांकन करने लगा है।

आज कलाकारों की कृति साधारण जन सामान्य की रूचि पर निर्भर होने से कभी–कभी कलाकार अपनी कृति के प्रचार के लिए विज्ञापन के माध्यमों का सहारा लेते हैं।

यद्यपि उसकी आत्मा इसे स्वीकार नहीं करती क्योंकि परिपूर्ण सौन्दर्य और हर तरफ से परिष्कृत कृति को विज्ञापित करने की क्या आवश्यकता है? परन्तु कृति का संबंध साधारण जन के संपर्क में लाने के लिए ऐसा करना सही साबित होता है। कुछ समय के लिए कलाकार को साधारणजन से पृथक व्यक्ति मान भी ले, किन्तु 'कला के लिये कला' का सिद्धांत सभी

*शोधार्थी (चित्रकला) जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत

के लिए है और इसी के साथ-साथ कलाकार की कला का विकास समाज के विकास के साथ चलता रहता है। कलाकार को चित्राकंन के अतिरिक्त समाज के यर्थाथ और आदर्श छाया की भी नितान्त आवश्यकता होती है। क्योंकि इसी छाया में कलाकार समाज की समन्वित भावनाओं के साथ मिलकर अपनी कृति को निरूपित करता है।

निष्कर्षत: यह कह सकते हैं कि आज कलाकार की मनोवृत्ति कला के मूल उद्देश्यों से भटक गई है, जिसकी पुन: प्राप्ति केवल कला के महत्वपूर्ण कार्यों द्वारा ही संभव है। यदि उत्कृष्ट और सुशिक्षित, अनुभवी व दक्ष कलाकारों द्वारा समाज के जन-साधारण को एक बार पुन: कला के वास्तविक स्वरूप को दर्शित कराया जाए तो निश्चित रूप से कलाकार की खोयी हुई शक्ति को पुन: प्राप्त किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. त्रिपाणी, रामप्रताप, 1880, सम्मेलन पत्रिका, एजुकेशनल रिक्युजिट आगरा
2. सक्सेना, सरन बिहारी, 1986 कला सिद्धांत और परम्परा, प्रकाश बुक डिपो, बरेली
3. अग्रवाल, वासुदेव शरण, 1969 कला और संस्कृति, रेखा, प्रकाश, देहरादून
4. पत्रिका-कादम्बिली, अप्रैल, 1976
5. सक्सेना, रणवीर, प्रथम संस्करण 1969, कला और कलाकार, रेखा प्रकाशन देहरादून
6. टंडन, आर.एम., 1962, भारतीय चित्रकला की रूपरेखा, भारत-भारती प्रकाशन।

****

समावेशी शिक्षा के प्रति हनुमानगढ़ जिले के विज्ञान व कला संकाय के छात्राध्यापकों की जागरूकता का तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. रेखा सोनी *

शोध सारांश – प्रस्तुत शोधकार्य का मुख्य उद्देश्य समावेशी शिक्षा के प्रति हनुमानगढ़ जिले के विज्ञान व कला संकाय के छात्राध्यापकों की जागरूकता का तुलनात्मक अध्ययन करना है। शोध विधि के रूप में सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है तथा दत्त संकलन हेतु स्वंय निर्मित जागरूकता मापनी का प्रयोग किया गया है व निष्कर्ष रूप में पाया कि समावेशी शिक्षा के प्रति विज्ञान वर्ग के समग्र छात्राध्यापकों एवं कला वर्ग के समस्त छात्राध्यापकों के जागरूकता स्तर औसत दर्जे का है।

प्रस्तावना – शिक्षा मानव के उर्ध्वगामी और सर्वांगीण विकास हेतु अत्यावश्यक है। राष्ट्र की प्रगति और उचित विकास हेतु वहाँ पर शिक्षा का उचित प्रसार आवश्यक है। इसी के अन्तर्गत भारतीय संविधान के अनुच्छेद 45 (नीति निर्देशक तत्व) में प्रावधान किया गया है कि 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों की अनिवार्य व नि:शुल्क शिक्षा की व्यवस्था की जाए। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से इस हेतु प्रयास जारी हैं, तथापि आज भी प्राथमिक शिक्षा के सर्वव्यापीकरण के लक्ष्य की प्राप्ति आंशिक तौर पर ही हुई है। इसका सबसे प्रमुख कारण है शिक्षा का सभी बच्चों तक एक समान प्राप्त ना होना। पूर्व में विकलांग बालकों को शिक्षा से जोड़ने हेतु विशेष शिक्षा प्रारम्भ की गयी, तत्पत्तत् एकीकृत शिक्षा का उदय हुआ और वर्तमान में समावेशी शिक्षा की अवधारणा का उदय हुआ।

समावेशी शिक्षा का समावेशी शब्द समावेश (Inclusion) से बना है। समावेश का शाब्दिक अर्थ है – सम्मिलित करना (To take in) एक भाग मानना (To consider part) सदस्य (Member of) या साथ लेना (To Embrace) समावेश का अर्थ सदस्यता से है तथा जिसका सम्बन्ध समुदाय से है। शिक्षा के संदर्भ में समावेश का अर्थ विद्यालय की ऐसा पुन:संरचना से जिसमें विद्यालय सभी समुदायों का एक केन्द्र हो और सभी प्रकार के बालक शिक्षा ग्रहण कर सकें।

समावेशी शिक्षा की अवधारणा का मूल स्त्रोत बालकों को शिक्षा के समान अवसर है। बालकों को शिक्षा के समान अवसर प्रदान करने का अर्थ शिक्षा से सम्बन्धित समान अवसर प्रदान करना नहीं है, अपितु इस अवधारणा को ध्यान में रखते हुए व्यक्तिगत विभिन्नता के आधार पर आवश्यकतानुसार शिक्षा के अवसर प्रदान करना है।

समस्या कथन – 'समावेशी शिक्षा के प्रति हनुमानगढ़ जिले के विज्ञान व कला संकाय के छात्राध्यापकों की जागरूकता का तुलनात्मक अध्ययन'।

अध्ययन की आवश्यकता एवं महत्व – भारत में विकलांगों और समाज की मुख्य धारा से पृथक बच्चों की संख्या अधिक है। इनके विकास के बिना देश का पूर्ण विकास सम्भव नहीं है। भारत में विशेष आवश्यकता वाले बालकों का इतिहास एक बदलते स्वरूप में उभरता हुआ दिखाई देता है। भारत की विषिष्ट शिक्षा आयामों में एक महत्वपूर्ण आयाम है – 'समावेशित शिक्षा'। शिक्षा क्षेत्र में शिक्षक का अत्यधिक प्रभाव पड़ता है। अत: शिक्षक को शिक्षा की इस नवीन विधा का ज्ञान होना चाहिए। शिक्षक को छात्रों की विविधता को स्वीकार कर उन्हें प्रेरित करने का कार्य करना चाहिए। वर्तमान प्रतिस्पर्धा के दौर में विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने में शिक्षक की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण है। अत: प्रस्तुत शोध कार्य छात्राध्यापकों को समावेशी शिक्षा के प्रति जागरूक बनाने और विशेष आवश्यकता वाले बालकों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने के उद्देश्य से किया गया है।

अध्ययन के उद्देश्य –

1. समावेशी शिक्षा के प्रति विज्ञान वर्ग के समग्र छात्राध्यापकों एवं कला वर्ग के समग्र छात्राध्यापकों के जागरूकता स्तर का तुलनात्मक अध्ययन।
2. समावेशी शिक्षा के प्रति छात्राध्यापकों एवं छात्राध्यापिकाओं के जागरूकता स्तर का तुलनात्मक अध्ययन करना।

शोध अध्ययन की परिकल्पनाएँ –

1. समावेशी शिक्षा के प्रति विज्ञान वर्ग के समग्र छात्राध्यापकों एवं कला वर्ग के समग्र छात्राध्यापकों के जागरूकता स्तर में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
2. समावेशी शिक्षा के प्रति छात्राध्यापकों एवं छात्राध्यापिकाओं के जागरूकता स्तर में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

प्रस्तुत शोधकार्य में प्रयुक्त शोध विधि – प्रस्तुत शोधकार्य में सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है।

न्यादर्श एवं उसका प्रतिचयन – शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय (शिक्षा स्नातक) स्तर से 200 छात्राध्यापकों का चयन किया गया है। समस्त न्यादर्श हनुमानगढ़ जिले के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों से चुने गए हैं।

शोध में प्रयुक्त उपकरणों का विवरण – इस अध्ययन में विज्ञान व कला वर्ग के छात्रों की समावेशी शिक्षा के प्रति जागरूकता को मापना है। अत: प्रस्तुत अध्ययन में स्वनिर्मित जागरूकता मापनी का निर्माण किया गया।

आंकड़ों का विश्लेषण –

सारणी संख्या – 1 (देखे आगे पृष्ठ पर)

तालिका में विश्लेषित आंकड़ों के अनुसार विज्ञान वर्ग के समग्र छात्राध्यापकों एवं कला वर्ग के समग्र छात्राध्यापकों का समावेशी शिक्षा के

* व्याख्याता एवं उप-प्राचार्या, श्रीगंगानगर टी.टी.पी.जी. कॉलेज, श्रीगंगानगर (राज.) भारत

प्रति जागरूकता स्तर के प्राप्तांकों के मध्यमान क्रमश: 59.36 एवं 59.15 तथा मानक विचलनों का मान क्रमश: 7.50 एवं 6.88 प्राप्त हुए हैं। इन मानों के आधार पर दोनों समूहों के मध्य क्रान्तिक अनुपात का मान 0.21 प्राप्त हुआ है। अत: निर्धारित शून्य परिकल्पना को सार्थकता के दोनों स्तरों पर अस्वीकृत किया जाता है।

सारणी संख्या – 2 **(देखे)**

तालिका में विश्लेशित आंकड़ों के अनुसार विज्ञान वर्ग के समग्र छात्राध्यापकों एवं कला वर्ग के समग्र छात्राध्यापकों का समावेशी शिक्षा के प्रति जागरूकता स्तर के प्राप्तांकों के मध्यमान क्रमश: 59.02 एवं 7.81 तथा मानक विचलनों का मान क्रमश: 59.49 एवं 6.51 प्राप्त हुए हैं। इन मानों के आधार पर दोनों समूहों के मध्य क्रान्तिक अनुपात का मान 0.46 प्राप्त हुआ है। अत: निर्धारित शून्य परिकल्पना को सार्थकता के दोनों स्तरों पर अस्वीकृत किया जाता है।

शोध अध्ययन के निष्कर्ष –

1. समावेशी शिक्षा के प्रति विज्ञान वर्ग के समग्र छात्राध्यापकों एवं कला वर्ग के समस्त छात्राध्यापकों के जागरूकता स्तर औसत दर्जे का है।
2. समावेशी शिक्षा के प्रति छात्राध्यापकों एवं छात्राध्यापिकाओं के जागरूकता स्तर औसत दर्जे का है।

भावी शोध हेतु सुझाव –

1. विद्यार्थियों और प्रधानाचार्यो के भी समावेशी शिक्षा के प्रति दृष्टिकोण को मापा जा सकता है।
2. विद्यार्थियों और प्रधानाचार्यो के भी समावेशी शिक्षा के प्रति जागरूकता को मापा जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. कपिल, एच.के. (2009), अनुसंधान विधियां, एच.पी. भार्गव बुक हाउस, आगरा।
2. शर्मा, आर.ए. (2009), विशिष्ट शिक्षा का प्रारूप, सूर्या पब्लिकेशन्स, मेरठ।
3. भटनागर, आर.पी. एवं भटनागर, मीनाक्षी (2008), शैक्षिक अनुसंधान एवं सांख्यिकी, विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा।
4. गर्ग, सरिता (जनवरी 2005), भारतीय आधुनिक शिक्षा, एनसीईआरटी (नई दिल्ली)

सारणी संख्या – 1

समावेशी शिक्षा के प्रति विज्ञान वर्ग के समग्र छात्राध्यापकों एवं कला वर्ग के समग्र छात्राध्यापकों के जागरूकता स्तर में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

समूह	पदों की संख्या	Mean	SD	CR
विज्ञान वर्ग के विद्यार्थी	100	59.36	7.50	0.21
कला वर्ग के विद्यार्थी	100	59.15	6.88	

सारणी संख्या – 2

समावेशी शिक्षा के प्रति छात्राध्यापकों एवं छात्राध्यापिकाओं के जागरूकता स्तर में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

समूह	पदों की संख्या	Mean	SD	CR
छात्राध्यापक	100	59.02	7.81	0.46
छात्राध्यापिकाएँ	100	59.15	59.49	

****

हनुमानगढ़ ज़िले की भादरा तहसील में माध्यमिक स्तर के सामान्य एवं विकलांग विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभिवृति एवं समायोजन का अध्ययन

डॉ. राजेश शर्मा *

शोध सारांश – प्रस्तुत शोधकार्य का मुख्य उद्देश्य हनुमानगढ़ ज़िले की भादरा तहसील में माध्यमिक स्तर के सामान्य एवं विकलांग विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभिवृति एवं समायोजन का अध्ययन करना है। शोध विधि के रूप में सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है तथा दत्त संकलन हेतु वैज्ञानिक अभिवृति एवं समायोजन मापनी का प्रयोग किया गया है व निष्कर्ष रूप में पाया कि उक्त परिकल्पना संख्या 1 में माध्यमिक स्तर के सामान्य एवं दिव्वांग विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभिवृति में सार्थक अन्तर है।

प्रस्तावना – व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक और आत्मिक शक्तियों का उच्चतम विकास करना ही शिक्षा है। जो मानव की अन्तर्निहित समस्त शक्तियों को विकसित कर उसे सफल बनाने में मदद करती हैं।

भारत में विद्यालयी शिक्षा के मुख्यत: तीन स्तर पाए जाते हैं– प्राथमिक,माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर। 'माध्यमिक शिक्षा' शब्द प्रथम बार संभवत: 1889 में हण्टर आयोग में प्रयोग में लिया गया था। कार्टर वी, गुड के अनुसार 12 से 17 आयु वर्ग के विद्यार्थियों को दी जाने वाली शिक्षा माध्यमिक शिक्षा कहलाती है। विद्यार्थियों के जीवन में निष्पादन, उनके माध्यमिक विद्यालयों की शिक्षा गुणवत्ता पर निर्भर करता है। माध्यमिक शिक्षा प्राथमिक तथा उच्च माध्यमिक शिक्षा को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

माध्यमिक शिक्षा आयोग (1952–53) तथा कोठारी आयोग (1964–66) ने माध्यमिक शिक्षा के द्वारा विद्यार्थियों में जनतांत्रिक, नागरिकता, नेतृत्व–गुण, व्यक्तित्व, सामाजिक व राष्ट्रीय एकता, सामाजिक, नैतिक व आध्यात्मिक मूल्यों का विकास करना आदि प्रमुख उद्देश्य बताए हैं।

समस्या कथन – 'हनुमानगढ़ ज़िले की भादरा तहसील में माध्यमिक स्तर के सामान्य एवं विकलांग विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभिवृति एवं समायोजन का अध्ययन'।

अध्ययन के उद्देश्य –

1. माध्यमिक स्तर के सामान्य एवं दिव्यांग विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभिवृति का अध्ययन करना।
2. माध्यमिक स्तर के सामान्य एवं दिव्यांग शहरी विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभिवृति का अध्ययन करना।

शोध अध्ययन की परिकल्पनाएँ –

1. माध्यमिक स्तर के सामान्य एवं दिव्यांग विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभिवृति में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।
2. माध्यमिक स्तर के सामान्य एवं दिव्यांग शहरी विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभिवृति में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

प्रस्तुत शोधकार्य में प्रयुक्त शोध विधि – प्रस्तुत शोधकार्य में सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है।

न्यादर्श एवं उसका प्रतिचयन – प्रस्तुत शोधकार्य में आंकडों को एकत्रित करने के लिए कुल 200 विद्यार्थियों का चयन किया गया।

शोध में प्रयुक्त उपकरणों का विवरण – प्रस्तुत शोध अध्ययन में माध्यमिक स्तर के सामान्य एवं विकलांग विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभिवृति के मापने हेतु स्वनिर्मित परीक्षण 'वैज्ञानिक अभिवृति मापनी' व'समायोजन सूची' का उपयोग किया गया।

आंकड़ों का विश्लेषण –

सारणी संख्या – 1

माध्यमिक स्तर के सामान्य एवं दिव्यांग विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभिवृति में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

समूह	पदो की संख्या	Mean	S.D.	CR
सामान्य विद्यार्थी	100	79.36	10.23	4.13
विकलांग विद्यार्थी	100	73.47	9.95	

तालिका में विश्लेशित प्राप्तांकों के मध्यमान क्रमश: 79.36 एवं 73.47 तथा मानक विचलनों का मान क्रमश: 10.23 एवं 9.95 प्राप्त हुए हैं। इन मानों के आधार पर दोनों समूहों के मध्य क्रान्तिक अनुपात (CR value) का मान 4.13 प्राप्त हुआ है। यह मान स्वतंत्रता के अंश 198 के 0.01 तथा 0.05 सार्थकता के स्तरों पर क्रान्तिक अनुपात के सारणी मान क्रमश: 2.60 तथा 1.97 से अधिक है। अत: यहाँ पर निर्धारित शून्य परिकल्पना को सार्थकता के दोनों स्तरों (0.01 तथा 0.05) पर अस्वीकृत कर यह कहा जा सकता है कि माध्यमिक स्तर के सामान्य एवं दिव्यांग विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभिवृति में सार्थक अन्तर है।

सारणी संख्या – 2

माध्यमिक स्तर के सामान्य एवं दिव्यांग शहरी विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभिवृति में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

समूह	पदों की संख्या	Mean	S.D.	CR
सामान्य विद्यार्थी	50	79.36	10.23	2.31
विकलांग विद्यार्थी	50	74.62	10.25	

तालिका में विश्लेशित प्राप्तांकों के मध्यमान क्रमश: 79.36 एवं 74.62

* सहायक प्रवक्ता, श्री गंगानगर शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत

तथा मानक विचलनों का मान क्रमश: 10.23 एवं 10.25 प्राप्त हुए हैं। इन मानों के आधार पर दोनों समूहों के मध्य क्रान्तिक अनुपात (CR Value) का मान 2.31 प्राप्त हुआ है। यह मान क्रान्तिक अनुपात के सारणी मान से अधिक है। अत: यहाँ पर निर्धारित शून्य परिकल्पना को सार्थकता के 0.01 पर स्वीकृत कर तथा 0.05 सार्थकता के स्तर पर अस्वीकृत कर यह कहा जा सकता है कि माध्यमिक स्तर के सामान्य एवं दिव्यांग शहरी विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभिवृति में आंशिक अन्तर है।

शोध अध्ययन के निष्कर्ष –

1. परिकल्पना संख्या 1 में माध्यमिक स्तर के सामान्य एवं दिव्यांग विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभिवृति में सार्थक अन्तर है।
2. परिकल्पना संख्या 2 में माध्यमिक स्तर के सामान्य एवं दिव्यांग शहरी विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभिवृति में आंशिक अन्तर है।

भावी शोध हेतु सुझाव –

1. माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के समायोजन एवं वैज्ञानिक अभिवृति के प्रति अभिवृत्ति व मीडिया के प्रभावों का तुलनात्मक अध्ययन किया जाना उपयोगी हो सकता है।
2. विविध प्रकार के विद्यालयी वातावरण के विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभिवृति में रूचि का अध्ययन किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. आह्लद, स्नेह(1949) – 'विकलांग बालक – एक अध्ययन', राजस्थानी ग्रन्थागार, जोधपुर, पृ.सं. 52
2. कपिल, एच. के.(1984) – 'अनुसंधान विधियाँ' हरप्रसाद भार्गव, आगरा।
3. करलिंगर, एफ. एन.(1983) – 'फाउण्डेशन ऑफ बिहेवियर रिसर्च', सुरजीत पब्लिकेशन, नई दिल्ली।
4. कौशिक, बी. एन. (1977) – 'विकलांग शिक्षा सिन्धु', राजस्थान ग्रन्थ अकादमी, जयपुर।

****

बच्चों के नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम, 2009 की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

ऋचा शर्मा *

प्रस्तावना – शिक्षा मानव विकास का प्रभावशाली साधन है। इसके द्वारा व्यक्ति की जन्मजात शक्तियों का विकास उसके ज्ञान एवं कला कौशलों में वृद्धि एवं व्यवहारों में परिवर्तन किया जाता है। इसके माध्यम से उसे सुसंस्कृत एवं योग्य नागरिक बनाया जाता है। बालक जब इस संसार में प्रवेश करता है तो वह एक अबोध एवं असहाय प्राणी मात्र होता है। वह बोलना, चलना, हँसना, खेलना इत्यादि क्रियाएँ अपने माता–पिता तथा परिवार से सीखता है। जब बालक परिवार से विद्यालय में प्रवेश करता है तो वहाँ पर उसे नवीन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। इन परिस्थितियों से समायोजन स्थापित करने हेतु वह अनुकरण का सहारा लेता है। विद्यालय में वह पढ़ना–लिखना, सामाजिक आचरण, अच्छी आदतें आदि सीखता है। सीखने की यह प्रक्रिया आजीवन चलती रहती है और इसे सीखने की प्रक्रिया द्वारा वह अपने व्यवहार में परिमार्जन एवं परिवर्तन करता जाता है। किसी समाज में सदैव चलने वाली सीखने–सिखाने की यह सोद्देश्य पूर्ण प्रक्रिया ही शिक्षा कहलाती है। शिक्षा के शाब्दिक स्वरूप का विश्लेषण किया जाए तो स्पष्ट होता है कि शिक्षा शब्द संस्कृत भाषा की 'शिक्ष' धातु में 'अ' प्रत्यय लगने से बना है।

शिक्षा धातु का अर्थ है सीखना तथा सिखाना। इस प्रकार सीखने–सिखाने की प्रक्रिया को शिक्षा कहा जाता है। यदि हम शिक्षा के लिए प्रयुक्त आग्ल भाषा के शब्द 'एजूकेशन' पर विचार करें तो ज्ञात होता है कि 'एजूकेशन' शब्द लैटिन भाषा के एजूकेटम् शब्द से बना है और ऐजूकेटम शब्द उसी भाषा के 'ए' (E) तथा डयूको (Duco) दो शब्दों से मिलकर बना है। 'ए' का अर्थ है अन्दर से तथा डयूको का अर्थ है आगे बढ़ाना या बाहर निकालना। इस प्रकार एजूकेशन का अर्थ हुआ बच्चे की आन्तरिक शक्तियों को बाहर की और प्रकट करना। इस प्रकार शिक्षा का शाब्दिक अर्थ सीखने सिखाने की प्रक्रिया के रूप में है जिसमें बालक की अन्तर्निहित शक्तियों का विकास किया जाता है।

प्रस्तुत अधिनियम एक लम्बे संघर्ष का परिणाम है। इस अधिनियम के ऐतिहासिक विकास प्रक्रिया को हम निम्नलिखित तीन भागों में विभक्त कर सकते हैं।

- राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रयास
- माननीय उच्चतम न्यायालय के महत्वपूर्ण निर्णय
- प्रस्तुत अधिनियम हेतु वैधानिक प्रयास।
- राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रयास

1. राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रयास–शिक्षा के अधिकार अधिनियम के ऐहिासिक परिप्रेक्ष्य पर यदि दृष्टिपात किया जाए तो भारत में पहली बार लगभग 100 साल पहले गोपाल कृष्ण गोखले ने (1910–12) में अनिवार्य शिक्षा के अधिकार पर एक प्राइवेट बिल व्यवस्थापिका में पेश किया था, जिसमें चार वर्ष तक के सभी बच्चों के लिए अनिवार्य शिक्षा की बात की गई थी, ऐसा ही प्रयास 1937 में वर्धा शिक्षा आयोग (बुनियादी शिक्षा योजना) में भी किया गया जिसमें 7–14 वर्षों के लिए नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा को रखा गया।

स्वतंन्त्रता के पश्चात जहाँ एक तरफ विश्व परिदृश्य बदल रहा था, वही दूसरी तरफ भारतीय संविधान निर्माताओं द्वारा शिक्षा के महत्व को स्वीकारते हुए नीति – निर्देशक सिद्धांतों में इसको शामिल किया गया। संविधान के प्रारम्भ से दस वर्ष की अवधि के भीतर सभी बालकों का 14 वर्ष की आयु पूरी करने तक नि:शुल्क शिक्षा सुलभ करने का प्रयास करेगा।

शिक्षा आयोग जिसका नाम था– 'शिक्षा और राष्ट्रीय विकास आयोग ने अपने इस घोषणा में शिक्षा की संरचना को राष्ट्रीय विकास को बनाए जाने पर बल दिया।

नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा अधिकार को केन्द्र में रखकर देश की कई राष्ट्रीय नीतियों, रिपोर्ट में शिक्षा अधिकार विषय को उजागर किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986) में देश के 14 साल तक के सभी बच्चों को नि:शुल्क व अनिवार्य शिक्षा देने की बात की गई।

'राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986) में आजादी के बाद से भारत में पहली बार अठारह वर्षों की स्कूल शिक्षा यानि प्रारम्भिक शिक्षा के राष्ट्रीय ध्येय को दो चरणों (1 से 5 व 6 से 8) में बांटा गया।

1985 में हुए UNDP संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा में हुए सम्मेलन में भी बालक के शिक्षा अधिकार को महत्व दिया गया व कहा गया कि –
"State parties recognize the right of the child to education and with view to achieving the right progress very and on be basis of equal opportunity they shall in particular (a) make primary education compulsory and available free for all."

सालामासा स्टेटमेंट (1994) स्पेन में यूनेस्को के सहयोग द्वारा एक विश्वव्यापी कांफ्रेन्स का आयोजन किया गया, जिसका एजेन्डा "School for all" था। अर्थात स्कूल जिसमें सभी का समावेश हो जहाँ अधिकतम व्यक्तिगत आवश्यकता के लिए दी जाये। इस काफ्रेस में Salamanca द्वारा एक स्टेटमेंट तथा रूपरेखा को रखा गया, वह भी Special need education पर जिसका उद्देश्य विशिष्ट शिक्षा पर विश्व का ध्यान आकर्षित करना था। इस तरह का प्रयास भी शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षिक परिवेश को प्रभावित करता है।

2. मन्नीय उच्चतम न्यायालय के महत्वपूर्ण निर्णय – बच्चों के शिक्षा अधिकारों के संदर्भ में होने वाले बदलाव की दिशा को समझने के लिए यह जरूरी हो जाता है कि हम इस मामले में दिए गए न्यायिक फैसलों तथा

* शोधार्थी (शिक्षा शास्त्र) जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत

विधायीकरण की प्रक्रियाओं का अवलोकन करें। क्योंकि अनिवार्य एवं मुक्त शिक्षा के संबंध में न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णयों ने शिक्षा का अधिकार की स्थिति को एकदम नया स्वरूप प्रदान करने का ऐतिहासिक फैसला दिया।

1948 तक की स्थिति यह थी कि सर्वोच्च न्यायालय अपने कई फैसलों मसलन 'मेनका गांधी बनाम भारत संघ' (1978), 'फ्रांसिसी कोरालई बनाम दिल्ली प्रशासन' (1981) इत्यादि ने मौलिक अधिकारों की व्यापकता की बात कर चुका था। न्यायालय ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 को अन्य अनुच्छेदों के साथ पढ़ने की बात कही।

परन्तु मोहनी जैन बनाम कर्नाटक राज्य (1992) के मामले में शीर्ष अदालत ने अनु. 21 के तहत शिक्षा पाने के अधिकार को प्रत्येक नागरिक का मूल अधिकार बताते हुए ऐतिहासिक निर्णय दिया और कहा कि अनु. 21 के तहत प्राण व दैहिक स्वतंत्रता के अधिकार, निजी कॉलेज द्वारा कैपिटेशन शुल्क लेगा नागरिका के इस अधिकार का उल्लंघन है। प्रत्येक नागरिक को शिक्षा उपलब्ध करदाना राज्य का संवैधानिक दायित्व है। इसके पश्चात् न्यायालय के एक और महत्वपूर्ण मुकदमें में तस्वीर और भी स्पष्ट हो गई, शिक्षा के अधिकार के विमर्श में नया मोड़ सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 1993 में दिये गये उन्नीकृष्णन के फैसले से आया।

'उन्नीकृष्णन बनाम आन्ध्र प्रदेश (1983) के मामलों में निजी कॉलेज संचालकों ने न्यायालय से मोहिनी जैन वाद में दिए गए निर्णय पर पुनर्विचार के लिए आवेदन किया, उनका तर्क था कि उक्त निर्णय को लागू किया गया तो उनको कॉलेज बन्द करने पड़ेगे, तब न्यायमूर्तियों ने शिक्षा को मूल अधिकार माना तथा इसे 14 वर्ष के बच्चों तक सीमित करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा के संबंध में यह राज्य की आर्थिक क्षमता पर निर्भर करेगा।

एस.सी. मेहता बनाम तमिलनाडू राज्य (1996) के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य को आदेश दिया कि 45 के अनुसार बाल श्रमिकों को शिक्षा का पूर्ण अवसर प्रदान कर यह भी निर्देश दिया कि संरक्षक का दायित्व होगा कि वह बालक को शिक्षा के लिए भेजे। संबंधित सरकार यह देखे कि उनके काम की अवधि 4-6 घण्टे से अधिक न हो।

इस प्रकार हम देखते है कि अतत: बच्चों के शिक्षा अधिकार को लेकर आजादी के बाद जो दबाव बना उसकी स्पष्ट घोषणा उन्नीकृष्णन बनाम आन्ध्र प्रदेश बाद में देखने को मिलती है।

3. प्रस्तुत अधिनियम हेतु वैधानिक प्रयास - 86 वें संविधान संशोधन व इसके बाद की स्थितियाँ भारती संविधान में 2002 को हुए 86 वें संविधान संशोधन के बाद शिक्षा के अधिकार अधिनियम में महत्वपूर्ण बदलाव आया। पहले की स्थिति जो शिक्षा के अधिकार पर बन चुकी थी। उसमें बदलाव किए गए और ऐसा केवल संविधान में संशोधन करके किया गया। इस दिशा में 2002 में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के करीब 9 वर्ष बाद 86 वाँ संविधान संशोधन संसद में पारित किया गया। संसद ने वर्ष 2002 में संविधान के 86 वाँ संविधान द्वारा संविधान के भाग 3 में एक नया अनुच्छेद 21 क जोड़कर इसे मूल अधिकार के अध्याय-3 में शामिल कर परिवर्तनीय बना दिया।

उक्त अनुच्छेद 21 (क) संविधान में समाविष्ट करने के कारण अनु. 45 को भी संशोधित इस प्रकार किया गया। राज्य छ: वर्ष की आयु प्राप्त करने तक सभी बालकों के बाल्याकाल की देखभाल और शिक्षा के लिए अवसर प्रदान करने के लिए अवसर उपलब्ध करेगा। अनु. 45 में संशोधन द्वारा नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा उपलब्ध करवाना राज्य को दायित्व तय किया गया। उक्त दोनों संशोधन के साथ ही भाग-4 मूल कर्तव्यों में भी संशोधन कर अनु.51 (क) में ट जोड़ा गया। जिसके अनुसार छ: वर्ष से 14 वर्ष की आयु के बच्चों के माता-पिता और संरक्षकों का यह कर्तव्य होगा कि उन्हें शिक्षा का अवसर प्रदान करें।

उपरोक्त वर्णन से यह समझा जा सकता है है कि 86 वें संविधान संशोधन के बाद शिक्षा अधिकार की संवैधानिक स्थिति इस प्रकार है-

अनु0 45- 'राज्य का यह प्रयास होगा कि इस संविधान के लागू होने के समय से दस वर्ष की अवधि में सब बच्चों को 14 वर्ष की आयु पूरी होने तक नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्रदान की जाये।'

अनु0 21 (क)- 'राज्य छ: (6) से चौदह वर्ष (14) की आयु तक के सभी बच्चों को नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा इस प्रकार प्रदान करेगा, जिस प्रकार से राज्य विधि के अधीन निर्धारित करें।

अनु0 51 (क) (ट)- 'जो माता-पिता या संरक्षक हो वह 6 से 14 वर्ष के बीच की आयु के यथास्थिति अपने बच्चे या प्रतिपाल्य को शिक्षा प्राप्त करने के अवसर प्रदान करेगा (भारत का संविधान 2009)।

अतत: इतने गहन जटिल प्रयासों को परिणाम स्वरूप 86 वें संविधान संशोधन द्वारा यह विधेयक (शिक्षा अधिकार) कैबिनेट राज्य सभा, लोकसभा द्वारा जुलाई 2009 में पारित किया। 26 जुलाई 2009 को राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने के साथ ही भारत सरकार के राजपत्र में 27 अगस्त 2009 को प्रकाशित किया गया। अतत: 1 अप्रैल 2010 को शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू किया गया।

निष्कर्ष - यह सत्य है कि देश में व्याप्त अनेक असमानाताओं, कमियों व समस्याओं को दूर नहीं किया जा सकता। परन्तु नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम- 2009 का लागू होना देश के बच्चों की शिक्षा के लिए उठाया गया प्रशसनीय कदम है। हालांकि यह कानून अपनी कमियों और सीमाओं के लिए विख्यात है फिर भी देश के अधिकांश लोगों ने बड़ी उम्मीद के साथ इसका स्वागत किया ताकि स्कूली शिक्षा की जर्जर हालत में सुधार लाया जा सके और शिक्षा के बढ़ते निजीकरण व बाजारीकरण के खतरे को रोका जा सके। यह कानून सैद्धान्तिक रूप से तो आदर्श है परन्तु, व्यावहारिकता की कसौटी पर खरा उतरेगा या नहीं, या प्रश्न अभी भविष्य की गर्त में है। शिक्षा के अधिकार कानून के कई मसले अभी सुलझे नहीं है। इतने बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिए हमें कानून से आगे बढ़कर बड़ी प्रतिबद्धता की जरूरत होगी, निश्चित रूप से यह विधि का सार्थक साधना सिद्ध होगा। हमें यह स्वीकारना ही होगा कि अगर सम्पूर्ण भारत को शिक्षित करना हो तो उन तमाम बाधाओं को दूर करने के लिए त्वरित प्रयास करने ही होगे जिससे देश का कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे। भारत वर्ष के नागरिकों का सहयोग प्राप्त करने के कारण यह अधिनियम अपने लक्ष्य प्राप्त करने में अवश्य सफल होगा।

स्कूली शिक्षा अधिकार अधिनियम की जागरूकता दृष्टिकोण एवं जवाबदेही के लिए शिक्षक अभिभावक और सामाजिक कार्य कर्ता अगर एक मंच पर आए तो हालात गदले जा सकते है, और शिक्षा को एक राजनीतिक मुद्दा बनाया जा सकता है ताकि सरकारें अपनी जिम्मेदारियों से मुँह मोड़ न सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. ए.एस. अल्तेकर, एजुकेशन इन एन्शियण्ट इण्डिया।
2. राधाकुमुद मुखर्जी, एन्शियण्ट इण्डियन एजुकेशन।
3. दवे रमेश, शिक्षा में नवचिंतन।

4. भारती की जनगणना 2011, प्रकाश विभाग भारत सरकार नई दिल्ली, 2012
5. एन.के. सिंह 2010, सर्व शिक्षा की राह में खड़ी बाधाएँ, हिन्दुस्तानी, अप्रैल 2
6. कनक शर्मा, 2012, शिक्षा का अधिकार कानून का आकलन, कुरूक्षेत्र
7. योजना सितम्बर (2013)
8. एम.एच.आर.डी. (2010), नई दिल्ली, द राइट ऑफ चिल्ड्रेन, टू फ्री एण्ड कल्पत्सरी एजूकेशन एक्ट 2009, डिपार्टमेन्ट ऑफ स्कूल एजुकेशन एण्ड लिटेरेसी
9. पचोरी डॉ. सुरेश – शिक्षा के समकालीन मुद्दे– आर लाल पब्लिकेशन मेरठ 2016
10. लाल डॉ. रमन विहारी – भारतीय शिक्षा के ऐतिहासिक परिपेक्ष्य– आर लाल पब्लिकेशन मेरठ 2017

****

महिलाओं का शिक्षा के द्वारा विकास

मृदुलता सिकरवार *

शोध सारांश – प्रस्तुत अध्ययन ग्रामीण महिलाओं पर आधारित है। भारत में वैदिक काल से ही स्त्रियों के लिए शिक्षा का व्यापक प्रचार था। भारत में ऐसा समय भी आया जब शुद्र जाति और स्त्री के लिए शिक्षा निश्चित कर दी गई थी परन्तु यह धारणा बहुत दिनों तक स्थिर ना रह सकी। मुगल काल में भी अनेक महिला विदुशियों का उल्लेख किया गया है। स्त्रियों को अपने स्वयं के जीवन के लिए शिक्षित होना अति आवश्यक है। समाज सामाजिक संबंधो का जाल है। इसका आधार स्त्री और पुरूष पर परस्पर एक दूसरे पर निर्भर होकर चलना है। इसकी सहायता से घर और बाहर का कार्य बडी कुशलता के साथ आसानी से किया जा सकता है। स्त्रियां घर के सारे कार्य संभालती है और पुरूष बाहर के कार्य संभालता है। दोनों ने ही अपने अपने कार्य को बाट रखा है। किन्तु आज शिक्षित महिला घर और बाहर का कार्य आसानी से संभालती है। जिससे देश का चहुँमुखी विकास होगा। प्रस्तुत शोध अध्ययन ग्राम कचनौधा जो कि म.प्र. के जिला मुरैना में आता है। उस गॉव की 250 महिलाओ का अध्ययन किया जिसका परिणाम यह आया कि 60 साल से ऊपर की महिलाओं का शिक्षण स्तर 40 प्रतिशत है। इसमें से सिर्फ 40 से 45 के बीच में ही महिला शिक्षित है। किन्तु 35 से 50 के बीच की महिलाओं में 70 प्रतिशत महिला शिक्षित है व 18 से 30 वर्ष की महिलाओं में 90 प्रतिशत महिला का शिक्षा के द्वारा विकास हो रहा है तथा जागरूकता का स्तर भी बड़ रहा है।

प्रस्तावना – प्रस्तुत अध्याय ग्रामीण महिलाओं के विकास पर आधरित है ग्रामीण महिलाओ में 15 से 45 आयुवर्ग की महिलाओ व बालिकाओं को शिक्षित करना है। शिक्षा प्रदान करके आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होना इसका अर्थ यह बिलकुल नहीं है कि वह पुरूषों को अपना प्रतिद्वंदी समझकर उनके सामने अपना मोर्चा खडा कर देगी बल्कि यह आर्थिक रूप से भी पुरूषों के बराबर का अधिकार प्राप्त करके उसके साथ मित्रतापूर्वक कार्य करने में भी सक्षम रहती है। जिस प्रकार से शरीर को भोजन की आवश्यकता रहती है ठीक वैसे ही मानसिक विकास के लिए शिक्षा का होना अति आवश्यक होता है। समाज सामाजिक संबंधों का जाल है जिसका आधार परस्पर निर्भरता, मौलिक आवश्यकता की पूर्ति नर नारी का सम्मिलन होता है। महिला परिवार में प्रत्यक्ष और परोक्ष दोनों तरह से भागीदारी होती है। इसके साथ घर व बाहर कार्य को बहुत सहजता से करती है। आज समाज बदल रहा है। पहले महिलाओं को शिक्षा के लिए घर से बाहर नही निकलने दिया जाता था। परन्तु उन्हे आज शिक्षित बनाया जा रहा है। पहले महिलाओं को बराबरी का दर्जा नही दिया जाता था और उन्हे सभी अधिकारो से वंछित रखा जाता था ऐसा अधिकरत ग्रामीण भारत में होता था जहां महिलाए अधिकतर कृषि कार्य करती थी। किन्तु महिलाओ में कमी के कारण कोई ठोस फैसला केवल पुरूषों को ही लेने का अधिकार था। अत: उन्हें अपने पति या पिता पर ही आश्रित रहना पडता था। परन्तु इसमें निवारण के लिए शिक्षा ही एक मात्र ऐसा माध्यम है जिसमें ग्रामीण महिलाओ का आर्थिक, मानसिक और सामाजिक विकास संभव है। भारत में पिछले कुछ वर्षो में महिलाओं की दैनिक स्थिति में बहुत सुधार आया है। अब ग्रामीण भी बालक और बालिकाओं में कोई अंतर नही मानते क्योंकि ग्रामीण समाज भी शिक्षित हो गया है और शहरों में आकर मिल गया है। अब दोनों को बराबरी का अधिकार है तथा महिलाओं के लिए राज्य सरकारो द्वारा विशेष प्रावधान बनाए गए है। भारत सरकार ने 2001 वर्ष को महिला सशक्तिकरण वर्ष घोषित किया था। शिक्षा स्त्री और पुरूष दोनों के लिए अनिवार्य रूप से आवश्यक है। शिक्षा के द्वारा उनके जीवन चक्र को बदला जा सकता है। वह गॉव में रहकर भी अपने परिवार का भरण पोषण कर सकती है। बहुत सारे लघु उघोग सरकार द्वारा चलाए जा रहे है उन्हे अपनाकर अपना पालन आसानी से कर सकती है। अगर नारी शिक्षित ना हो तो वो ना तो एक सफल ग्रहणी और ना अच्छी माँ बन सकती है। क्योंकि बच्चे का पहला गुरू उसकी माँ होती है। बच्चा जो अपनी माँ से सीखता है। उसी के आधार पर उसका जीवन बनता है। समाज में बाल अपराध बढने का एक यह भी कारण है कि उन्हे घर में सही आचरण वाली शिक्षा नहीं मिल पाती। यदि माँ ही शिक्षित ना हो तो अपने बच्चों का भविष्य किस प्रकार से बना सकती है। अत: यह कह सकते है कि शिक्षा नारी के भविष्य को निराशा के अंधकार से निकालकर उसका और उसके परिवार का विकास कर सकती है। इसका एक रूप शिक्षा में स्त्रियों को पुरूषों की तरह शामिल करने से संबंधित है। वर्तमान में सर्वमान्य शिक्षा है कि स्त्री को भी शिक्षित होना चाहिए। यदि स्त्री ही शिक्षित नहीं है तो देश का विकास संभव नहीं है। इस प्रकार प्रस्तुत अध्ययन की समस्या ग्रामीण महिलाओं को शिक्षित करने से है। इस कारण वे स्वयं को अशक्त महसूस नही करती। इन महिलाओं को शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाया जा सकता है। इसमें 15 वर्ष से 45 वर्ष के आयुवर्ग की ग्रामीण महिलाओं को साक्षरता के माध्यम से सशक्त करने का प्रयत्न किया गया है। ग्रामीण परिवेश की महिलाओं की सबसे बडी समस्या निरक्षरता है उसे शिक्षा के माध्यम से दूर कर उनका विकास करना प्रमुख कार्य है। इस कारण उन्हें अपने अधिकारो की जानकारी हो सके। उन्हें रोजगार के संसाधन की जानकारी हो सके वे

* शोधार्थी, रबिन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

पढ लिखकर एक सफल नागरिक बन सके। इस प्रकार विभिन्न सरकारी तथा गैर सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सके और अपना विकास कर सके।

उद्देश्य – प्रस्तुत शोध अध्ययन का सामान्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को शिक्षित कर रोजगार पूरक कार्यो में प्रशिक्षण प्रदान करना है। जिससे कि उनकी स्थिति में सुधार किया जा सके तथा उन मामलो का पता लगाना जिससे समाज की सभी महिलाओं का शिक्षा के द्वारा विकास किया जाए।

अध्ययन का विषय क्षेत्र – प्रस्तुत शोध द्वारा 15 से 45 वर्ष तक की ग्रामीण महिलाओं को शिक्षा प्रदान करके उनका विकास करना है। साक्षरता ही एक माध्यम है जिससे ग्रामीण महिलाए अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकती है। निरक्षण महिलाओं को अपने जीवन में बहुत सारी परेशानियों का सामना करना पडता है। प्रस्तुत अध्ययन का क्षेत्र म.प्र. के जिला मुरैना में ग्राम कचनोधा भकरोली ग्राम पंचायत का है। उपरोक्त क्षेत्र का चुनाव इस कारण से किया गया क्योंकि प्रशिक्षण और शिक्षा के क्षेत्र में ये गाँव महिलाओं की शिक्षा की और अग्रसर है। इन गाँवो में सभी जाती पाई जाती है। ठाकुर, ब्राहम्ण, बनिया, काछी, माली, करेणा, चमार, मेहतर, धोबी, नाई जो आज अपनी बच्चियों को शिक्षित करने का प्रयास कर रहे है तथा उनका शिक्षा के द्वारा विकास करने का प्रयत्न कर रहे है।

शोध प्रविधि – प्रस्तुत अध्ययन क्रियात्मक अनुसंधान है क्योंकि इसमें सबसे ज्यादा प्राथमिक स्त्रोत का उपयोग किया गया है। सैद्धान्तिक अध्ययनों के लिए द्वितीय संयत्र से जानकारी प्राप्त की है। प्राथमिक तथ्यों के संकलन में साक्षात्कार अनुसूची और द्वितीयक समकों में पुस्तकों, पत्रिकाओं, रिसर्च जर्नल, आदि का सहारा लिया है।

समस्याए – समस्याए निम्नलिखित है

1. जो परिवार के वृद्धजन है ग्रामीण इलाको में वे महिलाओं की शिक्षा के महत्व को नहीं समझते।
2. ग्रामीण भारत में पैसो की वजह से भी महिला शिक्षा पर प्रभाव पडता है क्योंकि सभी की सोच सीमित है। वह लड़के–लड़कियों में फर्क करते है।
3. ग्रामीण इलाको में विद्यालय की कमी भी निरक्षरता का कारण है।
4. सभी शैक्षिक स्तर पर महिलाओं को समान अधिकार नहीं है।

सुझाव – प्रस्तुत शोध अध्ययन में महिलाओ की निरक्षरता की समस्या से निपटने के लिए सुझाव ।

1. अशिक्षा संपूर्ण अज्ञानता की जननी है एवं शोषण का आधार इसलिए समाज का गांव का महिलाओं का उत्थान करना है तो उन्हें शिक्षा के महत्व को समझना होगा।
2. गांव के बड़े–बड़े पोस्टरों के माध्यम से भी सरकारी योजनाओं के बारे में बताया जाए जिससे उन्हें लाभ प्राप्त हो सके।
3. सरकार को चाहिए कि सभी गाँवों में 12 कक्षा तक विद्यालय की व्यवस्था करनी चाहिए जिससे विकास हो सके।
4. स्त्रियों को भी पुरूषों की तरह शिक्षा प्रदान करनी चाहिए।
5. गरीब लोगों की शिक्षा 12 वी तक मुफ्त होनी चाहिए।
6. प्रोढ महिलाओं और पुरूषों को यदि शिक्षा के प्रति जागरूक किया जाए तो उनकी सोच को बदला जा सकता है।

निष्कर्ष – प्रस्तुत शोध का निष्कर्ष है कि सरकार की अरबो खरबो की राशि शिक्षा के लिए व्यय की जा रही है समय – समय पर सरकार द्वारा तय की गई योजना और घोषणाओं का कुछ असर तो दिखायी दिया है किन्तु हम अपने सही मकसद में पूरे सफल नहीं हो पाए है। इस आधी अधूरी सफलता को तभी पूरा किया जा सकता है जब महिलाओं को शिक्षित कर पाए तथा उनका सही से विकास हो इसके लिए निरंतर प्रयत्न करने पड़ेगे तभी महिलाओं का सही से विकास होगा और देश का भी विकास इसी में छिपा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. अग्रवाल ब. एशिया और प्रशान्त में महिलाओं का अध्ययन : वर्तमान स्थिति एवं प्राथमिकताओं की समीक्षा।
2. शिक्षा एवं समाज कल्याण मंत्रालय 1971 'समानता की और
3. महिलाओं के लिए रोजगार कार्यालय 1978 और कृषि और ग्रामीण विकास में महिलाओं की भूमिका।
4. अग्रवाल जे.सी. भारत में प्रौढ़ शिक्षा, विद्या विहार नई दिल्ली।
5. जे.सी. अग्रवाल 2009 भारत में नारी शिक्षा ।
6. डॉ0. जे.पी. सिंह 2016 आधुनिक भारत में सामाजिक परिवर्तन।

****

डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम एवं रूसो के शैक्षिक विचारों की प्रासंगिकता का वर्तमान शैक्षिक परिप्रेक्ष्य में तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. राजेन्द्र कुमार *

शोध सारांश – प्रस्तुत शोधकार्य का मुख्य उद्देश्य डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम एवं रूसो के शैक्षिक विचारों की प्रासंगिकता का वर्तमान शैक्षिक परिप्रेक्ष्य में तुलनात्मक अध्ययन करना है। अध्ययन विधि के रूप में शोधकर्त्ता द्वारा दार्शनिक विधि का प्रयोग किया गया है तथा डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम व रूसो के शैक्षिक विचारों का तुलनात्मक अध्ययन करते हुए निष्कर्ष रूप में पाया कि डॉ. कलाम व रूसो द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अपना महान योगदान दिया है।

प्रस्तावना – शिक्षा जीवन पर्यन्त चलने वाली प्रक्रिया है। संसार एक पाठशाला है। यहाँ प्रतिक्षण व्यक्ति अपने क्रिया कलापों, अनुभवों एवं घटित होने वाली घटनाओं से नवीन ज्ञान अर्जित करता रहता है। शिक्षा का मानव जीवन में अत्यधिक महत्व है। शिक्षा ही वह साधन है जो मानव को प्राणी जगत के अन्य जीवों से पृथक करती है। शिक्षा मानव को एक सामाजिक प्राणी बनाकर सांस्कृतिक धरोहर को आगे आने वाली पीढ़ी को हस्तांतरित करने के योग्य बनाती है। शिक्षा द्वारा ही बालक का सर्वांगीण विकास होता है। वह अपना व्यक्तिगत जीवन सुखमय बनाता है और सामाजिक जीवन में अपने कर्त्तव्यों का पालन करते हुए राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान देता है।

मानव जीवन प्रक्रिया विविध प्रकार के वातावरण में होकर निकलती है। शिक्षा उसको वातावरण के साथ अनुकूल करने की क्षमता प्रदान करती है, तथा साथ ही वातावरण में अपनी सुविधानुसार परिवर्तन करने की शक्ति एवं ज्ञान प्रदान करती है। शिक्षा समाज की उन्नति के लिए भी एक महत्वपूर्ण साधन है।

समस्या चयन – वर्तमान शिक्षा सामाजिक और राष्ट्रीय समस्याओं को हल करने में असफल रही है। आज की युवा पीढ़ी मानसिक, शारीरिक, आध्यात्मिक और चारित्रिक समस्याओं से त्रस्त है। वह दिशाहीन व किंकर्त्तव्यविमूढ़ है। प्राचीन शिक्षा छात्रों के बहुआयामी व्यक्तित्व का विकास करती थी, किन्तु वर्तमान शिक्षा विद्यार्थियों की आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं है।

सम्पूर्ण विश्व को एक मंच पर लाने की आकांक्षा सभी के मन में पल रही है। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के द्वारा प्रतिपादित शैक्षिक विचार निश्चित रूप से वर्तमान भारत की विभिन्न आवश्यकताओं की पूर्ति में समर्थ हो सकते हैं।

समस्या कथन – 'डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम एवं रूसो के शैक्षिक विचारों की प्रासंगिकता का वर्तमान शैक्षिक परिप्रेक्ष्य में तुलनात्मक अध्ययन।'

अध्ययन की आवश्यकता एवं महत्व – शोधकर्त्री की दृष्टि में वर्तमान शैक्षिक व्यवस्था में परिवर्तन की नितान्त आवश्यकता है। राष्ट्र की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप किस प्रकार की व्यवस्था उपयुक्त होगी। इसका पता लगाने के लिए हमें श्रेष्ठ शिक्षा शास्त्रियों के शैक्षिक विचारों का तुलनात्मक अध्ययन करने की आवश्यकता है।

शोधकर्त्ता ने प्रस्तुत शोध में महान पाश्चात्य शिक्षा शास्त्री रूसो एवं भारतीय शिक्षा विद् डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के शैक्षिक विचारों का तुलनात्मक अध्ययन कर वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भूमिका व सार्थकता तलाषने का प्रयास किया है। शिक्षा युग सापेक्ष तथा राष्ट्रीय अपेक्षाओं के अनुरूप होनी चाहिए। आज शिक्षा में आमूल चूल परिवर्तन की प्रबल आवश्यकता है। यदि राष्ट्र में सुख शांति स्थापित करनी है तो हमें अपनी राष्ट्रीय परिस्थितियों की मांग के अनुसार शिक्षा की व्यवस्था करनी पड़ेगी।

अध्ययन के उद्देश्य –

1. रूसो के शैक्षिक विचारों का अध्ययन करना।
2. डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के शैक्षिक विचारों का अध्ययन करना।
3. डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के शैक्षिक विचारों का तुलनात्मक अध्ययन करना।

प्रस्तुत शोधकार्य में प्रयुक्त अध्ययन विधियाँ – प्रस्तुत शोधकार्य में दार्शनिक विधि का प्रयोग किया गया है।

वर्तमान विचार में डॉ. कलाम व रूसो के शिक्षा दर्शन की प्रासंगिकता तथा **योगदान –** रूसो ने बाल केन्द्रित शिक्षा को महत्व दिया एवं व्यक्तिगत भिन्नता पर विशेष ध्यान देने पर बल दिया है। इन्होंने बालक की अवस्थाओं के अनुकूल ही पाठ्यक्रम बनाने पर विशेष बल दिया तथा बालक की अवधारणाओं के अनुकूल ही पाठ्यक्रम बनाने पर बल दिया। डॉ. कलाम विद्यालयी पाठ्यक्रमों में धार्मिक शिक्षा का समावेश करने का विरोध करते हैं। परन्तु विभिन्न धर्मो की अच्छी बातों को छात्र के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक मानते हैं। वे राष्ट्र को धर्म से उच्च स्थान करते हैं। धर्मो के सशक्तिकरण में विश्वास करते हुए भी वह धर्म निरपेक्षता के सिद्धान्त का पुरजोर समर्थन करते हैं।

रूसो ने शिक्षा की क्रिया विधि, प्रोजेक्ट विधि, डाल्टन विधि आदि के प्रयोग को महत्वपूर्ण बताया तथा शिक्षा में मनोवैज्ञानिक प्रवृत्ति, सामाजिक प्रवृति तथा वैज्ञानिक प्रवृत्तियों को जन्म दिया, शिक्षा में अनुशासन स्थापना के लिए दमनात्मक विधि को अनुचित बताया व यथार्थ ज्ञान को महत्व दिया। रूसो ने नैतिक एवं चारित्रिक विकास अनुभव तथा अभ्यास के आधार पर बताया।

* डीन (शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्रीगंगानगर (राज.) भारत

नि:संदेह डॉ. कलाम व रूसो ने संस्कृति, सभ्यता व शिक्षा के क्षेत्र में आदिकाल से अबाध गति से चले आ रहे महायज्ञ में अपनी आहुति देकर या की ज्वाला और उसके मंत्रों को पुनर्जीवित किया है। अत: ऐसे महापुरूषों के विचार और क्रियाकलापों का अध्ययन न केवल आत्म संतोष के लिए प्रत्युत बल्कि सार्वजनिक हित की दृष्टि से उपयोगी व आवश्यक है।

मैं कामना करती हूँ कि उनके शैक्षिक विचार भारत ही नहीं अपितु संसार के शैक्षिक आकाश को नवग्रहों की भांति प्रकाशित करते हुए अज्ञान तिमिर को अस्तित्वही करे। मैं उनके दीर्घजीवी होने की कामना करती हूँ। जिससे जनसामान्य शैक्षिक आयाम विस्तृत कर सके। उनके द्वारा शैक्षिक आयाम विस्तृत कर सके। उनके द्वारा शैक्षिक प्रकाश अनवरत फैलाया जाता रहे।

सुझाव –

1. बाल केन्द्रित शिक्षा को महत्व दिया जाए।
2. बालक की शिक्षा में व्यक्तिगत भिन्नता पर विशेष ध्यान दिया जाये।
3. बालक की अवस्थाओं के अनुकूल ही पाठ्यक्रम होना चाहिए।

भावी शोध हेतु सुझाव –

1. समयाभाव के कारण प्रस्तुत शोधकार्य केवल रूसो की शैक्षिक विचारधारा पर किया गया है। इसी प्रकार का शोधकार्य अन्य श्रेष्ठ शिक्षाशास्त्रियों के शैक्षिक विचारो पर किया जाए।
2. रूसो व डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम दार्शनिक विचारों का तुलनात्मक अध्ययन किया जाए।
3. रूसो व डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम लोकतांत्रिक विचारो का तुलनात्मक अध्ययन किया जावे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. ओकोनल, डी.जे. (1983) – शिक्षा की दार्शनिक पृष्ठभूमि, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, ए–26/2, विद्यालय मार्ग, तिलक नगर, जयपुर–4
2. प्रेमनाथ (1969) – शिक्षा के सिद्धान्त, इलाहाबाद, लोकभारती प्रकाशन।
3. सक्सेना, एन.आर.एस. (2009) – शिक्षा के दार्शनिक एवं समाज शास्त्रीय सिद्धान्त, आर.एल. बुक डिपो, निकट गवर्नमेंट इन्टर कॉलेज, मेरठ।
4. सिंह, एन.पी. (2009) – शिक्षा के दार्शनिक आधार, आर.एल. बुक डिपो, निकट गवर्नमेंट इन्टर कॉलेज, मेरठ।

****

नरसिंहपुर जिले में जलवायु परिवर्तन प्रभाव का भौगोलिक अध्ययन

डॉ. अजय तिवारी *

प्रस्तावना – आज पूरा देश जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से भयाक्रान्त है। जलवायु में होने वाला परिवर्तन ग्लेशियर व आर्कटिक क्षेत्रों से लेकर उष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों तक को प्रभावित कर रहे है। यह प्रभाव अलग–अलग रूप में कही अधिक तो कही कम महसूस किए जा रहे है। हमारे देश का सम्पूर्ण क्षेत्रफल लगभग 32.44 करोड़ हेक्टेयर है। इनमें से 14.26 करोड़ हेक्टेयर में कृषि की जाती है, अर्थात् देश के सम्पूर्ण क्षेत्रफल के 47 प्रतिशत भाग में कृषि की जाती है। 2011 की जनगणना के अनुसार 70 प्रतिशत लोग रोजगार के लिए कृषि पर निर्भर है। ऐसी स्थिति में कृषि एक महत्वपूर्ण घटक है, जिसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन या गिरावट देश की 80 प्रतिशत जनसंख्या को प्रभावित कर सकती है। जलवायु परिवर्तन एक ऐसा ही कारक है, जिससे प्रभावित होकर कृषि अपना स्वरूप बदल सकती है, तथा इस पर निर्भर लोगों की खाद्य सुरक्षा संकट में पड़ सकती है।

उद्देश्य –

1. नरसिंहपुर जिले में जलवायु परिवर्तन के कारणों को ज्ञात करना।
2. नरसिंहपुर जिले में जलवायु परिवर्तन से कृषि में पड़ रहे प्रभावों का अध्ययन करना।
3. नरसिंहपुर जिले में जलवायु परिवर्तन को रोकने हेतु सुझाव प्रस्तुत करना।

अध्ययन क्षेत्र – भौगोलिक दृष्टि से नरसिंहपुर जिला प्रायद्वीपीय भारत के अन्तर्गत नर्मदा–सोन घाटी में विंध्यांचल एवं सतपुड़ा पर्वत श्रेणियों के मध्य स्थित है जो कि मध्यप्रदेश के जबलपुर राजस्व सम्भाग के अन्तर्गत आता है। जिले की ग्लोबिय स्थिति $22^0$44' उत्तरी अक्षांश से $23^0$15' उत्तरी अक्षांश एवं $78^0$38' पूर्वी देशांतर से $79^0$38'पूर्वी देशान्तर के मध्य फैला हुआ है। जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 5133 वर्ग किलोमीटर है। इस जिले के उत्तर में जबलपुर पूर्व में सिवनी, दक्षिण में छिंदवाड़ा एवं होशंगाबाद जिला जबकि पश्चिम में सागर जिला स्थित है। प्रशासनिक सुविधा हेतु इस जिले को 1. नरसिंहपुर 2. गोटेगांव 3. करेली 4. साईखेड़ा 5. बावई चीचली 6. चावरपाठा कुल 6 विकास खण्डों में विभाजित किया गया हैं। **(देखे आगे पृष्ठ पर)**

प्रविधि – अध्ययन को तथ्य परक तथा सार्थक बनाने हेतु प्राथमिक तथा द्वितीयक आंकड़ों का उपयोग किया गया है।

जलवायु परिवर्तन के प्रमुख प्रभाव

1. मिट्टी पर प्रभाव – कृषि के मुख्य घटक के रूप में मिट्टी का महत्वपूर्ण स्थान है। अध्ययन क्षेत्र में रासायनिक खादों के प्रयोग से मिट्टी पहले से ही अजैविक कार्बन रहित हो रही थी, अब जलवायु परिवर्तन से मिट्टी की नमी और कार्य क्षमता प्रभावित भी हो रही है। मिट्टी में लवणता की वृद्धि तथा जैव विविधता का ह्रास हुआ है। भूमिगत जल स्तर प्रति वर्ष नीचे तथा बाढ़ एवं सूखा जैसी आपदाओं के कारण मिट्टी का क्षरण अधिक हो रहा है, परिणाम स्वरूप मिट्टी में बंजरता बढ़ती जा रही है।

2. फसलों पर प्रभाव – अध्ययन क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन से मात्र फसलों का उत्पादन ही नहीं प्रभावित हुआ है वरन् उसकी गुणवत्ता पर भी नकारात्मक प्रभाव परिलक्षित हुए है। अनाज में पोषक तत्वों और प्रोटीन की कमी पाई गई है। जलवायु परिवर्तन का एक ही क्षेत्र में अलग–अलग प्रभाव दृष्टिगोचर हुए है।

3. जल संसाधन पर प्रभाव – जलवायु परिवर्तन के कारण कृषि हेतु जल–आपूर्ति की भयंकर समस्या उत्पन्न हुई है। अध्ययन क्षेत्र में तालाबों, पोखरे, कुंआ जल स्तर बनाए रखने में सहायक होते थे। कृषक अपने खेतों में अधिक से अधिक वर्षा जल का संचय करता था। परिणाम स्वरूप जमीन की आर्द्रता व उपजाऊपन बना रहता था। किन्तु बाढ़ एवं सूखे की बारम्बारता के कारण पारम्परिक स्रोत लगभग समाप्त होते जा रहे है।

4. जीव जन्तु पर प्रभाव – अध्ययन क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन ने जीव जंतुओं को भी प्रभावित किया है। लम्बे समय तक चलने वाले ग्रीष्म, शीत तथा वर्षा ऋतुओं में अनेक जीव–जन्तुओं की प्रजनन क्षमता वृद्धि से अपना जीवन चक्र पूरा करते थे किन्तु जलवायु परिवर्तन के कारण प्रकृति और जीव जन्तुओं के मध्य अर्न्तसंबंधों में अत्यधिक परिवर्तन हुआ है।

5. जैव–विविधता पर प्रभाव – जलवायु परिवर्तन से मिट्टी की उर्वरता में कमी होने से पेड़–पौधों के स्वास्थ्य एवं उगने की क्षमता में ह्रास हुआ है फलत: अनेक वनस्पतियां समाप्त होने की स्थिति में आ गई है। परिणाम स्वरूप यहां रहने वाले मानव व जानवरों में अनेक रोगों के आक्रमण से ये संकट में आ जाते है क्योंकि वनस्पतियां उनके लिए महत्वपूर्ण संसाधन है।

समस्या –

1. जलवायु परिवर्तन से मौसम की अनियमितता में वृद्धि।
2. बाढ़ और सूखा की पुनरावृत्ति के कारण मिट्टी में अम्लीयता में वृद्धि।
3. जल स्तर में कमी तथा क्षारीयता में वृद्धि।
4. फसल उत्पादकता में कमी।
5. मानव की क्रियाशीलता में कमी।

सुझाव –

1. विषैले पदार्थों व रेडियोधर्मी अपशिष्ट को रोकना।
2. झूम खेती कृषि प्रणाली पर नियंत्रण तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम को अनवरत जारी रखना।
3. फसल उत्पादन हेतु नई तकनीकों का विकास एवं शस्य विधियों में परिवर्तन के साथ खेतो में जल का संरक्षण करना।

* शोधार्थी, डी.लिट् ,आर.पी.ई.जी.विभाग, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

4. फसल अवशेषों का प्रबंधन एवं देशी व जैविक खादों का प्रयोग करना।

निष्कर्ष – वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन का प्रत्यक्ष प्रभाव कृषि उत्पादन पर पड़ रहा है। जो अप्रत्यक्ष रूप से फसल उत्पादनों की बढ़ती कीमत के रूप में परिलक्षित हो रही है। अध्ययन क्षेत्र में लगभग 25 ग्राम पंचायतें सूखा सम्भावित या शुष्क व अर्द्ध–शुष्क चिन्हित किया गया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. व्यक्तिगत सर्वेक्षण।
2. जिला सांख्यकीय पुस्तिका नरसिंहपुर (म.प्र.) वर्ष 2018
3. तिवारी आर.सी. एवं सिंह बी.एन, 2007, कृषि भूगोल प्रयाग पुस्तक भवन, इलाहाबाद, उ.प्र.

****

शिक्षण संस्थानों में ई-लर्निंग शिक्षा से शिक्षा में आए बदलाव

मृदुलता सिकरवार * डॉ. मोनिका मालविया **

शोध सारांश – आज के युग में ई-लर्निंग ने देश ही नहीं बल्कि देश के ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे विद्यालयों में भी मानो क्रान्ति ला दी है। कल तक जो बच्चे पाठ्यक्रमों पुस्तकों पर ग्रहण या अन्य विषयों को चित्रों के माध्यम से चाहकर भी नहीं समझ पाते थे। आज वे ही बच्चे स्क्रीन पर ग्रहण को लाईव देखकर उसे किसी चमत्कार से कम नहीं मान रहे हैं। अब स्मार्ट क्लास की कल्पना लैब या विद्यालयों तक सीमित नहीं रह गई है। विद्यार्थियो के लिए डिजिटल कोर्सेस उपलब्ध है। टेबलेट तथा लैपटाप के लिए अलग-अलग किन्तु विशेष पैकेज है। ई-लर्निंग में मिल रही सफलता को देखकर इस विषय को समर्पित अनेक सशुल्क बेवसाईट भी बाजार में आयी है। इन वेबसाईट पर छात्र अपनी विषय चुन सकते है

आज का युग निजीकरण का युग है और इस निजीकरण ने हमारी शिक्षा प्रणाली को भी अपने अंतर्गत समेट लिया है। यह बात सत्य है कि शिक्षा का निजीकरण होने से शिक्षा के क्षेत्र में क्रान्ति आई है। ई-लर्निंग का सबसे बडा फायदा समाज को हो रहा है कि कम खर्च में प्रभावशाली और आकर्षक शिक्षा दी जा रही है। जिसे छात्र बिना किसी दबाव में आए बिना ही स्वयं के द्वारा आसानी से प्राप्त कर सके। आज ऐसे कई संगठन है जो ई-लर्निंग के क्षेत्र में काम कर रहे है। ई-लर्निंग आने से पहले छात्रो को इंग्लिश और मैथ्स इन दोनों विषयो में बहुत मुश्किल का सामना करना पड़ता था, परन्तु आज ईंटरनेट पर कई ऐसी वेबसाईट उपलब्ध है जो इन विषयों को रूचिकर बनाने में सफल हुई है।

प्रस्तावना – ई-लर्निंग का सबसे पहले प्रयोग अमेरिका में 1960 में देखा गया था। यदि हम भारत की बात करे तो यह सबसे पहले दूरदर्शन द्वारा यूजीसी कार्यक्रम प्रसारित किए जाते थे जिसे इस देश की ई-लर्निंग की प्रथम कोशिश कही जा सकती है। अब ई-लर्निंग शिक्षा सभी कॉलेजो, विद्यालयों और युनिवर्सिटी सभी में अनिवार्य होती जा रही है। इससे शिक्षा में बहुत बदलाव सामने आए है। ई-लर्निंग शिक्षा अनिवार्य रूप से कौशल एवं ज्ञान का कम्प्यूटर एवं नेटवक्र समर्थित अंतरण है। ई-लर्निंग इलेक्ट्रनिक अनुप्रयोगों और सीखने की प्रक्रियाओं के उपयोग को संदर्भित करता है। इसमें वेब आधारित शिक्षा, कम्प्यूटर आधारित शिक्षा, आभासी कक्षाए ओर डिजीटल सहयोग शामिल रहता है। पाठ्यक्रम सामग्री का वितरण इंटरनेट, ओडियो या विडियो टीवी, सीडी के माध्यम से छात्र अपनी आवश्कता की पूर्ति कर सकते है। मोबाईल और लेपटाप की बात करे तो यह एप्लीकेशन के माध्यम से ई-लर्निंग सेवा प्रदान की जाती है। पाठ्यक्रम टेक्स्ट विडियो, पिच्चर और वॉयस आधारित होता है। जिससे छात्र को अपने मोबाईल और वेब के द्वारा अपनी पढ़ाई आसानी से कर सकता है तथा इसी के माध्यम से क्लास और लेक्चर लेकर अपना विषय तैयार कर सकता है। ई-लर्निंग का सपना हम सालो से देखते आ रहे है परन्तु अब सच होता नजर आ रहा है। सरकार व कुछ निजी संस्थाओं द्वारा इस और पहल की गई है। भारत जैसे देशो में ई-लर्निंग के माध्यम से हम हर किसी तक शिक्षा मुहैया करा सकते है। वायरलेस नेटवर्क आज देश के हर कोने तक उपलब्ध है। ऐसे में सरकार की कोशिश यही है कि ई-लर्निंग के माध्यम ये सभी को शिक्षित किया जा सके। तकनीकी आधारित यह शिक्षा कई मायनो में खास है। ई-लर्निंग शिक्षा के क्षेत्र में सबसे बडी खोज कही जा सकती है। यह शहरी लोगों तक ही नहीं ग्रामीण भारत को भी शिक्षित बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे केवल शहर, गांवो तक ही शिक्षा नहीं बल्कि भारत में शिक्षा में बदलाव लाएगा। आज भारत में 12 लाख शिक्षकों की कमी है। ई-लर्निंग के द्वारा इस कमी को पूरा किया जा सकता है। कई-कई बार देखने में आया है कि एक कक्षा में 100 से ज्यादा छात्र पढाई करते है उसमें उनको कम्प्यूटर विषय समझ में नहीं आता है व उनको मौका ही नहीं मिल पाता है। ऐसे में ई-लर्निंग एक सहायक पद्धती साबित हुई है। इसमें मोबाईल व टेब पर एक बटन दबाया और तुरंत जानकारी प्राप्त कर अपनी पढाई की जा सकती है। भारत में इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 164 मिलियन से ज्यादा है। इसमें 8 में से 7 व्यक्ति मोबाईल द्वारा या टेबलेट के द्वारा इसका उपयोग करते है। परन्तु इसके लिए ऑनलाईन रहना भी जरूरी है। मोबाईल की तकनीक के द्वारा शिक्षा को एक नई दिशा देने की कोशिश की गई है। आज छात्र भीड में पढ़ाई करने की जगह एकांत में पढ़ाई आसानी से कर सकता है। ऐसे में ई-लर्निंग एक बेहतर विकल्प साबित हुआ है और जहाँ तक हम उच्च शिक्षा की बात करते है तो उसमें भी ई-लर्निंग एक वरदान साबित हुआ है। शिक्षा के अधिकार को सफलता पूर्वक लागू करने के पश्चात आज ऐसा ही कोई तरीका होगा जिसमें हम हर छात्र की मदद कर सके जो इसका इच्छुक होगा। किन्तु ई-लर्निंग के छात्रों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सुविधा प्रदान की जा रही है। वैसे भी कॉलेजो के बाहर स्तरीय शिक्षा की अनौपचारिक व्यवस्था करना सरकार की मजबूरी है और हमारे लिए अच्छी शिक्षा प्राप्त करने का एक बेहतर विकल्प ई-लर्निंग ही है।

भारत में ऑनलाईन एजुकेशन का भविष्य उज्जवल है। अब ज्यादा से ज्यादा शिक्षण संस्थान इसको अपना रहे है। कारण साफ है। यह बच्चो को नवीनतम शिक्षा उच्च स्तरीय तकनीक के साथ प्रदान कर रहे है और छात्र भी इस नई तकनीक को काफी पसंद कर रहे है और यह तकनीक सहज

* शोधार्थी, रबिन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत
** शोध निर्देशिका, रबिन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

उपलब्ध हो रही है और आज का युग तकनीक को सहज से बहुत जल्दी पिकअप कर लेने में सक्षम है व उनके लिए काफी लाभकारी है।

उद्देश्य – ई–लर्निंग शिक्षा को बढ़ावा देने से है जिससे संपूर्ण भारत में कोई भी बच्चा बिना शिक्षा के नही रह पाए तथा सभी को रोजगार पूरक शिक्षा प्रदान की जा सके। जिससे देश की स्थिति को सुदृढ किया जा सके तथा उन मामलो का पता लगाया जा सके जिससे संपूर्ण देश का विकास हो पाए और ग्रामीण भारत का भी शहरों की तरह शिक्षा प्रदान की जा सके तथा भारत में शिक्षकों की कमी है उस वजह से पढ़ाई पर कोई असर ना पढ़ सके।

आकड़ों के स्त्रोत – प्रस्तुत शोध अध्ययन क्रियात्मक है। इसलिए इसमें प्राथमिक स्त्रोत और द्वितीयक स्त्रोत दोनों है।

प्राथमिक स्त्रोत – प्राथमिक स्त्रोत में साक्षात्कार द्वारा जानकारी प्राप्त करने की कोशिश की।

द्वितीयक स्त्रोत– द्वितीयक स्त्रोत में पुस्तके, पत्रिकाओं, रिसर्च, जर्नल रिर्पोटो आदि का सहारा लिया गया है।

महत्त्व – प्रस्तुत शोध अध्ययन का महत्व आज की युवा पढ़ी को ई शिक्षा के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है। विश्व में नए नए उपकरणो का निर्माण हो रहा है। हमारा भारत भी इस दौड़ में पीछे नहीं है। वह भी तकनीक से कदम मिलाकर चल रहा है। ई–लर्निंग से युवा पीढी अधिक सक्षम होगी जिससे समाज विकसित होगा और देश उन्नती करेगा। अत: भारतीय लोकतंत्र में लोकतांत्रिक भावना को पर्याप्त रूप से फलने फूलने हेतु आवश्यक है कि ई–लर्निंग के क्षेत्र में शिक्षण संस्थानों में परस्पर संबंध विकसित एवं उन्नत किए जाए। भारत एक विकसित देश है इसलिए यह आवश्यक है कि ई–लर्निंग संस्थानो का एकीकरण कर देश के प्रत्येक व्यक्ति का विकास किया जाए। गाँवों को भी शहरी बनाया जाए, सभी को शिक्षित किया जाए और विकास किया जाए ताकी भारत विकासशील देश की श्रेणी से निकलकर विकसित देश की श्रेणी में अपना स्थान बनाए। यह सर्वविदित है किसी व्यक्ति विशेष के विकास या उत्थान से संपूर्ण देश का विकास संभव नही है। इसलिए पूरे देश के विकास हेतु वहां के स्त्री पुरूष का समान रूप से शिक्षित होना पूर्ण रूप से आवश्यक है। यह कार्य ई–लर्निंग के द्वारा संभव हो सकता है। भारत जैसे देशों में जहां ग्रामीण जनसंख्या अधिक है वहॉ ई–लर्निंग एक वरदान सिद्ध होगा तथा समाज में व्याप्त बुराई को दूर किया जा सकता है और देश समाज का विकास किया जा सकता है।

समस्याऐं – प्रस्तुत शोध में ई–लर्निंग शिक्षा की कुछ समस्याऐ भी दी गई है।

1. भारत की आबादी का कुल 28.7 करोड़ वयस्क पढना लिखना नहीं जानते है। 1991 से 2006 के बीच भारत में साक्षरता दर 48 प्रतिशत से बढकर 63 प्रतिशत हो गई है, किन्तु जनसंख्या वृद्धि के कारण यह बदलाव नही दिख पा रहा है। गरीब, स्वास्थय, कुपोसण, सामाजिक पिछडापन आदि के मूल में शिक्षा का अभाव प्रमुख कारण है। इस लिए ई–लर्निंग शिक्षा प्राथमिक चिंता का विषय बन गई है।
2. ग्रामीण छात्रों में ज्यादातर छात्र दूसरी कक्षा तक ही किताब पड़ने में सक्षम है जो ई–लर्निंग शिक्षा क्या समझ सकेगे सात साल के बच्चे शब्द नहीं पहचान पाते है और 14 साल के बच्चे सामान्य सा गणित सवाल हल नहीं कर पाते है, वो ई–लर्निंग से शिक्षा कैसे प्राप्त करेगे।
3. यदि पैसा पास नही होगा तो ई–लर्निंग शिक्षा का सपना सपना ही रहेगा क्योंकि ई–लर्निंग शिक्षा इंटरनेट आधारित है और नेट या सेट बिना पैसो के पास नहीं आते है।
4. भारत के अधिकांस शिक्षक ऐसे है जो खुद ई–लर्निंग शिक्षा के विषय में नहीं जानते तो ऐसी स्थिति में बच्चों को क्या पढाऐगे।
5. ई–लर्निंग शिक्षा शहरो तक ही सीमित रह गई है क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र में यह शिक्षा सही से नहीं चल पाती।

समाधान – प्रस्तुत शोध में ई–लर्निंग शिक्षा की समस्याओं के समाधान निम्नलिखित है ।

1. यदि ग्रामीण छात्रो को स्कूलो में सरकार ई–लर्निंग चालू कर दे तो यह उनके लिए समझने का सही जरिया होगा जिससे एक कम्प्यूटर के द्वारा सभी को शिक्षित किया जाएगा और वह शब्द पढना तुरंत सीख जाएगें।
2. भारत में जनसंख्या वृद्धि अधिक है। जिससे शिक्षा का स्तर समझ में नहीं आता। अत: ई–लर्निंग के द्वारा शिक्षा दी जाए तथा जनसंख्या वृद्धि पर भी अंकुस लगाया जा सकता है।
3. भारत में अधिकतर ग्रामीण इलाके आर्थिक रूप से तंग होते है। ऐसे में वे अपने ई–लर्निंग शिक्षा द्वारा प्राप्त नहीं कर पाते। इसके लिए सरकार को सरकारी स्कूलो में ई–लर्निंग की शिक्षा प्रारंभ कर देनी चाहिए।
4. ई–लर्निंग के लिए शिक्षकों को भी प्रशिक्षित किया जाना चाहिए क्योकि शिक्षक ही छात्रों को ई–लर्निंग के द्वारा शिक्षा प्रदान करवा सकते है।
5. भारत सरकार को ई–लर्निंग शिक्षा के लिए ग्रामीण समाज को भी उत्साहित करना चाहिए तथा इसके द्वारा प्राप्त लाभ भी समझाने चाहिए जिससे देश का चारो तरफ से विकास हो सके।

निष्कर्ष – प्रस्तुत शोध का निष्कर्ष इस प्रकार है।

तकनीकी हमेशा से नवयुग में प्रवेश का माध्यम रही है। चाहे वह पेपर हो, प्रिंटिग प्रेस हो, पुस्तके हो मोबाईल, लेपटॉप हो, इंटरनेट सुविधा हो इसका हम कितना सकारात्मक उपयोग कर सकते है। पर इतना तो अवश्य कहा जा सकता है जैसे जैसे ग्रामीण भारत सूचना तंत्र से जुडता जाएगा भारत का ज्ञान भी बढ़ता जाएगा और एक बार पुन: वैश्विक स्तर पर ज्ञान पताखा फहराएगी। इसके लिए ई–लर्निंग शिक्षा को बढावा देना बहुत जरूरी है। जिससे ग्रामीण और शहरीकरण में शिक्षा का स्तर समान है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डिजिटल इंडिया मिशन ।
2. ई–क्रान्ति, ग्रामीण भारत की समस्या और तकनिकी समाधान ।
3. पंचजन्य पत्रिका ।
4. समाचार पत्र ।

****

Haveli Of Sham Singh Atari (Unrevealed Heritage)

Dr. Rupali Razdan*

Abstract - History plays an important role in promoting one's intellectual growth and development, as history helps us to find out how our nation emerged, the problems encountered and also the nation's values. Literature, old buildings, monuments, paintings etc. are the best examples from which one could know about the culture of origin in a better way with which we might be less familiar and so through these it becomes easier to make aware our next generation about our rich culture and past. The purpose of this paper is to throw a light on that untold architecture of Sikh Period, which is in a neglected situation these days, though some of its family members and other families who were associated with Sher-e-Punjab Maharaja Ranjit Singh are still alive.
Key Words - Sikh Architecture, Maharaja Ranjit Singh, Sham Singh Attari and the Haveli, Architectural Importance.

Introduction - When we talk about Sikh Architecture – a rich heritage of Punjab and a world-renowned style of architecture, the picture of Golden Temple in Amritsar (Punjab) immediately appears before our eyes. Further examples of Sikh architecture can be found in India, Pakistan, Afghanistan, Bangladesh, Saudi Arabia, Iraq and Turkey, where the Sikh Gurus payed visits to. Modern examples can be found world wide – America, Australia, United Kingdom, Europe and Asia. Apart from buildings of religious order, Sikh Architecture has secular types of forts, palaces, Havelis, bungas and colleges. Very less has been written about Sikh Architecture that it is difficult for anyone to believe that such a style of architecture exists at all. Sikhs are known in world for their bravery, characteristic vigour, valour versatility and above all for their distinct physical moral and spiritual identity, but some examples of their architecture today is in a neglected state and is unidentified.

Historical Background: The land of five rivers – 'Punjab', has seen many ups and downs. It has been looted and attacked by several foreign invaders for centuries. And hence, we can say that it's geographical and political situation effected it's culture and art. But we cannot denay the presence of art in Punjab, as from history the examples of art in Punjab in the form of painting, architecture, sculpture etc proves that Punjab was not only known as a land of warriors and fighters but it was known for such warriors who loved art and whenever they find some peace in the area, they tried their best for the development and flourishment of art.[1]

Architecture was still there before the emergence of Sikhism As Mughal Emperors were also found of architecture and thus some examples of Mughal architecture can be seen till date in Punjab. But at the very end of 18th century, Maharaja Ranjit Singh appeared on the scene.[2] With his great ability as a general, he carried out for himself a powerful and well organized kingdom. As a liberal patron of arts, he got commissioned various architects from Hindu and Muslim religion who worked all together during his time and it is said that he got constructed a large number of other shrines in and around Amritsar-Lahore in which number of Gurudwaras, Hindu Temples, Samadhi, dharamshalas and havelis for his traders, merchants and generals were erected. "The placing of new havelis for the nobles, both in Lahore town and in the vicinity of the Golden Temple, Amritsar, was inspired by the Maharaja's wish that the courtiers may be available, morning and evening, for talks about matters of state fresh campaigns for consolidation of the kingdom, and for the multifarious arrangements of day-to-day life, such as revenue collection, provisions for the army, giving jagirs, deciding of disputes and discussions of foreign policy."[3] Apart from him rich merchants, traders and Ranjit Singhs' generals got constructed havelis etc for themselves.[4] Among them one of the most important building called by the name – "Haveli of Sardar Sham Singh Attari," who become a martyr in the second Anglo Sikh war, now remains in ruins.[5]

Sardar Sham Singh Attari (1785-1846), a Sikh general in the Sikh army of Lahore Darbar, was born in the house of a well known Jatt family of Sidhu clan and was the only son of Sardar Nihal Singh Attari (d. 1817) and grandson of Sardar Gaur Singh Attari (d.1763), who was first in line to convert to Sikhism in the early political Sikh period. Gaur Singh soon established his protection over an area around Attari, a village he had founded some 16 miles west from the holy city of Amritsar. His son, Nihal Singh was known

* HOD (Fine Arts) Lyallpur Khalsa College for Women, Jalandhar (Punjab) INDIA

for his martial prowess and for his personal loyalty to Maharaja Ranjit Singh. Before this he served the Bhangi Misl but later joined Maharaja and continued to serve him upto 1817, the year of his death. Nihal Singh's son, Sham Singh Attari, entered the service of the Maharaja in 1817 and in 1818, took part in the military campaign of Peshawar, Attock and Muttan. He also fought in Kashmir in 1819. Maharaja Ranjit Singh knowing his qualities and fighting abilities made him Jathedar of 5000 horsemen. Sham Singh is also famous for his last stand at the Battle of Sobraon. His daughter was married to Prince Nau Nihal Singh and he served on the council of regency for Maharaja Dalip Singh.[6] Upon his death his wife Mai Dasi committed Sati (Self-immolation) in her bridal dress.[7] His death marked the weaking of the Sikh Empire, and with Maharani Jind Kaur (Wife of Ranjit Singh) banished away from the Palaces of Lahore, in 1847 by the British and three years later in 1849 the falling and crumbling Sikh kingdom of Punjab was annexed by the British Empire.[8] Though the exact date of Haveli is not known but it is said that this was constructed under the supervision of Sardar Sham Singh Attari himself.[9] Keeping in mind, the birth and death year of Sham Singh it can be said that this was made in the beginning of 19th century.

Location: At present, the Haveli of Sardar Sham Singh Attari is located in Attari town where he was born and brought-up. A place, few kms from the border of India and Pakistan, near Amritsar, in the Majha region of Punjab, India. It is said that there was not only that haveli, but total nine havelis were got constructed through various generals, faujdars nobles and courtiers etc. associated with Maharaja Ranjit Singh.[10] Some of them are completely demolished while others are in ruins these days. Near Sham Singh's haveli, today, the memorial contains a small museum, a guest suite along with several samadhis including Smadh of Sham Singh in between them and a Gurudwara. There is also a large tank of water (Sarovar) built for the wedding of Maharaja Ranjit Singh's grandson, Prince Nau Nihal Singh and general Sham Singh Attariwala's daughter, Bibi Nanaki Kaur.

Architectural Importance - As it is said before, that Maharaja Ranjit Singh was a liberal patron of art, Sikh architecture is a lively blend of the Mughal and Rajput styles. Onion shaped domes, multi-foil arches, in laywork frescoes, use of material, such as brick the making of lime mortar, and the shaping of these elements into decorative flourishes of Mihrabs over the doorways, projections over the windows and spiraling steps, had been brought in by Islamic builders, under the Sultanates of the early medieval period and through the Mughals. While Oriel windows, bracket supported eaves at the string-course, chhattris, richly-ornamented friezes, use of wood for beams etc are reminiscent of elements of Rajput architecture such as seen in Rajasthan.[11] Percy Brown, an art historian has described it, a late form of the Mughal style of architecture.[12] So this Haveli too is a blend of two styles. Actually Maharaja Ranjit Singh and his courtiers inherited the tradition of climate-space time-history, purpose and use of adequate local materials from their predecessors. The big house (Haveli) of the chieftain in the hamlet is located in the centre of the habitations, whose narrow approach-lanes would protect it against marauders. The deohri, hallway of the haveli, with its giant door, studded with big nails, was the first protection. On the side of the inner courtyard are the living rooms. Approached from steps on the side of a square is the first and second storeys (which is in ruins now) overlooking the well on the ground floor from which the water was drawn. The average rooms were provided with jallied windows and wooden doors to cope with the climate, to bring air in, against the hot suns of the summer, to prevent cold breezes in winter and to provide rest during the nights, as well as for some hours of the day. But today, the upper storeys of the Haveli is broken and shattered from many places which was made with Nanak-Shahi (Small red) brick and now these are scattered in the narrow streets all around the haveli. Today, only few doors, mehrabs, jallidar windows, burgis and domes are left.[13]

Conclusion - Knowing the importance of the Haveli historically as well as artistically its preservation and conservation is required. Though its descendants are alive and a memorial is run by a family trust. Every year on 10th February a Martyr's Day celebration is held to honour General Sham Singh, which is now on the state level function list. Inside the museum near haveli, there is a series of images relating to the family's story and the General showing that family is from a distinguished line of soldiers and continue to play a part in the military today.14 The family has a sword that belonged to General Sham Singh, which normally only comes out for display on special occasions such as Martyrs day. They have a small archive, amongst the letters was an invitation from Princess Bamba Duleep Singh.15 But the conservation of Sardar Sham Singh and of other havelis present around it is a need of hour. The efforts can be made by the family members, Sikh Institutes and by the government.

There is a variety of many scattered evidences of buildings that still exists, in a state of utter neglect, on this side or across the border, which are significant contribution of Sikh Architecture to the art and science of building. As for instance, it has been reliably learnt that Hari Singh Nalwa built a fourteen storeyed structure with additional three in the basement (taikhana) for use during summer. Only four storeys now survive. It is said that the (taikhana) were cold enough for use of blankets even where there was sweltering heat outside. If it could be established that such a structure did come up in the first quarter of the 19th Century, Sikh architecture would have the proud priviledge of having put up the first skyscraper began when home-insurance building, a ten storied structure was constructed in Chicago towards the end of 19th century.16 It is thus required that Sikh Architecture needs a proper research which has hither to remained neglected for various reasons.

References :-

1. Kang, Kanwarjit Singh, "ÇîµàÆ ÁÅê¯ ÁÅêäÆ", 1985, P. 30-31, Delhi.
2. Aryan, K.C., "Punjab Murals", 1977 P. 26-27
- Arshi, Pradeep Singh, "Sikh Architecture in Punjab," Intellectual Pub. House, 1986
3. Anand, Mulk Raj, Marg-Appreciation of Creative Arts under Maharaja Ranjit Singh, Architecture, P. 28, Bombay.
4. Kang, Kanwarjit Singh, "Wall paintings of Punjab and Haryana", 1985, P.22
- Goswamy, B.N., "A matter of Taste-some notes on the context of painting in Sikh Punjab", Marg, 1981, P.63
5. Daily Sikh updates, 'Have a look at the Haveli of one of the Great Sikh warriors Ever', 16 Ap, 2016 (net)
6. Suri, Sohan Lal, 'Umdat-ut-Twarikh', Lahore, 1885-89.
- Ganda Singh, sardar Sham Singh Attariwala, Amritsar, 1942.
- Harbans Singh, 'The Heritage of the Sikhs', Delhi, 1983
- Khuswant Singh, 'A History of the Sikhs', Vol. II, Princeton, 1966.
- 'The Sikh Encyclopedia, Sham Singh Attariwala', Retrieved 4 July' 2018.
7. - Datta, Vishwanath, 'Sati: a historical, social and philosophical enquiry into the Hindu rite of widow burning', P. 279 (1988)
- Griffin, Lepel Henery, 'Ranjit Singh and the Sikh Barrier Between our Growing Empire and Central Asia', P 67 (1905)
8. WWW.Sikhiwiki.org.Encyclomedia of the Sikhs Sardar Sham Singh Attari.
9. Interviewed telephonically on 04-09-2018 Sr. Bikram Singh Attariwala, from the family of Arur Singh, one of the son of Jmadar Khushal Singh (a sepoy in the army of Maharaja Ranjit Singh).
10. Ibid
11. Anand, Mulk Raj, Appreciation of Creative Arts under Maharaja Ranjit Singh - 'Architecture', Marg, P. 27-28.
12. Brown, Percy,
13. Visited on: 6 May' 2018
14. Ibid
15. Dogs, swords and Elephants - all in a day in India, March 7, 2015 by ancient house India-creating the Duleep Singh Gallery, Art council England.
16. www.sikhiwik.org.Encyclomedia of the Sikhs, Sikh Architecture.

****

डॉ. राममनोहर लोहिया के चिन्तन की प्रासंगिकता

डॉ. अरविन्द यादव *

प्रस्तावना – डॉ. राममनोहर लोहिया हमारे देश के ऐसे महान व्यक्ति थे जिन्हें कालजयी कहा जा सकता है। काल का स्वभाव है कि वह जैसे–जैसे बीतता है व्यक्तियों और घटनाओं को विस्मृति के गर्त में ढकेलता जाता है। लेकिन कुछ व्यक्ति अपने विचारों के कारण काल की इस गति को उलट देते हैं और जैसे–जैसे समय बीतता है उनकी स्मृति, उनकी प्रासंगिकता बढ़ती जाती है। लोहिया के बारे में यही हुआ है। लोहिया के निधन के पाँच दशक बीत गए हैं किन्तु इनके विचार भारत के संदर्भ में ही नहीं समूचे विश्व के सन्दर्भ में आज अधिक प्रासंगिक माने जा रहे हैं।

मार्क्सवादी समाज और दर्शन में मानव प्रकृति तथा व्यक्ति की अवहेलना के स्थान पर डॉ. राममनोहर लोहिया के जनतांत्रिक समाजवाद में व्यक्तिगत दायित्व, मानव स्वभाव के आधार पर नियंत्रित पूँजीवाद की धारणा की स्वीकृति और सत्ता के विकेन्द्रीयतावाद की स्वीकृति साथ ही **जन शुभांरम्भ की धारणा का विकास –** मार्क्सवाद की जो आलोचना डॉ0 लोहिया ने की थी उसके कई कारण थे। परन्तु मार्क्सवादी दर्शन में मानव की स्वतन्त्रता का हनन होना प्रमुख है। चाहे कोई भी व्यवस्था हो मानव स्वतन्त्रता चाहता है। मानव प्रकृति से ही स्वतन्त्र होता है। जब सामाजिक परिवेश में रहता है तो बन्धनों में बंधता है। इसी प्रकार जो भी राजनैतिक व्यवस्था हो मनुष्य स्वतन्त्रता चाहता है। क्योंकि ऐतिहासिक अध्ययन से स्पष्ट है कि मानव रोटी के स्थान पर स्वतन्त्रता को पसंद करता है। मार्क्सवादी दर्शन में सभी बातें ठीक थी, जैसे सर्वहारा और शोषित के लिए लड़ना और निजी सम्पत्ति की समाप्ति। मार्क्सवाद के विघटन का कारण व्यक्ति की अवहेलना है। यदि व्यक्ति की वाणी पर प्रतिबन्ध न लगा होता तो मार्क्सवाद की कमियाँ सामने आती रहती है। उनमें सुधार की गुंजाइश रहती।

डॉ0 लोहिया ने अपने दर्शन में सबसे अधिक ध्यान व्यक्ति की स्वतन्त्रता पर दिया है। विशेषकर व्यक्ति के मौलिक अधिकारों के प्रति सबसे ज्यादा सजग थे। कई बार अपनी गिरफ्तारी के विरोध में, न्यायालयों में पौराणिक सुकरात, गांधी को उद्धत करते हुए व्यक्ति के मौलिक अधिकारों के लिए लड़े हैं। अन्याय करने पर, निहत्थी जनता पर गोली चलाने पर, खुद ही अपनी सरकार से इस्तीफा मांग लिया था। जो मूलत: पार्टी विघटन का कारण बना। डॉ0 लोहिया ने अपने संभव बराबरी, निजी सम्पत्ति की सीमा निर्धारित करना, उपभोग पर नियंत्रण, उत्पादन के साधनों का वितरण और मानव के द्वारा मानव का शोषण न हो इसके राजनीतिक दर्शन की विशद् व्याख्या की। सरकार के सभी कार्यो में जनता की समुचित भागीदारी हो। अन्याय के खिलाफ सामान्यजन को खड़ा करना लोहिया की महत्वपूर्ण उपलब्धि है, अन्याय और शोषण के खिलाफ, कमजोर व्यक्ति को प्रतिरोध करना डॉ0 लोहिया ने सिखाया था। आन्दोलन के दौरान जहाँ गांधी हर गाँव में गांधी पैदा करने में सफल रहे हैं, वही लोहिया भी अपने पार्टी कार्यक्रमों जनसमस्याओं के आंदोलनों में हर जगह लोहिया पैदा करने में सफल रहे हैं। शासन सत्ता की विकेन्द्रीकृत की स्थापना जो डॉ. लोहिया ने 'चौखम्भा राज्य' का मॉडल प्रस्तुत किया था, उसे प्राय: सभी राजनैतिक दलों और सरकारों ने मान लिया है।

वैश्विक स्तर पर डॉ. लोहिया के दर्शन का महत्व, वैश्विक स्तर पर पूँजीवाद–साम्यवाद दोनों विकल्पों की असफलता और डॉ. लोहिया के **चिन्तन की प्रासंगिकता –** अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर समाजवादी आंदोलन जिस विखराव के रास्ते पर चल रहा है। ऐसी परिस्थितियों में डॉ. लोहिया के विचारों और सिद्धान्तों की पुन: व्याख्या करना आवश्यक हो गया है। डॉ. लोहिया ने समाजवाद की जो व्याख्या प्रस्तुत की थी वह अनेक समाजवादियों के अनुकूल न होने के कारण आलोचना का विषय रही। लोहिया की विचारधारा समग्रवादी थी। इसी दृष्टि से 'विश्ववादी' दृष्टि विकसित हुई। डॉ. लोहिया अपने को विश्व नागरिक मानते थे।

वर्तमान समय में समाजवादी आंदोलन विखर गया है। साम्यवादी देश अपने ही अन्तर्विरोधों से टूट गए हैं। हालांकि डॉ. लोहिया ने इस विघटन की भविष्यवाणी बहुत पहले कर दी थी क्योंकि उनका मानना थी कि 'साम्यवाद और पूँजीवाद दोनों के उद्देश्य एक जैसे हैं।'

व्यक्ति और समाज की इस नई दृष्टि से जब वह समाजवाद की नयी व्याख्या करते हैं तो समाजवाद में स्वत: एक सकारात्मक एवं गुणात्मक परिवर्तन आ जाता है अमरीका में एक जनसमूह के समक्ष डॉ0 लोहिया ने अमरीका और रूस के भौतिक विकास की आलोचना करते हुए कहा था कि 'वर्तमान सभ्यता मेरे लिए अर्थहीन हो गई है। चाहे वह अमरीकी सभ्यता हो या रूसी, दोनों ही मेरे लिए अप्रांसगिक हैं। मैं दोनों को विश्वास दिलाना चाहता हूँ कि मैं यह वाक्य किसी नैतिकता के आधार पर नहीं कह रहा हूँ। मैं आपसे न तो गांधी की चर्चा कर रहा हूँ और न ही मैं अहिंसा या भारत की आध्यात्मिकता की दुहाई दे रहा हूँ क्योंकि कुछ मायनें में आज का यूरोपियन और अमरीकन भारतीय से ज्यादा आध्यात्मिक हो सकता है। मैं जिस आधार पर यह कह रहा हूँ वह दूसरा है और वह यह है कि वर्तमान मौजूदा सभ्यता आने वाली दुनिया के लिए अप्रांसगिक हो चुकी है। आज न्यूयार्क या मास्को जितने बड़े पैमाने पर फैक्ट्रियाँ बढ़ाते जा रहे हैं वह सब अर्थहीनता पर पहुँच गए हैं। जिस दुनिया की रचना हम कल के लिए करना चाहते हैं, उसमें से गरीबी को निकाल बाहर फेंकने का संकल्प है। इसलिए जब मैं कहता हूँ कि यह कल की दुनिया के लिए अप्रासंगिक है, तो उसके पीछे यह सपना गरीबी हटाने का है न कि कोई नैतिक दबाव।'

डॉ. लोहिया की समाजवादी दृष्टि संदर्भित होती थी। उसे संदर्भ देने

***प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) रामस्वरूप यादव महाविद्यालय, पूँछ, जिला–झाँसी (उ.प्र.) भारत**

वाली, उनकी देश, काल और ऐतिहासिक स्थिति से उपजी हुई कर्म करने की अनिवार्यता होती थी, उन अनिवार्यता के साथ नितांत स्थानीय विश्व चेतना के उद्‌गम समाज दोनों ही एक दूसरे के पूरक अंग होते थे। मन से 'समता' के प्रति संघर्षशील रहना और 'जनइच्छा' को अभिव्यक्ति देने के लिए सम्पूर्ण परिवर्तन की समग्रता को पकड़कर न छोड़ना उनके चिंतन और कर्म के अविभाज्य अंग थे। वह समाजवाद को उसकी समग्रता ही में जागरूक करना चाहते थे। ऐसे अनुभवी और आत्मशिल्पी थे जो समाजवादी जीवन दर्शन को सम्पूर्ण मानवता के लिए प्रस्तुत करते थे।

वह जब आध्यात्मिकता को भौतिकता के साथ अपरिहार्य मानने की बात करते थे तो एक दार्शनिक लगते थे। सामाजिक क्रांति के लिए मन की चर्चा करते थे। समता में मर्यादा की बात करते थे तो लगता था कि वह नैतिकता के प्रखर प्रकाश में मानव आत्मा को प्रकाशित करना चाहते थे। जब वह सामाजिक विषमताओं की चर्चा करते हुए एक ऐसी क्रांति का आवाह्न करते थे जिसमें उथल-पुथल मच जावे, तो वह एक सशक्त क्रांतिकारी लगते थे। समस्त विश्व के साहित्य मिथक, पुराण, स्थापत्य, संगीत और नृत्य का विश्लेषण करते थे तो लगता था कि एक कवि मन अपनी रचनाधर्मिता का परिचय दे रहा है। कहने के लिए तो लोग कहते हैं कि डॉ0 लोहिया आस्कर जस्सी जैसे समाजवादी थे, पर लोहिया जिस समाजवाद की कल्पना करते थे, उसमें अर्थशास्त्र, धर्म, नीतिशास्त्र, विधि, समाजशास्त्र और सौंदर्यशास्त्र प्राणहीन पदार्थ न होकर क्षण-प्रतिक्षण जीवन प्रवाह के साथ-साथ गतिशील प्रकाश स्तंभ लगते थे, उन्होंने चेतनाशून्य समाजवादी विचारधारा में नये प्राण फूँकने की कोशिश की थी, इसलिए उनका समाजवादी चिन्तन आज भी हमारा पथ आलौकित करता है।

डॉ. लोहिया गांधी की अगली कड़ी थे। उन्होंने महात्मा गाँधी के विचारों को आगे बढाया और साथ ही अपने मौलिक चिंतन से एक नई सभ्यता की रूपरेखा विश्व के समझ प्रस्तुत की। यह रूपरेखा लोहिया की सत्तक्रांति के रूप में जानी जाती है। डॉ. लोहिया के 'चौखम्भा राज्य' में नये समाज की यह समग्र दृष्टि अंतनिर्हित है। चौखंभा राज्य इस नई सभ्यता का नये समाज का विचार है जिसे लोहिया ने हमें बीज के रूप में सौंपा हैं।

डॉ. लोहिया के चिन्तन के सार्वभौमीकरण की सम्भावना का रेखांकन - डॉ. लोहिया ने भारतीय समाज की सड़ी गली जिस व्यवस्था को बदलने का सपना देखा था, वह राजनैतिक चेतना में परिवर्तित होकर कार्यरूप में परिणित हो रहा है। समाज के विषय में जो आदिकाल से मान्यताएँ चली आ रही थी। उनको डॉ. लोहिया ने अपने क्रांतिकारी कार्यों से बदला है। यदि वे जीवित होते तो निश्चय ही यह सपना पूरा होता देखते। डॉ. लोहिया की राजनैतिक भविष्वाणियाँ सत्यसिद्ध हुई हैं। आर्थिक विकास के सभी मॉडल ध्वस्त हो गए हैं। यदि कभी भी भारत का आर्थिक विकास हो सकता है तो केवल डॉ. लोहिया का गांधीवादी रास्ता ही हो सकता है।

डॉ. लोहिया ने राजनीतिज्ञों के लिए जो आचार संहिता की स्थापना की थी वह आज आवश्यक हो गई है। वर्तमान राजनीतिक उठापटक, सिद्धान्तहीन दलों का गठन, कथनी करनी में अन्तर, चुनावी हिंसा, चुनाव में जाति, पैसा, अराजकता का प्रवेश। यदि इन सब बातों से मुक्ति पानी है तो डॉ. लोहिया के सिद्धान्तों को अपनाना होगा। डॉ. लोहिया ने योजनाओं की असफलता की भविष्यवाणी की थी। सार्वजनिक क्षेत्र विदेशी कर्ज इन सब बातों पर ध्यान आकर्षित किया था। वह सब भविष्यवाणियाँ आज सत्य सिद्ध हुई हैं।

यह बात तो हम सब जानते हैं कि सभ्यताएँ दस-बीस वर्षों में नहीं बनती। कुछ विचार सभ्यताओं के बीज बनते है और फिर कई पीढ़ियों को खाद- पानी बनकर अपने को खपाना पड़ता है। तब कहीं अंकुर निकलना है। इस बीज को अंकुर में बदलने के लिए कितना त्याग बलिदान दिया, कितना खाद-पानी दिया, इस बात पर उन सब लोगों को गम्भीरता से विचार करना चाहिए जो अपने को लोहिया का अनुयायी कहते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. लक्ष्मीकान्त वर्मा - समाजवादी दर्शन और डॉ लोहिया, पृष्ठ 48-49 शैलेश कृष्ण निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ.प्र. लखनऊ, 1991
2. मस्तराम कपूर - कल की राजनीति, पृष्ठ - 11 लेखक मंच 79वीं मयूर बिहार दिल्ली, 1997
3. डॉ. अमरेश्वर अवस्थी - आधुनिक भारतीय सामाजिक राजनीति चिंतन पृष्ठ-561 एवं डॉ. रामकुमार रिसर्च पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, 1997
4. डॉ. राममनोहर लोहिया - क्रांन्तिकरण, पृष्ठ-35 लोहिया समता विद्यालय न्यास हैदराबाद 1973
5. डॉ.राममनोहर लोहिया - मार्क्स, गांधी एण्ड सोशलिज्म , पृष्ठ 226 राममनोहन लोहिया, समता विद्यालय न्यास पब्लिकेशन्स हैदराबाद, 1978
6. डॉ. राममनोहर लोहिया - समदृष्टि, पृष्ठ 1-2 राममनोहर लोहिया समता विद्यालय न्यास, हैदराबाद 1970
7. इन्दुमति केलकर - लोहिया कर्म और सिद्धान्त, पृष्ठ 254नवहिन्द प्रकाशन, हैदराबाद, 1963
8. मस्तराम कपूर - समाजवादी विचारमाला - 13, भारतीय समाजवाद और लोहिया पृष्ठ-15 समाजवादी साहित्य संस्थान, दिल्ली, 2000।

****

ध्रुवपद - एक यात्रा

डॉ. दीप्ति गेड़ाम परमार*

प्रस्तावना – भारत वर्ष की दो कलाओं का विशेष प्रभाव दिखाई देता है –

1. संगीत कला
2. शिल्प कला

अर्थात् यह दो कलायें भारत वर्ष की इतनी समृद्ध और उच्चकोटि की हैं, जिन्हें विदेशी शासक न तो ले जा पाए, न ही उनमें कोई विशेष परिवर्तन कर पाए। भारत के अनेक प्राचीन मंदिरों आदि में बहुत-सी खंडित प्रतिमाए मिलतीं हैं, साथ ही ऐसी मूर्तियाँ भी हैं, जो खंडित नहीं हो पाई थी। उनकी बनावट को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि ये मूर्तियाँ बोलने ही वाली हैं या कुछ कहने के हाव-भाव दिख रहे हैं। इन खंडित प्रतिमाओं को देखकर यह भी महसूस होता है कि आक्रमणकारी इन्हें ले जा नहीं सकते थे, परंतु खीझकर गुस्से में खंडित तो कर ही सकते थे, जो उन्होंने किया। इसके विपरीत भारतीय संगीत-कला भी अपने आप में बहुत ही समृद्ध एवं उच्चकोटि की है।

प्राचीन समय में संगीत, अन्य दूसरी विद्याए भी गुरू-मुख से ही सीखा जाता था, अन्य कोई साधन नहीं था। शिक्षा ग्रहण करना बहुत ही श्रमसाध्य होता था एवं धैर्य के बिना संभव नहीं था। अत: ये दोनों ही कलाए वर्तमान में भी अपना अस्तित्व स्थाई करने में सफल रहीं।

विदेशी आक्रमण से पूर्व एवं उस दौरान आक्रमणकारियों ने भारतीय संस्कृति पर पूर्ण आघात किए, फिर भी भारतीय संस्कृति विशेष रूप से संगीत, अपना अस्तित्व बनाए रखने में सफल रहा। इसका कारण यह भी था कि आक्रमणकारी पूर्णरूपेण स्थाई नहीं हो पाए थे।

मध्यकाल में मुग़ल शासन से स्थायित्व आना आरंभ हुआ, जो जलालुद्दीन मुहम्मद अकबर के समय से मिलता है। यहाँ विशेष उल्लेखनीय तथ्य यह कि भारतीय संगीत में उससे पूर्व कई परिवर्तन करने के प्रयास किए गए, परंतु ये सभी प्रयास सफल नहीं हुए। इन असफल प्रयासों का तात्पर्य उस सूफी-परंपरा से है जो अलाउद्दीन खिलजी (सन् 1296 – 1316 ई.) के समय से चली आ रही थी। अमीर खुसरो और उसके अनेक अनुयायियों ने अपनी परंपरा का प्रचार करने के बहुत प्रयास किये। अमीर खुसरो ने भारतीय संगीत में बहुत से परिवर्तन किए। नये रागों का निर्माण किया, तालों का निर्माण किया, परंतु वे स्वयं भारतीय संगीत से अत्यधिक प्रभावित थे। तत्कालीन गुणी गोपाल नायक का उन्होंने गायन सुना और उस गायन का अनुकरण भी किया।

चूँकि खिलजी सम्राटों के युग के पूर्व से भारत मुस्लिम सेनाओं से आक्रान्त हो गया था, निज़ामुद्दीन चिश्ती के सात सौ समर्थक भारत में फैल गए थे। अमीर खुसरो और उसके अनेक अनुयायियों ने अपनी सूफी परंपरा का प्रचार करने के बहुत प्रयास किए। एक ओर जहाँ भारतीय जनसाधारण को मंदिरों आदि जैसे स्थानों में प्रवेश से वंचित रखा जाता था, दूसरी ओर सूफियों के दरबार में समाज के हर स्तर के व्यक्तियों को स्थान मिलने लगा, जिससे भारतीय जनता का सूफी-परंपरा या सूफी संगीत की ओर अधिक झुकाव होने लगा। इसके अतिरिक्त तत्कालीन भारतीय संगीत जनसाधारण की दृष्टि से अधिक क्लिष्ट था एवं सूफी संगीत सरल भाषा में होने के कारण जनता को अधिक मनोरंजक लगने लगा। इस प्रकार इस संगीत का प्रचार होने लगा।

ग्वालियर के तोमर वंश के समय तक चिश्ती सूफ़ियों की परंपरा भारत में ख़ूब प्रचार में आ गई थी। इसका मुख्य कारण था उनके गीतों की लोकभाषा। अमीर खुसरो एवं अन्य अनुयायियों द्वारा प्रचारित ग़ज़ल, क़व्वाली, ख़्याल, मुकरी आदि से भारतीय संगीत पर प्रतिकूल प्रभाव होने लग।। इस विदेशी संगीत से भारतीय संगीत पर विपरीत प्रभाव को रोकने के लिए सबसे पहले ग्वालियर के राजा डूंगरेन्द्र सिंह तोमर ने उत्तर दिया और इसी उद्देश्य से 'विष्णुपद' नामक गीत की रचना की। था। चूँकि परंपरागत भारतीय संगीत के बोल संस्कृत भाषा में होते थे जो उस समय के जनसाधारण की समझ से परे हो गए थे। उस समय का संगीत केवल राजसभाओं, प्रशस्तिकारों तथा विद्धानों तक ही सीमित रह गया था। अत: संस्कृत के गीतों पर आधारित राग गायन जनसाधारण के लिए मनोरंजन का आधार होना संभव नहीं था। भारतीय संगीत को जनसाधारण के लिए अधिक सरल बनाने के लिये ही डूंगरेंद्र सिंह ने विष्णुपदों की रचना की, जिनमें लोकभाषा का प्रयोग किया और उन्हें भारतीय राग-रागिनियों में स्वरबद्ध किया। अत: सूफी संगीत का प्रभाव कम करने और भारतीय संगीत को अधिक सरल और मनोरंजक बनाने के लिये राजा डूंगरेन्द्र सिंह ने विष्णुपद की रचना की। इस क्रिया से भारतीय संगीत को एक नई दिशा मिली। अर्थात् यह क्रिया सूफ़ी संगीत के जवाब में उभरी।

इसी क्रम में राजा मानसिंह तोमर ने विष्णुपद के आधार पर अपने दरबार के विद्धान कलावंतों से भक्तिपरक पदों की रचना कराई जो ब्रजभाषा में रची गई और यही क्रिया 'ध्रुवपद शैली' के नाम से प्रचार में आ गई। राजा मानसिंह तोमर ने ध्रुवपद का आविष्कार करने के लिये सबसे पहले ग्वालियरी भाषा में कवितायें लिखीं, इन कविताओं में तीन प्रकार की विषय-सामग्री मिलती है –

1. भगवान कृष्ण से संबंधित पदों को मानसिंह तोमर ने 'विष्णुपद' नाम दिया।
2. धार्मिक विभूतियों की प्रषंसा में जो पद लिखे गए, उन्हें 'स्तुति' कहा है।
3. प्रेम की अवस्थाओं के चित्रण या वर्णन से युक्त रचनाओं को 'ध्रुवपद' कहा गया है।

* बी. एम. 76, नेहरू नगर, भोपाल (म.प्र.) भारत

इसके बाद इन कविताओं को भारतीय रागों में स्वरबद्ध किया। इन पद रचनाओं को चार चरण में विभाजित किया। तत्पत्तत् अपने दरबार के कलावंतों के साथ विशेष चर्चा कर इन पदों को स्वतंत्र रूप से गाने योग्य बनाया। इस प्रकार राजा मानसिंह ने ध्रुवपद का आविष्कार किया। राजा मानसिंह ने ध्रुवपद की शिक्षा के लिए ग्वालियर में संगीत अध्ययन संस्था (विद्यापीठ) की स्थापना की, जिसमें उनके दरबार में आश्रित संगीत नायकों को शिक्षा देने के लिये प्रेरित किया गया। ग्वालियर का यह संगीत विद्यापीठ पूर्ण भारत में प्रसिद्ध हुआ, इसके शिष्य मियाँ तानसेन भी थे। राजा मानसिंह समय-समय पर संगीतज्ञों से संगीत की जटिल समस्याओं के बारे में चर्चा करते थे एवं कई संगीत परिचर्चा भी बुलाते थे।

राजा मानसिंह ने अनेक कलावंतों को अपने दरबार में आश्रय प्रदान किया था - नायक बैजू, नायक बख्शू, नायक कर्ण, नायक मेहमूद लोहंग, नायक पाण्डवी आदि। राजा मानसिंह द्वारा अविष्कृत ध्रुवपद षैली संपूर्ण भारत में फैल गई। भारतीय संगीत (ध्रुवपद) इतना प्रभावी था कि मुग़ल षासक हुमायुँ भी इससे अछूता नहीं रहा। इस संदर्भ में हुमायूँ के कार्यकाल की एक घटना का उल्लेख है। हुमायूँ गुजरात पर विजय प्राप्त करना चाहता था। इसलिये उसने युद्ध के दौरान क़त्ले-आम का आदेश दिया। इस बीच बैजू बावरा नामक गायक एक मुग़ल सैनिक द्वारा गिरफ्तार किया गया जो उसका क़त्ल करने पर अमादा था, परंतु बैजू के विशेष आग्रह पर उस सैनिक ने मारा नहीं, हुमायूँ के सामने प्रस्तुत किया। चूँकि नायक बैजू गुजरात के सुल्तान बहादुरशाह के आश्रित कलावंत थे, इसलिये हुमायुँ के आक्रमण करने पर वे हुमायुँ के सैनिक द्वारा पकड़े गए। उस सैनिक ने नायक बैजू को बादशाह के समक्ष प्रस्तुत किया, बादशाह अत्यंत क्रोध में था। इस बीच ख़ुशहाल बेग कूर्ची, जो सुल्तान बहादुर के पास जाया करता था, बैजू को पहचानता था। उसने बादशाह से कहा कि यह कलावंत (बैजू) गवैयों का बादशाह है। बादशाह के हुक़्म पर बैजू ने अपना गायन आरंभ किया। धीरे-धीरे सुल्तान बहादुर का क्रोध शांत होने लगा। बैजू के गायन से अत्यंत प्रसन्न होकर बादशाह ने बैजू को राजकीय वस्त्र देकर कहा - 'जो मांगेगा, वह पाएगा।' बैजू ने अपने गिरफ्तार किये बंधुओं को छुड़ाने की विनती की। बैजू के गायन से हुमायूँ इतना प्रभावित हुआ कि उसका हृदय-परिवर्तन हो गया और उसने क़त्ले-आम बंद कराने का आदेश दिया। साथ ही यह आज्ञा दी कि नायक बैजू जिन लोगों को कहें, उन्हें तत्काल रिहा कर दिया जाए। बादशाह नायक बैजू को समय-समय पर पुरस्कार एवं उपहार भेंट करता रहता था। बैजू ये सभी भेंट उस सैनिक को दे देता था जिसने उसको जीवन दान दिया था।

अकबर के समय में भारतीय संगीत (ध्रुवपद-गायन) ही पूर्ण रूप से प्रभावी रहा। भारतीय राजे-महाराजे भले ही मुग़ल शासन के आधीन थे, परंतु उनके राज्यों में एक-से-एक अच्छे ध्रुवपद-गायक विद्यमान थे, जिनमें रीवा के राजा रामचंद्र के दरबारी गायक तानसेन बहुत प्रसिद्ध थे। शहंशाह अकबर ने अपने विशेष सिपहसालार जलाल ख़ाँ कूर्ची के द्वारा तानसेन को अपने दरबार में सम्मान सहित बुला लिया। शहंशाह अकबर ने इनके गायन से प्रभावित होकर इन्हें 'कंठाभरण वाणी विलास' की उपाधि से विभूषित किया। इसके साथ ही तानसेन को अपनी सभा के नवरत्नों में सम्मान दिया। अर्थात् अकबर के दरबार में विभिन्न विषयों के दक्ष विद्धानों में से उच्चकोटि के नौ विद्धानों को चुनकर, उन्हें दरबार के नवरत्न की संज्ञा दी गई। इन्हीं में तानसेन एक नवरत्न थे।

इस प्रकार विदेशी आक्रमणों एवं विदेशी संगीत (सूफ़ी संगीत) के लगातार अनेक प्रहार भारतीय संगीत पर पड़ने के बावजूद भारतीय संगीत - ध्रुवपद इतना प्रभावी सिद्ध हुआ कि उसका एक-छत्र प्रभाव 500 वर्षों तक रहा जो आज भी दिखाई दे रहा है। भारतीय संस्कृति विशेष रूप से संगीत, अपना अस्तित्व बनाये रखने में सफल रहा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

धारा 125 दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 भरण-पोषण : सामाजिक विधिक चिंता

नम्रता ताम्रकार *

शोध सारांश – 'किसी भी राज्य में मौजूद व्यक्तियो की खुशी को उस राज्य में लागू होने वाली सामाजिक, आर्थिक, और राजनीतिक नीतियों से आंका जाता है' यह सिद्धॉत बेनेथमाइट द्वारा दिया गया था। भरण-पोषण न केवल कमजोर वर्ग के लिए बल्कि संपूर्ण समाज के लिए चिंता का विषय रहा है, कमजोर वर्ग के लिए भरण-पोषण के उपलब्ध प्रावधान इसलिए एक समस्या है क्योंकि ये उत्तरजीविता के लिये ही लागू है। समाज की चिंता तब शुरू होती है जब एक व्यक्ति अपने ऊपर निर्भर व्यक्तियों का भरण-पोषण करने मे विफल हो जाता है। ऐसे व्यक्तियों का स्तर और करियर समाज द्वारा बाधित एंव तिरस्कारित हो जाता है। विवाह परिवार का आधार है और परिवार ही समाज का आधार है। विवाह का विघटित होना चाहे वह किसी भी स्तर पर हो, पति पत्नी एंव बच्चों को प्रभावित करता है और समाज के हित व विकास को भी अघात पहुॅचाता है। 'भरण-पोषण' शब्दावली का उदय विवाह के पक्षकारों और परिवार के सदस्यों के हितों को सुरक्षित रखने की दिषा में हुआ है। वास्तव में देखा जाये तो भरण-पोषण की संकल्पना गरीबी और अभाव से व्यक्ति को ऊपर उठाने के उद्देश्य से स्वीकार का गई है। धारा 125 के समान ही भरण-पोषण, सभी व्यक्तिगत विधियों मे भी प्रावधानित है।

प्रस्तावना – वास्तव में धारा 125 भुखमरी के विरूद्ध तत्काल रूप में उपचार प्रदान करने का एक साधन है। यह पक्षकारों के सिविल दायित्वों का अभिनिर्धारण नहीं करती। इसके अधीन जो आदेश पारित किया जाता है वह अस्थाई होता है और अधिकारों के संबंध में सिविल न्यायालय के निर्धारण के अधीन होता है। वस्तुत: इस धारा की प्रकृति संविधान का विरोध नहीं करती अर्थात् यह धारा संविधान द्वारा प्रदत्त मूल अधिकारों का अधिलंघन नहीं करती है। दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का अधिनियम संख्यांक 2) भारत के सभी धर्मो के, समुदायों के ऊपर समान रूप से लागू होता है। धारा 125 (1) में वर्णित परिस्थितियों में किसी व्यक्ति से यह अपेक्षा की गई है कि वह अपनी पत्नी, बच्चे एवं माता-पिता को भरण-पोषण राशि प्रदान करे। वास्तव में दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 125 का उद्देश्य निम्न है:-

1. सामाजिक समस्या का हल।
2. भुखमरी एवं आवारागर्दी का समाधान।
3. व्यक्ति को अपने विधिक एवं नैतिक कर्तव्यों को निष्पादित करने हेतु विवश करना,
4. भुखमरी की समस्या हल करने हेतु त्वरित उपचार प्रदान करना,
5. पक्षकारों को अपने दायित्वों के प्रति सजग करना।

भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973, धारा 125

धारा 125 में पत्नी, संतान और माता-पिता के भरण-पोषण के लिये आदेश देने हेतु उपबंध किया गया है। धारा 125 के अनुसार-

1. यदि पर्याप्त साधन वाला कोई व्यक्ति-

(क) अपनी पत्नी का, जो भरण-पोषण करने में असमर्थ है, या

(ख) अपनी धर्मज या अधर्मज अवयस्क संतान का चाहे विवाहित हो या न हो, जो अपना भरण-पोषण करने में असमर्थ है, या

(ग) अपनी धर्मज या अधर्मज संतान का (जो विवाहित पुत्री नहीं है), जिसने वयस्कता प्राप्त कर ली है, जहां ऐसी संतान किसी शारीरिक या मानसिक असमान्यता या क्षति के कारण अपना भरण-पोषण करने में असमर्थ है, या

(घ) अपने माता-पिता का, जो अपना भरण-पोषण करने में असमर्थ है,

भरण-पोषण करने में उपेक्षा करता है या भरण-पोषण करने से इंकार करता है तो प्रथम वर्ग मजिस्ट्रेट, ऐसी उपेक्षा या इंकार के साबित हो जाने पर, ऐसे व्यक्ति को यह निदेश दे सकता है कि वह अपनी पत्नी या ऐसी संतान, पिता या माता के भरण-पोषण के लिये ऐसी मासिक दर पर, जिसे मजिस्ट्रेट ठीक समझे, मासिक भत्ता दे और उस भत्ते का संदाय ऐसे व्यक्ति को करे जिसको संदाय करने का मजिस्ट्रेट समय-समय पर निदेश दे:

परंतु मजिस्ट्रेट खण्ड (ख) में निर्दिष्ट अवयस्क पुत्री के पिता को निदेश दे सकता है कि वह उस समय तक ऐसा भत्ता दे जब तक वह वयस्क नहीं हो जाती है, यदि मजिस्ट्रेट का समाधान हो जाता है कि ऐसी अवयस्क पुत्री के, यदि वह विवाहित हो, पति के पास पर्याप्त साधन नहीं हों।

परंतु यह और कि इस उपधारा के अधीन भरण-पोषण के लिये मासिक भत्ते से संबंधित कार्यवाही के दौरान मजिस्ट्रेट यह आदेश दे सकता है कि वह अपनी पत्नी या ऐसी संतान, पिता या माता के अंतरिम भरण-पोषण और ऐसी कार्यवाहियों के लिये खर्चे की ऐसी राशि दे जिसे मजिस्ट्रेट ठीक समझे और उस राशि का संदाय ऐसे व्यक्ति को करे जिसको संदाय करने का मजिस्ट्रेट समय-समय पर निदेश दे:

परन्तु यह और भी कि द्वितीय परन्तुक के अधीन अंतरिम भरण-पोषण के मासिक भत्ते और कार्यवाहियों के खर्चे के लिये आवेदन का निस्तारण ऐसे आवेदन के ऐसे व्यक्ति को सूचना की तामील हो जाने के 60 दिन के भीतर, यथासंभव कर दिया जायेगा।

स्पष्टीकरण-इस अध्याय के प्रयोजनों के लिये-

(क) 'अवयस्क' से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जिसके बारे में भारतीय वयस्कता अधिनियम, 1875 (1875 का 9) के उपबंधों के अधीन यह समझा जाता है कि उसने वयस्कता प्राप्त नहीं की है;

* शोधार्थी, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

(ख) 'पत्नी' के अन्तर्गत ऐसी स्त्री भी है जिसके पति ने उससे विवाह-विच्छेद कर लिया है या जिसने अपने पति से विवाह-विच्छेद कर लिया है और जिसने पुर्नविवाह नहीं किया है।

(2) भरण-पोषण के लिये या अंतरिम भरण-पोषण के लिये ऐसा भत्ता या कार्यवाहियों का खर्च आदेश की तारीख से या यदि ऐसा आदेश दिया जाता है तो भरण-पोषण और कार्यवाहियों के खर्चे के लिये आवेदन की तारीख से, संदेय होगा।

जहाँ पत्नी द्वारा भरण-पोषण की कार्यवाही की गई है वह स्थान, उसका निवास स्थान है या जहाँ उसका पति रह रहा है या जहाँ पर पति-पत्नी ने अंत में साथ में निवास किया था, जैसी भी दशा में जैसा हो, होना चाहिये।

भरण-पोषण का अर्थ- शरीर के भरण-पोषण हेतु जो कुछ ग्रहण किया जाता है उसे भरण-पोषण कहते हैं। मूलत: भरण-पोषण के अन्तर्गत भोजन भी आता है जैसा कि ऋग्वेद के एक मंत्र से ज्ञात होता है-

'माँ हवन्ते पितर वन्जन्तवोऽहं दाशुषे विभाजामि भोजनम्।'

अर्थात् इन्द्र यजमान का भोजन दाता है। अत: मनुष्य उसका उसी प्रकार आव्हान करते हैं जिस प्रकार अन्नदाता पिता का। इस ऋचा से यह स्पष्ट है कि जीवन के लिये भोजन परमावश्यक सत्य है। मात्र भोजन से भरण तो संभव है परंतु पोषण के लिये औषधी और आवरण की आवश्यकता होती है।

वेदों में औषधी को भी एक आवश्यक पोषण तत्व के रूप में स्वीकार किया गया है-

'करम्भ औषधे भव पीवो वृक्क उदारथि:। वातये पीव इदू भव'

आवरण अर्थात् वस्त्र के अभाव में शरीर का पोषण नहीं होता। शरीर की रक्षार्थ बाह्य पोषण भी उतना आवश्यक है जितना की आर्थिक पोषण। बाह्य पोषण के लिये आवास की आवश्यकता है जिससे प्राकृतिक कुप्रभावों से रक्षा होती है। इस शरीर में उदर की भॉति ही अत्यावश्यक अंग है मस्तिष्क, जिसका पोषण ज्ञानार्जन से होता है और ज्ञान का उदय व्यक्ति में गर्भावस्था में ही हो जाता है। इस प्रकार भरण-पोषण के अतर्गत भोजन, औषधी, वस्त्र, आवास एवं शिक्षा सम्मिलित है।

धारा 125 का उद्देश्य- भरण-पोषण के एक मामले में यह अभिनिर्धारित किया गया कि भरण-पोषण की कार्यवाही का उद्देश्य शीघ्र उपचार उपलब्ध कराना होता है। अत: अभिवचन एवं प्रमाण के जटिलतम प्रयोग से यह उद्देश्य बाधित एवं निरस्त नही किया जा सकेगा।**(सावित्री बाई बनाम अमृतलाल 1993(1) म.प्र.वी.नो.121म.प्र.)**

धारा 125 की प्रकृति- भरण-पोषण की कार्यवाही की प्रकृति एक अर्ध आपराधिक प्रकृति की कार्यवाही है। इस संहिता के अध्याय 9 के अंतर्गत जो उपचार उपलब्ध है वह आवश्यक रूप से सिविल प्रकृति का है। अत: 125 के अधीन मजिस्ट्रेट का आदेश अंतिम न होकर उसके विरूद्ध सिविल न्यायालय में चुनौती दी जा सकती है। धारा के प्रावधान की प्रकृति न तो आपराधिक है और न ही दीवानी, इस धारा में वर्णित उपबंध अंशत: आपराधिक तथा अंशत: दीवानी प्रकृति के हैं, तथा उपचार का स्वरूप संक्षिप्त प्रकृति का है।

धारा 125 में भरण-पोषण का प्रयोजन-

1. भरण-पोषण के उपबंध सामाजिक न्याय को लक्ष्य बनाकर निर्मित किये गये हैं। इन उपबंधों को स्त्रियों, बच्चों और माता-पिता को सुरक्षा प्रदान करने के लिये अधिनियमित किया गया है।
2. भरण-पोषण के उपबंध द्वारा किसी पुरूष को ऐसी नैतिक बाध्यता का पालन करने के लिये मजबूर किया जाता है जिसके लिये वह पत्नी व संतान की बाबत समाज का ऋणी हो।
3. भरण-पोषण के उपबंध द्वारा पत्नी, बच्चे तथा माता-पिता को भूख से मरने से बचाना होता है।
4. भरण-पोषण कानून के माध्यम से पत्नी, संतान और माता-पिता का भरण-पोषण करके समाज में आपराधिकता के प्रसार को बढ़ने से रोका जा सकता है, क्योंकि आधार व संरक्षकविहीनता की स्थिति में पत्नी असमाजिक कार्यों में जा सकती है जिसका प्रत्यक्ष प्रभाव बच्चों पर पड़ता है, इससे समाज का स्वरूप विकृत होता है और अपचार का प्रसार होता है।

भरण-पोषण का प्रयोजन दरिद्रता, भुखमरी और खानाबदोशी से याची को बचाना है। अंतरिम भरण-पोषण प्रदान करने का तात्पर्य यही है कि न्यायालय आवेदन की तिथि से भरण-पोषण प्रदान कराने के लिये बाध्य नहीं है। जब आवेदन की तिथि से भरण-पोषण प्रदान किया गया था तो न्यायालय को कारण अभिलिखित करना चाहिये। परंतु फिर भी भरण-पोषण को आवेदन दिनांक से प्रदान किया जाना उचित माना गया है।

एक वाद में संतान के भरण-पोषण के संबंध में विचार किया जाना था। इस आशय का तर्क पति की ओर से दिया गया था कि कतिपय संतानें वयस्क हो गई हैं और वयस्कता प्राप्त करने के उपरांत वह भरण-पोषण की हकदार नहीं है। उच्च न्यायालय ने अभिमत दिया कि इस अधिकार को दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 125 की कार्यवाही में हस्तक्षेपित नहीं किया जा सकता अपितु उसके लिये धारा 127 मात्र के तहत आवेदन प्रस्तुत कर विचारण न्यायालय के समक्ष उठाया जा सकता है। संतान की आयु के संबंध में दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत कोई निष्कर्ष नहीं दिया जा सकता। **(बालक राम बनाम श्रीमती दुर्गा बाई, 2007 (1) म.प्र.वी.नो. 10 म.प्र.)**

इस वाद में पति-पत्नी के मध्य करार हुआ था। करार में इस आशय का प्रावधान था कि पति ने भरण-पोषण की एकमुस्त राशि भुगतान कर दी है व पुत्री जो कि 10 माह की है उसकी देखरेख हेतु व शादी हेतु भी राशि भुगतान कर दी है और पत्नी का पति से किसी प्रकार का संबंध नहीं है। विचारणीय प्रश्न यह था कि क्या इस प्रकार के करार के आधार पर अवयस्क के हित को प्रतिकूल तौर पर प्रभावित होना कहा जा सकता है। इस संबंध में नकारात्मक मत दिया गया। अवयस्क संतान को उसके माता-पिता से भरण-पोषण का दावा करने का अधिकार माना गया। परिणामत: 400/- रू प्रतिमाह का भरण-पोषण अवयस्क संतान के पक्ष में जो पारित किया गया था उसे उचित माना गया। **(कमलसिंह बनाम सुनीता, 2007 (1) म.प्र.वी.नो. 35 म.प्र.)**

भरण-पोषण के संबंध में स्थिति को स्पष्ट करते हुए उच्चतम न्यायालय ने यह मत व्यक्त किया कि पति का पत्नी व संतानों के प्रति भरण-पोषण करने का जो दायित्व है उसे, उस दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिये कि मात्र उतना ही प्रदान किया जाये जैसा कि पशुवत जीवन जीने के लिये आशयित हो। अपितु पत्नी व संतानों को इस रीति में जीवन स्तर व्यतीत करने की हकदारिता मानी गई, जैसा कि वह पति के घर में रहा करती थी। **(भुवन मोहन बनाम मीना, ए.आई.आर. 2014 सु.कों. 2875)**

नूर सबा खातून बनाम मो. कासिम (1997) सु.को. 523 के एक महत्वपूर्ण वाद में उच्चतम न्यायालय ने अपने निर्णय में यह अभिनिर्धारित किया कि एक मुस्लिम तलाकशुदा स्त्री को अपने अवयस्क बच्चों के लिए

अपने पति से भरण–पोषण प्राप्त करने का अधिकार है जब तक कि बच्चे वयस्क न हो जायें। न्यायालय ने यह भी अभिनिर्धारित किया कि पत्नी का यह अधिकार मुस्लिम विधि के अंतर्गत तथा धारा 125 दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 के तहत भी संपूर्ण है जब बच्चे तलाकशुदा पत्नी के साथ रह रहे हैं। उच्चतम न्यायालय ने यह भी कहा कि बच्चों के लिए भरण–पोषण प्राप्त करने का यह अधिकार मुस्लिम स्त्री अधिनियम, 1986 की धारा 3 (1) (ख) जिसके अंतर्गत उसे बच्चों के लिए केवल दो वर्षों तक ही भरण–पोषण प्राप्त करने का अधिकार है, से भी न तो प्रभावित होगा और न ही नियंत्रित हो सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. फेमीज्युरिस, महिलाओं से संबंधित कानून (उत्पीड़न एवं उपचार) डॉ.ममता मिश्रा एव ंएस.के.वाधवा, प्रथम संस्करण 2015, वाधवा पब्लिशिंग कंपनी ग्वालियर।
2. मुस्लिम विधि, अकील अहमद, 2006 सेन्ट्रल लॉ ऐजेंसी, इलाहाबाद।
3. दंड प्रक्रिया संहिता, 1973, डॉ एन वी परांजपे, पंचम संस्करण, 2006, सेन्ट्रल लॉ पब्लिकेशन्स।
4. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का अधिनियम संख्यांक 2) धारा 125–128, खेत्रपाल पब्लिकेशन्स, इन्दौर।

****

मध्यप्रदेश में निवास करने वाली विशेष पिछड़ी जनजातियाँ

डॉ. मुमुक्षा जैन *

शोध सारांश – सरकार द्वारा विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास हेतू जो भी योजनाएँ लागू की गई है या बनाई जा रही है,प्रशंसात्मक है। जनजातियों को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए अथक प्रयास किए जा रहें है , अभी पूर्णरूप से कामियाबी प्राप्त नहीं हुई है। जागरूकता के अभाव के कारण आदिवासियों को जिन समस्याओं का सामना करना पड़ता है उन समस्याओं को दूर करने के लिये सरकार द्वारा सर्वप्रथम जनशिक्षा अभियान चलाना चाहिए।

मुख्यशब्द – विशेष पिछड़ी जनजातियाँ– बैगा, शरिया और सहरिया

प्रस्तावना – भारतीय संविधान के अनुच्छेद 366(25) के अनुसार जनजाति से तात्पर्य उन जनजातीय समुदायों से है जो संविधान के अनुच्छेद 342 के तहत अनुसूचित जनजातियों के रूप में माने गये है। सम्पूर्ण भारत देश में आदिवासियों का रैन बसैरा प्राय: मिल ही जाता है और इसलिये

भारत का हदयस्थल मध्यप्रदेश आदिवासी बाहुल्य प्रदेश कहलाता हैं। प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र में आदिवासी निवास करते हैं। वर्ष 1971 में भारत की कुल आदिवासी जनसंख्या का 13.57 प्रतिशत यानि 4940258 आदिवासीजन मध्यप्रदेश में निवास करता था। वर्ष 1991 की जनगणना के अनुसार प्रदेश की कुल जनसंख्या 48566242 है जिसमें से 1,53,99,034 अनुसूचित जनजाति की है और वर्ष 2001 की कुल जनसंख्या 60385118 है जिसमें से 1,22,33,474 संख्या अनुसूचित जनजाति की है। जिसमें पुरूषों की संख्या 6195240 और महिलाओं की संख्या 6038234 हैं। वर्ष 2011 की कुल जनसंख्या 72626809 है जिसमें से 15316784 संख्या अनुसूचित जनजाति की है।

	वर्ष 1991	वर्ष 2001	वर्ष 2011
भारत की कुल जनसंख्या	846302688	60348023	1210569573
भारत की कुल आदिवासी जनसंख्या	67758380	12233474	108281034
मध्यप्रदेश की कुल जनसंख्या	48566242	60385118	72626809
मध्यप्रदेश की कुल आदिवासी जनसंख्या	15399034	12233474	15316784

सेंसेंक्स ऑफ इंडिया–1 पेज 2–1992 फाइनल पोपुलेशन टोटल ब्रिफ ऐनालेसिस ऑफ प्राइमरी सेंसेंक्स एबसट्रेक्ट
सेंसेंक्स ऑफ इंडिया 2001 प्राइमरी सेंसेंक्स एबसट्रेक्ट
सेंसेंक्स ऑफ इंडिया 2011 प्राइमरी सेंसेंक्स एबसट्रेक्ट

संस्कृति विभिन्नता के कारण मध्यप्रदेश को लघु भारत भी कहते है। म.प्र. की प्रमुख जनजातियों में जनसंख्या की दृष्टि से गोंड़ एवं भील सबसे बड़ी जनजातियाँ है। तीसरे क्रम की दावेदार अनेक जनजातियाँ हैं। इनमें कई जनजातियाँ अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल है और कुछ पिछड़ी जनजाति के रूप में पहचानी जाती है।

प्रदेश की आदिवासी जनसंख्या बहुत सी उपजनजातियों में विश्क्त है, जो स्वयं अपने आप में एक जनजातिय समूह बनाती है। जनजातियों में कुछ विशेषताएँ पाई जाती है जैसे ये जनजातियाँ आज भी सभ्यता से कोसों दूर है,ये अपनी जनजातिय भाषा बोलती है, अधिकांश जनजातियाँ मासाँहारी होती है, प्राय: कृषि कर्म और वनोपज संग्रह कर, उसके विक्रय पर अपना भरण पोषण करती है, अधिकांश जनजातियाँ आज भी जंगलों में निवास करना पसंद करती है, अपनी प्राचीन लोकसंस्कृति के साथ अपनी पहचान बनाये हुये है, और कई जनजातियों ने विश्व को अमूल्य भेंट भी प्रदान की है। मध्यप्रदेश में 14.7 अनुसूचित जनजातियाँ निवास करती है।
मध्यप्रदेश में 47 जनजातियाँ पाई जाती है, जो इस प्रकार है:–

अगरिया, आन्ध, बैगा, भैना, भारिआ, भूमिया, भुईआर, भूमियां, भूमिआ, भरिया, पालिहा, पांडो , भतरा, भील, भीलाला, बरेला, पटलिया, भील, मीना, भुंजिया, बिआर बीआर, बिंझवार, बिरहुल, बिरहोर, दमोर, दामरिया , धनवार, गदाबा,गदबा, गौंड़, अरख, आरख, अगरिया, असुर, बड़ी मारिया, बड़ा मारिया, भटोला, भीमा, भुता, कोइलाभुता, कोइलाभुती,भार, विसोनहार्न, मारिया, छोटा मारिया, दंडामी मारिया, धुरू, धुरवा, धोबा, धुलिया, दोरला, गायकी, गटटा, गटटी, गैटा, गोंड गोवारी, हिल मारिया, कंडरा, कलंगा, खटोला, कोइतर, कोया, खिरवार, खिरवारा, कुचा मारिया, कुचाकी मारिया, माडिया, मारिया, माना, मन्नेवार, भोध्या, मोगिया, मोध्या, मुड़िया, मुरिया, नगारची–नागवंशी, ओझा, राज, सोन्झारी, झरेका, थाटिया, थोटया, वाडे–माडिया, वडेमाडिया, दरोई, हलवा, हलवी, कमार, कारकू, कवर, कंवर, कीर, चेरवा, राठिया, तंवर, छत्री, कौर, खैरवार, कोंदर, खरिया, कोंध, खोंड़, कांध, कोल, कोलम, कोरकू, वोपची, मवासी, निहाल, नाहुल, बौंधी, वोंडेया, कोरवा, कोडाकू, माझी, मझवार, मवासी, मीना, मुंडा, नगेसिया, नगासिय, उरांव, धानका, धगड, पनिका, पाव, परधान, पथारी, सरोती, पारधी, पारधी, बहेलिया, बहेल्लिया, चिता पारधी, लंगोली, पारधी, फांस पारधी, शिकारी, टाकनकर, टाकिया, परजा, सहारिया, सहरिया, सेहरिया, सहरिया, सोसिया, सोर, साओता, सौता,

* सहायक प्राध्यापक, लक्ष्मीनारायण कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, सावेर रोड, इन्दौर (म.प्र.) भारत

सावर, सवरा, तथा सौंर।

इस प्रकार हम यह कह सकते है कि प्रदेश में अनेकानेक जनजातियाँ निवास करती है इनमें से प्रमुख जनजातियों के बारे में अधिक जानने का प्रयास हम इस खोज के माध्यम से कर रहें हैं। मध्यप्रदेश में बैगा, भारिया और सहरिया जनजाति को उनके संरक्षण के लिए भारत सरकार द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति के रूप में मान्यता प्रदान की है। जनजातियों का स्वरूप इस प्रकार है–

बैगा – बैगाओं की उत्पत्ति संबंधी कोई प्रामाणिक ऐतिहासिक साक्ष्य उपलब्ध नहीं है, किंवदन्ती के अनुसार नागा बैगा और नागी बैगिन बैगाओं के आदि पुरूष माने जाते है। एक बेगा धारणा मे बैगा तुम्बे मे से पैदा हुये है। तुम्बे से दो आदमी निकले। पहला नागा बेगा हुआ और दूसरा गोंड। नागा बेगा टंगिया लेकर जंगल काटने चला गया और गोंड ने नागर संशल लिया । बैगा द्रविड़ वर्ग की अत्यंत पिछड़ी जनजाति है। बैगा 'बूढ़ादेव' देवता की पूजा करते है। इनका प्रवित्र वृक्ष 'साज वृक्ष' है।

बैगा मध्यप्रदेश की आदिम संस्कृति सम्पन्न जनजाति है। इसका मुख्य निवास मण्डला के बेगाचक के घने जंगलों समनापुर, बालाघाट, बिलासपुर, राजनादंगांव तथा अमरकंटक की पहाडी जंगलों में है। मण्डला में बैगाओं के अस्सी से अधिक गांव है। म.प्र. में सकल बैगाओं की जनसंख्या सन् 1991 में 3,17,549 थी जिनमे पुरूषों की संख्या 1,59,905 और महिलाओं की संख्या 1,57,644 थी । जिनमे तीन लाख से अधिक बैगा घने जंगलों के गांव मे निवास करते है। शहरों में बेगाओं के निवास का प्रतिशत बहुत कम है। जनगणना 2001 के अनुसार बैगा समुदाय की जनसंख्या 3.329 लाख थी और 2011 की रिर्पोट के मुताबिक जनसंख्या 4.145 लाख हो गई।

बैगा कृषि कार्य करते है। प्रारंभ मे बैगा बेवर खेती करते थे लेकिन आजकल बेवर खेती करना अपराध है। ये लोग जंगल के कुछ भागों को काटकर जला देते हैं, फिर राखयुक्त मिट्टी पर खेती करते है, उसे बेवर खेती कहते है।इस समय बेगा स्थायी खेती करने लगे है। कोदो, कुटकी, मड़िया, कंगना, बाजरा, रतोनी, सामा, जुवार, मक्का, कांग, सिलार, दालें राहर, उडद, दिरा, झुंझरू, बरबटी, झुगा आदि बैगाओं की प्रमुख फसल है। विभिन्न प्रकार की सब्जियाँ उगाने का भी इन्हें शोक है। वनोपज को एकत्र कर उन्हें बेचना भी बैगाओं का मुख्य कार्य है।

बैगाओं का रहन–सहन अत्यन्त साधा है। बैगा अपनी अल्प आवश्यकताओं की पूर्ति से ही सन्तुष्ट रहते है। बैगाओं की संस्कृति के अध्ययन से पता चलता है कि अपनी जीवन पद्धति, कला और साहित्य के विकास मे बेगाओं ने नैसर्गिक बुद्धिकौशल का भरपूर प्रयोग किया है। बैगा प्रकृति पुत्र है। प्रकृति के सतत् सानिध्य मे रहने से उनकी त्वचा का रंग भी गहरा होता है। स्त्री व पुरूषों की बनावट सामान्य होती है दोनों के बाल लंबे व घुंघराले होते है। पुरूष गरदन की एक ओर कौवे की पूछनुमा जूड़ा बांधते है, जो बैगा युवकों की खास पहचान होती है। समाज मे छह विवाह पद्धतियाँ प्रचलित होती है–मंगनी विवाह या चढ़ विवाह, उठवा विवाह, चोर विवाह, पेठूल विवाह, लमसेना और उधारिया विवाह। चढ़ विवाह सबसे अच्छा माना जाता है। इनके प्रमुख त्यौहारों मे गेला, हरेली, नवाखानी, दशहरा, काली चोदस, दिवाली, करमपूजा, होली आदि है। 'कर्मा नृत्य' 'बलमा नृत्य' बैगा जनजातियों का प्रसिद्ध नृत्य है।

यह जनजाति सबसे अधिक गुदना प्रिय जाति है,यह कला प्रिय भी है। इनके पारम्परिक करमा, सैला, परघोनी, बिलमा, फाग आदि नृत्य गीत है। दीवारों पर मिटटी तथा देशज रंगों से अलंकरण करना दनकी कला परम्परा का मुख्य भाग है जिन्हे ये 'नोहडोरा' कहते है। बैगा शिकार प्रिय जनजाति है। बैगाओ की वाचिका परम्परा बहुत समृद्ध है, ये जो बोली बोलते है उसे 'बैगानी' कहते है। जो छत्तीसगढ़ी बोली का विकृत अथवा अन्त:वाही रूप है।

सहरिया – शासन द्वारा सहरिया जनजाति को पिछड़ी जनजाति के रूप में रखा गया है। भीलों की उपशाखा मानी जाती है। सहरिया स्वयं को भीलों के छोटे भाई मानते है। ये कोलोरियन परिवार की जनजाति है।

इनका निवास मुख्य रूप से शिवपुरी, गुना, ग्वालियर, मुरैना, विदिशा, रायसेन, भिण्ड, सिहोर और बुन्देलखड़ में है। प्रदेश में लगी राजस्थान की सीमा वाले क्षेत्र कोटा,शाहबाद और किशनगंज में सहरिया जनजाति का पारम्परिक वास है। म.प्र. में सहरिया जनजाति की जनसंख्या सन् 1981 में 261821 थी जिनमें पुरूषों की संख्या 134065 और महिलाओं की संख्या 127756 थी, जो प्रदेश की कुल जनजातीय जनसंख्या का 2.18 प्रतिशत थी। सन् 1991 की जनगणना के अनुसार इनकी जनसंख्या 332748 थी जिनमें पुरूषों की संख्या 171100 और महिलाओं की संख्या 161648 थी, तब ग्रामीण क्षेत्र में 323285 और शहरों में 9463 के लगभग सहरिया रहने लगे थे। जनगणना 2001 सहरिया समुदाय की जनसंख्या 4.502 लाख थी और 2011 की रिर्पोट के मुताबिक सहरिया समुदाय की जनसंख्या 6.149 लाख थी ।

ये कृषि, मजदूरी और वनोपज संग्रह का कार्य करते है। अधिकांश सहरिया कृषि मजदूरी का कार्य करते है, दूसरों के खेतों में परम्परागत मान्य शर्तों के साथ काम करते करते इनकी पीढ़ीयाँ दर पीढ़ीयाँ गुजर गई है। इनके पास कृषि भूमि नही के बराबर होती है। आजकल ये लोग नये काम धन्धों में भी रूचि ले रहे है। जंगल से लकड़ी एकत्र कर बेचना, टोकनी बनाना, झाडू बनाना, रस्सी बुनना इनके परम्परागत धन्धें है। ये वनोपज का संग्रह कर बाजारों में बेचते भी है। ये मधुमख्यिों के छत्तें से शहद निकालने में दक्ष होते है। सहरिया आर्थिक स्तर पर पिछड़ी जनजाति है।

पातालकोट के भारिया – छिन्दवाड़ा जिले की तामिया तहसील में भारिया जनजाति के लोग ऐसी जगह पर रहते है जो धरती की सतह से 2000 से 3000 फीट नीचे है, जिसे पातालकोट कहते है। धरती के नीचे रहने वाली भारिया पहली जनजाति है। पातालकोट के किसी गांव मे पहुचने के लिये 1500 से 2000 फीट तक उतरना चढ़ना पड़ता है। पातालकोट प्रकृति की एक अदभुत रचना है, जहाँ सूरज देर से आता है और जल्दी डूब जाता है। पातालकोट मे 23 गांव बसे हुये है जिसमें 12 गांव आबाद है, और शेष विरान है भारिया जनजाति का अस्तित्व मुख्यत: जबलपुर, छिन्दवाड़ा और बिलासपुर में है। इन तीनों अंचलों में भारिया जनजाति की आबादी दो लाख से उपर है। सबसे अधिक भारियाजन जबलपुर और छिन्दवाड़ा में है। सन् 1981 की जनगणना मे भारिया जनसंख्या 1,95,490 थी,जो म.प्र. की जनजातीय जनसंख्या का 1.63 प्रतिशत था। म.प्र. में सकल भारिया भूमिया लोगों की जनसंख्या सन् 1991 में 2,23,284 थी जिनमें पुरूषों की संख्या 1,72,365 और महिलाओं की संख्या 1,10,919 थी । जनगणना 2001 के अनुसार भारिया समुदाय की जनसंख्या 1.524 लाख थी और 2011 की रिर्पोट के मुताबिक सहरिया समुदाय की जनसंख्या 1.932 लाख हो गई ।

भारियों का मुख्य कार्य कृषि है। प्रारम्भ में भारिया ढहिया खेती करते थे। अब हल चला कर खेती करते है। खेत–खलियानों में मजदूरी करना भरियों

की मजबूरी है, भारियों के पास जो जमीन है वो इतनी उपजाऊ और पर्याप्त नहीं है। लघु वनोपज एवं जड़ी-बूटियों का संग्रह भारियाओं का दूसरा मुख्य आर्थिक स्त्रोत है जैसे आम, जामुन, महुआ, तेंदूपत्ता आदि का संग्रह कर साप्ताहिक हाट में बेचते है।

भाषा व सहन-सहन की दृष्टि से भारिया गोंड़ जनजाति की उपशाखा मानी जाती है, लेकिन यह गोंड़ की उपशाखा नहीं है। ये गोंडों को अपना बड़ा भाई मानते है। गोंडों की विधवा से रीति के अनुसार पुर्वविवाह करने का पहला हक मानते है। यह लोग स्वभाव से मेहनती, सहिष्णु व संकोची होते है। अपने काम के प्रति बेहद ईमानदार, सच्चे और भोले होते है। यह कला परम्परा में नृत्य, गीत-संगीत के साथ चित्रकलाओं व शिल्पकलाओं में भी पारंगत होते है। इनकी वाचिका परम्परा भी अत्यधिक समृद्ध है। गीत, कथा, गाथा, पहेलियों आदि का इनके पास भण्डार है। तंत्र-मंत्र, जादूटोने, भूत-प्रेत आदि पर ज्यादा विश्वास करते है। इनकी मूल बोली भरनोटी है, जो भारिया लोग भूलते जा रहे है। कुल्हाड़ी भारियों का मुख्य हथियार हैं। शिकार इनका मुख्य शोक है। इनके मकान लकड़ी, घास-फूंस और टंट्टों के बने होते है। दोनों ओर कतारबद्ध तरीके से मकान बनाते है।

राज्य सरकार की जनजातीय क्षेत्रों के विकास के लिए अनेकानेक योजनाएँ बनाई गई है जिनमें मुख्य रूप से है -

1. राज्य सहायता
   विशेष केंद्रीय सहायता तथा अनुदान
   आदिम जनजातिय समूह के विकास की योजनाएँ
   जनजातिय अनुसंधान संस्थाएँ
2. शिक्षा सहायता
   अनुसूचित जनजाति का लडकियों और लडकों हेतू छात्रावास योजना,
   टीएसपी क्षेत्र में आश्रम विद्यालय
   लडकियों के बीच शिक्षा का संदढ़ीकरण
   अनुसूचित जनजाति के छात्रों हेतू मेट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति
   अनुसूचित जनजाति के छात्रों की प्रतिभा उन्नयन
   अनुसूचित जनजाति की लडकियों हेतू छात्रावास
   अनुसूचित जनजाति के छात्रों हेतू छात्रावास
   राजीव गांधी राष्ट्रीय अध्येता वृत्ति योजना,
   राष्ट्रीय समुद्धनपारीय छात्रवृत्ति योजना,
   विदेशों में शिक्षा प्राप्त करने हेतू छात्रवृत्ति
   बोर्ड परीक्षा फीस की प्रतिपूर्ति
   छात्र गृह योजना
3. स्वैच्छिक संगठन
   स्वैच्छिक संगठनों को सहायता अनुदान
   अनुसूचित जनजातियों के लिए कोचिंग
   जनजातिय क्षेत्रों में व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र
   प्रदेश में अनुसूचित जनजातियों के लिए संचालित योजनाओं का लाभ

विशेष पिछड़ी जनजातियों को भी प्राप्त होता है इसके अतिरिक्त निम्नलिखित विशेष योजनाएँ विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए पृथक से संचालित है -

छात्रवृत्ति - विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के कक्षा 1 से 5 तक के बालकों को भी प्रतिमाह रूपए 5 के मान से दस माह के लिए रूपए 150 की छात्रवृत्ति दी जाती है। इस योजना में प्रतिवर्ष राशि राज्य आयोजना मद से व्यय की जा रही है।

विशेष पिछड़ी जनजाति के कक्षा 1 से 12 तक के छात्रों को निशुल्क गणवेश , स्वेटर , जूते - मौजे तथा स्कुल बैग दिए जाने की योजना है। वर्ष 2012-13 में 254111 विशेष पिछड़ी जनजाति छात्रों को गणवेश वितरण कर राषि रूपये 1410.82 लाख ठ की गई।

विशेष पिछड़ी जनजाति समूह यथा बैगा, भारिया और सहरिया के छात्र छात्राओं हेतु आदर्श एकलव्य आवासिय स्कूल जबलपुर, गुना तथा इन्दौर में संचालित है।

सरकारी सेवाओं में नियुक्तियाँ - सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार विशेष पिछड़ी जनजाति के अभ्यार्थियों को सरकारी सेवा में सीधे बिना किसी चयन प्रक्रिया के नियुक्ति दी जाती है यदि उनके पास न्युनतम अर्हता है यह प्रावधान तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों के लिए लागू है।

वर्ष 2012-13 में प्रदेश के विभिन्न जिलों में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, भारिया और सहरिया के 367 बेरोजगारों को संविदा शिक्षक एवं 8 बेरोजगारों को चतुर्थ श्रेणी वर्ग में रोजगार दिया गया।

भारत सरकार के निर्देशानुसार विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास हेतू विशेष केन्द्रिय सहायता अंतर्गत कृषि,उद्यान की भूमिसमतलीकरण सिचांई , पेयजल तथा रोजगारमूलक योजनाओं की प्राथमिकताएँ तय की गई है।

11 पंचवर्षीय योजना 2007-2012 में इनके विकास हेतू संरक्षण सह - विकास योजना लागू की गई है जिसके अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ, स्वच्छ पेयजल, कृषि एवं उद्यानिकी विकास ,आवास, प्रशिक्षण एवं रोजगार तथा संस्कृति संरक्षण की योजनाऍ ली गई है।

सरकार द्धारा विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास हेतू जो भी योजनाएँ लागू की गई है या बनाई जा रही है,प्रशंसात्मक है। जनजातियों को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए अथक प्रयास किए जा रहें है, अभी पूर्णरूप से कामयाबी प्राप्त नही हुई है। जागरूकता के अभाव के कारण आदिवासियों को जिन समस्याओं का सामना करना पड़ता है उन समस्याओं को दूर करने के लिये सरकार द्धारा सर्वप्रथम जनशिक्षा अभियान चलाना चाहिए जिसके कारण आदिवासियों के मध्य बाहरी दुनिया के प्रति जो भय था वो खत्म होगा और वे उसे भी अपना हिस्सा मानेगे। सरकार द्धारा आदिवासियों के सर्वांगिण विकास के लिए ऐसे कार्यक्रम चलाना चाहिए जो उन्हें आर्थिक, सामाजिक व शैक्षणिक रूप में मजबूत कर सकें। केंद्र व राज्य सरकार द्धारा आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए बनायी गई विकास नीतियों व योजनाओं की जानकारियों के अभाव के कारण आदिवासीजन आज भी अपनी जिंदगी अभाव में जी रहें है। सरकार द्धारा बनाये जाने वाले कार्यक्रम, योजनाएँ, नीतियाँ, नियमों की जानकारी आदिवासियों को ना हो पाने के कारण वे उनका लाभ नहीं उठा पाते है। सरकार द्धारा बनायी गई नीतियाँ व योजनाएँ आदिवासियों के विकास के लिए पर्याप्त है लेकिन जानकारियों का अभाव उन योजनाओं को विफल कर देता है और ये योजनाएँ अपने वास्तविक लक्ष्य को प्राप्त नही कर पाती है, और आदिवासी जनों तक विकास की किरणें नहीं पहुचँ पाती है जिससे वे विकास की दौड़ में अन्य समाज से पीछे रह जाते है। केंद्र व राज्य सरकार द्धारा आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए बनायी गई नीतियों व योजनाओं को आदिवासियों की भाषा में उनसे आत्मीक रूप से जुडे हुये लोगों द्धारा प्रचारित करवाया जाना चाहिए ताकि उचित संवाद के माध्यम से वे लोगों को सही ढ़ग से योजनाओं के बारे में जानकारियाँ दे सकें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. संघीय प्राथमिक जनगणना सार 2011
2. पोपुलेशन प्रोफाइल 2011
3. डेमोग्राफी ऑफशेडयुल ट्राइब
4. आदिवर्त म.प्र. की प्रमुख जनजातियाँ
5. नई दुनिया-स्थानीय
6. दैनिक भास्कर-स्थानीय





****

अवन्तिका की संगीत परम्परा में, संगीत, साहित्य, ललितकला का अर्न्तसंबंध एवं प्रभाव

डॉ. कमलेश कुमार राठौर *

प्रस्तावना – वास्तविकता में देखा जाए तो संगीत, साहित्य एवं ललितकला में बहुत घनिष्ठ संबंध है, और अवन्ति प्रदेश की संगीत परम्परा में भी इन तीनों का समावेश देखने को मिलता है। संगीत और भक्ति–काव्य के समन्वय की दृष्टि से सोलहवीं शताब्दी अत्यन्त महत्वपूर्ण रही है क्योंकि इसी समय 'सूर–सागर के लेखक एवं गीत–काव्य प्रकाण्ड विद्वान महात्मा सूरदास, रामचरित–मानस के लेखक गोस्वामी तुलसीदासजी, हिन्दू–मुस्लिम एकता के प्रतीक संत कबीरदास तथा कवयित्री और भजन गायिका मीराबाई द्वारा भक्तिपूर्ण काव्य के प्रचार में संगीत कला साहित्य के साथ अपने उच्चतम शिखर पर पहुंची।'

ईसवी और सन् की दृष्टि से देखा जाए तो कबीरदास, सूरदास, तुलसीदास और मीराबाई चारों भक्तों का समय 1400 से 1600 ई.के बीच माना जाता है। इनके भजन और पद आज भी घर–घर में गाए जाते है। चारों के साहित्य का संगीत से बहुत ही घनिष्ठ संबंध है अर्थात इन कवियों ने जो भी लिख है वह संगीत मय है।

ललितकलाओं का अंत: संबंध – वास्तविक रूप से ललितकलाओं में भिन्नता स्पष्ट दिखाई देती है और है भी, परन्तु एक धरातल ऐसी भी है जिस पर पहुंचकर सभी ललित कलाएँ तात्विक दृष्टि से अंत: संबंध और समान सिद्ध होती है। अर्थात अनेक ऐसी मूर्तियां है, जिनमें काव्य के विषय को उत्कीर्ण किया गया है। इस प्रकार किसी एक कला के भाव को स्पष्ट करने के लिए अन्य कलाओं का सहारा लेना आन्तरिक संबंध का सूचक है। भारतीय कला (चित्रकला) साहित्य के अन्तर्गत 'रागमाला' चित्रों के द्वारा हमें संगीत की राग–रागनियों का चित्रात्मक दर्शन मिलता है। रागमाला के चित्रों में राग–रागनियों से संबंध वातावरण, दृष्य, विषय, रस, काल और भाव आदि का ऐसा व्यंजक–चित्र रहता है कि चित्र को देखने मात्र से ही राग अथवा रागिनी के स्वरूप, प्रकृति, रस और समय आदि का पूर्ण ज्ञान हो जाता है।

चित्रकला काव्य, मूर्तिकला और संगीत– चित्रकला के राधा कृष्ण को भारतीय साहित्य के काव्य में वर्णित राधा–कृष्ण ने प्रभावित किया है। लगभग 1450 ई. से कृष्ण काव्य के उत्कृष्ट भावों को चित्रकला में उपस्थित करने की परिपाटी ही चल पड़ी थी। प्रसिद्ध ग्रन्थ 'उमर खैयाम' का तो सारा काव्य ही चित्रमय हो गया है। इसलिये कहा जाता है कि शब्दों के रूप में संगीत है और संगीत स्वर के रूप में कविता है। आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने कहा है कि काव्य एक बहुत ही व्यापक कला है। जिस पर मूर्त विधान के लिये कविता चित्र–विधा की प्रणाली का अनुसरण करती है। भारत में काव्य, अभिनय, नृत्य और संगीत का सह–अस्तित्व देखा जा सकता है। ये कलाऐं एक दूसरे की पूरक है।

चित्रकला भी मूर्ति–कला की भांति एक दृष्य कला है और यह आंखो द्वारा ग्रहण की जाकर प्रभाव उत्पन्न करती है। अत: दोंनो का तात्विक अंत: संबंध उतना ही स्पष्ट है, जितना कि काव्य और संगीत का। संगीत की अनेक नृत्य – मुद्राओं को दक्षिण भारत के मन्दिरों में अनेक गुफाओं में उत्कीर्ण प्रतिमाओं के बीच तथा विभिन्न स्तूपों एवं धार्मिक प्रांगणो में स्पष्ट देखा जा सकता है। इससे इन दोंनो कलाओं का तात्विक अंत:संबंध भी स्पष्ट दिखाई देता है।

अवन्तिका की संगीत परम्परा में साहित्य एवं ललित कला – महाकवि कालीदास ने मेघदूत में महाकालेश्वर मन्दिर का उल्लेख करते हुए स्पष्ट लिखा है कि भूत–भावन चन्द्रमौली महाकालेश्वर के वैभवशाली मन्दिर में नृत्य संगीतमय पूजन हुआ करता था। संध्या आरती के समय 16 हजार नर्तकियाँ हाथ में चंवर लेकर महाकालेश्वर के समक्ष अपनी विनम्र नृत्यांजलि प्रस्तुत करती थी इस संगीतमय आराधना का स्वरूप परिवर्तित होता रहा। सिंधिया राजाओं के शासनकाल में भी यहां नर्तकियाँ नियुक्त होती रही। श्रावण मास में निकलने वाली सवारी के साथ भी मार्ग में नृत्यांगनाएँ नृत्य करती चलती थी।

कालीदास ने आगे मेघूदत में लिखा है –

'पादन्यासै: क्वणितरषनास्तत्र लीलावधूतै
रत्नच्छायाखचितवलिभिष्चामरै: क्लान्तहस्ता:।
वेष्यास्त्वत्तों नखपदसुखयन्प्राप्य वर्षाग्रबिन्दू
नामोक्ष्यन्ते त्वयि मधुकरश्रेणिदीर्घन्कटाक्षान्।।
पश्चादूच्चैर्भूजतरूवनं मण्डलेनाभिलीन:
सान्ध्यं तेज: प्रतिनवजपापुष्परक्तं दधान:।
नृत्तारम्भे हर पशुपतेरार्द्र नागजिनेच्छां
शान्तोद्वेग स्तिमितनयनं दृष्टभक्तिर्भवान्या।।' (मेघदूतम 39–40)

अर्थात– सन्ध्या को नाच में पैरों पर थिरकती हुई जिन वैश्याओं की करधनी के घुंघरू बड़े मीठे–मीठे बज रहे होंगे और जिनके हाथ–कंगन के नगों की चमक से दमकते हुए डण्डों वाले चंवर डुलाते–डुलाते थक गए होंगे– उन वैश्याओं के नख–क्षतों पर जब तुम्हारी ठण्डी–ठण्डी बूंदे पडेंगी तब वे बड़े प्रेम से अपनी भौरों की पांतों के समान बड़ी–बड़ी चितवन तुम पर डालेगी। सांझ की पूजा हो चुकने पर जब महाकाल ताण्डव नृत्य करने लगे, उस समय तुम सांझ की ललाई लेकर उन वृक्षों पर छा जाना जो उनकी ऊंची उठी हुई बांह के समान खड़े होंगे। ऐसा करने से शिवजी के मन में जो हाथी की

* अतिथि विद्वान (संगीत) श्री सीता राम जाजू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच (म.प्र.) भारत

खाल ओढ़ने की इच्छा होगी वह भी पूरी हो जाएगी। यह देखकर पहले तो पार्वती डर जायेगी कि यह हाथी की खाल आ कहां से गई पर फिर तुम्हें पहचान कर उनका डर दूर हो जाएगा और वे एक टक होकर शिवजी में तुम्हारी इतनी भक्ति देखती रह जायेगी।

नृत्याभिनय के आदि प्रयोक्ता नटराज शिव और जगत् जननी मां पार्वती जब नृत्य करते हैं, तब नव सृजन होता है एवं डमरू के गर्जन सभी बाह्य स्वर शांत हो जाते है। शंकर के नृत्य को ताण्डव कहा जाता है। तब सुकुमार नृत्य को लास्य कहा जाता है। अत: भगवान शंकर का ताण्डव और पार्वती का नृत्य लास्य कहलाता है। महिम्न स्तोत्र में ताण्डव के विषय में कहा गया है –

'महीपादाघाताद् ब्रजति सहसा संषयपदं
पदं विष्णोर्भ्राम्यद्भुजपरि घरूग्णग्रहगणम्।
मुहुर्द्योक्षौस्थ्यं यात्यनिभृतजटाताडिततटा
जगद्रक्षायैं त्वं नटसि ननु वामैव विभुता।। 16।।'

अर्थात– ताण्डव करते समय उनके चरण के आघात से भूमि संशय की स्थिति को प्राप्त करती है, आकाश में घूमती हुई उनकी विशाल भुजाओं से नक्षत्र–ग्रह–तारे इधर–उधर बिखर जाते है, उनकी बिखरी हुई जटाओं के प्रहार से अन्तरिक्ष स्वयं को सम्भाल नहीं पाता, फिर भी शिव इस संसार की रक्षा के लिए नृत्य करते हैं, सत्य है, प्रभुता का आचरण वाम (विपरीत) ही होता है। जब महाकाल का ताण्डव नृत्य होता है तब ब्रम्हाण्ड की स्थिति कैसी होती है इसका वर्णन **'नाट्य सर्वस्पदीपिका'** की आशीर्वादात्मक नन्दी में इस प्रकार है।

'भ्रष्यद–विश्वम्भराषा–भ्रमित–भुवनभृत्कुम्भि–कुम्भस्थलानि,
त्रुटयत्–ताराणि रिड्खदधरणिधरशिर:श्रेणी – शीर्यदाद्रवन्ति।
दिक्क्षीर्णोदन्व–तोम–द्रवमरर, चमू–चक्र–चंचद–वियन्ति,
विस्त्रंसन्त्वापदो वस्त्रिपुरविजयिनस्ताण्डवाडम्बराणि।।'[1] (1–2)

अर्थात– त्रिपुर पर विजय प्राप्त करने के पश्चात् भगवान शंकर का वह ताण्डव नृत्य आपकी विपत्तियों का नाश करे, जिस ताण्डव से पृथ्वी घूम जाने के कारण दिग्गजों के मस्तक भ्रमित हो गये हैं, तारे टूटने लगे हैं, पर्वतों के शिखर पिछलने लगे है और समूद्रों का जल आकाश तक उछल रहा है।

ऐसी ही अन्य अनेक ताण्डव संबंधी स्तुतियों में रावण–कृत ताण्डव स्तोत्र में भी महाकाल की आनन्दमयी लीलाओं को निरूपित किया गया है। ताण्डव स्तोत्र में शब्दों की रचना ऐसी है कि उसके बोल स्वत: ताल और लय पद चाप में एकाकार हो जाते है –

'जटाटवी गलज्जलप्रवाहपावित स्थले
गलेवलम्ब्य लम्बितां भुजडतुडमालिकाम्।
डमड्– डमड्– डमड् डमन्निनादवड्डमर्वयं
चकार चण्डताण्डवं तनोतु न: शिव: शिवम्।।[1]

अर्थात– जटाओं के समूहों से निकलने वाले गंगा जल के प्रवाह से पवित्र गले में मोटे सर्प की माला को धारण कर, डम–डम–डम के शब्द से युक्त डमरू को बजाते हुए भंयकर ताण्डव को करने वाले भगवान शिव हम लोगों का कल्याण करें। उक्त श्लोक में संगीत, वाद्य, ताल, लय और वेग में नृत्य और अभिनय की मुद्राएँ जैसे प्रत्यक्ष प्रस्फुरित हो रही हैं, ऐसा अनुभव होता है। अर्थात इससे ये सिद्ध होता है कि अवन्तिका की संगीत परम्परा में साहित्य एवं ललितकला का प्रभाव रहा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

कविता-शिक्षण : कतिपय अपेक्षाएँ

डॉ. उमा सैनी *

प्रस्तावना – मानव ऐसा प्राणी है जो सौन्दर्य को पसंद करता है और कविता उसके अनुभूति मय क्षणों की रसपूर्ण अभिव्यक्ति है। हमारी मंजुल, मनोरम रागात्मक, वृत्तियों को जागृत कर उनमें संशोधन, परिवर्धन व उनका संस्कृतिकरण कर सद्धृतियों को उद्धृत करती है। यह सौन्दर्यानुभूति के साथ-साथ आनन्दानुभूति व रसास्वादन करने की कला है। अत: रस व आनन्द के इस झरने को नियमों व उपनियमों, विधियों व प्रविधियों में बांध कर इसके स्वतन्त्र प्रवाह को प्रतिबन्धित करना समीचीन नहीं प्रतीत होता।

मानव हृदय अनिर्वचनीय रस व आनन्द से विभोर हो उठे, उसका रोम-रोम पुलकित होने लगे, उसका अंग-प्रत्यंग प्रफुल्लित होने लगे, कविता के निम्नात्मक रूप में खोने लगे, 'गूंगा मीठे फल का रस अन्तरगत ही भावे' की भांति आनन्द व रस की अनुभूति असीम हो तभी कविता-शिक्षण का आनन्द उसके अध्ययन में संजीवता है, भावानुभूति है, रसास्वादन है और सर्वत्र सौन्दर्यानुभूति है। जैसे कवि तुलसीदास की सम्पूर्ण सृष्टि राममय है तथा सूर की कृष्णमय उसी प्रकार कक्षा का वातावरण पूर्णतया काव्यमय बन जाए तभी कविता शिक्षण की सार्थकता सिद्ध होगी। कविता शिक्षण अपनों से प्रेम करने के समान्तर है जैसे मानव अनंत सम्बन्धों में प्रेम पूर्वक रहता है वहां कोई नियम नहीं होते, कोई निर्धारित प्रणाली नहीं होती, उसी प्रकार कविता शिक्षण भी स्वतन्त्र होता है। परन्तु कुछ नियम व सीमाऐं निर्धारित करना अत्यावश्यक है, अन्यथा स्वतन्त्रता के स्थान पर स्वच्छंदता का प्रवेश हो सकता है। कविता शिक्षण में इन नियमों व सिद्धान्तों का अनुसरण करना अपेक्षणीय है, फिर भी कविता शिक्षण के समय शिक्षक इसमें अवश्यकतानुसार संशोधन करने में सक्षम है स्वतन्त्र है कारण कि उसका उद्देश्य मानव की हृदय-कली को खिलाकर व उसकी हृदय तंत्रिका को झंकृत कर आनन्द विभोर करना है और यह कार्य एक मात्र रूखे व नीरस सिद्धान्तों के कटघरे में नहीं हो सकता।

आज शिक्षा का पाठ्यक्रम बाल केन्द्रित हो गया है शिक्षा चाहे कहानी का हो या कविता का, इनका चयन समय, समाज व स्थान के अनकूल होना चाहिए। छात्रों की व्यक्तिगत विभिन्नताओं को ध्यान में रखना अवश्यक है। शिक्ष के समय कक्षा में शिक्षण शुरू करवाने से पूर्व इसकी प्रस्तावना का बड़ा महत्व है। प्रस्तावना अनेक तरीकों से की जा सकती है परन्तु उसे रोचक होना अवश्यक है। कुछ शिक्षकों का मत है कि कविता गा कर पढ़ाई जावे। लेकिन सभी शिक्षक गीतात्मक रीति से कविता पाठ नहीं कर सकते। गीतात्मकपूर्ण कविता शिक्षण कक्षा-कक्ष में एक विचित्र सा वातावरण बना देता है। हाँ, कविता के वाचन में उचित विरामगति यति व भानुकूल आरोह-अवरोह का ध्यान तो अपेक्षणीय है ही। स्मरणीय है कि भावानुभूति एवं सौन्दर्यानुभूति हेतु 'पाठ' वांछनीय है न कि 'गायन'।

कविता स्वयं एक कला है किन्तु उसका शिक्षण एक सीमा तक विज्ञान भी है। अत: इसके शिक्षण के कुछ नियम प्रणालियों व सिद्धान्त है जिनका विभिन्न स्तर की कक्षाओं में कविता शिक्षण करवाते समय अनुपालन किया जाता है। विस्तृतज्ञान प्रभावपूर्ण व भावानुकूल अभिव्यक्ति काव्य प्रति अनुराग वाचन कौशल, सरसता आदि कविता शिक्षक के कुछ अपेक्षित गुण है। ये गुण तभी उजागर होंगे जब शिक्षक कविता शिक्षण के दौरान कविता शिक्षण की प्रमुख प्रणालियों का जानकार होगा। कविता शिक्षण की कुछ प्रमुख प्रणालियां इस प्रकार हैं :-

प्रश्नोत्तर प्रणाली – देखा जाये तो यह प्रणाली गद्य शिक्षण के लिए अधिक उपयुक्त है परन्तु ऐतिहासिक तथा वर्णनात्मक कविताओं का या किसी महाकाव्य या उसके किसी खण्ड को पढ़ाने में भी इसका प्रयोग किया जा सकता है। इसको खण्डान्वय प्रणाली भी कहते है। इसमें प्रश्नों के द्वारा शिक्षक कविता का विश्लेषण करता है और फिर खण्ड-खण्ड को जोड़कर सम्पूर्ण कविता का भाव स्पष्ट करता है छात्र इसमें ज्यादा क्रियाशील रहते हैं

गीत एवं अभिनय प्रणाली – बच्चों को बचपन से ही श्रुति मधुर संगीत प्रिय होता है। वे गीतों को कण्ठस्थ करते हैं और राग-ताल युक्त रूप से गाते हैं। प्राथमिक कक्षाओं के छोटे-बच्चों को पढ़ाने के लिए यह प्रणाली उपयुक्त है। कई गीत अभिनय प्रधान होते हैं शिक्षक को उनका पाठ भी अभिनय के साथ करना चाहिए।

अर्थ-कथन प्रणाली – कुछ शिक्षक कविता शिक्षण में इस प्रणाली का अधिकतर प्रयोग करते हैं। कठिन शब्दों के अर्थ बताकर कविता को सरल शब्दों में बना देते हैं। कई बार छात्रों की सहायता से भी अर्थ कथन करवा लेते हैं। लेकिन ज्यादातर छात्र निष्क्रिय ही रहते हैं। इस क्रिया द्वारा शिक्षक कविता का रसास्वादन व सौन्दर्यानुभूति नहीं करा पाते हैं और कविता पाठ को भी गद्य-पाठ बना देते हैं और इसका कारण भी स्पष्ट है कि सभी शिक्षक काव्य ममकाव्य प्रेमी, सहृदय व काव्य सौन्दर्य के पारखी नहीं होते। वे कम मेहनत कर सीधा, सरल मार्ग अपना लेते हैं जो कि कम मनोवैज्ञानिक है। कई शिक्षकों का मानना है कि कविता कक्षा स्तरानुकूल नहीं होती तब ऐसा करना पड़ता है। इसमें कुछ सत्य भी है परन्तु इस प्रणाली का प्रयोग बहुत सीमित ही करना चाहिए।

व्याख्या प्रणाली – यह प्रणाली कविता के भावों का स्पष्टीकरण एवं सौन्दर्यानुभूति पर बल देती है। शिक्षक कविता के आन्तरिक भावों, कवि की अनुभूतियों, विचारों और कल्पनाओं को समझाने का प्रयास करता है। इस प्रक्रिया के दौराशिक्षक एवं छात्रों के मध्य हुई अन्त:क्रिया एक मधुर संबंध स्थापित करती है। उच्च कक्षाओं मे यह प्रणाली ज्यादा उपयोगी है। व्याख्या सरल, स्पष्ट, सुबोध तथा सीमित शब्दों में हो वही अच्छी मानी

* सहायक प्रोफेसर, बुनियादी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय आईएएसई(मानित) विश्वविद्यालय, गांधी विद्या मन्दिर, सरदारशहर (राज.) भारत

जाती है। अनावश्यक शब्दोकी आवृति न हो। छात्रों की योग्यता, क्षमता एवं मानसिक स्तर के अनुकूल व्याख्या करवायी जाये। व्याख्या के बीच-बीच में प्रश्न करने से छात्र क्रियाशील रहते हैं तथा अधिक अधिगम कर सकते हैं। इसके साथ छात्र कविता का रसास्वादन करतहुए कविता की सौन्दर्यानुभूति कर सकते हैं। व्याख्या प्रणाली के अन्तर्गत ही कुछ अन्य प्रणालियों को भी शामिल किया जा सकता है जो निम्न है :-

(अ) व्यास-प्रणाली

(ब) तुलना-प्रणाली

(स) समीक्षा-प्रणाली

(अ) व्यास-प्रणाली - कथावाचक व्यासों के द्वारा अपनाई जाने के कारण इसको व्यास-प्रणाली कहते है। इस प्रणाली में व्याख्या का विस्तृत रूप सामने आता है। शिक्षक कविता की व्याख्या करते हुऐ अनेक उदाहरण, दृष्टान्त, अन्तर्कथाओं आदि का प्रयोग करता है। विस्तार के साथ, भाव शैली तथा काव्य की विशेषताओं आदि को विभिन्न प्रसंगों व अर्थो में बताया जाता है तथा कवि की विशिष्टता को सामान्यीकरण की तरफ ले जाता है। शिक्षक अपने आप में साहित्यिक विशेषता लिये हुये होना चाहिए तभी कविता के भावों को सविस्तार बताया जा सकता है। इस प्रणाली को उच्च कक्षाओं में अपनाया जा सकता है।

(ब) तुलना प्रणाली - इसमें कविता की भाषा-शैली, भाव तथा विषय की दृष्टि से तुलना की जाती है। जैसे समभाषा कवि-तुलना प्रणाली, भिन्नभाषा कवि तुलना प्रणाली एवं एक ही कवि की एक भाव वाली विभिन्न कविताओं की तुलना आदि इसमे अनेक रूप हो सकते हैं। एक श्रेष्ठ शिक्षक इन विधियों की प्रासांगिक औचित्य का ध्यान रखते हुए तथा स्तरानुकूलता को भी दृष्टि से औझल न करते हुए प्रयोग करते हैं। इस प्रणाली को स्नातक स्तर एवं स्नात्तकोतर स्तर पर प्रयोग किया जा सकता है।

(स) समीक्षा प्रणाली - प्रणाली का जैसा नाम है वैसा ही काम करती है। इसमें प्रत्येक कविता को आलोचना के सिद्धान्तों की कसौटी पर कसा जाता है। कविता के गुण-दोष की विवेचना करने में छन्द, अलंकार, बुद्धि-तत्व, रस-शैली, कल्पना तत्व सभी काव्योंगो की जांच व मूल्यांकन करने में शिक्षक विद्यार्थी का सहायक बनता है। शिक्षक छात्रों की रचनाओं का भी आलोचनात्मक ढ़ंग से मूल्यांकन कर उन्हे मार्ग दर्शन देता है। यह स्नातक एवं स्नातकोतर स्तर पर प्रयोग में ली जाने वाली कविता शिक्षण प्रणाली है।

रसास्वादन प्रणाली - इस प्रणाली में शिक्षक का उद्देश्य छात्रों को कविता का अर्थ बताना नहीं होता वरन् वह छात्रों को कविता का आनन्द लेने की क्षमता प्रदान करता है। शिक्षक कवि के परिचय, विशेष प्रसंग, प्रेरक स्थल, अतिअवश्यक व्याख्या आदि की तरफ छात्रों का ध्यान आकृष्ट करते हुए छात्रों को रसानुभूति की प्रबल प्रेरणा देता है। वह छात्रों का कवि के साथ तादातम्य स्थापित करता है। यह विधि केवल बड़ी कक्षाओं में ही संभव है।

निष्कर्ष - सामान्यत: यह कहा जा सकता है कि कविता शिक्षण एक कला है। अनेक प्रणालियां, सिद्धान्त एवं विधियां गौण रूप से उद्देश्य पूर्ति ही करती है। ये साधन है केवल साध्य नहीं। कविता शिक्षण एक ऐसी कला है जिस से रसास्वादन किया जाता है। हृदय में सौन्दर्यानुभूति के फूल खिलते हैं। इसलिए शिक्षक को कविता शिक्षण हेतु वही प्रणाली अपनानी चाहिए जो कविता शिक्षण के उद्देश्यों की पूर्ति करने में सर्वाधिक सक्षम हो। जो पाठक व श्रोता की रसास्वादन व सौन्दर्यानुभूति में सहायक हो। वह आनन्द विभोर हो उठे और समस्त कक्षा-कक्ष का वातावरण काव्यमय बन जाये। ये ही वे अपेक्षऐं हैं जो कविता शिक्षण के प्रसंग में सर्वाधिक रूप से ध्यान-योग्य है। उसके संबंध में प्रतिपादित विविध सिद्धान्त और विशेष प्रणालियां उसको बंधक में डालने के नही वरन् उसके कार्य में सुविधा उत्पन्न करने के साधन है।

अत: आशा है कि अनुभवी शिक्षक इन सभी प्रणालियों में समन्वय स्थापित कर उस प्रणाली का चयन करें जो उन्हे अधिक उपयुक्त प्रतीत हो। ध्यान इस बात का रखा जाना चाहिए कि कविता शिक्षण की कला कुण्ठित न होने पाए। उसके रसास्वादन व उसकी सौन्दर्यानुभूति में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आने पावे। कक्षा-कक्ष में सरस व मृदुल काव्यमय वातावरण सर्वत्र तथा अनवरत रूप से विद्यमान रहे। विद्यालय महाविद्यालय में ऐसा लगना चाहिए कि जैसे विज्ञान के प्रायोगिक कार्य होते हैं। उसी प्रकार हिन्दी में भी अनेक विधाओं की कक्षाओं का आभास हो, जो अक्सर दिखाई नहीं देता है।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कविता शिक्षण & www.tetsuccesskey.com
2. कविता क्या है \ https.//him.wikibooks.org
3. पद्य शिक्षण, शिक्षण विधियां & www.skyeducare.com
4. कविता शिक्षण के उद्देश्य & www.teachesofindia.org,
5. व्यास, डॉ.सुशील कुमार, 'हिन्दी शिक्षण', अल्का पब्लिकेशंस, अजमेर।

****

Growth of Digitalization of Economy in India

Dr. Poonam Singh *

Abstract - India is the powerhouse of the software industry and is in the leading position in Global Sourcing market. The whole economy can be transformmed with a digitally knowledgeable and empowered population. Our lives are fastly engulfed in digital. More of it is consumed by user with an average of 4 GB of data a month on entertainment and shopping. With the youngest population in history, India has immense potential for growth. To realize the benefit of demographic dividend and for economic growth to occur, the huge potential of the working age population should be channelized in the right direction that is the labor force should be gainfully employed. The internet could fuel jobless youth to innovate and execute. The internet user through mobile phone has increased to 23.93% in 2017 and is expected to reach 34.85% by 2022. The internet contribution to India's GDP is primarily driven by export instead of local consumption and internet contribution to GDP in India is the highest among major developing countries. A 10% increase in total internet traffic increases GDP by 3.3%. The digital economy is expected to contribute $ 550 billion -$1 trillion in GDP by 2025. In terms of app downloads India is now only second to China. Wi-Fi will connect 40 million new users to the internet in 2019 and contribute $20 billion to India's GDP to connect 1.15 lakhs Gram Panchayat under Bharat Net shows the speed with which digital infrastructure has been created. Start-ups will generate employment for more than 2.5 lakhs people in India. BPO scheme has led to creation of 2 lakhs jobs. IT BPM sector employed 3.97 million people directly and 12 million people indirectly. Thus digitalization is a boon to realize the benefits of demographic dividend in India.

Key words – Digitalization, Internet, Indian Economy, Employment Opportunities.

Introduction - Digitalization is defined as transformation of business landscape and the world of work and redefining the boundaries of production consumption and distribution which has led to the emergencee of new products, processes and techniques thereby creating new opportunities. In fact, this is the third industrial revolution which is creating new productivity platform, that is, digital economy or internet economy or internet of everything. It is expected that in the next 30 to 40 years it would generate new market growth opportunities, jobs and would become the biggest business opportunity of mankind. Focus area include agriculture, health ,water quality, natural disasters, transportation, security, automobile supply chain management, smart cities, automated metering and monitoring of utilities, waste management, oil and gas.

The whole economy can be transformed with a digitally knowledgeable and empowered population. Cost savings, increased output, better employment, enhanced productivity and literacy are some of the benefits of digitalization.Digitalisation will help in the betterment of all the process of purchasing, selling, inventory control, trade relations, employment, product innovation and development in the agriculture and industrial sector. The service sector automation will increase the ease in access to and rendering of the services and wider customer reach will boost the demand for services. The system become more transparent thereby reduces the problems of tax evasion and parallel economy. This needs the people to have basic financial knowledge and this objective can be achieved only through digitalization.

India is the powerhouse of the software industry and is in a leading position in global sourcing market. The importance of digitalization will increase manifold if it can reach the maximum people and to make this possible each and every citizen of the country should be digitally literate so that they can easily access the facilities which requires connectivity to internet. India has collaborated with various countries and businesses organizations like Google, CISCO etc. to speed up its digitalization process b y infrastructural development and increasing access to internet and transforming cities to smart city.

With the youngest population in history, India has immense potential for growth. It will be an irreversible error if the advantage is wasted because it can hurl the country into destitution. To realize the benefit of demographic dividend and for economic growth to occur, the huge potential of the working age population should be channelized in the right direction that is the labor force should be gainfully employed. This challenge represents a dual aspect that is a huge skill gap has to be bridged on the supply side and there is a need to create opportunities and skill matching on the demand side.

*Associate Professor, IPS Academy, Indore (M.P.) INDIA

Today's youth are better equipped to handle digital revolution. India's amenability to upgrade is reflected in the penetration of Smartphone Technology and rapid adoption of digital payments which will help to create opportunities for youth through skill and knowledge acquisition. The internet could fuel jobless youth to innovate and execute. The internet users through mobile phone has increased to 23.9 3% in 2017 and is expected to reach 34.8 5% by 2022 in India. Smartphone users in India were around 300 Millions in 2017 and are expected to increase t o 442 million in 2022. This has resulted an increase in M commerce in recent year.

By 2035 over 150 million people will enter the Nation's work force and we should focus on managing this demographic transition effectively if we are hoping to build on its unique advantages. Almost two third of young India lives in geographical dispersed low income rural locations, where people have few marketable skills and inadequate access to healthcare and sanitation. High speed broadband connectivity to rural and remote areas through Bharat net is the main focus of the Digital India programme.On 11th March 2018 Optical fiber cable has been laid for 2.67 lacs kilometers across 1.13 black lakhs gram panchayat.

Review Of Literature - ASSOCHAM [5] in an article entitled "Demographics,Digitalisation and Development: India's path to inclusive growth" emphasized the need to effectively manage its demographic transition and to realize the benefit of demographic dividend, India will have to include its 800 million is strong rural population in the nation's economy and savvy use of digital technologies will prove essential to this effort.

In an article entitled" Demographic Dividend will drive India's future growth"[6] Ajit Isaac on digital inclusion was of the view that in India there is over 450 million internet users with over 90% population under Aadhar. The rise in internet population by 2X will lead to 12% increase in per capita GDP.

Ms Payal Choudhari and Dr Abhishek Kumar in an article titled" Role of digitalization and e-commerce in Indian Economic growth: an Employment generation perspective" were of the view that increased internet penetrations, rapid technology adoption and high sale of technical gadgets like smart phones, tablets etc have led to an attractive online customer base and unprecedented growth of e-commerce in India. Studies show that 2.6 jobs are created by internet for every job lost for internet.

A. Srija in an article [8] "Fourth industrial revolution: Realizing India's demographic dividend" attempted to explore the avenues for future jobs given the impact of technology in the form of internet of things, robot cloud computing, nanotechnology, atomization of manufacturing etc and the measure in place to address this challenges. To enable India convert its demographic advantage into dividend the youths should be motivated to opt for vocational courses that enhance their skill set and employability.

Arvind Gupta [9] in his article "digital India is the way forward for industry 4.0" was of the view that the fourth Industrial Revolution has the potential to raise income level, improve the quality of life for the population, improve efficiency and productivity by reducing communication cost both for the Government and the citizen, open new market and drive economic growth and Rapid acceptance and adaption of Technology in the daily life will result in the net increase in safe and rewarding jobs.

Objectives - The objective of the paper is to study how digitalization is accelerating our economic growth and how it is a boon to realize demographic dividend and also employment opportunity generated by digitalization. This study is based on secondary data available from BCG and IAMAI, FICCI/ KPMG, IMF and research articles.

Components Of Internet Consumption

Private Consumption - It is the total consumption [10] of goods and services by consumer via internet or internet access including electronic equipment, E-Commerce, broadband subscriptions by individual, mobile internet market, hardware and software consumption and any smart phone consumption prorated for internet usage. Private consumption accounts for 20% of the internet's total contribution to GDP.

Private Investment - It is the investment in internet related technologies like Telecom extranet, intranet website etc. which accounts for 28% of internet's total contribution to GDP.

Public Expinditure - It accounts for 5% of total internet weight in GDP and includes internet spending by the government for consumption and investment.

Trade Balance - It is export Import of goods, services and internet equipments plus B2C and B2B e – commerce, Trade balance accounts for 47% of internets total contribution to GDP.

Higher penetration of internet has manifold impact on India's economy. Its impact revolves around two components: consumption, expenditure and supply. The usage of internet by individuals, companies and Government is the consumption and expenditure. The industries like telecommunications, hardware manufacturers, software and services that shapes the internet world is the supply side of internet impact. The above Para which exhibits the consumption and expenditure side of the internet impact shows that the trade balance is the maximum contributor to the GDP which indicates business over internet. India is the export hub for software services. In global sourcing market India has a 55% share in the US $185-190 billons.

The internet contribution to India's GDP is primarily driven by export instead of local consumption. But in other countries like South Korea private consumption contributed around 70%. India's internet contribution to GDP is the highest among major developing countries. On an average Internet contribution to GDP in the 13 countries is 3.4% with strong internet infrastructure. Sweden had 6.3% of its total GDP from the Internet and Russia had the lowest share

of 0.8% of internet in the GDP.

Contribution Of Internet To GDP

Sweden	6.3%	India	3.2%
U.K.	5.4%	France	3.1%
South Korea	4.6%	Canada	2.7%
Japan	4%	China	2.6%
U.S.	3.8%	Italy	1.7%
Germany	3.2%	Brazil	1.5%
Russia	0.8%		

Source BCG G20 report

During the year 2015-2016 the economy witnessed an increase of Rs.7 Lakhs crores in GDP of which 1.4 lakhs crores was contributed by internet based application services. Thus internet contribution to the country's GDP in 2015 – 16 was 5.6% and it is expected to grow to 16% (Rs 36 lakhs crore) by 2020 of which Rs 18 lakhs crores will be contributed by internet based apps. A 10% percent increase in total internet traffic and mobile internet traffic increases GDP by 3.3% and 1.3% respectively in India as against the global average of 1.3% and 0.7%.

Impact of internet on GDP of India in USD billion in 2013

1	E-Commerce	17
2	Advertising and classified	0.8
3	Online Content	0.3
4	Device	12
5	Connectivity	5.6
6	Private Infrastructure	22
7	Government Spending	1.4

Source- BCG & IAMAI 2015

Apps contributed a minimum of Rs 1357.6 billion in the year 2015- 16 to India's GDP but today apps are contributing 70% to the mobile traffic.

The findings of the study of IANS suggested that $ 537.4 billion to India's GDP will be contributed by the internet economy in 2020 of which $ 270.9 billion would be contributed by apps. The digital economy in expected to contribute $ 550 billion to $ 1 trillions in GDP by 2025.

Reliance's entry into the Indian telecom market on September 2016 change the basis of competition by offering free lifetime calling to its consumer in an industry that derived 75% of its revenue from voice call. India became the highest mobile data user in the world consuming over 1 billion GB of data every month. In terms of apps download India is now only second to china and data usage has soared. Such levels of digital consumption were unprecedented.

A new report [12] by global consultancy firm analysis Mason Public Wi-Fi will connect 40 millions new users to the internet in 2019 and contribute $ 20 billion to India's GDP. Around hundred million people would be willing to spend an additional $ 2-3 billion per year on handset and a similar amount on cellular mobile broadband services.

Internet contribution to GDP set to grow at 23% compared to 13% overall:-

2013-18 CAGR

Total	21%
E-com Service and financial service	19%
E-Com product	59%
Advertising and classified	25%
Online content	31%
Device	16%
Connectivity	16%
Private Infrastructures	11%
Government Spending	19%

Source: - GPF, Gartner, FICCI/KPMG, OVUM, IMF, BCG Analysis

Digitization and Employment Opportunities - Digitalization is not only contributing to empowerment but also generating employment opportunities and promoting entrepreneurship. Laying down of 274246 kilometer of optic fiber connecting 1.15 lakhs gram panchayats under BharetNet shows the speed with which digital infrastructure has been created.

Number of connected Gram Panchayats under BharetNet project:-

End of 2016 - 90966
End of 2018 - 250000

Total cost - 45000 crore (projection)

Common services centre - Common service centers have facilities to deliver government services to remote and rural areas. The unique platform of common service centre has become a robust moment for digital delivery of services ranging from banking to insurance to pension to land records to Bharat bill payments. In the FY 2017-18 the CSC carried out transaction worth Rs 19925 crores.

Indigenous low cost Technology based initiative like e-hospital; e-scholarship, soil health cards, and jeevan pramaan for pensioners, e-nam linking agricultural mandis to farmers etc. are ensuring flawless delivery of services and creating entrepreneurship.

Digital product like the cloud based digi locker and extra ordinary rise in digital payment including the great success of the Bhim app whose monthly transaction valued at Rs 24172 crores in 2018 leading to employment and entrepreneurship opportunities.

Digital payment in India estimated figure in 2027 (Morgan Stanley report 2017):-

Financial Year	Digital Payment
2004	1%
2008	2%
2012	3%
2016	5%
2027	36%

Source: - RBI, NCPI, Morgan Stanley Research Estimates

The integration of central and state governments services on one platform due to the launching of Umang app has seen noteworthy more than 50 lacs downloads since November 2017.

Training and education - In order to ameliorate urban rural connect a lot of projects are launched by the government

to empower people. There will be a need for qualified trainers to train approximately 3 lacs service delivery agents who can further run a business related to IT services. In rural areas the requirement is expected to go up to 1 crore

Healthcare - To tackle the deficit of more than 1.5 million doctors, e-health is an important essential project of digital India where people can avail online services like getting Diagnostic reports, to check the status of Blood banks, to make payment for Healthcare etc. To create online access to doctors, pharmacies, information on health problem, knowledge about insurance many digital platforms are launched.

Infrastructural growth - Infrastructure is being built to support digitalization which has resulted in burgeoning employment opportunities. To digitize all the official documents for the government freelancer unneeded which can be done by any person who has an Aadhar card number and can type on a computer and mobile device.

Digital economy jobs to double by 2024-25:-

Sectors	2016-17 (in millions)	2024-25 (in millions)
IT/ITes	4	6.5
Electronics	4.3	8.9
Telecom	4	8.8
E-Commerce	0.3	6
Cyber Security	0.5	2.5
Start-Ups	0.1	0.5
Common Service Center	1	2
IOT	0.1	0.5
Sharing Economy	1	2.3
Total	15.3	30

BPO - In order to bridge the viability gap and to make digital India a mass movement, 89 BPOs have been opened in small towns of India. This has created job opportunities for thousands of boys and girls from rural areas who work in them and some even service clients from abroad. BPO scheme has led to creation of 2 lacs jobs as it has taken business process outsourcing centers to smaller cities and towns by providing financial assistance of up to Rs 1 lacs for every sector.

IT-BPM:- According to NASSCOM, the formal IT-BPM sector stands at $ 167 billion with export reaching $ 126 billion thereby generating 6 lacs jobs and employing 3.97 million people directly and 12 million people indirectly. This sector is continuously expanding in India and added 1 lacs job in FY 2017-18 and is poised to grow at cumulative growth rate of 9% according to Randstad.

Electronic - Electronic manufacturing has grown significantly as a result of the larger Make In India vision. Mobile phone manufacturing units in the country increased from just 2 in 2014 to 120 in 2018. Annual production of mobile handset increased from 6 crore units valued at Rs 132000 crore thereby creating 1 lacs direct and 3 lacs indirect job. The manufacturings of TV and LED products have grown significantly with more than 50 units set up in the last 4 years.

E-commerce - Due to the growing of rural aspiration, the E-Commerce sector has grown strongly thereby generating employment in direct activities related to E-Commerce platforms. This growth has a positive impact on the micro, small and medium enterprises thereby creating increased employment opportunities and has a favorable cascading effect on other industries. A fast growing emerging Asian market shows optimistic projection for The E-Commerce industry. With lots of room for improvement, current active E-Commerce penetration in India stands only 28%. India's retail e-commerce CAGR is projected to reach 23% from 2016 to 2021. India is the second largest online market with over 460 million internet user.

Mobile Internet Users (No. of users in millions):-

Year	No. of users
2015	306
2016	389
2017	456
2018	478
2020	600 (projected)
2025	1 billion (estimated)

The above table indicates a significant increase in the number of internet mobile users, showing 100% increase in the number of users.

Growth in E-Governance Transaction (Average Daily Transaction in Millions):-

2013	6.3
2014	9.7
2015	18.5
2016	30
2017	35
2024-25(Projection)	80-100

Average Data Consumption (Per Month):-

Current - 4GB

By 2022 - 11 GB(projection)

Data Source – Ministry of Electronics& IT, IAMAI, Google, BCG Report, FICCI- EY Report.

Start-Ups - Under start-up India budding entrepreneurs have ample opportunities to receive information and advertise their business on a government platform and it is expected that by 2020 start ups will generate employment for more than 2.5 lac people in India. Start-ups such as Pay tm, Ola and Flipkart have enabled inclusion of most section of the society to participate in their digital product and services.

The emerging areas like AI and IOT, the growing Startup movement and low cost effective cyber security solutions are also included in the digital economy thereby employing 50 to 70 lacs people in the next 5-7 years.

Demographic dividend - A fall in total dependency ratio is seen as an indication of potential demographic dividend. India's TDR is expected to bottom at 46.2% by 2040 when it will be the second lowest among G20 Nations. A demographic dividend is a once in a lifetime event in the development process of a country which creates a huge potential for the Rapid growth of the economy. The future

is very promising because India's digital economy, large size of our market, demographic dividend and passion for technology is creating enormous demand. In order to realize the benefit of demographic dividend, the youth needs to be absorbed meaningfully into the workforce. Digitalization brings innovation, new job opportunities and growth in the economy and the importance of digitalization will increase manifold if it can reach the maximum people. Today's youth are better equipped to handle digital revolution.

The better students earlier used to line up for employment but now toppers state that they would like to venture out as a Start-up because they want to be job givers rather than job seekers. The younger generation is growing up in a new digital culture. Technology is the new intermediary. To enable transparent and fair procurement, the government has put in place a completely transparent e-Platform. Digital wallets and payments are growing exponentially and people have become very conscious about the power of biometrics

Conclusion - In the context of the rapid technological evolution taking place in all spheres of life we need to focus on industry integrated job market oriented curriculum for India to be able to convert its demographic advantage into demographic dividend.

To accelerate the growth of digital economy in India, more investments in India's e-governance app-ecosystem is needed to strengthen cyber security infrastructure and to develop a systematic approach to regulations.

References :-

1. Karamvir Sheokand, Neha Gupta-"Digital India Program and impact of digitalization on Indian Economy."
2. Mrinalini Kaul, Purvi Mathur-"Impact of Digitalization on the Indian Economy and requirement of financial literacy."
3. Chaitanya Talreja- "India's Demographic Dividend: Realities and opportunities."
4. Ananya Singh- "India's Demographic Dividend: A Double Edged Sword."
5. Assocham- "Demographics, Digitalization and Development: India's path to inclusive growth."
6. Ajit Isaac: "Demographic Dividend will drive India's Future Growth."
7. Ms Payal Choudhari and Abhishek Kumar- "Role of digitalization and E-commerce in Indian Economic Growth: An Employment Generation Perspective."
8. A.Srija "Fourth Industrial Revolution: Realizing India's Demographic Dividend."
9. Arvind Gupta-"Digital India is the way forward for industry 4.0."
10. IANS July 14, 2017
11. Public Wi-Fi to contribute $ 20 billion to India's GDP by 2019.
12. Digital India comes of age May 24, 2018.

****

निमाड़ के सन्त सिंगाजी का साहित्यिक योगदान

डॉ. मधुसूदन चौबे *

प्रस्तावना –मध्यकाल के इतिहास में भक्ति आन्दोलन का महत्वपूर्ण स्थान है। इस दौरान सन्तों ने जन–सामान्य को निराशा के अंधकार से निकालकर आशा के उजास में लाने का महनीय कार्य किया। इस साध्य की प्राप्ति में उनकी रचनाएँ उनका महत्वपूर्ण साधन बनीं। ऐसे ही सन्तों में सिंगाजी का नाम अग्रगण्य पंक्ति में सम्मिलित है। वे निमाड़ क्षेत्र में हुए और उन्होंने बहुमूल्य भजनों का सृजन किया। निमाड़ के सुप्रसिद्ध अध्येता और अनुसंधानकर्ता विद्वान डॉ. श्रीराम परिहार ने 'कहे जन सिंगा' नामक अपनी अमर कृति में सिंगाजी के व्यक्तित्व और उपलब्धियों की विद्वतापूर्ण विवेचना की है।

सिंगाजी ने भजनों के रूप में काव्य रचना की है। उनके द्वारा रचित भजनों की संख्या 800 से 1100 के मध्य बताई जाती है। काव्य रचना की दृष्टि से सिंगाजी निमाड़ी लोक साहित्य के प्रमुख कवि हैं। 'निमाड़ी लोक साहित्य के निर्माण में सन्त सिंगाजी का अपूर्व स्थान रहा है। निमाड़ में यदि सिंगाजी नहीं होते, तो निमाड़ी भाषा इतनी परिष्कृत नहीं होती। सिंगाजी की रचनाओं को देखकर लगता है कि मानो हम कबीर से मिल रहे हैं। वही फक्कड़पन, वही अनहद की नाद, वही शब्द की झंकार, वही त्रिकुटी महल, वही शून्य में नयन और वही अखण्ड ज्योति भरपूर।[1]

'सिंगाजी का कवि कबीर की भांति फक्कड़ और खरा है।'[2]

सिंगाजी के पद निमाड़ी भाषी क्षेत्रों के अलावा मध्यप्रदेश के बैतूल, छिंदवाड़ा, होशंगाबाद, मालवा एवं झाबुआ क्षेत्र में भी पाये जाते हैं।

सिंगाजी के भजनों तथा अन्य रचनाओं का दीर्घकाल तक व्यवस्थित प्रकाशन नहीं हुआ अपितु वे वाचिक परम्परा में पलती रहीं। 'निमाड़ की भजन मण्डलियों और श्रद्धालु भक्तजनों ने उनके भजनों को गाते हुये अपनी स्मृतियों में संजोये रखा। वे पीढ़ी–दर–पीढ़ी अंतरित होते रहे।'[3]

बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में सिंगाजी के साहित्य को संकलित करने और प्रकाशित करने का कार्य निमाड़ में प्रारंभ हुआ। इसका यह सद्परिणाम हुआ कि वर्तमान में सिंगाजी का अधिकांश साहित्य और उनका जीवन–दर्शन वाचिक परम्परा, निमाड़ी पाण्डुलिपियों तथा लोकोक्तियों से निकलकर विशुद्ध प्रकाशन के रूप में उपलब्ध है। इस दिशा में पद्मश्री रामनारायण उपाध्याय, श्री बाबूलाल सेन, श्री श्रीराम परिहार आदि विद्वानों का योगदान स्तुत्य है।

सिंगाजी के उपलब्ध साहित्य में निम्नांकित सम्मिलित हैं[4]–

1. साखी :– इसमें सिंगाजी द्वारा रचित दोहों का संकलन है। ये दोहे अनुभव और ब्रह्मज्ञान पर आधारित हैं। इन दोहों को भजन गाने के पूर्व गाये जाने की परम्परा है।

2. भजन :– सिंगाजी द्वारा रचित भजनों का इसमें सकलन है। भजनों के माध्यम से सिंगाजी ने अपना सन्देश दिया है। सिंगाजी निर्गुण और रहस्यवादी दृष्टि के संवाहक हैं, अत: उन्होंने अपने भजनों में देह को मन्दिर और ब्रह्म को उसमें स्थित देवता देवता के रूप में महसूस किया है। भजनों के द्वारा उन्होंने एकेश्वरवाद और ब्रह्म–जीव की अखण्डता प्रतिपादित की है। भजन सिंगाजी का अमर साहित्य है।

3. दृढ़ उपदेश :– इसमें दोहे और चौपाइयाँ हैं। दोहों की संख्या लगभग 200 है। इनमें संसार, जीव, ब्रह्म, माया आदि से संबंधित दार्शनिक तत्वों का विश्लेषण किया गया है।

4. आत्मध्यान :– इसमें योग, प्राणायाम, समाधि आदि की प्रक्रिया का उल्लेख किया गया है। साथ ही सिंगाजी ने योग सम्बंधित नाड़ियाँ, षट्चक्र, कुण्डलिनी, बंकनाल, नाभिकमल, ब्रह्मरंध्र आदि के विषय में आत्मानुभूति का विवेचन किया है।

Today India is a developing economically due this growth of its young energetic youth working abroad. Lots of money inflows through services.

Global giants estimate jobs in India's booming software service sector to grow 23% as the sector benefits from outsourcing. This show piece sector which includes high end technology consulting, back office and call center work is expected to employ soon 8,13,500 people by march 2004 the National Association of s/w and service companies said in this its annual multiplied five fold over seven years.

Experts from back office; service are seen rising 54% to dollar 3.5 billion in the year ending to march 2004. Giants like IBM crop, with an Indian head count of around 10,000 and Accentors Ltd., which is expected to double staff to their number by 2005, are expanding their activities in a big way. Call center have been hiring Youths by the thousands for the past four years.

Using high speed telecom India, based firms services including Insurance claims, processing pay roll accounting data tabulation and equity research to clients or overseas parents locate halfway round the world.

Indian software exporters such as TCS and Infosys technologies are exporting work force to mulk national companies like Bank of America Crop (BOA). Two third of US bank outsource work to developing, low cost countries such as India. In Europe HSBC, ABN, ANRO and Deutsche Bank are the major bank to shift work overseas

One of the famous global managing editor of Rater toils New York Times that "India is a place where you can get people who understand English understand financial statement, understand journalism and who are educated to a very high standard and eager to do this kind of work." BPO has set off a building boom in such cities as Bangalore, Mumbai and Delhi while spelling gloom for Asia's traditional business center of Singapore, Honkong and Tokyo. Good

*PMB Gujarati Commerce College, Indore (M.P.) INDIA

English and even a gift of learning accents have made Indians popular managing call centers serving Britain, the United States and Australia. The latest trend is for investment bank to shift parts of their research arms to India. Morgan Stanley and J.P. Morgan and Co. are planning to hire dozens of analysts in Mumbai this year.

The unbelievable is happening to India with India Youth taking away jobs from overseas. It is said as a result of outsourcing jobs cuts, skilled foreign workers from these countries are now exploring job opportunities in India. India is fast emerging as one of the most favored destination for professionals from developed countries. “until some times back it was only expatriate Indians who are shifting to places like Bangalore and Mumbai. However for the last fe months overseas worker have also started showing interest in India” said Mr. Anil Mahajan, Executive Direct of talent hunt private limited a leading Human Resources firms the country.

So it is clear that an open world trading system is generally a positive contribution to economic prosperity. It increases living standards both at home and aboard. It is observed that any Republicans Centers of USA are very of jobs outsourcing the jobs to countries like India.

The outcry over business Process outsourcing is misleading. Now the tide has changed and it is the price the affluent have to pay for globalization. Globalization is a two-way street and it now helps at least a section of the youth in India and helps India’s economic growth it should be welcomed. Today along with telecom gents many top companies of india have started making said business in BPO and are establishing themselves in perfect call centers for western countries in fulfilling the employment needs for global companies.

References:-

1. 11th five year plan, Economic time’s of India
2. Indian statistical abstract 2013 India
3. Economic survey of India
4. FICCI Business Dingiest dec.

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

कक्षा 9वी के अर्थशास्त्र अध्यापन हेतु पाठ्यपुस्तक के संशोधित अभ्यास प्रश्नों की प्रभाविता का अध्ययन

डॉ. गंगाराम वास्केल *

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध शीर्षक 'कक्षा 9वी के अर्थशास्त्र अध्यापन हेतु पाठ्यपुस्तक के संशोधित अभ्यास प्रश्नों की प्रभाविता का अध्ययन'एक प्रयोगात्मक प्रकार का शोध कार्य था, जिसमें अर्थशास्त्र के संशोधित अभ्यास प्रश्नों द्वारा दिए गए उपचार की प्रभाविता का अध्ययन विद्यार्थियों की सामाजिक आर्थिक स्तर एवं प्रतिक्रियाओं के सन्दर्भ में किया गया। प्रस्तुत शोध का प्रथम उद्देश्य था– उपचार, सामाजिक आर्थिक स्तर व इनकी अन्त:क्रिया का अर्थशास्त्र विषय में उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन। प्रस्तुत शोध का द्वितीय उद्देश्य था– अर्थशास्त्र के संशोधित अभ्यास प्रश्नों के प्रति विद्यार्थियों की प्रतिक्रियाओं का अध्ययन। प्रस्तुत शोध के लिए इंदौर में स्थित मूसाखेडी के विजय कान्वेन्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल इंदौर (छात्र 13 एवं छात्रा 15 कुल 25) तथा सेन्ट.गे. वे. मेमोरियल पब्लिक स्कूल इंदौर (छात्र 12 एवं छात्रा 10 कुल 25) दो विद्यालयों में अध्ययनरत् 50 विद्यार्थियों का उद्देश्यपरक न्यादर्श तकनीक के द्वारा चयन किया गया। ये सभी विद्यार्थी कक्षा 9वी (वर्ष 2006–2007) में अध्ययनरत थे। प्रस्तुत अध्ययन में 'संशोधित अभ्यास प्रश्नों की प्रभाविता' के प्रति प्रतिक्रियाओं के मापन हेतु शोधकर्ता द्वारा निर्मित प्रतिक्रिया–मापनी का उपयोग किया गया एवं सामाजिक आर्थिक स्तर के मापन हेतु एस.डी. कपूर एवं आर.एन. सिंग द्वारा निर्मित (SOCIO-ECONIMIC STATUS SCALE QUESTIONNAIRE) उपकण का उपयोग किया गया। प्रस्तुत शोध में प्रदत्त विश्लेषण हेतु (Two way Anova) सांख्यिकीय प्रविधियों द्वारा किया गया। शोध से अग्र निष्कर्ष प्राप्त हुआ– 1) संशोधित अभ्यास प्रश्नों का अध्ययन विद्यार्थियों के उपचार, सामाजिक आर्थिक स्तर के संदर्भ में पाठ्यपुस्तक के परंपरागत अभ्यास प्रश्नों के अध्ययन से सार्थक रूप से कोई प्रभाव नहीं पड़ता हैं। 2) 81.87 प्रतिशत विद्यार्थियों की प्रतिक्रियाएँ के पक्ष में पाई गई जबकि 9.33 प्रतिशत असहमत पक्ष में पाई गई तथा 8.8 प्रतिशत अनिश्चित पक्ष में पाई गई। 3) संशोधित अभ्यास प्रश्नों की प्रभाविता का विद्यार्थियों की प्रतिक्रियाओं के माध्यों के बीच कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया अर्थात विद्यार्थियों की प्रतिक्रियाओं के संदर्भ में संशोधित अभ्यास प्रश्नों की प्रभाविता को एक समान रूप से प्रभावी पाया गया।

प्रस्तावना – शिक्षण प्रक्रिया की सफलता प्रभावी अधिगम पर निर्भर है। प्रभावी अधिगम हेतु शिक्षण कार्य छात्रों के अधिगम के अनुरूप होना चाहिये। शिक्षण प्रक्रिया का एक साधन पाठ्यवस्तु होती है। पाठ्यपुस्तक में अभ्यास प्रश्न विद्यार्थियों के अधिगम की जाँच में सहायक होते हैं। इन अभ्यास प्रश्नों को हल करने से यह ज्ञात होता है कि विद्यार्थियों ने पाठ्यपुस्तक की विषयवस्तु को किस अंश तक अधिग्रहित किया है। अत: इन अभ्यास प्रश्नों का उचित व सही होना आवश्यक है, ताकि विद्यार्थियों के बोध व उच्च ज्ञानात्मक व क्रियात्मक स्तरों का आकलन किया जा सके। प्राय: देखा गया है कि पाठ्यपुस्तकों के अभ्यास प्रश्न इस प्रकार नहीं बनाये जाते। अभ्यास प्रश्नों के द्वारा केवल विद्यार्थियों के ज्ञान स्तर का ही परीक्षण किया जाता है, अवबोध, अनुप्रयोग, संश्लेषण, विश्लेषण एवं मूल्यांकन आदि पक्षों का नहीं। अत: आवश्यकता इस बात की है कि इन पाठ्यपुस्तकों के अभ्यास प्रश्नों को संशोधित किया जाए व इनमें विविध स्तरों के प्रश्नों का समावेश किया जाये ताकि विद्यार्थियों के द्वारा पाठ्यपुस्तक की विषय वस्तु का प्रभावी अधिगम तथा उनकी समझ स्तर की सही जाँच हो सके। प्रस्तुत शोध इसी दिशा में एक प्रयास मात्र है।

पाठ्यपुस्तक अध्यापन का महत्वपूर्ण साधन है, जिसके द्वारा अध्यापक स्वयं ज्ञानार्जन कर, विद्यार्थियों को प्रभावी अधिगम करवाता है। पाठ्यपुस्तक अध्यापक के समक्ष सम्पूर्ण पाठ्यक्रम का ढाँचा रखकर, उसे शिक्षण के उद्देश्यों से परिचित कराती है। पाठ्यपुस्तक में तार्किक एवं मनोवैज्ञानिक क्रम में उपलब्ध व व्यवस्थित सामग्री से शिक्षण व अधिगम को प्रभावशाली बनाने में बहुत सहायता मिलती है। पाठ्यपुस्तक के प्रयोग से विद्यार्थी अपने पाठ की पुनरावृत्ति कर सकते हैं तथा कक्षा कार्य व गृह कार्य कर सकते हैं। साथ ही इसके द्वारा विद्यार्थियों आत्मविश्वास, पढ़ने के प्रति उचित दृष्टिकोण व स्व–अधिगम विधि से अध्ययन का भी विकास होता है।

वर्तमान समय में पाठ्यपुस्तकों में कई दोष देखे जाते हैं – इनमें विषयवस्तु को व्यवस्थित करने का ढंग परम्परागत होता है। विषय वस्तु भी प्राय: विद्यार्थियों के बौद्धिक स्तर, उनकी रुचियों, आकांक्षाओं एवं स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप नहीं होती है, जिसका प्रभाव केवल शिक्षक की शिक्षण कला पर ही नहीं, अपितु विद्यार्थियों के प्रभावी अधिगम पर भी होता है। 1) विषय वस्तु का अरोचक प्रस्तुतीकरण, वैज्ञानिक पुट का अभाव, वैज्ञानिक तथ्यों व सिद्धांतों का सरल तथा स्पष्ट व्याख्या में असमर्थता, छात्रों की अभिरूचियों मनोवृत्तियों एवं आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर नहीं लिखी गई है, पाठ्यपुस्तक के संगठन में समन्वय के सिद्धांतों की अवहेलना, पाठ्यपुस्तक में चित्र, रेखाचित्र तथा अन्य प्रदर्शनात्मक सामग्रियों का अभाव। 2) पाठ्यपुस्तक में अद्यतनता का अभाव, पाठ्यपुस्तक के द्वारा क्षेत्रीय/स्थानीय एवं सामाजिक आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं होती है। 3) पाठ्यपुस्तक में प्रदत्त अभ्यास प्रश्न भी विद्यार्थियों के व्यवहारिक जीवन में उपयोगिता के अनुसार नहीं होते हैं। 4) पाठ्यपुस्तक और अभ्यास प्रश्न

* संविदा व्याख्याता, शिक्षा अध्ययनशाला, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

अर्थशास्त्र शिक्षण के सम्पूर्ण उद्देश्यों की प्राप्ति करने में असमर्थ होते हैं।

अभ्यास प्रश्नों का महत्व – अभ्यास प्रश्नों का महत्व निम्नलिखित बिन्दुओं से स्पष्ट होता है– 1) अभ्यास प्रश्नों के द्वारा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन होता है कि कौनसी विषय वस्तु को कितना और किस प्रकार से अध्ययन किया जाये ताकि उसका सूक्ष्मतम ज्ञान भी प्राप्त किया जा सके। 2) अभ्यास प्रश्नों के अनुसार छात्र के अध्यापन की सीमा का निर्धारण होता है। 3) अभ्यास प्रश्नों के द्वारा शिक्षक को छात्र की उपलब्धि और योग्यता स्तर का ज्ञान प्राप्त करना होता है। 4) कक्षा शिक्षण में प्रदान किये गये अनुभवों को दृढ़ करने में अभ्यास प्रश्न महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। 5) अभ्यास प्रश्न के द्वारा छात्र स्वयं अधिगम करता है। 6) अभ्यास प्रश्न स्वत: कार्य करने पर बल देते है, जिससे छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ता है और आत्म निर्भर बनते हैं। 6) अभ्यास प्रश्न स्वत: कार्य करने पर बल देते है, जिससे छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ता है और आत्म निर्भर बनते हैं।

अच्छे अभ्यास प्रश्नों की विशेषताएँ – अच्छे अभ्यास प्रश्नों में निम्नलिखित विशेषताएँ होना चाहिए–1) अभ्यास प्रश्न विषय वस्तु के अनुकूल होना चाहिए। 2) अभ्यास प्रश्न अनुप्रयोगात्मक एवं विश्लेषण स्तर के होना चाहिए। 3) अभ्यास प्रश्नों में परस्पर सामंजस्य होना चाहिए। 4) अभ्यास प्रश्न मानसिक विकास के सभी स्तरों से संबंधित होना चाहिए। 5) अभ्यास प्रश्न छात्रों की विभिन्न मूल प्रवृत्तियों को संतुष्ट करे। 6) अभ्यास प्रश्न से छात्रों में आलोचनात्मक सजगता का विकास होना चाहिए। 7) अभ्यास प्रश्न क्रिया आधारित होने चाहिए। 8) अभ्यास प्रश्न कठिनता स्तर से क्रमिक रूप में रखे जाना चाहिए। 9) विद्यार्थियों को अपनी स्वयं की योग्यताओं एवं शक्तियों के उपयोग का अवसर प्रदान करे, जिससे वह आत्म विश्वासी और स्वावलंबी बन सके। 10) विद्यार्थियों में निरीक्षण–परीक्षण, प्रयोग करने का कौशल, चित्र बनाने के कौशल आदि का विकास करें। 11) विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रेरित करे। 12) विद्यार्थियों में स्वतंत्र चिन्तन तार्किक एवं निर्णय लेने की योग्यता का विकास करें। उपयुक्त विशेषताएं रखने वाले अभ्यास प्रश्न ही छात्रों में अर्थशास्त्र अध्ययन की रूचि पैदा करते है, और इनसे अर्थशास्त्र शिक्षण के निर्धारित किये गये सम्पूर्ण उद्देश्यों की प्राप्ति होती है।

संबंधित साहित्य – पूर्व शोध कार्यों के समीक्षात्मक अध्ययन से ज्ञात होता है कि संशोधित अभ्यास प्रश्नों की प्रभाविता से संबंधित कई शोध कार्य किये गये जिनमें मलहोत्तर (1972), गुप्ता (1984), मल्होत्रा, बेदी और तुलसी (1990) द्वारा किए गए शोध कार्यों में पाया कि पाठ्यपुस्तक के अभ्यास प्रश्नों पत्र सामान्यत: निर्धारित विषयवस्तु पर पूर्णतया आधारित नही होते हैं। कैले एल.टी.ए.एल. (1962), लीली, पटेल, पारीख और पेलकर (1962), चौहान (1967), हारपर(1970), सेमीनार (1971) एवं यादव (2004) द्वारा किए गए शोध कार्यों में संशोधित अभ्यास प्रश्नों की प्रभाविता का अध्ययन विद्यार्थियों के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण से संबंध में पाठ्यपुस्तक के परम्परागत अभ्यास प्रश्नों के अध्ययन से सार्थक रूप से उच्च प्रभावी रहा है।

औचित्य – वर्तमान युग विज्ञान एवं तकनीकी का युग है। इस युग में बालक के लिए आवश्यक है, कि दुनिया की इस तेज दौड़ में प्रतिस्पर्धा कर सके। बालक के विद्यालय में प्रवेश के पश्चात् से ही आत्मनिर्भरता विषय के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण स्वनिर्णय योग्यता, स्व–अध्ययन, चिन्तन शक्ति का विकास, निरीक्षण परीक्षण कौशल, आलोचनात्मक सजगता, जिज्ञासु प्रवृत्ति एवं विषय वस्तु का गहराई एवं पूर्णता के साथ अध्ययन आदि गुणों का विकास आवश्यक है।

अर्थशास्त्र शिक्षण को प्रभावी बनाने की दिशा में कई कार्य किये गये है, जिनके मुख्य कार्य है – 'एकलव्य संस्था' द्वारा किए गये एक शोध जुलाई 1986 से 1987 के दौरान नये परिप्रेक्ष्य सामाजिक अध्ययन पढ़ाने की दृष्टि से कक्षा छ: के लिए कुछ पाठों का संकलन तैयार किया गया यह– एकलव्य संस्था की पहली प्रायोगिक पुस्तक थी। राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ने इस प्रायोगिक पुस्तक को कुछ शालाओं में लागू करने का फैसला लिया। सन् 1987 से 1988 में कक्षा सात के लिए शिक्षकों व बच्चों की प्रतिक्रिया को लेकर पाठों में संशोधन किया गया। 'एकलव्य संस्था' द्वारा अभ्यास प्रश्नों पर भी चिंता व्यक्त की गई एवं संशोधन पर बल दिया। वर्तमान में प्रचलित हाई स्कूल स्तर की अर्थशास्त्र की पाठ्य पुस्तकों में दिये गये अभ्यास प्रश्न छात्रों में उपयुक्त गुणों का विकास करने में असमर्थ है। अत: अर्थशास्त्र के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए एवं छात्रों में उपयुक्त गुणों के विकास की दृष्टि से अभ्यास प्रश्नों में संशोधन की आवश्यकता है।

वर्तमान शोध अध्ययन इसी दशा में एक प्रयास है। क्योंकि वर्तमान समय में अर्थशास्त्र की पाठ्यपुस्तकों में दिये गये अभ्यास प्रश्न केवल ज्ञानात्मक उद्देश्य की ही पूर्ति करते है, अर्थात् अर्थशास्त्र के सम्पूर्ण उद्देश्यों की प्राप्ति नहीं हो पाती है। इस हेतु शोधकर्ता द्वारा अभ्यास प्रश्नों में संशोधन कर अर्थशास्त्र शिक्षण के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया गया हैं।

शोध कार्य का उद्देश्य :

1. उपचार, सामाजिक आर्थिक स्तर व इनकी अन्त:क्रिया का अर्थशास्त्र विषय में उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन।
2. अर्थशास्त्र के संशोधित अभ्यास प्रश्नों के प्रति विद्यार्थियों की प्रतिक्रियाओं का अध्ययन।

परिकल्पना:

1. उपचार, सामाजिक आर्थिक स्तर व इनकी अन्त:क्रिया का अर्थशास्त्र विषय में उपलब्धि पर कोई सार्थक नहीं है।

न्यादर्श – शोध अध्ययन के लिए इंदौर में स्थित मूसाखेडी के दो विद्यालय लिये गये। विजय कान्वेन्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल इंदौर (छात्र 13 एवं छात्रा 15 कुल 25) तथा सेन्ट.गे. वे. मेमोरियल पब्लिक स्कूल इंदौर (छात्र 12 एवं छात्रा 10 कुल 25)। न्यादर्श का चयन (आनुशांनिक) प्रतिचयन प्रविधि के द्वारा किया गया। न्यादर्श के अंतर्गत 50 विद्यार्थियों को लिया गया हैं, जिसमें से 25 छात्र एवं 25 छात्राओं को रखा गया। सभी छात्र एवं छात्राएँ शहरी तथा मध्यम वर्गीय सामाजिक आर्थिक स्तर के थे, जो कक्षा 9वी में सत्र 2006–07 में अध्ययनरत थे तथा शिक्षण का माध्यम हिन्दी था। विद्यार्थियों की जानकारी निम्नलिखित तालिका में प्रस्तुत हैं–

क्र.	विद्यालय का नाम	लिंग		
		छात्र	छात्रा	कुल
1.	विजय कान्वेंट हा. से. स्कूल इंदौर	13	12	25
2.	सेंट.गे. वे. मेमोरिस पब्लिक स्कूल इंदौर	15	10	25

उपकरण– प्रस्तुत शोध कार्य के लिए– एस.डी. कपूर एवं आर.एन. सिंग द्वारा निर्मित (SOCIO-ECONIMIC STATUS SCALE QUESTIONNAIRE) उपकण का उपयोग किया गया था। यह उपकरण मनोवैज्ञानिक केन्द्र के द्वारा 1998 में प्रकाशित किया गया था। इस उपकण में कुल 12 प्रश्न थे। प्रत्येक प्रश्न के कई सम्भावित उत्तर दिये गये थे, इन

उत्तरों में से किसी एक उत्तर का चयन कर उसके सामने दिये हुये खाने में सही का निशान लगाना था। प्रत्येक प्रश्न के लिए कुछ वर्ग के रूप में निम्न से उच्च की तरफ Ranking की गई थी। इस उपकण में सम्भावित उच्चतम अंक 75 थे। इस उपकण की परीक्षण पुन: परीक्षण विश्वनीयता 0.89 तथा इसकी वैधता 0.92 थी। तथा संशोधित अभ्यास प्रश्नों कि प्रभाविता के प्रति विद्यार्थियों की प्रतिक्रियाओं से संबंधित जानकारी एकत्र करने हेतु शोधकर्ता द्वारा प्रतिक्रिया–मापनी का विकास किया गया था। प्रतिक्रिया–मापनी में उपचार से संबंधित कुल 15 कथनों को सम्मिलित किया गया था। प्रतिक्रिया–मापनी में प्रत्येक कथन के तीन विकल्प बिन्दु थे सहमत, असहमत तथा अनिश्चित।

प्रदत्तों का संकलन – शोधकर्ता द्वारा चयनित विद्यालय के प्राचार्यो को इस अध्ययन के बारे में जानकारी प्रदान की गई तथा शोध अध्ययन की उपयोगिता बताई गई। उनकी पूर्ण संतुष्टि होने के बाद इस शोध अध्ययन को क्रियान्वित करने के लिए अनुमति ली गई। तत्पश्चात कक्षा 9वी में अर्थशास्त्र का शिक्षण कराने वाले अध्यापकों से मिलकर आत्मीय संबंध स्थापित कर शोध के उद्देश्यों से अवगत कराया गया। उन्हे विश्वास दिलाया गया कि प्रस्तुत शोध के परिणमों को गोपनीय रखा जायेगा और केवल शोध कार्य हेतु उपयोग में लाया जायेगा। तत्पश्चात समस्त छात्र एवं छात्राओं से शोध कर्ता द्वारा सामाजिक आर्थिक स्तर मापनी तथा प्रतिक्रिया–मापनी भरवायी गयी। इस प्रकार शोध कार्य हेतु चयनित न्यादर्शों से अर्थशास्त्र अध्यापन हेतु पाठ्यपुस्तक के संशोधित अभ्यास प्रश्नों के प्रति विद्यार्थियों की प्रतिक्रियाओं एवं सामाजिक आर्थिक स्तर से संबंधित प्रदत्तों का संकलन किया गया था। इस शोध अध्ययन को पूर्ण करने में प्राचार्यो, अध्यापकों एव विद्यार्थियों के अमूल्य समय लेने के लिए शोधकर्ता द्वारा उन्हें धन्यवाद दिया गया और आभार प्रकट किया गया था।

सांख्यिकीय विश्लेषण – प्रस्तुत शोध अध्ययन से संख्यात्मक प्रदत्त प्राप्त करते प्रदत्तों का विश्लेषण सांख्यिकीय प्रविधियों द्वारा किया गया। प्रथम उद्देश्य– उपचार, सामाजिक आर्थिक स्तर व इनकी अन्त:क्रिया का अर्थशास्त्र विषय में उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन (Two Way Anova Test) द्वारा किया गया। तथा द्वितीय उद्देश्य– अर्थशास्त्र के संशोधित अभ्यास प्रश्नों के प्रति विद्यार्थियों की प्रतिक्रियाओं का मापन औसत प्रतिशत विधि द्वारा किया गया।

परिणाम एवं चर्चा–प्रदत्तों विश्लेषण से प्राप्त परिणमों को तालिका में प्रदर्षित किया गया–

Source of Variase	S.S.	db	Mean Square Mss	F
Treatment	6289.040	1	2689.040	534.696
SESS	346.420	24	14.434	1.227
Tratment SESS	123.510	10	12351	1.050
Error	164.667	14	11.762	
Total	6923.63	49		

व्याख्या

सारणी से स्पष्ट है कि उपचार के लिए f का मान 1/14 df पर 534.696 है जो कि 0.01 सार्थकता स्तर पर सार्थक है। अर्थात् उपचार, सामाजिक आर्थिक स्तर व इनकी अन्त:क्रिया का अर्थशास्त्र विषय में उपलब्धि माध्य प्राप्तांकों में कोई सार्थक अन्तर है। अत: इस स्थिति में शून्य परिकल्पना 'उपचार, सामाजिक आर्थिक स्तर व इनकी अन्त:क्रिया का अर्थशास्त्र विषय में उपलब्धि पर कोई सार्थक नहीं है।' स्वीकृत की जाती है। अत: निष्कर्ष रूप से कहा जा सकता है कि दिया गया उपचार उपलब्धि के संदर्भ में प्रभावी रहा।

सारणी से स्पष्ट है कि सामाजिक आर्थिक स्तर के लिए f का मान 24/14 df पर 1.227 है जो कि 0.05 सार्थकता स्तर पर सार्थक है। अर्थात् उपचार, सामाजिक आर्थिक स्तर का अर्थशास्त्र विषय में उपलब्धि माध्य प्राप्तांकों में कोई सार्थक अन्तर नहीं है। अत: इस स्थिति में शून्य परिकल्पना 'उपचार, सामाजिक आर्थिक स्तर व इनकी अन्त:क्रिया का अर्थशास्त्र विषय में उपलब्धि पर कोई सार्थक नहीं है।' स्वीकृत की जाती है। अत: निष्कर्ष रूप से कहा जा सकता है, उपचार, सामाजिक आर्थिक स्तर व इनकी अन्त:क्रिया का अर्थशास्त्र विषय में उपलब्धि पर कोई सार्थक प्रभाव नहीं है।

संशोधित अभ्यास प्रश्नों की प्रभाविता के प्रति विद्यार्थियों की प्रतिक्रियाएँ:–

क्र.	कथन	सहमत	असहमत	अनिश्चित
1.	अभ्यास प्रश्नों का व्यावहारिक होना	88%	0	12%
2.	अभ्यास प्रश्नों का तार्किक होना	92%	0	6%
3.	अभ्यास प्रश्नों का वस्तुनिष्ठ होना	100%	–	–
4.	अभ्यास प्रश्नों का मानसिक स्तर से संबंध होना	80%	12%	8%
5.	अभ्यास प्रश्नों को प्रतिदिन हल करवाना	100%	–	–
6.	अभ्यास प्रश्नों को विषयवस्तु को पूर्ण रूप से समाहित करना	96%	–	4%
7.	अभ्यास प्रश्नों की भाषा का सरल होना	100%	–	–
8.	अभ्यास प्रश्नों का प्रयोगात्मक होना	76%	8%	16%
9.	प्रश्न आलोचनात्मक सजगता वाले होना	72%	16%	12%
10.	प्रश्नों का जिज्ञासा युक्त होना	80%	8%	12%
11.	अभ्यास प्रश्नों की पर्याप्त संख्या होना	88%	8%	4%
12.	प्रश्नों द्वारा सम्पर्णू विषय वस्तु का प्रस्तुतीकरण करना	76%	16%	8%
13.	प्रश्नों का क्रिया आधारित होना	80%	12%	8%
14.	अभ्यास प्रश्नों की संख्या अपर्याप्त होना	52%	28%	20%
15.	अभ्यास प्रश्नों का स्तरीकरण युक्त होना	80%	4%	16%
	कुल अनुक्रियाएँ	307	34	33
	कुल प्रतिशत	81–87%	9–33%	8–8%

विवेचना :– सारणी से विदित है कि –

कथन क्रमांक 1, अभ्यास प्रश्नों का व्यावहारिक होना 88 प्रतिशत

विद्यार्थियों के लिए सहमत, 12 प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए अनिश्चित रहा। कथन क्रमांक 2, अभ्यास प्रश्नों का तार्किक होना 92 प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए सहमत, 8 प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए अनिश्चित रहा। कथन क्रमांक 3, अभ्यास प्रश्नों का वस्तुनिष्ठ होना 100 प्रतिशत सहमत रहा। कथन क्रमांक 4, अभ्यास प्रश्नों का मानसिक स्तर से संबंध होना 80 प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए सहम 12 प्रतिशत विद्यार्थियां के लिए असहमत तथा 8 प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए अनिश्चित रहा। कथन क्रमांक 5, अभ्यास प्रश्नों को प्रतिदिन हल करवाना 100 प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए सहमत रहा। कथन क्रमांक 6, अभ्यास प्रश्नों को विषयवस्तु को पूर्ण रूप से समाहित करना 96 प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए सहमत 4 प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए अनिश्चित रहा। कथन क्रमांक 7, अभ्यास प्रश्नों की भाषा का सरल होना 100 प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए सहमत रहा। कथन क्रमांक 8, अभ्यास प्रश्नों का प्रयोगात्मक होना 76 प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए सहमत, 8 प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए असहमत तथा 16 प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए अनिश्चित रहा। कथन क्रमांक 9, प्रश्न आलोचनात्मक सजगता वाले होना 72 प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए सहमत, 16 प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए असहमत तथा 12 प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए अनिश्चित रहा। कथन क्रमांक 10, प्रश्नों का जिज्ञासा युक्त होना 80 प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए सहमत 8 प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए असहमत तथा 12 प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए अनिश्चित रहा। कथन क्रमांक 11, अभ्यास प्रश्नों की पर्याप्त संख्या होना 88 प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए सहमत, 8 प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए असहमत तथा 4 प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए अनिश्चित रहा। कथन क्रमांक 12, प्रश्नों द्वारा सम्पर्णू विषय वस्तु का प्रस्तुतीकरण करना 76 प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए सहमत, 16 प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए असहमत तथा 8 प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए अनिश्चित रहा। कथन क्रमांक 13, प्रश्नों का क्रिया आधारित होना 80 प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए सहमत, 12 प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए असहमत तथा 8 प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए अनिश्चित रहा। कथन क्रमांक 14, अभ्यास प्रश्नों की संख्या अपर्याप्त होना 52 प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए सहमत, 28 प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए असहमत तथा 20 प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए अनिश्चित रहा। कथन क्रमांक 15, अभ्यास प्रश्नों का स्तरीकरण युक्त होना 80 प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए सहमत, 4 प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए असहमत तथा 16 प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए अनिश्चित रहा।

निष्कर्ष –शोध अध्ययन के निष्कर्ष निम्नलिखित हैं–

1. संशोधित अभ्यास प्रश्नों का अध्ययन विद्यार्थियों के उपचार, सामाजिक आर्थिक स्तर के संदर्भ में पाठ्यपुस्तक के परंपरागत अभ्यास प्रश्नों के अध्ययन से सार्थक रूप से कोई प्रभाव नहीं पड़ता हैं।
2. 81.87 प्रतिशत विद्यार्थियों की प्रतिक्रियाएँ संशोधित अभ्यास प्रश्नों कि प्रभाविता के सहमत पक्ष में पाई गई जबकि 9.33 प्रतिशत विद्यार्थियों के द्वारा असहमत पक्ष में पाई गई तथा 8.8 प्रतिशत विद्यार्थियों द्वारा अनिश्चित पक्ष में पाई गई ।
3. संशोधित अभ्यास प्रश्नों की प्रभाविता का विद्यार्थियों की प्रतिक्रियाओं के माध्यों के बीच कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया अर्थात विद्यार्थियों की प्रतिक्रियाओं के संदर्भ में संशोधित अभ्यास प्रश्नों की प्रभाविता को एक समान रूप से प्रभावी पाया गया।

परिणाम चर्चा

सामाजिक आर्थिक स्तर:– संशोधित अभ्यास प्रश्नों के प्रति विद्यार्थियों के सामाजिक आर्थिक स्तर पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता हैं। विद्यार्थियों को इस प्रकार अध्ययन करने से उनकी उपलब्धि पर उनकी सामाजिक आर्थिक स्तर किसी प्रकार से सहायक नहीं हुई हैं। अत: हम इस संदर्भ में कह सकते हैं कि विद्यार्थियों को उनके अधिगम के लिए सामाजिक आर्थिक स्तर का कोई औचित्य नहीं हैं।

प्रतिक्रिया:– संशोधित अभ्यास प्रश्नों के प्रति विद्यार्थियों की प्रतिक्रियाओं का अध्ययन करने पर यह कहा जा सकता हैं, कि 81.87 प्रतिशत विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिक्रियाएँ व्यक्त करते हुए कहा कि संशोधित अभ्यास प्रश्न उनकी उपलब्धि एवं वैज्ञानिक दृटिकोण के संदर्भ में सहमत हुए। इसका तात्पर्य हैं, कि संशोधित अभ्यास प्रश्न सभी स्तरों से संमंधित थे, उनमें ऐसी विषेषताएँ मौजूद जो विद्यार्थियों की उपलब्धि एवं वैज्ञानिक दृटिकोण का विकास कर सके। इनके अलावा 9.33 प्रतिशत विद्यार्थी ऐसे थे जो संशोधित अभ्यास प्रश्नों से असहमत हुए। चूंकि कक्षा के अधिकांश विद्यार्थी औसत उपलब्धि वाले होते हैं, जिनकी मानसिक क्षमता सीमित होती हैं क्योंकि कक्षा में उच्च स्तर का शिक्षण नहीं हो पाता हैं, तथा वे परंपरागत अभ्यास प्रश्नों के द्वारा ही विषयवस्तु का अध्ययन करते हैं और वे इस प्रक्रिया के आदि हो चुके होते है। अत: कोई नवाचार रूप से उनके सामने आये तो उनके अनुसार पूरी तरह नहीं ढ़ल पाते जबकि 8.8 प्रतिशत विद्यार्थी ऐसे थे जिनके लिए संशोधित अभ्यास प्रश्न के बारे में पूर्ण रूप से कोई नियश्चित नहीं कर पाए अर्थात अनिश्चित थे। क्योंकि ये विद्यार्थी ऐसे थे जिनकी कक्षा में निम्न उपलब्धि रहती हैं और इस प्रकार का संशोधन उनकी समझ में नहीं आता हैं और पूरी तरह से लाभ नहीं उठा पाते हैं। परंतु फिर भी 81.87 प्रतिशत विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिक्रियाएँ संशोधित अभ्यास प्रश्नों के पक्ष में दी हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. सिंह, एच. एवं सिंह आर.पी. : अर्थशास्त्र शिक्षण लक्ष्मीनारायण अग्रवाल आगरा, प्रथम 197
2. पाठक, के.के. : अर्थशास्त्र प्रश्नकोष पर आधारित परीक्षण एवं अध्ययन एम. एड. लघु शोध देवी. अ.वि.वि., इंदौर, 1984
3. गुप्ता, एस. : गृह विज्ञान समूह के सैद्धांतिक प्रश्न पत्रों का विश्लेषण अध्ययन एम. एड. लघु शोध देवी. अ.वि.वि.ए इंदौर, 1984
4. शर्मा, आर. ए.: शिक्षा तकनीकी इन्टरनेशनल पब्लिशिंग हाउस मेरठ, 1994
5. त्यागी, जी.डी. : अर्थशास्त्र शिक्षण विनोद पुस्तक मंदिर आगरा, 1998
6. श्री वास्तव,ए : खातेगाँव स्थित शासकीय प्रादमिक शाला के परम्परागत शैक्षिक एवं सामुदायिक दृष्टिकोणों के आधार पर तुलना एवं नवाचारों पर मतों अध्ययन अप्रकाशित एम.एड. लघुशोध दे. अ.वि.वि. इंदौर 2002
7. यादव, के. के. : कक्षा 9 स्तर पर जीव विज्ञज्ञन शिक्षण हेतु पाठ्यपुस्तक के संशोधित अभ्यास प्रश्नों का उपलब्धि एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण के संदर्भ में प्रभाविता का अध्ययन एम.उड. लघु शोध देवी. अ. वि.वि., इंदौर, 2004

****

बागपत जनपद के माध्यमिक विद्यालयो मे कार्यरत शिक्षकों की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता का अध्ययन

डॉ. सतीशपाल सिंह *

प्रस्तावना – किसी भी राष्ट्र के विकास व समृद्धि को जानना है तो शिक्षा के आधार पर जाना जा सकता है क्योंकि शिक्षा समाज में नैतिक, सामाजिक सांस्कृतिक और राजनैतिक विकास में सहायक होती है तथा नागरिक को वह आधार प्रदान करती है जिसके आधार पर अपने जीवन के लक्ष्य को या सपनों के महल को तैयार कर सकता है अर्थात शिक्षा सर्वागीण विकास करती है शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिससे देश प्रगति कर सकता है। इसलिए प्रत्येक बालक को शिक्षा की अच्छी व्यवस्था हो ताकि आने वाली पीढी समाज को नई दिशा प्रदान कर सके। शिक्षा व्यवस्था का आधार बालक अध्यापक और पाठ्यचर्या एवं विषयवस्तु है। बालक या विद्यार्थी देश के विकास हेतु बीज है जिनमें फलों से भरे वृक्ष बनने की सम्भावनाएं छिपी है इन बीजों की देखभाल और पोषण की व्यवस्था इस प्रकार की हो कि देश का और समाज साथ ही राष्ट्र का भविष्य उज्वत हो सके। इस भविष्य गामी महत्वपूर्ण कार्य को पूर्ण करने की जिम्मेदारी शिक्षा के द्वारा ही सम्पन्न हो सकती है।

इसी महत्व को स्वीकारते हुए भारत सरकार द्वारा हर व्यक्ति को साक्षर ही नही अपितु उच्च शिक्षा देकर स्वावलम्बी बनाना चाहती है इसीलिए सरकार की ओर से ऐसा कानून लागू किया गया जिससे हर बच्चा कानूनन शिक्षा प्राप्त करने का अधिकारी हो गया है। इससे हर राज्य की सरकारे अब हर बच्चे को शिक्षित करने के लिए विवश होगी। अर्थात शिक्षा के नाम पर किसी प्रकार की कोई कोताही नही होगी। 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के लक्ष्य हेतु 1 अप्रैल 2010 से जम्मू कश्मीर को छोडकर सम्पूर्ण देश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम कानून को शत प्रतिशत लागू कर दिया।

शिक्षा अधिकार अधिनियम का सम्बन्ध बालक अभिभावक अध्यापक एवं प्रबन्ध समिति से है। इस अधिनियम का क्रियान्वयन शासन तथा शासन से जुडे लोग में मुख्यत अध्यापक वर्ग तथा समाज के प्रत्येक वर्ग के बालक बालिका से सम्बन्धित है इसलिए में शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता एवं अभिवृत्ति पर कोई शोध अध्ययन हुए है। वे निम्नानुसार है–

शर्मा एवं अन्य (2012) ने बी0एड0 प्रशिक्षणार्थियों एवं कार्यरत शिक्षकों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम की जागरूकता का अध्ययन किया अध्ययन का उद्देश्य बी0एड0 प्रशिक्षणार्थियों एवं कार्यरत शिक्षकों में शिक्षा अधिकार अधिनियम के सम्बन्ध में जागरूकता एवं दृष्टिकोण का अध्ययन करना था। न्यादर्श रूप में जबलपुर शहर के बी0एड0 कालेज के 50 पुरूष एवं 50 महिला प्रशिक्षणार्थियों को लिया साथ ही शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के 50 पुरूष एवं 50 महिला अध्यापकों को लिया गया निष्कर्ष रूप में पाया कि बी0एड0 पुरूष एवं शासकीय अशासकीय विद्यालय के पुरूष शिक्षकों की शिक्षा अधिकार अधिनियम की जागरूकता में सार्थक अंतर है। जबकि बी0एड0 महिला एवं शा0 अशासकीय महिला अध्यापिकाओं की शिक्षा अधिकार के प्रति जागरूकता में सार्थक अंतर नही है। पुरूष बी0एड0 एवं शासकीय/अशासकीय पुरूष अध्यापकों के शिक्षा अधिकार के प्रति दृष्टिकोण में कोई सार्थक नही अंतर है इसी प्रकार दोनों समूहों महिला बी0एड0 एवं शासकीय/आासकीय महिला अध्यापिकाओं के शिक्षा अधिकार अधिनियम के प्रति दृष्टिकोण में कोई अन्तर नही है।

वर्मा (2014) ने शिक्षा अधिकार अधिनियम के प्रति अल्पसंख्यक एवं बहुसंख्यक अभिभावकों की अभिवृत्ति का अध्ययन किया अध्ययन का उद्देश्य अग्रलिखित है।

1. अल्पसंख्यक एवं बहुसंख्यक अभिभावकों की अभिवृत्ति का अध्ययन करना।
2. अल्पसंख्यक पुरूष एवं महिला अभिभावकों की अभिवृत्ति का अध्ययन करना।
3. बहुसंख्यक पुरूष एवं महिला अभिभावकों की अभिवृत्ति का अध्ययन करना।

निष्कर्ष रूप में पाया कि– अल्पसंख्यक एवं बहुसंख्यक अभिभावकों की अभिवृत्ति में सार्थक अंतर है। इसी प्रकार द्वितीय एवं तृतीय उद्देश्य में भी पाया कि सार्थक अन्तर है। अर्थात शिक्षा अधिकार अधिनियम के प्रति अल्प संख्यक एवं बहु संख्यक वर्ग के लोगों में समानता नही है।

भारद्वाज (2011) ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम विभिन्न वर्गो की जागरूकता का विश्लेषणात्मक अध्ययन किया। अध्ययन का उद्देश्य शिक्षक वर्ग एवं अभिभावक वर्ग की शिक्षा के अधिकार अधिनियम के प्रति जागरूकता का तुलनात्मक अध्ययन करना था। अध्ययन में निष्कर्ष रूप में पाया कि शिक्षक वर्ग और अभिभावक वर्ग की शिक्षा अधिकार अधिनियम के प्रति जागरूकता में कोई सार्थक अन्तर नही होता हैं अर्थात दोनों वर्ग शिक्षा अधिकार अधिनियम के प्रति सकारात्मक जानकारी रखते है। अध्ययन के परिणामों के आधार पर यह भी निष्कर्ष निकलता है। कि शिक्षण वर्ग और व्यवसायिक वर्ग शिक्षक वर्ग एवं बौद्धिक वर्ग और शिक्षक वर्ग एवं छात्र वर्ग की शिक्षा के अधिकार अधिनियम के प्रति जागरूकता में भी कोई सार्थक अन्तर नही है। इसी प्रकार अभिभावक वर्ग और व्यावसायिक वर्ग, अभिभावक वर्ग और बौद्धिक वर्ग तथा अभिभावक वर्ग और छात्र वर्ग की शिक्षा अधिकार अधिनियम के प्रति जागरूकता में भी कोई सार्थक अन्तर

* एसोसिएट प्रोफेसर, अध्यापक प्रशिक्षण विभाग दिगम्बर जैन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बडौत (बागपत) (उ.प्र.) भारत

नही पाया गया है।

मलिक, एवं अन्य (2013) ने शिक्षकों की शिक्षा के अधिकार अधिनियम के प्रति जागरूकता का अध्ययन विषय पर अपना शोध कार्य किया। शोध का प्रमुख उद्देश्य प्रायवेट एवं शहरी शिक्षकों की शिक्षा के अधिकार अधिनियम के प्रति जागरूकता का अध्ययन करना था। अध्ययन में निष्कर्ष रूप में पाया कि शहरी क्षेत्र के पुरूष एवं महिला शिक्षकों की शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रति जागरूकता में कोई सार्थक अन्तर नही है। अध्ययन में यह भी पाया कि प्रायवेट क्षेत्र के पुरूष एवं महिला शिक्षकों की शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रति जागरूकता में भी कोई सार्थक अन्तर नही होता है।

घोटे प्रशांत एवं अन्य (2013) ने शिक्षा अधिकार अधिनियम की मध्य भारत के शिक्षकों की जागरूकता पर अध्ययन किया जिसमें 35 से कम एवं अधिक आयु के शिक्षक एवं एकांकी एवं संयुक्त परिवार तथा अखबार पढने की आदत रोजाना एवं कभी-कभी इन शिक्षकों के तुलनात्मक अध्ययन में सार्थक अन्तर पाया साथ ही साथ शैक्षिक योग्यता एम0ए0/ एम0एस0सी0 एवं व्यावसायिक योग्यता डिप्लोमा/बी0एड0 किए अध्यापकों के समूह में कोई अंतर नही पाया गया। इसी अध्ययन में लिंग महिला पुरूष, वैवाहिक स्थिति, प्रायवेट अनुदानित स्टेट एवं सी0बी0एस0ई0 बोर्ड सरकारी एवं प्रायवेट स्कूल हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम पर कोई सार्थक अन्तर नही पाया गया।

शिन्दे (2014) ने अध्यापक एवं अभिभावकों की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता का अध्ययन किया अध्ययन में पाया कि अध्यापक एवं अभिभावकों की जागरूकता में कोई सार्क अन्तर नही पाया गया इस आधार पर कह सकते है कि अध्यापकों के समान ही अभिभावकों में भी शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता पायी गयी।

कुमार ज्ञानेन्द्र (2018) बुलन्दशहर जनपद के प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के क्रियान्वयन के संदर्भ में छात्र-शिक्षक अनुपात, शिक्षक उपस्थिति एवं छात्र उपस्थिति का एक समीक्षात्मक अधन किया अध्ययन मे पाया कि निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि शिक्षा अधिकार अधिनियम के प्रावधानों का पूर्ण रूप से क्रियान्वयन नहीं हुआ है। इस अधिनियम को समुचित ढंग से क्रियान्वयन एवं सार्वभौम प्राथमिक शिक्षा के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सरकार, अधिकारियों, शिक्षकों एवं जनसाधारण सभी को मिलकर प्रयास करना होगा।

निष्कर्ष रूप में कह सकते है कि शिक्षा के अधिकार के प्रति बी0एड0 प्रशिक्षणार्थियों अल्पसंख्यक एवं बहुसंख्यक वर्ग की अभिवृत्ति अलग-अलग वर्ग शिक्षक एवं अभिभावकों की जागरूकता पर अध्ययन हुए है। प्रायवेट एवं अनुदानित क्षेत्र के शिक्षकों की जागरूकता पर अध्ययन नही हुआ इसलिए प्रस्तुत शोध की आवश्यकता प्रतिपादित होती है।

समस्या कथन -बागपत जनपद के माध्यमिक विद्यालयो मे कार्यरत शिक्षकों की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता का अध्ययन।

अध्ययन के उद्देश्य:

1. प्रायवेट एवं अनुदानित विद्यालयो मे कार्यरत शिक्षकों की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता का अध्ययन करना।
2. प्रायवेट विद्यालयो मे कार्यरत पुरूष शिक्षकों एवं अनुदानित शिक्षकों की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता का अध्ययन करना।
3. प्रायवेट विद्यालयो मे कार्यरत महिला शिक्षिकाओं एवं अनुदानित महिला शिक्षिकाओं की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता का अध्ययन करना।
4. प्रायवेट विद्यालयो मे कार्यरत पुरूष शिक्षकों एवं अनुदानित महिला शिक्षिकाओं की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता का अध्ययन करना।
5. अनुदानित विद्यालयो मे कार्यरत महिला शिक्षिका एवं अनुदानित पुरूष शिक्षकों की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता का अध्ययन करना।

परिकल्पना:

1. प्रायवेट एवं अनुदानित विद्यालयो मे कार्यरत शिक्षकों की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता में सार्थक अन्तर नही है।
2. प्रायवेट पुरूष अध्यापक एवं अनुदानित विद्यालयो मे कार्यरत शिक्षकों की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता में सार्थक अन्तर नही है।
3. प्रायवेट महिला शिक्षिकाओं एवं अनुदानित विद्यालयो मे कार्यरत महिला शिक्षिकाओं की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता में सार्थक अन्तर नही है।
4. प्रायवेट पुरूष शिक्षक एवं अनुदानित विद्यालयो मे कार्यरत महिला शिक्षिकाओं की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता में सार्थक अन्तर नही है।
5. अनुदानित महिला शिक्षिका एवं अनुदानित विद्यालयो मे कार्यरत पुरूष शिक्षकों की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता में सार्थक अन्तर नही है।

शोध प्रविधि- प्रस्तुत शोध कार्य में विवरणात्मक अनुसंधान के अन्तर्गत सर्वेक्षण प्रकार के अनुसंधान का प्रयोग किया। सर्वेक्षण विधि किसी सामाजिक अथवा शैक्षिक स्थिति या समस्या समाधान अथवा जनसंख्या के परिभाषित उद्देश्यों हेतु वैज्ञानिक तथा व्यवस्थित रूप में विश्लेषण की एक पद्धति है। जो वर्तमान स्थिति तथा समस्या का अध्ययन करने के साथ-साथ भविष्य के लिए सुझाव प्रदान करती है।

जनसंख्या एवं न्यादर्श- प्रस्तुत अध्ययन की जनसंख्या के रूप में बागपत जनपद के माध्यमिक स्तर के प्रायवेट एवं सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों को लिया गया न्यादर्श चयन हेतु यादृच्छिक न्यादर्श विधि का प्रयोग कर किया गया है।

उपकरण- शिक्षा का अधिकार जागरूकता मापन के लिए **डॉ0 मुछाल एम0के0** द्वारा शिक्षा का अधिकार जागरूकता मापनी का प्रयोग किया गया इस मापनी में 50 कथन थे जिसमें सही एवं गलत के रूप में कथनों पर जानकारी प्राप्त की गयी।

तथ्यों का विश्लेषण एवं व्याख्या- शोध के उद्देश्यानुसार शिक्षा का अधिकार जागरूकता मापनी पर प्राप्त आंकडों के आधार सकारात्मक एवं नकारात्मक कथनों पर 1 एवं 0 तथा 0 एवं 1 तथा अंक प्रदान कर तथ्यों विश्लेषित किया।

प्रदत्तों का विश्लेषण- तथ्यों का विश्लेषण करने के मध्यमान प्रमाण विचलन एवं टी परीक्षण तालिका द्वारा दो समूहों के माध्यों की तुलना को प्रस्तुत किया गया है।

तालिका 1 प्रायवेट एवं अनुदानित विद्यालयो मे कार्यरत शिक्षकों की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता दर्शाने वाली तालिका

समूह	N	M	SD	t अनुपात	सार्थकता स्तर
प्रायवेट अध्यापक	40	41.23	6.45	1.116	सार्थक नही
अनुदानित अध्यापक	40	43.58	11.65		

तालिका क्रमांक 1 से स्पष्ट है कि परिगणित टी अनुपात का मान 1.116 है जो कि 78 के स्वतंत्रता के अंश 0.05 स्तर पर सारणी के 2.00 से कम है। अत: शून्य परिकल्पना प्रायवेट विद्यालयो मे कार्यरत एवं अनुदानित विद्यालयो मे कार्यरत शिक्षकों की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता के मध्यमानों में कोई सार्थक अन्तर नही है को स्वीकृत किया जाता है। इस आधार पर निष्कर्ष रूप में कह सकते है कि प्रायवेट एवं अनुदानित स्तर पर कार्यरत माध्यमिक विद्यालयों में महिला एवं पुरूष शिक्षकों की नियुक्ति के समय योग्यता समान होती है। साथ ही साथ प्रत्येक अध्यापक आज तकनीकी साधनों इन्टरनेट मोबाइल आदि के प्रयोग से जानकारी अद्यतन रखते है। एवं प्रशिक्षण में दोनों स्तर के अध्यापकों के समान पाठ्यचर्या होती है। इस लिए शिक्षा अधिकार के प्रति दोनों वर्ग के शिक्षकों की जागरूकता लगभग समान पायी जाती है।

तालिका 2 प्रायवेट पुरूष अध्यापक एवं अनुदानित विद्यालयो मे कार्यरत शिक्षकों की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता दर्शाने वाली तालिका

समूह	N	M	SD	t अनुपात	सार्थकता स्तर
प्रायवेट पुरूष अध्यापक	20	42.12	5.25	2.127	0.01 स्तर पर सार्थक
अनुदानित पुरूष शिक्षक	20	45.24	6.08		

तालिका क्रमांक 2 दर्शाती है कि परिगणित टी अनुपात का मान 2.127 है जो कि स्वतंत्रता के अंश 0.05 स्तर पर सारणी के मान 2.00 से अधिक है अत: शून्य परिकल्पना प्रायवेट पुरूष अध्यापकों एवं अनुदानित विद्यालयो मे कार्यरत पुरूष अध्यापकों की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता के मध्यमान में कोई सार्थक अंतर नही है को अस्वीकृत किया जाता है। इस आधार पर कह सकते है प्रायवेट एवं अनुदानित अध्यापकों की शिक्षा के प्रति जागरूकता में सार्थक अंतर पाया गया।

तालिका 3- प्रायवेट महिला शिक्षिकाओं एवं अनुदानित विद्यालयो मे कार्यरत महिला शिक्षिकाओं की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता के मध्यमानों की तुलना दर्शाने वाली तालिका

समूह	N	M	SD	t अनुपात	सार्थकता स्तर
प्रायवेट महिला शिक्षिका	20	43.56	4.56	1.45	किसी भी स्तर पर सार्थक नही
अनुदानित महिला शिक्षिका	20	46.23	6.85		

तालिका क्रमांक 3 दर्शाती है कि परिगणित टी अनुपात का मान 1.45 है जो कि स्वतंत्रता के अंश 38 के 0.05 स्तर पर सारणी के मान 2.00 से कम है अत: शून्य परिकल्पना प्रायवेट विद्यालयो मे कार्यरत शिक्षिकाओं एवं अनुदानित विद्यालयो मे कार्यरत महिला शिक्षिकाओं के शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता के मध्यमान में कोई सार्थक अंतर नही है को स्वीकृत किया जाता है। इस आधार पर कह सकते है प्रायवेट विद्यालयो मे कार्यरत शिक्षिकाओं एवं अनुदानित विद्यालयो मे कार्यरत महिला शिक्षिकाओं की शिक्षा के प्रति जागरूकता में सार्थक अंतर नही है।

तालिका 4-प्रायवेट पुरूष शिक्षक एवं अनुदानित विद्यालयो मे कार्यरत महिला शिक्षिकाओं की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता के मध्यमानों की तुलना दर्शाने वाली तालिका

समूह	N	M	SD	t अनुपात	सार्थकता स्तर
प्रायवेट पुरूष शिक्षक	20	42.12	5.25	0.92	सार्थक नही
अनुदानित महिला शिक्षिका	20	43.56	4.56		

तालिका क्रमांक 4 दर्शाती है कि परिगणित टी अनुपात का मान 0.92 है जो कि स्वतंत्रता के अंश 38 के 0.05 स्तर पर सारणी के मान 2.00 से कम है अत: शून्य परिकल्पना प्रायवेट विद्यालयो मे कार्यरत पुरूष शिक्षक एवं अनुदानित विद्यालयो मे कार्यरत महिला शिक्षिकाओं के शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता के मध्यमान में कोई सार्थक अंतर नही है को स्वीकृत किया जाता है। इस आधार पर कह सकते है प्रायवेट विद्यालयो मे कार्यरत पुरूष शिक्षक एवं अनुदानित विद्यालयो मे कार्यरत महिला शिक्षिकाओं की शिक्षा के प्रति जागरूकता में सार्थक अंतर नही है।

तालिका 5-अनुदानित महिला शिक्षिका एवं अनुदानित विद्यालयो मे कार्यरत पुरूष शिक्षकों की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता के मध्यमानों की तुलना दर्शाने वाली तालिका

समूह	N	M	SD	t अनुपात	सार्थकता स्तर
अनुदानित महिला शिक्षिका	20	45.24	6.08	0.53	सार्थक नही
अनुदानित पुरूष	20	46.23	6.85		

तालिका क्रमांक 5 दर्शाती है कि परिगणित टी अनुपात का मान 0.53 है जो कि स्वतंत्रता के अंश 38 के 0.05 स्तर पर सारणी के मान 2.00 से कम है अत: शून्य परिकल्पना अनुदानित विद्यालयो मे कार्यरत महिला शिक्षिका एवं अनुदानित विद्यालयो मे कार्यरत पुरूष शिक्षकों के शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता के मध्यमान में कोई सार्थक अंतर नही है को स्वीकृत किया जाता है। इस आधार पर कह सकते है अनुदानित विद्यालयो मे कार्यरत महिला शिक्षिका एवं अनुदानित विद्यालयो मे कार्यरत पुरूष शिक्षकों की शिक्षा के प्रति जागरूकता में सार्थक अंतर नही है।

परिणाम एवं निष्कर्ष:

1 प्रायवेट एवं अनुदानित विद्यालयो मे कार्यरत शिक्षकों (महिला + पुरूष) की शिक्षा अधिकार की जागरूकता की तुलना में टी अनुपात 1.116 प्राप्त हुआ इसके आधार पर शून्य परिकल्पना को अस्वीकृत किया गया इस आधार पर निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि माध्यमिक स्तर के प्रायवेट एवं अनुदानित विद्यालयो मे कार्यरत शिक्षक जिसमें महिला एवं पुरूष अध्यापक दोनों ही शामिल थे इनकी शिक्षा अधिक के प्रति जागरूकता समान है साथ ही सकारात्मक इस आधार पर कहा जा सकता है कि ग्रामीण एवं शहरी विद्यालयों कार्यरत होने से पूर्व शिक्षा एवं प्रशिक्षण समान होता है साथ पाठ्यचर्या भी समान है इसलिए दोनों समूहों की शिक्षा अधिकार के प्रति जागरूकता समान पायी गयी है।

2 माध्यमिक स्तर के प्रायवेट एवं अनुदानित विद्यालयो मे कार्यरत पुरूष शिक्षकों की शिक्षा अधिकार के प्रति जागरूकता की तुलना में टी अनुपात का मान 2.127 पाया गया जो तालिका के मान से अधिक है। इस आधारपर शून्य परिकल्पना स्वीकृत होती है निष्कर्ष में पाया गया कि प्रायवेट एवं पुरूष अध्यापकों की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता में अंतर पाया गया इस आधार पर कहा जा सकता है कि प्रायवेट शिक्षक अनुदानित शिक्षकों की अपेक्षा कुछ कम जानकारी

रखते हैं।

3 माध्यमिक स्तर की प्रायवेट एवं अनुदानित विद्यालयो मे कार्यरत महिला शिक्षिकाओं की शिक्षा अधिकार के प्रति जागरूकता की तुलना में टी अनुपात 1.45 का मान से बहुत कम है इस आधार पर निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि प्रायवेट एवं अनुदानित महिला शिक्षिकाओं की शिक्षा अधिकार के प्रति जागरूकता में अंतर नही है इसका कारण यह हो सकता है कि महिला शिक्षिकाएं अनुदानित क्षेत्र में वास करती हो तथा कार्यरत प्रायवेट विद्यालय में हो इसलिए प्रायवेट एवं अनुदानित महिला शिक्षिकाओं की शिक्षा अधिकार के प्रति जागरूकता में अंतर नही पाया गया अर्थात दोनों क्षेत्र की शिक्षिकाएं समान जागरूकता रखती है।

4 प्रायवेट पुरूष शिक्षक एवं अनुदानित विद्यालयो मे कार्यरत महिला शिक्षिकाओं की शिक्षा अधिकार के प्रति जागरूकता की तुलना में टी अनुपात 0.92 प्राप्त हुआ इस आधार पर शून्य परिकल्पना को अस्वीकृत किया गया निष्कर्ष रूप में कह सकते है कि माध्यमिक स्तर के पुरूष शिक्षक एवं अनुदानित महिला शिक्षिकाओं का शिक्षा एवं प्रशिक्षण एक समान ही प्राप्त हुआ है इसलिए दोनों क्षेत्र के शिक्षक शिक्षिकाओं की जागरूकता में समानता पायी गयी है।

5 प्रायवेट महिला शिक्षकाओं एवं अनुदानित विद्यालयो मे कार्यरत पुरूष शिक्षकों की शिक्षा अधिकार के प्रति जागरूकता की तुलना में टी अनुपात का मान 0.53 प्राप्त हुआ इस आधार पर शून्य परिकल्पना को अस्वीकृत किया गया तथा निष्कर्ष रूप में कहा सकता है कि दोनों ही क्षेत्रों के शिक्षिकाओं एवं शिक्षकों को समान प्रशिक्षण मिला है। साथ ही निवास स्थान भी इस समानता के प्रति जिम्मेदार कारक है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. मुछाल महेश कुमार (2014) शिक्षा का अधिकार कानून एक विश्लेषण विद्या जर्नल आफ क्रियेटिव थिंकिंग वर्ष 2 नम्बर 1 अप्रैल सित. 2014 पेजन नं0-67-71
2. रायजादा रमाकर (2012) शिक्षा का अधिकार और स्कूली शिक्षा की जन उपलब्धता स्वीकार्यता एवं सामंजस्यता भारतीय आधुनिक शिक्षा अंक वर्ष 32 अंक 3 जनवरी 2012 पंज नं0-47-64
3. कुमार ज्ञानेन्द्र (2018) बुलन्दशहर जनपद के प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के क्रियान्वयन के संदर्भ में छात्र-शिक्षक अनुपात, शिक्षक उपस्थिति एवं छात्र उपस्थिति का एक समीक्षात्मक **अध्ययन** शिक्षा शोध मंथन Shiksha Shodh Manthan A Half Yearly International Refereed Journal of Education Vol.4, No.1(A), April 2018 ISSN : 2395–728X
4. भारद्वाज ऋतु (2011) शिक्षा का अधिकार अधिनियम विभिन्न वर्गो की जागरूकता का विश्लेषणात्मक अध्ययन भारतीय आधुनिक शिक्षा वर्ष 31 अंक 4 अप्रैल 2011 पेज नं0-95-101
5. रावण कर नेत्रा (2012) शिक्षा का औचित्य एवं क्रियान्वयन रिसर्च लिंग वर्ष-11 अंक 10 दिसम्बर 2012 पेज नं0 104-105
6. शिन्दे लक्ष्मण (2014) शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रति बालकों एवं शिक्षकों की जागरूकता का तुलनात्मक अध्ययन शब्द ब्रम्ह वर्ष 2 अंक 3 पृष्ठ 42-45
7. सिंह प्रदीप कुमार (2011) शिक्षा का अधिकार एक विश्लेषण भारतीय आधुनिक शिक्षा अंक वर्ष 32 अंक 2 अक्टूबर 2011 पेज 86-92
8. शर्मा उषा (2013) शिक्षा का अधिकार और शिक्षक की भूमिका भारतीय आधुनिक शिक्षा अंक वर्ष जौलाई 2013 पेज नं0-38-44
9. शर्मा एवं अन्य (2012) बी0एड0 प्रशिक्षणार्थियों एवं कार्यरत शिक्षकों में शिक्षा अधिकार अधिनियम के सम्बन्ध में जागरूकता का अध्ययन रिसर्च लिंक वर्ष 11 अंक 10 दिसम्बर 2012 पेजन नं0-10610
10. थोटे प्रशांत एवं अन्य (2013) राइट टू एज्यूकेशन एक्ट: एन फलिसिस के शिक्षकों आफ टीचर्स एवेयरनेस इन सेन्ट्रल इंडिया इन्टरनेशनल जर्नल ऑफ रिसर्च वाल्यूम अंक 3 पेज नं0-184-187
11. वर्मा ब्रजेश कुमार (2014) नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के प्रति अल्पसंख्यक एवं बहुसंख्यक अभिभावकों की अभिवृत्ति का अध्ययन भारतीय आधुनिक शिक्षा वर्ष 34 अंक 4 अप्रैल 2014 पेज नं0 5-12
12. यशवला नीतू (2015) राइट टू एज्यूकेशन (आरटीई) ए क्रिटीकल एपरीशल इन्टर नेशनल जर्नल ऑफ रिसर्च वर्ष 2 अंक 1 जनवरी 2015
13. शुक्ला, सी0एस0ए0, (2006): भारत में शिक्षा प्रणाली का विकास. मेरठ : इन्टरनेशनल पब्लिशिंग हाउस.
14. सिंह, पी0के0, (2004): प्राथमिक शिक्षा का सार्वभौमिकरण, भारतीय आधुनिक शिक्षा, एन0सी0ई0आर0टी0, नईदिल्ली, अक्टूबर, पृ0 29-30.
15. अमर उजाला सफलता, (2012), स्कूली शिक्षा की गुणवत्ताा का सवाल, अप्रैल, मेरठ.
16. एन0सी0ई0आर0टी0, ऑल इण्डिया स्कूल एजूकेशन सर्वे, 2014-15 एन0सी0ई0आर00टी0, नई दिल्ली.
17. असर, (2016), एनुअल स्टेट्स ऑफ एजुकैशनल रिपोर्ट, नई दिल्ली
18. असर, नई दिल्ली भारत का राजपत्र, नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009. संख्या-39, अगस्त 27 2009, भारत सरकार, नई दिल्ली.

****

InclusiveEducation: Education for Children with Special Needs

Dr. Shubha Goel *

Abstract - The services available for people with disabilities differ widely between developed and developing countries. One of these services is education. India is one of the few countries in the world where the education of children with special needsdoesn't fall within the purview of human resource development ministry. It is generally theburden of the omnibus ministry of social justice and empowerment, the prime focus of which is rehabilitation, not education. In fact, till today it does not have education as part of its agendaand the issue of education of children with disabilities remains imperceptible, hidden from thepublic domain, a private problem for families and NGOs to deal with. It's time thatgovernmentalagencies as well as mainstream institutions woke up to the reality that segregation of childrenwith challenging needs is morally unjustifiable and a violation of human rights. Seventy-eight percent ofIndian population lives in rural areas without provision for special schools. Therefore, inclusiveschools have to address the needs of all children in every community and the central and stategovernments have to train their teachers to manage inclusive classrooms. Building accessibility is imperative for students with disabilities to be included in their schools. The Government of India has created policies around special education since the country's independence in 1947. Accountability of the Government of India and its implementing partners is necessary for ensuring successful implementation of policy. One of the best ways to do this is to ensure that citizens are well informed about these policies and schemes.

Introduction - Inclusive education (IE) is a new approach towards educating the children with disability andlearning difficulties with that of normal ones within the same roof. It seeks to address the learning needs of all children with a specific focus on those who are vulnerable to marginalization and exclusion. It implies all learners – with or without disabilities being able to learn together through access to common pre-school provisions, schools and community educational setting with an appropriate network of support services. This is possible only in flexible education system that assimilates the needs of diverse range of learners and adapts itself to meet these needs. Inclusion is not an experiment to be tested but a value to be followed. All the children whether they are disabled or not have the right to education as they are the future citizens of the country. In the prevailing Indian situation resources are insufficient even to provide quality mainstream schools for common children.Thus, regular schools with this inclusive orientation are the most effective means of combating discriminatory attitudes, creating welcoming communities, building an inclusive society and achieving education for all, moreover, they provide an effective education to the majority of children and improve the efficiency and ultimately the cost-effectiveness of the entire education system.

Special Education Vs Inclusive Education: The term "Special Need Education" has come into use as a replacement for the term"Special Education", as the older one was mainly understood to refer the education of all those children and youth whose needs arise from disabilities or learning difficulties. The Statement affirms: "those with special educational needs must have access to regular schools which should accommodate them within child centred pedagogy capable of meeting these needs". Moreover, the concept of "Special Need Education" extends beyond those who may be included in handicapped categories to cover those who are failing in school for a wide variety of other reasons that are known to be likely to impede a child's optimal progress.

Indianscenario: Till 1990s ninety percent of India's estimated 40 million children in the age group- four-sixteen yearswith physical and mental disabilities are being excluded from mainstream education.They have consistently discouraged children with disabilities from entering the nation's classrooms. Social justiceand equity which are dominant sentiments of the Constitution of India demand that India's 35 millionphysically challenged, if not the 5 million mentally challenged, children should be given preferentialaccess into primary and secondary schools. Fewer than five percent of children who have a disability arein schools. Remaining nine-tenths of them are excluded.Against this backdrop of continuous neglect, there

राजनैतिक संस्थाओं की स्थापना के समय विभिन्न विद्धानों द्धारा जाति व्यवस्था के बारे मे अनेक विचार व्यक्त किये गये थे। कतिपय समाजशास्त्रियों की यह मान्यता है कि लोकतान्त्रिक एवं प्रतिनिधियात्मक संस्थाओं की स्थापना के बाद भारत मे जाति व्यवस्था कमजोर हो जायेगी। अन्य कुछ विद्धानों की धारणा थी कि जाति व्यवस्था परम्परागत शक्ति के रूप मे कार्य करती है तथा राजनीतिक विकास एवं आधुनिकीकरण के मार्ग में बाधक है। इस सम्बन्ध में रजनी कोठारी का अभिमत है कि–प्रथम कोई भी सामाजिक तन्त्र कभी पूर्णतया समाप्त नहीं हो सकता, अत: यह प्रश्न करना कि क्या भारत मे जाति का लोप हो रहा है, अर्थशून्य है। द्धितीय, जाति व्यवस्था आधुनिकीकरण और सामाजिक परिवर्तन में रुकावट नहीं डालती बल्कि इसको बढ़ाने में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। स्थानीय और राज्य स्तर की राजनीति में जातीय संघ और समुदाय निर्णय प्रक्रिया को प्रभावित करने में उसी प्रकार की भूमिका अदा करते है जिस प्रकार पश्चिमी देशों में दवाब गुट। हमारे राजनीतिज्ञ एक अजीब असमंजस की स्थिति में है। जहाँ एक ओर वे जातिगत भेदभाव मिटाने की बात करते हैं वही दूसरी ओर जाति के आधार पर वोट बटोरने की कला में निपुणता हासिल करना चाहते हैं। वर्तमान मे तमाम राजनैतिक दलो द्धारा जाति व्यवस्था को ध्यान मे रखकर अपनी नीतियां निर्धारित की जाती हैं। चुनावों मे प्रत्याशी चयन मे भी जातिगत समीकरणों को ध्यान रखा जाता हैं। भारतीय जाति व्यवस्था पर राजनीति का प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता हैं।

शब्द कुंजी – जातिव्यवस्था और राजनीतिकरण, परम्परागत शक्ति, आधुनिकीरण, जातिगत समीकरण, दबाव गुट, राजनीतिकरण, मतदान व्यवहार, जाति एवं प्रशासन, लोकतान्त्रिक, जाति की भूमिका, अजीब असमंजस।

उद्देश्य :

1. भारतीय जाति व्यवस्था और राजनीति के परस्पर सम्बंधों की जानकारी प्राप्त करना।
2. भारतीय राजनीति में जाति व्यवस्था की भूमिका के बारे में जानकारी प्राप्त करना।
3. भारतीय जति व्यवस्था पर राजनीति के प्रभाव के बारे में विस्तार से चर्चा करना।

प्रस्तावना– भारतीय समाज मे आदि काल से जाति व्यवस्था आधार स्तम्भ के रूप मे रही हैं। परम्परागत रूप से जाति व्यवस्था की अपनी विशेषताए एवं निर्योग्यताए रही हैं। जाति प्रथा प्राचीन हिन्दू समाज की एक प्रमुख विशेषता हैं। किन्तु यह कब और कैसे शुरू हुई इस पर विद्धान एकमत नही हैं। जाति प्रथा न केवल हिन्दू समाज मे विद्यमान रही हैं बल्कि अन्य समाजो मे भी जाति व्यवस्था विद्यमान रही हैं। जाति प्रथा किसी न किसी रूप मे संसार के हर कोने मे पायी जाती है, पर एक गम्भीर सामाजिक कुरीति के रूप मे यह हिन्दू समाज की ही विशेषता है। वैसे इस्लाम और ईसाई समाज भी इसके प्रभाव से अछूते नहीं रह सके। यह व्यवस्था एक अतिप्राचीन व्यवस्था रही है। इसका अभिप्राय पेशे के आधार पर समाज को कई भागों में बाँट देना है। सामान्यतया यह माना जाता है कि जाति प्रथा की उत्पत्ति वैदिक काल में हुई। ब्राह्मण धार्मिक और वैदिक कार्यो का सम्पादन करते थे। क्षत्रियो का कार्य देश की रक्षा करना और शासन प्रबन्ध करना था। वैश्य कृषि और वाणिज्य सम्हालते थे तथा शूद्रों को अन्य तीन वर्णों की चाकरी करनी पड़ती थी। शुरू–शुरू मे जाति प्रथा के बन्धन कठोर न थे और वह जन्म पर नहीं अपितु कर्म पर आधारित थे। बाद मे जाति प्रथा में कठोरता आती गयी, वह पूरी तरह जन्म पर आधारित हो गयी तथा एक जाति से दूसरी जाति ने अन्त:क्रिया असम्भव हो गयी। अपने मौलिक रूप में जाति प्रथा उपयोगी थी। चूंकि वह श्रम विभाजन के सिद्धान्त पर आधारित थी, अत: उसने आर्थिक क्षेत्र में निपुणता के तत्त्व का समावेश किया। एक जाति का पेशा उसी जाति मे होता था। बेटा बाप से अपना पुश्तैनी पेशा सीखता था और प्राय: उसी को अपनी आजीविका के साधन के रूप मे अपना लेता था। इस प्रथा से एक जाति और विरादरी के लोगो मे भाई–चारे की भावना को बढाया। एक जाति के लोग एक–दूसरे से भली–भांति परिचित होते थे तथा एक–दूसरे के सुख–दु:ख मे काम आते थे। भारतीय जाति व्यवस्था पर

* सह आचार्य (समाजशास्त्र) राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सवाईमाधोपुर (राज.) भारत

राजनीति का प्रभाव स्वतंत्रता संग्राम के समय से ही देखा जा सकता हैं। देश मे आजादी के पश्चात जाति व्यवस्था पर राजनीति का जबरदस्त प्रभाव देखा गया हैं। देश के प्रत्येक जातिगत समाज मे राजनीति और प्रत्येक राजनैतिक दल मे जातिगत समीकरण देखे जा सकते हैं।

प्रो. घुरिये ने भारतीय जाति व्यवस्था की छ: विशेषताएँ बतायी हैं, जो इस प्रकार है :

1. भारत मे जाति व्यवस्था समाज का खण्डनात्मक विभाजन हैं।
2. भारत मे जाति व्यवस्था मे सामाजिक संस्तरण पाया जाता हैं।
3. जाति व्यवस्था मे परस्पर जातियो मे भोजन एवं सामाजिक पर अनेक प्रतिबन्ध पाये जाते हैं।
4. जाति व्यवस्था मे नागरिक एवं धार्मिक निर्योग्यताए एवं विशेषाधिकार पाये जाते हैं।
5. जाति व्यवस्था मे पेशे के अप्रतिबन्धित चुनाव का अभाव होता हैं।
6. जाति व्यवस्था मे सदस्यता जन्मजात होती है एवं विवाह सम्बन्धी प्रतिबन्ध भी होते हैं।

स्वाधीनता संग्राम के दौरान ऐसा दिखता था कि जनता पर जातिवाद का प्रभाव कम हो रहा है किन्तु स्वतन्त्रता प्राप्ति के उपरान्त जातिवाद ने फिर जोर पकड़ा और वयस्क मताधिकार व्यवस्था के देश में लागू कर दिये जाने के परिणामस्वरूप यह एक राजनीतिक शक्ति के रूप मे उदित हुआ है। वैसे राजनीति पर जातिगत प्रभाव प्रतिनिधि व्यवस्था के लागू होने के समय से ही शुरू हो गया था किन्तु यह प्रभाव नगण्य ही था। इसके लिए उत्तरदायी थे ब्रिटिश प्रशासन, राष्ट्रीय आन्दोलन तथा सीमित मताधिकार। स्वतन्त्रता की प्राप्ति ने प्रथम दो कारणों का निराकरण कर दिया और नये संविधान मे अपनायी गयी वयस्क मताधिकार व्यवस्था ने तीसरे का। फलत: जातियो के प्रभाव क्षेत्र मे आशातीत वृद्धि हो गयी। आरम्भ से तो सामाजिक अथवा आर्थिक दृष्टि से उच्च अथवा श्रेष्ठ जातियाँ ही राजनीति से प्रभावित रही और राजनीतिक लाभ उन्हीं तक सीमित रहे। समय के साथ-साथ मध्यम और निम्न समझी जाने वाली जातियाँ भी आने लगी और अपने राजनीतिक प्रभाव को बढ़ाने मे प्रयत्नशील रहने लगी। **प्रो. रूडोल्फ** के शब्दों में, 'भारत के राजनीतिक लोकतन्त्र के सन्दर्भ में जाति वह धूरी है जिसके माध्यम से नवीन मूल्यो और तरीको की खोज की जा रही है। यथार्थ मे यह एक ऐसा माध्यम बन गयी है कि इसके जरिये भारतीय जनता को लोकतान्त्रिक राजनीति की प्रक्रिया से जोड़ा जा सकता है।'

रजनी कोठारी का दृष्टिकोण – प्रो. रजनी कोठारी ने अपनी पुस्तक 'कास्ट इन इण्डियन पॉलिटिक्स' में भारतीय राजनीति मे जाति की एवं भारतीय जाति व्यवस्था मे राजनीति की भूमिका का विस्तृत विश्लेषण किया है। उनका मत है कि अक्सर यह प्रश्न पूछा जाता है कि क्या भारत मे जाति प्रथा खत्म हो रही है ? इस प्रश्न के पीछे यह धारणा है कि मानो जाति और राजनीति परस्पर विरोधी संस्थाएँ है। ज्यादा सही सवाल यह होगा कि जाति-प्रथा पर राजनीति का क्या प्रभाव पड़ रहा है और जाति-पाति वाले समाज में राजनीति क्या रूप ले रही है ? – जो लोग राजनीति मे जातिवाद की शिकायत करते हैं, वे न तो राजनीति के प्राकृतिक स्वरूप को ठीक समझ पाये है और न जाति के स्वरूप को। भारत की जनता जातियों के आधार पर संगठित है अत: न चाहते हुए भी राजनीति को जाति संस्था का उपयोग करना ही पडेगा। अत: राजनीति में जातिवाद का अर्थ जाति का राजनीतिकरण है। जाति को अपने दायरे में खींचकर राजनीति उसे अपने काम में लाने का प्रयत्न करती है। दूसरी और राजनीति द्वारा जाति या बिरादरी को देश की व्यवस्था में भाग लेने का मौका मिलता है। राजनीतिक नेता सत्ता प्राप्त करने के लिए जातीय संगठन का उपयोग करते हैं और जातियों के रूप मे उनको बना-बनाया संगठन मिल जाता है जिससे राजनीतिक संगठन में आसानी होती है।

भारतीय जाति व्यवस्था पर राजनीति के प्रभाव के सन्दर्भ मे प्रो. रजनी कोठारी ने जाति व्यवस्था के तीन रूप प्रस्तुत किये है 1.लौकिक रूप 2.एकीकरण का रूप तथा 3.चैतन्य रूप।

जाति व्यवस्था का लौकिक रूप-रजनी कोठारी ने जाति व्यवस्था के लौकिक रूप को व्यापक दृष्टि से देखने का प्रयत्न किया। जाति व्यवस्था की कुछ बातों पर सबका ध्यान गया है जैसे जाति के अन्दर विवाह, छुआछूत और रीति-रिवाजों के द्वारा जाति की पृथक् इकाई को कायम रखने का प्रयत्न। लेकिन इस बात की ओर बहुत ही कम लोगो का ध्यान गया है कि जातियों मे आपसी प्रतिद्वन्द्विता एवं गुटबन्दी रहती है, प्रत्येक जाति प्रतिष्ठा और सत्ता की प्राप्ति के लिए संघर्षरत रहती है। उदाहरण के लिए, आजकल बिहार में ऊँची जातियों और पिछडा जातियों के बीच सत्ता प्राप्ति का अनवरत संघर्ष चल रहा है और यही कारण है कि जनता शासन के दौरान दोनों ही मुख्यमन्त्री पिछडी और अनुसूचित जातियों से आये। जाति व्यवस्था के इस लौकिक पक्ष के दो रूप थे- एक शासकीय रूप यानि जाति की ओर गांव की पंचायत और चौधराहट। दूसरा रूप राजनीतिक था यानि जाति की आन्तरिक गुटबन्दी और अन्य जातिया से गठजोड और प्रतिद्वन्द्विता। इन संगठनों का प्रभाव इस बात पर निर्भर करता था कि स्थानीय नेताओं के समाज की केन्द्रस्य सत्ता से किस प्रकार के सम्बन्ध थे। धर्म, व्यवसाय और प्रदेश के आधार पर इन जातियों की स्थिति बनती और बिगडती थी। पहले इन जातियों का सम्बन्ध, जाति या गांव की पंचायत और राजा या जमींदार से रहता था। अब जातीय पंचायतों के स्थान पर विधानसभाएं और संसद हैं तथा राजा के स्थान पर राष्ट्रीय सरकार है।

रजनी कोठारी का यह भी विचार है कि देश की राजनीति पर किसी एक जाति का प्राधान्य नहीं हो सका क्योकि कुछ स्थानो पर ब्राह्मणों का वर्चस्व था तो कुछ प्रदेशों मे जैसे गुजरात और मारवाड़ मे जैन, वैष्णव जैसे सम्प्रदायों के हाथ मे आर्थिक शक्ति थी।

जाति व्यवस्था का एकीकरण रूप-जाति का दूसरा रूप एकीकरण का है अर्थात् व्यक्ति को समाज से बांधने का है। जाति प्रथा जन्म के साथ ही प्रत्येक व्यक्ति का समाज मे स्थान नियत कर देती है। जाति के आधार पर ही उस व्यक्ति का व्यवसाय और आर्थिक भूमिका निश्चित हो जाती है। चाहे कितना भी बड़ा व्यक्ति क्यों न हो, उसका अपने समाज मे लगाव पैदा हो जाता है, जाति के प्रति उसकी निष्ठा बढ़ने लगती है। यही निष्ठा आगे चलकर बड़ी निष्ठाओं अर्थात लोकतन्त्र और राजनीतिक व्यवस्था के प्रति भी विकसित हो सकती है। इस प्रकार जातियाँ जोड़ने वाली कड़ियाँ बन जाती है। लोकतन्त्र के अन्दर विभिन्न समूहों मे शक्ति के लिए प्रतिद्वन्द्विता होती है और विभिन्न जातियों ने आपस में मिल-जुलकर गठजोड बनाने की प्रवृत्ति उत्पन्न होती है ताकि वे सत्ता का लाभ प्राप्त कर सकें।

जाति व्यवस्था का चैतन्य रूप-जाति प्रथा का तीसरा रूप चेतना बोध है। कुछ जातियां अपने को उच्च समझती हैं और इस कारण समाज मे उनकी विशेष प्रतिष्ठा होती है। इस कारण कुछ निम्न समझी जाने वाली जातियाँ भी अपने को उनके साथ जोड़ने की चेष्टा करती है। क्षत्रिय वर्ण के साथ जो प्रतिष्ठा जुड़ी हुई है, उसके कारण देश के विभिन्न भागों मे अनेक जातियों ने इस वर्ण का दावा किया है। कुछ जातियों में इसी प्रकार ब्राह्मण पद का भी

दावा किया है। राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक स्थिति में परिवर्तन के परिणामस्वरूप जाति विशेष की स्थिति भी बदलती है। सामाजिक व्यवहार में अलग-अलग स्तर पर अलग-अलग रूप धारण करने के कारण जाति व्यवस्था में लोच और परिवर्तनशीलता आ जाती है। इसके लिए चार मार्ग अपनाये जाते है। प्रथम, संस्कृतिकरण का तरीका है। संस्कृतिकरण मे छोटी जातियाँ सामाजिक प्रतिष्ठा प्राप्त करने के लिए ब्राह्मणों के रीति-रिवाजों की नकल करने लगती है। इसे ब्राह्मणीकरण भी कहा जाता है। द्वितीय, लौकिकीकरण या अब्राह्मणीकरण का तरीका है। आर्थिक उन्नति, राजनीतिक एकता और बुद्धिवाद की सार्वजनिक प्रवृत्तियों के प्रभाव से अक्सर अब्राह्मण जातियों ब्राह्मणों की नकल करने की प्रवृत्ति को छोड़ देती है और अन्य अत्राह्मण जातियों से मिलकर राजनीतिक व सामाजिक अधिकार प्राप्त करने की चेष्टा करती है। तृतीय, महापुरुषों से सम्बन्ध जोड़ने का तरीका है। कभी-कभी कतिपय जातियां अपनी उच्चता सिद्ध करने के लिए अपना सम्बन्ध पौराणिक पुरुषों से जोड़ने का प्रयत्न करती है। जैसे गुजरात के पाटीदार, बंगाल के महाष्यि और राजस्थान के जाट आदि। चतुर्थ, आधुनिक राजनीति में भी भागीदारी का तरीका है। कुछ जातियाँ सीधे ही आधुनिक राजनीति में भाग लेने लगी और इस प्रकार उन्होंने समाज में भी उच्च स्थिति प्राप्त की। आन्ध्र प्रदेश और बिहार इसके उदाहरण है।

प्रो. रजनी कोठारी ने जाति के राजनीतिकरण की चर्चा करते हुए कहा है कि 'इससे पुराना समाज नयी राजनीतिक व्यवस्था के करीब आया है। इस प्रक्रिया को उन्होंने तीन चरणों में बाँटा है'-

भारतीय जाति व्यवस्था मे आपस मे प्रतिस्पर्धा एवं शक्ति प्रदर्शन की भावना भी रहती हैं। शक्ति और प्रभाव की प्रतिस्पर्धा-ऊँची जातियों तक सीमित रही-भारत का पुराना समाज जब नयी व्यवस्था के सम्पर्क में आने लगा तो सबसे पहले शक्ति और प्रभाव की स्पर्धा समाज की प्रतिष्ठित और जमी हुई जातियों तक सीमित रही। जिन जातियों ने उच्च शिक्षा प्राप्त करके आधुनिक बनने का प्रयत्न किया, वे प्रतिष्ठित जातियों के समक्ष आने लगी। इन जातियों ने अधिकार और पद प्राप्त करने के लिए अपना राजनीतिक संगठन बनाया जिससे दो ऊंची जातियों मे प्रतिस्पर्धा और प्रतिद्धन्द्धिता बढने लगी। मद्रास और महाराष्ट्र में ब्राह्मण-अब्राह्मण राजस्थान में राजपूत, जाट, गुजरात में बनिया-ब्राह्मण-पाटीदार, आन्ध्र प्रदेश मे कम्मा रेठी और केरल मे इजवा-नायर द्धन्द्ध इसके उदाहरण है।

भारतीय जाति व्यवस्था के अन्दर की प्रतिस्पर्धी गुटबन्दी-इस चरण में भिन्न-भिन्न जातियों की प्रति स्पर्धा के साथ-साथ जाति के अन्दर भी प्रतिस्पर्धी गुट बन जाते हैं। प्रतिद्धन्द्धी नेताओं के पीछे गुट बन जाते हैं। इन गुटों में विभिन्न जातियों के लोग होते हैं। अपना गुट मजबूत करने के लिए उन जातियों की भी सहायता ली जाती है, जो अब तक दायरे से बाहर थी। चुनाव मे समर्थन प्राप्त करने के लिए नीची जातियों के प्रमुख लोगों को छोटे राजनीतिक पद और लाभ मे कुछ। हिस्सा देकर प्रतिस्पर्धी नेता अपना गुट मजबूत करने का प्रयत्न करते हैं। जहाँ इस प्रकार मुखियों को इनाम और पद देकर इन जातियों का समर्थन प्राप्त करना सम्भव नहीं हुआ, वहाँ विभिन्न जातियों और उपजातियों मे आपसी प्रतिस्पर्दा पैदा करके उनका संगठन बनाने की और उन संगठनों के मध्यस्थ या विचवइयों द्धारा समझौता करने की कोशिश की गयी। इस चरण में पुराने ब्राह्मण और कायस्थ आदि प्रशासनिक जातियों के नेताओं के बजाय व्यवसायी और कृपक जातियों के नेताओं और कार्यकर्तायों की संख्या बढी। ये नेता सौदा पटाने मे कुशल थे, ज्यादा व्यावहारिक थे और अपने वर्ग और जाति के लोगों का नेतृत्व कर सकते थे।

जाति के बन्धन ढीले पड़ना और राजनीति को व्यापकता मिलना-रजनी कोठारी के अनुसार तीसरे चरण में एक ओर राजनीतिक मूल्यों की प्रधानता हुई और जाति-पाति से लगाव कम हुआ, वहीं दूसरी ओर शिक्षा, नये शिल्प और शहरीकरण के कारण समाज में परिवर्तन आया। भौतिक उन्नति की नयी धारणाओ का जोर बढा। पुराने पारिवारिक बन्धन टूटने लगे और लोग काम-धन्धे के लिए शहरों में जाकर बसने लगे। जाति की भावना ढीली पड़ने लगी और सामाजिक व्यवहार अपनी जाति तक सीमित न रहा। राजनीति में भी व्यापकता आयी। नयी शिक्षा और नये सामाजिक व्यवहार से उत्पन्न होने वाली नयी प्रवृत्तियाँ फैलने लगी। राजनीतिक संस्थाओ का ढाँचा व्यापक होने लगा और जाति की भावना को नया रूप मिलने लगा। राजनीतिक प्रवृत्तियों ने नयी निष्ठाओं को जन्म दिया, जो पूरानी निष्ठाओं को काटती हैं। जाति अब राजनीतिक समर्थन या शक्ति का एकमात्र आधार नहीं रही, यद्यपि राजनीति मे इसका अधिकाधिक उपयोग किया जा रहा है। प्रो. रजनी कोठारी का राजनीति मे जाति सम्बन्धी निष्कर्ष इस प्रकार है :

(1) आधुनिक राजनीतिक व्यवस्था मे भाग लेने के कारण पहले तो जाति प्रथा पर पृथक्ता की प्रवृत्ति का प्रभाव पडा, बाद मे जाति भावना का सामजस्य हुआ और इसने राजनीतिक संगठन में सहायता दी।

(2) आधुनिक राजनीति में भाग लेने से लोगों की दृष्टि में परिवर्तन हुआ और उनकी यह समझ में आ गया कि आज के युग से केवल जाति और सम्प्रदाय से काम नहीं चल सकता।

(3) जहाँ जाति बडी होती है, वहाँ भी उसमे एकता नहीं रहती, उसमें उप-जातियों के भेद होते है और छोटी जातियां तो अपने बल पर चुनाव भी नहीं जीत सकती हैं। यदि कोई प्रत्याशी अपनी ही जाति का पक्ष लेता है तो दूसरी जातियाँ उनके खिलाफ हो जाती है इसलिए चुनाव की राजनीति में अनेक जातियो का गुट बनाना पडता है।

(4) राजनीति में आने के कारण जाति की भावना ढीली पड़ जाती है और अनेक नयी निष्ठाओं का उदय होता है।

(5) आजकल राजनीति मे जातिवाद और सम्प्रदायवाद का जोर बढने की शिकायत की जाती है। ऐसा समझा जाता है कि शिक्षा प्रसार, शहरों के विस्तार औद्योगीकरण के कारण सम्प्रदाय और जाति के बन्धन ढीले पड़ रहे थे, वे चुनाव की राजनीति के कारण फिर से जोर पकड़ रहे हैं और इससे देश मे फूट बढ़ेगी जिससे धर्म निरपेक्ष लोकतन्त्र का ढाँचा खतरे में पड़ जायेगा। किन्तु प्रो. कोठारी का मानना है कि वास्तव में जाति और राजनीति के मिश्रण से दूसरे ही परिणाम निकलते हैं, बजाय राजनीति पर जाति के हावी होने के, जाति का राजनीतिकरण हो जाता है। राजनीति ने जाति को लीक से हटाकर नया सन्दर्भ दे दिया, जिससे उसका पुराना रूप बदल रहा है।

(6) आधुनिकतावादी नेता जाति-पाँति पर भले ही नाक-भौ सिकोडे, परन्तु इसके द्धारा राजनीतिक शक्ति उन वर्गो या समूहों के हाथ से पहुँच सकी, जो अब तक उससे वंचित थे।

(7) जाति के आधार पर संघ और संगठन बनते हैं जैसे कायस्थ सभा, क्षत्रिय संघ आदि सब मिलाकर जातीय संगठनों ने भारत की राजनीति मे वही भाग लिया है जो पश्चिमी देशों मे विभिन्न हितों व वर्गो के संगठनो ने।

(8) जातियों और सम्प्रदायों के राजनीति में भाग लेने के फलस्वरूप सामूहिक या राष्ट्रीय भावना का उदय हुआ है और उनकी पृथकता कम होकर उनका राजनीतिक एकीकरण हुआ है।

निष्कर्ष- निष्कर्ष रूप मे कहा जा सकता हैं कि भारतीय समाज मे आदि

काल से जाति व्यवस्था आधार स्तम्भ के रूप मे रही हैं। परम्परागत रूप से जाति व्यवस्था की अपनी विशेषताए एवं निर्योग्यताए रही हैं। जाति प्रथा प्राचीन हिन्दू समाज की एक प्रमुख विशेषता हैं। आदिकाल में भारतीय समाज मे राजनीति का अधिक बोलबाला नही था। परम्परावादी भारतीय समाज मे आधुनिक राजनीतिक संस्थाओ की स्थापना होने लगी तो भारतीय राजनीति की एक अद्भुत विशेषता की शुरूआत हुई। भारतीय जाति व्यवस्था का एक पक्ष यह है कि यदि कुछ जातियाँ या जाति के लोग मिलकर कोई रचनात्मक कार्य जैसे स्कूल या कॉलेज खोलना, अस्पताल, धर्मशालाएँ, मन्दिर, गुरुद्धारे आदि बनवाना, निर्धनों को आर्थिक सहायता देना आदि करते हैं तो उससे न तो किसी को हैरानी या परेशानी होगी और न कोई विद्वेष की भावना ही फैलती है। किन्तु जब कुछ जातियाँ या जाति के लोग मिलकर अन्य जाति को परेशान अथवा त्रस्त करते हैं तो स्थिति भयावह अवश्य बन जाती है। आजकल प्राय: यही हो रहा है। अच्छे प्रतिभाशाली लोग केवल इसी आधार पर उपेक्षित रहते हैं कि वे किसी जाति विशेष के नहीं होते। जातियो के नाम से चलने वाली सस्था मे से बहुत ही कम ऐसी होती है जो पक्षपात शून्य होती है, बाकी सभी मे यह विष इस प्रकार घोला जाता है कि अच्छी प्रतिभाओं का विकास रुक जाता है। जातिवाद अथवा भारत मे जातियों का होना यदि वास्तव में एक सामाजिक बुराई है तो उसे अभी दूर क्यो नहीं किया गया ? छुआछूत मिटाने के लिए यदि कानून बन सकता है तो जाति प्रथा को समाप्त करने के लिए अभी तक कानून क्यों नहीं बना? यह सहज ही शंका का विषय बन जाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि हमारे राजनीतिज्ञ ऊपर से जाति तोडो सम्मेलन करते है किन्तु अन्तरंग से जातीयता को बढावा देते है। जातिवाद के कारण अनेक ऐसे संघ बन गये है जिनमे काफी पिछड़े वर्ग के लोग शामिल हैं । शोषित संघ तो अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित आदिम जातियों का एक संघ है ही। इधर एक नाम दलित पैथर भी सुनाई पड़ने लगा है। दलित का अर्थ है रौदा, कुचला अथवा त्रस्त । जवकि पैथर अंग्रेजी का शब्द है जो चीता अथवा तेदुआ के लिए प्रयुक्त होता है। यह संगठन अनुसूचित जातियो व आदिवासियो का संगठन है जो मूल रूप से जातीय आधार पर संगठित किया गया है। इसी प्रकार जाटों, गूजरो, अहीरो, वैश्यों आदि के भी अनेक संगठन हैं जिनका मुख्य आधार जाति ही है। ब्राह्मणों के कई वर्ग है। कान्यकुब्ज, गौड़, मैथिल, दक्षिणात्य आदि । इनकी भी अनेक सभाएँ व संगठन है जो भारतीय व प्रादेशिक आधार पर बनाये गये है जैसे अखिल भारतीय कान्य कुब्ज सभा, अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा आदि । इन सभाओं का मूल ध्येय जातीय भावनाओं को उकसाना है । जातीय संगठन और जातीय नेता राजनीतिक दलों और राजनीतिज्ञों से सांठ-गांठ करके जाति का राजनीतिकरण करने मे लगे हुए है। सभी राज्यो मे आये दिन जातीय झगडों, तनावों और संघों मे जाति और राजनीति की अन्त:क्रिया ही दिखायी देती है। भारतीय जाति व्यवस्था पर राजनीति का प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता हैं। सभी जाति संगठन किसी न किसी राजनीति दल से अवष्य जुडे हुए हैं।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. जे.एच.हट्टन,'कास्ट इन इंडिया', ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस लन्दन 1963
2. घनश्याम शाह, 'इंट्रोडक्शन संकलित', घनश्याम शाह (सं.), कास्ट एंड डेमोक्रेटिक पॉलिटिक्स इन इंडिया, परमानेंट ब्लैक, नई दिल्ली, 2002.
3. जी.एस. घूर्ये,'कास्ट, क्लास एंड आक्यूपेशन', पॉपुलर बुक डिपो. बॉम्बे, 1969,
4. डॉ. सुभाप काश्यप,'दल-बदल और राज्यों की राजनीति' (मराठ, 1970)
5. लायड आई. रुडाल्फ एण्ड एस. हावर रूडाल्फ,'दि मॉडर्निटी ऑफ ट्रेडीशन' (ओरियण्ट लाग मैन 1969)
6. योगेन्द्र यादव, कायापलट की कहानी : नया प्रयोग, नयी संभावनाएँ नये और संकलित, अभय कुमार दुबे (सं.), लोकतंत्र के सात अध्याय, वाणी प्रकाशन ही एस.डी.एस., नई दिल्ली , 2002,
7. मैक्स वेबर, क्लास स्टेट्स एंड पार्टी, संकलित, दीपांकर गुप्ता (सं.), सोशल स्ट्रेटिफिकेशन, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, नई दिल्ली, 1991,
8. एडमंड आर.लीच, इंट्रोडक्शन : व्हाट शुड बी मीन बाई कास्ट, संकलित, ई. आर.लीच (सं.), ऑस्पेक्टस ऑफ कास्ट इन साउथ इंडिया, साइलोन एंड वेस्ट पाकिस्तान, कैम्ब्रिज, इंग्लैण्ड, 1960

****

अम्बेडकर एवं सामाजिक न्याय का नया आयाम

डॉ. सोमवती शर्मा*

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध पत्र में अम्बेडकर के सामाजिक न्याय के नये आयाम या दृष्टि पर विचार किया गया है। अम्बेडकर पर बौद्ध एवं जैन धर्म का स्पष्ट प्रभाव दिखाई देता है। इस दिशा में अम्बेडकर पर बुद्ध का जो भी प्रभाव था उससे उसे ताकत मिली और वह अपने उद्देश्य सामाजिक न्याय की दिशा में निरन्तर अग्रसर होता रहा, डॉ. अम्बेडकर ने भारत में प्रचलित अस्पृश्यता की प्रथा का गहन विश्लेषण करके और इससे पीड़ित वर्गों को इससे मुक्ति की राह दिखाकर सामाजिक न्याय के लक्ष्य की पूर्ति का भगीरथ प्रयास किया।

शब्द कुंजी – अन्यायपूर्ण, लोकतांत्रिक, वैचारिकी, अवधारणा, वास्तविकता, अलौकिक, बन्धुत्व, गणतंत्रीय, अभिव्यक्ति, दमनकारी, हथकण्डों, अविभाज्य, व्यवहारिक, मापदण्ड, वितरणात्मक, सुधारात्मक, शब्दावली, अन्धविश्वास, नियतिवादी, प्रजातांत्रिक, क्रियान्वयन, गौरवान्वित, परम्परावादी, उन्माद, संवैधानिक, परिचायक।

प्रस्तावना – बीसवीं शताब्दी के महान व्यक्तित्व के धनी डॉ. भीमराव अम्बेडकर एक ऐसे सामाजिक पुरोध के रूप में सामने आए, जिन्होंने समाजोद्धार आन्दोलन को नवीन दिशा प्रदान की। समाज के अत्यन्त दीन-हीन, बेसहारा, उत्पीड़ित, उपेक्षित वंचित वर्गों के उत्थान एवं उत्कर्ष के मार्ग में उनका चिन्तन व्यवहारिक ज्ञान एवं विश्वास पर आधारित था। वे लोग, जिनके लिए अधिकार, समानता और न्याय की बात करना पाप समझा जाता था और समाज में जो एक तरह से नारकीय जीवन जीने के लिए मजबूर थे, उनके जीवन स्तर को सुधारने तथा उनकी इस दयनीय दुर्दशा से मुक्ति के लिए अम्बेडकर द्वारा किए गए अभूतपूर्व प्रयास एवं योगदान सब प्रकार से काबिले तारीफ है।

अम्बेडकर ने स्वीकार किया कि समानता जो न्याय का आधार है, उसे स्थापित करने के लिए संघर्ष करना आवश्यक है। महात्मा बुद्ध के बाद सामाजिक अन्याय और शोषण तथा वर्ग संघर्ष संबंधी सामाजिक दु:ख का निवारण साम्यवादियों ने भी बताया है और साम्यवाद इसके लिए बल प्रयोग की भी बात करता है। बुद्ध केवल सत्य एवं न्याय की स्थापना व सुरक्षा के लिए बल प्रयोग को ही उचित ठहराते हैं। वह भी तब, जब इसकी प्राप्ति के सारे शांतिपूर्ण प्रयास विफल हो जाए। जबकि अम्बेडकर का कहना है कि दरिद्रता तो है, लेकिन दरिद्रता को दूर करने अथवा समता की स्थापना के नाम पर स्वतंत्रता एवं बन्धुत्व का बलिदान नहीं किया जा सकता, जैसा कि सामाजिक न्याय में होता है।

डॉ. अम्बेडकर ने बौद्ध धर्म की जो व्यवस्था प्रस्तुत की, उसमें उन्होंने सामान्यजन को केन्द्र में रखा। उनका मानना है कि बुद्ध के उद्देश्यों का प्रमुख लक्ष्य सामान्य जन या सामान्य उपासक का कल्याण करना है। पंचशील या अष्टांगिक मार्ग की व्याख्या बुद्ध ने सामान्य जन को ही रक्षित करके की है। संघ की स्थापना को उन्होंने एक डवकमस के रूप में इस उद्देश्य से की कि इसके माध्यम से यह प्रत्यक्ष रूप से दर्शाया जा सके कि दु:ख से मुक्ति के लिए अपने अनुभवों के आधार पर जिन आदर्शों एवं उपायों को जीवन में अपनाने के लिए उन्होंने लोगों से कहा, वे व्यवहारिक है अर्थात् उनके द्वारा बताए गए सिद्धान्तों आदर्शों और विधानों को वास्तविक जीवन में उतारा जा सकता है। महात्मा बुद्ध को इन्हीं सब कारणों से कल्याण मित्र कहा गया, जिन वर्गों के लिए और व्यापक रूप से मानवता के लिए अम्बेडकर ने जो काम किया, हम उन्हें भी कल्याण मित्र की श्रेणी में रख सकते हैं।

- **अम्बेडकर पर जैन धर्म का प्रभाव –** जैन धर्मावलम्बियों द्वारा भी प्रचलित सामाजिक व्यवस्था के विकल्प की बात कही गई थी। उसके बाद निरन्तर जो सामाजिक और धार्मिक सुधारक आए, उनके मुँह से भी सामाजिक न्याय समानता और सुधारों की बात आगे बढ़ती रही। मध्यकाल में जो भक्ति आन्दोलन आया, उसने इसमें योग दिया। उसके बाद मध्यकालीनगुरूओं और धार्मिक तथा समाज सुधारकों ने जो प्रयास किये थे और समानता लाने का प्रयास किया था। उसे महात्मा ज्योतिराव फूले (1827-1890) ने आगे बढ़ाया। दक्षिण भारत में नारायण गुरु (1854-1928) ने भी इस दिशा में सक्रिय प्रयास किए। ई.वी. रामास्वामीनायकर (1879-1973) ने भी सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राजनैतिक जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और समाज को प्रजातांत्रिक आधारों पर गठित करने का प्रयास किया, परन्तु भारतीय समाज में मौलिक परिवर्तन लाने में डॉ. अम्बेडकर की भूमिका ज्यादा महत्वपूर्ण है। चूँकि यह पूरा शोध प्रबन्ध उन्हीं के सामाजिक न्याय के संघर्ष, आन्दोलन तथा समाज की पुन:संरचना से सम्बन्ध रखता है। अत: इस स्थान पर उनकी भूमिका के विस्तार में न जाते हुए सामाजिक, सांस्कृतिक परिवर्तन के संदर्भ में उनके मुख्य कार्यों को हम निम्न बिन्दुओं में सारांशीकृत कर सकते हैं-

1. दलित व शुद्र वर्णों की उत्पत्ति उनके दासत्व के कारणों की खोज कर उन वर्णों के लोगों को अपने दासत्व के विरूद्ध संघर्ष के लिए जागृत करना।
2. सार्वजनिक जलाशयों से जलग्रहण करने एवं मंदिरों में प्रवेश पाने संबंधी नागरिक अधिकारों की प्राप्ति हेतु दलितों को संगठित कर आन्दोलन के लिए प्रेरित करना एवं आन्दोलन में उनका नेतृत्व करना।
3. साइमन कमीशन के सम्मुख उपस्थित होने, गोलमेज सम्मेलनों में भाग लेने तथा संविधान सभा को ज्ञापन सौंपने आदि के माध्यम से दलितों के हितों को समाज के सम्मुख प्रभावकारी ढंग से प्रस्तुत करना।

* सह आचार्य (राजनीति विज्ञान) राजकीय कला कन्या महाविद्यालय, कोटा (राज.) भारत

4. ब्रिटिश शासन के अधीन वाइसरायकौन्सिल के लेबरमेम्बर के रूप में श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक वैधानिक उपबन्ध करना।
5. संविधान सभा के सदस्य तथा संविधान की मसौदा समिति के अध्यक्ष के रूप में दलितों, महिलाओं व अन्य कमजोर वगो के हितों की रक्षा के लिए संविधान में आवश्यक वैधानिक उपबन्ध किए जाने में सार्थक भूमिका अदा करना।
6. सामाजिक परिवर्तन में महिलाओं की स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से कानून मंत्री के रूप में हिन्दू कोड बिल का निर्माण करना एवं संसद में उसे पारित कराने के लिए यथासम्भव प्रयत्न करना।
7. ऑलइण्डियाशिडच्यूलकास्ट फेडरेशन समता सैनिक दल एवं रिपब्लिकन पार्टी की आधारभूमि तैयार करने आदि के माध्यम से दलितों को संगठित रूप से राजनीतिक शक्ति प्राप्त करने के लिए एकजूट करना।
8. पिपुल्सएजुकेशन सोसाइटी के गठन के माध्यम से स्कूल व कॉलेज खोलना।
9. आध्यात्मिक उन्नति के लिए भी अम्बेडकर ने यह स्वीकार किया कि सामूहिक रूप से बड़े पैमाने पर बौद्ध धर्मान्तरणआन्दोलन की शुरूआत कर दलितों की आध्यात्मिक मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए।

इन सभी रूझानों में अम्बेडकर के विचारों में जो स्वतंत्रता, समानता व मानवता का जो पक्ष है, वह उजागर होता है और वह पक्ष हमें सामाजिक न्याय की ओर ही ले जाता है।

अम्बेडकर का न्यायपूर्ण समाज वस्तुत: स्वतंत्रता समानता एवं भ्रातृत्व पर आधारित सामाजिक प्रजातंत्र है। समाज मे स्वतंत्रता एवं समानता को तो किसी हद तक संविधान मे स्थापित किया जा सकता है, किन्तु भाईचारे का विकास कानून के आधार पर नहीं किया जा सकता। पुन: कानून के माध्यम से स्थापित की गई स्वतंत्रता एवं समानता स्थाई भी नही होती, अम्बेडकर का मानना था कि स्वतंत्रता, समानता एवं भाईचारे की भावना समाज में वैचारिकी के माध्यम से ही हो सकती है, जो युक्तिसंगतता, तार्किकता एवं नैतिकता पर आधारित हों इसके लिए बौद्ध वैचारिकी से उत्ताम अन्य कोई वैचारिकी नहीं है और यह पाश्चात्य भी नहीं, अपितु भारतीय है। इसका प्रादुर्भाव भारत में 2500 वर्ष पूर्व बुद्ध के धम्म के रूप में हुआ था। अत: उसकी तार्किक एवं युक्तिसंगत मान्यताओं को स्वीकार करते हुए हमें न्याय पर आधारित समाज की रचना करनी चाहिए।

अम्बेडकर एवं सामाजिक न्याय की नयी दृष्टि/नया आयाम – भारत में सामाजिक न्याय के विचार को नैतिक एवं धार्मिक भाईचारे से जोड़ा। वास्तविकता यह है कि उन्होंने भ्रातृत्व पर अधिक बल दिया, उनकी न्याय संबंधी नवीन अवधारणा का उदय भारत की उस सामजिक स्थिति से हुआ, जहाँ वंचित लोग अपनी योग्यता, गुण, शिक्षा, सम्पत्ति, सरकार में उच्च पदों पर आसीन होने के बावजूद सामाजिक अन्याय और भेदभाव के शिकार बने रहे। यह मात्र इस कारण है कि उनका जन्म नीच कही जाने वाली हिन्दू समाज की जातियों के परिवारों में हुआ। गहराई से विचार करने पर यह स्पष्ट होता है कि सामाजिक न्याय की समस्या का यही मूल बिन्दू है। अम्बेडकर के सामाजिक न्याय की धारणा वस्तुत: उसके सामाजिक मानवतावाद की अभिव्यक्ति है, जो अम्बेडकर की मानव समस्याओं के प्रति मूल दृष्टि में अन्त: निहित है। अम्बेडकर की नीतियों एवं क्रियाओं ने भी यह प्रमाणित किया है कि उनका जीवन दर्शन सामाजिक एकता एवं बन्धुत्व पर आधारित है। इस प्रकार से सामाजिक न्याय की धारणा की अनुभूति या व्यवहारिकता आदमी के मन की शुद्धता और सदाचरण के माध्यम से ही संभव हो सकती है।

सामाजिक मानवतावाद का दर्शन सामाजिक न्याय को एक सम्पूर्ण व्यवस्था के रूप में देखता है। अर्थात् सामाजिक न्याय अपने में स्वयं एक व्यापक व्यवस्था है, जिसके अन्तर्गत न्याय के सभी पक्ष सम्मिलित है। चाहे न्याय हो, आर्थिक एवं नैतिक अथवा राजनैतिक तथा धार्मिक न्याय हो। यदि किसी एक पक्ष की ओर ध्यान दिया जाए तो सम्पूर्ण तंत्र का ज्ञान और उसके उपकरणों के विषय में जानकारी अनिवार्य हो जाती है। अत: बिना पर्याप्त और व्यापक ज्ञान के सामाजिक न्याय को समझना और उसे व्यवहारिक बनाना अति कठिन है। इसलिए सुकरात की तरह अम्बेडकर ने भी ज्ञान के महत्व को स्वीकार करते हुए उसे व्यवहार में लाने पर बल दिया है और उनका मानना है कि सही, व्यापक और समृद्ध ज्ञान ही न्याय को सम्भव बना सकता है। अत: ज्ञान तथा सामाजिक न्याय का अविभाज्य सम्बन्ध है।

डॉ. अम्बेडकर की नवीन दृष्टि के अनुसार विगत स्थिति को सुधारना, वर्तमान को संभालना और भविष्य को नियोजित करना है। सामाजिक न्याय से हामरी यही अपेक्षाएँ है। इस प्रकार अम्बेडकर के विचारों में सामाजिक न्याय का जो नया आयाम या नवीन दृष्टि दिखाई देती है, उसे कुछ आधारभूत बिन्दुओं में निम्नानुसार प्रस्तुत किया जा सकता है–

1. सामाजिक न्याय अपनी व्यापकता में एक सम्पूर्ण व्यवस्था है। जो किसी निश्चित देश काल की सीमाओं में अवस्थित होती है और उसके स्वरूप में अनेक पक्ष अन्त: निहित है।
2. सामाजिक न्याय समाज की भिन्न–भिन्न स्थितियों अपनी उपव्यवस्थाओं के माध्यम से घटित होने वाली प्रक्रिया है और ये उपव्स्थाएँ जैसे– आर्थिक न्याय तथा राजनैतिक न्याय, विशिष्ट व्यक्तियों एवं वर्गों को विधिसंगत रूप से लाभ पहुँचाती है।
3. सामाजिक न्याय कोई अन्त होने वाली व्यवस्था नहीं है। यह निरन्तर चलने वाली एक धारा है, एक सक्रिय आन्दोलन है, जिसका संचालन और क्रियान्वयन विभिन्न अभिकरणों द्वारा समय–समय पर होता रहता है ताकि संबंधित लोगों को आवश्यकतानुसार सहायता एवं न्याय मिलता रहे।
4. सामाजिक न्याय का मुख्य लक्ष्य तो देशकाल की समाज व्यवस्था को समग्र दृष्टि से सर्वहित में न्यायोचित बनाना है, लेकिन उनमें भी कुछ प्राथमिकताऐं निर्धारित की जाती है, ताकि विशिष्ट स्थिति में निर्धन एवं निर्बल लोगों की समुचित देखभाल हो सके। इसलिए उपव्यवस्थाओं को भिन्न–भिन्न रूप एवं स्थिति में प्रभावी बनाने पर बल दिया जाता है।
5. सामाजिक न्याय की विचारधारा चूँकि एक आन्दोलन है, कुछ को कुछ देने और कुछ से कुछ त्यागने की प्रक्रिया है। इसलिए उसे निहित स्वार्थी तत्व अवरूद्ध करने का प्रयास करते हैं, किन्तु साथ ही ऐसे भी परमार्थी या परोपकारी तत्व होते हैं, तो इस आन्दोलन को उर्जा और गति प्रदान करते हैं। अत: अम्बडकर ने स्वीकार किया है कि भले ही सामाजिक न्याय की धारा धीमी रहे परन्तु यह निरन्तर बहती रहती है।

अत: नवीन दृष्टि को सारांश रूप से यही कह सकते है कि भले ही यह एक नया विचार प्रतीत न हो, पर यह सामान्य नागरिकों को नयेपन का अहसास कराने की सामर्थ्य रखती है और विशिष्ट लोगों विशेषकर बुद्धिजीवियों एवं शोधार्थियों को सम्प्रेरित करती है कि ये भारतीय संविधान में निहित विधिक तत्वों, बाबा साहेबअम्बेडकर के चिन्तन के मूल लक्ष्यों

और वर्तमान सामाजिक स्थिति की विसंगतियों का समग्र दृष्टि से राष्ट्र हित में अध्न और समीक्षा है। प्रस्तुत शोध का भी यही मुख्य सरोकार है।

निष्कर्ष – डॉ. भीमरावअम्बेडकर (14 अप्रेल 1891 6 दिसम्बर 1956) सामाजिक न्याय के पर्यायवाची के रूप में हमारे सामने आते है। उनकी कर्त्तव्यपरायणता, ईमानदारी, मेहनत, लगन और अथाह ज्ञान के समुद्र होने के कारण ही उनको बाबा साहेब की सम्मानजनक उपाधि से नवाजा गया था। जन्म के समय और बालपन में माता–पिता ने कभी सोचा भी नहीं था कि पिछड़ी जाति में जन्म लेने वाला यह बालक अपने देश का नाम दुनिया के नक्शें में चमकते हुए स्वर्णिम लालिमा से अंकित करेगा। डॉ. भीमराव अम्बेडकर को संविधान निमात्री समिति का अध्यक्ष बनाया गया। बाद में वे कानून मंत्री भी रहे। उनकी अध्यक्षता में भारत के संविधान का कार्य सम्पन्न हुआ था। यह संविधान दुनियाभर के तमाम लिखित संविधानों में सबसे बड़े संविधान के रूप में जाना गया और आज भी वह विश्व का सबसे बड़ा संविधान है। राष्ट्रीय आन्दोलन के दौरान और संविधान निर्माण के दौरान उनका जो रूझान रहा और व्यक्ति की गरिमा के निमित्ता मूल अधिकारों में जिस समानता के अधिकार की व्यवस्था की गई, सामाजिक न्याय की दृष्टि से वह सबसे महत्वपूर्ण अधिकार है, जिसके साये में आज भी दलित अपने को गौरवान्वित महसूस करता है। संविधान में सामाजिक न्याय की दृष्टि से जो कुछ उन्होंने दिया है, उसकी वजह से हमारी आने वाली तमाम पीढ़ियाँ गौरव के साथ उनको याद करती रहेगी। बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर को भारत सरकार से मरणोपरान्त 1990 में भारत के सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' से भी सम्मानित किया गया है। वास्तविकता तो यह है कि यह सम्मान उनको बहुत पहले ही मिल जाना चाहिए था। परन्तु योग्यता कभी भी सम्मान अथवा पुरस्कार की भूखी नहीं होती, बल्कि सम्मान तो खुद–ब–खुद योग्यताओं के कदम चूमता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. अम्बेडकर, बाबा साहेबय 'राइटिंग्स एण्ड स्पीचेस', खण्ड–3, महाराष्ट्र सरकार का प्रकाशन, बम्बई – 1987, पृ. सं. 25
2. गाबा, ओ.पी. 'राजनीतिक सिद्धान्त एवं चिन्तन', मयूर पेपर बेग्स, नोएडा – 2009, पृष्ठ संख्या 310
3. सिंह, रामगोपालय 'डॉ. अम्बेडकर सामाजिक न्याय एवं परिवर्द्धन', – नेशनल पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, 2006, पृष्ठ संख्या 41
4. चौहान, संदीप सिंह (उद्धृत) 'भारत में दलित चेतना', आर. बी.एस.ए. जयपुर, प्रथम संस्करण, 2004, पृ. सं. 67
5. सिंह, आर. जी. 'सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और जाति व्यवस्था', रावत पब्लिकेशन्स, जयपुर, 1999, पृ.सं. 34
6. सिंह, आर. जी. 'डॉ. अम्बेडकर (सामाजिक न्याय एवं परिवर्तन)', नेशनल पब्लिशिंग हाउस, जयपुर, 2006, पृ.सं. 68
7. वही, पृष्ठ संख्या 69
8. अम्बेडकर, बी.आर. 'राइटिंग्स एण्ड स्पीचेज', गवर्नमेन्ट ऑफ महाराष्ट्र प्रकाशन, बम्बई, 1987, पृ.सं. 35
9. सिंह, आर. जी. 'सामाजिक न्याय एवं दलित संघर्ष', राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, 1994, पृ.सं. 95–110
10. जाटव, डी. आर. 'सामाजिक न्याय का सिद्धान्त', समता प्रकाशन, जयपुर, 1998, पृ.सं. 62
11. सिंह, आर. जी. 'सामाजिक न्याय एवं दलित संघर्ष', (डॉ. भीमराव के विशेष संदर्भ में), राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, 1994, पृ. सं. 99

****

Impact of Modernization on Indian Families

Dr. Sandhya Jaipal*

Abstract - Modernization has had a significant impact on Indian families in recent years. The rise of urbanization, globalization, and technological advancements has changed the way Indian families live, work, and interact with one another. This paper examines the impact of modernization on modern Indian families. It looks at changes in family structure, gender roles, intergenerational relationships, parenting practices, marriage and family formation, communication and family dynamics, education and career choices, financial status and economic independence, work-life balance, and leisure and free time. It explores the positive and negative effects of modernization on Indian families and the challenges and opportunities that arise as a result. It argues that modernization has had a profound impact on Indian families and societies, leading to both positive changes, such as increased autonomy, gender equality, and access to education and technology, as well as negative consequences, such as a decrease in extended family support networks and a lack of access to financial services.

Keywords- modernization, Indian families, impact, social change, family dynamics, cultural values, gender roles, intergenerational relationships, urbanization, globalization, technology, traditional family structure, modernization process, social mobility, family planning, marriage and divorce, child-rearing practices, family support systems.

Introduction - The modernization of Indian families has had a deep impact on the culture and lifestyle of the country. In the past, Indian families were largely traditional and hierarchical, with the elderly playing a prominent role in decision-making. But in recent years, the traditional structure of Indian families has been replaced by a more modern and egalitarian approach. This has led to greater autonomy for family members, increased gender equality, and a greater focus on individual freedom and self-expression. The modernization of Indian families has also helped create a more diverse and tolerant society, one that is more open to change and embracing of globalization. Overall, modernization has had a significant impact on Indian families. While there have been positive changes, such as increased access to education and technology, modernization has also had negative consequences, such as a decrease in extended family support networks. Despite these challenges, Indian families have been able to adapt to the changing times and continue to be a source of strength, support, and stability for one another.

Family Structure in Modern India: Traditional Indian family structures were typically large, extended families that lived together and placed a strong emphasis on maintaining close family ties. The head of the family was typically the eldest male, who made decisions for the family and was responsible for its welfare. Modernization has brought about significant changes to family structure in India, with families becoming smaller and more nuclear in nature.

1. The Nuclear Family: The nuclear family, consisting of a married couple and their children, has become increasingly common in modern India. This shift has been influenced by factors such as urbanization, economic independence, and changing cultural attitudes towards family life. Nuclear families offer greater freedom and independence for individuals, but also place a greater burden on parents to provide for and care for their children.

2. Single-Parent and Joint Families: In addition to the nuclear family, there has been a rise in single-parent and joint families in modern India. Single-parent families are typically headed by a single mother or father and can result from a range of factors such as divorce, death, or separation. Joint families, on the other hand, consist of multiple generations living together under one roof. While joint families offer support and security, they can also lead to challenges such as conflicts over decision-making and property disputes.

3. Impact of Modernization on Family Structure: Modernization has brought about significant changes to family structure in India, with families becoming smaller and more nuclear in nature. This shift has been influenced by factors such as urbanization, economic independence, and changing cultural attitudes towards family life. While the nuclear family offers greater freedom and independence for individuals, it also places a greater burden on parents to provide for and care for their children.

Gender Roles in Modern India: Traditionally, Indian society has had distinct gender roles, with men expected to be the breadwinners and women expected to be homemakers and caretakers of the family. Modernization has brought about significant changes to gender roles in India, with increasing

***Associate Professor (Sociology) S.D. Govt. College, Beawar (Raj.) INDIA**

numbers of women entering the workforce and taking on more active roles in society.

1. **Impact of Education and Career Choices:** Increased access to education and job opportunities has had a significant impact on gender roles in India. Women are now able to pursue a wider range of careers, including those that were traditionally male-dominated. This shift has been influenced by factors such as globalization, technological advancements, and changing cultural attitudes towards gender roles.
2. **Impact on Family Life:** Modernization has brought about major changes to family life in India, with women taking on more active roles in the workforce and in the home. This shift has been influenced by factors such as increased access to education and job opportunities, and changing cultural attitudes towards gender roles. Women are now more likely to be breadwinners and to share household responsibilities with their partners.
3. **Challenges to Gender Equality:** Regardless of these changes, there remain significant challenges to gender equality in India. Women still face discrimination in the workplace and in society, and are often paid less than men for similar work. Violence against women remains a significant issue, and women are still underrepresented in leadership positions in many industries.

Intergenerational Relationships in Modern India: Traditionally, Indian families placed a strong emphasis on intergenerational relationships, with elders playing an important role in the family and passing on their wisdom, values, and traditions to younger generations. Modernization has brought about significant changes to intergenerational relationships in India, with families becoming more dispersed and individualistic.

1. **Impact of Urbanization and Nuclear Families:** Urbanization and the rise of nuclear families have had a considerable impact on intergenerational relationships in India. Nuclear families offer greater freedom and independence for individuals, but also place a greater burden on parents to provide for and care for their children. This shift has been influenced by factors such as urbanization, economic independence, and changing cultural attitudes towards family life.
2. **Loss of Family Traditions and Values:** The changes brought about by modernization have also led to the loss of some family traditions and values in India. Younger generations may be less likely to maintain close relationships with their elders, and may have less exposure to family traditions and values. This loss of cultural knowledge and wisdom can have a negative impact on future generations.
3. **Opportunities for Intergenerational Connection:** In spite of these difficulties, there are also opportunities for intergenerational connection in modern India. Advances in communication technology have made it easier for families to stay connected, regardless of geographical distance. There is also a growing recognition of the importance of intergenerational relationships, and efforts are being made to support families in maintaining close relationships with their elders.

Parenting Practices in Modern India: Parenting practices in India have been shaped by a combination of cultural, religious, and socioeconomic factors. Modernization has brought about significant changes to parenting practices in India, with families facing new challenges and opportunities in the raising of their children.

1. **Impact of Changing Family Structures:** The rise of nuclear families and increasing numbers of women entering the workforce has had a significant impact on parenting practices in India. With both parents often working, there may be a greater need for alternative forms of childcare, such as daycare or babysitters. This shift has been influenced by factors such as urbanization, economic independence, and changing cultural attitudes towards family life.
2. **Influence of Western Values:** Modernization has also brought with it increased exposure to Western values and ideas, which have influenced parenting practices in India. This has led to a growing emphasis on individualism and a decline in traditional extended family structures, which in turn has influenced parenting practices.
3. **Challenges to Effective Parenting:** Notwithstanding these changes, there remain considerable challenges to effective parenting in modern India. Family life can be stressful, with both parents often working long hours and facing financial pressures. There may also be a lack of support from extended family and community, which can leave parents feeling isolated and overwhelmed.
4. **Opportunities for Positive Parenting:** In the face of these challenges, there are also opportunities for positive parenting in modern India. Advances in communication technology have made it easier for families to stay connected and access resources and support. There is also a growing recognition of the importance of positive parenting practices, and efforts are being made to support families in providing their children with a supportive and nurturing environment.

Marriage and Family Formation in Modern India: Marriage and family formation have long been central to Indian culture and society, with families playing a key role in maintaining social and cultural traditions. Modernization has brought about significant changes to marriage and family formation in India, as cultural attitudes and societal norms have evolved.

1. **Impact of Changing Attitudes towards Marriage:** In recent years, there has been a growing trend towards individualism in India, with many people placing a greater emphasis on personal freedom and autonomy. This has led to a decline in traditional arranged marriages and an increase in love marriages, in which individuals choose their own partners. The rise of modern forms of communication and increased exposure to Western ideas and values has also influenced changing attitudes towards marriage in

India.

2. Challenges to Family Formation: Even with these changes, there remain major challenges to family formation in modern India. With both partners often working long hours and facing financial pressures, it can be difficult to find time and resources to start a family. There may also be a lack of support from extended family and community, which can leave couples feeling isolated and overwhelmed.

3. Opportunities for Stronger Families: Regardless of these challenges, there are also opportunities for stronger families in modern India. Advances in communication technology have made it easier for families to stay connected, regardless of geographical distance. There is also a growing recognition of the importance of strong families, and efforts are being made to support couples in starting and building healthy, supportive relationships.

Communication and Family Dynamics in Modern India: Communication and family dynamics play a crucial role in shaping relationships and interactions within families in India. Modernization has brought about significant changes to communication and family dynamics in India, with families facing new challenges and opportunities in their relationships with one another.

1. Impact of Technology on Communication: Advances in communication technology have had a deep impact on family dynamics in India, making it easier for families to stay connected and communicate with one another, regardless of geographical distance. The widespread use of smartphones and other digital devices has enabled families to stay in touch and share updates and information in real-time, leading to more frequent and meaningful interactions.

2. Challenges to Effective Communication: In spite of these advances, there remain noteworthy challenges to effective communication in modern India. The widespread use of technology can lead to distractions and reduced face-to-face interaction, potentially leading to misunderstandings and conflicts within families. There may also be a lack of digital literacy and access to technology, particularly among older generations, which can create barriers to communication and limit the ability of families to stay connected.

3. Opportunities for Improved Family Dynamics: Advances in technology have made it easier for families to stay connected, build stronger relationships, and share experiences and information. There is also a growing recognition of the importance of effective communication in maintaining healthy family relationships, and efforts are being made to support families in improving their communication skills and understanding one another.

Education and Career Choices in Modern India: Education and career choices play a crucial role in shaping the lives of individuals and families in India. Modernization has brought about significant changes to the education and career opportunities available to people in India, as well as attitudes towards education and work.

1. Impact of Education on Career Choices: The rise of modern education systems in India has had a profound impact on career choices, with increasing numbers of people choosing to pursue higher education and professional careers. This has led to a shift away from traditional occupations, such as farming and manual labor, towards more modern and technical fields, such as information technology and engineering.

2. Challenges to Career Advancement: Unemployment remains high, and there is a shortage of high-quality job opportunities in many parts of the country, particularly in rural areas. There may also be a lack of access to education and training, as well as discrimination and bias in the workplace, which can limit the career advancement opportunities of individuals, particularly women and marginalized groups.

3. Opportunities for Improved Career Outcomes: The rise of modern industries and the growth of the economy have created new job opportunities, particularly in urban areas. There is also a growing recognition of the importance of education and skills training in enhancing career prospects, and efforts are being made to improve access to education and training for individuals from all backgrounds.

विश्वसनीयता - पैमाने की विश्वसनीयता जानने के लिए तीन विधियों से गणना की गई।

1. निर्भरता अर्थात अल्प अवधि परीक्षण-पुन: परीक्षण सहसंबंध।
2. स्थिरता अर्थात एक लंबे अंतराल के बाद पुन:परीक्षण।
3. आंतरिक दृढता अर्थात अर्द्ध विभक्त सहसंबंध।

शैक्षिक तनाव के लिए निर्भरता, स्थिरता और आंतरिक दृढता गुणांक क्रमश: 0.87, 0.82 एवं 0.88 थे तथा निराशा, झगड़ा, दबाव और उत्कंठा के लिए आंतरिक दृढता गुणांक (कुल और अवयव आँकड़ों के बीच संहसंबंध) क्रमश: 0.37, 0.52, 0.39 और 0.58 थे। सभी सहसंबंध विश्वसनीयता के 0.05 स्तर पर सार्थक थे।

वैधता - सभी पैमाने अंतनिर्हित विषय वस्तु की मात्रा की वैधता और वस्तु की वैधता पर जाचें गये। वस्तुओं के चुनाव की विधि ने इस मान्यता को सहायता प्रदान की। इसके अतिरिक्त संरचना वैधता (अविवेकशीलता) का अनुमान **टू फोल्ड फैंशन** के द्वारा लगाया गया। पहले प्रकार के निरीक्षण में विभिन्न विद्यार्थियों से संबंधित संरचना मापी गई। द्वितीय निरीक्षण किया जो सिद्धांत के द्वारा अनुमानित संरचना पैमाने के द्वारा मापित संरचना से संबंधित नहीं थी। इसके लिए आंतरिक मूल्यांकन किया गया। दोनों परीक्षण में संरचना की वैधता दृढ़ थी।

प्रदत्त एकत्रीकरण की प्रक्रिया - प्रस्तुत परीक्षण को अधिकतम 100 विद्यार्थियों पर एक साथ प्रशासित किया गया। विद्यार्थियों को पृथक करके बैठाया गया ताकि विद्यार्थी एक दूसरे के साथ अथवा आपस में उत्तारों की नकल ना कर सकें। विद्यार्थियों को परीक्षण पत्र वितरित करने के पश्चात उस पर दिये गये निर्देशो को पढ़ कर सुनाया गया तथा परीक्षण पत्र पर दिये गये उदाहरणों को विद्यार्थियों को समझाया गया।

प्रदत्तों का सारणीयन एवं विवेचना-

माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी एवं गैर-योगाभ्यासी विद्यार्थियों के मध्य कुल शैक्षिक तनाव के माध्य अंकों में कमी के मध्यमान, प्रमाणिक विचलन तथा 't' मान को प्रदर्शित करती तालिका-1

घटक	समूह	N	मध्यमान	प्रमाणिक विचलन	't' का मान
शैक्षिक तनाव (कुल)	योगाभ्यासी विद्यार्थी	50	13.09	11.782	6.456*
	गैर-योगाभ्यासी विद्यार्थी	50	2.29	1.032	

***0.01 स्तर पर सार्थक**

उपरोक्त तालिका **क्रमांक 1** दर्शाती है कि माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी एवं गैर-योगाभ्यासी विद्यार्थियों के मध्य कुल शैक्षिक तनाव के माध्य अंकों में कमी के मध्यमान क्रमश: **13.09**एवं **2.29**, प्रमाणिक विचलन क्रमश: **11.782**एवं **1.032**तथा परिगणित t परीक्षण का मान **6.456** है, जो मुक्तांश 98 के लिए 0.01 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 2.68 से अधिक है। अत: शून्य परिकल्पना '**माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी एवं गैर-योगाभ्यासी विद्यार्थियों के मध्य कुल शैक्षिक तनाव के माध्य अंकों की कमी में कोई सार्थक अंतर नहीं है**' को अस्वीकृत किया जाता है। माध्यमिक स्तर के गैर-योगाभ्यासी विद्यार्थियों की तुलना में योगाभ्यासी विद्यार्थियों के शैक्षिक तनाव में ज्यादा कमी पायी गयी है। अत: योग विद्यार्थियों के शैक्षिक तनाव को कम करने में सार्थक भूमिका निभाता है।

तालिका- 2: माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी एवं गैर-योगाभ्यासी विद्यार्थियों के मध्य शैक्षिक तनाव के घटक शैक्षिक हताशा के माध्य अंकों में कमी के मध्यमान, प्रमाणिक विचलन तथा 't' मान को प्रदर्शित करती तालिका

घटक	समूह	N	मध्यमान	प्रमाणिक विचलन	't' का मान
शैक्षिक हताशा	योगाभ्यासी विद्यार्थी	50	4.72	2.81	8.886*
	गैर-योगाभ्यासी विद्यार्थी	50	50	0.45	1.91

***0.01 स्तर पर सार्थक**

उपरोक्त तालिका **क्रमांक 2** दर्शाती है कि माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी एवं गैर-योगाभ्यासी विद्यार्थियों के मध्य शैक्षिक तनाव के घटक शैक्षिक हताशा के माध्य अंकों में कमी के मध्यमान क्रमश: **4.72** एवं **0.45** , प्रमाणिक विचलन क्रमश: **2.81**एवं **1.91** तथा परिगणित t परीक्षण का मान **8.886** है, जो मुक्तांश 98 के लिए 0.01 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 2.68 से अधिक है। अत: शून्य परिकल्पना '**माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी एवं गैर-योगाभ्यासी विद्यार्थियों के मध्य शैक्षिक तनाव के घटक शैक्षिक हताशा के माध्य अंकों की कमी में कोई सार्थक अंतर नहीं है**' को अस्वीकृत किया जाता है। माध्यमिक स्तर के गैर-योगाभ्यासी विद्यार्थियों की तुलना में योगाभ्यासी विद्यार्थियों के शैक्षिक तनाव के घटक शैक्षिक हताशा में ज्यादा कमी पायी गयी है।

तालिका- 3: माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी एवं गैर-योगाभ्यासी विद्यार्थियों के मध्य शैक्षिक तनाव के घटक शैक्षिक द्वन्द के माध्य अंकों में कमी के मध्यमान, प्रमाणिक विचलन तथा 't' मान को प्रदर्शित करती तालिका

घटक	समूह	N	मध्यमान	प्रमाणिक विचलन	't' का मान
शैक्षिक द्वन्द	योगाभ्यासी विद्यार्थी	50	4.23	7.121	3.492*
	गैर-योगाभ्यासी विद्यार्थी	50	0.68	0.981	0.981

*0.01 स्तर पर सार्थक

उपरोक्त तालिका **क्रमांक 3** दर्शाती है कि माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी एवं गैर-योगाभ्यासी विद्यार्थियों के मध्य शैक्षिक तनाव के घटक शैक्षिक द्वन्द के माध्य अंकों में कमी के मध्यमान क्रमश: 4.23 एवं 0.68, प्रमाणिक विचलन क्रमश: 7.121 एवं 0.981 तथा परिगणित t परीक्षण का मान **3.492** है, जो मुक्तांश 98 के लिए 0.01 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 2.68 से अधिक है। अत: शून्य परिकल्पना '**माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी एवं गैर-योगाभ्यासी विद्यार्थियों के मध्य शैक्षिक तनाव के घटक शैक्षिक द्वन्द के माध्य अंकों की कमी में कोई सार्थक अंतर नहीं है**' को अस्वीकृत किया जाता है। माध्यमिक स्तर के गैर-योगाभ्यासी विद्यार्थियों की तुलना में योगाभ्यासी विद्यार्थियों के शैक्षिक तनाव के घटक शैक्षिक द्वन्द में ज्यादा कमी पायी गयी है।

तालिका- 4: माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी एवं गैर-योगाभ्यासी विद्यार्थियों के मध्य शैक्षिक तनाव के घटक शैक्षिक दबाव के माध्य अंकों में कमी के मध्यमान, प्रमाणिक विचलन तथा 't' मान को प्रदर्शित करती तालिका

घटक	समूह	N	मध्यमान	प्रमाणिक विचलन	't' का मान
शैक्षिक दबाव	योगाभ्यासी विद्यार्थी	50	3.12	3.25	4.859*
	गैर-योगाभ्यासी विद्यार्थी	50	0.82	1.21	0.981

*0.01 स्तर पर सार्थक

उपरोक्त तालिका **क्रमांक 4** दर्शाती है कि माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी एवं गैर-योगाभ्यासी विद्यार्थियों के मध्य शैक्षिक तनाव के घटक शैक्षिक दबाव के माध्य अंकों में कमी के मध्यमान क्रमश: **3.12**एवं **0.82**, प्रमाणिक विचलन क्रमश: **3.25**एवं **1.21**तथा परिगणित t परीक्षण का मान **4.859**है, जो मुक्तांश 98 के लिए 0.01 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 2.68 से अधिक है। अत: शून्य परिकल्पना '**माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी एवं गैर-योगाभ्यासी विद्यार्थियों के मध्य शैक्षिक तनाव के घटक शैक्षिक दबाव के माध्य अंकों की कमी में कोई सार्थक अंतर नहीं है**' को अस्वीकृत किया जाता है। माध्यमिक स्तर के गैर-योगाभ्यासी विद्यार्थियों की तुलना में योगाभ्यासी विद्यार्थियों के शैक्षिक तनाव के घटक शैक्षिक दबाव में ज्यादा कमी पायी गयी है।

तालिका- 5: माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी एवं गैर-योगाभ्यासी विद्यार्थियों के मध्य शैक्षिक तनाव के घटक शैक्षिक उत्कंठा के माध्य अंकों में कमी के मध्यमान, प्रमाणिक विचलन तथा 't' मान को प्रदर्शित करती तालिका

घटक	समूह	N	मध्यमान	प्रमाणिक विचलन	't' का मान
शैक्षिक उत्कंठा	योगाभ्यासी विद्यार्थी	50	2.85	4.82	3.981*
	गैर-योगाभ्यासी विद्यार्थी	50	0.62	1.13	

*0.01 स्तर पर सार्थक

उपरोक्त तालिका **क्रमांक 5** दर्शाती है कि माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी एवं गैर-योगाभ्यासी विद्यार्थियों के मध्य शैक्षिक तनाव के घटक शैक्षिक उत्कंठा के माध्य अंकों में कमी के मध्यमान क्रमश: **2.85**एवं **0.62**, प्रमाणिक विचलन क्रमश: **4.82** एवं **1.13** तथा परिगणित t परीक्षण का मान **3.981**है, जो मुक्तांश 98 के लिए 0.01 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 2.68 से अधिक है। अत: शून्य परिकल्पना '**माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी एवं गैर-योगाभ्यासी विद्यार्थियों के मध्य शैक्षिक तनाव के घटक शैक्षिक उत्कंठा के माध्य अंकों की कमी में कोई सार्थक अंतर नहीं है**' को अस्वीकृत किया जाता है। माध्यमिक स्तर के गैर-योगाभ्यासी विद्यार्थियों की तुलना में योगाभ्यासी विद्यार्थियों के शैक्षिक तनाव के घटक शैक्षिक उत्कंठा में ज्यादा कमी पायी गयी है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. Banerjee, S. (2011). Effect of various counselling strategies on academic stress of secondary Level students. Unpublished Ph.D. Thesis, Punjab University, Chandigarh.
2. Batni devi and Meetu (2003) Effectiveness of selected yogic ezercise on anziey and adjustment of eleventh grades. Recent Research in Education and psychology, vol 8 (1) 85-88.
3. बेरॉन (1992) सन्दर्भित सामान्य मनोविज्ञान, अरूण कुमार सिंह (2010)दिल्ली मोतीलात बनारसी दास, पृ0 संख्या 754-756।
4. Bisht, A.R. (1980). A study of stress in relation to school climate and academic achievement (age group 13-17). Unpublished doctoral thesis, Education, kumaon university.
5. गुप्ता एवं गुप्ता, (2008), शिक्षा के मनोवैज्ञानिक आधार, शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद।
6. J. V. Rama Chandra Rao (2015). Academic Stress among Adolescent Students, Conflux Journal of Education, ISSN 2320-9305 E-ISSN 2347-5706 vol 2(9). http://cjoe.naspublishers.com/
7. Krishan, L. (2014). Academic Stress among Adolescent In Relation To Intelligence and DemographicFactors, American International Journal of Research In Humanities, Arts And Social Sciences, ISSN (print): 2328-3734, ISSN (online): 2328-3696, ISSN (cd-rom): 2328- 3688 pp123-129.
8. Kochar, H.C. (1976). Influence of Yogic Practices on mental Fatigue. *Yoga Mimansa*, Vol.28 (2), 3.
9. Lazarus, R.S. (1984) Puzzles in the study of daily

hassles. *Journal of Behavioural Medicine*, Vol. 7, 375-389.

10. मुछाल, एम0 के0 (2004) योग के वैज्ञानिक पहलू, योजना, वोल्यूम 52 न0 2।
11. मुछाल, एम0 के0 (2005) मानसिक अवसाद एवं योग, योजना, वोल्यूम 49 न0 2।
12. मुछाल, एम0 के0 (2006) तनाव मुक्ति में योग, योजना, वोल्यूम, प्रकाशन विभाग, नई दिल्ली वर्ष, 51 न0 1।
13. मुछाल, एम0 के0 (2009) प्राणायाम: रोगोपचार की सामर्थ्यदायी प्रक्रिया, योजना प्रकाशन, विभाग नई दिल्ली, वोल्यूम 52 न0 2।
14. मनानी, प्रीति एवं गौतम, मुकेश कुमार (2011) एग्जामिनेशन एन्जाइटी एज ए डिटरमेन्ट ऑफ डिप्रेशन एण्ड सुसाइडल आइडिएशन एट हायर सकेण्डरी लेवल फोर्थ एनुअल इशु डी0 ई0 आई0 फोएरा पृ0 149–150।
15. Rani, J.N. and Rao, K.V.P. (2005) Impact of yoga training on body image and depression Andhra Unversity, Vishkhapatnam Psychological Studies, Vol 50(1)98-100.
16. राय, पी. एन., (2007). अनुसंधान परिचय, आगरा, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, आगरा प्रकाशन, आगरा।
17. सिंह, ए.के. (2009). मनोविज्ञान समाजशास्त्र तथा शिक्षा में शोध विधियाँ, मोतीलाल बनारसी दास प्रकाशन, दिल्ली।
18. सिंह, जोगेन्दर (2012) नो टेशन, अमर उजाला(उडान), आगरा संस्करण 08 फरवरी पृ0 1।
19. शर्मा श्रीराम 'व्यक्तित्व विकास हेतु उच्च स्तरीय साधनाएँ', अखंड ज्योति संस्थान मथुरा संस्करण द्धितीय वर्ष 1998
20. VIRK, J.S. (1971) EFFECT OF YOGIC ASANAS ON TRUNK FLEXIBILITY. *Unpublished M.A. dissertation*, Physical Education, Panjab University, Chandigarh

****

आर्थिक विकास एवं पर्यटन – एक समीक्षा

डॉ. प्रवीण पंड्या*

शोध सारांश – पर्यटन देश के आर्थिक विकास और रोजगार सृजन का एक महत्वपूर्ण कारक है। पर्यटन क्षेत्र में महत्व को इसी बात में समझा जा सकता है कि विश्व व के करीब डेढ़ सौ देशों में विदेशी मुद्रा की कमाई करने वाले पाँच प्रमुख क्षेत्रों में पर्यटन भी एक है। जिससे देश की अर्थव्यवस्था के विकास में काफी मदद मिलती है। यद्यपि विश्व पर्यटन में वर्तमान में भारत की हिस्सेदारी बहुत कम है। अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या में भारत की हिस्सेदारी मात्र 0.64 प्रतिशत है तथा विश्व भर में पर्यटन से होने वाली आय में इस समय भारत की हिस्सेदारी मात्र 5.72 प्रतिशत है तथापि इसे देखते हुए यह भी कहा जा सकता है कि देश में पर्यटन क्षेत्र के विकास में अपार संभावनाएँ हैं।

प्रस्तावना – पर्यटन देश के आर्थिक विकास और रोजगार सृजन का एक महत्वपूर्ण कारक है। अन्य आर्थिक क्रियाओं की तरह पर्यटन भी एक आर्थिक क्रिया है हालांकि पर्यटन स्वयं में एक संगठित उद्योग है परन्तु इसकी सीमाएँ बहुत विशाल हैं, विभिन्न स्थानों पर बिखरी हुई है तथा इसके लाभ राष्ट्र की समस्त जनता को उपलब्ध होते हैं। वे सभी व्यक्ति जो पर्यटन स्थलों में निवास करते हैं, पर्यटन क्रिया में सक्रिय होते हैं। समस्त पर्यटक चाहे वे स्वदेशी हों या विदेशी क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था के विकास में तथा लोगों को रोजगार प्रदान करवाने में सहायक होते हैं।

योजना आयोग के एक आकलन के अनुसार प्रत्येक दस लाख रूपये के निवेश पर पर्यटन क्षेत्र में 78 लोगों को रोजगार मिल सकता है। आयोग ने देश में कम दक्षता और अर्द्धदक्षता वाले श्रमिकों को रोजगार प्रदान करने वाला दूसरा बड़ा क्षेत्र पर्यटन को माना है। वास्तव में देश के आर्थिक विकास में जिस प्रकार कृषि एवं औद्योगिक क्षेत्र के विकास की अहम भूमिका है उसी प्रकार वर्तमान समय में अर्थव्यवस्था के तृतीय स्तंभ कहे जाने वाले क्षेत्र के अंतर्गत 'पर्यटन' महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

शोध का उद्देश्य :

- वर्तमान परिदृश्य में देश के आर्थिक विकास में पर्यटन की भूमिका का अध्ययन करना।
- देश में रोजगार संवर्द्धन में पर्यटन की भूमिका का अध्ययन करना।
- देश में राष्ट्रीय आय में पर्यटन का योगदान ज्ञात करना।

शोध प्रविधि – प्रस्तुत शोध पत्र सम्पूर्ण रूप से द्वितीयक समंको पर आधारित है जिन्हें विभिन्न पुस्तकों, शोध पत्रिकाओं एवं इंटरनेट के माध्यम से प्राप्त किया गया है तथा प्राप्त सूचनाओं का विश्लेषण कर निष्कर्ष प्राप्त किए गए हैं।

पर्यटन एवं रोजगार – भारत पर्यटन विकास निगम की स्थापना एक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के रूप में 1 अक्टूबर 1966 को की गई थी लेकिन बदलते परिदृष्य में पर्यटन क्षेत्र से देश को अधिक से अधिक विदेशी मुद्रा एवं विकास के अवसर प्राप्त करवाने हेतु इसे एक स्वतंत्र मंत्रालय का दर्जा 23 मई 1990 को दिया गया। जिसका नाम पर्यटन मंत्रालय रखा गया। इस पर्यटन मंत्रालय द्वारा 23 जुलाई 2013 को जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2009–10 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में पर्यटन का योगदान 6.8% था। (3.7% प्रत्यक्ष तथा 3.1% अप्रत्यक्ष) और कुल रोजगार में इसका योगदान 10.2% था (4.4% प्रत्यक्ष तथा 5.8% अप्रत्यक्ष)।

इन आंकड़ों से स्पष्ट है पर्यटन जहाँ प्रत्यक्ष रोजगार में वृद्धि करता है वहीं इसके माध्यम से अप्रत्यक्ष रोजगार में वृद्धि भी होती है जो अधिक तेजी से होती है। होटलों में सब्जी, मांस, मछली, अनाज आदि की आपूर्ति करने वाले, बिजली, नल, बढ़ई आदि कई आधारभूत सुविधाएँ प्रदान करने वालों एवं सहायक वस्तुओं के आपूर्तिकर्त्ताओं व टैक्सी ड्रायवरों को इससे अप्रत्यक्ष रोजगार मिलता है। वस्तुत: पर्यटन संबंधी कार्यकलापों से परोक्ष रूप में दूर–दूर तक लोग जुड़े होते हैं और इनकी एक श्रृंखला बन जाती है। इसके अलावा हस्तशिल्प और स्थानीय हस्तकलाएँ बेचने वाले दुकान और एम्पोरियम के माध्यम से हजारों शिल्पी, कारीगरों और बुनकरों को रोजगार मिलता है।

12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान पर्यटन क्षेत्र में लगभग ढाई करोड़ रोजगार के अवसर सृजित करने का लक्ष्य रखा गया है। एक अनुमान के अनुसार इस समय पर्यटन क्षेत्र में देश के करीब सवा पाँच करोड़ लोगों को प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त है जो इस 12वीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक बढ़कर पौने आठ करोड़ हो जाने की संभावना है।

आर्थिक विकास पर्यटन एवं राष्ट्रीय आय – वर्तमान समय में पर्यटन के लिए जाना समाज में Status Symbol बनता जा रहा है। प्राचीन समय में जहाँ यात्रा केवल धार्मिक अथवा व्यापारिक उद्देश्य के लिए होती थी वहीं आज ज्ञान एवं शिक्षा के विस्तार के कारण व्यक्ति पूरे विश्व को जानना चाहता है। आज तकनीकी विस्तार एवं शिक्षा के विकास के कारण पूरे विश्व में कहीं भी जाने हेतु कोई बाधाएँ चाहे वह भाषा की हो या परिवहन की, समाप्त हो चुकी है। पर्यटन से होने वाली विदेशी मुद्रा की आय से एक ओर जहाँ प्रति व्यक्ति आय के माध्यम से राष्ट्रीय आय बढ़ती है वहीं दूसरी ओर देश की अर्थव्यवस्था का विकास भी होता है। अत: आज पर्यटन आर्थिक विकास का एक महत्वपूर्ण घटक बन गया है। इसके माध्यम से जहाँ विदेशी मुद्रा के भंडार में वृद्धि की जा सकती है वहीं सेवा क्षेत्र के धारणीय विकास को भी निम्न घटकों के माध्यम से संभव बनाया जा सकता है –

- गरीबी उन्मूलन
- पर्यावरण संरक्षण
- रोजगार सृजन

* सह आचार्य (अर्थशास्त्र) राजकीय कन्या महाविद्यालय, खेरवाड़ा (उदयपुर) (राज.) भारत

- महिला जागरूकता एवं सशक्तीकरण

तालिका क्रं. 1 (अगले पृष्ठ पर देखे)

तालिका के आँकड़ों का विश्लेषण करें तो हम पाते हैं कि वर्ष 2003 से 2009 तक तो देश में विदेशी पर्यटकों की संख्या एवं उनसे प्राप्त हो रही विदेशी मुद्रा दोनों में ही वृद्धि दिखाई दे रही है लेकिन वैविश्वक मंदी, आतंकी हमलों, एच 1 एन 1, इन्फ्लूएंजा, महामारी आदि के कारण 2009 एवं 2012 के दौरान विदेशी पर्यटकों की आगमन की वृद्धि दर में कमी पाई गई।

देश में पर्यटक के समग्र विकास में घरेलू पर्यटन भी एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है क्योंकि इसका प्रभाव भी देश के आर्थिक विकास के साथ-साथ रोजगार एवं समाज पर उसी तरह पड़ता है जैसा कि विदेशी पर्यटन का। देश में घरेलू पर्यटन की स्थिति निम्न तालिका के द्वारा स्पष्ट है-

तालिका क्रं. 2
विगत वर्षों में घरेलू पर्यटकों की संख्या

वर्ष	घरेलू पर्यटकों की संख्या(मिलियन में)	गत वर्ष से प्रतिशत परिवर्तन
2008	563.03	6.9
2009	668.80	18.8
2010	747.70	11.8
2011	846. 53	13.2
2012	1045.05	23.45
2013	1145.28	9.6

स्त्रोत – राज्य केन्द्र शासित, पर्यटन विभाग

स्पष्ट है घरेलू पर्यटक की स्थिति में भी देश में प्रगति दिखाई दे रही है। देश में बदलती अर्थव्यवस्था, बदलता सामाजिक परिदृष्य तीव्र विकास दर, प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि जीवन स्तर में वृद्धि, पर्यटन स्थलों पर सुविधाओं में वृद्धि आदि कई कारण हैं जो इस प्रगति के लिए जिम्मेदार माने जा सकते हैं।

पर्यटन एवं बारहवीं योजना – इस पंचवर्षीय योजना में जिस तरह देश के आर्थिक विकास की दर को 9-9.5% के मध्य रखने का प्रावधान किया गया है। उसी तरह पर्यटन जो वर्तमान समय में सेवा क्षेत्र का उभरता हुआ क्षेत्र माना जा रहा है, में भी इस दर को प्राप्त करने हेतु कई सकारात्मक प्रयास किए जाने का प्रावधान है। इस हेतु विदेशी एवं देशी पर्यटकों की संख्या हेतु निम्न लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं –

- देश में वर्तमान में विदेशी पर्यटकों की भागीदारी केवल 0.65% है। जिसे इस योजना में 1% करने का प्रावधान है।
- घरेलू पर्यटकों की वृद्धि दर जो वर्तमान में 12.16% है उसे बनाए रखने हेतु आधारभूत सुविधाओं में वृद्धि का भी प्रावधान किया गया है।
- विदेशी पर्यटकों द्वारा प्राप्त विदेशी मुद्रा जो वर्ष 2013 में 18.45 बिलियन डॉलर थी उसे 2016 तक 30.3 बिलियन डॉलर करने का प्रावधान किया गया है।

इन निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु मंत्रालय द्वारा उठाए गए कुछ मुख्य कदम इस प्रकार हैं –

- संपूर्ण देश में 35 पर्यटन पार्कों की स्थापना की जाएगी। इसके माध्यम से कन्वेंशन सेंटर, फूड कोर्ट, होटल, कला व संस्कृति केन्द्र, मनोरंजन स्थलों आदि की व्यवस्था करना।
- भारत में स्वर्णिम त्रिभुज के तहत् तीन पर्यटन स्थलों क्रमश: दिल्ली, आगरा व जयपुर को शामिल किया गया। इसी तर्ज पर चेन्नई, बेंगलूर व त्रिवेन्द्रम को भी पर्यटन की दृष्टि से स्वर्णिम त्रिभुज के रूप में विकसित करने का विचार विचारधीन होना।
- ग्रामीण क्षेत्रों की कला एवं शिल्प को पर्यटन उत्पाद के रूप में विकसित करना।
- केन्द्र सरकार देश भर के उन 2000 गाँवों को नया रूप देने वाली है जिन गाँवों में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने यात्रा की थी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी और पर्यटकों का ध्यान इन गाँवों की ओर आकर्षित करना है।
- देश में पर्यटन क्षेत्र के अंतर्गत विशिष्ट स्थान प्राप्त चिकित्सा पर्यटन क्षेत्र 20% वार्षिक की दर से बढ़ रहा है। वर्तमान में 1500 से 2000 करोड़ के व्यवसाय वाले इस सेवा क्षेत्र को योजना की समाप्ति तक दस हजार करोड़ वाला बनाना।
- वर्ष 2013 में कुल घरेलू पर्यटकों में से सर्वाधिक 21.3% पर्यटकों ने तमिलनाडु की यात्रा की। द्वितीय स्थान पर 19.8% पर्यटन उत्तर प्रदेश के रहे। तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान पर क्रमश: आंध्रप्रदेश 13.3%, कर्नाटक 8.6%, महाराष्ट्र 7.2% जबकि मध्यप्रदेश 5.5%, राजस्थान 2.6%, गुजरात 2.4%, पश्चिम बंगाल 2.2% तथा अंत में छत्तीसगढ़ 2% के साथ दसवें स्थान पर पाया गया।
- देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विदेशी पर्यटकों हेतु 'आगमन वीसा' योजना प्रारंभ करना।
- सरकार ने नई राष्ट्रीय पर्यटन नीति 2002 घोषित की थी जिसमें अन्य बातों के अलावा देश को एक ग्लोबल ब्रांड के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास करना।

उपर्युक्त परिदृश्य देश के तीव्र आर्थिक विकास में पर्यटन क्षेत्र में बढ़ते योगदान को स्पष्ट रूप से परिलक्षित करता है जिससे प्राप्त हो रहे एवं भविष्य में होने वाले लाभों के लिए सरकार भी नित नए प्रयास कर रही है लेकिन दूसरी ओर कुछ महत्वपूर्ण चुनौतियाँ भी सरकार के समक्ष उपस्थित हो रही है जिनका निदान किया जाना अति आवश्यक है।

- देश के पर्यटन स्थलों में फैली गंदगी दुनिया की नजरों में भारत को एक आकर्षक पर्यटन क्षेत्र के रूप में प्रस्तुत करने में आड़े आती है। बड़ी संख्या में पश्चिमी देशों के पर्यटक सिर्फ इसलिए भारत आना पसंद नहीं करते क्योंकि यहाँ चारों तरफ गंदगी का साम्राज्य रहता है।
- पर्यटकों की सुरक्षा भी पर्यटन से जुड़ा एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। पर्यटक स्वयं को जिस देश में जितना अधिक सुरक्षित समझेगा वहीं के पर्यटन अथवा देश को इसका लाभ मिल सकेगा।

निष्कर्ष – वर्तमान समय में देश में वैश्वीकरण एवं उदारीकरण के परिणामस्वरूप आज आर्थिक एवं सामाजिक परिवर्तनों के दौर में पर्यटन उद्योग एक शक्तिशाली घटक के रूप में विकसित हो रहा है। जिसके कारण देश में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार में वृद्धि हो रही है, विनियोग में वृद्धि हो रही है, राष्ट्रीय एवं प्रतिव्यक्ति आय में वृद्धि हो रही है और इन्हीं सब की वृद्धि के कारध देश के आर्थिक विकास की दर में भी तीव्रता दिखाई दे रही है। उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में निजी एवं सरकारी क्षेत्र के संयुक्त प्रयासों से भारत को अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण देश के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी। इससे जहाँ एक ओर पर्यटन के क्षेत्र में देश की अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर छवि सुधरेगी वहीं दूसरी ओर इससे देश के धारणीय विकास को भी बल मिलेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. नेगी डॉ. जगमोहन (2007) पर्यटन एवं यात्रा के सिद्धांत, तक्षशिला प्रकाशन, नई दिल्ली।
2. शर्मा डॉ. संजय कुमार (2005) पर्यटन में भूगोल, तक्षशिला प्रकाशन, नई दिल्ली।
3. नेगी डॉ. जगमोहन (2005) पर्यटन मार्केटिंग एवं विकास, तक्षशिला प्रकाशन, नई दिल्ली।
4. भारतीय पर्यटन आंकड़े एक झलक (जुलाई 2014) 'मार्केट अनुसंधान प्रभाग' पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
5. भारतीय अर्थव्यवस्था, अतिरिक्तांक (प्रतियोगिता दर्पण 2014) उपकार प्रकाशन, आगरा।
6. भारतीय अर्थव्यवस्था अतिरिक्तांक–3 (आज का प्रतियोगी 2013) एक्सीलेंट मीडियाटेक प्रा. लि., आगरा।
7. अर्थव्यवस्था अवलोकन, (20 जुलाई 2013) शिवम ऑफसेट प्रिन्टर्स, मेरठ।
8. http://tourism.gov.in

तालिका क्रं. 1

विदेशी पर्यटकों का आगमन एवं विदेशी मुद्रा

वर्ष	विदेशी पर्यटक आगमन (मिलियन में)	पिछले वर्ष से प्रतिशत परिवर्तन	विदेशी मुद्रा प्राप्ति (मिलियन डॉलर में)	पिछले वर्ष से प्रतिशत परिवर्तन
2003	2.73	14.3	4463	4.38
2004	3.46	26.8	6170	38.2
2005	3.92	13.3	7493	21.4
2006	4.45	13.5	8634	15.2
2007	5.08	14.3	10729	24.3
2008	5.28	4.0	11832	10.3
2009	5.17	– 2.2	11394	3.7
2010	5.58	8.1	14193	24.6
2011	6.31	9.2	16564	7.1
2012	6.58	4.3	17737	6.6
2013	6.97	5.9	18445	4.0

स्त्रोत : ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन, भारत सरकार रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया, पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार।

****

21 वीं सदी की सबसे बड़ी चुनौती– जल प्रबंधन एवं प्रदूषण निवारण

डॉ. पन्नालाल कटारा*

शोध सारांश – आज सम्पूर्ण मानव समाज एक असाधारण युग में जीवन यापन कर रहा है। इस युग की चुनौतियां भी असाधारण है। भौतिकवादी संस्कृति की अंधी दौड़ में शामिल मानव समाज ने इन समस्याओं को जन्म भी स्वयं ही दिया है। पश्चिम की भोगवादी सभ्यता की दृष्टि हैं कि जल, जंगल और जमीन संसाधन मात्र है और मानव इसका एकमात्र स्वामी है। जब मनुष्य प्रकृति का स्वामी बन जाता है तो वह उसके साथ क्रूर व्यवहार करने लगता है। जल, जंगल और जमीन एक का दूसरे से घनिष्ट संबंध है और यदि इनका अंधाधुन्ध दोहन किया जाय तो ये भंडार खाली हो जाएँगे। प्रकृति के साथ समाज की अन्त:क्रिया इतनी व्यापक है कि उससे समस्त मानव जाति को प्रभावित करने वाला प्रश्न उत्पन्न हो गया है। विकास की अंधी दौड़ के परिणामस्वरूप अन्तरजीवितता (Sustainability) जो सम्पूर्ण आर्थिक विकास की धूरी है, पीछे छूटता चला जा रहा है। आधुनिक परिस्थितिकीय (Ecologycal Research) अनुसंधानों से यह स्पष्ट हो गया है कि जैवमण्डल पर मनुष्य के अनवरत, एक तरफा और काफी सीमा तक अनियंत्रित प्रभाव से हमारी सभ्यता एक ऐसी सभ्यता में बदल सकती है, जो मरूभूमिओं को मरूद्यानों में रूपांतरित करने के अलावा मरूद्यानों के स्थानों पर रेगिस्तानों को स्थापित कर देगी और पृथ्वी पर सारे जीवन के विनाश का खतरा उत्पन्न हो जाएगा। एक आश्चर्यजनक किन्तु सुखद संकेत यह है कि भौतिक दृष्टि से सम्पन्न समाजों में ही एक नैतिक चेतना का अभ्युदय हुआ कि मनुष्य के जिन्दा रहने के लिए प्रकृति का अंधाधुँध शोषण और दोहन नहीं बल्कि उसका संरक्षण होना चाहिए। विश्व संगठनों द्वारा **'विश्व संरक्षण नीति'** को आत्मसात करना भी इसका बड़ा प्रमाण है। इस नीति का उद्देश्य दोहन के स्थान पर संरक्षण को प्रतिष्ठित एवं संस्थापित करना है।

प्रस्तावना – सभ्यता के प्रारंभ में सर्वत्र सुगमता से प्राप्त होने के कारण मनुष्य के कार्यकलापों में जल की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। यह एक सर्वविदित ऐतिहासिक तथ्य है कि संसार की लगभग सभी महान् सभ्यताएँ नदियों अथवा जलपूरित झीलों के आसपास ही विकसित हुई। पृथ्वी का 78 प्रतिशत भाग जल से आच्छादित है। इस उपलब्ध जल में से भी 97.3 प्रतिशत जल खारा होने के कारण पीने योग्य नहीं है तथा शेष 2.7 प्रतिशत जल ही पीने योग्य है। इस 2.7 प्रतिशत ताजे जल में से भी 77.2 प्रतिशत ध्रुवीय हिम ग्लेशियर के रूप में, 22.4 प्रतिशत भू–जल के रूप में, 0.35 प्रतिशत झीलों तथा दलदलों में, 0.04 प्रतिशत वातावरण में और मात्र 0.01 प्रतिशत नदियों एवं धाराओं में बहता है। उपलब्ध इन ऑकडों के आधार पर अनुमान लगाना कठिन नहीं है कि जिन जल भण्डारों के भरोसे हम अपने जीवन के प्रति आश्वस्त है, उनकी क्षमता और उनमें उपलब्ध पानी की मात्रा कितनी कम है।

नदियों में उपलब्ध 0.01 प्रतिशत जल का 70 प्रतिशत भाग हम कारनामों से प्रदुषित कर चुके हैं। 'दामोदर नदी के जल में विषैले बेजोपायरित का भी पता चला है। इसके प्रदूषित जल से अब तक आसपास की 25 हजार वर्ग किलोमीटर धरती पूर्णत: बंजर बन चुकी है। इस नदी में प्रदूषण रोकने के लिये 1983 में ऑपरेशन दामोदर तामझाम के साथ शुरू हुआ था, लेकिन 1986 के आते–आते यह अभियान बंद हो गया।'[1] राष्ट्रीय जल संसाधन परिषद् ने 1987 में राष्ट्रीय जल नीति बनाई थी। इसमें कहा गया था कि विकासीय योजनाओं में जल का अत्यधिक महत्व है, इसलिये राज्यों की मांग को ध्यान में रखते हुए वातावरणीय ठोस आधार पर जल योजना, विकास और संरक्षण का काम समन्वित ढंग से किया जाए।

राष्ट्रीय जल नीति बनने के पश्चात् इन 16 वर्षो में अनेक समस्याएँ और चुनैतियाँ उभरकर सामने आई है। प्रबंधन तथा नियोजन, विकास, संरक्षण, भागीदारी, क्षेत्रीय प्राथमिकताएँ, बढ़ता जल प्रदूषण आदि अनेक मुद्दे नई सहस्त्राब्दी में गंभीर चिंतन और मनन की मांग करते दिखलाई पड़ रहे हैं।

'वर्तमान परिस्थितियों में पेयजल की मांग तथा पूर्ती सर्वाधिक महत्वपूर्ण है, इसलिये राष्ट्रीय जल नीति में इसे प्राथमिकता दी गई है। अभी भी देश में साधारणत: मानव तथा पशुधन के लिये पेयजल की आवश्यकता 25 मिलियन घनमीटर की है, जबकि 2025 में बढ़कर 40 मिलियन तक हो जायेगी।'[2]

नई सहस्त्राब्दी की बदली हुई परिस्थितियों में मनुष्य के जीवन यापन का तरीका भी तेजी से बदल रहा है और इसी अनुरूप जल की अवश्यकता दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है और मानव के लिये जल का महत्व बढ़ता जा रहा है। मानव ने अपनी दानवी प्रवृत्तियों के कारण प्रकृति से प्रदत्त इस नि:शुल्क (मुफ्त) किन्तु बहुमूल्य उपहार की जितनी अवमानना की है, आज उसी का परिणाम है कि जल और जल के प्रबंधन का प्रश्न सबसे बड़ी चुनौती के रूप में मानव समाज के सामने मुँह बाएँ खड़ा है। इसे विचित्र किन्तु सत्य विडम्बना ही कहना होगा कि यह सर्वमान्य सिद्धांत है कि मनुष्य प्रत्येक आनेवाले नये दिन से कुछ न कुछ सीखता रहता है किन्तु पानी के उपयोग में अपनी अविवेकी और गड्ड–मड्ड नीतियों के बाद भी हम आने वाले प्रत्येक नये दिन से कोई सबक नहीं सीख रहे हैं।

भारतवर्ष में प्रतिवर्ष 400 मिलियन हैक्टेयर मीटर वर्षा होती है। पृथ्वी पर गिरने वाले इस जल की मात्रा 17,68,000 मिलियन क्यूबिक मीटर का 50 प्रतिशत ही हम उपयोग अच्छे से कर पाते हैं। इसके अतिरिक्त भू–जल के रूप में 4,22,900 मिलियन क्यूबिक मीटर प्रतिवर्ष उपलब्ध है, जिसमें से हम न केवल 1,00,000 मिलियन क्यूबिक मीटर जल का उपयोग उचित ढंग से कर पाते है।'[3]

* सह आचार्य (भूगोल) वीकेबी राजकीय कन्या महाविद्यालय, डूंगरपुर (राज.) भारत

वर्ष 2025 में हमे विभिन्न कार्यो के लिये शुद्ध जल की आवश्यकता निम्नानुसार होगी –

Table - 4 : Annual Requirement of Fresh Water (km^3)

	2000		2025	
Surface Water	Surface Water	Ground Water	Surface Water	Ground Water
(I) Irragation	420	210	510	260
(II) Other Uses	80	40	190	90.00
(a) Domestic and live stock		24.20		40.00
(b) Industries		30.00		120.00
(c) Thermal power		5.80		15.00
(d) Miscellaneous		60.00		105.00

भारतवर्ष में 14 बड़ी 44 मध्यम श्रेणी तथा 55 छोटी तथा 12 अन्य छोटी नदियाँ है इस प्रकार कुल 125 स्वतंत्र नदियाँ प्रवाहित हो रही है जिन्हें निम्न तालिका से समझा जा सकता है।

तालिका 5 (देखेअगले पृष्ठ पर)

नदियों और झीलों के अतिरिक्त भू–जल भी शुद्ध जल का एक महत्वपूर्ण साधन है। क्योंकि गाँवों में आबादी का 85 प्रतिशत तथा शहरों की 50 प्रतिशत आबादी भू–जल पर निर्भर है। ' भारत सरकार के केन्द्रीय भू–जल बोर्ड के अनुसार भारतवर्ष में 300 मीटर की गहराई में 3 अरब 70 करोड़ हैक्टेयर मीटर जल का भंडार उपलब्ध है।'[6]

सामान्यत: यह समझा जाता है कि धरती की सतह के नीचे पानी उसी तरह भंडारित रहता है, जैसा झीलों या नदी नालों में। किन्तु यह सही नहीं है। वास्तव में भू–जल वह है जो धरती की ऊपरी सतह यानी पर्पटी का निर्माण करने वाली चट्टानों या मिट्टी की परतों के बीच संग्रहित होता है।

'पृथ्वी में मिट्टी या चट्टानों की वे संरचनाएँ जिनमें पानी जमा होता है – 'भू–जल स्त्रोत (एक्वीफायर) कहलाती है। धरती की एक निश्चित गहराई पर ऐसी स्थितियाँ है कि वहां सभी रंध्रों (छिद्रों) या खाली स्थानों में पानी भरा है। इसे ही भू–जल स्तर कहते है। कहीं यह 'भू–जल स्तर' धरती की सतह से ठीक जरा सा नीचे हो सकता है तो कहीं बहुत गहरे–कई मीटर नीचे हो सकता है।'[7]

भू–जल स्तर की मात्रा चट्टानों की पारगम्यता पर निर्भर करती है। चट्टानों में जल के प्रवेश करने या रिसने की क्षमता को पारगम्यता कहते है। जिन चट्टानों मे पारगम्यता अधिक होती है उनमें स्वाभाविक है कि जल अधिक मात्रा में प्रवेश करेगा। इससे भू–जल की मात्रा बढ़ जाती है। कुछ चट्टानों की प्रकृति अर्द्धपारगम्य होती है और इनमें कुछ मात्रा में ही जल प्रवेश कर पाता है तथा कुछ चट्टानों की प्रकृति अपारगम्य होती है इन शैलों में जल बिल्कुल प्रवेश नहीं कर सकता।

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में जल प्रबंधन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण चुनौती प्रदूषित होते जल तथा उसके शुद्धिकरण की भी है। जल पर्यावरण का जीवनदायी तत्व है तथा पारिस्थैतिकी के निर्माण में जल आधारभूत कारक है। वनस्पति, जीव–जन्तु और मनुष्य स्वयं अपने अनेक पोषक तत्वों की प्राप्ति जल के माध्यम से करता है। मनुष्य के शरीर का लगभग दो तिहाई भाग जल से निर्मित है और यही कारण है कि तापमान के घटते–बढ़ते प्रभावों को हम रक्त में मिश्रित 80 प्रतिशत जल के कारण ही सहन कर पाते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार – 'जब जल में भौतिक या मानवीय कारणों से कोई बाह्य सामग्री मिलकर जल के स्वाभाविक या नैसर्गिक गुण में परिवर्तन लाती है जिसका कुप्रभाव जीवों के स्वास्थ्य पर प्रकट होता है तो उस जल को प्रदूषित जल कहा जाता है।'[8] जल का प्रदूषण प्राकृतिक और मानवीय दोनों ही स्त्रोतों से होता है, किन्तु प्राकृतिक स्त्रोतों से होने वाला जल प्रदूषण इतना न्यून तथा इतनी धीमी गति से होता है कि उसके कुप्रभाव अधिक नहीं होते हैं। जल को बड़े पैमाने पर प्रदूषित करने में मानव की भूमिका अधिक खतरनाक है। शुद्ध जल का मान 7 से 8.5 पी.एच. माना गया है। लेकिन जब भी पी.एच. मान 6.5 से कम या 9.2 से अधिक हो तो ऐसा जल प्रदूषित जल की श्रेणी में आता है।

शुद्ध पेयजल के लिये विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित मानक (1971) निम्नानुसार है[9]।

तालिका 6

अपद्रव्य	उच्चतम निर्धारित सीमा मि. ग्रा./लीटर
कैल्शियम	75.00
मैग्नीशियम	30.00
सल्फेट	200.00
क्लोराईड	200.00
जस्ता	5.00
लोहा	0.1
मेगनीज	0.5
तांबा	0.05

देश की प्रमुख नदियों के अतिरिक्त अब भू–जल भी तेजी से प्रदूषित होता जा रहा है। भू–जल प्रदूषण के कारण मुख्य औद्योगिक नि:सृत कचरा, घरेलू जल–मल तथा कृषि कार्यो में बड़े पैमाने पर उपयोग में लिये जा रहे रासायनिक उर्वरक जिसमें खाद तथा दवाइयाँ दोनों ही शामिल है। 'पिछले तीन दशकों में भारत में कृषि क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति के साथ–साथ कीटनाशक दवाइयों की खपत बढ़ी है और आज वह 2300 टन वार्षिक से बढ़कर 66,000 टन वार्षिक हो गई है।'[10] सरकारी आंकड़ों के अनुसार पाँच कीटनाशकों में बी. एच. सी., डी. डी. टी., मैलीथियान, इन्डोसल्फान और पाशिथियान का देश में व्यापक तौर पर प्रयोग किया जा रहा है।

रासायनिक उर्वरकों का 50 प्रतिशत भाग फसल को पोषण प्रदान करता है तथा 50 प्रतिशत में से 25 प्रतिशत नाइट्रोजन तथा अन्य गैसों में परिवर्तित होता है बचा हुआ 25 प्रतिशत भाग भू–जल में घुलमिल जाता है। भू–जल में घुलमिल गये उर्वरकों के इस 25 प्रतिशत भाग के कारण भूमिगत जल का अम्लीकरण होता है। इस प्रकार प्रदूषित जल में जस्ता, सीसा, फास्फेट, पोटेशियम, मैग्नीज एवं अल्युमिनियम की अधिकता होती है। यही अधिकता कालांतर में जाकर परिवर्तित होकर रेडियोधर्मिता के तत्वों में बदल जाती है तथा भूमिगत जल में चुपके–चुपके रेडियोधर्मिता के तत्व प्रवेश कर जाते है। इस प्रकार रेडियोधर्मिता से प्रदूषित जल कैंसर तथा अन्य जानलेवा बीमारियों का सबब बनता जा रहा है।

संसदीय अध्ययन समिति ने 9 वीं योजना के अपने प्रतिवेदन में स्वयं यह स्वीकार किया है कि भारत के 5 प्रतिशत ग्रामीण इलाकों में शुद्ध पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है। इन गाँवों में पीने के पानी की व्यवस्था करने के लिये राज्य सरकारों को अपने बजट प्रावधानों को दुगना करना होगा लेकिन तब तक स्थिति और ज्यादा विस्फोटक तथा घातक हो चुकी होगी।

बढती जनसंख्या और तीव्रगति से हो रहे औद्योगिकीकरण के परिणामस्वरूप जहाँ एक और भू–जल का अंधाधुंध दोहन हो रहा है। वहीं

दूसरी और भूमिगत जल बड़ी तेजी से प्रदूषित हो रहा है। भारत में उद्योगों द्वारा 3000 करोड़ लीटर अपशिष्ट जल छोड़ा जा रहा है, जिसमें से हमारे पास 200 करोड़ लीटर जल को शुद्ध कर पाने की क्षमता है। जल-प्रदूषण और बढ़ती आबादी के कारण सभी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना असंभव सा कार्य दिखने लगा है।

वर्ल्ड वॉच इन्स्टीट्यूट के अध्यक्ष तथा 'विश्व की वर्तमान स्थिति 2001' के सह-लेखक क्रिस्टोफर फ्लेविन ने अपनी रपट में स्पष्ट लिखा है कि 'विश्व के सवा अरब लोगों को पीने का स्वच्छ पानी उपलब्ध नहीं है।[11]

समय की मांग है कि अब आर्थिक नीतियों का प्रमुख बिन्दु 'जल' होना चाहिए। जितनी तेजी से दोहन तथा जितना ज्यादा जल प्रदूषण किया जा रहा है वह गहरी चिंता का विषय है। भू-जल का पुनरावर्तन औसतन चौदह सौ वर्षो में होता है। अर्थात खींचा गया भू-जल आने वाली कई पीढ़ियों के लिये जल संकट की इबारत लिख रहा है। भू-जल का दोहन अब शोषण की सीमा को पार कर रहा है। क्या हम सबको इस तथ्य की फिक्र नहीं होना चाहिए?

'सन् 2015 तक जल संकट सभी देशों के लिये एक बड़ी समस्या के रूप में उभरकर सामने आ जाएगा, दुनिया में 3 अरब से ज्यादा लोग जल संकट से जूझ रहे होगें।'

आज आवश्यकता इस बात की है कि जल का दोहन तथा उपयोग विवेकपूर्ण ढंग से किया किया जाए। प्रदूषित होते जल को प्रदूषण से बचाया जाए। औद्योगिक नि:सृत कचरे, अपशिष्ट जल तथा मलजल को परिशोधित कर निसरित किया जाय।

प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करने की हमारी गति और प्रवृत्ति यदि यही रही तो सम्पूर्ण जल जहरीला हो जाएगा तब उसका परिशोधन करना नितांत असंभव होगा। इस कडुऐं यथार्थ को हमने यदि आज गंभीरता से नहीं लिया तो हमारी आने वाली पीढ़ियाँ शारीरिक, मानसिक रूप से विकलांग तथा कैंसर जैसे महारोग लेकर पैदा होगी और तब उनमें क्षमा की अपेक्षा करना पूर्णत: बेईमानी होगी। इस सबका मकसद भय पैदा करना नहीं है। कहने का आशय सिर्फ इतना है कि **'होश में आओ, पानी कम बचा है।'** यदि ऐसा नहीं किया गया तो वह दिन दूर नहीं जब पानी के अभाव में हम होश खो बैठेगें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. शर्मा दामोदर, सुखलाल, घनश्याम - (सम्पादित), वायु प्रदूषण, साहित्यागार जयपुर-3, 1996 पृष्ठ 180-81।
2. गोयल, मदनमोहन, पर्यावरण शिक्षा, (प्रथम संस्करण) अनुप्रिया पब्लिशिंग हॉउस, जयपुर, 2000 पृष्ठ-67।
3. Goel, M. M., Sharma, M. C., & Purohit, N. K. Problem of Environment Managment in India] Anupriya Publishing House, Jaipur 1999, Page-460
4. Ibid Page-460
5. केन्द्रीय भू-जल बोर्ड, नई दिल्ली (भारत सरकार) वार्षिक प्रतिवेदन-2000।
6. 'ए वॉटर हॉरवेस्टिंग मैनुअल' सेन्टर फार रिसर्च एण्ड एनवायरमेंट, नई दिल्ली।
7. श्रीवास्तव, वी. के. एवं राव बी. पी. - पर्यावरण पारिस्थैतिकी, वसुन्धरा प्रकाशन, गोरखपुर, 2002 पृष्ठ-303।
8. रघुवंशी, अरूण एवं रघुवंशी, चन्द्रलेखा-पर्यावरण तथा प्रदूषण, हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल 1987 पृष्ठ-114।
9. भाटिया, अरविन्द- पर्यावरण के नवीन आयाम, इन्डस वैली पब्लिकेशन, जयपुर (प्रथम संस्करण) 2000, पृष्ठ-452।
10. फ्लेविन क्रिस्टोफर - विश्व की वर्तमान स्थिति - 2001 वर्ल्ड वॉच इन्स्टीट्यूट की रिपोर्ट।
11. ग्लोबल ट्रेन्डस - 2015, नेशनल इंटेलिजेंस कॉउन्सिल, न्यूयार्क, दिसम्बर 2000, (अध्ययन रिपोर्ट)

Table – 5 : Division of Rivers based on the extent of Drainage Basin

Category (River)	No. of river Basin	Drainage Basin (km^2)	Catchment area (Milion km^2)	%of Total catchment area	Total Run off 100 milions m^3	% of Total run off	% of population Basin
Major	14	More than 20,000	2.58	83	11,406	85	80
Medium	44	Between 2000 to 20,000	0.24	8	112	7	20
Minor Desert	55	Less than 2000	0.30	9	127	8	-

****

राजसमंद जिले की मृदा एवं भूमि उपयोग : एक भौगोलिक विश्लेषण

डॉ. पंकज रावल*

प्रस्तावना – भूमि उपयोग को प्राणियों ने समय-समय पर इन्हें संवारा एवं उपयोग किया। संसार के समस्त प्राकृतिक संसाधनों एवं जीवों के मध्य एक सन्तुलन बना हुआ है। लेकिन जब-जब यह प्राकृतिक सन्तुलन डगमगाया है तब से एक के बाद एक हमारी संस्कृति, वन्य जीव जन्तुओं एवं वनस्पतियों की प्रजातियाँ लुप्त होती गई है।

वर्तमान में जिन तरीकों से भूमि एवं पर्यावरण का अवैज्ञानिक उपयोग व विनाश हो रहा है उसे मूकदर्शक बनकर नहीं देखा जा सकता हैं। प्रतिवर्ष मृत्युदर एवं रोगियों की संख्या में कमी के प्रयास किये जाते है, वही दूसरी और प्राकृतिक विपदाओं एवं मानव की स्वार्थी नीति के कारण भूमि एवं पर्यावरण दोनों की स्थिति बिगड़ती जा रही है।

मानव और भूमि का इतना घनिष्ठ सम्बंध है कि मानव को जीवित रहने के लिए आश्रय की जरुरत होती है और वह जरुरत भूमि से प्राप्त होती है। हमारी पृथ्वी का 29.2 प्रतिशत भू भाग स्थल भाग है। धरातल पर उपजाउ भूमि का क्षेत्रफल पृथ्वी के कुल क्षेत्रफल के 3 प्रतिशत है। बढ़ती जनसंख्या एवं उनकी बढ़ती भोजन की आवश्यकता के कारण भूमि उपयोग में निरन्तर वृद्धि हो रही है।

मानव को पृथ्वी पर अपना अस्तित्व बनाये रखने के लिए कुछ मूलभूत वस्तुओं की आवश्यकता होती है जिसें वन भूमि जल, कपड़ा, भोजन आदि। मृदा के ऊपर ही कृषि की जा सकती है। जिससे भोजन की प्राप्ति होती है। लोगों को भोजन कृषि द्धारा कुछ को पशुचारण, पशुपालन एवं जंगली जीवों से भोजन की प्राप्ति होती है। अर्थात् कृषि एवं पशुपालन दोनों ही मृदा पर आधारित है।

मृदा भूमि की उपरी परत है यह परत इतनी पतली है कि कुछ सेंटीमीटर से लेकर 2 मीटर तक गहरी होती है। पृथ्वी के उपरी क्रस्ट की उपरी परत जिस पर वनस्पति उगती है मृदा कहलाती है।

होलोसीन युग में मानव ने कृषि करना सीख लिया था लेकिन वैज्ञानिकता के अभाव के कारण उन्हें मृदा की उपयोगिता के बारें में ज्ञान नहीं था तब जनसंख्या कम थी एवं भूमि की अधिकता थी। उपजाऊ भूमि पर कृषि और कम उपजाऊ भूमि पर पशुचारण होता था लेकिन मिट्टी की रचना में शैर्लचूर्ण के अंश भी पाए जाते है। पृथ्वी के भीतर पाएं जाने वाले नत्रजन वनस्पति के अंशों से ही प्राप्त होता है। इस खनिज पदार्थो के कणों में सिलिका, एल्यूमिनियम, फेरस, केल्सियम, पोटॉश और फॉस्फोरस पाये जाते हैं। नदी घाटियों एवं जल धाराओं के निकट मानव जीवन व्यतीत करने लगा लेकिन प्राचीन मानव को यह ज्ञात नहीं था कि किस प्रकार की मृदा कौनसी फसलों के लिए उपयोगी है। मृदा की उर्वरता के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों का भूमि उपयोग आरम्भ हो गया था तथा जनसंख्या वृद्धि के साथ कृषि के महत्व को जाना और कृषि विकास में उन्नत परिवर्तन होता गया। भूमि की उर्वरता के आधार कृषि होने लगी जो आज उन्नत अवस्था में है इस प्रकार राजसमन्द के भूमि उपयोग में परिवर्तन होता गया।

मृदा का निर्माण जलवायविक कारकों एवं चट्टानों के विखण्डन के फलस्वरुप होता है जिनमें अनेक प्रकार के समसामयिक तत्व पाये जाते है व उर्वरा शक्ति भी पायी जाती है।

मृदा का महत्त्व – भूमि उपयोग की मृदा प्रणाली पर वन विकास कृषि आधारित है इसी पर समस्त वनस्पति एवं कृषि उत्पादन प्रत्यक्ष रुप से आश्रित होता है। उपजाउ मिट्टी एवं भूमि उपयोग में ही कृषि विकास, औद्योगिक विकस, परिवहन की सुगमता होने इसे समतल उच्च गुणवत्ता वाली मिट्टी पर उच्च जनसंख्या का घनत्व पाया जाता है।

नगरीय जनसंख्या कृषि तथा मार्बल उद्योगों पर निर्भर रहती है। इसके अतिरिक्त छोटे निर्माण उद्योग, पर्यटन उद्योग, दुकानों आदि से भी जनसंख्या की आय होती है।

राजसमंद जिले में भूमि का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बंजर और परती भूमि के रूप में है, जबकि शुद्ध बोया गया क्षेत्र अपेक्षाकृत कम है। कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का एक बड़ा हिस्सा बंजर भूमि है, साथ ही वन और चारागाह भूमि का भी योगदान है। जिले के किसान बंजर और पथरीली भूमि को भी उपजाऊ बनाकर तरबूज-खरबूज जैसी नकदी फसलें उगा रहे हैं।

राजसमंद जिले में भूमि उपयोग का विवरणरू

1. **कुल भौगोलिक क्षेत्रफल:** लगभग 4.55 लाख हेक्टेयर।
2. **बंजर भूमि:** इसमें लगभग 1.17 लाख हेक्टेयर शामिल है।
3. **कृषि योग्य बंजर भूमि:** लगभग 1.28 लाख हेक्टेयर है।
4. **वन भूमि:** लगभग 24,663 हेक्टेयर है।
5. **चारागाह भूमि:** लगभग 57,729 हेक्टेयर है।
6. **शुद्ध बोया गया क्षेत्रफल:** केवल 98,598 हेक्टेयर है, जिसमें बागवानी फसलों का क्षेत्र 1800 हेक्टेयर है।

रेतीली एवं मिश्रित कांप दोमट मृदा – इसे स्थानीय भाषा में 'पणा' भी कहते है। राजसमन्द तहसील, नगर व झील का उपजाऊ क्षेत्र इसके अन्तर्गत आता है। राजसमन्द झील में गोमती नदी द्धारा बहाकर लाई गई दोमट कांप मिट्टी के रुप में विस्तृत है। इसमें उपजाऊ हयूमस तत्व एवं लोहे की अधिकता रहती है, इसमें उत्पादकता सर्वाधिक होती है। इसमें कम सिंचाई से अधिक फसल पैदावार होती है व इसमें पानी के अधिक देर तक रहने की क्षमता होती है। इसमें कपास, गेहूं, मक्का, जौ, ज्वार, ग्वार, मूंगफली, तिलहन, दालें, उड़द, आदि बोये जाते है जबकि गेहूं, कपास, मक्का की पैदावार इस मिट्टी में अच्छी होती है। नदियों के बहाव से जमी उपजाऊ कांप मिट्टी को

* एसोसिएट प्रोफेसर (भूगोल) जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय) उदयपुर (राज.) भारत

इसके अन्तर्गत रखा जाता है।

मिट्टी की विभिन्नता के साथ साथ राजसमन्द नगर में मृदा क्षरण की समस्या होने मृदा की उपजाउपन एवं उत्पादकता का असर पड़ा है।

मृदा की समस्याएँ – नगर में अनियोजित मार्बल विकास में उपजाऊ कृषि भूमि बंजर भूमि में परिवर्तित हो रही है। औद्योगिक विकास मार्बल स्लरी से कृषि युक्त उपजाऊ भूमि की उर्वरता शक्ति नष्ट हो रही है। खनन क्षेत्रों से जलधाराओं को रोका जा रहा है। अधिवासीय क्षेत्रों के बढ़ने से मृदा पर विपरीत असर पड़ा है। इस प्रकार राजसमंद में औद्योगिक कार्यो, निर्माण कार्यों, औद्योगिक अपशिष्ट, प्रदूषण, स्लरी के फैलाव तथा खनन कार्यो के विकास से मृदा की उर्वरा शक्ति नष्ट हो रही है।

मृदा अवनयन के प्रभाव – कृषि भूमि में कमी होना, उत्पादन एवं उत्पादकता पर असर फसलें समय से पहले पकने के उत्पादन की गुणवत्ता का कम होना एव वर्षा कमी से हयूमस तत्व नष्ट होना। मार्बल स्लरी से मृदा मृत प्राय: हो गयी है। स्लरीयुक्त मृदा एक बारे तो अपना अस्तित्व पूर्णत: खो देती है। फसलों सब्जियों आदि में रसायनों एवं प्रदूषण का असर हो रहा है।

मृदा के विकास के प्रयास – भूमि उपयोग एवं पर्यावरण में हानिकारक तत्वों की निरन्तर वृद्धि हो रही है जिसके फलस्वरुप मृदा, भूमि एवं पर्यावरण के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अत: उच्च गुणवत्ता युक्त कृषि के उच्च उत्पादन के लिए कम लागत वाले उपायों को अपनाना आवश्यक है।

मिट्टी के विकास एवं उपजाऊपन बनाने के लिए मृदा के साथ छेड़छाड़ कम की जाएं, हरी खाद, गोबर, गौमूत्र, पानी का अति सदुपयोग करते हुए मृदा की गुणवत्ता को बनाएं रखना है। मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाएं रखने के लिए पोषक तत्वों की पूर्ति की जानी चाहिए। मिट्टी के उपजाऊपन एवं विकास के लिए सूखी मल्चिंग आवश्यक है। कृषि भूमि में नमी संरक्षण के बेहतरीन तरीकों से कृषकों द्वारा अपने फल वृक्षों के बगीचों में 6 मीटर की दूरी पर 2 फीट नालियों की खुदाई की जाती है।

जिप्सम के उपयोग से भूमि सुधार के निम्नलिखित प्रयास किये जा सकते है:–

1. क्षारीय भूमि सुधार के लिए उपयोगी भूमि को कृषि योग्य बनाया जाता है।
2. क्षारीय मृदा से मिट्टी के नमूने लेकर जांच करनी चाहिए।
3. जरुरत के अनुसार मिट्टी में जिप्सम डालना चाहिए।
4. पौधरोपण नर्सरी का विकास एवं अत्यधिक ढ़लान वाले भागों में समोच्चय रेखीय कृषि की जानी चाहिए।
5. तिलहन एवं दलहनी फसलें बोकर मिट्टी में हयूमस तत्व बढाया जाएँ।

मृदा संरक्षण के अन्य उपाय – राजसमन्द में मिट्टी संरक्षण की अनेक समस्या है। जिसके कारण उत्पादन एवं उत्पादकता पर प्रभाव पड़ा है इन समस्याओं से राहत पाने के लिए निम्नलिखित उपाय किये जा सकते है –

1. मार्बल स्लरी के बढ़ते प्रदूषण एवं विकास पर रोक लगाकर एवं मार्बल स्लरी के लिए भूमि निश्चित की जाए।
2. जिन क्षेत्रों में स्लरी डाली जाएँ वहां दीवार या मेड़ बनायी जाएँ ताकि वर्षा के जल से उपजाऊ भूमि पर स्लरी फैलने से रोक सके।
3. विभिन्न प्रकार के प्रदूषण स्त्रोतों से विस्तृत अपशिष्ट को नष्ट करने एवं उसका ऐसा उपयोग या विनिष्टीकरण हो जो कि स्त्रोतों से निकलने के बाद घातक साबित न हो सके।

भूमि विकास के नवीन आयाम – राजसमन्द नगर में मिट्टी के साक्ष्य, विकास एवं नियोजन की महत्ती आवश्यकता है इसके लिए विभिन्न प्रकार के प्रयास किये जा रहे है। जिससे मिट्टी संरक्षण हो सके ताकि अत्यधिक एवं उन्नत पैदावार तथा भूमि उपयोग सुनिश्चित तरीके से हो।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Joshi, K.N., (1998), "Demarcation of Degraded Lands and Catchment Area Treatment Plan For som-kamla-Amba Irrigation project" Department of Irrigation, Govt. of Rajasthan, Jaipur.
2. Khatri, Dr. L.C., (1995), "changes in Agricultural Land-Use & Cropping pattern of Som kamla-Amba project command Area 1978 to 1994", M.V. ST Regional Development Dept. Udaipur.
3. Rathore, N.S. (1992) "Natural Resources Base Development scientific Publishers Jodhpur.
4. Chouhan, T.S. (1987) Agricultural Geography: A study of Rajasthan state, Academic publishers, Jaipur.
5. Ahmed A. and sidiqui, M.E. (1978) "Crop Assocaition pattern in the Luni Basin" The Geographer 14, 168
6. हुसैन, माजिद (2007) – कृषि भूगोल, रावत पब्लिकेशन्स, जयपुर
7. प्रसाद, गायत्री, (2005) – सांस्कृतिक भूगोल, शादा पुस्तक भण्डार, इलाहाबाद मामोरिया, चतुर्भूज, शर्मा, बी. एल. (2006) आर्थिक भूगोल, साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा।
8. लोढ़ा, राजमल, माहेश्वरी, दीपक (2009) – औद्योगिक भूगोल, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर।
9. खुल्लर, आर. (2010) – भूगोल, टाटा मेक्ग्रा हिल्स, नई दिल्ली।
10. माथुर, रीना, (2002) – पाली जिले में कृषि का बदलता हुआ स्वरूप – एक भौगोलिक विश्लेषण जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर।

****